इस परमपावन महापर्व पर त्रिवेणी में स्नान करके महापुण्य अर्जित किया जा सकता है। यदि अत्यधिक भीड़ के कारण इस योग की कालावधि में त्रिवेणी में स्नान का अवसर न मिल सके तो किसी अन्य पवित्र धारा (गङ्गा, यमुना, नर्मदा) में भी स्नान-दानादि से इस योग के माहात्म्य का लाभ अर्जित किया जा सकता है।

इसदिन प्रयागराज में सूर्योदय *$6^{\text{घं.}}$–$47^{\text{मिं.}}$ से लगभग $1^{\text{घं.}}$–$36^{\text{मिं.}}$ पहिले प्रातः $5^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$*

से अरुणोदयकाल प्रारम्भ हो जाएगा। अरुणोदय समय ($5^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$) से कुम्भ-पर्व का

**( 10 ) माघ शुक्ल एकादशी, शनिवार ( 8 फरवरी, 2025 ई. )**–जया-एकादशी

( 3 ) मकर संक्रान्ति ( माघ कृष्ण प्रतिपदा ), मंगलवार ( 14 जन., 2025 इसीदिन प्रयागराज में सूर्योदय 6घं.–47मिं. से लगभग 1घं.–38मिं. पहिले प्रातः 5घं.–11मिं.

से अरुणोदयकाल प्रारम्भ हो जाएगा। अरुणोदय समय (5घं.–11मिं.) से कुम्भ-पर्व का स्नान-माहात्म्य प्रारम्भ हो जाएगा। माघी अमावस के दिन श्रवण-नक्षत्र भी विद्यमान् रहने से कुम्भ-पर्व का माहात्म्य अनन्त गुणा अधिक रहेगा।

**( 7 ) वसन्त-पञ्चमी ( माघशुक्ल पंचमी ), रवि/सोम ( 2/3 फरवरी, 2025 ई. ) तृतीय ( अन्तिम ) शाही-स्नान**—को प्रातः 9घं.–15मिं. बाद पंचमी तिथि पूर्वाह्न-कालिक रहने से **वसन्त-पंचमी** के दिन स्नान-दान का अनूठा महत्त्व रहेगा। **इस दिन तीसरा ( अन्तिम ) शाही स्नान होगा।**

यद्यपि प्रयागराज में 3 फरवरी, 2025 ई. को सूर्योदय 6घं.–45मिं. पर होने से, माघशुक्ल पंचमी तिथि उदय-व्यापिनी 3 फरवरी, 2025 ई. को होगी। परन्तु त्रिमुहूर्त्त न्यून होने से तथा पहिले दिन (2 फरवरी) पंचमी तिथि पूर्वाहण-व्यापिनी होने से वसन्त-पंचमी प्रयागराज में भी 2 फरवरी, 2025 ई. को ही शास्त्र-सम्मत होगी।

[यद्यपि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद् द्वारा सम्भव है कि 2 फरवरी, 2025 ई. की बजाए **3 फरवरी, 2025 ई. को सूर्योदय-व्यापिनी पंचमी-तिथि** (6घं.–45मिं. से 6घं.–53मिं. तक) के दिन ही **शाही-यात्रा-स्नान की उद्घोषणा कर दी जाए**]

[इसलिए पाठकों को 2-3 मास पूर्व ही सरकार अथवा अखाड़ा परिषद् द्वारा उद्घोषित तारीखों से मिलान कर लेना चाहिए।]

ज्योतिष-शास्त्र अनुसार तो 2 फरवरी, 2025 ई. को ही प्रातः 9घं.–15मिं. बाद स्नान-योग होना चाहिए।

**( 8 ) माघ शुक्ल सप्तमी, मंगलवार ( 4 फरवरी, 2025 ई. ) ( आरोग्य-रथ सप्तमी )**—इस दिन त्रिवेणी संगम में स्वस्थ शरीर की कामना हेतु स्नान, दानादि कर भगवान् सूर्य का पूजन अर्घ्य-दान देकर एवं दीपक बहाना चाहिए। पूर्वारुणोदय वाली आरोग्य सप्तमी प्राणिमात्र की जीवनशक्ति को जीवित रखने वाले प्रत्यक्ष ईश्वर सूर्य-नारायण ने मन्वन्तर के आदि में इसीदिन अपना प्रकाश प्रकाशित किया था। इसदिन सूर्योदय से पहिले (1घं.–36मिं. पूर्व) अरुणोदयकाल में स्नान-दान से करोड़ों सूर्यग्रहण के समय किए गए स्नानादि तुल्य पुण्य की प्राप्ति होती है। शास्त्रानुसार—

**''अरुणोदयवेलायां शुक्ला माघस्य सप्तमी।**
**प्रयागे यदि लभ्येत कोटिसूर्यग्रहैः समा।।'**

**[ यह कुम्भ-महापर्व ( प्रयाग ) की द्वितीय मुख्य स्नान-पर्व तिथि भी होगी। ]**

**( 9 ) माघ शुक्ल अष्टमी, बुधवार ( 5 फरवरी, 2025 ई. )**—को भीष्माष्टमी होगी। अतः इसदिनस्नान-दानादि पश्चात् भीष्म-पितामह निमित्त एवं पित्तरों निमित्त तिलयुक्त तर्पण करना चाहिए। '**वसूनामवताराय शंतनोरात्मजाय च। अर्घ्यं ददामि भीष्माय आवाल्य-ब्रह्मचारिणे।**' इस मन्त्र से अर्घ्य दें।

**( 10 ) माघ शुक्ल एकादशी, शनिवार ( 8 फरवरी, 2025 ई. )**—जया-एकादशी का पुण्य व्रत धारण कर त्रिवेणी में स्नान-दान करने का पुण्यतम् अवसर होगा।

**( 11 ) माघशुक्ल त्रयोदशी, सोमवार ( 10 फरवरी, 2025 ई. )**—सोम प्रदोष व्रत वाले दिन पावन त्रिवेणी में स्नानादि के पश्चात् शिवार्चन तथा शिव-अभिषेक करने से अक्षय पुण्यों की प्राप्ति का सुअवसर गंवाना नहीं चाहिए।

**( 12 ) माघ पूर्णिमा, बुधवार ( 12 फरवरी, 2025 ई. )**—माघ पूर्णिमा कुम्भ-महापर्व (प्रयाग) की मुख्य तृतीय स्नानपर्व तिथि माना जाएगा। माघ पूर्णिमा के दिन तीर्थस्थल पर स्नान-दान का शास्त्रों में अनन्त माहात्म्य वर्णित है। चान्द्रगणनानुसार माघी पूर्णिमा को माघस्नान की अन्तिम तिथि मानी जाती है।

'**पूर्णिमा**' तिथि की महिमा उसके नाम से ही स्पष्ट है। '**पूर्णा**' शब्द के लिए यह प्रसिद्ध है कि—

**पूर्णमदः पूर्णमिदं, पूर्णात् पूर्णमुदच्यते। पूर्णस्य पूर्णमादाय, पूर्णमेवावशिष्यते।**

अर्थात् यह सारा बाह्य स्वरुप '**पूर्ण**' है, इसका अन्तः स्वरूप भी '**पूर्ण**' है, '**पूर्ण**' से '**पूर्ण**' का विकास है। यहाँ तक कि '**पूर्ण**' से '**पूर्ण**' को निकाल लेने पर भी '**पूर्ण**' ही शेष रहता है।

अतः श्रद्धालु जनों को इस पुण्यतम् अवसर का लाभ उठाना चाहिए। इसीदिन फाल्गुन संक्रान्ति भी होने से इस तिथि में पुण्यार्जन का अवसर खोना नहीं चाहिए।

**( 13 ) फाल्गुन कृष्ण एकादशी, सोमवार ( 24 फरवरी, 2025 ई. )**—को विजया एकादशी का व्रत रखकर, त्रिवेणी में स्नानकर दानादि का अकल्पनीय माहात्म्य होता है।

**( 14 ) फाल्गुन कृष्ण त्रयो./चतुर्दशी, बुधवार ( 26 फर., बुधवार )**—को **श्रीमहाशिवरात्रि व्रत तिथि है। यह तिथि भी चतुर्थ ( अन्तिम ) स्नान पर्व होगा।** इस दिन तीर्थराज प्रयागराज में स्नान-दान, व्रत धारण करना परम पुण्यप्रद माना गया है।

ऊपर हमने मुख्य सभी स्नानतिथियों का विवरण लिख दिया है। इन स्नानतिथियों के अतिरिक्त माघ कृष्ण चतुर्थी, शुक्रवार (17 जनवरी, 2025 ई.) को संकष्ट-चतुर्थी एवं सभी एकादशी-व्रतों के दिनों में भी त्रिवेणी में स्नान करना पुण्यदायक होगा। जहाँ तक सम्भव हो तो उपरोक्त सभी स्नानतिथियों के दिन त्रिवेणी संगम-स्थल पर स्नान करने का प्रयत्न करना चाहिए। प्रयागराज निवासी तथा जो लोग इस कुम्भमहापर्व पर एक मास तक कल्पवास प्रयाग में करेंगे, वे पूरा माघमास प्रतिदिन त्रिवेणी में स्नान करेंगे ही।

## ⁂ कुम्भ महापर्व पर त्रिवेणी में स्नान, दानादि की विधि ⁂

प्रयागराज में त्रिवेणी संगम स्थल पर माघ (मौनी) अमावस (29 जनवरी, 2025 ई.) के दिन प्रातः स्नान-सन्ध्यादि नित्यकर्म से निवृत्त होकर अरुणोदयकाल या सूर्योदयकाल के समय संकल्पपूर्वक स्नान करने से विशेष पुण्यफल मिलता है—

**ॐ विष्णुर्विष्णु र्विष्णुः। ॐ तत्सद् अद्य श्री भगवतो महापुरुषस्य विष्णुराज्ञया प्रवर्त्तमानस्य ब्रह्मणो द्वितीयपरार्धे श्रीश्वेतवाराह–कल्पे कलियुगे कलिप्रथम चरणे जम्बूद्वीपे भारतवर्षे भरतखण्डे प्रयागक्षेत्रे कालयुक्त नाम–संवतसरे २०८१ संख्यके–संवत्सरे मकरस्थे सूर्ये वृषस्थे गुरौ मासानां उत्तमे माघ मासे कृष्णपक्षे माघ अमावस्यां तिथौ, बुधवासरे ...... अमुकगोत्रः अनुकनामाऽहम् सर्वविधपीडा निवृत्तिपूर्वकं आरोग्य–दीर्घायुः धनधान्य पुष्टि समृद्ध्यार्थं, बोधाबोधपूर्वं कृतानां सर्वपापनिवृत्तिपूर्वकं सर्वाभीष्ट फलावाप्ति धर्मार्थ काममोक्ष चतुर्विध पुरुषार्थ सिद्ध्यर्थं भगवत्या गङ्गायाः गङ्गा–यमुना–सरस्वती–त्रय्याः–भगवान् विष्णुः–शिवस्य च षोडशोपचारपूजनं च विधाय गंगा–यमुना–पावन धारायां इय प्रयाग पुण्यतीर्थे स्नान–पूजनं–दानं च करिष्ये।।**

उपरोक्त संकल्पानुसार पूजन करने के पश्चात् त्रिवेणी अर्थात् संगम में प्रवेश करने से पूर्व पुष्पाक्षत, नारियल एवं रुपया/मुद्रा सहित अर्पित करते हुए यह मन्त्र पढ़ें–

**गङ्गे च यमुने चैव गोदावरि सरस्वति।**
**नर्मदे सिन्धु कावेरि जलेऽस्मिन् संनिधिं कुरु।।**

**ॐ गङ्गायै नमः। ॐ यमुनायै नमः। ॐ सरस्वत्यै नमः।। ॐ तीर्थ–राजाय प्रयागाय नमः। ॐ अक्षय–वट–शोभित–त्रिवेणी–सङ्गमाय नमः।।**

फिर निम्न मन्त्रों से दोनों हाथों में जल लेकर भगवान् सूर्य से प्रार्थना करें–

**अपस्त्वमसि देवेश ज्योतिषां पतिरेव च।**
**पापं नाशय मे देव वाङ्मनः कर्मभिः कृतम्।।**

फिर दोनों हाथों द्वारा कुम्भ मुद्रा बनाकर भगवान् विष्णु एवं सूर्यादि देवों का ध्यान करते हुए निम्न मन्त्र पढ़ें–

**'दुःख–दारिद्रय नाशाय श्रीविष्णोस्तोषणाय च।**
**प्रातः स्नानं करोमि अद्य माघे पापविनाशनम्।।**
**मकरस्थे रवौ माघे, गोविन्दाच्युत माधव।**
**स्नानेनानेव मे देव यथोक्त–फलदो भव।।**

फिर सूर्यदेव को ताम्र–बर्तन में लाल चंदन/पुष्पाक्षत डालकर मन्त्रपूर्वक अर्घ्य देवें। मन्त्र–

**'ऐहि सूर्य सहस्रांशो'** .....अथवा **'ॐ घृणिः सूर्याय नमः।।'** अथवा भगवान् सूर्य के द्वादश नाम–मन्त्रों का उच्चारण करें।

तदुपरान्त ब्रह्मा, विष्णु, महेश, भगवती देवी, गंगा–सरस्वती एवं सूर्यादि देवों को जलांजली देकर नमस्कार करें।

**स्नान का समय**—प्रयागादि तीर्थ पर स्नान का सर्वोत्तम काल अरुणोदयकाल है (सूर्योदय से पहले पूर्वक्षितिज में जो प्रकाश दिखाई देता है, उसे अरुणोदयकाल कहते हैं।) जनवरी, 2025 ई. में माघमास में यह समय सूर्योदय से लगभग $1^{\text{घं.}}$–$36^{\text{मिं.}}$ पहिले शुरु होगा। अरुणोदयकाल में भी स्नान के लिए वह समय सर्वोत्कृष्ट है जब तारे दिखाई दे रहे हों, उसके बाद जितना विलम्ब होता जाए कम महत्त्व का माना जाता है। ताराओं के छिपने से लेकर सूर्योदयकाल तक मध्यम है। सूर्योदय के पश्चात् का स्नान क्षणः क्षणः सामान्य माना जाता है–

**'उत्तमं तु सनक्षत्रं लुप्ततारं तु मध्यमम्। सवितुर्युदिते भूप ततो हीनं प्रकीर्तितम्।।**

परन्तु नारदपुराण में तो सूर्योदय के बाद भी स्नान का माहात्म्य लिखा है–

**'सम्प्राप्ते माघमासे तु तपस्विजनवल्लभे।**
**क्रोशन्ति सर्ववारीणि समुद्गच्छति भास्करे।।**
**पुनीमस्तस्य पापानि त्रिविधानि न संशयः।।'**

इसलिए कुम्भ–पर्व के मुख्य स्नान के विशेष दिन ( **29 जनवरी, 2025 ई.** ) को अरुणोदयकाल से लेकर सूर्यास्त काल तक त्रिवेणी (संगम) में स्नान, दानादि का माहात्म्य रहेगा। अतः सारा दिन किसी भी समय स्नान किया जा सकता है क्योंकि कुम्भ योग के कारण वह पूरा दिन पवित्र माना जाता है।

**दानादि**—स्नानोपरान्त घृत सहित अन्नादि से आपूरित कुम्भ (घड़े) को वस्त्र, अलंकार, पुष्पपत्रों से सुसज्जित कर उसकी षोडश या पंचोपचार पूर्वक पूजन करके सुवर्ण, चाँदी या वस्त्र, धनादि की दक्षिणा सहित किसी सुपात्र ब्राह्मण को संकल्पपूर्वक दान करके, तदुपरान्त धर्म–परायण श्रद्धालुओं तथा साधु महात्माओं को यथाशक्ति दक्षिणा सहित भोजन कराने से अनेकों तीर्थों में जाने का तथा सैंकड़ों गोदान करने का फल मिलता है तथा मनुष्य के पितरों की आत्माएं सन्तुष्ट होती हैं।

## ❋ जो प्रयागराज न जा सके, वे पुण्यलाभ कैसे अर्जित करें ? ❋

जो लोग किसी कारणवश प्रयागराज तीर्थ पर जाने में असमर्थ हों, वे लोग अपने निवास स्थान (घर) पर ही स्नान के पात्र में गंगा एवं यमुना का निर्मल जल डालकर भगवान् विष्णु, सूर्य एवं वरुण मन्त्र पढ़कर एवं प्रार्थनापूर्वक अन्न, वस्त्र, कलश, तिल, गुड़, फलों का दान तथा **श्रीविष्णु सहस्रनाम, श्रीगङ्गा–स्तोत्र, श्रीगङ्गाष्टकम्, श्रीयमुनाष्टकम्, श्रीसरस्वतीस्तोत्र, आदित्यहृदय स्तोत्र, सूर्य के द्वादशनाम, श्रीशिव–स्तोत्र** आदि स्तोत्रों का पाठ करना शुभ होता है। इस प्रकार विधिपूर्वक स्नान, जप–पाठ करने से अनेकशः कायिक एवं मानसिक पापों का क्षय होता है। श्रीविष्णु पुराण में कहा गया है कि 'हजारों अश्वमेघ यज्ञ करने से, सौ वाजपेय–यज्ञ करने से और लाख बार पृथ्वी की प्रदक्षिणा करने से जो फल प्राप्त होते हैं, वह फल केवल प्रयाग के कुम्भ के स्नान–दानादि से प्राप्त हो जाते हैं–

**अश्वमेध सहस्राणि वाजपेय शतानि च। लक्षं प्रदक्षिणा भूमेः कुम्भस्नानेन तत्फलम्।।**

# संदिग्ध व्रत-पर्वों का शास्त्र-सम्मत निर्णय-वि.संवत् २०८१

( लेखक :-पं. विवेक शर्मा, जालन्धर ( पं. )-144008 ) ✆ 9417291325

## (1) श्री (लक्ष्मी) पंचमी (12 अप्रैल, शुक्रवार)

यह व्रत चतुर्थी विद्धा चैत्रशुक्ल-पंचमी को किया जाता है। धर्मसिन्धु अनुसार-

**''पंचमी शुक्लपक्षे कृष्णपक्षे कर्ममात्रेऽपि चतुर्थीविद्धा ग्राह्या।।''**

पुरुषार्थ-चिन्तामणि अनुसार भी स्कन्द व्रत के अतिरिक्त सभी व्रतों में पंचमी चतुर्थीविद्धा ली जाए। यथा-

**''सा (पंचमी) च स्कन्दोपवासाति-रिक्तोपवासे पूर्व (चतुर्थी) विद्धा ग्राह्या।।''**

इसी कारण **'श्री ( लक्ष्मी ) पंचमी'** व्रत चतुर्थीविद्धा पंचमी 12 अप्रैल, 2024 ई. को लिखा गया है।

## (2) स्कन्द-षष्ठी (13 अप्रैल, शनिवार)

पंचमीविद्धा चैत्र शुक्ल षष्ठी के दिन यह व्रत किया जाता है। **इस वर्ष चैत्र शुक्ल पंचमी षष्ठी तिथि को विद्ध कर रही है। अतः स्कन्द-षष्ठी का व्रत 13 अप्रैल, 2024 ई. को होगा।**

## (3) श्रीजानकी (सीता) जयन्ती (16 मई, बृहस्पतिवार)

श्री सीता जी का जन्म वैशाख शुक्ल नवमी, मंगलवार, पुष्य-नक्षत्र कालीन तथा मध्याह्न के समय हुआ था-

**''पुष्यान्वितायां तु कुजे नवम्यां श्रीमाधवे मासि सिते हलाग्रतः।।**
**भुवोऽर्चयित्वा जनकेन कर्षणे सीता-विरासीत् व्रतमत्र कुर्यात्।।''**

अतएव इसदिन व्रत रखकर श्रीजानकी-राम का संकल्पपूर्वक जन्मोत्सव तथा पूजन करना चाहिए।

इस वर्ष यह नवमी अष्टमीयुता वाले दिन ( **16 मई, 2024 ई.** ) मध्याह्न-काल को व्याप्त है। 17 मई, शुक्रवार को यह मध्याह्न-व्यापिनी नहीं है। अतः शास्त्र-नियमानुसार यह पर्व अष्टमीयुता तथा मध्याह्न-व्यापिनी नवमी वाले दिन **16 मई, बृहस्पतिवार** को मनाया जाएगा।

## (4) श्रीनृसिंह-जयन्ती (21 मई, मंगलवार)

**'धर्मसिन्धु'** नामक ग्रन्थानुसार सूर्यास्तकाल-व्यापिनी वैशाख शुक्ल चतुर्दशी के दिन **'नृसिंह जयन्ती'** मनाई जाती है-

**''वैशाखशुक्ल चतुर्दशी नृसिंहजयन्ती। सा सूर्यास्तमयकालव्यापिनी ग्राह्या।। दिन-द्वये तव्याप्तौ तदव्याप्तौ वा परैव।। स्वाती-नक्षत्र-शनिवारादियोगे सातीव-प्रशस्ता।।'**

(दोनों दिन सूर्यास्त काल में चतुर्दशी की व्याप्ति या अव्याप्ति की स्थिति में यह जयन्ती दूसरे दिन होगी।)

इस वर्ष वैशाखशुक्ल चतुर्दशी **21 मई, मंगलवार** को ही सूर्यास्त-व्यापिनी है, अतः यह जयन्ती इसी दिन मनाई जाएगी।

## (5) श्रीसत्यनारायण व्रत (वैशाख-पूर्णिमा) (23 मई, गुरुवार)

श्रीसत्यनारायण व्रत प्रत्येक मास की प्रदोषव्यापिनी एवं चन्द्रोदय-व्यापिनी पूर्णिमा में किया जाता है। क्योंकि यह नक्तव्रत है, इसे नक्तव्रत की भान्ति प्रदोषकाल में करने का विधान है। दोनों दिन प्रदोषकाल की व्याप्ति अथवा अव्याप्ति की परिस्थिति में यह व्रत दूसरे दिन ग्राह्य होगा। यथा-

**सूर्यास्तोत्तर-त्रिमुहूर्त्तात्मक प्रदोषव्यापिनी तिथिर्नक्ते ग्राह्या। अन्यतरदिने तद्याप्तौ तदेकदेशस्पर्शे वा सैव ग्राह्या।।..........दिनद्वये प्रदोषव्याप्तौ परा।। दिनद्वये प्रदोषव्याप्त्यभावे परत्रैव।।**

अर्थात् पूर्णिमा की दोनों दिन प्रदोष में व्याप्ति हो, तो अगले दिन तथा दोनों दिन प्रदोषकाल की व्याप्ति के अभाव में भी अगले दिन ही व्रत हेतु ग्रहण करें।

इस वर्ष वैशाखपूर्णिमा दो दिन-22 मई, 2024 ई. को पूर्ण रूप से तथा 23 मई, 2024 ई. को प्रदोष के प्रारम्भक्षण (सूर्यास्तकाल) को स्पर्शमात्र कर रही है। लेकिन पूर्णिमा अगले दिन (23 मई, 2024 ई.) गौण प्रदोषकाल-सायाह्न को पूरा व्याप्त कर रही है। अतः यह व्रत इस दिन ही होगा। **कालमाधवकार** ने तो नक्तव्रत की तिथि की दोनों दिन प्रदोष में अव्याप्ति होने पर भी यह व्रत दूसरे दिन ही करने का आग्रह किया है-

**''प्रदोषव्यापिनी नक्ते तिथिः व्याप्तिर्दिनद्वये।**
**अव्याप्तिर्वाथवांशेन व्याप्तिः स्यात्सर्वथोत्तरा।।''**

## (6) श्रीकूर्म-जयन्ती (23 मई, बृहस्पतिवार, 2024 ई.)

सायं व्यापिनी वैशाख-पूर्णिमा के दिन यह जयन्ती मनाई जाती है। यदि पूर्णिमा दोनों दिन सायं-व्यापिनी हो या दोनों दिन ही दिन सायंव्यापिनी न हो तो दूसरे दिन यह जयन्ती (पर्व) होगी।

इस वर्ष वैशाख पूर्णिमा दो दिन-सायं-व्यापिनी होने (22 एवं 23 मई) के बावजूद **'श्रीकूर्म-जयन्ती'** पर्व **23 मई, 2024 ई.** को मनाया जाएगा।

## (7) अपरा एकादशी व्रत (ज्येष्ठ कृष्ण ११) (2/3 जून)

यह एकादशी 2 जून, 2024 ई. को अरुणोदय के समय दशमी तिथि से विद्धा है, अतः वैष्णव लोग 2 जून, 2024 ई. के दिन एकादशी व्रत न करके 3 जून, 2024 ई. को करेंगे। लेकिन स्मार्त्त लोग, जो '**अरुणोदये दशमीवेध**' वर्जित नहीं करते (मानते), वे तो 2 जून, 2024 ई. को ही यह व्रत रखेंगे। **गरुड़पुराण** का वाक्य है–

**''दशमीशेष–संयुक्तो यदि स्यादरुणोदयः।**
**नैवोयोष्यं वैष्णवेन तद्दिनैकादशीव्रतम्।।''**

1 जून को पंजाब, हिमाचल आदि में अरुणोदयकाल 2 जून के सूर्योदय से 1घं.–36मिं. पहले 3घं.–52मिं. (भा.स्टैं.टा.) पर प्रारम्भ हो जाएगा।

## (8) रम्भा-तृतीया व्रत (8 जून, शनिवार)

ज्येष्ठ शुक्ल 'पूर्व (द्वितीया) विद्धा' तृतीया तिथि के दिन रम्भा-तृतीया व्रत किया जाता है–'**ज्येष्ठ शुक्ल तृतीयायां रम्भाव्रतम्। सा पूर्व-विद्धा ग्राह्या।।**'–(धर्मसिन्धुः)

इस वर्ष 8 जून, शनिवार, 2024 ई. को तृतीया द्वितीयविद्धा है, **अतः यह व्रत 8 जून, शनिवार को ही शास्त्रसम्मत है।**

## (9) निर्जला एकादशी व्रत (ज्येष्ठ शुक्ल ११)–(18 जून)

इस वर्ष ज्येष्ठ शुक्ल एकादशी पहले दिन षष्टि–घट्यात्मक (पूरा दिन–६० घड़ी) है और दूसरे दिन भी वह (एकादशी) विद्यमान् है। यहां द्वादशी का क्षय भी नहीं है। इस स्थिति में नारद के निम्न वाक्यानुसार स्मार्त्त और वैष्णव–दोनों को उत्तरवर्त्ती द्वादशीयुता एकादशी के दिन ही **निर्जला एकादशी** का व्रत करना चाहिए–

**''सम्पूर्णेकादशी यत्र प्रभाते पुनरेव सा।**
**सर्वैरेवोत्तरा कार्या परतो द्वादशी यदि।।''**

**इस शास्त्र-निर्णयानुसार इस वर्ष 18 जून, 2024 ई. को ही स्मार्त्त और वैष्णव–दोनों का ही एकादशी व्रत लगाया गया है।**

## (10) कुमार-षष्ठी (11 जुलाई, बृहस्पतिवार)

कुमार (स्कन्द) षष्ठी व्रत पूर्व (पंचमी) विद्धा षष्ठी के दिन किया जाता है।–'**षष्ठी स्कन्दव्रते पूर्वविद्धा।।**'–(धर्मसिन्धु)।। वसिष्ठ जी अनुसार भी–

''कृष्णाष्टमी स्कन्दषष्ठी शिवरात्रिश्चतुर्दशी।
एता पूर्वयुताः कार्याः तिथ्यन्ते पारणं भवेत्।।

**इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल षष्ठी 11 जुलाई, बृहस्पतिवार, सन् 2024 ई. को पंचमीविद्धा है, अतः यह व्रत इसी दिन शास्त्र-सम्मत है।**

## (11) विवस्वत सप्तमी (12 जुलाई, शुक्रवार)

यह पर्व पूर्वविद्धा आषाढ़ शुक्ल सप्तमी में मनाया जाता है। '**ब्रह्मपुराण**' का वाक्य है–'**पूर्वविद्धा द्विजश्रेष्ठ, कर्त्तव्या सप्तमीतिथिः।**'

इस वर्ष यह सप्तमी 12 जुलाई, 2024 ई. को पूर्व (षष्ठी) विद्धा है, **अतः इस वर्ष यह पर्व 12 जुलाई, शुक्रवार को ही मनाया जाएगा।**

## (12) श्रीसत्यनारायण व्रत (आषाढ़ शुक्ल)
### (20 जुलाई, शनिवार)

श्रीसत्यनारायण व्रत प्रदोषव्यापिनी एवं चन्द्रोदय–व्यापिनी पूर्णिमा के दिन किया जाता है। इस वर्ष आषाढ़ पूर्णिमा 21 जुलाई, 2024 ई. को दुपैहर बाद 15घं.–47मिं. पर समाप्त हो रही है, जिस कारण यह इस दिन (सूर्यास्त से पहिले) प्रदोष–व्यापिनी नहीं होगी। इस दिन या एक दिन पहिले (20 जुलाई) को पंजाब हिमाचल, जम्मू आदि पश्चिमोत्तर प्रान्तों में **प्रदोषकाल लगभग 19घं.–27मिं. से 21घं.–30मिं. तक रहेगा।**

ता. 20 जुलाई को पूर्णिमा 18घं.–00मिं. से प्रारम्भ हो रही है, जिससे इसी दिन प्रदोषव्यापिनी एवं रात्रि–व्यापिनी (चन्द्रोदय) पूर्णिमा होगी। अतएव इस मास का **श्रीसत्यनारायण व्रत 20 जुलाई, शनिवार को ही रखना प्रशस्त होगा।**

## (13) ऋक् उपाकर्म (19 अगस्त, सोमवार)

ऋग्वेदियों के उपाकर्म के तीन मुख्य काल माने गए हैं–( 1 ) **श्रावण शुक्ल में श्रवण नक्षत्र, ( 2 ) श्रावण शुक्ल पंचमी, ( 3 ) श्रावण शुक्ल में हस्त नक्षत्र।**

यदि श्रवण नक्षत्र दो दिन हो और यदि पहिले दिन सूर्योदय से प्रवृत्त हुआ श्रवण दूसरे दिन सूर्योदय के अनन्तर तीन मुहूर्त्त तक हो, तो उपाकर्म दूसरे दिन ही करना चाहिए। क्योंकि यहाँ धनिष्ठा नक्षत्र का योग (सम्पर्क) श्रेष्ठ माना गया है, परन्तु यदि श्रवण दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्तन्यून और पहिले दिन श्रवण पूरा दिन व्याप्त हो, तो पहिले दिन ही उपाकर्म किया जाता है। यदि पहिले दिन सूर्योदय के समय श्रवण नक्षत्र न हो तथा दूसरे दिन सूर्योदय के बाद दो मुहूर्त्त भी श्रवण–नक्षत्र हो, तो दूसरे दिन ही उपाकर्म करना होगा, क्योंकि उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का वेध निषिद्ध है। यथा–'...... **पूर्वदिने सूर्योदये नास्ति परदिने सूर्योदयोत्तरं मुहूर्त्तद्वयं वर्तते तदोत्तरदिने एवं।।**'

इस वर्ष श्रावण पूर्णिमा के दिन श्रवण नक्षत्र यद्यपि त्रिमुहूर्त्तन्यून है तथा पहिले दिन (18 अगस्त) उत्तराषाढ़ा नक्षत्र से विद्ध है, परन्तु 19 अगस्त (अगले दिन) दो मुहूर्त्त से अधिक होने के कारण ऋग्वेदियों के श्रावणी उपाकर्म इसी दिन ( **19 अगस्त, सोमवार** ) होंगे। गर्ग का भी यह वाक्य है–

**'उदयव्यापिनी त्वेव विष्ण्वर्क्षे घटिकाद्वयम्। तत्कर्म सकलं ज्ञेयं–तस्य पुण्यं त्वनन्तकम्।।'**

(अर्थात् यदि सूर्योदय में श्रवण की दो घड़ी हो, तो वह कर्म सफल जानना चाहिए और उसका अनन्त फल जानना चाहिए।)

**अतः 19 अगस्त, सोमवार को त्रिमुहूर्त्तन्यून होने के बावजूद परन्तु द्विमुहूर्त्त से अधिक होने से ऋक् आदि उपाकर्म इसी दिन होंगे।**

## (14) रक्षा-बन्धन (19 अगस्त, सोमवार)

रक्षाबन्धन का पवित्र कार्य भद्रारहित अपराह्ण व्यापिनी पूर्णिमा में करने का शास्त्र विधान है–

**'भद्रायां द्वे न कर्त्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा·······।'**

इस वर्ष 19 अगस्त, 2024 ई., सोमवार को श्रावण-पूर्णिमा के दिन रक्षाबन्धन का पवित्र कार्य होगा, परन्तु इस दिन दोपहर $1^{\text{घं.}}$–$31^{\text{मिं.}}$ ($13^{\text{घं.}}$–$31^{\text{मिं.}}$) तक भद्रा व्याप्ति (पाताल में) रहेगी।

**स्पष्ट है–शास्त्रानुसार तो 19 अगस्त को दोपहर 1 बजकर 31 मिनट ( $13^{\text{घं.}}$–$31^{\text{मिं.}}$ ) के बाद ही अपराह्ण-काल में रक्षाबन्धन का शुभ कार्य करना प्रशस्त होगा।**

**[ पंजाब, हिमाचल, जम्मू आदि प्रदेशों में 19 अगस्त, 2024 ई. को दोपहर $13^{\text{घं.}}$–$48^{\text{मिं.}}$ से $16^{\text{घं.}}$–$25^{\text{मिं.}}$ तक अपराह्ण-काल रहेगा। ]**

***ध्यान दें***–*पंजाब, हरियाणा, जम्मू आदि कुछ प्रान्तों में प्राचीन समय से ही परम्परा-स्वरूप उदय-व्यापिनी पूर्णिमा के दिन प्रातःकाल ही भद्रा आदि किसी अशुभ समय का विचार न करते हुए रक्षाबन्धन पर्व मनाने का प्रचलन है। जोकि किसी भी रूप से शास्त्र सम्मत नहीं है। भद्रा का विचार तो रक्षाबन्धन में करना ही चाहिए, जिसे हमारे शास्त्रों ने अशुभ एवं त्याज्य माना है।*

***परन्तु अति आवश्यक परिस्थितिवश*** *(यात्रा-भ्रमण सुविधा उपलब्ध न होने पर, फौज आदि में, ड्यूटी आदि कार्यों में आदि) यदि भद्राकाल में ही रक्षाबन्धन आदि शुभ कार्य करने पड़ें, तो शास्त्रकारों ने भद्रा मुखकाल को छोड़कर भद्रा पुच्छकाल में रक्षाबन्धनादि शुभ कार्य करने की आज्ञा दी है। भविष्य-पुराणानुसार भद्रा-पुच्छकाल में किए गए कृत्य में सिद्धि एवं विजय प्राप्त होती है, जबकि भद्रामुख में कार्य का नाश होता है–*

**'पुच्छे जयावहाः, मुखे कार्य विनाशाय··········।'**

*यहां यह समझ लेना चाहिए कि मुहूर्त्त एवं संहिता ग्रन्थों में जो 'भद्रा के मुख को अशुभ और पुच्छ को शुभ लिखा गया है' वह आपात् स्थिति (अन्य विकल्प न उपलब्ध होने पर) के लिए ही है, अन्यथा तो भद्रा का मुख के अतिरिक्त शेष सारा भाग निर्दोष मानना पड़ेगा, जोकि पूरी भद्रा को सदोष बतलाने वाले असंख्य वाक्यों के प्रतिकूल होगा। इसलिए यह* ***स्पष्ट है*** *कि भद्रा के मुखमात्र को अशुभ और शेष भाग को निर्दोष मानने वाला नियम केवल अत्यावश्यकता की स्थिति में ही ग्राह्य है। आपात्स्थिति में भद्रामुख के अलावा शेष पूरा भाग यद्यपि ग्राह्य है, फिर भी शास्त्रकारों ने भद्रापुच्छ को प्राथमिकता दी है–***'पुच्छे ध्रुवो जयः'***। आदि वाक्यों से यही अभिप्राय निकलता है कि भद्रा के पुच्छकाल को हमेशा शुभ माना जाए।*

*इसी कारण यदि अत्यन्त आवश्यक परिस्थिति हो, तो 19 अगस्त को प्रातः 9घं.–51मिं. से 10घं.–54मिं. तक–भद्रापुच्छ काल में यह शुभ कार्य किया जा सकता है, परन्तु 10घं.–54मिं. से 12घं.–38मिं. तक का समय–भद्रामुख-काल (रक्षाबन्धन कृत्य में) का विशेष रूप से त्याग करें।*

*रक्षा-सूत्र (राखी) बान्धते समय निम्नलिखित मन्त्र पढ़ना चाहिए–*

***येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः।***
***तेन् त्वामनुबध्नामि रक्षे मा चल मा चल।।***

## (15) श्रीकृष्ण-जयन्ती योग (भाद्र. कृष्ण ८) (26 अगस्त, 2024 ई.)

अर्धरात्रिव्यापिनी भाद्र. कृष्ण अष्टमी को चन्द्रोदय के समय रोहिणी नक्षत्र से संयोग होने पर श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी को **'श्रीकृष्ण-जयन्ती'** के नाम से भी संबोधित किया जाता है। **इस वर्ष 26 अगस्त, सोमवार को अर्धरात्रिव्यापिनी चन्द्रोदयकालीन अष्टमी रोहिणीयुता है। अतएव यहाँ 'श्रीकृष्ण-जयन्ती' नामक पुण्यतम योग बना है।**

अधिक विस्तार से माहात्म्य आदि जानने के लिए कृपया गतवर्षीय पंचांगदिवाकर (वि. संवत् 2080) के पृष्ठ संख्या 23 का अवलोकन करें।

## (16) दूर्वाष्टमी व्रत (26 अगस्त, सोमवार)

सिंहस्थ सूर्य की कालावधि में रौहिण मुहूर्त्त भाद्रपद शुक्ल अष्टमी को सन्तान सुख एवं वंशवृद्धि की कामना से यह व्रत किया जाता है। शास्त्रानुसार जिस किसी वर्ष में भाद्र. शुक्ल-अष्टमी के समय कन्या का सूर्य (आश्विन मास) आ जाए अथवा अगस्त्य तारा का उदय हो जाए, तो उस स्थिति में इस व्रत का पालन पूर्ववर्त्ती किसी अन्य मास की अष्टमी में (भाद्रपद कृष्ण या श्रावण शुक्लाष्टमी) करना चाहिए, जब अगस्त्य तारा अदृश्य (अस्त) हुआ हो।

**इदं दूर्वापूजनं व्रतं कन्याऽर्केऽगस्त्योदये च वर्ज्यम्।।** (धर्मसिन्धु)
**भाद्रशुक्लाष्टम्यां अगस्त्योदये भाविनी सति पूर्व कृष्णाष्टम्यामेव कूर्यात्।।**
(हेमाद्रि)

इस वर्ष भाद्र. शुक्लाष्टमी 11 सितम्बर (सिंहऽर्के) को है, परन्तु भारत के अधिकतर क्षेत्रों में 4 सितम्बर या इससे पहिले ही अगस्त्योदय हो चुका होगा। **अतएव शास्त्र-निर्देशानुसार दूर्वाष्टमी का व्रत पूर्ववर्त्ती भाद्र. कृष्ण की रोहिण-व्याप्त अष्टमी के दिन 26 अगस्त, सोमवार को करना शुभ एवं शास्त्र-सम्मत होगा।**

## (17) साम-उपाकर्म (5 सितम्बर, बृहस्पतिवार)

सामवेदियों का भाद्रपद शुक्ल पक्ष में अपराह्ण-व्यापिनी हस्तनक्षत्र में उपाकर्म का मुख्यकाल है। शास्त्रानुसार यदि हस्तनक्षत्र केवल पहले ही दिन अपराह्ण-काल को

पूर्णरूपेण या आंशिकरूपेण व्याप्त करे तो उपाकर्म पहले दिन ही होगा। यथा–

**'पूर्वदिन एवापराह्ण-पूर्णव्याप्तौ पूर्वत्रैव।।'**

इस वर्ष भाद्रपद शुक्लपक्ष में हस्त नक्षत्र केवल **5 सितम्बर, बृहस्पतिवार** को ही अपराह्ण-व्यापिनी है। **अतः सामवेदियों का उपाकर्म इसी दिन होगा।**

## (18) श्रीवराह-जयन्ती (6 सितम्बर, शुक्रवार)

भाद्र. शुक्ल तृतीया जिस दिन अपराह्ण-व्यापिनी हो, उस दिन 'श्रीवराह-जयन्ती' मनाई जाती है। तृतीया तिथि यदि दो दिन अपराह्णव्यापिनी हो अथवा न हो तो दूसरे दिन यह जयन्ती होगी–**'रम्भाख्यां वर्जयित्वा तु तृतीयां द्विजसत्तम। अन्येषु सर्वकार्येषु गणयुक्ता प्रशस्यते।।'** (ब्रह्मवैवर्त पुराण)

इस वर्ष भाद्र. शुक्ल तृतीया दो दिन–5 एवं 6 सितम्बर को अपराह्णव्यापिनी है। **अतः शास्त्रनिर्देशानुसार यह जयन्ती 6 सितम्बर, शुक्रवार को मनाई जाएगी।**

**(5/6 सितम्बर को पंजाब, हिमाचल आदि में अपराह्ण-काल लगभग 13$^{\text{घं.}}$–41$^{\text{मिं.}}$ से 16$^{\text{घं.}}$–11$^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा।)**

## (19) कलंक-चतुर्थी (चन्द्रदर्शन निषेध) (6 या 7 सितम्बर)

भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी के दिन चन्द्रदर्शन होने पर मिथ्याकलंक लगता है। इसका अभिप्राय यह है कि यदि चतुर्थी तिथि में चन्द्र-उदय होकर पंचमी-तिथि तक वर्तमान हो (अर्थात् चन्द्र-अस्त पंचमी तिथि में हो), तो सिद्धिविनायक व्रत के दिन चन्द्रदर्शन करना या होना दोषकारक नहीं होता तथा यदि पहिले दिन सायंकाल से चतुर्थी तिथि की व्याप्ति हो जाए अर्थात् तृतीया में चन्द्रोदय होकर चतुर्थी तिथि व्याप्ति तक चन्द्रदर्शन हो (चन्द्र अस्त चतुर्थी तिथि में हो), तो चन्द्रदर्शन का दोष पहिले दिन होगा, चाहे उस दिन सिद्धिविनायक व्रत न भी हो। **निष्कर्ष यह है कि चतुर्थी में ही चन्द्रदर्शन का दोष है।** सिद्धिविनायक व्रत का इससे सम्बन्ध नहीं है जोकि मध्याह्न-व्यापिनी ग्राह्य होता है।

**चतुर्थ्यामुदितस्य पंचम्यां दर्शनं विनायकव्रत दिनेपि न दोषाय पूर्वदिने सायाह्नमारभ्य प्रवृत्तायां चतुर्थ्यां विनायकव्रताभावेपि पूर्वेद्युरेव चंद्रदर्शने दोष इति सिध्यति।..........इदानीं लोकास्तवेकतरपक्षाश्रयेण विनायक व्रतदिने एवं चंद्रं न पश्चयन्ति न तदयकाले दर्शनकाले वा चतुर्थीसत्त्वासत्त्वे नियमेनाश्रयन्ति।**

परन्तु इस उपरोक्त नियम की उपेक्षा करते हुए प्रचलित लोकमतानुसार महाराष्ट्र, गुजरातादि में लोग सिद्धिविनायक व्रत वाले दिन ही चन्द्रदर्शन का निषेध मानते हैं। चाहे उस दिन सायंकाल पंचमी तिथि व्याप्ति में ही चन्द्रास्त हो अर्थात् पंचमी तिथि तक चन्द्रदर्शन हो रहे हों। वे उदयकाल या दर्शनकाल में चतुर्थी होने या न होने पर चन्द्रदर्शन के नियम को नहीं मानते। जबकि पंजाब, हिमाचल, जम्मू, हरियाणादि उत्तरी भारत में चतुर्थी तिथि व्यापिनी में ही चन्द्रदर्शन का दोष मानते हैं।

इस वर्ष (वि. संवत् 2081) **'सिद्धि विनायक व्रत'** मध्याह्न-व्यापिनी **7 सितम्बर, शनिवार को है।** परन्तु चतुर्थी तिथि 6 सितम्बर, शुक्रवार की दोपहर 15$^{\text{घं.}}$–02$^{\text{मिं.}}$ से प्रारम्भ हो रही है तथा इसदिन चतुर्थी के समय ही रात्रि 20$^{\text{घं.}}$–20$^{\text{मिं.}}$ पर चन्द्रास्त होगा। जबकि 7 सितम्बर को चतुर्थी तिथि सायं 17$^{\text{घं.}}$–38$^{\text{मिं.}}$ तक ही है तथा इस दिन चन्द्रास्त 20$^{\text{घं.}}$–47$^{\text{मिं.}}$ पर होगा, जबकि उस समय पंचमी तिथि व्याप्त होगी। **इस प्रकार उत्तरी भारत में तो लोग शास्त्रनिर्देशानुसार 6 सितम्बर, शुक्रवार को ही चन्द्रदर्शन का निषेध मानेंगे।** परन्तु महाराष्ट्र आदि कुछ राज्यों में 7 सितम्बर, शनिवार को चन्द्रदर्शन निषेध का विचार करेंगे तथा कलंक चतुर्थी, पत्थर-चौथ आदि इसीदिन मनाई जाएगी।

## (20) श्रीगणेश चतुर्थी व्रत (आश्विन कृष्ण चतुर्थी)

चन्द्रोदय-व्यापिनी कृष्ण चतुर्थी को श्रीगणेश-चतुर्थी व्रत होता है। दोनों दिन चतुर्थी चन्द्रोदयव्यापिनी न हो तो यह व्रत दूसरे दिन होता है। इस वर्ष आश्विन कृष्ण चतुर्थी दोनों दिन चन्द्रोदयव्यापिनी नहीं है। इसलिए यहाँ **श्रीगणेशचतुर्थी व्रत दूसरे दिन 21 सितम्बर, 2024 ई., शनिवार को लिखा गया है।**

## (21) आश्विन कृष्ण षष्ठी/सप्तमी का महालयश्राद्ध

आश्विन कृष्णपक्ष (पितृपक्ष) में किए जाने वाले सभी श्राद्ध **'पार्वण-श्राद्ध'** कहलाते हैं। पित्तरों के निमित्त किए जाने वाले मृत्यु-तिथ्यनुसार सभी श्राद्ध अपराह्ण-व्यापिनी तिथि में करने की शास्त्राज्ञा है–

**पूर्वाह्णो वै देवानां मध्याह्ने मनुष्यणामपराह्ण पितृणाम्–श्रुति पूर्वाह्णे दैविकं श्राद्दमपराह्णे तु पार्वणम्।।** (याज्ञवल्क्य)

इस वर्ष षष्ठी एवम् सप्तमी–दोनों तिथियां 23 सितम्बर, 2024 ई. को ही अपराह्ण-व्यापिनी है। अतः स्पष्ट है–**इस वर्ष षष्ठी एवं सप्तमी–दोनों का महालय श्राद्ध 23 सितम्बर, सोमवार को ही होगा।**

[23 सितम्बर, 2024 ई. को पंजाब, हरियाणा आदि प्रान्तों में अपराह्ण-काल लगभग 13$^{\text{घं.}}$–32$^{\text{मिं.}}$ से 15$^{\text{घं.}}$–56$^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा।]

## (22) एकादशी तिथि का महालय श्राद्ध (27 सितंबर, शुक्रवार)

जैसा कि ऊपर 'सप्तमी तिथि के महालय' के निर्णय में भी लिख चुके हैं कि पितृश्राद्ध (आश्विन कृष्णपक्ष) में किए जाने वाले श्राद्ध पार्वण-श्राद्ध हैं। इन श्राद्धों को अपराह्णव्यापिनी मृत्युतिथि में किया जाता है। यदि मृत्युतिथि दोनों दिन अपराह्ण में व्याप्त न हो तो पहले दिन श्राद्ध किया जाता है। यदि दोनों दिन मृत्युतिथि अपराह्ण को असमान रूप से व्याप्त करे (अर्थात् एक दिन कम और दूसरे दिन ज़्यादा अपराह्ण को व्याप्त करे) तो श्राद्ध उस दिन होगा जिस दिन तिथि अपराह्ण को ज़्यादा व्याप्त कर रही हो।

इस वर्ष आश्विन-कृष्ण एकादशी तिथि दो दिन (27 और 28 सितम्बर, 2024 ई. को) अपराह्नव्यापिनी है, अतः उपरोक्त नियमानुसार इस तिथि का श्राद्ध 27 सितम्बर, 2024 ई. को किया जाएगा, क्योंकि एकादशी इस दिन अपराह्नकाल के सम्पूर्ण भाग को व्याप्त कर रही है, जबकि 28 सितम्बर को अपेक्षाकृत कम भाग को व्याप्त कर रही है।

**ध्यान दें–इस वर्ष (सं. 2081 में) श्राद्धपक्ष में 28 सितम्बर, 2024 ई. को कोई तिथि श्राद्ध नहीं होगा।**

## (23) सोम प्रदोष व्रत (आश्विन कृष्ण)

प्रत्येक पक्ष की प्रदोषव्यापिनी त्रयोदशी वाले दिन '**प्रदोष व्रत**' किया जाता है। सूर्यास्त के बाद त्रिमुहूर्त्त-व्यापिनी त्रयोदशी ग्रहण करनी चाहिए। प्रदोषव्रत नक्तव्रत है। यदि दो दिन त्रयोदशी प्रदोषव्यापिनी हो तो यह व्रत दूसरे दिन ग्रहण करना चाहिए। यथा–**दिनद्वये प्रदोषव्याप्तौ साम्येन तदेकदेशस्पर्शे वा उत्तरा।।**

'**कालमाधव**' आदि के अनुसार भी त्रयोदशी दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी हो तो यह व्रत दूसरे ही दिन किया जाएगा–

**प्रदोषव्यापिनी नक्ते तिथिः व्याप्तिः दिनद्वये।**
**अव्याप्तिर्वाथवांशेन व्याप्तिः स्यात्सर्वथोत्तरा।।**

इस वर्ष (सं. 2081 में) आश्विन कृष्ण त्रयोदशी 29 और 30 सितम्बर, 2024 ई.– दोनों दिन प्रदोष में विद्यमान् है (इन दिनों प्रदोषकाल लगभग 18$^{घं.}$–10$^{मिं.}$ से 20$^{घं.}$–37$^{मिं.}$ तक है)। यद्यपि दूसरे दिन 30 सितम्बर, 2024 ई. को त्रयोदशी प्रदोष को अपेक्षाकृत कम व्याप्त कर रही है, तथापि ''**दिनद्वये वाथवांशेन व्याप्तिः**'–निर्देशानुसार **यहाँ इस वर्ष त्रयोदशी-प्रदोष व्रत 30 सितम्बर को ही किया जाएगा। अपि च**–इसदिन त्रयोदशी '**गौण प्रदोषकाल**' माने जाने वाले सायाह्न को तो पूर्णतया व्याप्त कर ही रही है।

## (24) गजच्छाया योग (2 अक्तूबर, 2024 ई.)

आश्विन अमावस के दिन सूर्य एवं चन्द्रमा–दोनों हस्त नक्षत्र में होने से '**गजच्छाया योग**' बन रहा है। इस योग में श्राद्ध, दानादि करने से महान् फल की प्राप्ति होती है। यथा–

'**हस्तनक्षत्रे सूर्ये साति चान्द्रहस्त नक्षत्रयुतामावस्या गजच्छाया तस्यां श्राद्धदानादि कार्यम्।।** (धर्मसिन्धुः)

## (25) उपाङ्ग ललिता व्रत (7 अक्तूबर, सोमवार)

यह व्रत अपराह्णव्यापिनी आश्विन शुक्ल पंचमी के दिन किया जाता है–

''**अत्र पंचमी अपराह्नव्यापिनी ग्राह्या, अपराह्नस्यैव तत्पूजाकालत्वोपपत्तेः।**' (धर्मसिन्धु)

**इस वर्ष पंचमी 7 अक्तूबर, सोमवार को ही अपराह्ण-व्यापिनी है। अतः यह व्रत इसी दिन होगा।**

## (26) महानवमी (आश्विन शुक्ल ९)

आश्विन शुक्ल नवमी के दिन महानवमी होती है। यह दो प्रकार की है–(1) पूजा एवं उपवास के लिए, (2) बलिदान एवं होम हेतु।

पूजा-उपवासार्थ अष्टमीविद्धा नवमी और बलिदान/होमादि हेतु दशमीविद्धा नवमी ली जाती है। धर्मसिन्धु का यह वाक्य देखिए–''**महानवमी तु बलिदान व्यतिरिक्तविषये पूजोपोषणादौ अष्टमीविद्धा ग्राह्या।।**''''**नवमीप्रयुक्त महाबलिदाने तु दशमीविद्धा।।**''

इस वर्ष 11 अक्तू., 2024 ई. को नवमी अष्टमीविद्धा और 12 अक्तूबर, 2024 ई. को दशमीविद्धा है। अतः शास्त्रनिर्देशानुसार **इस वर्ष पूजा-व्रत-उपवासार्थ महानवमी 11 अक्तूबर, 2024 ई. को और बलिदान-होमादि के लिए 12 अक्तू., 2024 ई. को होगी।**

## (27) पापांकुशा एकादशी व्रत (आश्विन शुक्ल ११)

'धर्मसिन्धुकार' अनुसार एकादशी तिथि मुख्यतः दो प्रकार की होती है–(1) **विद्धा** और (2) **शुद्धा**। (1) सूर्योदय काल में दशमी का वेध हो अथवा अरुणोदयकाल (सूर्योदय से लगभग 4 घड़ी पूर्व) में एकादशी तिथि दशमी द्वारा विद्ध हो, तो वह (एकादशी) विद्धा कहलाती है। (2) अरुणोदय-काल में दशमी तिथि के वेध से रहित एकादशी हो तो उसे शुद्धा तिथि माना जाता है।

प्रायः अधिकांश शास्त्रों में दशमी से युक्त एकादशी का व्रत करने का निषेध माना गया है। परन्तु द्वादशी का क्षय हो जाने पर स्मार्त्तों (गृहस्थियों) को दशमीयुता एवं वैष्णव सम्प्रदाय वालों को द्वादशी-त्रयोदशीयुता एकादशी के दिन व्रत करना चाहिए। इस सम्बन्ध में पद्मपुराण का वाक्य है–

**''एकादशी द्वादशी च रात्रिशेषे त्रयोदशी।**
**त्र्यहःस्पृक् तदहोरात्रं नोपोष्यं तत्सुतार्थिभिः।।''**

उपरोक्त प्रमाणानुसार 11, 12, 13 तिथियों से मिश्रित दिन में स्मार्त्तों (गृहस्थियों) के व्रत का निषेध और वैष्णवों के व्रत का विधान है। इस स्थिति में दशमीमिश्रित एकादशी में व्रत करने का स्पष्ट निर्देश 'निर्णयसिन्धुः' के इस वाक्य में भी है–

'**दशम्यैकादशीविद्धा द्वादशी च क्षयं गता। क्षीणा सा द्वादशी.........। गृहिणः पूर्वत्रोपवासः।।**'

अतः शास्त्रों में प्रकारान्तरेण स्मार्त्तों को सूर्योदयवेधवती दशमी के दिन एकादशी व्रत करने की आज्ञा दी है, जोकि कण्वस्मृति के सामान्य नियम '**अरुणोदयवेलायां दशमीसंयुता यदि। तत्रोपोष्या द्वादशी स्यात् त्रयोदश्यां तु पारणम्।**' के विरुद्ध है।

परन्तु शास्त्रों में स्मार्त्तों के लिए त्रयोदशी में पारणा भी सर्वथा वर्जित मानी गई है। **यदि द्वादशी तिथि के क्षय की स्थिति में स्मार्त्त ( गृहस्थियों )–वैष्णवों का व्रत एक ही दिन कर दिया जाए तो स्मार्त्तों को भी व्रत की पारणा त्रयोदशी में करनी पड़ेगी।**

निर्णयसिन्धु में भी '**ऋष्यशृंग**' ने अन्य विकल्प के अभाव में स्मार्त्तों को दशमीयुता एकादशी में व्रत करने की अनुमति दी है–

**''पारणाहे न लभ्येत द्वादशी कलयाऽपि चेत्।**
**तदानीं दशमीविद्धापि–उपोष्यै एकादशी तिथिः।।''**

**इस प्रकार उपरोक्त शास्त्रविवेचन से स्पष्ट है कि द्वादशी तिथि का क्षय होने के कारण ही स्मार्त्तों ( गृहस्थियों ) का 'पापांकुशा एकादशी व्रत' 13 अक्तू., 2024 ई. को तथा वैष्णवों का एकादशी व्रत 14 अक्तू., 2024 ई. को लिखा गया है।**

## (28) शरद् पूर्णिमा व्रत (16 अक्तूबर, बुधवार)

प्रदोष एवं निशीथव्यापिनी आश्विन पूर्णिमा में शरद् पूर्णिमा व कोजागर व्रत होता है। यदि पहले दिन निशीथव्यापिनी हो और दूसरे दिन प्रदोषव्यापिनी न हो तो यह व्रत पहले दिन ही करना चाहिए। यथा–

**आश्विनपौर्णमास्यां कोजागर व्रतम्।। सा पूर्वत्रैव निशीथव्याप्तौ पूर्वा।।**

इस वर्ष यह तिथि 16 अक्तूबर, 2024 ई. को पूर्णतया निशीथ (अर्धरात्रि) को व्याप्त करती है। 17 अक्तूबर, 2024 ई. को तो यह प्रदोष को स्पर्श भी नहीं कर रही। **अत: 16 अक्तूबर, 2024 ई. को ही ये दोनों पर्व होंगे।**

## (29) श्रीसत्यनारायण व्रत (आश्विन पूर्णिमा)

सत्यनारायण व्रत नक्तव्रत है। यह प्रदोषव्यापिनी पूर्णिमा के दिन होता है। इस वर्ष आश्विन पूर्णिमा किसी भी दिन (16 या 17 अक्तूबर, 2024 ई. को) प्रदोष काल (सूर्यास्तकाल) को स्पर्श तक नहीं कर रही। लेकिन अगले दिन 17 अक्तूबर, 2024 ई. को गौण प्रदोषकाल सायाह्न को कुछ समय के लिए व्याप्त कर रही है। अत: यह व्रत इस दिन ( **17 अक्तूबर** ) ही होगा। '**कालमाधवकार**' ने भी नक्तव्रत की तिथि की दोनों दिन प्रदोष में अव्याप्ति होने पर यह व्रत दूसरे दिन ही माना है–

**'प्रदोषव्यापिनी नक्ते तिथिः व्याप्तिर्दिनद्वये।**
**अव्याप्तिर्वाथर्वांशेन व्याप्तिः स्यात्सर्वथोत्तरा।।'**

## (30) गोवत्स–द्वादशी (28 अक्तूबर, सोमवार)

प्रदोषव्यापिनी कार्तिक कृष्ण द्वादशी में '**गोवत्स–द्वादशी**' मनाई जाती है। इस वर्ष कार्तिक कृष्ण द्वादशी **28 अक्तूबर, 2024 ई.** को ही '**प्रदोषव्यापिनी**' है। अत: यह व्रत/पूजन इसीदिन होगा।

## (31) दीपावली (महालक्ष्मी पूजन) निर्णय (1 नवं., शुक्रवार)

कृपया इसका विस्तृत निर्णय हेतु आगामी पृष्ठ नं. 27 का अवलोकन करें।

## (32) भीष्मपंचक प्रारम्भ (कार्तिक शुक्ल एकादशी)

कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक का काल '**भीष्मपंचक**' कहलाता है। शास्त्रों में भीष्मपंचक व्रत का अनुष्ठान केवल पाँच दिन (का.शु. ११ से पूर्णिमा तक) निर्दिष्ट है। इन पाँच दिनों में व्रताचरणपूर्वक पूर्वाह्ण में विष्णुपूजा और मध्याह्न में भीष्मपितामह के लिए एकोद्दिष्टश्राद्ध किया जाता है। यदि शुद्धा एकादशी से उदयकालिक पूर्णिमा तक की अवधि में कोई तिथि क्षय हो जाए और भीष्मपंचकों के दिनों की संख्या चार ही रह जाए, तब शास्त्रकारों ने यह परामर्श दिया है कि दशमीविद्धा एकादशी से ही यह व्रत प्रारम्भ करके शुद्ध (जिससे चतुर्दशी का वेध न हो) उदयकालिक पूर्णिमा के दिन ही इसे समाप्त कर लेना चाहिए। इसी प्रकार, यदि इन पाँच तिथियों (एका. से पूर्णिमा तक) में से किसी एक तिथि की वृद्धि हो जाने से भीष्मपंचकों के 6 दिन बनते हो, तो शुद्ध एकादशी वाले दिन से प्रारम्भ करके चतुर्दशी–विद्धा पूर्णिमा के दिन ही भीष्मपंचकों को समाप्त करना चाहिए।–''.......**यदि क्षयवशेन शुद्धैकादश्यामारम्भे पौर्णमास्यां पंचदिनात्मकव्रत–समाप्तिर्न घटते तदा विद्धैकादश्यामपि–आरम्भः**'। (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष कार्तिक शुक्लपक्ष में चतुर्दशी का क्षय है। अत: इस नियमानुसार **भीष्मपंचक का प्रारम्भ यहाँ दशमीयुता एकादशी के दिन 11 नवम्बर, 2024 ई. को लिखा गया है।**

## (33) पद्मक योग (15 नवम्बर)

कार्तिक पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा कृतिका नक्षत्र पर और सूर्य विशाखा नक्षत्र पर हो, तो '**पद्मक**' नामक योग बनता है, इस योग में किसी भी तीर्थस्थान परन्तु विशेषत: तीर्थराज **पुष्कर ( राजस्थान )** पर स्नान–दान का विशेष माहात्म्य माना गया है।

**विशाखासु यदा भानुः कृतिकासु च चन्द्रमा।**
**स योगः पद्मको नाम पुष्करे स्वाति दुर्लभः।।** (पद्मपुराण)

इसदिन सूर्य एवं गुरु–स्तोत्र, सूर्यगायत्री एवं गुरुगायत्री मन्त्रों का पाठ तथा दोनों ग्रहों के सम्बन्ध में यथाशक्ति दान, जप तथा कृतिकास्वामी (विश्वस्वामी सूर्य) के दर्शन किए जाएं, तो ब्राह्मण सात जन्म तक वेद परायण और धनाढ्य होता है–

**कार्तिक्यां कृतिका योगे च कुर्यात् स्वामिदर्शनम्।**
**सप्तजन्म भवेद् विप्रो धनाढ्यो वेदपारगः।।** (काशीखण्ड)

वि. संवत् 2081 अर्थात् सन् 2024 ई. में इस कार्तिक पूर्णिमा, 15 नवम्बर, 2024 ई. कृतिका नक्षत्र, वरियान योग, सूर्य के विशाखा नक्षत्र रहते–यह प्रशस्त '**पद्मक योग**' बना है। रात्रि $21^{\text{घं.}}$–$55^{\text{मिं.}}$ से $26^{\text{घं.}}$–$59^{\text{मिं.}}$ तक इसका विशेष माहात्म्य रहेगा। *रात्रि में यह योग घटित होने से जप, पाठ पर विशेष ध्यान देना चाहिए।*

रात्रि में यह योग घटित होने से जप, पाठ पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

# (31) दीपावली (महालक्ष्मी-पूजन) निर्णय (1 नवम्बर, शुक्रवार, 2024 ई.)

प्रदोषव्यापिनी (सूर्यास्त के बाद त्रिमुहूर्त्त) कार्तिक अमावस्या के दिन ही दीपावली (महालक्ष्मी-पूजन) मनाने की शास्त्राज्ञा है। इसवर्ष (वि. संवत् २०८१ में) 31 अक्तूबर, 2024 ई. के दिन कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी तिथि का समाप्तिकाल $15^{\text{घं.}}$–$53^{\text{मिं.}}$ है। अतः चतुर्दशी समाप्ति के साथ ही कार्तिक अमावस्या शुरु होकर अगले दिन (1 नवम्बर, शुक्रवार) सायं $18^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ तक व्याप्त है। **स्पष्ट है**–अगले दिन (**1 नवम्बर**) प्रदोषकाल में अमावस तिथि की व्याप्ति कम समय के लिए है। (क्योंकि पंजाब, हिमाचल, जम्मू आदि राज्यों में सूर्यास्त लगभग $17^{\text{घं.}}$–$35^{\text{मिं.}}$ पर होगा।), जबकि 31 अक्तूबर, 2024 ई. को अमावस्या पूर्णतया प्रदोष एवं निशीथकाल को व्याप्त कर रही है। **परन्तु फिर भी शास्त्रनिर्देशानुसार 'दीपावली पर्व' (महालक्ष्मी-पूजन) 1 नवम्बर, शुक्रवार, 2024 ई. को ही मनाना शास्त्रसम्मत होगा।**

***यथा शास्त्र वाक्य–***

☐ **'अथाश्विनामावस्यायां प्रातरभ्यंगः प्रदोषे दीपदानलक्ष्मी-पूजनादि विहितम्। तत्र सूर्योदयं व्याप्ति-अस्तोत्तरं घटिकाधिकरात्रिव्यापिनी दर्शे सति न संदेहः।।'**

(धर्मसिन्धु)

**(अर्थात् कार्तिक अमावस्या को प्रदोष के समय लक्ष्मीपूजनादि कहा गया है।** उसमें यदि सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त के अनन्तर 1 घड़ी (24 मिनट) से अधिक रात्रि तक (प्रदोषकाल) अमावस्या हो, तो कुछ सन्देह की बात नहीं है।)

☐ **परदिने एव दिनद्वयेपि वा प्रदोषव्याप्तौ परा। पूर्वत्रैव प्रदोषव्याप्तौ लक्ष्मीपूजनादौ पूर्वा।।** (धर्मसिन्धुः)।

(अर्थात् परले दिन ही अथवा दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी होय तो परलीलेनी होगी।)

☐ तिथिनिर्णय (भट्टोजिदीक्षितकृत) पुरुषार्थ चिन्तामणि में तो यहाँ तक लिखा है कि यदि दोनों दिन अमावस प्रदोष का स्पर्श न करे तो दूसरे दिन ही लक्ष्मी पूजन करना चाहिए। **'इयं प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या। दिनद्वये सत्त्वासत्त्वे परा।।'** (तिथिनिर्णयः)

☐ **पूर्वत्रैव व्याप्तिरिति पक्षे परत्र यामत्रयाधिकव्यापिदर्शे दर्शापेक्षया प्रतिपद्वृद्धिसत्त्वे लक्ष्मीपूजादिकमपि परत्रैवेत्युक्तम्।। एतन्मते उभयत्र प्रदोषाव्याप्ति-पक्षेपि परत्र दर्शस्य सार्धयामत्रयाधिक-व्याप्ति-त्वात्परैव युक्तेति भाति।।** (पुरुषार्थ-चिन्तामणि)

[अर्थात् यदि अमावस्या केवल पहिले दिन ही प्रदोषव्याप्त हो, तथा यदि अगले दिन अमावस्या तीन प्रहर से अधिक व्याप्त हो तथा दूसरे दिन भी प्रतिपदा वृद्धिगामिनी होकर तीन प्रहर के उपरान्त समाप्त हो रही हो, तो लक्ष्मीपूजन अगले दिन (अमावस) ही करें। इसी प्रकार यदि दोनों दिन अमावस्या प्रदोषव्याप्त होने से अगले दिन लक्ष्मीपूजन युक्तियुक्त होगा।]

☐ **उभयदिने प्रदोषव्याप्तौ परा ग्राह्या। 'दण्डैकरजनीयोगे दर्शः स्यात्तु परेऽहनि। तदा विहाय पूर्वेद्यु परेऽह्नि सुखरात्रिकाः।'** (तिथितत्त्व)

अर्थात् यदि दोनों दिन प्रदोषव्यापिनी होय, तो अगले दिन करें–क्योंकि तिथितत्त्व में ज्योतिष का वाक्य है–एक घड़ी रात्रि (प्रदोष) का योग होय तो अमावस्या दूसरे दिन होती है, तब प्रथम दिन छोड़कर अगले दिन सुखरात्रि होती है।)

**यद्यपि**–दीपावली के दिन निशीथकाल में लक्ष्मी का आगमन शास्त्रों में अवश्य वर्णित है, लेकिन कर्मकाल (लक्ष्मी पूजन, दीपदान-आदि का काल) तो प्रदोष ही माना जाता है। लक्ष्मीपूजन, दीपदान के लिए प्रदोषकाल ही शास्त्र प्रतिपादित है–

**प्रदोषसमये लक्ष्मीं पूजयित्वा ततः क्रमात्।**
**दीपवृक्षाश्च दातव्याः शक्त्या देवगृहेषु च।।**

निर्णयसिन्धु, धर्मसिन्धु, पुरुषार्थ-चिन्तामणि, तिथि-निर्णय आदि ग्रन्थों में दिए गए शास्त्रवचनों के अनुसार दोनों दिन प्रदोषकाल में अमावस्या की व्याप्ति कम या अधिक होने पर दूसरे दिन ही अर्थात् सूर्योदय से सूर्यास्त (प्रदोषव्यापिनी) वाली अमावस्या के दिन लक्ष्मीपूजन करना शास्त्रसम्मत होगा।

**अतएव सभी शास्त्र-वचनों पर विचार कर हमारे मतानुसार 1 नवम्बर, 2024 ई., शुक्रवार को ही दीपावली पर्व तथा लक्ष्मीपूजन करना शास्त्रसम्मत होगा। सम्पूर्ण भारत में यह पर्व इसी दिन होगा। यही निर्णय भारत के अधिकतर पंचाङ्गकारों को मान्य है। परम्परा अनुसार तथा गत अनेक उदाहरण भी इसी मत को मान्यता देते हैं।**

[**ध्यान दें**, कुछ विद्वानों/पंचांगकारों के मतानुसार पश्चिमी राजस्थान, गुजरात, पश्चिमी महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरला आदि राज्यों में जहाँ अमावस्या तिथि 1 नवम्बर के दिन प्रदोषकाल को 1 घड़ी से कम (अर्थात् जहाँ सूर्यास्त 17:53 के बाद होगा) अथवा प्रदोष से पूर्व ही समाप्त (18:17 के बाद सूर्यास्त होगा।) हो जाएगी, वहाँ दीपावली पर्व 31 अक्तूबर, बृहस्पतिवार को करना चाहिए–तर्कसंगत नहीं है। क्योंकि]

**'यां तिथिं समनुप्राप्य उदयं याति भास्करः।**
**सा तिथि सकला ज्ञेया स्नान–दान–व्रतादिषु।।**

इस शास्त्रवचनानुसार इसी दिन (1 नवम्बर, 2024 ई.) प्रदोषकाल में साकल्यापादित अमावस तो विद्यमान् रहेगी ही। इसका अभिप्राय यह भी है कि भले ही गणितागत तिथि किसी दिन कर्मकाल के एक ही पल को व्याप्त क्यों न करे, उसका पूर्ण कर्मकाल धर्मशास्त्रानुसार साकल्यापादिता तिथि से व्याप्त होने के कारण व्रत-पूजानुष्ठान के योग्य होता है। **अतः इस वर्ष 1 नवम्बर, शुक्रवार को ही प्रदोष में महालक्ष्मी पूजन होगा।**

**इसीदिन ( 1 नवम्बर, शुक्रवार ) धर्मनिष्ठ लोग सूर्यास्त के पश्चात् अल्पकालिक प्रदोषकाल-व्याप्त अमावस्या के बावजूद सायाह्नकाल से प्रदोषकाल समाप्ति तक अर्थात् सूर्यास्त से आधा घण्टा पहिले अथवा सूर्यास्त के बाद लगभग $2^{\text{घं.}}$–$24^{\text{मिं.}}$ तक की कालावधि में निःसन्देह होकर लक्ष्मीपूजन कर सकते हैं।**

**–पं. विवेक शर्मा, जालन्धर ( पंजाब )**


68
72
76
80
84
88
92
36
32
28
24
20
16
12
दीपावली पर्व
1 नवंबर, 2024 ई.
श्रीनगर
जम्मू
हि.प्र.
शिमला
जाल.
पंजाब
उ.खंड
देहरा.
हरि.
गंगानगर
बीकानेर
दिल्ली
नेपाल
मेरठ
जयपुर
राजस्थान
उ.प्र.
अजमेर
वाराणसी
जोधपुर
लखनऊ
बिहार
गुज.
भोपाल
अहमदा.
इंदौर
म.प्र.
रायगढ़
प.बंगाल
बिलासपुर
रायपुर
उड़ीसा
नागपुर
जगदलपुर
भुव.
महाराष्ट्र
मुम्बई
संतरा
आन्ध्रा प्र
कर्नाटक
गोआ
त. ना.
क
ख
विवेक शर्मा

ध्यान दें–1 नवं., 2024 को 'क-ख' रेखा सायं 17घं.-53मिं. सूर्यास्त रेखा दी गई है। अर्थात् इस रेखा से दायीं ओर एक घड़ी से अधिक प्रदोपकाल होने से 'दीपावली-पर्व' के बारे में कुछ भी संदेह नहीं होना चाहिए। इस रेखा 'क-ख' के बायींओर भी अमावस्या 1 घटी से कम प्रदोपकाल युता होने के बावजूद अमावस्या 'गौण-प्रदोपकाल' (सायाह्न) को तो पूर्णतया स्पर्श करने तथा अमावस्या 'वृद्धिगामिनी' होने (अमावस्या का कुलमान चतुर्दशी के कुल भोगकाल से अधिक) से 'दीपावली पर्व' 1 नवम्बर को ही होगा–विवेक

## (34) श्रीसिद्धिविनायक व्रत (मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष)

### (5 दिसम्बर, गुरुवार)

यह व्रत प्रत्येक शुक्लपक्ष की मध्याह्न-व्यापिनी चतुर्थी में किया जाता है। यदि चतुर्थी पहले दिन मध्याह्न के एकभाग को स्पशळ करें और दूसरे दिन सम्पूर्ण मध्याह्न को स्पर्श करें, तब यह व्रत दूसरे दिन ही किया जाता है।

**'पूर्वदिने एकदेशेन मध्याह्नव्यापिनी परदिने सम्पूर्ण मध्याह्नव्यापिनी तदा परैव।'**

(धर्मसिन्धु)

4 दिसम्बर, 2024 ई. को मार्गशीर्ष चतुर्थी मध्याह्न-काल को केवल स्पर्श मात्र (13:11 से 13:18 तक) कर रही है, जबकि 5 दिसम्बर, 2024 ई. को उदय-व्यापिनी चतुर्थी अधिक समय तक मध्याह्न-व्यापिनी है। **अतः यह व्रत 5 दिसम्बर, 2024 को होगा।**

**[ 4/5 दिसम्बर, 2024 ई. को मध्याह्नकाल लगभग $11^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ से 13घं.-18मिं. तक रहेगा। ]**

## (35) स्कन्द (गुह) षष्ठी (मार्ग शुक्ल षष्ठी) ( 6 दिसम्बर)

'पूर्व (पंचमी) विद्धा' मार्ग. शुक्ल षष्ठी में स्कन्द (गुह) षष्ठी का व्रत किया जाता है।–'**इयमेव स्कन्द षष्ठी, सा पूर्वा ग्राह्या।।**'

इस वर्ष (वि. संवत् 2081 में) 6 दिसम्बर, 2024 ई. को षष्ठी पञ्चमीविद्धा है क्योंकि इसदिन पंचमी सूर्योदयानन्तर 6 मुहूर्त्त से अधिक है। (यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि–पञ्चमी पाँच मुहूर्त्तों से नहीं, अपितु छः मुहूर्त्तों से वेध करती है–( **नागो द्वादशनाड़ीभिः विध्यति** )। इसलिए स्कन्द (गुह) षष्ठी का व्रत इसीदिन होगा।

किञ्च, भृगु के वचनानुसार, '**कृष्णाष्टमी स्कन्दषष्ठी शिवरात्रिचतुर्दशी। एताः पूर्वयुताः कार्यास्तिथ्यन्ते पारणं भवेत्।।**' अतः इस व्रत की पारणा तथा पूजन अगले दिन 7 दिसम्बर, 2024 ई. को तिथि के अन्त में ही करना शास्त्रसम्मत होगा।

## (36) मित्र-सप्तमी (मार्गशीर्ष शुक्ल सप्तमी)

षष्ठीविद्धा मार्ग. शुक्ल सप्तमी के दिन '**मित्रसप्तमी**' होती है। इस वर्ष यह सप्तमी **7 दिसम्बर, 2024 ई.** को षष्ठीविद्धा है। इसलिए यह पर्व इसीदिन लिखा गया है।

## (37) वरद्-तिल-कुन्द चतुर्थी (1 फरवरी, 2025 ई.)

माघ शुक्ल चतुर्थी जिस दिन प्रदोषव्यापिनी हो, उस दिन यह व्रत किया जाता है। इस वर्ष माघ शुक्ल चतुर्थी **1 फरवरी, 2025 ई.** को ही प्रदोषव्यापिनी है। अतः तिल कुन्द-वरद् चतुर्थी आदि सभी व्रत इसीदिन होंगे। ***ध्यान दें,*** चतुर्थीयुता '***गौरी तृतीया***' (गोंतरी) व्रत भी इसीदिन होगा।

## (38) होलिका-दहन का समय (13 मार्च, 2025 ई.)

इसवर्ष (वि. संवत् 2081 में) भी गतवर्ष की भान्ति होलिका-दहन के समय सम्बन्धी संशय रहेगा। लगभग गतवर्ष जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। पुनः स्पष्टीकरण लिख रहे हैं–

प्रदोष-व्यापिनी फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा-रहितकाल में होलिका-दहन किया जाता है। यथा–**'सा प्रदोषव्यापिनी भद्रारहित ग्राह्या।।** (धर्मसिन्धुः)

यदि प्रदोषकाल के समय भद्रा हो तो दूसरे दिन प्रदोष-व्यापिनी पूर्णिमा में होलिका-दहन करना चाहिए। यदि दूसरे दिन पूर्णिमा प्रदोष-व्यापिनी न हो, तो पहिले दिन भद्रा समाप्ति के बाद होलिका दहन करें। परन्तु यदि उस दिन (पहिले दिन) भद्रा निशीथ (अर्द्धरात्रि) के बाद या निशीथ में समाप्त हो रही हो, तो भद्रा के मुखकाल को छोड़कर भद्राकाल में ही निशीथ से पहिले होलिकादहन कर लेना चाहिए, क्योंकि निशीथ के अनन्तर होलिकादहन करने का निषेध है–

**'परदिने प्रदोष–स्पर्शाभावे पूर्वदिने यदि निशीथात्प्राक्–भद्रासमाप्तिः तदा भद्रावसानोत्तरमेव होलिका–दीपनम्। निशीथोत्तरं भद्रा–समाप्तौ भद्रामुखं त्यक्त्वा भद्रायामेव।'** (धर्मसिन्धुः)

इस वर्ष फाल्गुन पूर्णिमा (सं. 2081 वि.) केवल 13 मार्च, 2025 ई. को ही प्रदोषव्यापिनी है। 14 मार्च को तो वह प्रदोषकाल को बिल्कुल भी स्पर्श नहीं कर रही। 13 मार्च को भद्रा अर्द्धरात्रि (24$^{\text{घं.}}$–37$^{\text{मिं.}}$) से पहिले 23$^{\text{घं.}}$–31$^{\text{मिं.}}$ पर समाप्त हो रही है। **अतः होलिकादीपन 13 मार्च, बृहस्पतिवार, 2025 ई. को रात्रि 23$^{\text{घं.}}$–31$^{\text{मिं.}}$ के बाद और निशीथ (24घं.–37मिं.) से पहिले ही करना शास्त्रसम्मत होगा।**

**ध्यान दें–इसदिन (13 मार्च, 2025 ई.) भद्रामुखकाल 20$^{\text{घं}}$–18$^{\text{मिं.}}$ से 22$^{\text{घं}}$–27$^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा तथा भद्रा–पुच्छकाल 19$^{\text{घं}}$–00$^{\text{मिं.}}$ से 20$^{\text{घं}}$–18$^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा। अतएव आवश्यक परिस्थितिवश भद्रामुखकाल को त्यागकर भद्रापुच्छकाल में होलिका–दहन किया जा सकता है। परन्तु शास्त्र–निर्देशानुसार भद्रा बाद (23$^{\text{घं}}$–31$^{\text{मिं.}}$) तथा निशीथकाल से पहिले (24$^{\text{घं}}$–37$^{\text{मिं.}}$ तक) ही होलिका–दहन करना चाहिए।**

## (39) श्रीगणेश चतुर्थी व्रत (चैत्र कृष्णपक्ष) (17 मार्च, 2025 ई.)

यह व्रत प्रत्येक मास के कृष्णपक्ष की चन्द्रोदयव्यापिनी चतुर्थी में किया जाता है। यदि चतुर्थी दो दिन चन्द्रोदयव्यापिनी हो तो पहले दिन (तृतीयायुता तिथि में) यह व्रत करना चाहिए, क्योंकि चतुर्थी सदैव तृतीयाविद्धा लेनी चाहिए। यथा–'**चतुर्थी गणनाथस्य मातृविद्धा प्रशस्यते।**' यदि चतुर्थी दोनों दिन चन्द्रोदयव्यापिनी न हो तो यह व्रत दूसरे दिन करना चाहिए।

**'संकष्टचतुर्थी तु चन्द्रोदयव्यापिनी ग्राह्या। पर दिन एव चन्द्रोदयव्याप्तौ परैव। उभयदिने चन्द्रोदयव्याप्तौ तृतीयायुतैव ग्राह्या। दिनद्वये चन्द्रोदयव्याप्त्यभावे परैव।।'**
(धर्मसिन्धुः)

इस वर्ष चैत्र कृष्ण चतुर्थी 17 मार्च, 2025 ई. को रात्रि 19$^{\text{घं.}}$–34$^{\text{मिं.}}$ बाद प्रारम्भ होकर 18 मार्च, 2025 ई. को रात्रि 22$^{\text{घं.}}$–10$^{\text{मिं.}}$ तक व्याप्त रहेगी। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू आदि राज्यों में तो तृतीयायुता चतुर्थी वाले दिन ही (17 मार्च) चतुर्थी व्याप्ति के समय ही चन्द्रोदय होगा, अतः इन क्षेत्रों में निर्विवाद रूप से गणेश चतुर्थी व्रत इसीदिन होगा। जिन प्रान्तों में (उ.प्र., बिहार आदि पूर्वी राज्यों में) अगले दिन (18 मार्च) चतुर्थी व्याप्ति में भी चन्द्रोदय होगा, वहाँ भी यह व्रत (उपरोक्त शास्त्रनियमानुसार) 17 मार्च, 2025 ई. को करना प्रशस्त होगा। (क्योंकि दोनों दिन चतुर्थी चन्द्रोदय व्याप्त हो, तो गणेश चतुर्थी व्रत पहले दिन करना प्रशस्त होता है।

## (40) पापमोचनी एकादशी व्रत (25/26 मार्च, 2025 ई.)

जैसा कि पहले भी (अपरा एकादशी–2/3 जून, 2024 ई.) लिख चुके हैं कि वैष्णव लोग अरुणोदय काल में दशमी के वेध से एकादशी को दोष मानते हैं तथा अगले दिन द्वादशी में ही एकादशी का व्रत करते हैं।

इस वर्ष **चैत्र कृष्ण एकादशी** तिथि अरुणोदय काल में (25 मार्च, 2025 ई. को) दशमी से विद्ध है। (५६ घड़ी से अधिक होने के कारण)। अतः वैष्णव लोग 25 मार्च, 2025 ई. के दिन एकादशी व्रत न करके 26 मार्च, 2025 ई. को करेंगे। लेकिन स्मार्त्त लोग, जो '**अरुणोदये दशमीवेध**' वर्जित नहीं करते, वे तो 25 मार्च, 2025 ई. को ही यह व्रत रखेंगे।

24 मार्च को पंजाब, हिमाचल आदि में अरुणोदय-काल 25 मार्च के सूर्योदय से लगभग 1$^{\text{घं.}}$–36$^{\text{मिं.}}$ पहिले 4$^{\text{घं.}}$–53$^{\text{मिं.}}$ (भा.स्टैं.टा.) पर प्रारम्भ हो जाएगा।

**पं. देवीदयालु संस्थान का कर्मकाण्ड सम्बन्धी नवीन प्रकाशन**
**'वार्षिक (एकोदिष्ट) एवं चातुर्वार्षिक श्राद्ध पद्धति'**
**[ देवर्षि-पितृ-तर्पण, शय्या दान, गोदान, बलिवैश्वदेव विधि, पितृस्तोत्र, पितृसूक्त आदि सहित ] [ लेखक/सम्पादक :–पं. विवेक शर्मा ( पंचांगकर्त्ता ]**
**आज ही स्थानीय पुस्तक विक्रेता से मांग करें अथवा मंगवाएं–**
**जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर ( पं. ) पिन–144008,**
**मूल्य–80/–** **मो. 94172-91325, 97799-13583**

# ★ श्रीमहालक्ष्मी पूजन (दीपावली) के शुभकाल (मुहूर्त्त) (1 नवम्बर, शुक्रवार , सन् 2024 ई.) ★

श्रीमहालक्ष्मी पूजन एवं दीपावली का महापर्व कार्तिक अमावस में प्रदोष–काल हो तो विशेष रूप से शुभ होती है। **कार्तिक स्यासिते पक्षे लक्ष्मीर्निदां विमुञ्चति।**

**स च दीपावली प्रोक्ता: सर्वकल्याणरूपिणी।।** ज्योतिर्निबन्ध

लक्ष्मीपूजन, दीपदानादि के लिए प्रदोषकाल ही विशेषतया प्रशस्त माना गया है–

**कार्तिके प्रदोषे तु विशेषेण अमावस्या निशावर्धके।**
**तस्यां सम्पूज्येत् देवीं भोगमोक्ष प्रदायिनीम्।।** (भविष्यपुराण)

प्रस्तुत वर्ष कार्तिक अमावस का प्रदोषकाल के साथ संयोग दो दिन हो रहा है। ता. 31 अक्तू., 2024 ई. को अमावस तिथि अपराह्ण–काले 3 बजकर 53 मिंट ($15^{\text{घं.}}$–$53^{\text{मिं.}}$) से प्रारम्भ होकर 1 नवम्बर, 2024 ई. को सायं 6 बजकर 17 मिंट ($18^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$) तक व्याप्त रहेगी। इस प्रकार 31 अक्तू., 2024 ई. को अमावस्या प्रदोष एवं अर्द्धरात्रि–व्यापिनी होगी तथा 1 नवम्बर, 2024 ई. को केवल प्रदोष व्यापिनी रहेगी। **परन्तु शास्त्र–निर्देशानुसार दो दिन प्रदोष–व्यापिनी कार्तिक अमावस्या होने पर अगले दिन ही 'दीपावली' ( महालक्ष्मी–पूजन ) पर्व मनाया जाना चाहिए।** अत: **'दीपावली–पर्व'** 1 नवम्बर, शुक्रवार, 2024 ई. के दिन ही होगा। सायं दीपावली पर्व स्वाती नक्षत्र, प्रीति व आयुष्मान योग, तुला राशिस्थ चन्द्र युक्त होने से सारा दिन ग्रहणीय होगा। (**शास्त्रोक्त 'दीपावली–निर्णय'** पृष्ठ–27 पर पढ़ें।)

**दीपावली–दिन के कृत्य**–इस दिन प्रात: ब्राह्ममुहूर्त्त में उठकर दैनिक कृत्यों से निवृत्त हो पितृगण तथा देवताओं का पूजन करना चाहिए। सम्भव हो तो दूध, दही और घृत से पितरों का पार्वण–श्राद्ध करना चाहिए। यदि सम्भव हो तो एकभुक्त उपवास कर गोधूलि वेला (सूर्यास्त के समय) में अथवा कुम्भ, वृष, सिंह आदि स्थिर लग्न में श्रीगणेश, कलश, षोडशमातृका एवं ग्रहपूजनपूर्वक भगवती लक्ष्मी का षोडशोपचार पूजन करना चाहिए। इसके अनन्तर **महाकाली** का दावात के रूप में, **महासरस्वती** का कलम, बही आदि के रूप में तथा **कुबेर** का तुला के रूप में सविधि पूजन करना चाहिए। दीपावली पूजन के पश्चात् गृह में चौमुखा दीपक रात्रिभर प्रज्वलित रहना सौभाग्य एवं लक्ष्मी वृद्धि का द्योतक माना जाता है।

दीपावली–पर्व पर भगवती लक्ष्मी का समारोहपूर्वक आवाहन, षोडशोपचार सहित पूजा की जाती है। शुभ मुहूर्त्त में किसी स्वच्छ एवं पवित्र स्थान पर आटा, हल्दी, अक्षत एवं पुष्पादि से अष्टदल कमल बनाकर श्रीलक्ष्मी का आवाहन एवं स्थापना करके देवों की विधिवत् पूजार्चन करनी चाहिए।

***आवाहन मन्त्र***–**'कां सोस्मितां हिरण्यप्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।**
**पद्मेस्थितां पद्मवर्णां तामिहोप ह्वये श्रियम्।।**

**'ॐ गं गणपतये नम:।। लक्ष्म्यै नम:।। नमस्ते सर्वदेवानां वरदासि हरे: प्रिया। या गतिस्त्वत्प्रपन्नानां सा मे भूयात्त्वदर्चनात्।।'** से लक्ष्मी ; **'एरावतसमारूढो वज्रहस्तो महाबल:। शतयज्ञाधिपो देवस्तस्मा इन्द्राय ते नम:।'** मन्त्र से इन्द्र की और कुबेर की निम्न मन्त्र से पूजा करें– **'कुबेराय नम:, धनदाय नमस्तुभ्यं निधपद्माधिपाय च।**
**भवन्तु त्वत्प्रसादान्मे धनधान्यादि सम्पद:।।'**

पूजन सामग्री में विभिन्न प्रकार की मिठाई, फल–पुष्पाक्षत, धूप, दीपादि सुगन्धित वस्तुएं सम्मिलित करनी चाहिए। दीपावली पूजन में प्रदोष, निशीथ एवं महानिशीथ काल के अतिरिक्त चौघड़ियां मुहूर्त्त भी पूजन, बही–खाता पूजन, कुबेर–पूजा, जपादि अनुष्ठान की दृष्टि से विशेष

## 1 नवम्बर, 2024 ई. के चौघड़िया मुहूर्त्त

| दिन की चौघड़ियां ( घं. मिं. ) | | रात्रि की चौघड़ियां ( घं.-मिं. ) | |
|---|---|---|---|
| चर | 6:47 से 8:08 तक | रोग | 17:35 से 19:14 तक |
| लाभ | 8:08 से 9:29 तक | काल | 19:14 से 20:53 तक |
| अमृत | 9:29 से 10:50 तक | लाभ | 20:53 से 22:32 तक |
| काल | 10:50 से 12:11 तक | उद्वेग | 22:32 से 24:11 तक |
| शुभ | 12:11 से 13:32 तक | शुभ | 24:11 से 25:50 तक |
| रोग | 13:32 से 14:53 तक | अमृत | 25:50 से 27:29 तक |
| उद्वेग | 14:53 से 16:14 तक | चर | 27:29 से 29:08 तक |
| चर | 16:14 से 17:35 तक | रोग | 29:08 से 30:48 तक |

**नोट**–(1) चर, लाभ, अमृत और शुभ की चौघड़ियां ग्राह्य होती हैं। (2) 25 बजे का अर्थ अर्द्धरात्रि 1 बजे से है तथा 30 बजे का अर्थ आगामी दिन प्रात: 6 बजे से है। (3) यहाँ चौघड़ियां मुहूर्त्त 1 नवंबर, 2024 ई. को जालन्धर के दिनमान व रात्रिमान के अनुसार है। अपने स्थानीय नगर के चौघड़ियां मुहूर्त्त के लिए इसी पंचांग में दी गई मध्यम सूर्योदयास्त सारिणी में से स्थानीय सूर्योदयास्त निकालकर पंचांग–दिवाकर के पृष्ठ नं. 283 का अवलोकन कर चौघड़ियां मुहूर्त्त निकालें।

**प्रदोष काल**–1 नवम्बर, 2024 ई. को जालन्धर एवं निकटवर्त्ती नगरों में सूर्यास्त $17^{\text{घं.}}$–$35^{\text{मिं.}}$ से लेकर $2^{\text{घं.}}$–$39^{\text{मिं.}}$ पर्यन्त $20^{\text{घं.}}$–$14^{\text{मिं.}}$ तक प्रदोषकाल व्याप्त रहेगा। (प्रत्येक नगर के रात्रिमान अनुसार प्रदोषकाल निर्धारित करें। (देखें पृष्ठ नं. 189 इसी पंचांग में)

क्योंकि सायं $16^{\text{घं.}}$–$50^{\text{मिं.}}$ से $18^{\text{घं.}}$–$22^{\text{मिं.}}$ तक **'मेष'** ( **चर** ) लग्न, तदुपरान्त $18^{\text{घं.}}$–$22^{\text{मिं.}}$ से $20^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ तक वृष (स्थिर) लग्न रहेगा, तथा $19^{\text{घं.}}$–$14^{\text{मिं.}}$ तक **'रोग'** की चौघड़ियां रहेंगी। अतएव प्रदोषकाल से पूर्व (पहिले) ही **'गौण–प्रदोषकाल'** में श्रीगणेश–**लक्ष्मी पूजन प्रारम्भ कर लेना चाहिए।** इसी काल में दीपदान, श्रीमहालक्ष्मी–पूजन, कुबेर–पूजन, बही–खाता पूजन, धर्म एवं गृह–स्थलों पर दीप प्रज्वलित करना, ब्राह्मणों तथा अपने आश्रितों को भेंट, मिष्ठान्नादि बांटना शुभ होगा।

**निशीथ काल**–1 नवम्बर, 2024 ई. को जालन्धर व समीपस्थ नगरों में **निशीथकाल** रात्रि $20^{\text{घं.}}$–$14^{\text{मिं.}}$ से $22^{\text{घं.}}$–$52^{\text{मिं.}}$ तक रहेगा। निशीथकाल में $20^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ से $22^{\text{घं.}}$–$31^{\text{मिं.}}$ तक मिथुन (द्वि–स्वभाव) लग्न, $20^{\text{घं.}}$–$53^{\text{मिं.}}$ से $22^{\text{घं.}}$–$32^{\text{मिं.}}$ तक **'लाभ'** की चौघड़ियां भी रहेंगी। $22^{\text{घं.}}$–$31^{\text{मिं.}}$ से **'कर्क'** लग्न भी प्रशस्त है।

अत: जो लोग प्रदोष–काल से पूर्व पूजन न प्रारम्भ कर सकें, उन्हें, रात्रि लगभग $20^{\text{घं.}}$–$53^{\text{मिं.}}$ से पूजन प्रारम्भ करना चाहिए। इस अवधि में श्रीसूक्त, लक्ष्मीसूक्त, पुरुषसूक्त, कनकधारा–स्तोत्र तथा अन्य सिद्धिदायक स्तोत्रों का पाठ करना चाहिए।

**महानिशीथ काल**–रात्रि $22^{\text{घं.}}$–$52^{\text{मिं.}}$ से अर्द्धरात्रि $25^{\text{घं.}}$–$30^{\text{मिं.}}$ तक **'महानिशीथ काल'** रहेगा। इस समयावधि में $22^{\text{घं.}}$–$32^{\text{मिं.}}$ से $24^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$ तक **'उद्वेग'** की अशुभ चौघड़िया रहेगी। $24^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$ से $25^{\text{घं.}}$–$50^{\text{मिं.}}$ तक **'शुभ'** की चौघड़िया श्रेष्ठ रहेगी। अत: इस अवधि में काली–उपासना, तन्त्रादि क्रियाएं, विशेष काम्य–प्रयोग, तन्त्र–अनुष्ठान, साधनाएं एवं यज्ञादि किए जाते हैं। अतएव इनका प्रारम्भ $22^{\text{घं.}}$–$32^{\text{मिं.}}$ से पहिले **'लाभ'** की चौघड़िया में कर लेना चाहिए।

**नोट**–अपने स्थानीय नगर में महालक्ष्मी पूजन एवं साधना के लिए प्रशस्त वृष, कर्क व सिंह लग्नों के लिए पृष्ठ 285 का अवलोकन कर निकालें। साधारण जमा/ऋण कर आप निकाल सकते हैं। *अथवा स्थानीय ब्राह्मण से 'पंचांग' दिखाकर सम्पर्क करें–* ***–पं. विवेक शर्मा।***

# विस्तृत "ग्रहण-विवरण" (वि. संवत् २०८१)

परिलेख—
—पं. विवेक शर्मा

वि. संवत् २०८१ (सन् 2024–25 ई.) में पृथ्वी (भूलोक) पर चार ग्रहण दिखाई देंगे—

(1) **खण्डग्रास चन्द्रग्रहण** (18 सितंबर, 2024 ई., बुधवार) (भारत में लगभग अदृश्य)
(2) **कंकण सूर्यग्रहण** (2/3 अक्तू., 2024 ई., बुध/गुरु) (भारत में अदृश्य)
(3) **खग्रास चन्द्रग्रहण** (14 मार्च, 2025 ई., शुक्रवार) (भारत में अदृश्य)
(4) **खण्डग्रास सूर्यग्रहण** (29 मार्च, 2025 ई., शनिवार) (भारत में अदृश्य)

इस वर्ष पृथ्वी पर दिखाई देने वाले चारों ग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देंगे।

## भारत में अदृश्य (दिखाई न देने वाले) ग्रहणों का संक्षिप्त विवरण

### (1) खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (18 सितम्बर, 2024 ई., बुधवार)—

यह खण्डग्रास चन्द्रग्रहण भाद्रपद पूर्णिमा, बुधवार को भा.स्टैं.टा. अनुसार $7^{\text{घं.}}$–$43^{\text{मिं.}}$ से $8^{\text{घं.}}$–$46^{\text{मिं.}}$ तक दिखाई देगा।

यह खण्ड चन्द्रग्रहण दक्षिणी अमरीका, अफ्रीका के पश्चिमी देशों तथा पश्चिमी यूरोप के देशों में पूर्ण रूप से दिखाई देगा।

जबकि यूरोप के अधिकतर देशों में, पूर्वी अफ्रीका में चन्द्र-अस्त के समय आंशिक रूप (अर्थात् ग्रस्तास्त रूप में) में तथा उत्तरी अमरीका के दक्षिणी-पूर्वी क्षेत्र में चन्द्रोदय के समय इस ग्रहण को ग्रस्तोदय रूप में देखा जा सकेगा।

भा.स्टैं.टा. अनुसार इसके प्रारम्भादि काल इस प्रकार हैं—

| यह ग्रहण भारत में अदृश्य है। | | | |
|---|---|---|---|
| | ग्रहण प्रारम्भ | $07^{\text{घं.}}$–$43^{\text{मिं.}}$ | 18 सितम्बर, 2024 ई.<br>(भा.स्टैं.टा. अनुसार) |
| | परमग्रास (मध्य) | $08^{\text{घं.}}$–$14^{\text{मिं.}}$ | |
| | ग्रहण समाप्त | $08^{\text{घं.}}$–$46^{\text{मिं.}}$ | |

[ ग्रहण का ग्रासमान = 0.085( % ), ग्रहण की अवधि = $1^{\text{घं.}}$–$03^{\text{मिं.}}$ ]

चंद्र मालिन्य प्रारम्भ (Moon Enter's Penumbra) = $6^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$
चंद्र मालिन्य समाप्त (Moon Leave's Penumbra) = $10^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ (भा.स्टैं.टा.)

**कृपया ध्यान दें, यह खण्डग्रास (आंशिक) चन्द्रग्रहण जब प्रारम्भ होगा, तब तक सम्पूर्ण भारत में चन्द्र-अस्त हो चुका होगा। इसलिए भारत में यह ग्रहण अदृश्य रहेगा।**

हाँ, जब इस खण्ड चन्द्रग्रहण का मालिन्य (Moon's Shadow) (उपच्छाया) प्रारम्भ होगी ($6^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$), उसके बाद भारत के उत्तर-पश्चिमी तथा उत्तर-दक्षिणी अनेक शहरों में चन्द्र अस्त होगा। उस समय चन्द्रमा की चाँदनी में केवल कुछ धुन्धलापन आएगा। शास्त्रकारों ने इस चन्द्र बिम्ब पर मालिन्य मात्र छाया आने के कारण इन्हें ग्रहण की कोटि में नहीं रखा। अत: धर्मनिष्ठ एवं श्रद्धालुजनों को इसे ग्रहण की कोटि में न मानते हुए एवं ग्रहण सम्बन्धी पथ्य-अपथ्य का विचार न करते हुए केवल पूर्णिमा सम्बन्धी ही व्रत, दानादि का अनुष्ठान करना चाहिए।

## भारत के कुछ मुख्य शहर जहाँ चंद्र मालिन्य दिखेगा
## खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (18 सितम्बर, 2024 ई.)

[अर्थात् जहाँ चन्द्रास्त $6^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$ बाद होगा वहाँ चंद्र बिम्ब कुछ समय के लिए धुन्धला मात्र होगा]

| नगर | चंद्रास्त घं.-मिं. | चंद्र मालिन्य अवधि मिंट | नगर | चंद्रास्त घं.-मिं. | चंद्र मालिन्य अवधि मिंट | नगर | चंद्रास्त घं.-मिं. | चंद्र मालिन्य अवधि मिंट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अमृतसर | 6–13 | 2 | द्वारिका (गु.) | 6–41 | 30 | बीकानेर | 6–21 | 10 |
| अजमेर | 6–16 | 5 | दिल्ली | 6–05 | – | भठिण्डा | 6–14 | 3 |
| अम्बाला | 6–06 | – | दीनानगर | 6–11 | – | भद्रवाह(का.) | 6–10 | – |
| कठुआ | 6–11 | – | धर्मशाला | 6–07 | – | महेन्द्रगढ़ | 6–09 | – |
| कुरुक्षेत्र | 6–06 | – | नकोदर(पं.) | 6–11 | – | माऊँट-आबू | 6–24 | 14 |
| कोल्हापुर | 6–21 | 10 | नंगल(पं.) | 6–07 | – | मुकेरिया | 6–10 | – |
| कपूरथला | 6–11 | – | नवलगढ़(रा.) | 6–13 | 2 | मुक्तसर | 6–15 | 4 |
| करनाल | 6–05 | – | नारनौल(हरि.) | 6–09 | – | मुम्बई | 6–26 | 15 |
| कुराली | 6–07 | – | नागपुर | 5–59 | – | राजकोट(गु.) | 6–33 | 22 |
| कुल्लू | 6–04 | – | नासिक | 6–22 | 11 | राजौरी(का.) | 6–15 | 4 |
| कैथल | 6–08 | – | पटियाला | 6–08 | | रामबन(का.) | 6–12 | 1 |
| कोच्वी | 6–14 | 3 | पठानकोट | 6–10 | – | रियासी(का.) | 6–13 | 2 |
| खन्ना | 6–08 | – | पुँछ(ज.का.) | 6–16 | 5 | लुधियाना | 6–10 | – |
| गुरदासपुर | 6–11 | – | पूना | 6–22 | 11 | श्रीनगर | 6–13 | 2 |
| गोहाना | 6–07 | – | फरीदकोट | 6–14 | 3 | श्रीगंगानगर | 6–18 | 7 |
| गोवा | 6–23 | 12 | फगवाड़ा | 6–10 | – | संगरूर | 6–10 | – |
| चण्डीगढ़ | 6–06 | – | फतेहाबाद(हरि.) | 6–12 | 1 | सिलवासा | 6–25 | 14 |
| चिन्तपूर्णी | 6–08 | – | फाज़िल्का | 6–17 | 6 | सिरसा | 6–14 | 3 |
| जम्मू | 6–13 | 2 | फिरोज़पुर | 6–15 | 4 | सिरोही(राज.) | 6–24 | 13 |
| जयपुर | 6–11 | – | बरनाला | 6–11 | – | सूरत | 6–25 | 14 |
| जलगांव(महा.) | 6–14 | – | बटाला | 6–12 | 1 | हनुमानगढ़ | 6–16 | 5 |
| जालन्धर | 6–11 | – | बंगा | 6–09 | – | हाजीपुर(पं.) | 6–10 | – |
| जीन्द | 6–08 | – | बनिहाल(का.) | 6–12 | 1 | हांसी | 6–10 | – |
| जोधपुर | 6–23 | 12 | बसौली(का.) | 6–09 | – | हिसार | 6–11 | – |
| तरनतारन | 6–13 | 2 | बड़ौदरा | 6–23 | 12 | होशियारपुर | 6–09 | – |
| तलवाड़ा | 6–09 | – | बिशनाह(का.) | 6–13 | 2 | | | |

[नोट–यह ग्रहण अमरीका के Newyork, Michigan, वाशिंगटन, लॉस एजलन्स में चंद्रोदय के समय तथा रोम (इटली), पैरिस आदि पश्चिमी यूरोप में चन्द्रास्त के समय दिखाई देगा।]

## खण्डग्रास चन्द्रग्रहण (18 सितम्बर, 2024 ई.)

### विश्व परिदृश्य

**(अर्थात् यह चन्द्रग्रहण भूगोल पर कहाँ-कहाँ ग्रस्तोदय, कहाँ ग्रस्तास्त, कहाँ सर्वथा अदृश्य और कहाँ सम्पूर्ण काल के लिए दृश्य होगा ?)**



**विशेष**–पुन: सभी पाठकों एवं विद्वानों से प्रार्थना है कि उत्तर-पश्चिमी एवं दक्षिण-पश्चिमी भारत के जिन नगरों में 18 सितम्बर, 2024 ई. को प्रात: $6^{\text{घं.}}$–$11^{\text{मिं.}}$ के बाद भी चन्द्रास्त हो रहा है, वहाँ इस चन्द्र बिम्ब के मालिन्य को ग्रहण की कोटि में न मानकर केवल उपच्छाया ग्रहण ही मानें। **क्योंकि ग्रहण प्रारम्भ ($7^{\text{घं.}}$–$43^{\text{मिं.}}$) से पहले-पहले सम्पूर्ण भारत में चन्द्रास्त हो चुका होगा।**

## (2) कंकण सूर्यग्रहण (2/3 अक्तूबर, 2024 ई., बुध/गुरु)

यह कंकण सूर्यग्रहण आश्विन अमावस, बुधवार की रात्रि $21^{\text{घं.}}$–$13^{\text{मिं.}}$ से $27^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ (2/3 अक्तूबर की मध्यरात्रि) घटित होगा।

यह ग्रहण दक्षिणी अमरीका, उत्तरी-अमरीका के दक्षिणी भागों, प्रशान्त महासागर, एटलांटिक महासागर तथा न्यूज़ीलैंड, फिजी आदि देशों में कुछ समय के लिए दिखाई देगा। दिखाई देने वाले मुख्य देश होंगे–चिली, अर्जन्टीना, ब्राज़ील, मैक्सिको, पेरू। न्यूज़ीलैण्ड तथा फिजी में बहुत कम समय के लिए दिखाई देगा। इस ग्रहण की कंकणकृति केवल दक्षिणी चिली तथा दक्षिणी अर्जन्टीना में ही दिखाई देगी।

भा.स्टैं.टा. अनुसार इसके स्पर्शादिकाल इस प्रकार हैं–

| | | |
|---|---|---|
| ग्रहण प्रारम्भ | $21^{\text{घं.}}$–$13^{\text{मिं.}}$ | 2/3 अक्तू., 2024 ई. |
| कंकण प्रारम्भ | $22^{\text{घं.}}$–$21^{\text{मिं.}}$ | की मध्यरात्रि |
| परमग्रास | $24^{\text{घं.}}$–$15^{\text{मिं.}}$ | (भा.स्टै.टा.) |
| कंकण समाप्त | $26^{\text{घं.}}$–$09^{\text{मिं.}}$ | भारत में अदृश्य |
| ग्रहण समाप्त | $27^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ | |

[ग्रहण का ग्रासमान = 0.933%,

कंकण की अवधि = $7^{\text{मिं.}}$–$25^{\text{सैं.}}$]

### विश्व परिदृश्य-कंकण सूर्यग्रहण
### (2/3 अक्तू., 2024 ई.)



## (3) खग्रास चन्द्रग्रहण (14 मार्च, 2025 ई., शुक्रवार)

यह खग्रास चन्द्रग्रहण फाल्गुन पूर्णिमा, शुक्रवार के दिन प्रात: $10^{\text{घं.}}$–$40^{\text{मिं.}}$ से दोपहर $14^{\text{घं.}}$–$18^{\text{मिं.}}$ तक व्याप्त रहेगा।

**भारत में यह ग्रहण भी दृश्यमान नहीं होगा।** यह ग्रहण यूरोप, अधिकतर ऑस्ट्रेलिया, अधिकतर अफ्रीका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिणी अमेरिका, प्रशान्त-एटलांटिक, आकर्टिक महासागर तथा अर्न्टाटिका, पूर्वी एशिया में देखा जा सकेगा।

(1) **उत्तरी अमेरिका (कैनेडा, अमरीका), दक्षिणी अमरीका** में इस ग्रहण की खग्रास आकृति देखी जा सकेगी **अर्थात् यह ग्रहण आरम्भ से समाप्ति तक देखा जा सकेगा।**

**इस क्षेत्र के मुख्य शहर होंगे**–सॉन फ्रांसिसको, शिकागो (U.S.A.), न्यूयार्क (U.S.A.), मॉन्ट्रियाल (कैनेडा), लॉस एंजलस (U.S.A.), वांशिगटन (U.S.A.), मैक्सिको, चिली, ब्राज़ील आदि।

(2) यूरोप के अधिकतर देशों (ब्रिटेन, इटली, फ्रांस, जर्मनी, ऑयरलैण्ड, पुर्तगाल, स्पेन आदि), पूर्वी दक्षिणी अमेरिका तथा अधिकतर पश्चि. अफ्रीका में यह ग्रहण खण्डग्रास रूप में चन्द्रास्त के समय दिखाई देगा। (अर्थात् ग्रस्तास्त रूप में)

(3) जबकि अधिकतर ऑस्ट्रेलिया (मेलबोर्न, सिडनी आदि), पूर्वी एशिया (जापान, दक्षिणी कोरिया), फिजी आदि में यह ग्रहण खण्डग्रास रूप में चन्द्रदय के समय देखा जा सकेगा। (अर्थात् ग्रस्तोदय रूप में)

भा.स्टैं.टा. अनुसार इसके स्पर्शादि का समय इस प्रकार रहेगा–

हालैण्ड, नौर्वे, पौलैण्ड, पुर्तगाल, रोमानिया, उत्तरी रूस, स्पेन, सूरीनाम, स्वीडन

भा.स्टैं.टा. अनुसार इसके स्पर्शादि का समय इस प्रकार रहेगा–

| | | |
|---|---|---|
| ग्रहण प्रारम्भ | $10^{\text{घं.}}$–$40^{\text{मिं.}}$ | 14 मार्च, 2025 ई. (भा.स्टैं.टा.) |
| खग्रास प्रारम्भ | $11^{\text{घं.}}$–$56^{\text{मिं.}}$ | |
| परमग्रास | $12^{\text{घं.}}$–$29^{\text{मिं.}}$ | |
| खग्रास समाप्त | $13^{\text{घं.}}$–$01^{\text{मिं.}}$ | |
| ग्रहण समाप्त | $14^{\text{घं.}}$–$18^{\text{मिं.}}$ | |

[ग्रहण का ग्रासमान = 1.178%, खग्रास की अवधि = $1^{\text{घं.}}$–$05^{\text{मिं.}}$]

[चंद्र मालिन्य प्रारम्भ = $9^{\text{घं.}}$-$27^{\text{मिं.}}$, चंद्र मालिन्य समाप्त = $15^{\text{घं.}}$-$30^{\text{मिं.}}$]

## विश्व परिदृश्य-खग्रास चन्द्रग्रहण (14 मार्च, 2025 ई.)

(अर्थात् यह चन्द्रग्रहण भूगोल पर कहाँ-कहाँ ग्रस्तोदय, कहाँ ग्रस्तास्त, कहाँ सर्वथा अदृश्य और कहाँ सम्पूर्ण काल के लिए दृश्य होगा ?)


60° N
30° N
Latitude
0°
30° S
60° S
U1
P1
U4
U3
U2
U1
P1
P4
U4
U3
U2
सम्पूर्ण ग्रहण दृश्य
चन्द्रास्त के समय ग्रहण
ग्रहण दिखाई नहीं देगा
चन्द्रोदय के समय ग्रहण
180° W
120° W
60° W
0°
60° E
120° E
180
Longitude

## (4) खण्डग्रास सूर्यग्रहण (29 मार्च, 2025 ई., शनिवार)

यह खण्डग्रास सूर्यग्रहण चैत्र अमावस, शनिवार तद्नुसार 29 मार्च, 2025 ई. को भा.स्टैं.टा. अनुसार दुपैहर $14^{\text{घं.}}$–$21^{\text{मिं.}}$ से सायं $18^{\text{घं.}}$–$14^{\text{मिं.}}$ तक घटित होगा।

यह खण्ड सूर्यग्रहण यूरोप के अधिकतर देशों, उत्तर-पश्चिमी अफ्रीका के देशों, उत्तरी अमरीका के पूर्वी क्षेत्रों, उत्तरी रूस, दक्षिणी अमरीका के उत्तरी भाग, एटलांटिक तथा आर्कटिक महासागर में दिखाई देगा।

### मुख्य देश जहाँ यह खण्ड सूर्यग्रहण दिखाई देगा

ऑस्ट्रिया, बारबाडोस (W. Endies), बैल्जियम, बारमूडा (W. Endies), उ. ब्राज़ील, कैनेडा के पूर्वी भाग [मांट्रियाल, St. John's (New Foundland) आदि], डेनमार्क, फिनलैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीनलैण्ड, हंगरी, ऑयरलैण्ड, इटली, लिथुआनिया, मौरक्को, हालैण्ड, नॉर्वे, पौलैण्ड, पुर्तगाल, रोमानिया, उत्तरी रूस, स्पेन सूरीनाम, स्वीडन, Switzerland, यूक्रेन, अमरीका के पूर्वी क्षेत्रों (New York आदि), तथा इंगलैण्ड आदि देशों में इस ग्रहण की खण्डग्रास आकृति दिखाई देगी। भा.स्टैं.टा. अनुसार इस ग्रहण का समय इस प्रकार रहेगा–

| | | |
|---|---|---|
| ग्रहण प्रारम्भ | $14^{\text{घं.}}$–$21^{\text{मिं.}}$ | 29 मार्च, 2025 ई. (भा.स्टैं.टा.) |
| ग्रहण मध्य | $16^{\text{घं.}}$–$17^{\text{मिं.}}$ | |
| ग्रहण समाप्त | $18^{\text{घं.}}$–$14^{\text{मिं.}}$ | |

[ग्रहण का ग्रासमान = 0.938%]

## विश्व परिदृश्य-खण्ड सूर्यग्रहण (29 मार्च, 2025 ई.)


N
दिखाई देने वाला क्षेत्र
W
E
ग्रहण अदृश्य
S

## आगामी वि. संवत् 2082 में घटित होने वाले ग्रहणों का विवरण

(1) खग्रास चन्द्रग्रहण (7/8 सितम्बर, 2025 ई.) (भारत में दृश्य)
(2) खण्डग्रास सूर्यग्रहण (21 सितम्बर, 2025 ई.) (भारत में अदृश्य)
(3) कंकण सूर्यग्रहण (17 फरवरी, 2026 ई.) (भारत में अदृश्य)
(4) खग्रास चन्द्रग्रहण (3 मार्च, 2026 ई.) (भारत में दृश्य)

[आगामी वि. संवत् में पृथ्वी पर दो सूर्यग्रहण तथा दो चन्द्रग्रहण घटित होंगे। इनमें से भारतवर्ष में केवल दोनों चन्द्रग्रहण ही दृश्यमान होंगे। दोनों सूर्यग्रहण भारत में कहीं भी दिखाई नहीं देंगे।]

# शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या एवं सुवर्णादि पाया फल विचार-सं. २०८१ (सन् 2024-25 ई.)

गतवर्ष से (17 जनवरी, 2023 ई.) **कुम्भ राशि** में संचरणशील **शनि-देव** आगामी वि. संवत् २०८१ **( 9 अप्रैल, 2024 ई. से 29 मार्च 2025 ई. तक )** के लगभग सम्पूर्ण कालावधि में **कुम्भ राशि** में ही संचार करेंगे।

ता. 29 जून, 2024 ई. को कुम्भ राशि में ही वक्री होकर 15 नवम्बर, 2024 ई. से मार्गी होकर संचार करेंगे।

→[संवत् के अन्त में अन्तिम तिथि को अर्थात् 29 मार्च, 2025 ई. के दिन शनिदेव मीन राशि में प्रवेश करेंगे, जिसका विवरण आगामी वर्ष के पंचांगदिवाकर में दिया जाएगा।]

**ध्यान रहे !** शनि, मंगल आदि क्रूर ग्रह जब किसी राशि में गोचरवश वक्री होकर संचार करते हैं, तो और भी अधिक क्रूर एवं अशुभफलदायक बन जाते हैं, जबकि गुरु, शुक्र आदि सौम्य ग्रह स्व/मित्र राशि में वक्री होने पर और भी अधिक शुभ फल प्रदान करते हैं–

**यदा क्रूर ग्रहो वक्री अतिचारी तु सौम्यकः।**
**पीडा व्याधि भयं तत्र दुर्भिक्षं राज्यं विग्रहम्।।**

फलस्वरूप गोचरवश शनिदेव की वक्री अवस्था में संचार की समयावधि में जातक/जातिका को मानसिक व शारीरिक कष्ट, आर्थिक परेशानियां, रोगादि प्रकट होने लगते हैं। समाज/देश में भी कहीं राजनीतिक टकराव, अव्यवस्था, अत्यधिक महँगाई, राजनैतिक उलट-फेर, क्लिष्ट रोगों का फैलाव व भय, उपद्रव, हिंसक घटनाएँ, अस्थिरता, असन्तोष, बाढ़, दुर्भिक्ष, भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोपों का भय एवं असुरक्षा का वातावरण बनता है।

## कब और क्यों होती है शनि की साढ़ेसाती एवं ढैय्या ?

बारह राशियों पर शनिदेव की साढ़ेसाती एवं ढैय्या का प्रभाव कब और कैसे होता है, यह समझ लेना आवश्यक है। सौरमण्डल में नवग्रहों के मध्य शनि पृथ्वी से सबसे अधिक दूरी पर संचरणशील ग्रह है। शनि एक राशि में लगभग अढ़ाई वर्ष के काल तक संचरित रहता है। शनि की वक्री-मार्गी आदि गति की समयावधि में परिवर्तन के कारण अढ़ाई वर्षों के काल की न्यून-अधिकता भी होती रहती है। परन्तु शनि सम्पूर्ण राशिचक्र का परिभ्रमण (360°) 29 वर्ष, 5 मास, 17 दिन एवं 5 घण्टों में तय करता है। गोचरवश शनि जब किसी राशि में प्रवेश करता है, तभी शनि उस राशि से 12वीं राशि को आगामी अढ़ाई वर्ष तक, पहिली (1) अर्थात् जिस राशि में प्रवेश किया गया हो, उसे लगभग 5 (पाँच) वर्ष तक तथा अपनी से दूसरी (2 री) राशि को लगभग साढ़ेसात वर्ष तक (आगामी 7½) वर्षों) अशुभ प्रभाव करेगा। इस प्रकार **पहिली (1), दूसरी एवं 12वीं** राशि पर लगभग साढ़ेसात वर्षों तक प्रभावित करने के कारण शनि की यह चक्र-प्रक्रिया ही **शनि-साढ़ेसाती** कहलाती है–

**द्वादशे जन्मगे राशौ द्वितीये च शनैश्चरः।**
**सार्धानि सप्तवर्षाणि तदा दुखैः युतो भवेत्।।**

शनि-साढ़ेसाती के प्रभावस्वरूप मानसिक संताप, शरीर, कष्ट, गृह कलह-क्लेश, धन सम्बन्धी आर्थिक उलझनें, आय-सीमित तथा खर्च की अधिकता रहे। रोग व शत्रु भय, बनते कार्यों में विघ्न-बाधाएँ, सन्तान एवं परिवार सम्बन्धी परेशानियां उत्पन्न होती हैं।

**शनि की ढैय्या ( लघु कल्याणी )**–गोचरवश शनि जब चन्द्रराशि (या नामराशि) से **चौथे** या **आठवें** स्थान पर संचार करता है, तब शनि की ढैय्या कहलाती है। यह लगभग अढ़ाई (2½) वर्ष के लिए होती है। इसका प्रभाव भी अशुभ माना गया है–

**"लघु कल्याणी (ढैय्या) प्रददाति वै रविसुतोः राशे चतुर्थाष्टमे,**
**व्याधिं बन्धुविरोधं विदेशगमनं, क्लेशं च चिन्ताधिकम्।।"**

अर्थात् शनि की ढैय्या के प्रभावस्वरूप जातक/जातिका को रोग, शोक, कलह-क्लेश, धन-हानि, बन्धु-विरोध, गुप्त चिन्ताएँ, बनते कार्यों में विघ्न-बाधाएँ व विलम्ब एवं आर्थिक उलझनों का सामना रहता है।

**शनि पाया ( पाद ) विचार**–शनिदेव के राशि प्रवेश के समय जन्म/नामराशि से चन्द्रमा की स्थिति के अनुसार होता है।

**स्वर्णपाद**→चन्द्रमा 1, 6, 11वें भाव (स्थान)
**रजतपाद**→चन्द्रमा 2, 5, 9वें भाव (स्थान)
**ताम्रपाद**→चन्द्रमा 3, 7, 10वें भाव (स्थान)
**लौहपाद**→चन्द्रमा 4, 8, 12वें भाव (स्थान) में हो।

**शनि संचार का फल**–शनि के राशि परिवर्तन होने पर मेषादि विभिन्न राशियों पर उसका प्रभाव भी अलग-अलग होता है–

**भ्रंशं क्लेशं च शत्रु प्रवृद्धिं पुत्रसौख्यं सौख्यवृद्धिं च दोषम्।**
**पीड़ा सौख्यं निर्धनत्वं धनाप्तिं नानानर्थं भानुसूनु-स्तनोति।।**

अर्थात् गोचर में शनि जन्म राशि से पहले स्थान में हो तो मानसिक व्यथा एवं स्थान-हानि, दूसरे में कलह-क्लेश, तीसरे में पराक्रम एवं सुख में वृद्धि, चौथे में शत्रु वृद्धि, पंचम में सन्तान सम्बन्धी दुःख, षष्ठ में सुख-साधनों में वृद्धि, सप्तम में रोग व शत्रु-भय, अष्टम में दुःख-पीड़ा, नवम में सुख, दशम में धन-हानि व खर्च, एकादश में धन लाभ तथा 12वें में शनि आए तो अनेक प्रकार के अनर्थ होते हैं।

## कुम्भ राशिस्थ शनि में सुवर्णादि पाया फल विचार

शनि गतवर्ष 17 जनवरी, 2023 ई. को सायं 18$^{\text{घं.}}$-02$^{\text{मिं.}}$ पर वृश्चिक राशिस्थ चंद्रकालीन कुम्भ राशि में प्रवेश कर चुके हैं। तदनुसार मेषादि राशियों पर ताम्रादि पाया इस प्रकार से होगा–

***( 1 ) मेष, सिंह तथा धनु राशियों पर लौहपाद होने से जातक को आर्थिक, घरेलू एवं***

व्यवसायिक परेशानियाँ/उलझनें अधिक होती हैं। व्यवसाय में विघ्न-बाधाएँ रहें, प्रयत्न करने

सदा दुखः युता भवेत्।।

**( 1 ) मेष, सिंह तथा धनु राशियों पर लौहपाद होने से जातक को आर्थिक, घरेलू एवं** व्यवसायिक परेशानियाँ/उलझनें अधिक होती हैं। व्यवसाय में विघ्न-बाधाएँ रहें, प्रयत्न करने पर भी लाभ कम व खर्च अधिक रहें। स्वास्थ्य में गड़बड़, तनाव एवं उलझनें बढ़ेंगी। दुर्घटना से चोटादि का भय रहता है।

**( 2 ) वृष, कन्या** तथा **कुम्भ** राशियों पर ताम्र-पाद (पाया) होने से शुभ फल प्राप्त होंगे। कार्य-व्यवसाय में लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क व पदोन्नति प्राप्त हो। उच्च-विद्या में सफलता, विवाह, सन्तान आदि पारिवारिक तथा आरोग्यादि सुखों की प्राप्ति, सवारी (वाहनादि) सुख-सुविधाओं एवं च धन-सम्पदा की प्राप्ति होगी। देश-विदेश की यात्राओं के भी अवसर प्राप्त होंगे।

**( 3 ) मिथुन, वृश्चिक** तथा **मकर** राशियों पर सुवर्ण-पाद रहने से इन राशि के जातकों को संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। पारिवारिक एवं व्यवसायिक उलझनें, आय सम्बन्धी चिन्ता बनी रहती है। शत्रु भय, शरीर कष्ट, क्लिष्ट रोग तथा मानसिक तनाव अधिक रहे। वृथा खर्च तथा भाई-बन्धुओं के साथ मनमुटाव भी रहे।

**( 4 ) कर्क, तुला** तथा **मीन** राशियों पर रजतपाद शुभफल प्रदायक होगा। नौकरी में पदोन्नति, विदेशगमन तथा आकस्मिक धन लाभ होगा। गत किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। आकस्मिक धन लाभ, उच्च प्रतिष्ठा, भूमि-वाहनादि सुख, स्त्री-सन्तान आदि पारिवारिक सुखों की प्राप्ति होगी।

## ✪ कुम्भ राशिस्थ शनि-साढ़ेसाती एवं ढैय्या फल विचार ✪

### [ सम्पूर्ण सम्वत् ( 9 अप्रैल, 2024 ई. से 29 मार्च, 2025 ई. तक) ]

✤ **साढ़ेसाती→मकर, कुम्भ** व **मीन** राशि वाले जातक/जातिकाओं को शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा।

*(i)* **मकर** राशि वाले जातक/जातिकाओं को साढ़ेसाती पाँव पर उतरती हुई अर्थात् अन्तिम चरण में होगी।

*(ii)* **कुम्भ** राशि वालों को शनि-साढ़ेसाती हृदय पर चढ़ती हुई अर्थात् मध्य अवस्था में होगी।

*(iii)* मीन राशि वालों को शनि-साढ़ेसाती सिर पर चढ़ती अर्थात् प्रारम्भिक अवस्था में होगी।

मकर राशि वालों को प्रारम्भ के अढ़ाई, कुम्भ व मीन राशि वालों को अन्त के अढ़ाई वर्ष विशेषतः अशुभ फलकारक रहते हैं।

**ढैय्या विचार-'कर्क'** तथा **'वृश्चिक'** राशि वाले जातकों को शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा।

## ✻ कुम्भ राशिस्थ शनि का द्वादश राशियों पर गोचरफल-सं. २०८१ ✻

### (9 अप्रैल, 2024 ई. से संवतान्त तक)

शनि का कुम्भ राशि में गोचर फलादेश यद्यपि गतवर्षीय पंचांगदिवाकर में लिख चुके हैं, परन्तु सन् 2024-25 ई. में मंगल, गुरु आदि ग्रहों का राशि परिवर्तन होने से शनि के गोचरफल का भी न्यूनाधिक रुपेण अन्तर पड़ जाएगा।

✤ **मेष**-एकादशस्थ शनि यद्यपि शुभ फलदायक होता है। व्यवसाय में वृद्धि तथा कार्यों में कुछ सफलता प्राप्त होती रहेगी। परन्तु इस राशि पर शनि की नीच दृष्टि तथा पाया भी लौह होने से भाग्योन्नति में विघ्न-बाधाएँ रहें। ता. 20 अक्तू. से 20 जन., (2025 ई०) तक राशिस्वामी मंगल की शनि पर विशेष शत्रु दृष्टि रहने से निकटस्थ सम्बन्धियों से तनाव, क्रोध व शरीर कष्ट रहे।

✤ **वृष**-दशमस्थ शनि शुभ है। संघर्ष एवं परिश्रम के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। पाया ताम्र होने से भी परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार होता जाएगा। आकस्मिक धन लाभ तथा भूमि-वाहनादि सुखों में वृद्धि होगी।

✤ **मिथुन**-नवमस्थ शनि बाधाकारक है। पारिवारिक तनाव एवं उलझनें बढ़ेंगी। बन्धुओं से विरोध तथा संघर्षपूर्ण परिस्थितियां रहेगी। इस राशि पर शनि का पाया सुवर्ण होने से भी निकट-बन्धुओं से मतभेद पैदा हों। सितं.-अक्तू. में बुध उच्चस्थ रहने से कुछ रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

✤ **कर्क**-राशि से शनि अष्टमस्थ (ढैय्या) होने से अनावश्यक खर्च, कार्यों में विघ्न-बाधाएं एवं आर्थिक उलझनों का सामना रहेगा। गृह-कलह, शारीरिक कष्ट, दुर्घटनादि के प्रति सतर्क रहे। परन्तु शनि का पाया चाँदी होने से बीच-बीच में धन लाभ, पदोन्नति व विदेश-भ्रमण के चाँस बनेंगे।

✤ **सिंह**-सप्तमस्थ शनि पूज्य है। शनि की विशेष शत्रु दृष्टि रहने से मानसिक तनाव, क्रोध अधिक, कार्य-व्यवसाय में संघर्ष तथा हानि रहेगी। शनि का पाया भी लौह होने से धन-हानि, बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी तथा शत्रु हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

✤ **कन्या**-षष्ठस्थ शनि अशुभ है, परन्तु शनि का पाया ताम्र (ताँबा) होने से बाधाओं के साथ-साथ कार्यों में आंशिक लाभ एवं सफलता प्राप्त होगी। सम्बन्धियों से अनुकूलता व गृह में शुभ कार्य सम्पन्न होंगे। बीच-बीच में स्वास्थ्य कष्ट, धन-हानि व अनावश्यक खर्च भी बढ़ेंगे।

✤ **तुला**-राशि से शनि पंचमस्थ होने से पूज्य रहेगा। कारोबार में कुछ अस्थिरता के हालात रहेंगे। वृथा कलह तथा बन्धुओं से विरोध रहे। परन्तु शनि का पाया रजत (चाँदी) होने से धन लाभ, पदोन्नति, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि व कार्यों में सफलता के योग हैं। ता. 1 मई के बाद स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

✤ **वृश्चिक**-चतुर्थस्थ शनि होने से शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव रहेगा। कार्य-व्यवसाय अथवा निवास स्थान में कुछ परिवर्तन की योजना बनेगी। अप्रैल के बाद धर्म-कर्म की भी प्रवृत्ति बढ़ेगी। शनि का पाया सुवर्ण होने से संघर्ष अधिक व आय सम्बन्धी चिन्ता बनी रहे व बन्धु विरोध भी रहे।

✤ **धनु**-तृतीयस्थ शनि शुभ है। कठिन समस्याओं के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु शनि-पाया लौह होने से मानसिक तनाव व आशाओं में विफलताएं रहें। सन्तान सम्बन्धी चिन्ता व व्यय भी अधिक रहे।

✤ **मकर**-शनि द्वितीयस्थ रहने से शनि-साढ़ेसाती का अशुभ प्रभाव रहेगा। पारिवारिक उलझनें, माता को कष्ट, स्वयं को भी स्वास्थ्य-कष्ट, व्यवसाय में लाभ कम रहे। शनि-पाया भी सुवर्ण होने से धन लाभ अल्प तथा सोची योजनाओं के क्रियान्वयन में विघ्न-बाधाएँ रहेंगी।

✤ **कुम्भ**—लग्नस्थ शनि (साढ़ेसाती) पूज्य है। निकट बन्धुओं से वृथा कलह, व्यवसाय एवं धन लाभ प्राप्ति में रुकावटें उत्पन्न होंगी। शरीर कष्ट व चिन्ता बढ़ेगी। परन्तु शनि-पाया ताम्र होने से प्रगतिपद योजनाएं बनें, अकस्मात् धन लाभ तथा परिवार में मंगल कार्य भी सम्पन्न हो।

✤ **मीन**—शनि द्वादशस्थ (साढ़ेसाती) अशुभ है। पारिवारिक एवं व्यवसायिक जीवन में बड़ी उथल-पुथल वाली परिस्थितियां बनेंगी। परन्तु इस राशि पर शनि पाया चाँदी होने से अत्यधिक संघर्ष व कठिनाइयों के बावजूद मनोकामनाओं की पूर्त्ति, बिगड़े कार्यों में सुधार तथा आकस्मिक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

## शनि–साढ़ेसाती एवं ढैय्या सम्बन्धी विशेष उपाय

शनि साढ़ेसाती अथवा शनि ढैय्या का फल सदा अनिष्टकारी ही होगा–ऐसा आवश्यक नहीं। **ध्यान रहे**, शनि सभी राशियों पर एक जैसा प्रभाव नहीं करता है, बल्कि स्वराशि, उच्च-मित्रादि स्थिति से एवं शुभाशुभ दृष्टियों के प्रभावस्वरूप इसके फल में न्यूनाधिक अन्तर पड़ना भी सम्भव है। जन्मकुण्डली एवं नवांश में शनि की स्थिति अच्छी हो एवं जातक की ग्रह-दशा भी शुभ हो, तो शनि की साढ़ेसति या ढैय्या का अशुभ प्रभाव भी अपेक्षाकृत कुछ कम होगा। इसके अतिरिक्त वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर या कुम्भ राशि पर शनि की स्थिति या दृष्टि शुभ, लाभदायक एवं योगकारक भी हो सकती है। किसी विशेष राशि पर शनि साढ़ेसाती का विचार करते समय उस राशि पर अन्य ग्रहों की स्थिति, दृष्टि आदि का प्रभाव, सुवर्णादि पाया का अवश्य विचार करना चाहिए।

कुण्डली में शनि की स्थिति एवं दशाऽन्तर्दशा शुभ होने पर कार्य-व्यवहार व योजनाओं में सफलता, लाभ, व्यवसायिक विद्याओं में उन्नति, क्रय-विक्रय विशेषकर लोहे, तेल के कार्य-व्यवसाय में विशेष लाभ प्राप्त करने वाला होता है।

शनि की दशाऽन्तर्दशा अथवा साढ़ेसाती अशुभ स्थिति में होने से व्यक्ति को विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। बच्चों का पढ़ाई में मन नहीं लगता अथवा परिश्रम करने पर भी सफलता प्राप्त नहीं होती। वह कुछ चिड़चिड़े स्वभाव का हो जाता है, उसके प्रत्येक कार्य में विघ्न पैदा होते हैं। निकट सहयोगी भी परायों जैसे व्यवहार करने लगते हैं। अतएव ऐसी स्थिति में जातक को शनि का पूजन, दान, मन्त्र-जाप तथा औषधि स्नान आदि करने से शनि के अरिष्ट की शान्ति होती है।

जन्म कुं. में शनि यदि अशुभ हो अथवा जन्म-नक्षत्र पर शनि का संचार हो, तो जातक/जातिका को वायु-विकार, त्वचा रोग, घुटनों में दर्द, उच्च या निम्न रक्तचाप आदि रोग होते हैं।

शनि प्रायः क्लिष्ट रोग एवं दुःख देकर दुष्ट-कर्मों का भुगतान करवाता है। शनि के अरिष्टकाल में कोई-न-कोई झंझट चलता रहता है। आर्थिक संकट एवं घरेलू कलह का भय होता है। वायु प्रकोप आदि शरीर कष्ट, मानसिक अशान्ति रहती है। अपने भी पराये होने लगते हैं। आय कम तथा खर्चों में अधिकता होने लगती है।

**उपाय**—शास्त्रों में प्रतिपादित उपायों को विधिपूर्वक करने से अवश्य लाभ पहुँचेगा–

(1) प्रत्येक शनिवार को शनि के बीज मन्त्र का संकल्पपूर्वक पाठ करें–

**'ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः'**

कम-से-कम 3 माला अवश्य करें। पाठ उपरान्त निम्न शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा–

**नमः कृष्णाय नीलाय शितिकण्ठनिभाय च। नमः कालाग्निरूपाय कृतान्ताय च वै नमः॥**

(2) शनिवासरी अमावस्या हो, तो उस दिन सायं, सूर्यास्त के बाद शनि पूजन, मन्त्र-जाप एवं स्तोत्र पाठ करना विशेष लाभकारी होगा।

**विधि**—सायं सूर्यास्त के बाद, स्नानादि उपरान्त पश्चिम दिशा की ओर मुख करके काले रेशमी आसन (कम्बलादि) पर बैठ जाएँ। सामने स्टील की थाली में लगभग 100 ग्राम जौं, 100 ग्राम काले तिल, काले वर्ण के कुछ फूल, 1 मुट्ठी चावल, 5 साबुत सुपारी, मौली, धूपबत्ती, रोली, लाल चंदन, काली मिठाई जैसे-गुलाब जामुन भी रख लें।

स्टील की कटोरी में सरसों के तेल का दीपक जलाकर रखें। सामने एक नारियल तिलक लगाकर, स्टील का लोटा शुद्ध जल भरकर रखें। शनि के बीज मन्त्र की 1 या 3 माला करके उसे पूजन सामग्री के साथ बहते पानी में विसर्जित कर देवें।

(3) शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ या श्रवण करना शुभ होगा।

(4) श्रवण नक्षत्र में शनिवार के दिन काले रंग के धागे में शमी की अभिमंत्रित जड़ धारण करने से, शनि से सम्बन्धित वस्तुएं तथा तेल, लोहा, काले-तिल, कुलथी या काली मसूर की दाल, काला जूता, कस्तूरी आदि दान करने से भी शनि के अशुभ फल में कमी आती है।

(5) पक्षियों को दाना चुगाना, अपनी छाया (परछाई) देखकर शनिवार के दिन तेल का दान, महामृत्युञ्जय मंत्र का शुद्ध उच्चारण के साथ निष्ठापूर्वक जाप, निम्न शनि लघु स्तोत्र का पाठ तथा '**शनि वज्र-पञ्जर कवच**' का पाठ सर्वाधिक उपयुक्त माना गया है।

**शनि साढ़ेसाती, ढैय्या एवं शनि** पाया के अशुभ फल की शान्ति के लिए शनि के बीज मन्त्र या वैदिक मन्त्र की 23 हज़ार की संख्या में विधिपूर्वक जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना या करवाना कल्याणकारी रहता है। शनिवार का व्रत रखना, उड़द, सप्तधान्यादि दान, कृष्ण वस्त्र, शिव उपासना, शनि स्तोत्र तथा शनि से सम्बन्धित अन्य वस्तुओं का दान करने से लाभ होता है। इसके अतिरिक्त शुभ मुहूर्त्त में नीलम एवं विधिपूर्वक निर्मित **शनि यन्त्र** धारण करना भी लाभप्रद रहता है।

**शनि का बीज मन्त्र**— ***''ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।।''***

**शनि का वैदिक मन्त्र**—

***''ॐ शन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये, शं योरभिस्रवन्तु नः॥ शं नमः॥''***

***शनि लघु स्तोत्र***–

**''ॐ नमस्ते कोणसंस्थाय पिङ्गलाय नमोऽस्तु ते। नमस्ते बभ्रुरूपाय कृष्णाय च नमोऽस्तुते॥**
**नमस्ते रौद्रदेहाय नमस्ते चान्तकाय च। नमस्ते यमसंज्ञाय नमस्ते शौरये विभो॥**
***नमस्ते मन्दसंज्ञाय शनैश्चर नमोऽस्तु ते। प्रसादं कुरु देवेश दीनस्य प्रणतस्य च॥''***

**उपाय**—शास्त्रों में प्रतिपादित उपायों को विधिपूर्वक करने से अवश्य लाभ प्राप्त होगा।

प्रतिदिन प्रातःकाल भगवान शिव की पूजनोपरान्त पीपल वृक्ष के समीप इस स्तोत्र का पाठ करके कच्ची लस्सी में काले तिल डालकर वृक्ष के मूल में लस्सी चढ़ाना तथा सायंकाल को तैल का दीपक जलाकर प्रार्थना करने से शनि-जनित अरिष्टों की शान्ति होती है।

शनि सम्बन्धित अधिक उपायों एवं जानकारी के लिए पं. पन्ना लाल ज्योतिषी कृत **'अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय'** पुस्तक मंगवाकर पढ़ें। **मूल्य-250 रु.**

## आगामी 12 वर्षों में शनि का राशि-परिवर्तन एवं साढ़ेसाती ज्ञान

| | |
|---|---|
| **(1) 29 मार्च, 2025 ई. से मीन में** | [साढ़ेसाती = कुम्भ, मीन, मेष] |
| **(2) 3 जून, 2027 ई. से मेष में** | [साढ़ेसाती = मीन, मेष, वृष] |
| **(3) 20 अक्तू, 2027 ई. से वक्री मीन में** | [साढ़ेसाती = कुम्भ, मीन, मेष] |
| **(4) 23 फरवरी, 2028 ई. से मेष में** | [साढ़ेसाती = मीन, मेष, वृष] |
| **(5) 8 अगस्त, 2029 ई. से वृष में** | [साढ़ेसाती = मेष, वृष, मिथुन] |
| **(6) 5 अक्तू., 2029 ई. से वक्री मेष में** | [साढ़ेसाती = मीन, मेष, वृष] |
| **(7) 17 अप्रैल, 2030 ई. से वृष में** | [साढ़ेसाती = मेष, वृष, मिथुन] |
| **(8) 31 मई, 2032 ई. से मिथुन में** | [साढ़ेसाती = वृष, मिथुन, कर्क] |
| **(9) 13 जुलाई, 2034 ई. से कर्क में** | [साढ़ेसाती = मिथुन, कर्क, सिंह] |
| (10) 27 अगस्त, 2036 ई. से सिंह में | [साढ़ेसाती = कर्क, सिंह, कन्या] |

## ✤ गुरु का शुभाशुभ गोचरफल-संवत् २०८१ ✤

### [9 अप्रैल, 2024 ई. से 29 मार्च, 2025 ई. तक]

गतवर्ष 22 अप्रैल, 2023 ई. से मेष राशि में संचार कर रहा 'गुरु' आगामी वि. संवत् २०८१ में 30 अप्रैल, 2024 ई. तक मेष राशि में ही संचार करेगा।

ता. 1 मई, 2024 ई. के दिन दोपहर 12 बजकर 57 मिनट पर वृष राशि में प्रवेश करेगा और संवत् के अन्त (29 मार्च, 2025 ई.) तक वृष में ही संचरित रहेगा।

**वक्री-मार्गी**—9 अक्तूबर, 2024 ई. से 3 फरवरी, 2025 ई. तक **गुरु वक्री** रहेंगे। तथा 4 फरवरी, 2025 से मार्गी होकर ही संचार करेंगे।

**मई** मास में गुरु की अतिचारी गति एवं अस्त रहने, तदुपरान्त जून-जुलाई में शीघ्र गति से संचार करेगा। जिसके प्रभावस्वरूप दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में ज़बरदस्त तेजी के कारण सामान्य लोगों में विक्षोभ, भय एवं क्रोध की भावना रहे। कहीं उपद्रव, लूटमार व हिंसक घटनाएँ घटित हों। कुछ राज्यों में सत्ता परिवर्तन होने के संकेत हैं-

**यदा सौम्यग्रहकोपि अतिचारोपजायते। दुर्भिक्षं नृपपीडा च शुभं व दृश्यति क्वचित्।।**

प्रजा में अशान्ति एवं अराजकता का माहौल बनेगा। गुरु के वक्री-काल में गुरु प्रभावित जातकों को मानसिक तनाव तथा सोची हुई योजनाएँ पूर्ण होने में विलम्ब हों।

**ध्यान रहे**, गुरु लगभग 4 मई, 2024 ई. से 28 मई, 2024 ई. के मध्य अतिचार गति को प्राप्त रहेगा।

**मेष राशि**—मेष राशिस्थ गुरु संचारकालीन (9 अप्रैल, 2024 ई. से 30 अप्रैल, 2024 ई. तक) चन्दन, पुष्प तथा अन्य सुगन्धित वस्तुएँ एवं च तेलादि सब वस्तुएँ दो मास के भीतर महँगी हो जाएगी। यद्यपि अनाज आदि उत्पादन के क्षेत्र में सुभिक्ष (कुशल-क्षेम) रहे। राजाओं में विग्रह अर्थात् पुराने गठबन्धनों में विच्छेद हो। वस्त्र-कपास, सोना, चाँदी, ताँबा, कपास और मूंग आदि सस्ते होंगे।

**वृष राशि-( 1 मई से संवतान्त तक )-**

**वैशाखेब्दे तु राजानो धर्ममार्गरताः क्षितौ।**
**क्षेमं सुभिक्षमारोग्यं द्विजाश्चाध्वर तत्पराः।।**

अर्थात् वैशाख मास में गुरु का राशि-परिवर्तन होने से सभी राजा (शासकाध्यक्ष) पृथ्वी पर धर्मराज्य करें। सभी ओर कुशल-क्षेम, श्रेष्ठ अनाज उत्पादन, आरोग्य तथा ब्राह्मण यज्ञादि अनुष्ठानों में रत रहे। (देखें पृष्ठ 90)

**विशेष ध्यातव्य-'वृष'** राशि पर संचार के समय गुरु की इस राशि पर शत्रुगत स्थिति, वृश्चिक राशि पर सप्तम मित्र दृष्टि परन्तु कन्या व मकर राशि पर क्रमशः शत्रु एवं नीच दृष्टि रहेगी। फलस्वरुप वृश्चिक राशि वालों को विद्या में सफलता, विवाह-सन्तान सम्बन्धी सुख, धार्मिक/आध्यात्मिक कार्यों में रूचि आदि शुभ फल प्राप्त होने की सम्भावनाएं बनेंगी। परन्तु कन्या व मकर राशि वालों को गुरु की शत्रु दृष्टि के कारण विद्या में यथेष्ठ सफलता न मिलना, प्रियजन वियोग, स्वास्थ्य कष्ट, निकटस्थ बन्धुओं के साथ मतभेद आदि अशुभ फल घटित होने की सम्भावनाएं रहेंगी।

## ✤ मेष राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ गोचरफल ✤

### [9 अप्रैल, 2024 ई. से 30 अप्रैल, 2024 ई. तक]

| मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लग्नस्थ गुरु पूज्य है। शरीर कष्ट व तनाव हो, आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। धर्म-कर्म की ओर रुचि हो। | द्वादश गुरु होने से आय अल्प व खर्च अधिक होंगे। घरेलु व व्यवसाय सम्बन्धी उलझनों से तनाव रहे। | भाग्य-वश लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त हों, धन-भूमि, सवारी आदि सुखों में वृद्धि हो, कार्यों में सफलता हो। | दशमस्थ गुरु होने से संघर्ष व कठिनाईयों के बाद ही गुज़ारे योग्य आय, खर्च अधिक, तनाव व रोग-भय। | भाग्य भाव में गुरु शुभ फल देगा, उच्च विद्या एवं कैरियर में सफलता, धर्म-कर्म में रुचि बढ़े। | आय कम व खर्च अधिक रहेंगे, घरेलु व व्यवसाय में उलझनें बढ़ेंगी, मानसिक तनाव, गुप्त चिन्ता व रोग भय रहे। | विशेष परिश्रम के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। सवारी सुख मिले परन्तु स्वास्थ्य सम्बन्धी सावधानी बरतें। | व्यय अधिक रहे, ऋण, रोग व शत्रु भय हो, बनते कामों में अड़चनें रहें। भाग-दौड़ अधिक रहे। | गृह में कोई शुभ कार्य पर खर्च हो, विद्या-भूमि व वाहन सम्बन्धी सुख मिलें। भाग्य उन्नति हो। | गुरु चतुर्थस्थ होने से आराम कम व संघर्ष अधिक, धन-वाहन संबंधी परेशानी, निर्वाह योग्य आय बनें। | गुरु तृतीय होने से आय साधारण, आकस्मिक खर्च, शरीर कष्ट व घरेलु उलझनें व तनाव बढ़ेंगे। | उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से मेल हो, दीर्घ यात्रा के योग, धन लाभ, शुभ कार्यों पर खर्च हो। |

## ✤ वृष राशिगत गुरु का शुभाशुभ गोचरफल ✤

### [1 मई, 2024 ई. से संवतान्त 29 मार्च, 2025 ई. तक]

| मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| धन लाभ व उन्नति के अवसर, शुभ कार्यों पर खर्च, उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे। | लग्नस्थ गुरु पूज्य है। आय कम, खर्च अधिक होंगे। धर्म पालन करने से लाभ के चाँस बनेंगे। | द्वादश-स्थ गुरु होने से आय अल्प व खर्च अधिक रहेंगे। बनते कामों में विघ्न पैदा होंगे। व्यवसाय संबंधी उलझनें रहें। | लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त हों, धन, भूमि-सवारी आदि सुखों में वृद्धि हो, कार्यों में सफलता प्राप्त हो। | कार्य-व्यवसाय में उलझनों के बाद धन प्राप्ति हो, खर्च भी अधिक रहें। तनाव के कारण स्वास्थ्य खराब हो। | गुरु नवम भाव में होने से कार्यों में सफलता, लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। धर्म-कर्म की ओर रुचि बढ़ेगी। | अष्टमस्थ गुरु होने से क्लिष्ट रोग का भय, आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। घरेलु उलझनें, यात्रा व तनाव बढ़ेंगे। | सप्तम गुरु होने से धन लाभ एवं सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। विशेष संघर्ष के बाद लाभ के चाँस बनेंगे। | छटे गुरु होने से खर्च बढ़ेंगे। रोग एवं गुप्त शत्रुओं का भय रहेगा। निकट बन्धुओं से वृथा तकरार पैदा हो, तनाव बढ़ें। | पंचमस्थ गुरु होने से उच्च विद्या में सफलता, विवाह आदि सुखों की प्राप्ति, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, लाभ व उन्नति के अवसर मिलेगें। | चतुर्थस्थ गुरु होने से साधनों में वृद्धि परन्तु सुख में कमी हो, तनाव व अशान्ति बढ़े, सवारी से चोटादि का भय, खर्चों में वृद्धि हो। | स्थान परिवर्तन, धन का खर्च बढ़े, परन्तु आय कम रहे। इष्टजनों से वियोग, कार्यों में विघ्न, मित्रों से विरोध रहे। |

**गुरु का कारकत्व**—गुरु पति-सुख, धर्म-आध्यात्म, सन्तान, पुत्र, विद्या, विवेक-बुद्धि, बड़ा भाई, सुवर्ण, ज्योतिष आदि विद्याओं का कारक माना जाता है। शरीर में लिवर, हृदयकोश, पाचन प्रक्रिया, कान आदि का भी कारक माना जाता है। कुण्डली में गुरु अशुभ हो अथवा अशुभ ग्रह द्वारा दृष्ट या युक्त हो, तो गुरु सम्बन्धित सुख में कमी करता है। अधिक जानकारी के लिए हमारे कार्यालय से छपी **'ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) भाग-1'** में गोचर विचार पढ़ना चाहिए।

**गुरु के अशुभ फल की शान्ति के लिए दान**—गुरु की शुभता बढ़ाने के लिए वृद्ध ब्राह्मण को भोजन कराना, गुरुवासरी अमावस्या तथा गुरुवार का व्रत रखना, पुखराज धारण करना, पीले वस्त्र, चने की दाल, कांस्य पात्र, सुवर्ण, शक्कर, केले, लड्डुओं, धार्मिक ग्रन्थ आदि का दान यथाशक्ति करने तथा गुरु के बीज मन्त्र अथवा गुरु गायत्री मंत्र का जाप 19,000 की संख्या में विधिपूर्वक करना शुभ एवं फलदायक रहेगा। गुरु धनु और मीन राशि का स्वामी है। पति सौख्य की प्राप्ति के लिए स्त्रियों को गुरु के बीज मंत्र, बृहस्पति अष्टोत्तर शतनाम, बृहस्पतिवार का व्रत, पुखराज धारण तथा यथाशक्ति दान करना लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

**बृहस्पति शान्ति हेतु स्नान योग्य वस्तुएँ**—गुरु की अनिष्ट शान्ति (वैवाहिक विलम्ब, विद्या प्राप्ति, पदोन्नति में बाधाएं, पितृदोष आदि दूर करने हेतु) के लिए चमेली पुष्प, पीली सरसों, शहद, गुलर, दमयन्ती, मुलट्ठी, हरिद्रा, मालती पुष्प, सुगन्धबाला, श्वेत आक के नवीन पत्ते एवं गंगाजल आदि स्नान-औषधियों में से यदि कोई वस्तु प्राप्त न हो सके, तो जितनी प्राप्त हो, उन्हीं से स्नान करना चाहिए।

**विशेष**—औषध-स्नान के दिन साबुन, शैम्पू आदि को लगाने से पूरी तरह परहेज़ करना चाहिए। सभी गुरु-औषधि को गंगाजल में मिश्रित शुद्ध जल डालकर पूर्वाभिमुख होकर गुरु के बीजमंत्र से मंत्रपूर्वक स्नान करने से गुरु कृत अनिष्ट प्रभाव से निवृत्ति होती है। औषध स्नान के उपरान्त गुरु के बीज मंत्र का कम-से-कम 3 माला का जप (जप में हरिद्रा की माला या रुद्राक्ष की माला का प्रयोग करना) करके ब्राह्मण-दम्पत्ति को मीठा भोजन, पीले वस्त्र एवं अन्य गुरु से सम्बन्धित वस्तुओं का दान दक्षिणा सहित करना चाहिए।

**गुरु गायत्री मन्त्र**—

"ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्॥"

**गुरु बीज मन्त्र**—"ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः॥"

**गुरु का वैदिक मन्त्र**—ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु।
यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥(जप संख्या १९०००)

**पुराणोक्त गुरु मन्त्र**— ॐ देवानां च मुनीनां च गुरु कांचनसंनिभम्।
बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्॥

✤ **मन्त्र प्रयोग विधि तथा गुरु** सम्बन्धी अन्य उपयोगी उपाय व टोटके जानने के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित पुस्तक **"अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय व टोटके"** मंगवाकर पढ़ें। मूल्य-250/- रु.

## राहु-केतु का शुभाशुभ गोचरफल-वि. संवत् २०८१

गत वि. संवत् २०८० मध्ये 30 अक्तूबर, 2023 ई. से राहु मीन राशि में तथा केतु तुला राशि में संचार कर रहे हैं।

आगामी वि. संवत् २०८१ की सम्पूर्ण कालावधि (9 अप्रैल, 2024 ई. से 29 मार्च, 2025 ई. तक) में राहु मीन राशि तथा केतु तुला राशि में ही संचार करते रहेंगे। *यद्यपि मीन राशिस्थ राहु, तुला राशिस्थ केतु का संचारफल गतवर्षीय पंचांग में (पृष्ठ 34) लिख चुके हैं, पाठकों की सुविधार्थ पुनः लिख रहे हैं–*

लाभदायक रहता है। प्रत्येक गुरुवार केसर का तिलक भी लगाना चाहिए।

## ✤ मीन राशिस्थ राहु का गोचरफल ✤

### [संवतारम्भ 9 अप्रैल, 2024 ई. से संवतान्त तक]

| मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अपव्यय, व्यर्थ की भाग-दौड़ अधिक, बनते कामों में विलम्ब, किसी अप्रिय घटना के कारण मन अशान्त रहे। | गत किए हुए प्रयासों में सफलता, वाहन सुख, बिगड़े कार्य बनें, विदेश या दीर्घ यात्रा का विचार बने। | गृह में मांगलिक कार्य हों, संघर्ष के बाद धन लाभ कार्यों में सफलता घरेलु व कारोबारी उलझनों के कारण तनाव बढ़े। | घरेलु उलझनों के बावजूद गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहें, वाहनादि सुखों की प्राप्ति, खर्चों में वृद्धि, निज बन्धु से विरोध हो। | आय कम व संघर्ष अधिक रहे। शरीर कष्ट व शत्रु भय हो। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करें। | आय संबंधी परेशानी, शरीर कष्ट, बनते कार्यों में अड़चनें, मानसिक तनाव, परिवार या पति/पत्नी में मन-मुटाव हो। | विगत किए गए प्रयासों में सफलता, अचानक धन लाभ, शुभ यात्रा एवं परिवार से मेल-मिलाप हो। | बनते कामों में अड़चनें रहे, रोग भय व गुप्त चिन्ता हो। सन्तान एवं विद्या संबंधी कार्यों में विघ्न बाधाएं हों। | आय कम व खर्च अधिक, घरेलु उलझनें बढ़ेंगी, कार्य-व्यवसाय से विघ्नों के बाद सफलता मिले, घरेलु उलझनें बढ़ेंगी। | कोई खुश-खबरी मिलेगी, धन लाभ व उन्नति के अवसर, प्राप्त होंगे। विदेश गमन की योजना बनेगी। | धन प्राप्ति में विघ्नों का सामना रहे। अचानक लाभ तथा अचानक हानि का भय, मानसिक तनाव रहे। | पारि-वारिक कलह-क्लेश, वृथा दौड़-धूप, बनते कार्यों में अड़चनें, शरीर कष्ट, बनते कार्यों में अड़चनें, खर्च भी अधिक हों। |

## ✤ कन्या राशिस्थ केतु का गोचरफल-सं. २०८१ ✤

### [संवतारम्भ 9 अप्रैल, 2024 ई. से संवातान्त 29 मार्च, 2025 ई. तक]

| मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| विघ्नों के बाद लाभ व उन्नति के योग, बिगड़े कार्यों में सुधार, शुभ समाचार मिले। | लाभ कम व खर्च अधिक हों। किसी मंगल कार्य पर खर्च हो। विदेश यात्रा का योग बनेगा। | संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे, भूमि, सवारी सुख की प्राप्ति, परन्तु घरेलु झंझट व अशांति रहे। | गत किए कार्यों में सफलता प्राप्त हो, धन लाभ के अवसर प्राप्त हो, किसी मित्र की सहायता से बिगड़ा कार्य बने। | वृथा दौड़-धूप एवं खर्च अधिक रहे। हानि होने का भय, शरीर कष्ट व घरेलु उलझनें बढ़ेंगी। | प्रत्येक कार्य में रुकावटें एवं विलम्ब हो, आय कम व खर्च अधिक रहे। स्वास्थ्य विकार, क्रोध अधिक रहे। | शत्रु-भय, अपव्यय, रोग-शोक हो। बनते कामों में अड़चनें, तनाव से स्वास्थ्य विकार, क्रोध अधिक रहे। | भूमि-वाहनादि भौतिक सुख-साधनों में वृद्धि, यश-लाभ, धन लाभ साधारण, परन्तु संघर्ष भी रहे। | अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। खर्चों में वृद्धि, रोग व शत्रु भय, उलझनें बढ़ेंगी। | धन लाभ अल्प, आराम कम, संघर्ष अधिक, दुर्घटना से चोटादि का भय, वाहनादि पर खर्च हो। | धन हानि, रोग व शत्रुभय, विद्या में विघ्न, संतान-परिवार व सेहत संबंधी चिन्ता, खर्च अधिक रहे। | खर्च अधिक, लाभ अल्प हो। घरेलु उलझनों के कारण तनाव तथा अशांति बढ़ेगी। |

**अनिष्ट राहु की शान्ति** हेतु तिल, तेल, भूरे रंग का वस्त्र, कम्बल, नारियल, सप्तधान्य, सतनाजा, कृष्ण पुष्प आदि का दक्षिणा सहित दान करना कल्याणकारी रहता है। जन्मपत्री अनुशीलन के बाद गोमेध भी धारण किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त राहु के बीज मन्त्र '**ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः**' का 18 हज़ार की संख्या में जाप करें। **गजेन्द्र मोक्ष** स्तोत्र का पाठ भी शुभ है। राहु का गायत्री मन्त्र–ॐ **शिरोरूपाय विद्महे अमृतेशाय** धीमहि तन्नो राहुः प्रचोदयात्॥

**केतु के अरिष्ट की शान्ति** हेतु लोहा, सप्तधान्य, लाल-काला वस्त्र, नारियल, कम्बल, कस्तूरी, बेल, कुष्ठाश्रम आदि में भोजन, क्षीर का दान तथा जन्मपत्री विश्लेषण के पश्चात् लहसनिया नग धारण करना कल्याणकारी रहता है। केतु के बीज मन्त्र '**ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः**' की 17 हज़ार की संख्या में जाप करना तथा **संकटनाशक श्रीगणेश स्तोत्र** एवं **अपराजिता स्तोत्र** का पाठ करना शुभ है। केतु की शान्ति के लिए गायत्री मन्त्र–

ॐ पद्म पुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतुः प्रचोदयात्॥

**अनिष्ट ग्रहों की शान्ति** के सम्बन्ध में और अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारी प्रकाशित पुस्तक **अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय/टोटके** मँगवाकर पढ़ें। मूल्य–250/–

## नक्षत्रानुसार पाया फल जानना

- ✱ आर्द्रा, पुर्न., पुष्य, अश्ले., मघा, पू.फा., उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वाती–इन दश नक्षत्रों के मध्य किसी जातक का जन्म हो, तो चान्दी का पाया।
- ✱ विशा., अनु., ज्ये., मूल, पू.षा., उ.षा., श्रवण, धनि., शतभिषा के मध्य जन्म हो, तो ताम्बे का पाया।
- ✱ रेवती, अश्वि, भर., कृति, रोह, मृग = सोना (सुवर्ण)
- ✱ पू.भा., उ.भा. = लौह पाया

**आर्द्रा दश रूपाणां, विशाखा नवताम्रका। रेवती षट् हेमश्च, शेषा द्वौ लौह-प्रकीर्तिता॥**

चान्दी एवं ताम्र के पाया शुभ एवं लाभदायक तथा सुवर्ण एवं लौह के पाया धन हानि एवं कष्टकारी फल देते हैं।

कुछ विद्वानों एवं मुहूर्त्त ग्रन्थों अनुसार जन्म-राशि से चन्द्रस्थिति तक गणना करने पर विभिन्न स्थानों के अनुसार चन्द्रमा के सुवर्णादि पाद का विचार किया जाता है। यथा–

| स्थान | १,६,११ | २,५,९ | ३,७,१० | ४,८,१२ |
|---|---|---|---|---|
| चन्द्रपाद | स्वर्ण | रजत | ताम्र | लौह |
| फल | सौभाग्य | शुभत्व | दारिद्र्य | मृत्यु |

जन्मराशि से इन्हीं स्थानों पर अन्य ग्रहों के भी चरणों का विचार किया जाता है परन्तु फल भिन्न-भिन्न रहता है–"**सौरी लोहे शुभः प्रोक्तो हेमपादे च वै गुरुः। रजते चंद्रशुक्रौ च, ग्रहाश्चान्ये च ताम्रके॥**"

अर्थात् शनि का लौह पाद, बृहस्पति का सुवर्णपाद, चंद्र-शुक्र का रजत पाद तथा अन्य ग्रहों (सू.मं.बु.श.के.) के ताम्र पाद श्रेष्ठ होते हैं।

# सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र

| | | | | | | | | | | | | | | जप संख्या | जपकाल | जपनीय बीजमन्त्राः | हवन समिधा |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य | कनक | माणिक्य | तांबा | सोना | लाल गाय | गुड़ | घी | कमलादि | रक्तवस्त्र | लालचंदन | मूंगा | केशर | ७००० | सूर्योदय | ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः | आक् काष्ठ |
| चन्द्र | चावल | मोती | चांदी | सोना | श्वेत बैल | मिश्री | दही | श्वेत पुष्प | श्वेतवस्त्र | श्वेतचंदन | शंख | कपूर | ११००० | संध्याकाले | ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः | पलाश |
| मंगल | मसूर | मूंगा | तांबा | सोना | लाल बैल | गुड़ | घी | लाल कनेर | लालवस्त्र | लाल चंदन | केशर | कस्तूरी | १०००० | सू.उ. २।१५ | ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः | खैर |
| बुध | मूंग | पन्ना | कांस्य | सोना | शस्त्र | शक्कर | घी | सर्व रंग पु. | हरावस्त्र | अनेक फल | हाथीदांत | कपूर | ९००० | सू.उ. ५ घड़ी | ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः | अपामार्ग |
| गुरू | पीतधान्य | पुखराज | कांस्यपात्र | सोना | अश्व | लवण श | घी | पीले पुष्प | पीतवस्त्र | पीला फल | धर्मग्रंथ | लवणशहद | १९००० | संध्याकाले | ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः | पीपल |
| शुक्र | चावल | हीरा | चांदी | सोना | श्वेत घोड़ा | मिसरी | दूध | श्वेत पुष्प | सफेदवस्त्र | सफेद चंदन | दही | सुगन्धित द्रव्य | १६००० | सू. उ. काल | ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः | गूलर |
| शनि | उड़द | नीलम | लोहा | सोना | काली गाय | कुलथी | तैल | काले पुष्प | कालावस्त्र | काले जूते | भैंस | कस्तूरी | २३००० | संध्याकाल | ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः | शमी |
| राहु | सप्तधान्य | गोमेद | सीसा | सोना | काला घोड़ा | ताम्र पात्र | तैल | कृष्ण पुष्प | नीलवस्त्र | नारियल | कंबल | खड्ग | १८००० | रात्रि | ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः | दूर्वा |
| केतु | सप्तधान्य | लसनिया | लोहा | सोना | बकरा | नारियल | तेल | धूम्र पुष्प | कालावस्त्र | शस्त्र ध्वज | कंबल | कस्तूरी | १७००० | रात्रि | ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः | कुशा |
| मुंथा | चावल | मोती | कांस्यपात्र | सोना | श्वेतचंदन | ऋतुपुष्प | घृत | श्वेतपुष्प | श्वेतवस्त्र | हाथीदांत | मुंथेश ग्रह. | ग्रह अनुसार | मुंथेश ग्रहानुसार | प्रातः | मुन्था स्वामी मन्त्र | |

**विशेष**—ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दान के साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। **सप्तधान्य**—गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौं, कंगनी और धान्य, चावल।

## सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

| सूर्य | चन्द्रमा | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि | राहु | केतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मन:शिला | पंचगव्य | बिल्व छाल | गोबर | चमेलीपुष्प | पिपरामूल | कालेतिल | लोबान | लोबान |
| इलायची | गोदूध | लाल पुष्प | अक्षत | पुष्प | जायफल | सूरमा | तारपीन | तारपीन |
| देवदारू | गोबर | हींग | मोती | श्वेत सरसों | केशर | लोबान | मोथा | तिलपत्र |
| केशर | गजमद | गोदनी | शहद | शहद | मूली बीज़ | सौंफ | गजदंत | गजदंत |
| खस | शंख सीप | जटामांसी | सुवर्ण | गुलर | मन:शिल | खस | कस्तूरी | छागमूत्र |
| रक्तपुष्प | गंगाजल | मौलसिरी | जायफल | दमयंती | इलायची | खिल्ला | बिल्वपत्र | लाल चंदन |
| रक्तचंदन | श्वेत चंदन | सिगरफ | पिपरामूल | मुलट्ठी | श्वेतचंदन | शतकुसुम | गंगाजल | गंगाजल |
| कनेर पुष्प | स्फटिक | मालकंगनी | नागकेशर | नवीनपत्ते | गंगाजल | गाँदमिश्रित | लालचंदन | कस्तूरी |
| मि. गंगाजल | गोमूत्र | गंगाजल | गंगाजल | गंगाजल | श्वेतकमल | | | |

## होमादि में अग्नि वास जानना

जिस दिन को होम/हवन करना हो, उस दिन की तिथि और वारं की संख्या को जोड़कर १ जमा करें फिर कुल जोड़ को ४ द्वारा भाग देवें। यदि शेष शून्य (०) अथवा ३ बचें, तो अग्नि का वास पृथ्वी पर होगा। इस दिन होम करना कल्याणकारक होता है। यदि शेष २ बचें तो अग्नि का वास पाताल में होता है। इसी दिन होम करने से धन का नुक्सान होता है। यदि ४ का भाग देने से १ शेष बचे तो आकाश में अग्नि का वास होगा, इसमें होम करने से आयु का क्षय होता है। वार की गणना रविवार से तथा तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से करनी चाहिए। तदुपरान्त ग्रह के मुख आहुति [illegible]

## ग्रहों के मुख में आहुति चक्र

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनने से यदि ३ या ३ से कम की संख्या आए तो होमाहुति सूर्य के मुख में जाने, तीन से आगे की संख्या से ६ तक की संख्या में मिले, तो बुध के मुख में आहुति जानें। इसी प्रकार, निम्न क्रमानुसार सब ग्रहों में होमाहुति जानें।

| ग्रह | सूर्य | बुध | शुक्र | शनि | चंद्र | मंग. | गुरु | राहु | केतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नक्षत्र | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ |
| [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] | [illegible] |

## नवग्रहों के जपनीय होमार्थ ( हवन ) मन्त्र

**सूर्य मन्त्र**—अर्क (आक) समिधा द्वारा "ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम ॥१ ॥

**चन्द्रमा मन्त्र**—(पलाश या ढाक समिधा के साथ)–"ॐ इमं देवाऽसपत्न Ω सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां Ω राजा। ॐ सोमाय स्वाहा॥ इदं चन्द्रमसे न मम ॥२ ॥

**भौम मन्त्र—(खैर की लकड़ी से)** "ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा Ω रेता Ω सि जिन्वति स्वाहा। ॐ भौमाय स्वाहा॥ इदं भौमाय इदं न मम॥"

**बुध मंत्र—(अपामार्ग की समिधा से)** ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स Ω सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय इदं न मम॥

**गुरू मन्त्र—(पीपल)** ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये स्वाहा॥ इदं बृहस्पतये, इदं न मम।

**शुक्र मन्त्र—(गूलर)** ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत् क्षत्रं पयः। सोमं प्रजापतिः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं पिवानं Ω शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥ ॐ शुक्राय स्वाहा॥ इदं शुक्राय, न मम।

**शनि मन्त्र—(शमी की समिधा)** ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः। ॐ शनैश्चराय स्वाहा। इदं शनैश्चराय, इदं न मम्॥

**राहु मन्त्र—(दूर्वा)** ॐ कयानश्चित्र आ भुवदूती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ ॐ राह्वे स्वाहा॥ इदं राहवे इदं न मम॥

**केतु मन्त्र—(कुशा से)** *ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजा यथा:।*

CC-0. Agamnidam Digital Preservation Foundation, Chandigarh

## ग्रहों के गुण, वर्ण, स्वभाव, उच्च—नीच, स्व—गृही राशि आदि चक्र

| नाम ग्रह | स्व-ग्रही राशि | मूल त्रिकोण | गुण | चरादि | वर्ण जाति | रंग | उच्च राशि | नीच राशि | पुरुष स्त्री | तत्त्व | कारक | संबंध | स्व-भाव | प्रकृति | धातु | रस | शरीरांग | दिशा | दृष्टि विशेष | भाग्योदय काल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **सूर्य Sun** | सिंह | सिंह | सत्त्व | स्थिर | क्षत्रिय | रक्त वर्ण | मेष | तुला | पुरुष | अग्नि | आत्मा | पिता | क्रूर | पित्त | सोना | तिक्त | शिर, नेत्र | पूर्व | ७ | २२ से २४ |
| **चन्द्र Moon** | कर्क | वृष | सत्त्व | चंचल | वैश्य | श्वेत | वृष | बृश्चि. | स्त्री | जल | मन | माता | सौम्य | वातश्ले | चांदी | क्षार | बुद्धि, रक्त | पशि. उत्तर | ७ | २४ से २५ |
| **मंगल Mars** | मेष, वृश्चिक | मेष | तम | चर | क्षत्रिय | लाल | मकर | कर्क | पुरूष | अग्नि | बल | भाई | क्रूर | पित्त | ताम्र | कटु | मज्जा | दक्षिण | ७,४,८ | २८ से ३२ |
| **बुध Merc** | मिथुन, कन्या | कन्या | रज | द्विस्वभा | वैश्य | हरा | कन्या | मीन | नपुंसक | पृथ्वी | वाणी | बंधु/मित्र | मिश्र | त्रिधातु | कांस्य | मिश्र | त्वचा, मुख | उत्तर | ७ | ३२ से ३६ |
| **गुरू Jup.** | धनु, मीन | धनु | सत्त्व | स्थिर | ब्राह्मण | पीला | कर्क | मकर | पुरूष | आकाश | विद्या | संतान | शुभ | कफ | सोना | मधुर | चर्बी | ईशान | ५७९ | १६ से २४ |
| **शुक्र Ven.** | वृष, तुला | तुला | रज | चर | वैश्य | सफेद | मीन | कन्या | स्त्री | जल | काम | स्त्री | शुभ | वात, कफ | चांदी | अम्ल | वीर्य | दक्षि., पूर्व | ७ | २६ से २८ |
| **शनि Sat.** | मकर, कुम्भ | कुम्भ | तम | स्थिर | शुद्र | नीला काला | तुला | मेष | नपुंसक | वायु | संघर्ष | भृत्य | क्रूर | वात, श्ले | लोहा | कषाय | स्नायु | पश्चि. | ३,७,१० | ३६ से ४२ |
| **राहु Rahu** | कन्या | कर्क | तम | चर | अत्यज | धूम्र | वृष | बृश्चि. | पुरुष | छाया | दुःख | शत्रु | क्रूर | वायु | लोहा | कषाय | हड्डी | दक्षिण | ७ | ४४ से ५० |
| **केतु Ketu** | मीन | मकर | तम | चर | शूद्र | धूम्र | बृश्चि. | वृष | पुरुष | छाया | कष्ट | बाधा | क्रूर | वायु | लोहा | कषाय | चर्म | उत्तर | ७ | ४८ से ५० |

## राशियों के गुण—स्वभाव तत्त्व, शुभ रत्नादि चक्र

| राशि | स्वा. ग्रह | अंग्रेज़ी नाम | वर्ण | जाति | क्रूरादि | चरादि | तत्त्व | गुण | जीवादि | समादि | दिशा | शुभ रत्न | बल समय | शरीरांग | दीर्घादि | नरादि | प्रकृति | गुण | पृष्ठोदय आदि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **मेष** | मंगल | Aries | लाल | क्षत्रिय | क्रूर | चर | अग्नि | रज | धातु | विषम | पूर्व | मूंगा | रात्रि | शिर | ह्रस्व | पशु | पित्त | उष्ण | पृष्ठोदय |
| **वृष** | शुक्र | Taurus | श्वेत | वैश्य | सौम्य | स्थिर | पृथ्वी | तम | मूल | सम | दक्षिण | हीरा | रात्रि | नेत्र | ह्रस्व | पशु | वात | शांत | पृष्ठोदय |
| **मिथुन** | बुध | Gemini | हरा | शूद्र | क्रूर | द्वि. स्व. | वायु | सत | जीव | विषम | पश्चि. | पन्ना | रात्रि | भुजाएँ, गला | सम | नर | वात | चंचल | शीर्षोदय |
| **कर्क** | चंद्र | Cancer | श्वेत | विप्र | सौम्य | चर | जल | रज | धातु | सम | उत्तर | मोती | रात्रि | वक्ष, फेफड़े | सम | जल चर | कफ | शांत | पृष्ठोदय |
| **सिंह** | सूर्य | Leo | लाल | क्षत्रिय | क्रूर | स्थिर | अग्नि | तम | मूल | विषम | पूर्व | माणक | दिन | मेरू, रक्त, हृदय | दीर्घ | पशु | पित्त | उष्ण | शीर्षोदय |
| **कन्या** | बुध | Virgo | मिश्रित | वैश्य | सौम्य | द्वि. स्व. | पृथ्वी | सत | जीव | सम | दक्षिण | पन्ना | दिन | पेट, नाभि | दीर्घ | नर | त्रिदोष | शीत | शीर्षोदय |
| **तुला** | शुक्र | Libra | नीला | शूद्र | क्रूर | चर | वायु | रज | धातु | विषम | पश्चि. | हीरा | दिन | गुर्दे, कमर | दीर्घ | नर | वात | उष्ण | शीर्षोदय |
| **बृश्चिक** | मंगल | Scorpio | ताम्र | विप्र | सौम्य | स्थिर | जल | तम | मूल | सम | उत्तर | मूंगा | दिन | गुप्तांग | दीर्घ | कीट | कफ | शीत | शीर्षोदय |
| **धनु** | गुरु | Sagittarius | पीला | क्षत्रिय | क्रूर | द्वि. स्व. | अग्नि | सत | जीव | विषम | पूर्व | पुखराज | रात्रि | जंघा | सम | नर पशु | पित्त | उष्ण | पृष्ठोदय |
| **मकर** | शनि | Capricor | भूरा | वैश्य | सौम्य | चर | पृथ्वी | रज | धातु | सम | दक्षिण | नीलम | रात्रि | घुटने | सम | जल पशु | वात | शीत | पृष्ठोदय |
| **कुम्भ** | शनि | Aquarius | काला | शूद्र | क्रूर | स्थिर | वायु | तम | मूल | विषम | पश्चि. | नीलम | दिन | पिंडली | लघु | जल चर | त्रिदोष | उष्ण | शीर्षोदय |
| **मीन** | गुरु | Pisces | पीला | विप्र | सौम्य | द्वि. स्वा. | जल | सतो | जीव | सम | उत्तर | पुखराज | दिन | पाँव दोनों | लघु | जल चर | कफ | शीत | उभयोदय |

**चर, शीर्षोदयादि राशियों का महत्त्व**—उपरोक्त राशियों के गुण, स्वभाव, तत्वादि का फलित ज्योतिष में विशेष महत्त्व होता है। संक्षेप में, चर का अर्थ है चलित अर्थात् जिसमें कार्य जल्दी हो। यात्रा करें, तो शीघ्र वापिस आ जावे। स्थिर लग्न राशि में कार्य करने से स्थायी प्रभाव होता है। मकान, दुकान, व्यवसायादि में प्रवेश करे, तो बहुत वर्षों तक रहे। द्वि-स्वभाव राशि में मिला-जुला प्रभाव होता है। अर्थात् पहिला आधा भाग स्थिर प्रभाव दिखाता है, अन्तिम आधा भाग 'चर' का प्रभाव दिखाता है। इसी भान्ति धातु का अर्थ है, सोना, चाँदी, लोहा, भूमि, सवारी धनादि पदार्थ। '**मूल**' का अर्थ है, फल, वृक्ष, अनाजादि भोग्य पदार्थ। '**जीव**' का अर्थ प्राणी-स्त्री, पुत्र, पौत्र, भाई आदि। **उदाहरणार्थ**—मान लीजिए, सौम्य राशि **मीन** में यदि कोई सौम्य ग्रह (शुक्र) बैठा है, तो प्रश्नकर्त्ता को स्त्री, संतानादि का सुख लाभ होगा (क्योंकि मीन राशि जीव सम्बन्धी राशि है) और यदि कोई अशुभ या क्रूर ग्रह स्थित हो, तो स्त्री, संतानादि सुख सम्बन्धी हानि होगी। ऐसा कहना चाहिए। इसी भान्ति, राशियों की दिशा बताने का तात्पर्य यह है कि जिस राशि में कारक ग्रह बैठे हो, उस राशि की दिशा में भाग्योदय होता है। **उदाहरण** के लिए किसी की जन्म कुण्डली में लग्नेश एवं नवमेश ग्रह वृष राशि में हो, तो जातक का भाग्योदय जन्म से दक्षिण दिशा में होगा—ऐसा कहना चाहिए। जैसे—यदि **कन्या लग्न** हो, तो बुध लग्नेश, दशमेश होगा। द्वितीयेश व नवमेश शुक्र, बुध (लग्नेश) सहित नवम् (भाग्य) स्थान पर इकट्ठे हों, तो वृष राशि (दक्षिण) में भाग्योदय होगा।

# होमादि में अग्निवास एवं फल जानना

जिस दिन को हवन करना हो, उस दिन तात्कालिक तिथि और वार सँख्या में 1 जोड़कर 4 द्वारा भाग देवें। भाग देने पर यदि **शेष 3 या शून्य ( 0 ) बचे**, तो उस दिन अग्नि का वास **पृथिवी पर** जानें, शेष 1 बचे तो अग्नि का वास **आकाश** में तथा तिथि, यदि शेष 2 बचें तो अग्नि का वास **पाताल** में जानना चाहिए। **पृथिवी पर अग्नि** का वास शुभ एवं कल्याणकारक होता है। **आकाश** में वास हो तो आयु का क्षय तथा पाताल में वास हो तो धन की हानि होती है। वार की गणना रविवार से तथा तिथि की गणना शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से करनी चाहिए। अग्निवास चक्र के पश्चात् गत पृष्ठों में दिए गए ग्रह मुख में आहुति चक्र का विचार करना चाहिए।—**पं. पन्ना लाल ज्यो.**

## अग्निवास एवं फल जानने का चक्र ( शुक्ल-पक्ष )

| शुक्ल पक्ष तिथि | रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | 3 पृथ्वी (लाभ) | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| २ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि |
| ३ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी क्षय | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ |
| ४ | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ |
| ५ | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| ६ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि |
| ७ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ |
| ८ | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ |
| ९ | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| १० | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि |
| ११ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ |
| १२ | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ |
| १३ | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| १४ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि |
| १५ | 1 आकाश | 2 पाताल | 3 पृथ्वी | 0 पृथ्वी | 1 आकाश | 2 पाताल | 3 पृथ्वी |

## अग्निवास एवं फल जानने का चक्र ( कृष्ण-पक्ष )

| कृष्ण पक्ष तिथि | रवि | सोम | मंगल | बुध | गुरू | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ |
| २ | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| ३ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि |
| ४ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ |
| ५ | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ |
| ६ | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| ७ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि |
| ८ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ |
| ९ | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ |
| १० | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| ११ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि |
| १२ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ |
| १३ | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ |
| १४ | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय | 2 पाताल हानि | 3 पृथ्वी लाभ | 0 पृथ्वी लाभ | 1 आकाश क्षय |
| १५ | 0 पृथ्वी | 1 आकाश | 2 पाताल | 3 पृथ्वी | 0 पृथ्वी | 1 आकाश | 2 पाताल |

# अनिष्ट ग्रहों के उपायों सम्बन्धी विशेष विवरण

ज्योतिष शास्त्र में अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के लिए अनेक प्रकार के उपाय बतलाए गए हैं। यथा सुनिश्चित संख्या में मन्त्र जाप, यथासामर्थ्य दान, हवन, जड़ी-बूटी धारण, ग्रह औषधि स्नान, व्रत-जप-तप करना, उचित नग एवं विधिपूर्वक ग्रह यन्त्र को धारण करना इत्यादि शास्त्रोक्त उपायों को अपना करके मनुष्य ग्रह जनित कष्टों का समाधान करके प्रतिकूल परिस्थितियों को भी स्वयं के अनुकूल एवं समृद्ध बना सकते हैं।

## ◆ सूर्य शान्ति के लिए उपाय ◆

**सूर्य** क्रूर ग्रह से दृष्ट, युक्त अथवा नीच राशिस्थ (तुला) हो या १, २, ४, ५, ७, ८, ९ या १२वें भावस्थ सूर्य अशुभ माना जाता है। जन्म कुण्डली अथवा वर्ष कुण्डली में सूर्य अशुभकारी हो, तो निम्नलिखित किसी एक मन्त्र का ७ हज़ार से लेकर सवा लाख की संख्या में जाप करना चाहिए। जप का आरम्भ **शुक्ल पक्षीय रविवार** या सूर्य षष्ठी अथवा रवि योग या रविपुष्य योग में करना चाहिए। पाठारम्भ करने से पूर्व लाल पुष्प, अक्षत, नैवेद्य व गंगाजल लेकर पाठ का संकल्प, ध्यान व आवाहनादि करें। जप-पाठ के लिए रूद्राक्ष की माला सर्वोत्तम है। उसके अभाव में चन्दन या तुलसी की माला का प्रयोग भी कर सकते हैं। विधिपूर्वक सूर्य उपासना से पदोन्नति, आत्मशक्ति, तेज़ बल, राजप्रतिष्ठा एवं आरोग्य की प्राप्ति होती है। **प्रतिदिन पाठोपरान्त सूर्य देव को ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, लाल चन्दन ( या पुष्प ) डालकर अर्घ्य देना चाहिए** तदुपरान्त गायत्री मन्त्र करने का विधान है। सुनिश्चित संख्या में पाठ (जप) की पूर्ति हो जाने पर दशमांश संख्या में हवन कर लेना चाहिए।

**पुराणोक्त सूर्य नमस्कार मन्त्र–**

**जपाकुसुम संकाश काश्यपेयं महाद्युतिम्। तमोऽरिं सर्व पापघ्नं प्रणतोऽस्मि दिवाकरम्॥**

**वेदोक्त सूर्यमन्त्र–**

**ॐ आकृष्णेन रजसा वर्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च।**
**हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥** (जप संख्या ७०००)

**तन्त्रोक्त बीजमन्त्र–ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः**

**सूर्यार्घ्य मन्त्र–**

**एहि सूर्य ! सहस्रांशो तेजो राशे जगत्पते। अनुकम्पय ! मां भक्त्या गृहाणार्घ्यं दिवाकर॥**

**सूर्यार्घ्य का लघु मन्त्र–''ॐ घृणिः सूर्याय नमः''॥**

**सूर्यगायत्री मन्त्र–ॐ आदित्याय विद्महे भास्कराय धीमहि तन्नो भानुः प्रदोयात्॥**

**सूर्य गायत्री मन्त्र जाप, विधिपूर्वक रविवार का व्रत, सूर्यमणि ( मणिक्य )** धारण करना, **औषधि स्नान** (मनः शिला, इलायची छोटी, देवदारू, केशर, खस, कनेरादि लाल पुष्प एवं गंगाजल तथा विधिवत् निर्मित **सूर्ययन्त्र** धारण करना तथा सूर्य देव से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करना शुभ होता है।

**सूर्य दान योग्य वस्तुएँ**–गेहूँ, गुड़, लाल वस्त्र, घी, लाल वर्ण की सवत्सा गाय, सुवर्ण, माणक, ताम्र बर्तन, मिष्ठान्न, नारियल सहित लाल फल, ब्राह्मण भोजन एवं च सुनिश्चित पाठोपरान्त दशमांश हवन करना शुभ रहता है।

**उपाय**–(1) तांबे की अँगूठी में माणिक्य अथवा विधिवत् तैयार किया हुआ सूर्य-यन्त्र (ताम्र पत्र पर) धारण करें।

(2) खाना खाते समय सोने अथवा तांबे के चम्मच का प्रयोग करना तथा 11 रविवार तक सूर्य स्नान करना। जब जन्म या वर्ष कुण्डली में सूर्य अशुभ हो तो–

(3) 108 रविवार तक अथवा प्रतिदिन नियमित रूप से ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, लाल चन्दन मिलाकर सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य स्तोत्र का पाठ करना शुभ है।

(4) रविवार को नमक से परहेज़ रखें। लवणरहित सादा भोजन करें। ग्यारह रविवार पर्यन्त केवल दही और चावल का सेवन करना चाहिए।

(5) जिन जातकों का सूर्य नीच का हो, उन्हें **'कार्तिक माहात्म्य'** का कार्तिकमास में नित्यप्रति पाठ करके तुलसी के पौधे पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिए।

## ◆ चन्द्रमा शान्ति के लिए उपाय ◆

**चन्द्रमा** शत्रु एवं क्रूर ग्रह से दृष्ट, युत एवं नीच राशि (वृश्चिक), अथवा ४, ६, ८, १२वें भावों में स्थित चन्द्रमा अशुभ माना जाता है।

**अशुभ चन्द्र की शान्ति** के लिए निम्नलिखित किसी एक मन्त्र की **११ हज़ार की संख्या** में जप करना, तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना शुभ रहता है। जप का आरम्भ पूर्णमाशी या शुक्ल पक्ष के सोमवार को किसी शुभ मुहूर्त्त में करना चाहिए।

**तन्त्रोक्त चन्द्र मन्त्र–ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः।**

**पुराणोक्त चन्द्र मन्त्र–ह्रीं दधि शंख तुषाराभं क्षीरोदार्णव सम्भवम्।**
**नमामि शशिनं सोमं शंभोर्मुकुट भूषणम्॥**

**चन्द्रमा गायत्री मन्त्र–ॐ अमृतांगाय विद्महे कलारूपाय धीमहि तन्नो सोमः प्रचोदयात्॥**

**चन्द्र अर्घ्य मन्त्र–ॐ सोम् सोमाय नमः॥**

**चन्द्रमा अशुभ हो,** तो मानसिक विकार, नेत्र कष्ट, धन हानि, रक्त दोष, स्त्री कष्ट आदि अशुभ फल घटित होते हैं। चन्द्रमा की शुभता के लिए उपरोक्त मन्त्र-जाप के अतिरिक्त चांदी की अँगूठी में चन्द्रकान्त मणि या श्वेत सुच्चा मोती धारण करना, विधिवत, सोमवार एवं पूर्णमाशी का व्रत करना, चन्द्र मन्त्र मुद्रित करवा कर चाँदी का गोल सिक्का (Coin) गले में धारण करना, घर में श्वेत शंख रखना, औषधि एवं जड़ी-बूटी (पंचगण्य, श्वेत चन्दन आदि), विधिपूर्वक चन्द्र यन्त्र धारण करना, शिवोपासना करना कल्याणकारी रहता है।

**चन्द्र की शुभता बढ़ाने के लिए दान योग्य पदार्थ :**–चावल, सफेद चन्दन, शंख कर्पूर, दही, दूध घी, चीनी या मिश्री, क्षीर, श्वेत वस्त्र, सफेद चन्दन, चाँदी या कांसे का पात्र, चाँदी के

वर्क लगी बर्फी। **बलान्वित चन्द्रमा** मन, बुद्धि, रक्त, स्त्री एवं माता, धन-सम्पदादि सुखों में वृद्धिकारक होता है।

**उपाय**-(1) चांदी के बर्तनों का प्रयोग करना एवं चारपाई के पायों में चांदी के कील ठुकवाना।

(2) सफेद मोतियों की माला अथवा चांदी की अँगूठी में मोती एवं चांदी का कड़ा धारण करना।

यदि कुण्डली में चन्द्र अशुभ हो, तो चन्द्रमा के अशुभत्व के निवारण हेतु उपाय-

(3) शीशे के गिलास में दूध, पानी आदि पीने से परहेज़ रखना शुभ होगा।

(4) पानी में कच्चा दूध मिलाकर चन्द्रमा का बीज मन्त्र पढ़ते हुए पीपल को डालना।

(5) लगातार 16 सोमवार व्रत रखकर सायंकाल सफेद वस्तुओं का दान करना चाहिए तथा पाँच छोटी कन्याओं को क्षीर सहित भोजन कराना चाहिए।

## ◆ मंगल शान्ति के लिए उपाय ◆

**मंगल ग्रह** = १, २, ४, ५, ७, ८, ९, एवं १२वें भावों में स्थित मंगल, बुध अथवा शनि आदि शत्रु ग्रहों से दृष्ट या युक्त, या अपनी नीचराशि (कर्क) में अशुभ कारक होता है। **जन्म कुण्डली** या वर्ष कुण्डली में मंगल अशुभ एवं बाधाकारक हो, तो निम्न मन्त्रों में से किसी एक मन्त्र का कम से कम **१० हज़ार की संख्या** में, शुभ मुहूर्त्त, मंगलवार को लाल पुष्प, लाल चन्दन, अक्षत (चावल), गंगाजल लेकर संकल्प पूर्वक पाठारम्भ करें। सुनिश्चित संख्या में पाठोपरान्त पाठ का दशमांश संख्या में हवन करना चाहिए।

**तन्त्रोक्त भौम मन्त्र-ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः।**

**पुराणोक्त भौम मन्त्र-ह्रीं धरणी गर्भसम्भूतं विद्युत् कान्ति समप्रभम्।**
**कुमारं-शक्तिं हस्तं तं मंगल प्रणमाम्यहम्॥**

**भौम गायत्री मन्त्र-ॐ अंगारकाय विद्महे शक्ति हस्ताय धीमहि तन्नो भौमः प्रचोदयात्॥**

उपरोक्त मन्त्र जाप के अतिरिक्त अनिष्टकर मंगल की शान्ति के लिए **मंगलवार का व्रत** रखना, श्री हनुमान उपासना, मंगल स्तोत्र पढ़ना, लाल वर्ण की गाय को चारा डालना, मूँगा पहनना, औषधि स्नान करना परन्तु मांस, मछली, शराब आदि से परहेज़ रखना, विधिपूर्वक बना भौम यन्त्र धारण करना, उद्यापन के दिन ब्राह्मण भोजन कराना शुभ होता है।

**भौमशान्ति हेतु दान योग्य वस्तुएँ**-गेहूँ, मसर की दाल, घी, गुड़, सुवर्ण, कनेर के पुष्प, लाल वस्त्र, लाल चन्दन, केशर, नारियल, सेब आदि लाल फल, मूंगा, सोना, ताम्र बर्तन, गुड़ से बने मीठे चावल या मीठी चापातियां, ब्राह्मण भोजन आदि करना शुभ एवं कल्याणकारी रहता है। मंगल ग्रह पराक्रम, साहस, भूमि, भाई, पुत्र, रक्त-बलादि का भी कारक है। यदि अशुभ हो तो रक्त दोष, भ्रातृ कष्ट, आकस्मिक दुर्घटना, वृथा विवाद करवाता है।

**उपाय**-जब कुण्डली में मंगल शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फल न करता हो तो निम्नलिखित उपाय शुभ होंगे-

(1) तांबे की अँगूठी में मूँगा धारण करना अथवा तांबे का कड़ा पहनना।

(2) मंगलवार को घर में गुलाब का पौधा लगाना तथा 108 दिन तक रात को तांबे के बर्तन

(3) मंगलवार का व्रत रखकर 27 मंगल किसी अपाहज को मीठा विशेषकर गुड़ से निर्मित भोजन खिलाना।

(4) नारियल को तिलक करके तथा लाल कपड़े में लपेटकर लगातार 3 मंगलवार चलते पानी में बहाएँ।

(5) लाल रंग की गाय या लाल वर्ण के कुत्ते को भोजन खिलाना शुभ होगा।

(6) मंगलवार का व्रत रखना चाहिए। विशेषकर उन कन्याओं को जिनकी कुण्डली में मंगल मंगलीक योग बनकर विवाह में बाधा, विलम्ब उत्पन्न कर रहा हो-उन्हें मंगलागौरी का व्रत लगातार 7 मंगलवार रखना चाहिए।

## ◆ बुध शान्ति के लिए उपाय ◆

**बुध ग्रह** कुण्डली में ४, ६, ८, १२वें भावों में स्थित अथवा शुभ ग्रह द्वारा दृष्ट या युक्त बुध अशुभ फलदायक होता है। बुध शुभ हो, तो वाणी, बुद्धि, विद्या, संतान, व्यापार आदि में लाभकारक होता है। अशुभ बुध बुद्धि में विभ्रम, त्वचा रोग, वाणी विकार, सन्तान को कष्ट रहता है। बुध की शुभता बढ़ाने के लिए निम्नलिखित उपाय करने चाहिएँ।

**तन्त्रोक्त बुध मन्त्र-ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः।** (जप संख्या ९०००)

**पुराणोक्त बुध मन्त्र-ह्रीं प्रियंगु कलिका श्याम रूपेणाप्रतिमं बुधम्।**
**सौम्यं सौम्यगुणोपेतं तं बुध प्रणमाम्यहम्॥**

**बुध गायत्री मन्त्र-ॐ सौम्यरूपाय विद्महे रोहिणी प्रियाय धीमहि तन्नो बुधः प्रचोदयात्॥**

उपरोक्त मन्त्रों में से किसी एक मन्त्र का कम से कम ९००० की संख्या में जाप करना, बुधवार का विधिपूर्वक व्रत रखना, औषधि स्नान, हरे रंग का नग-पन्ना (Emareld) सोने की अंगूठी में धारण करना, विधिवत् तैयार किया गया बुध यन्त्र रखना, हरी वस्तुओं का प्रयोग करना, श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ तथा श्री विष्णु उपासना करना, चौपायों को हरा चारा डालना, बुध को कन्या पूजन के उपरान्त हरी वस्तुओं (वस्त्रादि) का दान करना इत्यादि बुध ग्रह जनित अशुभ फल को शान्त करता है।

**बुध के दान की वस्तुएँ**-मूंगी साबुत, चीनी, छोटी इलायचियाँ, षडरसों से युक्त भोजन, हरी सब्ज़ियां, पन्ना नग, कांस्य पात्र, हरे पुष्प, हरे फल, हाथी दाँत, हरा गर्म अथवा रेशमी वस्त्र, ब्राह्मण भोजन दक्षिणा सहित दान करना कल्याणप्रद रहता है।

**उपाय**-कुंडली में बुध शुभ होता हुआ भी फलकारक न हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे-

(1) हरे रंग का पन्ना बुधवार को सोने की अँगूठी में धारण करना। हरे रंग के वस्त्रों को पहनना तथा हरे रंग के पर्दे लगाना शुभ होगा।

(2) बुधवार को चाँदी या कांस्य के गोल टुकड़े को हरे रंग के कपड़े में लपेट कर जेब में रखें या भुजाओं के साथ बांधें।

यदि बुध अशुभ हो तो-(3) हरे रंग के वस्त्र एवं हरे रंग की गाड़ी आदि का प्रयोग न करें।

(4) हरे रंग के वस्त्र (परिधान) किसी हिजड़े को बुधवार के दिन शुभ होगा।

*(5) बुधवार के दिन 6 इलायची हरे रूमाल में लपेटकर अपने पास रखें तथा इसके पश्चात्*

## ◆ गुरु शान्ति के लिए उपाय ◆

**गुरू ( बृहस्पति )** कुण्डली में 4, 6, 8, 12वें भावों में ही स्थित हो, अथवा नीच राशिगत (मकर) हो, या शत्रु या अशुभ ग्रहों से दृष्ट या युक्त ग्रह जातक को अशुभ प्रभाव प्रदान करता है। अशुभ गुरू जातक को विद्या में असफलता अथवा विवाह सुख में अड़चनें, पुत्र-सन्तान एवं स्त्री कष्ट, भ्रातृ विरोध, शरीर कष्ट, बुद्धि में विकार आदि अशुभ फल प्रकट करता है।

गुरु में शुभता लाने के लिए निम्नलिखित किसी एक मन्त्र का १९,००० की संख्या में पाठ करना अथवा किसी योग्य ब्राह्मण से करवाना तथा पाठोपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी रहेगा।

**तन्त्रोक्त गुरू मन्त्र–ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौ सः गुरवे नमः**(जप संख्या १९०००)

**पुराणोक्त गुरू मन्त्र–ॐ देवानां च ऋषीणां च गुरुं का–चन संन्निभम्।**
**बुद्धिभूतं त्रिलोकेशं तं नमामि बृहस्पतिम्।।**

**गुरु गायत्री मन्त्र–ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्॥**

संकल्पपूर्वक मन्त्र जाप के अतिरिक्त गुरू सम्बन्धी वस्तुओं का दान, सुवर्ण या चांदी की अँगूठी में पुखराज पहनना, विधिवत् निर्मित **गुरू यन्त्र** धारण, औषधि स्नान करना, **गुरूवार** का व्रत रखना, पीली वस्तुओं का प्रयोग, पीले वर्ण की गौओं की सेवा करना व गाय दान, पीपल वृक्ष की प्रतिष्ठा, ब्राह्मणों को क्षीर सहित भोजन खिलाना, दक्षिणा एवं धार्मिक ग्रन्थों का दान, गायत्री जप इत्यादि करना शुभ है।

**गुरू की दान योग्य वस्तुएँ**–पीले चावल, चने की दाल, हल्दी, शहद, पीला वस्त्र, पपीता, आम, केले आदि पीले फल, सवत्सा गाय, पीला कम्बल, बेसन के लड्डू, ताम्र एवं कांस्य पात्र, शक्कर, रामायण आदि धार्मिक ग्रंथ केशर इत्यादि वस्तुओं का दान शुभ रहता है।

**उपाय**–जन्म कुंडली में बृहस्पति शुभ व योगकारक होता हुआ भी शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो निम्नलिखित उपाय करें–

(1) सोने या चांदी की अँगूठी में तर्जनी अंगुली में तथा शुभ मुहूर्त में पुखराज धारण करें।

(2) 27 गुरुवार केसर का तिलक लगाना तथा केसर की पुड़िया पीले रंग के कपड़े या कागज़ में अपने पास रखना शुभ होगा।

गुरु के अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु निम्नलिखित उपाय करें–

(3) चलते पानी में बादाम एवं नारियल पीले कपड़े में लपेटकर बहाना शुभ होगा।

(4) पीपल के वृक्ष को गुरुवार एवं शनिवार को गुरु का बीज मन्त्र एवं गुरु गायत्री मन्त्र पढ़ते हुए जल दें।

(5) वृद्ध ब्राह्मण को यथाशक्ति पीली वस्तुएँ, जैसे–चने की दाल, लड्डू, पीले वस्त्रों, शहदादि का दान करना चाहिए।

## ◆ शुक्र शान्ति के लिए उपाय ◆

**शुक्र ग्रह** जन्म कुण्डली में शुक्र ६, ८ या १२वें भाव में अथवा नीच राशि (कन्या) या शत्रु ग्रह से युक्त या दृष्ट हो तो अशुभ फल प्रदायक होता है।

**शुक्र ग्रह** स्त्री, धन-सम्पदा, ऐश्वर्य, वीर्य-भोग एवं वाहनादि सुख-साधनों का कारक माना जाता है। इस ग्रह की शुभता बढ़ाने के लिए निम्नलिखित मन्त्रों में से किसी एक मन्त्र का कम से कम १६००० की संख्या में जप करना तथा फिर दशांश हवन करना शुभ कारक माना जाता है।

**तन्त्रोक्त शुक्र मन्त्र–ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः**

**शुक्र गायत्री मन्त्र–ॐ भृगुजाताय विद्महे दिव्य देहाय धीमहि तन्नो शुक्रः प्रचोदयात्॥**

सुनिश्चित संख्या में मन्त्र जाप के अतिरिक्त शुक्र सम्बन्धी वस्तुओं का दान तथा स्वयं प्रयोग, हीरा (Diamond) पहनना, शुक्र यन्त्र धारण करना, शुक्र-औषधि स्नान, गोदान, श्वेत एवं क्रीमवर्ण की वस्तुओं का प्रयोग, श्वेत चन्दन का तिलक, **श्री दुर्गा पूजा, श्री दुर्गा सप्तशती** का पाठ करना तथा पाँच **शुक्रवार व्रत करके पाँच कन्याओं का पूजन करना एवं उन्हें श्वेत वस्तुओं की भेंट देने से ग्रह शान्ति होती है।**

**शुक्र दान की वस्तुएँ**–चाँदी, चावल, मिश्री, दूध एवं दूध से निर्मित क्षीर, बर्फी आदि, श्वेत चन्दन, श्वेत गाय, श्वेत पुष्प, श्वेत वस्त्र, श्वेत फल एवं सुगन्धित पदार्थों आदि का दान करने से शुक्र की शुभता में वृद्धि होती है।

**उपाय**–कुंडली में यदि शुक्र शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फलीभूत न हो रहा हो तो निम्न उपाय कल्याणकारी रहेंगे–

(1) चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, मुश्कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा रखकर सोने वाले कमरे में रखे चन्दन की अगरबत्ती जलाना शुभ होगा।

(2) घर में तुलसी का पौधा लगाना, सफेद गाय रखना, सफेद पुष्प लगवाना शुभ होगा तथा क्रीम रंग के रेशमी कपड़े में चाँदी के चौरस टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवाकर विधिपूर्वक अपने पास रखें।

शुक्र अशुभ प्रभावी होने की स्थिति में नीचे लिखे उपाय कल्याणकारी होंगे–

(3) शुक्रवार को श्री दुर्गा पूजन, 5 कन्या पूजन उन्हें खीरादि श्वेत वस्तुएँ देना तथा गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, शक्कर एवं चरी डालना।

(4) सफेद रंग के पत्थर पर चन्दन का तिलक लगाकर चलते पानी में बहा देना या चांदी के टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवा कर रेशमी क्रीम रंग के वस्त्र में लपेट कर शुक्रवार को नीम के वृक्ष के नीचे दबाना।

## ◆ शनि शान्ति के लिए उपाय ◆

**शनि ग्रह** किसी जातक की जन्म कुण्डली में जब शनि १, २, ४, ५, ७, ८, ९, १० अथवा १२वें स्थानों में हो, अथवा शत्रु या नीच (मेष) राशिगत हो अथवा सूर्य, मंगल आदि क्रूर ग्रहों से युक्त या दृष्ट हो, तो शनि अशुभ फलदायक होता है। अशुभ एवं अरिष्टकर शनि धन एवं आय के साधनों में कमी, शरीर कष्ट, मानसिक तनाव, बनते कामों में बार-बार अड़चनें पैदा होती रहती है। शनि कृत अरिष्ट निवारण हेतु निम्नलिखित मन्त्रों में से किसी एक मन्त्र का २३ हज़ार जप तथा जप उपरान्त दशांश संख्या में हवन करना शुभ एवं कल्याणकारी रहता है।

**तन्त्रोक्त शनि मन्त्र–ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः** (जप संख्या २३०००)

**तन्त्रोक्त शनि का लघु मन्त्र–ॐ शं शनैश्चराय नमः**

**वेदोक्त शनि मन्त्र–ॐ शंन्नो देवी रभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंय्यो रभिरस्त्रवन्तु नः॥**

**शनि गायत्री मन्त्र–ॐ सूर्यसुताय विद्महे, यमरूपाय धीमहि तन्नः सौरिः प्रचोदयात्॥**

**पुराणोक्त शनि मन्त्र–ह्रीं नीलांजन समा भासं रवि पुत्रं यमाग्रजम्।**
**छायामार्तण्ड सम्भूतं तं नमामि शनैश्चरम्॥**

विधिपूर्वक मन्त्र जाप के अतिरिक्त शनि सम्बन्धी वस्तुओं का दान, सिक्के अथवा पंचधातु की अंगूठी में नीलम धारण करना, शनिवार का व्रत रखना, विधिवत् निर्मित शनि यन्त्र रखना, लोहे की कटोरी में तेल डालकर छाया पात्र करना, औषधि स्नान, अन्ध विद्यालय या कुष्ठाश्रम में अनाज (उड़द सहित) भोजन खिलाना, मछलियों को गेहूँ एवं उड़द के आटे की गोलियां डालना, शिव स्तोत्र एवं शनि स्तोत्र का पाठ एवं शनि से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करना शुभ एवं कल्याणकारी रहता है।

**शनि के दान योग्य वस्तुएँ**–उड़द, काले तिल, काले चने, सरसों का तेल, काली गाय, काला वस्त्र, लोहे का बर्तन, काले जूते, भैंस, कुलथी, कस्तूरी, नीलम, नारियल, काले एवं नीले पुष्प, ग़रीब वृद्ध व्यक्ति को भोजन कराना शुभ होता है। शनि का दान सायंकाल को करना प्रशस्त माना जाता है।

**उपाय**–शनि शुभ होता हुआ भी शुभफल प्रकट न कर रहा हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे–

(1) घर में नीले रंग के पर्दे तथा नीले रंग की चादरों का प्रयोग करना और स्वयं भी बहुधा नीले रंग के वस्त्रों का प्रयोग करना शुभ होगा। जब कुण्डली में शनि नीच या अरिष्टकर फल प्रकट कर रहा हो तो निम्न उपाय करें–

(2) स्टील या लोहे की कटोरी में तेल का छाया-पात्र करके तेल पाँच शनिवार तक आक के पौधे पर अथवा **'शनि मन्दिर'** में डालना शुभ होगा। 5वें शनिवार को तेल चढ़ाने के बाद तेल वाली कटोरी को वही दबा देना या वही चढ़ा देना शुभ होगा। तेल चढ़ाते समय शनि का बीज मन्त्र पढ़ें।

(3) अष्टम भाव में शनि अशुभ एवं रोगकारक हो, तो संकटनाशन श्री गणेशस्तोत्र का पाठ एवं श्री गणेश चतुर्थी का व्रत रखना चाहिये।

## ◆ राहु शान्ति के लिए उपाय ◆

राहु जिस कुण्डली में १, २, ४, ५, ७, ८, ९, १० या १२वें भाव में स्थित हो अथवा शत्रु या नीच राशि में या शत्रु ग्रह युक्त, दृष्ट हो तो ऐसे जातक को शरीर कष्ट, तनाव, धन सम्बन्धी उलझनें, बुद्धि विभ्रम, कलह-क्लेश, वृथा भ्रमण आदि परेशानियों का सामना करना पड़ता है। राहु जनित अरिष्ट फल निवारण हेतु निम्नलिखित किसी एक मन्त्र का **१८ हज़ार की संख्या** में जाप करना चाहिए।

**तन्त्रोक्त राहु मन्त्र–ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः।**

सुनिश्चित मन्त्र जाप के अतिरिक्त राहु से सम्बन्धित वस्तुओं का दान, शनिवार का व्रत, विधिपूर्वक निर्मित राहु यन्त्र धारण करना, राहु औषधि स्नान, गोमेद नग पहनना, शिव स्तोत्र एवं राहु स्तोत्र का पाठ करना, चलते पानी में नारियल बहाना, श्री दुर्गा पूजा करना, अपाहज एवं कुष्टाश्रम में अनाज, फल, आदि।

**राहु दान योग्य वस्तुएँ**–सप्तधान्य (सतनाजा), गोमेद, सीसा, काला घोड़ा, तिल, तैल, काले पुष्प, नीला वस्त्र, उड़द, खडग (चाकू इत्यादि), कम्बल, बिल पत्र, मौसमी फल, कस्तूरी आदि। राहु का दान रात्रि कालीन करना प्रशास्त माना जाता है।

**उपाय**–अशुभ राहु या राहु की महादशा या अन्तर्दशा में निम्नलिखित उपाय करें–

(1) काले व नीले वस्त्र पहनने से परहेज़ करें तथा चाँदी की चेनी व लॉकेट पहनना शुभ होगा।

(2) चापाती को खीर लगाकर कौओं को एवं काले रंग की गाय को खिलाएँ।

(3) काले तिल, कच्चा कोयला, नीले रंग के ऊनी कपड़े में बाँधकर शनिवार अथवा राहु के नक्षत्रों में घर के आंगन में दबाना शुभ होगा। अथवा नीले वस्त्र के बांधे रूमाल को राहु मन्त्र पढ़ते हुए जल में प्रवाह कर देवें।

## ◆ केतु शान्ति के लिए उपाय ◆

केतु कुण्डली में १, २, ४, ५, ७, ८, एवं १२वें भाव में हो, अथवा अशुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो या नीच राशिगत हो तो जातक / जातिका को शरीर कष्ट, आपसी कलह, व्यवसाय में हानि, घरेलू उलझनों आदि का सामना रहता है। केतु कृत अरिष्ट फल निवारण हेतु निम्नलिखित किसी एक मन्त्र का **१७ हज़ार की संख्या** में जाप करना लाभदायक रहता है–

**तन्त्रोक्त केतु मन्त्र–ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः।**

**केतु गायत्री मन्त्र–ॐ पद्म पुत्राय विद्महे अमृतेशाय धीमहि तन्नो केतु प्रचोदयात्॥**

सुनिश्चित मन्त्र जाप के अतिरिक्त केतु से सम्बन्धित वस्तुओं का दान, दुर्गा व गणेश जी की उपासना, कुत्तों को दूध-चपाती डालना, गर्म वस्त्र (कम्बलादि) का दान, केतु औषधि स्नान, अन्ध विद्यालय या कुष्ट आश्रम में अनाज, दवाईयों, वस्त्रादि का दान, पक्षियों को सतनाजा डालना तथा केतु यन्त्र धारण करना कल्याणकारी रहता है।

**केतु-दान योग्य, वस्तुएं**–लहसुनिया, लोहा, बकरा, नारियल, तिल, सप्तधान्य, धूम्र (धुएँ जैसे) वर्ण का वस्त्र, कस्तूरी, लौह, चाकू, कपिला गाय, दक्षिणा सहित। केतु का दान रात्रिकालीन प्रशस्त माना जाता है।

**उपाय**–(1) केतु की शान्ति के लिए श्री गणेश चतुर्थी का व्रत रखें तथा श्रीगणेश पूजन तथा लड्डुओं का भोग लगाना शुभ होगा।

(2) काले वस्त्र में बाँधकर काले व सफेद तिल चलते पानी में बहाना।

(3) रंग-बिरंगी (चितकबरी) गाय की सेवा करना एवं रंग-बिरंगे कुत्ते को दूध व चापाती (Bread) डालना। **शास्त्रोक्त एवं लाल किताब सम्बन्धी** *अधिक जानकारी एवं उपायों के लिए हमारी प्रकाशन 'अरिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय एवं टोटके' मंगवाकर पढ़ें।*

# जन्म कुण्डली में फलादेश हेतु कुछ विशेष नियम

जन्म कुण्डली के बारह भावों में मनुष्य के जन्मकाल से लेकर, बाल्य, यौवन, वृद्धत्व एवं मृत्यु पर्यन्त तथा मनुष्य के ऐहिक, विगत एवं आगामी जीवन सम्बन्धी प्रवृत्तियों एवं समस्त क्रिया–कलापों का समावेश रहता है। कुण्डली के भावों में स्थित राशियों एवं ग्रहों के बलावल, शुभाशुभ स्थिति एवं दृष्टियों तथा ग्रह दशाओं आदि के विश्लेषण के बाद ही कुण्डली द्वारा जातक के शुभाशुभ फलादेश का निर्णय किया जाता है। यद्यपि मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व को कतिपय नियमों के द्वारा सम्पूर्णतः अभिव्यक्त नहीं किया जा सकता। तथापि हमारे ज्योतिष आचार्यों ने कुण्डली में फलादेश सम्बन्धी विशिष्ट ज्ञान को यथासम्भव कुछ सूत्रों में पिरोने के श्लाघनीय प्रयास किए हैं। फलित ज्योतिष के सम्यक् ज्ञान के लिए निम्नलिखित सूत्रों एवं नियमों को ध्यान में रखना परमावश्यक है।

(1) जातक के जन्मकालिक एवं वर्तमान कालिक देश–काल, आयु, स्त्री/पुरुष, माता–पिता, कुल, व्यवसायादि का ज्ञान।

(2) **जन्म कुण्डली की शुद्धता**–सही फलादेश के लिए शुद्ध जन्मपत्री एवं जन्म कुण्डली का होना अनिवार्य है। किसी जातक की शुद्ध जन्म अथवा लग्न कुण्डली बनाने के लिए लग्न स्पष्ट तो अवश्य करना चाहिए, अन्यथा कई बार गलत एवं अशुद्ध लग्न बन जाता है, फलस्वरूप ज्योतिषी जी उपहास का पात्र बन सकते हैं।

इसके अतिरिक्त फलादेश में और भी अधिक सूक्ष्मता एवं स्पष्टता लाने के लिए जातक के जन्म समय के ग्रह–स्पष्ट, भाव स्पष्ट, चलित चक्र, सुदर्शन चक्र, नवमांशादि चक्र एवं योगिनी, विंशोत्तरी आदि ग्रह दशाओं का विश्लेषण करने के पश्चात् ही जन्म कुण्डली द्वारा फल कथन करना चाहिए।

(3) सर्वप्रथम कुण्डली में भाव, भावेश एवं भाव कारक ग्रहों की स्थिति तथा उन पर शुभाशुभ ग्रहों का विचार करना चाहिए।

> **भवन्ति भावा भावेश कारका बल संयुता।**
> **तदा पूर्ण फलं द्वाभ्यामर्घं एकेनाल्पं फलं वदेत्।।**

कुण्डली में केन्द्र त्रिकोण (१/४/५/७/९/१०) भावों में शुभ ग्रहों (चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र आदि) का होना शुभ फलदायक है, जबकि 3/6/11 भावों में पाप एवं क्रूर (सूर्य, मंगल, शनि, राहु आदि) ग्रहों का रहना शुभ फली माना जाता है।

(4) जिस भाव में जो राशि हो उस राशि का स्वामी ही उस **भाव का स्वामी या भावेश** कहलाता है। जो भाव अपने स्वामी ग्रह अथवा बुध, गुरु या शुक्र आदि शुभ ग्रह से युक्त अथवा दृष्ट हो, तथा किसी अन्य शत्रु ग्रह से युक्त एवं दृष्ट न हो, तो वह (भाव) शुभफल देता है।

(5) (*i*) जिस भाव का स्वामी शुभ ग्रह से युक्त अथवा दृष्ट हो अथवा जिस भाव में कोई शुभ मित्र ग्रह बैठा हो, या उस भाव को कोई शुभ मित्र ग्रह देखता हो, तो उस भाव सम्बन्धी शुभ फल की वृद्धि होती है।

(*ii*) जिस भाव में पाप ग्रह पड़ा हो, अथवा जिस भाव का स्वामी पाप ग्रह (शनि, मंगल, राहु आदि) से युक्त अथवा दृष्ट हो, उस भाव के फल की हानि होगी। यथा–

> **(यो यो भावः स्वामी दृष्टो युतो वा सौम्यैर्वा, स्यात् तस्यतस्य वृद्धिः।**
> **पापैरेवं तस्य भावस्य हानि निर्देष्टव्या पृच्छता जन्मतो व)।।**

(6) जिस भाव का स्वामी ग्रह उच्च राशि में हो, उसका शुभ फल पूर्ण, नीच राशि में हो तो शुभ फल का अभाव, शत्रु राशि में अल्प शुभ फल, मित्र ग्रह की राशि में चतुर्थांश, अपनी राशि के भाव में आधा और मूल त्रिकोण राशि में ३ चरण अर्थात् ३/४ शुभ फल होता है–

> **स्वोच्च स्थितः शुभफलं प्रकरोति पूर्णं नीचर्क्षगस्तु विफलं, रिपु मन्दिरेऽल्पम्।**
> **पादं शुभस्य हिते स्वगृहे तदर्धं पादत्रयं गणनगः स्थित वास्त्रकोणे।। (सारावली)**

(7) त्रिकोण भावों (१/५/९) के स्वामी शुभ फल प्रदान करने वाले होते हैं–अर्थात् इन भावों के स्वामी यदि पाप ग्रह हों तो भी शुभफल को देने वाले होते हैं, यदि सौम्यग्रह हों, तो अत्यन्त शुभ फल प्रदायक होते हैं।

> **सर्वे त्रिकोणनेतारो ग्रहाः शुभफलप्रदाः। पतयस्त्रिषडायानां यदि पापफलप्रदा।।**

त्रिषडाय (३/६/११) भावों के स्वामी कुण्डली में जहाँ भी होंगे, उस भाव के फल को अनिष्ट (अशुभ) ही करेंगे। यदि त्रिषडाय पति शुभ ग्रह हों, तो पाप ग्रहों के सदृश फल देंगे। यदि त्रिषडायपति पाप ग्रह हों, तो अत्यन्त अशुभ फल देंगे। त्रिषडाय भावों में स्थित पाप ग्रह शुभ फली माने जाते हैं।

(8) छठे, आठवें तथा बारहवें भाव के स्वामी जिन भावों में स्थित होते हैं, उस भाव के फल की हानि करते हैं।। 8वें और 12वें भाव में प्रायः सभी ग्रह अनिष्ट प्रभावकारक होते हैं।

9वें, दूसरे और 12वें भावों के स्वामी (ग्रह) अन्य भाव स्वामी ग्रह के साहचर्य से अथवा अपनी दूसरी राशि (स्वामी) के अनुसार ही शुभाशुभ फल प्रदान करते हैं। उदाहरणार्थ–यदि दूसरे भाव का स्वामी ग्रह शुक्र (जैसा कि कन्या लग्न में होता है। भाग्येश (9वें भाव का स्वामी) भी हो जाता है। यदि शुक्र शुभस्थ पड़ा हो, तो जातक के अपने भाग्यवश धन उपार्जन होता रहता है।

(10) लग्नेश (प्रथम भाव का स्वामी) ग्रह जिस भाव में पड़े, उस भाव के फल में

विशेष रूप से वृद्धि होती है। यदि लग्नेश केन्द्र या त्रिकोण भावों में पड़ा हो, अर्थात् 1, 3, 4, 5, 6, 7, 10, 11वें भाव में पड़ा हो, तो जातक क्रमशः उच्च पद प्रतिष्ठित, पुरुषार्थी, सुखी, स्त्री–संतान, सवारी आदि सुखों से युक्त, भाग्यवान, सरकारी क्षेत्रों द्वारा लाभान्वित व्यक्ति होता है। लग्नेश पर शुभ ग्रहों की दृष्टि से जातक नीरोग एवं स्वस्थ रहता है, जबकि अशुभ ग्रहों की दृष्टि से स्वास्थ्य क्षीण होता है। 11वें भाव में लग्नेश हो, तो व्यक्ति को आय के साधन एक से अधिक होते हैं। लग्नेश छठे, आठवें एवं बारहवें भावों में स्थित होने से जातक को क्रमशः शरीर कष्ट, रोग एवं शत्रु भय, कार्यों में विघ्न–भय, संघर्ष तथा अपव्यय आदि अशुभ फल प्राप्त होते हैं।

(11) (*i*) सूर्य, मंगल, शनि और राहु क्रम से एक–दूसरे से अधिक पाप एवं क्रूर ग्रह हैं। ये ग्रह अपनी नीच/पाप ग्रहों की राशियों में रहने से विशेष पापी तथा शुभ मित्र ग्रह की राशि और अपनी उच्च राशि में रहने से अल्पपापी अर्थात् अपेक्षाकृत कम अनिष्ट फल करते हैं।

(*ii*) चन्द्र, बुध, शुक्र और गुरु (ये क्रम से एक दूसरे से अधिक शुभ ग्रह हैं। ये शुभ ग्रहों की राशियों में रहने से और अधिक शुभ तथा पाप ग्रहों की राशियों में रहने से अपेक्षाकृत कम शुभ फली होते हैं।

(12) राहु, केतु और अष्टमेश (अष्टम भाव का स्वामी) जिस भाव में रहते हैं उस भाव के फल की हानि करते हैं। राहु 3, 6 एवं 9वें भावों में आकस्मिक/धन लाभ एवं अरिष्ट निवारण भी कर देता है। मतान्तर से, राहु–केतु जिस भाव में बैठते हैं, उस भाव के स्वामी के अनुसार ही शुभाशुभ फल प्रदान करते हैं। फिर भी नैसर्गिक रूपेण राहु में शनि के अर्ध गुण तथा केतु में मंगल के अर्ध गुणों का समावेश रहता ही है।

(13) गुरु छठे भाव में शत्रु नाशक, शनि आठवें भाव में दीर्घायु कारक, सूर्य व मंगल दशम भाव में भाग्य में वृद्धिकारक तथा चतुर्थ भाव में चन्द्र और शुक्र धन–सम्पदा, लग्न में गुरु व बुध तथा शनि सप्तम में भी प्रशस्त (सौभाग्यवर्द्धक) माने जाते हैं।

इस प्रकार भाव, भावेश और भाव कारक ग्रह निर्बल हों, या ये पाप ग्रहों अथवा शत्रु ग्रह से युक्त या वीक्षित हों (और शुभ ग्रहों से युत या वीक्षित न हों) तो उस भाव सम्बन्धी फल का अशुभ फल प्राप्त होगा।

(14) जिस भाव का कोई ग्रह कारक माना गया है, यदि वह अकेला उस भाव में पड़ा हो, तो उस भाव के फल की हानि करता है। जैसे सूर्य 1, 9, 10 भावों का कारक है। यदि सूर्य अकेला प्रथम भाव में पड़ा हो (और किसी अन्य शुभ ग्रह की दृष्टि न हो), तो जातक की आँखों एवं स्वास्थ्य को, नवम में हो तो भाग्योन्नति को तथा दशम में हो तो कार्य व्यवसाय में हानिकारक होगा। यदि भावकारक ग्रह पर गुरु आदि किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो उस भाव सम्बन्धी विषय में लाभ होगा।

संतान सुख में, दशम में व्यवसाय की उन्नति में तथा एकादश भाव में धन लाभ की स्थिति में कमी करता है। इसी भान्ति भावों के अन्य कारक ग्रहों के बारे में समझें।

भावों के कारक यद्यपि हमारी पुस्तक **'ज्योतिष–तत्त्व'** में लिखे हुए हैं। तथापि लिखते हैं–**यथा**–प्रथम भाव का कारक सूर्य, २. दूसरे का गुरु, ३रे भाव का मंगल, ४. चौथे का चन्द्र व बुध, ५. पंचम भाव का गुरु, ६. छठे का शनि व मंगल, ७. सप्तम का शुक्र, ८वें का शनि, नौवें का सूर्य व गुरु, दशम का सूर्य, बु. गुरु व शनि, एकादश का गुरु तथा १२वें भाव का कारक शनि होता है।

(15) **ग्रहों का कारकत्व**–कुण्डली में भावों की भान्ति ग्रहों के कारकत्व का अवश्य विचार करना चाहिए। जैसे सूर्य को पिता, आरोग्य एवं नेत्रों का कारक, चन्द्रमा को माता, मन एवं धन का, मंगल को भाई, भूमि, पुत्रादि का, बुध को बुद्धि, विद्या, वाणी, व्यापार, मामा आदि का, गुरु को विवेक–बुद्धि, विद्या, पुत्र, पति आदि का, शुक्र को स्त्री, धन, वाहन, व्यापार आदि का, तथा शनि को सुख–पीड़ा, आयु, व्यापार, रोगादि को, राहु को आकस्मिक धन तथा केतु को गुप्त–शक्ति, तन्त्र–विद्या का कारक माना जाता है।

उदाहरणार्थ कुण्डली में किसी जातक की आर्थिक स्थिति का विचार करना हो तो द्वितीय भाव, दूसरे भाव में स्थित शुभाशुभ ग्रह तथा द्वितीयेश व लाभेश ग्रहों की स्थिति के अतिरिक्त धन सम्पदा कारक ग्रह–चन्द्र व शुक्र ग्रहों की शुभाशुभ स्थिति पर भी अवश्य विचार करना चाहिए।



प्रस्तुत जन्म कुण्डली में दूसरा भाव लग्नेश बुध मित्र एवं योगकारक ग्रहों से संयुत है। द्वितीयेश शुक्र स्वराशिगत हैं। धन कारक ग्रह चन्द्र भी स्वगृही है, अतएव यह जातक विशेष धनवान होगा।

(16) जिस भाव का विचार करना हो, यदि उस भाव का स्वामी (अपने भाव) से 6, 8 या 12वें भाव में पड़े, तो उस भाव के फल को बिगाड़ेगा।



यदि विचारणीय भाव का स्वामी और अन्य शुभ ग्रह 1, 4, 5, 7, 9 और 10 भावों हों, तो उस भाव के फल की वृद्धि होगी।

**ध्यान रहे**, उपरोक्त भावों पर पाप ग्रहों की दृष्टि या स्थिति नहीं होनी चाहिए। यदि शुभ एवं अशुभ दोनों प्रकार के ग्रह अवस्थित होंगे, तो सम्बद्ध भाव सम्बन्धी मिलें जुले (मिश्रित) प्रभाव होंगे।

का विचार करना है, तो सप्तम से छठा (12वाँ), सप्तम से 8वाँ (द्वितीय), तथा सप्तम से 12वाँ छठा भाव बनेगा। इन भावों में सप्तमेश एवं पाप ग्रह हों, तो सप्तम भाव सम्बन्धी सुख (स्त्री सुख) में कमी करेंगे। जैसे साथ वाली कुण्डली में सप्तमेश शनि १२वें भाव में तथा सप्तम से अष्टम अर्थात् 2रे भाव में पापी क्रूर ग्रह राहु होने से स्त्री एवं वैवाहिक सुख में कमी रहेगी।

(17) **षड्वर्ग का विचार**—फलित में यद्यपि जातक की जन्म कुण्डली मुख्य आधार होती है, परन्तु फलादेश में और अधिक सूक्ष्मता एवं स्पष्टता लाने के लिए लग्न के अन्य वर्गों (षड्वर्गी कुण्डलियों को बनाने की प्रक्रिया उदाहरणों सहित हमारी **पुस्तक ज्योतिष तत्त्व गणित खण्ड में देखें।) षड्वर्गी**—**सप्तवर्गी** की कुण्डलियों का आश्रय लिया जाता है। जैसे—**होरा** कुण्डली से धन सम्पदा, **द्रेष्काण** से सौभाग्य, **सप्तमांश** से सन्तान सुख, **नवमांश से विवाह** एवं सुख/समृद्धि, **द्वादशांश** से माता–पिता, एवं **त्रिशांश कुं.** से जातक के व्यवहारादि चेष्टाओं का विशेष रूप से विचार किया जाता है। नवांश, द्रेष्काण आदि कुण्डलियों के विशेष फलादेश हेतु गतवर्षीय पंचांगों का अध्ययन करें।

(18) **चलित कुण्डली विचार**—चलित के बिना कुण्डली में ग्रहों की स्थिति का ठीक ज्ञान नहीं होता। ग्रह स्पष्ट और भाव स्पष्ट के तुलनात्मक विश्लेषण के बाद ही चलित कुण्डली का ज्ञान होता है। भावेश के तुल्य ग्रह ही पूर्ण फल प्रदान करता है। जब कि सन्धि की ओर बढ़ता ग्रह अल्प बली होता जाता है। सन्धि मध्य पड़ा ग्रह अर्थात् संधि तुल्य ग्रह षडबल प्राप्त होने पर भी फल देने में असमर्थ होता है। यथा—

**भावेषु भावस्फुट तुल्य भागस्तद् भावजं पूर्णफलं विधत्ते।**
**सन्धौ फलं नास्ति तदन्तराले चिन्त्योऽनुपातः खलु खेचराणाम्।।** भाव फलदीपिका।।

(19) **चन्द्र कुण्डली एवं सूर्य—कुण्डली का महत्त्व**—भारतीय ज्योतिषाचार्यों ने लग्न कुण्डली की भान्ति चन्द्र कुण्डली को भी विशेष महत्त्व दिया है। उनके अनुसार लग्न, षडवर्ग और नक्षत्र, ये देहरूप हैं तथा चन्द्रमा प्राण स्वरूप है। जिस प्रकार प्राण नष्ट होने से देह नष्ट हो जाता है, उसी प्रकार शुभाशुभ फल में चन्द्र बल को मुख्य माना गया है—

**देहो लग्नं वर्गषटको डुकानि प्राणश्चन्द्रो घातवोऽन्ये ग्रहेन्द्राः।**
**प्राणे नष्टे देहघात्वङ्गनाशो यस्मात् तस्माच्चन्द्रवीर्यं प्रधानम्।।**

चन्द्र राशि के अत्यधिक महत्त्व को स्वीकारते हुए सम्भावतः इसी कारण प्राचीन काल से ही जन्मपत्री में लग्न कुण्डली के साथ–साथ चन्द्रकुण्डली को भी लिखने की परम्परा रही है।

**चन्द्रकुण्डली** द्वारा बाल्यावस्था, बालारिष्ट योग, माता की स्थिति, मन की प्रसन्नता, स्त्री एवं धनादि सम्पदा के सुखों का तथा गोचर ग्रहों के फलादेश में विशेष रूप से चन्द्र कुण्डली से विचार किया जाता है।

**"सर्वेषु लग्नेष्वपि सत्सु, चन्द्र लग्न प्रधानं खलु गोचरेषु।।"**

इसी भान्ति **सूर्य–कुण्डली** द्वारा पिता, धैर्य, पराक्रम, आत्म एवं तेज बल, उत्साह, नेत्र शक्ति, आरोग्यता, उच्च एवं सरकारी क्षेत्रों से लाभादि का विचार किया जाता है।

(20) **ग्रहों का बलाबल**—कुण्डली में ग्रहों के बलाबल का निर्णय करने से पूर्व ग्रहों के स्थानादि बल एवं दीप्तादि व शयनादि अवस्थाओं पर भी अवश्य विचार कर लेना चाहिए। 'ज्योतिष तत्त्व' गणित एवं फलित खण्ड के आरम्भिक पृष्ठों पर ग्रहध्याय में इनका विवरण विस्तारपूर्वक किया गया है।

(21) **ग्रहों की वक्री, मार्गी, अस्तंगतादि स्थितियाँ**—कोई शुभ ग्रह जब वक्री होता है, तो अधिक शुभ फलप्रदायक हो जाता है तथा यदि क्रूर ग्रह वक्री होता है, तो और भी अधिक अनिष्ट फलकारक होता है। सामान्यतः गोचरवश जब कोई ग्रह वक्री होता है, तो अन्य ग्रहों के सहचर्यवशात् परिस्थितियों में शुभाशुभ परिवर्तन करता है।

इसी भान्ति **अस्तंगत** ग्रह जातक को मानसिक एवं शारीरिक कष्ट, कार्यों में विफलता, धन–हानि, गुप्त चिन्ता, शत्रु–भय, रोगादि अशुभ फल देता है, जबकि **उदित ग्रह** मान सम्मान एवं सौभाग्य में वृद्धि,धन लाभ एवं सुख प्रदान करता है।

(22) **ग्रहों का गोचर फल विचार**—गोचर फल पद्धति में जातक की जन्म कुण्डली में चन्द्र राशि को आधार मान कर यहाँ अन्य ग्रहों की वर्तमान कालिक संचार स्थिति का विचार किया जाता है। **उदाहरणस्वरूप** यदि किसी जातक की जन्म राशि मेष है, तो पंचाँग में लिखे अनुसार मेष राशि पर जब भी शनि आदि क्रूर ग्रह का संचार होगा, तभी जातक को शरीर कष्ट, धन हानि, एवं प्रयासों में असफलताएँ आदि अशुभ फल घटित होंगे।

उदाहरणस्वरूप सूर्य जब चन्द्रमा से गोचरवश 3, 6, 10 एवं 11वें स्थान पर आता है, तो शुभ फल करता है। जबकि शनि गोचर वश 3, 6 एवं 11वें स्थानों पर शुभ फल प्रदान करता है। इन स्थानों में शनि अकसमात्–धन लाभ, व्यवसाय में उन्नति व वाहनादि सुखों की प्राप्ति करवाता है इत्यादि।

(23) **ग्रहों का वेधफल विचार**—वेध स्थिति को प्राप्त हुआ ग्रह गोचरवश अपने शुभ भावस्थ होने पर भी शुभ फल नहीं दे पाता है। उदाहरणार्थ जैसे उपरोक्त नियमानुसार सूर्य गोचरवश 3, 6, 10, 11वें भावों में शुभफल प्रदायक होता है, परन्तु यदि कुण्डली में इन निर्दिष्ट भावों से सप्तम भाव में अर्थात् क्रमशः 9, 12, 4, 5वें भाव में (शनि के अतिरिक्त) कोई अन्य ग्रह होगा तो सूर्य अपना शुभ प्रभाव नहीं दे पाता है।

गोचर एवं वेध सम्बन्धी ज्ञान के लिए हमारी **'ज्योतिष तत्त्व गणित–खण्ड'** या **'वर्षफल चंद्रिका'** का अध्ययन भी कर सकते हैं।

(24) **अष्टकवर्ग फल विचार**—अष्टकवर्ग द्वारा फल कथन की प्रक्रिया गोचर ग्रह पद्धति का ही परिवर्धित, सूक्ष्म एवं परिष्कृत रूप है। गोचर प्रणाली में तो जन्मकालीन चन्द्रमा के आधार पर अन्य ग्रहों के संचरण का विचार किया जाता है। परन्तु अष्टकवर्ग में लग्न से तथा अन्य सभी ७ ग्रहों से वर्तमान गोचर ग्रहों का विचार किया जाता है। इस

प्रणाली के अन्तर्गत लग्न कुण्डली से लग्नाष्टक वर्ग, चन्द्र से चन्द्राष्टक वर्ग, सूर्य कुण्डली से सूर्याष्टक वर्ग अदि सभी ग्रहों के आधार पर गोचर का विचार किया जाता है। जिस ग्रह एवं लग्न के आधार पर किसी राशि में 28 या 28 से अधिक बिन्दु आएं तो उस का फल अच्छा एवं उत्तम होगा। यदि २८ से कम संख्या हो, तो जितनी कम संख्या होगी उतना अशुभ फल अधिक होगा।

(25) **एक से अधिक ग्रह–योगों का फल**–कुण्डली में कई बार दो या दो से अधिक ग्रह–चमत्कारिक फल उत्पन्न कर देते हैं। उदाहरणार्थ–केन्द्र त्रिकोण के स्वामी ग्रह जिस भाव में इकट्ठे बैठे, उस भाव का फल शुभ होगा। विशेषकर पंचम, नवम अथवा 11वें भाव में दो या अधिक ग्रहों का योग अत्यन्त शुभफल प्रदायक होता है।

कई बार ग्रहों के पारम्परिक स्थान परिवर्तन अथवा एक–दूसरे ग्रह पर दृष्टि सम्बन्ध के कारण **ग्रह योग कारक** एवं विशेष फल प्रदायक हो जाते हैं। इन योगों का विशद वर्णन प्रत्येक लग्न फल के साथ–साथ किया गया है।

(26) **ग्रहों की दशा का विचार**–जो ग्रह अपनी उच्च राशि, स्वराशि या मित्र राशि में हो वह अपनी दशा अन्तर्दशा में शुभ फल देता है, जो ग्रह नीच एवं शत्रु राशिगत होगा, वह ग्रह अपनी दशान्तरदशा में धन–हानि, शरीर कष्ट, पीड़ा आदि अशुभ फल प्रदान करता है।

(27) वृहद् पाराशरी अनुसार त्रिकोण भाव (5, 9) **लक्ष्मी के स्थान** हैं तथा केन्द्र (1, 4, 7, 10)–ये **भगवान् विष्णु के स्थान** हैं। यदि दोनों स्थानों के स्वामी विष्णु और लक्ष्मी (**लक्ष्मी–नारायण**) की कृपा का सम्बन्ध उपरोक्त छः भावों में से किसी एक भाव में हो जाए, तो यह योग श्रेष्ठ शुभ फलदायी व राज योगकारक माना जाता है। ऐसा जातक विशेष भाग्यशाली होता है–

**लक्ष्मी स्थानं त्रिकोणं च विष्णुस्थानं च केन्द्रकम्।**
**तयोः सम्बन्ध–मात्रेण राजयोगादिकं भवेत्।।** (पाराशर)।।

(28) (क) लग्नेश (लग्न का स्वामी) तथा दशमेश–दोनों परस्पर एक दूसरे के भाव में बैठे हों अर्थात् लग्नेश दशम में हो, और दशमेश लग्न में हो, तो राज–योग होता है। इस योग में उत्पन्न व्यक्ति लोक प्रसिद्ध, धनवान् और सर्वत्र विजय (सफलता) प्राप्त करने वाला होता है।

(ख) इसी भान्ति नवमेश और दशमेश ग्रह दोनों परस्पर एक दूसरे के स्थानों में हों तो भी राजयोग होता है।

(29) जो–जो भाव या ग्रह पंचमेश एवं नवमेश से युक्त या दृष्ट हों, वह सुख फलदायक होते हैं और जो–जो ग्रह षष्ठेश, अष्टमेश, द्वादशेश या मारकेश (2, 7) ग्रहों से युक्त या दृष्ट हों, वह रोग, शोक, कलह–क्लेश, अर्थ संकट एवं दुःख प्रदायक होते हैं–

**ये ये ग्रहा (भावाश्च) धर्मण–बुद्धिपाभ्यां युक्ताश्च दृष्टाश्चसुख प्रदास्ते।**
[illegible]

(30) **भाव कारकत्व**–यदि कोई ग्रह अपने कारक भाव में अकेला बैठा हो, तो उस भाव/राशि के पूर्ण फल को नहीं प्रकट कर पाता, तथापि किसी अन्य ग्रह के योग, दृष्टि आदि के सम्बन्ध से शुभाशुभ फल देता है। जैसे कहा भी है **'कारको भाव नाशाय'** अर्थात् किसी भाव का कारक होकर कोई ग्रह स्थित हो, तो वह उस भाव के फल का नाश करता है। जैसे मान लो वृश्चिक लग्न में, चन्द्रमा भाग्येश होकर चतुर्थ भाव में अकेला पड़ा हो, तो वह चतुर्थ भाव सम्बन्धी फल जैसे माता, भूमि, मकान, सवारी आदि के सुखों में विघ्नकारक होगा ना कि भाग्य–वृद्धिकर। यदि चन्द्र के साथ कोई अन्य शुभ ग्रह (गुरु, शुक्र आदि) होगा, तो चतुर्थ भाव सम्बन्धी अवश्य सुख प्रदान करेगा।

(31) किसी कुण्डली में किसी उच्च–नीचादि ग्रह देखकर फल कथन में शीघ्रता नहीं करनी चाहिए, बल्कि उस ग्रह की स्थिति का अवलोकन भाव चलित कुण्डली तथा नवांश आदि वर्ग कुण्डली में भी अवश्य करना चाहिए। किसी जातक की कुण्डली में यदि कोई ग्रह उच्च राशि अंशों में हो, परन्तु यदि नवांश में नीच राशिस्थ हो, तो उस स्थिति में जातक को मिश्रित अर्थात् शुभाशुभ दोनों फल मिलते हैं, बल्कि नीच का फल शीघ्र मिलता है। उसी भान्ति जन्म कुं. में यदि कोई ग्रह नीच का पीड़ा हो, परन्तु नवांश में उच्च का हो, तो जन्म कुण्डली वाले ग्रह का नीच फल क्षीण होकर ग्रह जातक को शुभ फल देने लगता है।

**नीचांशगस्तुंग ग्रहोपयाता जातस्य नीच फलमाशु दद्युः।**
**नीचगतास्तुंग नवांशकस्थाः सौम्यं फलं व्योमचराः प्रकुर्युः।।** (जातक पारिजात)

यदि जन्म लग्न और नवांश कुण्डली का लग्न समान हो, तो वह वर्गोत्तम नवांश होता है। वर्गों. नवांश में उत्पन्न जातक अपने कुल, परिवार एवं विभाग का मुखिया एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व तथा साधन सम्पन्न व्यक्ति होता है। इसी भान्ति, यदि जन्म कुण्डली में कोई ग्रह स्वोच्च, स्वगृही या मित्र भावी हो तथा नवांश कुण्डली में भी वह स्वगृही, उच्च या मित्र भावी स्थिति में हो, तो वह ग्रह भी वर्गोतमी कहलाता है, तथा वर्गोत्तम स्थिति में गया ग्रह अपने भाव एवं कारकत्व अनुसार विशेष शुभ एवं उत्तम फल प्राप्त होते हैं।

(32) कुण्डली में दो, तीन या अधिक ग्रहों के फल का निर्णय करते समय ध्यान दें कि जो ग्रह सर्वाधिक बली होगा, वह अन्य ग्रहों के फल को भी प्रभावित करता है। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण **'ज्योतिष तत्त्व'** फलितखण्ड के द्वितीय भाग में अवलोकन करें।

(33) लग्न भाव पर जितने अधिक शुभ ग्रहों की दृष्टि होगी, उस जातक का व्यक्तित्व उतना अधिक बलान्वित, समृद्ध एवं भाग्यशाली होगा। ऐसा व्यक्ति जीवन में विशेष उन्नति करता है।

(34) क्रूर एवं पापी ग्रह तथा 6, 8 एवं 12वें भाव का स्वामी गोचरवश जिस *भाव में भी जाता है, जातक को उस भाव सम्बन्धी हानि, कष्ट, रोग, शोक एवं परेशानियां* [illegible]

(35) सभी ग्रह अपनी महादशा में जब अपनी ही अन्तर्दशा आती है, तब शुभ फल नहीं करते, अपितु अपने मित्र ग्रह एवं अपनी उच्चराशि के स्वामी ग्रह की अन्तर्दशा आने पर ही शुभ फल प्रदान करते हैं। इस सम्बन्ध में और अधिक जानकारी हेतु ज्योतिष तत्त्व के **'विंशोतरी महादशा/अन्तर्दशा'** सम्बन्धी अध्याय का स्वाध्याय कीजिए।

(36) शनि की महादशा में शुक्र का अन्तर हो, तो शुक्र अपने गुण छोड़कर शनि के प्रभाव ग्रहण कर लेता है। कुण्डली में शनि अशुभस्थ हो, तो शुक्र भी अशुभ फल देने वाला हो जाता है। शुक्र एवं शनि यद्यपि परस्पर नैसर्गिक मित्र है। अतएव शुक्र मध्ये शनि की अर्न्तदशा में शनि शुभ फल अर्थात् शुक्र के समान फल प्रदान करेगा।

(37) ज्योर्तिमतानुसार शीर्षोदय राशियों (मिथुन, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक और कुम्भ राशियां) में स्थित शुभाशुभ ग्रह अपनी दशा एवं गोचर आदि वश शीघ्र फल प्रदान करते हैं तथा पृष्ठोदय राशियों (1, 2, 4, 9, 10) में पड़े ग्रह विलम्ब से अपना शुभाशुभ फल देते हैं। जबकि मीन (उभयोदय) राशि में पड़े ग्रह राशि के मध्य में अपना शुभाशुभ फल प्रकट करते हैं। एक अन्य मतानुसार शीर्षोदय राशियों में पड़े शुभ ग्रह अत्यन्त शुभ फल करते हैं जबकि पृष्ठोदयी राशियों में क्रूर एवं पापग्रह और भी अधिक अशुभ एवं हानिकारक होते हैं।

(38) तीसरे, छठे एवं ग्यारहवें भावों में राहु, शनि एवं मंगल हों, तो अनेक अरिष्टों का नाश करके धन, सुख एवं ऐश्वर्य में वृद्धि करते हैं–

**'त्रिषड् एकादशे राहु, त्रिषड् एकादशे शनिः, त्रिषड् एकादशे भौम सर्वारिष्ट निवारकाः।।'**

(39) किसी जन्म कुण्डली में पड़े उच्चादि ग्रह को देखकर एकदम यह निर्णय नहीं लेना चाहिए कि वह सदा अच्छा (उत्तम) फल ही करेगा। बल्कि ग्रह सम्बन्धी शुभाशुभ निर्णय करने से पूर्व यह भी देखें कि जिस राशि में वह ग्रह उच्चादि अवस्था में पड़ा है, उस राशि का स्वामी यदि दुःस्थान में नीच आदि अवस्था में होगा, तो वांछित शुभ फल नहीं करेगा। जैसे उदाहरण में भाग्येश सूर्य पंचम भाव में उच्च राशिस्थ होने पर भी, पंचमेश मंगल यदि अष्टम में नीच राशिस्थ है, तो जातक को उच्च विद्या, धन एवं सन्तानादि के सम्बन्ध में विघ्न एवं परेशानीकारक होगा। यही नियम नीच राशि पर भी होगा, अर्थात् यदि कुण्डली में कोई ग्रह नीच राशिगत पड़ा है, परन्तु उस नीच राशि का स्वामी केन्द्र या त्रिकोण में उच्च या मित्र राशिगत हो तो नीच राशि का ग्रह विशेष अशुभ फल नहीं देगा।



फलादेश सम्बन्धी और अधिक विस्तृत नियमों की जानकारी के लिए हमारी पूर्व प्रकाशित ज्योतिष तत्त्व फलित खण्ड के दोनों भागों का अवलोकन करें।

## पितृ दोष की शान्ति हेतु विशेष उपाय

उपरोक्त उपायों के अतिरिक्त सामान्य उपाय करने भी पितृ आदि दोषों की शान्ति में लाभ प्रदायक सिद्ध होंगे–

1. अपने गृह की दक्षिण दिशा की दीवार पर अपने दिवंगत पूर्वजों के फोटों लगाकर उन पर हार चढ़ाकर सम्मानित करना चाहिए तथा उनकी मृत्यु तिथि पर ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र एवं दक्षिणा सहित दान, पितृ तर्पण एवं श्राद्ध कर्म करने चाहिए।

2. जीवित माता–पिता एवं भाई–बहनों का भी आदर–सत्कार और धन, वस्त्र, भोजनादि से सेवा करते हुए उनके आशीर्वाद ग्रहण करते रहें।

3. हर अमावस को अपने पितरों का ध्यान करते हुए पीपल पर कच्ची लस्सी, गंगाजल, थोड़े काले तिल, चीनी, चावल, जल, पुष्पादि चढ़ाते हुए **ॐ पितृभ्यः नमः** मन्त्र तथा पितृ सूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

4. हर अमावस के दिन दक्षिणीभिमुख होकर दिवंगत पितरों के लिए **पितृ तर्पण** करना तथा **अमावस को पितृ स्तोत्र या पितृ सूक्त** का पाठ करना, त्रयोदशी को **नीलकण्ठ स्तोत्र** का पाठ करना, पंचमी तिथि **सर्पसूक्त** का पाठ करना तथा पूर्णमाशी के दिन **श्री नारायण कवच** का पाठ करने के पश्चात् ब्राह्मणों को मिष्ठान्न व दक्षिणा सहित भोजन करवाना पितृदोष की शान्ति के लिए शुभ होता है।

5. हर संक्रान्ति, अमावस एवं रविवार को सूर्य देव को ताम्र बर्तन में लाल–चन्दन, गंगाजल, शुद्ध जल डालकर बीज मंत्र पढ़ते हुए तीन बार अर्घ्य देवें।

6. नियमित श्राद्ध के अतिरिक्त श्राद्ध के दिनों में गौओं को चारा तथा कौओं, कुत्तों व भूखों को खाना खिलाना चाहिए।

7. श्राद्ध के दिनों विशेषकर अण्डा, मीट, शराब आदि तामसिक भोजन तथा पराये अन्न से परहेज करना चाहिए।

8. सोमवार के दिन आक के 21 पुष्पों, कच्ची लस्सी, बिल्व–पत्रादि सहित श्रीशिवजी की पूजा करने से पितृ दोष का शमन होता है।

9. पीपल वृक्ष पर मध्याह्न को जल, पुष्पाक्षत, दूध, गंगाजल, काले तिल आदि चढ़ाएं व सायं को दीप जलाएं तथा नाग स्तोत्र, महामृत्युञ्जय मंत्र, या रूद्र सूक्त या पितृ स्तोत्र, नवग्रह स्त्रोत का पाठ करने से तथा ब्राह्मण भोजन कराने से पितृ आदि दोष की शान्ति होती है।

10. कुल देवता एवं इष्ट देव की भी पूजार्चना करनी चाहिए।

11. किसी गरीब कन्या के विवाह या बीमारी में सहायता करें।

इसके अतिरिक्त सर्प पूजा, ब्राह्मणों को गोदान, कुआं खुदवाना, पीपल व बरगद के वृक्ष लगवाना, विष्णु मंत्रों का जप करना, श्रीमद्भगवद् गीता का पाठ करना, माता–पिता का आदर करना, पितरों के नाम से अस्पताल, मंदिर, विद्यालय, धर्मशाला आदि बनवाने से भी पितृ आदि दोषों की शांति होती है।

# कालसर्पयोग-अरिष्ट निवारक कुछ उपाय

**जन्म कुण्डली में यदि राहु और केतु के बीच एक ही तरफ में सभी सातों ग्रह ( सू., चं., मं., बु., गु., शु., श. ) पड़ जाएँ, तो कालसर्प नामक** योग बनता है। इस योग में उत्पन्न जातक (पुरुष अथवा स्त्री) को व्यवसाय, धन, परिवार एवं सन्तानादि के कारण विविध परेशानियों एवं दुःखों से पीड़ित रहना पड़ता है-

**अग्रे वा चेत् पृष्ठतोऽप्येकपार्श्वे भानांषट्के राहुकेत्वो न खेटः।**
**योगः प्रोक्तः कालसर्पश्च तस्मिन्जातो जाता वाऽर्थपुत्रर्त्तिमीयात्॥**

**कालसर्प योग** से पीड़ित कुछ उल्लेखनीय महत्त्वपूर्ण कुण्डलियाँ इस प्रकार से हैं-स्वतन्त्र **भारतवर्ष एवं पाकिस्तान की जन्म कुण्डली**, पं० जवाहर लाल नेहरू, पाकिस्तान के भूतपूर्व शासक जुल्फकार भुट्टो, हिटलर ( जर्मनी ), सुश्री लतामंगेशकर इत्यादि। इनकी कुण्डलियों का विश्लेषात्मक अध्ययन ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) में पढ़ें।

वास्तव में राहु-केतु छाया ग्रह हैं। राहु का देवता 'काल' है। केतु का देवता सर्प हैं। कालसर्प योग के प्रभाव के कारण प्रत्येक कार्य में विघ्न-बाधाएँ तथा आर्थिक उन्नति में बाधाएं रहती हैं। परन्तु यह आवश्यक नहीं है कि कुण्डली में केवल कालसर्प योग ही प्रभावित कर रहा हो। कुंडली में बैठे अन्य शुभ योग जातक को आश्चर्यजनक सफलताएं दिला सकता है। कालसर्प योग अत्यन्त समृद्ध साधन सम्पन्न अमीर व्यक्ति की कुंडली में भी हो सकता है अथवा दीन, अभावग्रस्त गरीब व्यक्ति की कुण्डली में भी हो सकता है। मुख्यतः इस योग के प्रभावस्वरूप मनुष्य अपनी अन्तर्मन की शक्तियों का पूर्णतया उपयोग नहीं कर पाता अथवा सब सुख-साधन सम्पन्न होते हुए भी मानसिक तनाव एवं असन्तोष बना रहता है तथा अज्ञातभय एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त रहती है।

**लक्षण**-इस योग के कारण जातक को स्वप्नों में सर्प दिखाई देते हैं, पानी दिखना, अपने-आप को उड़ते हुए देखना, परिवार के किसी सदस्य पर विपत्ति आना, पितृशिव देखना, सर्प और नेवेले की लड़ाई दिखे तो निश्चय ही गृह-कलह हो सकता है। कालसर्प योग का उपाय कर लें। ये सब लक्षण है कि आपकी कुण्डली में कालसर्प या आंशिक कालसर्प योग है। आप अपनी कुण्डली किसी विद्वान् ज्योतिषी को दिखाकर उपाय करें।

कालसर्प दोष केवल ग्रह-जनित पीड़ा है, इसलिए इसकी शान्ति मुख्य रूप से-(१) द्वादश ज्योर्तिलिंगों में से किसी एक ज्योर्तिलिंग के निकट (२) क्योंकि इस योग के अधिष्ठाता श्री महाकाल ही हैं। अतएव यदि प्रसिद्ध महाकालेश्वर ज्योतृिलग एवं सिद्ध शक्ति पीठ, कलिया नाग के निवास स्थल पुण्य सलिला क्षिप्रा गंगा के तट पर उज्जैन नगर में है। (३) प्रयागराज (४) नासिक में (५) अथवा यदि सम्भव न हो तो शिव मन्दिर में द्वादश ज्योतृिलग का ध्यान करते हुए करें।

## —कालसर्प दोष शान्ति के लिए उपाय—

कालसर्प दोष की शान्ति के लिए मुख्य रूप से (१) ग्रह शान्ति (२) सर्प दोष (३) पितृ दोष शान्ति एवं नागबलि एवं शिव पूजन वैदिक पुराणोक्त विधि से किसी योग्य ब्राह्मण द्वारा करवानी चाहिए। (४) विधिपूर्वक महामृत्युञ्जय का जप भी करें।

यदि कुण्डली में **काल सर्पयोग** पड़ा हो, तो निम्नलिखित किंचित् उपाय करने **शुभ एवं कल्याणकारी** होंगे-(1) **कालसर्प** की अरिष्ट शान्ति के लिए शिव मन्दिर में सवा लाख **ॐ नमः शिवाय** मन्त्र का पाठ करना तथा पाठोपरान्त रूद्राभिषेक करवाने का विशेष महत्त्व है। साथ ही शिवलिंग पर चांदी का **सर्प** मनसा-नाग स्तोत्र एवं नाग पूजनादि करके चढ़ाना शुभ होगा।

**नाग गायत्री मन्त्र**-ॐ नव कुलाय विद्महे विषदंताय धीमहि तन्नो सर्पः प्रचोदयात्॥

(2) प्रत्येक शनिवार एक नारियल को तैल एवं काले तिलों का तिलक लगाकर, मौली लपेटकर अपने शिर से तीन बार घुमा कर **ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः** मन्त्र कम-से-कम तीन बार पढ़कर चलते पानी में बहा देवें-ऐसे कम-से-कम **पाँच शनिवार करें।**

(3) प्रत्येक **शनिवार** कुत्तों को दूध और चपाती डालनी तथा गौओं, कौओं को तैल के छीटें देकर रसोई की प्रथम चपातियां डालना शुभ है।

(4) **कालसर्प** योग के कारण यदि वैवाहिक जीवन में बाधा आती हो, तो जातक पत्नी के साथ दोबारा विवाह करें एवं घर के चौखट द्वार पर चांदी का स्वस्तिक चिन्ह बनवा कर लगवाएं।

(5) घर में **मयूर पंख** का पंखा पवित्र स्थान पर रखें तथा भगवान् शिव का ध्यान करते हुए प्रातः उठते ही तथा सोने से पूर्व मयूर पंखे द्वारा हवा करें।

(6) प्रत्येक संक्रान्ति को गंगा जल सहित गोमूत्र का छिड़काव घर के सभी कमरों में करें।

(7) कालसर्प योग शान्ति के लिए नवनाग देवताओं के नाम का उच्चारण करना चाहिए-

**नवनाग स्तोत्र**- **अनंतं वासुकिं शेष पद्मानाभम् च कंबलम्।**
**शंखपालं कर्कोटकं कालियं तक्षकं तथा॥**
**एतानि संस्मरेन्नित्यं आयुः कामार्थ सिद्धये।**
**सर्पदोष क्षयार्थं च पुत्रपौत्रान् समृद्धये॥**
**तस्मै विषभयं नास्ति सर्वत्र विजयी भवेत्॥**

(8) महाकुम्भ पर्व के अवसर पर प्रमुख स्नान करें और कुम्भ में स्थित शिव मन्दिर में जाकर विधिपूर्वक पूजन करें। चाँदी के बने नाग-नागिन के कम-से-कम ११ जोड़ों को प्रतिदिन शिवलिंग में चढ़ाएँ तथा महादेव से इस कुयोग से मुक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करें।

(9) सोना-७ रत्ती, चाँदी-१२ रत्ती, तांबा-१६ रत्ती-ये तीनों मिलाकर सर्पाकार अंगूठी अनामिका अंगुली में धारण करने से वांछित लाभ प्राप्त होता है। जिस दिन धारण करें, उस दिन राहु की सामग्री का आंशिक दान भी करना चाहिए।

(10) नागपंचमी का व्रत करें तथा नवनाग स्तोत्र का पाठ करें। 'अनन्त चतुर्दशी' का व्रत भी विधिपूर्वक रखें।

(11) प्रत्येक बुधवार को काले वस्त्र में उड़द या मूंग एक मुट्ठी डालकर, राहु का मन्त्र जाप कर किसी भिखारी को दे देवें। यदि दान लेने वाला कोई नहीं मिले तो बहते पानी में उस अन्न को छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार 72 बुधवार करते रहने से अवश्य लाभ होता है।

(12) यदि किसी स्त्री की कुंडली इस योग से दूषित है तथा संतति का अभाव है, पूजन-विधि नहीं करवा सकती तो किसी अश्वत्थ (बट) के वृक्ष से नित्य १०८ प्रदक्षिणा (घेरे) लगाने चाहिए। तीन सौ दिन में जब २८००० प्रदक्षिणा पूरी होगी तो दोष दूर होकर स्वतः ही संतति की प्राप्ति होगी।

*(13) इसके अतिरिक्त महाकाल रुद्र स्तोत्र, मनसादेवी नाग स्तोत्र, महामृत्युञ्जय आदि स्तोत्रों का विधि-विधान से पूजन, हवन करने से कालसर्प दोष की शान्ति हो जाती है।*

*कालसर्प दोष की शान्ति के लिए हमारी पुस्तक की प्रतीक्षा कीजिए।*

[illegible] स्तोत्र एवं नाग पूजनादि करके चढ़ाना शुभ होगा। कालसर्प योग की शान्ति के लिए हमारी पुस्तक की प्रतीक्षा कीजिए।

# सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि, गुरुपुष्य-आदि योग-वि. संवत् २०८१ (सन् 2024-2025 ई.)

दैनिक जीवन में आने वाले महत्त्वपूर्ण कार्यों के लिए शीघ्र ही सर्वांगशुद्ध मुहूर्त्त का अभाव हो, तथा इन शुभ मुहूर्त्तों की प्रतीक्षा में अधिक दिनों तक रुका न जा सकता हो, तो इन सुयोग वाले मुहूर्त्तों को सरलता से ग्रहण किया जा सकता है। इनसे प्राप्त होने वाले अभीष्ट शुभ फल के विषय में संशय नहीं करना चाहिए। ये सुयोग हैं—सर्वार्थसिद्धि, अमृतसिद्धि, रवियोग, सिद्धि, रत्नांकुर एवं प्रशस्तादि योग। **'यथा नाम तथा गुणा'** उक्ति के अनुसार सर्वाङ्गीण सिद्धिकारक हैं।

***(1) सर्वार्थ सिद्धि योग***—महत्त्वपूर्ण एवं आवश्यक कार्य जैसे—कोई व्यापारिक या राजकीय अनुबन्ध (कान्ट्रेक्ट) करना, परीक्षा, नौकरी अथवा चुनाव आदि के लिए आवेदन करना, क्रय-विक्रय करना, यात्रा या मुकद्दमा करना, भूमि, सवारी, वस्त्र-आभूषणादि का क्रय करने के लिए शीघ्रतावश गुरु-शुक्रास्त, अधिमास एवं वेधादि का विचार सम्भव न हो, तो ये सर्वार्थसिद्धि योग ग्रहण किए जा सकते हैं।

***(2) अमृतसिद्धि योग***—में स. सि. योगों वाले कृत्यों के अतिरिक्त प्रेम-विवाह करना, विदेश-यात्रा, किसी कार्य सिद्धि हेतु सुकाम अनुष्ठान करना आदि कृत्य किए जा सकते हैं। **अमृसिद्धि योग संज्ञा वाले सर्वार्थसिद्धि योग विशेष शुभ फलदायक माने गए हैं।** परन्तु अमृतसिद्धि योग के दिन कुछ तिथियां त्याज्य मानी गयी हैं। रविवार से शनिवार क्रमशः 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 तिथियां वर्जित हैं। **उदाहरण**—जैसे रविवार को हस्त नक्षत्र हो, तो अमृतसिद्धि योग बना है, परन्तु यदि उस दिन पंचमी तिथि आ पड़े तो उस तिथि काल में स.सि. एवं अमृतसिद्धि योग दूषित होगा। अतः इस काल को त्याग देना चाहिए।

***(3) रविपुष्य योग***—में जड़ी-बूटी तोड़ना तथा तोड़कर औषधि तैयार करना, किसी विशेष रोग में रोगी को औषधि देना शुभ होता है। यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि प्रयोगों में भी यह योग विशेष शुभ होता है।

***(4) गुरुपुष्य योग***— गुरु अथवा पिता, दादा या श्रेष्ठ व्यक्ति से मन्त्र, तन्त्र या किसी विशिष्ट विषय के सम्बन्ध में उच्च-विद्या ग्रहण करना, धन, भूमि-विद्या एवं आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करना, कोई धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ करना, गुरु धारण करना, विदेश-यात्रा आरम्भ करना शुभ होता है। परन्तु **'विवाह'** सर्वथा त्याज्य है।

उपरोक्त सभी योगों में से कोई योग विशेष ग्रहण करने से पूर्व तिथि एवं चन्द्रमा का बल भी ध्यान में रख लेवें, तो अत्यन्त लाभदायक होगा। (अर्थात् कृष्ण पक्ष की त्र्योदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा पर्यन्त चन्द्रमा निर्बल माना जाता है।) इनके अतिरिक्त गुरु-शुक्र ग्रहों के अस्त काल, अधिक मास, ग्रहण काल, श्राद्ध पक्ष आदि का भी ध्यान कर लेना शुभ होगा। **विवाह, मुण्डन, गृहनिर्माण, गृहप्रवेश आदि कार्य निर्धारित मुहूर्त्तों में ही करने शुभ होंगे। ध्यान रहे,** इस वर्ष शुक्र 24 अप्रैल, 2024 ई. से 6 जुलाई, 2024 ई. तक अस्त रहेगा। जबकि गुरु 6 मई, 2024 ई. से 2 जून, 2024 ई. तक अस्त रहेगा।

**—पण्डित आदित्य शर्मा, गणितकर्ता**

### सर्वार्थ सिद्धि योग

| प्रारम्भ काल | | समाप्ति काल | |
|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. मिं. | 2024 ई. | घं. मिं. |
| 7 अप्रै. | 12 58 | 8 अप्रै. | सू. उ. |
| 9 अप्रै. | 7 32 | 10 अप्रै. | 5 07 |
| 11 अप्रै. | 3 06 | 11 अप्रै. | सू. उ. |
| 16 अप्रै. | 3 06 | 16 अप्रै. | सू. उ. |
| 21 अप्रै. | सू. उ. | 22 अप्रै. | सू. उ. |
| 25 अप्रै. | 26 24 | 27 अप्रै. | 3 40 |
| 28 अप्रै. | सू. उ. | 29 अप्रै. | 4 49 |
| 5 मई | सू. उ. | 5 मई | 19 57 |
| 7 मई | सू. उ. | 7 मई | 15 32 |
| 8 मई | 13 34 | 9 मई | सू. उ. |
| 13 मई | 11 24 | 14 मई | सू. उ. |
| 14 मई | 13 05 | 15 मई | सू. उ. |
| 19 मई | सू. उ. | 20 मई | 3 16 |

### सर्वार्थ सिद्धि योग

| प्रारम्भ काल | | समाप्ति काल | |
|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. मिं. | 2024 ई. | घं. मिं. |
| 23 मई | 9 15 | 24 मई | 10 10 |
| 26 मई | सू. उ. | 26 मई | 10 36 |
| 2 जून | 25 40 | 3 जून | सू. उ. |
| 4 जून | 22 35 | 6 जून | सू उ. |
| 9 जून | 20 21 | 10 जून | 21 40 |
| 11 जून | सू. उ. | 11 जून | 23 39 |
| 16 जून | सू. उ. | 16 जून | 11 13 |
| 19 जून | 17 23 | 20 जून | 18 10 |
| 23 जून | 17 04 | 24 जून | सू. उ. |
| 24 जून | 15 54 | 25 जून | सू. उ. |
| 30 जून | 7 34 | 1 जुला. | सू. उ. |
| 2 जुला. | सू. उ. | 3 जुला. | 4 40 |
| 3 जुला. | सू. उ. | 4 जुला. | सू. उ. |

### सर्वार्थ सिद्धि योग

| प्रारम्भ काल | | समाप्ति काल | |
|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. मिं. | 2024 ई. | घं. मिं. |
| 6 जुला. | 4 07 | 6 जुला. | सू. उ. |
| 7 जुला. | सू. उ. | 8 जुला. | 6 03 |
| 9 जुला. | सू. उ. | 9 जुला. | 7 53 |
| 17 जुला | सू. उ. | 18जुला. | 3 13 |
| 21 जुला | सू. उ. | 21 जुला | 24 14 |
| 22 जुला | सू. उ. | 22जुला. | 22 21 |
| 26जुला. | 14 30 | 27 जुला | सू. उ. |
| 28 जुला | सू. उ. | 28 जुला | 11 48 |
| 30 जुला | सू. उ. | 30 जुला | 10 23 |
| 31 जुला | सू. उ. | 1 अग. | सू. उ. |
| 2 अग. | 10 59 | 3 अग. | सू. उ. |
| 4 अग. | सू. उ. | 4 अग. | 13 26 |
| 11 अग. | 5 49 | 11 अग. | सू. उ. |

### सर्वार्थ सिद्धि योग

| प्रारम्भ काल | | समाप्ति काल | |
|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. मिं. | 2024 ई. | घं. मिं. |
| 14 अग. | सू. उ. | 14 अग. | 12 13 |
| 18 अग. | सू. उ. | 18 अग. | 10 15 |
| 19 अग. | सू. उ. | 19 अग. | 8 10 |
| 22 अग. | 22 06 | 24 अग. | सू. उ. |
| 26 अग. | 15 55 | 27 अग. | सू. उ. |
| 28 अग. | सू. उ. | 28 अग. | 15 53 |
| 29 अग. | 16 40 | 30 अग. | 17 56 |
| 7 सितं. | 12 34 | 8 सितं. | सू. उ. |
| 9 सितं. | 18 04 | 10 सितं. | सू. उ. |
| 14 सितं. | 20 33 | 15 सितं. | सू. उ. |
| 19 सितं. | 8 04 | 20 सितं. | 26 43 |
| 23 सितं. | सू. उ. | 24 सितं. | सू. उ. |
| 26 सितं. | सू. उ. | 27 सितं. | सू. उ. |
| 2 अक्तू | 12 23 | 3 अक्तू | सू. उ. |

### सर्वार्थ सिद्धि योग

| प्रारम्भ काल | | समाप्ति काल | |
|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. मिं. | 2024 ई. | घं. मिं. |
| 5 अक्तू | सू. उ. | 5 अक्तू | 21 33 |
| 7 अक्तू | सू. उ. | 7 अक्तू | 26 25 |
| 12 अक्तू | 5 25 | 13 अक्तू | 4 28 |
| 15 अक्तू | 22 09 | 16 अक्तू | सू. उ. |
| 17 अक्तू | सू. उ. | 18 अक्तू | 13 26 |
| 21 अक्तू | सू. उ. | 22 अक्तू | 5 51 |
| 24 अक्तू | सू. उ. | 25 अक्तू | सू. उ. |
| 30 अक्तू | सू. उ. | 30 अक्तू | 21 44 |
| 4 नवं. | सू. उ. | 4 नवं. | 8 04 |
| 8 नवं. | 12 03 | 9 नवं. | 11 48 |
| 12 नवं. | 7 52 | 13 नवं. | 5 40 |
| 14 नवं. | सू. उ. | 14 नवं. | 24 33 |
| 16 नवं. | 19 28 | 17 नवं. | सू. उ. |
| 18 नवं. | सू. उ. | 18 नवं. | 15 49 |

## सर्वार्थ सिद्धि योग

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. | मिं. | 2024 ई. | घं. | मिं. |
| 21 नवं. | सू. | उ. | 21 नवं. | 15 | 36 |
| 24 नवं. | 22 | 17 | 25 नवं. | सू. | उ. |
| 6 दिसं. | सू. | उ. | 6 दिसं. | 17 | 19 |
| 10 दिसं. | सू. | उ. | 10 दिसं. | 13 | 30 |
| 12 दिसं. | सू. | उ. | 12 दिसं. | 9 | 53 |
| 14 दिसं. | सू. | उ. | 15 दिस. | 3 | 55 |
| 22 दिसं. | सू. | उ. | 23 दिसं. | सू. | उ. |
| 27 दिसं. | 20 | 29 | 28 दिस. | सू. | उ. |
| 29 दिसं. | 23 | 22 | 30 दिसं. | सू. | उ. |
| (सन् 2025 ई०) | | | | | |
| 5 जन. | 20 | 18 | 6 जन. | सू. | उ. |
| 7 जन. | 17 | 50 | 8 जन. | सू. | उ. |
| 11 जन. | सू. | उ. | 11 जन. | 12 | 29 |
| 19 जन. | सू. | उ. | 20 जन. | सू. | उ. |
| 24 जन. | 5 | 08 | 25 जन. | 7 | 08 |
| 26 जन. | 8 | 26 | 27 जन. | सू. | उ. |
| 2 फर. | सू. | उ. | 2 फर. | 24 | 53 |
| 4 फर. | सू. | उ. | 4 फर. | 21 | 50 |
| 5 फर. | 20 | 33 | 6 फर. | सू. | उ. |
| 10 फर. | 18 | 01 | 11 फर. | सू. | उ. |
| 11 फर. | 18 | 34 | 12 फर. | सू. | उ. |
| 16 फर. | सू. | उ. | 17 फर. | 4 | 31 |
| 20 फर. | 13 | 30 | 21 फर. | 15 | 54 |
| 23 फर. | सू. | उ. | 23 फर. | 18 | 43 |
| 2 मार्च | सू. | उ. | 2 मार्च | 9 | 00 |
| 3 मार्च | 6 | 39 | 3 मार्च | सू. | उ. |
| 4 मार्च | 26 | 38 | 6 मार्च | सू. | उ. |
| 9 मार्च | 23 | 55 | 10 मार्च | 24 | 52 |
| 11 मार्च | सू. | उ. | 11 मार्च | 26 | 16 |
| 16 मार्च | सू. | उ. | 16 मार्च | 11 | 45 |
| 19 मार्च | 20 | 50 | 20 मार्च | 23 | 32 |
| 24 मार्च | 4 | 18 | 24 मार्च | सू. | उ. |

## अमृत सिद्धि योग

**विशेष**—कुछ विद्वान स.सि.यो. में अमृत-सिद्ध योग का संयोग अशुभ मानते हैं, जबकि नवीन मतानुसार कुछ विशेष तिथियां एवं घटिकाएं ही त्याज्य मानी गई हैं। यथा–रविवार से शनिवार तक क्रमशः 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 तिथियां एवं प्रारम्भ की 6 घड़ियां ही विषाक्त एवं त्याज्य मानी गई हैं।

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. | मिं. | 2024 ई. | घं. | मिं. |
| 9 अप्रै. मंग | 7 | 32 | 10 अप्रै. | 5 | 07 |
| 21 अप्रै. रवि | 17 | 08 | 22 अप्रै. | सू. | उ. |
| 7 मई. मंग | सू. | उ. | 7 मई | 15 | 32 |
| 19 मई, रवि | सू. | उ. | 20 मई | 3 | 16 |
| 16 जून, रवि | सू. | उ. | 16 जून | 11 | 13 |
| 19 जून, बुध | 17 | 23 | 20 जून | सू. | उ. |
| 17 जुला. बुध | सू. | उ. | 18 जुला. | 3 | 13 |
| 26 जुला. शु. | 14 | 30 | 27 जुला | सू. | उ. |
| 14 अग. बुध | सू. | उ. | 14 अग. | 12 | 13 |
| 23 अग. शु. | सू. | उ. | 23 अग. | 19 | 54 |
| 23 सितं. चंद्र | 22 | 08 | 24 सितं. | सू. | उ. |
| 26 सितं. गुरु | 23 | 34 | 27 सितं. | सू. | उ. |
| 21 अक्तू चंद्र | 6 | 51 | 22 अक्तू | 5 | 51 |
| 24 अक्तू गुरु | सू. | उ. | 25 अक्तू | सू. | उ. |
| 16 नवं. शनि | 19 | 28 | 17 नवं. | सू. | उ. |
| 18 नवं. चंद्र | सू. | उ. | 18 नवं. | 15 | 49 |
| 21 नवं. गुरु | सू. | उ. | 21 नवं. | 15 | 36 |
| 14 दिसं. शनि | सू. | उ. | 15 दिसं. | 3 | 55 |
| (सन् 2025 ईसवी में) | | | | | |
| 7 जन. मंग | 17 | 50 | 8 जन. | सू. | उ. |
| 11 जन. शनि | सू. | उ. | 11 जन. | 12 | 29 |
| 19 जन. रवि | 17 | 30 | 20 जन. | सू. | उ. |
| 4 फर. मंग | सू. | उ. | 4 फर. | 21 | 50 |
| 16 फर. रवि | सू. | उ. | 17 फर. | 4 | 31 |
| 16 मार्च रवि | सू. | उ. | 16 मार्च | 11 | 45 |

## ◆ रवि योग–संवत् २०८१ वि. ◆

रवि योग तिथि, वार, नक्षत्रादि से सम्बन्धित कुंयोगों के दोषों को दूर कर देता है। सामान्यतः अन्नदान, गोदान, भूदान एवं सरकारी क्षेत्रों में सेवाओं (जैसे– प्रतिष्ठित पद ग्रहण आदि) के लिए इनका उपयोग किया जाता है।

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. | मिं. | 2024 ई. | घं. | मिं. |
| 11 अप्रै. | 3 | 06 | 11 अप्रै. | 25 | 38 |
| 12 अप्रै. | 24 | 51 | 13 अप्रै. | 21 | 04 |
| 13 अप्रै. | 24 | 49 | 14 अप्रै. | 25 | 35 |
| 17 अप्रै. | 5 | 16 | 19 अप्रै. | 10 | 57 |
| 21 अप्रै. | 17 | 08 | 22 अप्रै. | 20 | 00 |
| 30 अप्रै. | 4 | 43 | 1 मई | 4 | 09 |
| 10 मई | 10 | 47 | 11 मई | 7 | 02 |
| 11 मई | 10 | 15 | 12 मई | 10 | 27 |
| 13 मई | 11 | 24 | 14 मई | 13 | 05 |
| 16 मई | 18 | 14 | 18 मई | 24 | 23 |
| 21 मई | 5 | 46 | 22 मई | 7 | 47 |
| 29 मई | 8 | 39 | 30 मई | 7 | 31 |
| 9 जून | 20 | 21 | 10 जून | 21 | 40 |
| 11 जून | 23 | 39 | 12 जून | 26 | 12 |
| 15 जून | 8 | 14 | 17 जून | 13 | 51 |
| 19 जून | 17 | 23 | 20 जून | 18 | 10 |
| 27 जून | 11 | 37 | 28 जून | 10 | 11 |
| 9 जुला | 7 | 53 | 10 जुला | 10 | 15 |
| 11 जुला | 13 | 04 | 12 जुला | 16 | 09 |
| 14 जुला | 22 | 07 | 16 जुला | 26 | 14 |
| 19 जुला | 3 | 25 | 19 जुला | 23 | 10 |
| 20 जुला | 2 | 55 | 20 जुला | 25 | 49 |
| 26 जुला | 14 | 30 | 27 जुला | 13 | 00 |
| 7 अग. | 20 | 31 | 8 अग. | 23 | 34 |
| 10 अग. | 2 | 45 | 11 अग. | 5 | 49 |
| 13 अग. | 10 | 44 | 15 अग. | 12 | 53 |
| 18 अग. | 10 | 15 | 19 अग. | 8 | 10 |
| 24 अग. | 18 | 06 | 25 अग. | 16 | 45 |
| 6 सितं. | 9 | 25 | 7 सितं. | 12 | 34 |
| 8 सितं. | 15 | 31 | 9 सितं. | 18 | 04 |
| 11 सितं. | 21 | 22 | 14 सितं. | 20 | 33 |
| 16 सितं. | 16 | 33 | 17 सितं. | 13 | 53 |
| 22 सितं. | 23 | 03 | 23 सितं. | 22 | 08 |
| 5 अक्तू | 21 | 33 | 6 अक्तू | 24 | 11 |

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024 ई. | घं. | मिं. | 2024 ई. | घं. | मिं. |
| 12 अक्तू | 5 | 25 | 13 अक्तू | 26 | 52 |
| 15 अक्तू | 22 | 09 | 16 अक्तू | 19 | 18 |
| 22 अक्तू | 5 | 51 | 23 अक्तू | 5 | 39 |
| 23 अक्तू | 24 | 42 | 24 अक्तू | 6 | 16 |
| 4 नवं. | 8 | 04 | 5 नवं. | 9 | 45 |
| 6 नवं. | 8 | 46 | 6 नवं. | 11 | 00 |
| 7 नवं. | 11 | 47 | 8 नवं. | 12 | 03 |
| 10 नवं. | 11 | 00 | 12 नवं. | 7 | 52 |
| 14 नवं. | 3 | 11 | 14 नवं. | 24 | 33 |
| 21 नवं. | 15 | 36 | 22 नवं. | 17 | 10 |
| 4 दिसं. | 17 | 15 | 5 दिसं. | 17 | 27 |
| 6 दिसं. | 17 | 19 | 7 दिसं. | 16 | 51 |
| 9 दिसं. | 14 | 56 | 11 दिसं. | 11 | 48 |
| 13 दिसं. | 7 | 50 | 14 दिसं. | 5 | 48 |
| 20 दिसं. | 27 | 47 | 22 दिसं. | 6 | 14 |
| (सन् 2025 ईसवी में) | | | | | |
| 2 जन. | 23 | 11 | 3 जन. | 22 | 22 |
| 4 जन. | 21 | 24 | 5 जन. | 20 | 18 |
| 7 जन. | 17 | 50 | 9 जन. | 15 | 07 |
| 12 जन. | 11 | 25 | 13 जन. | 10 | 38 |
| 19 जन. | 17 | 30 | 20 जन. | 20 | 30 |
| 1 फर. | 4 | 15 | 1 फर. | 26 | 33 |
| 2 फर. | 24 | 53 | 3 फर. | 23 | 17 |
| 5 फर. | 20 | 33 | 6 फर. | 7 | 49 |
| 6 फर. | 19 | 30 | 8 फर. | 18 | 07 |
| 10 फर. | 18 | 01 | 11 फर. | 18 | 34 |
| 18 फर. | 7 | 36 | 19 फर. | 10 | 40 |
| 19 फर. | 12 | 26 | 20 फर. | 13 | 30 |
| 2 मार्च | 9 | 00 | 3 मार्च | 6 | 39 |
| 4 मार्च | 4 | 30 | 4 मार्च | 18 | 40 |
| 4 मार्च | 26 | 38 | 5 मार्च | 25 | 09 |
| 7 मार्च | 23 | 32 | 9 मार्च | 23 | 55 |
| 11 मार्च | 26 | 16 | 13 मार्च | 4 | 06 |

## यमघण्टक योग

### (सन् 2024-25 ई.)

यमघण्टक योग अशुभ माने गए हैं। इन योगों में मंगल–शुभ कार्यों का सम्पादन निषेध माना गया है।

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | घं. | मिं. | तारीख | घं. | मिं. |
| 11 अप्रै. | सू. | उ. | 11 अप्रै. | 25 | 38 |
| 12 अप्रै. | सू. | उ. | 12 अप्रै. | 24 | 51 |
| 9 मई | सू. | उ. | 9 मई | 11 | 56 |
| 10 मई | सू. | उ. | 10 मई | 10 | 47 |
| 18 मई | 24 | 23 | 19 मई | सू. | उ. |
| 15 जून | 8 | 14 | 16 जून | सू. | उ. |
| 13 जुला | सू. | उ. | 13 जुला | 19 | 15 |
| 15 जुला | 24 | 30 | 16 जुला | सू. | उ. |
| 12 अग. | 8 | 33 | 13 अग. | सू. | उ. |
| 1 सितं. | 21 | 49 | 2 सितं. | सू. | उ. |
| 9 सितं. | सू. | उ. | 9 सितं. | 18 | 04 |
| 11 सितं. | 21 | 22 | 12 सितं. | सू. | उ. |
| 24 सितं. | 21 | 54 | 25 सितं. | सू. | उ. |
| 29 सितं. | सू. | उ. | 30 सितं. | 6 | 19 |
| 9 अक्तू | सू. | उ. | 10 अक्तू | 5 | 15 |
| 22 अक्तू | सू. | उ. | 23 अक्तू | 5 | 39 |
| 27 अक्तू | सू. | उ. | 27 अक्तू | 12 | 24 |
| 6 नवं. | सू. | उ. | 6 नव. | 11 | 00 |
| 19 नवं. | सू. | उ. | 19 नवं. | 14 | 56 |
| 14 दिसं. | 5 | 48 | 14 दिसं. | सू. | उ. |
| (सन् 2025 ई०) | | | | | |
| 9 जन. | 15 | 07 | 10 जन. | सू. | उ. |
| 10 जन. | 13 | 46 | 11 जन. | सू. | उ. |
| 6 फर. | सू. | उ. | 6 फर. | 19 | 30 |
| 7 फर. | सू. | उ. | 7 फर. | 18 | 40 |
| 15 फर. | 25 | 40 | 16 फर. | सू. | उ. |

## द्विपुष्कर एवं त्रिपुष्कर योग (2024-25 ई.)

**( गाड़ी, आभूषणादि बहुमूल्य वस्तुएँ खरीदने हेतु विशेष मुहूर्त्त )**

**'द्विपुष्कर योग'** द्विगुणित और **'त्रिपुष्कर योग'** त्रिगुणित लाभ-हानिकारक होता है। यदि इन योगों में कोई अनिष्ट हो जाए या हानि हो जाए तो भी दुगुनी अथवा त्रिगुणित हानि होने की सम्भावना बन जाती है। इसी प्रकार इन योगों में यदि कोई शुभ कार्य आरम्भ या सम्पन्न किया जाए अथवा किसी प्रकार की वस्तु का क्रय किया जाए तो भविष्य में उसका द्विगुणित या त्रिगुणित होने की सम्भावना बन जाती है। इसलिए इन योगों में **बहुमूल्य एवं उपयोगी पदार्थ,** वस्तुएँ जैसे—ज़मीन-जायदाद, हीरे-जवाहरात, स्वर्ण-चाँदी के आभूषण, कार, ट्रक, स्कूटर, गाय-भैंस क्रय करना, नवीन उद्योग की स्थापना आदि करना लाभदायक रहता है।

**परिहार**—द्विपुष्कर/त्रिपुष्कर योगों में यदि किसी की मृत्यु हो जाए या किसी अन्य वस्तु के नष्ट होने पर शान्ति करवानी चाहिए। त्रिपुष्कर दोष की शान्ति के लिए तीन गौओं के मूल्य का धन तथा द्विपुष्कर के लिए दो गौओं के मूल्य का धन तथा तिलों द्वारा निर्मित पीठी का दान करना शुभ होगा। (वसिष्ठ)

### द्विपुष्कर योग

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024-25 | घं. | मिं. | 2024-25 | घं. | मिं. |
| 20 मई | 3 | 16 | 20 मई | सू. | उ. |
| 23 जुला | सू. | उ. | 23 जुला | 10 | 24 |
| 11 अग. | 5 | 46 | 11 अग. | 5 | 49 |
| 24 सितं. | सू. | उ. | 24 सितं. | 12 | 39 |
| 17 नवं. | 17 | 23 | 17 नवं. | 21 | 07 |
| 27 नवं. | 4 | 35 | 27 नवं. | सू. | उ. |
| 7 दिसं. | 11 | 07 | 7 दिसं. | 16 | 51 |
| ( सन् 2025 ई. में ) | | | | | |
| 21 जन. | सू. | उ. | 21 जन. | 12 | 40 |
| 16 मार्च | 11 | 45 | 16 मार्च | 16 | 59 |
| 26 मार्च | 3 | 50 | 26 मार्च | सू. | उ. |
| **रविपुष्य योग** | | | | | |
| 9 जून | 20 | 21 | 10 जून | सू. | उ. |
| 7 जुला | सू. | उ. | 8 जुला | सू. | उ. |
| 4 अग. | सू. | उ. | 4 अग. | 13 | 26 |
| ( सन् 2025 ई. में ) | | | | | |
| 9 मार्च | 23 | 55 | 10 मार्च | सू. | उ. |
| **गुरुपुष्य योग** | | | | | |
| 26 सितं. | 23 | 34 | 27 सितं. | सू. | उ. |
| 24 अक्तू | सू. | उ. | 25 अक्तू | सू. | उ. |
| 21 नवं. | सू. | उ. | 21 नवं. | 15 | 36 |

### त्रिपुष्कर योग

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 2024-25 | घं. | मिं. | 2024-25 | घं. | मिं. |
| 14 अप्रै. | 25 | 35 | 15 अप्रै. | सू. | उ. |
| 20 अप्रै. | 14 | 04 | 20 अप्रै. | 22 | 42 |
| 30 अप्रै. | 7 | 06 | 1 मई | 4 | 09 |
| 4 मई | 20 | 39 | 4 मई | 22 | 07 |
| 18 जून | 15 | 56 | 19 जून | सू. | उ. |
| 23 जून | 17 | 04 | 24 जून | 3 | 27 |
| 2 जुला | 8 | 43 | 3 जुला | 4 | 40 |
| 7 जुला | 4 | 27 | 7 जुला | 4 | 48 |
| 21 अग. | 3 | 10 | 21 अग. | सू. | उ. |
| 25 अग. | 16 | 45 | 26 अग. | 3 | 40 |
| 23 अक्तू | 5 | 39 | 23 अक्तू | सू. | उ. |
| 29 अक्तू | सू. | उ. | 29 अक्तू | 10 | 32 |
| 2 नवं. | 20 | 22 | 3 नवं. | 5 | 58 |
| 17 दिसं. | सू. | उ. | 17 दिसं. | 10 | 57 |
| 22 दिसं. | 6 | 14 | 22 दिसं. | 14 | 32 |
| ( सन् 2025 ईसवी में ) | | | | | |
| 1 जन. | 3 | 22 | 1 जन. | सू. | उ. |
| 5 जन. | 20 | 16 | 5 जन. | 20 | 18 |
| 9 फर. | 17 | 53 | 9 फर. | 19 | 26 |
| 25 फर. | सू. | उ. | 25 फर. | 12 | 48 |
| 1 मार्च | सू. | उ. | 1 मार्च | 11 | 23 |

## ज्वालामुखी योग

## (अशुभ-योग) वि. संवत् २०८१

ज्वालामुखी योग का फल अशुभ माना गया है। इस योग में आरम्भ किया हुआ कार्य पूर्णतया सिद्ध नहीं हो पाता अथवा बार-बार विघ्न-बाधाएं होती हैं। इस योग में शुभ कार्य आरम्भ नहीं करने चाहिए। दुष्ट शत्रुओं पर प्रयोग करने के लिए यह मुहूर्त्त अच्छा समझा जाता है।

जब प्रतिपदा को मूल नक्षत्र, पंचमी को भरणी, अष्टमी को कृतिका, नवमी को रोहिणी अथवा दशमी को आश्लेषा नक्षत्र आता है, तो ज्वालामुखी योग बनता है।

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | घं. | मिं. | तारीख | घं. | मिं. |
| 17 अप्रै. | 15 | 15 | 18 अप्रै. | 7 | 57 |
| 22 जून | 6 | 38 | 22 जून | 17 | 54 |
| 26 अग. | 3 | 40 | 26 अग. | 15 | 55 |
| 26 अग. | 26 | 20 | 27 अग. | 15 | 38 |
| 21 सितं. | 18 | 14 | 21 सितं. | 24 | 36 |
| 26 अक्तू | 3 | 23 | 26 अक्तू | 9 | 46 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | | | | |
| 5 फर. | 20 | 33 | 5 फर. | 24 | 36 |
| 6 फर. | 19 | 30 | 6 फर. | 22 | 54 |
| 4 मार्च | 4 | 30 | 4 मार्च | 15 | 17 |

## वि. संवत् 2081 में लाभ-हानि चक्र

**( विंशोत्तरी मतानुसारेण )**

आगामी वर्ष में आपको जिस राशि का लाभ-हानि का विवरण ज्ञात करना हो, तो आप निम्नलिखित चक्र में अपनी राशि के नीचे लिखे लाभ-हानि के अंकों को जमा कर दें, फिर कुल जमा जोड़ में से 1 कम करके जोड़ को 8 से भाग दे देवें। भाग करने के पश्चात् यदि 1 बचे तो आगामी वर्ष में धन लाभ अच्छा रहेगा। मनोवांछित योजनाएं सफल होंगी। मनोरंजक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। यदि शेष 2 बचे तो, धन लाभ मध्यम परन्तु विभिन्न कार्यों पर खर्च अधिक होगा। यदि शेष 3 बचें तो लाभ कम, खर्च (अपव्यय) अधिक रहेगा। व्यर्थ भाग-दौड़ अधिक रहेगी और घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। यदि शेष 4 बचें तो, मानसिक तनाव, शरीर कष्ट और रोगादि पर खर्च हो, घरेलू एवं आर्थिक समस्याएं उत्पन्न होंगी। यदि शेष 5 बचें तो लाभ कम तथा फिजूलखर्ची अधिक रहेगी। बनते कार्यों में विघ्न पड़ेगा। यदि शेष 6 बचें तो, भाग्योन्नति और धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी। यदि शेष 7 बचें तो, व्यापार, लॉटरी, सट्टे आदि द्वारा अकस्मात् धन लाभ होगा। ज़मीन-जायदाद आदि कार्यों पर खर्च भी रहेंगे। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। यदि 8 अर्थात् 0 बचे, तो उस वर्ष लाभ कम व खर्च अधिक रहेगा, मानसिक परेशानियाँ भी बढ़ने के संकेत हैं।

| राशि | मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 2 | 11 | 2 | 11 | 14 | 2 | 11 | 2 | 14 | 8 | 8 | 14 |
| हानि | 14 | 5 | 5 | 14 | 11 | 5 | 5 | 14 | 2 | 5 | 5 | 2 |

## तिथि, वार, नक्षत्रादि जनित अशुभ योगों का परिहार

(1) दुष्ट योगों के समय कोई शुभ योग भी हो, तो दुष्ट योग का परिहार हो जाता है—**अयोगो सुयोगोऽपि चेत् स्यात्तदानीमयोगं निहत्यैष सिद्धिं तनोति। परे लग्नशुद्धया कुयोगादिनाशं दिनाद्धोत्तरं विष्टिपूर्वं च शस्तम्।।** अन्यत्रऽपि—**अयोग: सिद्धियोगश्च द्वावेतौ भवतो यदि। अयोगो हन्यते तत्र, सिद्धियोग: प्रवर्त्तते।।** (राजमार्तण्ड)

अर्थात् कुयोग के समय कोई अन्य सिद्धयादि सुयोग भी वर्तमान हो, तो सुयोग की विजय होकर कुयोग अकर्मण्य हो जाता है।

(2) वसिष्ठ जी अनुसार सामान्य दुष्टयोगों का अनिष्ट प्रभाव केवल दिन को ही होता है, रात्रि को नहीं। **'दिवामृत्युप्रदा: पापा दोषा: तु ऐते न रात्रिषु।।** (वसिष्ठ)

(3) मंगलवार और अश्विनी नक्षत्र के संयोग से 'सिद्धि योग' गृहप्रवेश में, शनिवार व रोहिणी नक्षत्र के संयोग से 'सिद्धियोग' यात्रा में तथा गुरुपुष्य जनित **'सिद्धियोग'** पाणिग्रहण (विवाह) में सर्वथा त्याज्य है—**भौमाश्विनीं प्रवेशे च, प्रयाणे शनिरोहिणीम्। गुरुपुष्यं विवाहे च, सर्वथा परिवर्जयेत्।।** (राजमार्तण्ड)

# व्यापारिक वस्तुओं तथा शेयरबाज़ार में मन्दा-तेजी विचार-सन् 2024 ई.

**वायदा व्यापारियों के लिए आवश्यक सुझाव**—ज्योतिष शास्त्र का वायदा–व्यापार से गहरा सम्बन्ध है। ध्यान रहे, हाजिर एवं वायदा बाजार पर राजनीतिक, सामाजिक, प्राकृतिक एवं आजकल अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव भी अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त कुशल व्यापारी को अपनी वर्तमान विशोंत्तरी ग्रहदशा तथा आर्थिक सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए ही व्यापार करना चाहिए। जन्म/वर्ष कुण्डली में हानिप्रद या अनिष्ट ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। अनुकूल ग्रह–दशा जातक को व्यवसाय में विपुल धन लाभ तथा प्रतिकूल ग्रहदशा अकस्मात् धन–हानि करवा सकती है। सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी की हानि साधारणतया उठा सकने का सामर्थ्य हो।

गतवर्षों सन् 2010 से 2023 ई. तक हमारे द्वारा निर्दिष्ट ग्रहस्थिति एवं तेजी–मन्दी के चान्सों से सोना, चाँदी, गुड़, सोयाबीन, कॉपर, तेल, लोहे, स्टील, चने तथा शेयरों से सम्बन्धित अनेक व्यापारी लाभान्वित हुए। (विशेषकर अप्रैल–मई में सोने–चांदी में हुई तेजी–मन्दी से विशेष लाभ उठाया।)

आगे गोचर ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं (जिन्सों) के दैनिक मन्दा–तेजी की विशेष लाइनों एवं तूफानी तेजी आदि का विवरण लिख रहे हैं। **यदि आप प्रतिमास किसी विशेष एक जिन्स (वस्तु) की दैनिक तेजी–मन्दी रिपोर्ट या वायदा हाजिर का चांस चाहते हैं तो प्रति जिन्स की एक मास की फीस 1000 रु., 2 मास की फीस 1800 रु. होगी। पूरी फीस अग्रिम ड्राफ्ट द्वारा भेजें।** रिपोर्ट लिखित रूप में वाट्स–एप (What's App) के माध्यम से भेज दी जाएगी।

**पता–पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी S/o स्व. पं. पन्ना लाल ज्योतिषी, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर–144008 (पंजाब), फोन–94172-91325**

## जनवरी

**जनवरी**–नववर्ष वायदा व्यापारियों एवं पंचांगदिवाकर के पाठकों के लिए मंगलमय एवं लाभप्रद रहे, यही मंगल कामना है।

मासारम्भ में ही राहु रेवती 3 एवं केतु चित्रा 2 में आने से तिलहन, तेल, अरण्डी, सोयाबीन में अचानक मन्दी बनेगी।

2 जन. को बुध मार्गी होगा। इस समय बुध–शुक्र के साथ वृश्चिक राशिस्थ है तथा इन पर शनि की दृष्टि है। रूई, चाँदी तथा बैंकिंग शेयर्ज़ में पहले मन्दी, बाद में तेज़ी बन जाएगी। सोना, एरण्ड, बिनौला, गेहूँ, जौं, चना, अनाज में तेजी बनेगी। कुछ व्यापारिक वस्तुओं में अचानक मन्दी का रुख भी बनेगा। **घटा–बढ़ी के मध्य साधारण मामूली तेजी का रुख ता. 6 जन. तक रहेगा।**

7 जन. को बुध धनु राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ योग करेगा। इन पर गुरु की विशेष नवम दृष्टि भी रहेगी। इसी दिन शुक्र भी ज्येष्ठा नक्षत्र में आएगा। **अतः रूई, कपास, वस्त्र, सूत, चाँदी में अच्छी मन्दी का झटका लग सकता है।** सोना, सरसों, तेल, तिल, हींग, दालों में भी मन्दी बनेगी। परन्तु शीघ्र बाज़ार में इनकी पकड़ बन जाएगी। सावधान रहें।

11 जन. को सूर्य उ.षा. नक्षत्र में आएगा। इसीदिन शनि शतभिषा (2) में भी आएगा। उड़द, मूँग, चावल, चना, गेहूँ, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, पिप्पलामूल, सरसों में तेजी का रुख बनेगा।

12 जनवरी, शुक्रवार को चन्द्रदर्शन होने से सरसों, तिल, तेल, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, ऊनी वस्त्र व ऊन में मन्दी तथा रूई, सोना, चाँदी में घटा–बढ़ी के बाद तेजी बने।

14 जन. से सूर्य मकर राशि में अकेला संचार करेगा। घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रुई में तेजी, गेहूँ, ज्वार, बाजरा आदि अनाजों में मन्दी की ओर रुख रहेगा।

17 जन. को मंगल उदय होने से रुई, उड़द, तिल, तेल में तेजी, अनाजादि के भाव गिरेंगे।

18 जन. को शुक्र धनु राशि में आकर मंगल एवं बुध के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की विशेष दृष्टि रहेगी। गेहूँ, जौं, चना आदि अन्न तथा सोना, चाँदी, ताम्बा आदि धातुओं, शेयर–बाज़ार में भी तेजी का रुख रहेगा। **रूई, चाँदी, कपास में पहले मन्दी का अच्छा झटका लग सकता है। सावधानी बरतें।**

20 जन. शनिवार को बुध पूर्वाषाढ़ा में आने से स्थानीय बाज़ारों में सोना–चाँदी में मन्दी, परन्तु बिनौला, बारदाना में तेजी बने।

24 जन. को सूर्य श्रवण नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, अलसी, गेहूँ, रुई, सूत, सन, कपास, जौं, चावल, लौंग, शक्कर, सुपारी, पीतल, खाण्ड में तेजी बनेगी।

29 जन. को शुक्र पू.षा. नक्षत्र में आकर मंगल एवं बुध के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। परन्तु इन पर गुरु की दृष्टि चल रही है। गुड़, मोठ, खाण्ड, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्डी, उड़द, सरसों में मन्दी, रूई, अनाज, दालों में घटाबढ़ी होकर तेजी होगी।

30 जन. को बुध उत्तराषाढ़ा में आकर अनाजों में मन्दी का वातावरण बनाएगा।

***विशेष—ता. 17 से 24 जन. तथा 27-28 जन. को शेयर-बाज़ार में तेजी का रुख रहेगा।***

## फरवरी

**फरवरी**–मासारम्भ में ही ता. 1 को मंगल उ.षा. नक्षत्र में आकर बुध के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इसीदिन बुध मकर राशि में आकर सूर्य के साथ योग करेगा। सोना, चाँदी, रुई, धान्य, घी, तेल, सरसों, उड़द में तेजी बनेगी।

3 फर. को गुरु भरणी नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी आदि धातुओं, हीरा, मणि आदि जवाहरात, अलसी, चावल, जौं, गेहूँ, तिल, उड़द, मूँग, तूअर, मोठ, चना, लाख, ऊन व चमड़ा आदि के भावों में कुछ मन्दापन आएगा।

5 फर. को मंगल मकर राशि में आकर सूर्य एवं बुध के साथ मेल करेगा। **रुई, सोना, चाँदी, ताँबा**, गुड़, खाण्ड, सरसों, घी, तेल, अलसी, तिलहन में तेज़ी बनेगी। अनाजों में कुछ मन्दी सम्भव है।

6 फर. को सूर्य धनिष्ठा नक्षत्र में तथा 7 फर. को बुध श्रवण नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, मोती, मणि आदि जवाहरात, मूँग, मसूर, गेहूँ आदि अनाजों, रुई, खाण्ड, अलसी, चना आदि में अच्छी तेजी बनेगी।

9 फर. को शुक्र उ.षा. नक्षत्र में आएगा। शुक्र पर गुरु की विशेष दृष्टि चल रही है। गुड़, खाण्ड, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्ड आदि कुछ वस्तुओं में मन्दी तथा रुई, अनाज, घी आदि कुछ वस्तुओं में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

10 फर. को बुध पूर्व में अस्त होगा। इसीदिन शनि शतभिषा के तृतीय चरण में जाने से गुड़, खाण्ड, अनाजादि अन्न, घी में कुछ तेजी बनेगी। बैंकिंग शेयर्ज़ में मन्दी बनेगी।

11 फर., शनिवार को कुम्भराशिगत चन्द्रदर्शन होने से गुड़, तेल, सोना, चाँदी में तेजी जबकि रुई में मन्दी बन सकती है।

12 फर., रविवार को शुक्र मकर राशि में आकर सूर्य, मंगल व बुध के साथ मेल करेगा। इसीदिन शनि पश्चिम में अस्त भी होगा। अगली सुबह से ही शेयर-बाज़ार, अफीम, गुड़, खाण्ड, घी तथा गेहूँ, चना आदि सब अनाजों, सोना, चाँदी में तेजी प्रधान रहेगी।

13 फर. को सूर्य कुम्भ राशि में आकर शनि के साथ एकराशि सम्बन्ध बनाएगा। **कुछ जिन्सों/वस्तुओं में भयंकर तेजी तथा कुछ में ज़बरदस्त मन्दी का रुख बन सकता है। सावधानीपूर्वक व्यापार करें।** सोना, चाँदी, कॉपर, क्रूड-ऑयल, शेयर बाज़ार में ज़बरदस्त उथल-पुथल रहेगी।

16 फर. को बुध धनिष्ठा नक्षत्र में आकर सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं में कुछ मन्दी करेगा। चावल, स्वाँक, रुई, अरहर, मूँग आदि दालों में कुछ तेजी बनेगी।

18 फर. को मंगल श्रवण नक्षत्र में आएगा। गेहूँ, चना, बाज़रा आदि अनाजों में विशेष तेजी बने, जौं, तिल, अफीम, सोना, चाँदी में भी तेजी बनेगी।

20 फर. को सूर्य शतभिषा तथा शुक्र श्रवण नक्षत्र में आएगा। यह तेजी की परिस्थितियां बनाएगा। **इसी समय बुध कुम्भ राशि में आकर सूर्य एवं शनि के साथ मेल करेगा। इस समय बाज़ार में ज़बरदस्त तेजी का वातावरण बनेगा। फिर भी सावधानी से व्यापार करें।** सोना, चाँदी, सूत, सन, कपड़ा, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूँ, गुड़ के भावों में तेज़ी का रुख बनेगा। रुई-चाँदी में पहले मन्दी बनकर तेज़ी हो। यह तेजी ता. 22 तक चलेगी।

23 फर. को बुध शतभिषा नक्षत्र में आने से सोने, चाँदी के भावों में कुछ मन्दी बनेगी।

27 फर. को भी गुरु भरणी (2) में आने से भी सोने, चाँदी आदि धातुओं, हीरा, मणि आदि जवाहरात, चना, लाख, उड़द, मूँग, तूअर, गेहूँ, चावल आदि में कुछ मन्दी बनेगी।

*विशेष—ता. 11-12 से ता. 22 तक सोना-चाँदी आदि धातुओं में विशेष तेजी रहेगी। ता. 22 से मासान्त तक शेयर-बाज़ार में विशेष तेजी रहेगी।*

**मार्च**—मासारम्भ में ता. 1 को बुध पू.भा. नक्षत्र में आएगा। अकेला बुध यद्यपि यहाँ मन्दीकारक होता है, परन्तु बुध इस समय सूर्य एवं शनि के साथ है जोकि तेजीकारक मालूम होता है। इसीदिन शुक्र धनिष्ठा नक्षत्र में आने से चावल, मूँग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चाँदी, सोना, रूई, कपास में तेजी बनेगी।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. में आएगा। इसी समय राहु रेव.(2) व केतु हस्त (4) में आने से भी रेशम, सोना, चाँदी, गेहूँ, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पीपलामूल, रूई में तेजी बनेगी।

6 मार्च को मंगल धनिष्ठा में आने से राई, जौं, पीपल, सोना, चाँदी, ताँबा, पीपल, जिस्त, लोहा, स्टील तथा धातुओं, गुड़, शक्कर, गेहूँ आदि में तेजी, घी, खाण्ड, रुई में मन्दी बने।

7 मार्च को (अस्त) बुध मीन राशि में आकर राहु के साथ तथा इसीदिन शुक्र कुम्भ राशि में आकर सूर्य-शनि के साथ मेल करेगा। **बुध-शुक्र दोनों ग्रहों का क्रूर ग्रहों के साथ मेल बाज़ार को धीरे-धीरे तेजी की तरफ धकेल देगा।** रुई, कपास, सोना, चाँदी, कॉपर, चीनी, घी, चावल, शक्कर, शेयर बाज़ार, चना, जौं, मूँग, गुड़ में मन्दी दिखने के बावजूद तेजी का बोलबाला रहेगा। आगे तेजी ही लेकर चले।

11 मार्च, सोमवार को मीनराशिगत चन्द्रदर्शन होने से रुई, चाँदी, गेहूँ में मन्दी, परन्तु सोना, कॉपर में कुछ तेजी बने।

12 मार्च को शुक्र शतभिषा में आने से पुन: गेहूँ, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रूई, सोना, चाँदी में कुछ तेजी बनेगी।

**13 मार्च को बुध पश्चिम में उदय होने से 1-2 दिन में ही शेयर बाज़ार ( विशेषकर बैंकिंग शेयर्ज़ ) में विशेष तेजी का झटका लगेगा।**

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर बुध एवं राहु के साथ मेल करेगा। तिल, तेल, अलसी, सरसों, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रुई, सोना, तिलहन में तेजी बनेगी। चाँदी, रुई में कुछ मन्दी बनेगी।

15 मार्च को मंगल कुम्भ राशि में आकर शुक्र एवं शनि के साथ मेल करेगा। **रूई व चाँदी में विशेष घटाबढ़ी होगी। गेहूँ आदि सब अनाजों, गुड़, खाण्ड, सोना, लाल मिर्च, काली मिर्च, लौंग, जीरा में अच्छी तेजी बनेगी।**

16 मार्च को बुध रेवती तथा गुरु भरणी (3) में आने से केसर, मजीठ, लाल चन्दन, गेहूँ, लाल मिर्च आदि लाल वस्तुओं में तेजी और गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, चाँदी, उड़द, चना में मन्दी बन सकती है।

17 मार्च को सूर्य उ.भा. में आएगा। इसीदिन कुम्भराशिगत शनि उदय होने से भी शेयर-बाज़ार में विशेष तेजी रहे, गेहूँ, चना, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तैल, जौं आदि अनाज, लोहे, क्रूड-ऑयल में तेजी होगी।

(ता. 14 से 18 ता. तक शेयर-बाज़ार तथा धातुओं में विशेष तेजी बनेगी।)

23 मार्च को शुक्र पू.भा. में आने से रूई में तेजी, अनाजों में मन्दी बने।

24 मार्च को मंगल शतभिषा नक्षत्र में आएगा। **ध्यान दें !** इस समय मंगल शुक्र-शनि के साथ है। रूई, सोना, चाँदी, कपास के भाव पहले गिरकर शीघ्र ही अच्छी तेजी की तरफ बढ़ेंगे।

**25 मार्च को बुध मेष राशि तथा अश्विनी नक्षत्र में आकर गुरु के साथ एकराशि सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि की विशेष नीच दृष्टि पड़ रही है।** मूँग, मोती, जवाहारात तथा सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं, गेहूँ, चना, जौं आदि अनाज और तिल, तेल, सरसों, रूई, कपास, घी, गुड़, खाण्ड में अच्छी मन्दी का झटका लगकर तुरन्त सुधर भी सकता है। **सावधान होकर धीरे-धीरे प्लस ( + ) का कार्य करें। क्योंकि 1-2 दिन मन्दी बनकर शीघ्र ही तेजी बन जाएगी।**

31 मार्च को सूर्य रेवती नक्षत्र में आएगा। इसीदिन शुक्र मीन राशि में आकर सूर्य-राहु के साथ मेल करेगा। अनाज, सरसों, तेल, तिलहन, अलसी, एरण्डी, गुड़, खाण्ड, रूई, चना में तेजी बनेगी। **चाँदी में अचानक तेजी का झटका लगेगा।**

***विशेष—ता. 15 से 18 के मध्य शेयर बाज़ार में तेजी का रुख रहेगा।***

**अप्रैल**–मासारम्भ 1 अप्रैल को गुरु भरणी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आएगा तथा मेष राशिस्थ गुरु युक्त बुध वक्री होगा। बुध-गुरु पर शनि की नीच दृष्टि भी है। यहाँ शेयरों (विशेषकर बैंकिंग सेक्टर) में तेजी का रुख बन जाएगा। खाण्ड, बिनौला, तिल, तेल, घी, गुड़, शक्कर, कपूर, चाँदी में तेजी बनेगी। परन्तु तिल, गेहूँ, जौं, चने आदि के भावों में कुछ मन्दी बनेगी। **तेजी के झटके लगाकर बाज़ार में अचानक मन्दी का वातावरण बन सकता है, अतः सावधान रहे।**

3 अप्रै. को शुक्र उ.भा. नक्षत्र में आएगा। चावल, मोती, चाँदी, कपूर, नमक, खाण्ड, रुई, कपास आदि सफेद वस्तुओं में मन्दी का रुख रहेगा।

4 अप्रै. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से चाँदी में झटके के साथ तेजी बने। घी, बैंकिंग शेयर्ज़, रुई में भी तेज़ी दिखेगी।

6 अप्रैल को कुम्भ राशिगत शनि पू.भा. नक्षत्र में आने से गेहूँ आदि अनाज, अलसी, तिल, तेल, सरसों, मूँग, उड़द में तेजी होगी।

9 अप्रैल को वक्री बुध रेवती नक्षत्र तथा मीन राशि में आकर सूर्य-शुक्र-राहु के साथ एकराशि सम्बन्ध बनाएगा। सोना, चाँदी, शेयर्ज़, केसर, मजीठ, कुसुंभा, लाल-चन्दन, गेहूँ, लाल-मिर्च आदि लाल वस्तुओं में विशेष तेजी की लाईन बनेगी। गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, सरसों, चाँदी में मन्दी के योग के बावजूद तेजी ही बनेगी।

10 अप्रै. को मेष राशिस्थ चन्द्रदर्शन तथा मंगल पू.भा. नक्षत्र में आने से तिल, तेल, मूँगफली, एरण्ड, अलसी, नारियल, सुपारी, रूई, सूत, कपास, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी।

13 अप्रैल को सूर्य मेष राशि में आकर गुरु के साथ एकराशि सम्बन्ध बनाएगा। **यद्यपि सूर्य-गुरु का योग बाज़ार में कई बार मन्दीकारक होता है, परन्तु यहाँ सूर्य-गुरु पर शनि की विशेष दृष्टि रहने से तेजी का वातावरण ही बनेगा।** रूई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, अन्य सब प्रकार के फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी। गेहूं, चावल, उड़द, मूँग, अरहर, चना, जौं में कुछ मन्दी बनकर बाद में तेजी बने।

14 अप्रै. को शुक्र रेवती में आने से रुई, कपास, चाँदी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर में कुछ मन्दी बने।

16 अप्रै. को गुरु कृतिका नक्षत्र मे आने से अनाज, रूई में मन्दी, गुड़, खाण्ड, सोना-चाँदी में मामूली घटा-बढ़ी रहे। क्योंकि सूर्य-गुरु पर शनि की दृष्टि चल रही है। अतः मामूली मन्दी दिखकर तुरन्त बाज़ार तेज़ी की तरफ चलेगा।

19 अप्रै. को वक्री बुध पूर्व में उदय होने से शेयरों, चना आदि अनाजों में तेजी बनेगी।

23 अप्रैल को मंगल मीन राशि में आकर बुध, शुक्र, राहु के साथ मेल करेगा। बाज़ार में ज़बरदस्त तेज़ी का रुख चलेगा। सोना, रूई, घी, तृण, काष्ठ व लकड़ी से निर्मित वस्तुओं में तेजी बनेगी। चाँदी में घटाबढ़ी से पहले कुछ मन्दी फिर तेजी की तरफ चलेगा।

24 अप्रैल को शुक्र मेष राशि में आकर सूर्य एवं गुरु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की विशेष तृतीय दृष्टि रहेगी। जौं, चना, गेहूँ आदि अन्न, घी, सोना, चाँदी, ताँबा, गुड़, शक्कर, बारदाना, पाट, पीतल, जिस्त, हींग, पारा, केसर में तेजी बनेगी। ऊन, तिल, तेल, सरसों, अरण्डी में कुछ मन्दी बन सकती है। **इसीदिन शुक्र पूर्व में अस्त होने से बाज़ार के रुख में अचानक परिवर्तन हो सकता है। अर्थात् यदि तेजी बन गई, तो अचानक मन्दी का रुख बन सकता है। इसीलिए शीघ्र ही मुनाफा काट लें।**

25 अप्रैल को बुध मार्गी होने से गेहूँ, जौं, चना, अनाज तथा शेयर बाज़ार में तेजी बनेगी। रुई, सोना, चाँदी, तेल, रेशम, अलसी, गुड़, बिनौला, मूँगफली, कपूर-चन्दन, अगर आदि सुगन्धित वस्तुओं में पहले मन्दी, फिर मामूली तेजी बने।

27 अप्रैल को सूर्य भरणी तथा मंगल उ.भा. नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, ताँबा, मूँगा, पीतल के बर्तन आदि तथा गेहूं, जौं, चावल, मोठ, अलसी, रुई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी बनेगी।

मासान्त तक घटाबढ़ी के मध्य तेजी का यह रुख चलता रहेगा।

***विशेष—ता. 20 के बाद शेयर-बाज़ार मुख्यतः तेजी प्रधान रहेगा।***

**मई**–मासारम्भ ता. 1 को ही गुरु वृष राशि में प्रवेश करके शनि की दृष्टि से हट जाएगा। **राजनीतिक एवं व्यापारिक वातावरण बड़ा असमंजसपूर्ण हो जाएगा।** रुई, चाँदी, अनाज, मजीठ, मोती, मूँग, नमक, लालफल, घी, अरहर, हींग, खाण्ड में पहले मन्दी बनकर शीघ्र ही 8-10 दिनों में तेजी का रुख बन जाएगा।

5 मई को शुक्र भी भरणी नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इन पर शनि की विशेष दृष्टि पहले से ही है। सोना, चाँदी, रुई, सॉफ्टवेयर शेयर्ज़ में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी। यदि तेजी दिखे तो लाभ लेकर निकल जाएं।

6 मई को गुरु पश्चिम में अस्त होगा। रुई, घी, खाण्ड तथा शेयरों मे तेजी बनेगी, परन्तु सोना, चाँदी, अनाज आदि में अचानक मन्दी की लाईन चल सकती है। इसलिए सावधानीपूर्वक तदनुसार कार्य करें।

9 मई, गुरुवार को वृषराशिस्थ कालीन चन्द्रदर्शन होने से रूई, *शेयरों, सूत, रेशमी, ऊनी वस्त्र, सरसों, तेल, घी में तेजी बने। सोना, चाँदी, खाण्ड, गुड़ में कुछ मन्दी बने।*

*10 मई को बुध मेष राशि में आकर सूर्य एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इन पर*

***शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। यह योग एवं दृष्टि सम्बन्ध बाज़ारों में तूफ़ानी तेजी लेकर आएगा। विशेष रूप से शेयर बाज़ार में।* सोना, चाँदी आदि धातुओं, चना, तेल, सरसों, रूई, कपास, घी, गुड़, खाण्ड में पहले कुछ मन्दी बनकर बाद में अच्छी तेजी बनेगी।**

11 मई को सूर्य कृतिका नक्षत्र तथा शनि पू.भा. के द्वितीय चरण में आने से घी, रूई, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, जौं, चना, मूँग, मोठ, चावल, राई, सरसों में तेजी बनेगी।

14 मई को सूर्य वृष राशि में आकर गुरु के साथ मेल करेगा। सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रूई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि में तेजी बनेगी। जौं, शेयरों, चने, गेहूं, मटर, अरहर, मूँग, चावल में कुछ मन्दी बन सकती है। इसीदिन मंगल रेवती नक्षत्र में आने से भी कुछ वस्तुओं में मन्दी बने।

15 मई को गुरु कृतिका नक्षत्र के तृतीय चरण में आने से भी सोने, चाँदी में घटाबढ़ी चलेगी।

16 मई को शुक्र कृतिका नक्षत्र में आकर सूर्य-गुरु के साथ एकनक्षत्र सम्बध बनाएगा। अकेला शुक्र यद्यपि यहाँ मन्दीकारक होता है, परन्तु इस ग्रहयोग के कारण यहाँ जौं, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रूई, सूत, सोना, चाँदी, हीरा, मणि, मोती आदि जवाहरात में मन्दी के योग बनेंगे।

19 मई को शुक्र वृष राशि में आकर सूर्य-गुरु के साथ एकराशि सम्बन्ध बनाएगा। रूई, कपास में कुछ मन्दी परन्तु सोना, चाँदी, अनाज, कागज़, आलू, शेयरों के भावों में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

21 मई को बुध भरणी नक्षत्र में आएगा। **ध्यान दें,** बुध पर शनि की विशेष दृष्टि पड़ रही है। गेहूँ, चावल, चना आदि अनाजों, खाण्ड, बैंकिंग शेयर्ज़ में विशेष तेज़ी बनेगी।

24 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आएगा। तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूँ, जौं, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, वस्त्र, सन, सुपारी, मिर्च, राई में तेजी बनेगी। निफ्टी (शेयर्ज़) कुछ नीचे आएगा।

27 मई को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। अकेला शुक्र यहाँ मन्दी करता है, परन्तु सूर्य के साथ होने से सोने, चाँदी आदि धातु, अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, छुहारा, सुपारी, नारियल, ऊन में मन्दी का योग होने के बावजूद तेजी लेकर ही व्यापार करें।

29 मई को बुध कृतिका नक्षत्र में तथा गुरु कृतिका के चतुर्थ चरण में प्रवेश करेगा। शेयरों, चाँदी में विशेष घटाबढ़ी होकर मन्दी बने तथा सोना, गुड़, खाण्ड में भी घटाबढ़ी होकर मामूली मन्दी बने।

31 मई को बुध वृष राशि में आकर सूर्य-गुरु-शुक्र के साथ 'चतुर्ग्रही योग' बनाएगा। **यदि जिन व्यापारिक वस्तुओं में पहले कुछ तेजी चल रही होगी, तो यहाँ यह योग तूफानी तेजी की ओर ले जाएगा। रूई, चाँदी तथा शेयरों में ज़बरदस्त घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।** जबकि शेष गेहूं, चना, चावल, मटर, रूई, कपास, सूत, अफीम, तिल, तेल सोने, आदि के भावों में भी अच्छी तेजी का चाँस है।

***विशेष*—*ता. 10 से 13, ता. 20 से 25 तक, पुनः ता. 29 से शेयर-बाज़ार में विशेष तेजी का वातावरण रहेगा।***

**जून**–ता. 1 जून को ही मंगल स्वराशि मेष में प्रवेश करेगा। **मंगल पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी। यह दृष्टि सम्बन्ध व्यापारिक थोक एवं प्रचून बाज़ार में महँगाई (तेजी) का तहलका मचा सकता है।** अतः सावधानीपूर्वक तेजी में साथ-साथ माल निकालते जाएँ तथा खरीदते रहें। रूई, कपास, सूत, घी, तेल, तिल, सरसों, नारियल, सुपारी, बादाम, गुड़, फल, खाण्ड, शक्कर, सोना, चाँदी में अच्छी तेजी बनेगी। चना, गेहूँ, मूँग आदि दालों तथा कुछ अन्य वस्तुओं में कुछ मन्दी के झटके भी लग सकते हैं।

2 जून को गुरु पूर्व में उदय होने से भी सोना, चाँदी आदि धातुओं, हल्दी, घी, रूई तथा अन्य सभी करियाना तथा व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बनेगी।

3 जून को बुध पूर्व में अस्त होने से सोना, रुई, चाँदी, गेहूँ आदि अनाज, तेल, घी, तिलहन एवं करियाना वस्तुओं में पहले मन्दी, फिर शीघ्र ही तेजी बन जाएगी।

5 जून को बुध रोहिणी नक्षत्र में आकर सूर्य एवं शुक्र के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रूई, कपास, सूत, सोना, चाँदी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी। रूई, राई, मूँग, खाण्ड, कॉपर में भी घटाबढ़ी के बाद पहले मन्दी, फिर तेजी बने।

7 जून को सूर्य एवं शुक्र–दोनों मृगशिर नक्षत्र में आकर एकनक्षत्र बनाएंगे। **वृष राशि में चतुर्ग्रही योग चल रहा है। यह ग्रहयोग तेजीकारक ही रहेगा।** रूई, सूत, रेशम, सन, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चाँदी, उड़द, मूँग, मोठ, चने, बाजरा, अलसी आदि में अच्छी तेजी बने।

11 जून को बुध भी मृगशिर में आकर सूर्य-शुक्र के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रूई, चाँदी, तिल, सरसों, मूँग में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

12 जून को शुक्र मिथुन राशि में आने से रूई, कपास, सूत, वस्त्र, पाट, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार, में मन्दी, जबकि अलसी, गुड़, घी, चना, गेहूँ, जौं, चावल, शेयरों में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

13 जून को गुरु रोहिणी नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, हींग, घी, चने की दाल में मन्दी बनेगी। रूई में घटाबढ़ी रहेगी।

**14 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा।** सोना, चाँदी, रेशम, सूत, कपास, रूई, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, खाण्ड, घी, मूँग, उड़द, गेहूँ, चना, चावल आदि सभी अनाजों में तेजी का रुख रहेगा। इसीदिन बुध भी मिथुन राशि में आकर सूर्य-शुक्र के साथ मेल करेगा। **अकेला बुध यहाँ पर मन्दीकारक होता है। परन्तु इस ग्रहयोग के कारण तेजी ही बनेगी। उपरोक्त सभी वस्तुओं/जिन्सों में तेजी लेकर चलें। शीघ्र ही बैंकिंग शेयर्ज़ भी तेज़ होंगे।**

17 जून को बुध एवं शुक्र दोनों आर्द्रा में आकर एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएंगे। मन्दी का योग होने पर भी अधिक मन्दी नहीं बन पाएगी। गेहूँ, तिल, उड़द, जौं, चना, मूँग, मोठ आदि सब अनाजों में पहले मन्दी बनकर फिर मामूली तेजी बने।

19 जून को मंगल भरणी नक्षत्र में आकर गेहूँ आदि अनाजों, सोना, चाँदी, रूई में थोड़ी तेजी आएगी।

**21 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में आकर बुध एवं शुक्र के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध**

बनाएगा। रूई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूँ, चावल, चना, जौं, चाँदी में तेजी बनेगी। सोने के भावों में घटाबढ़ी रहेगी।

24 जून को बुध पुनर्वसु नक्षत्र में आने से चाँदी, रूई, कपास, सूत, सन में विशेष मन्दी का झटका लगेगा।

26 जून को बुध पश्चिम में उदय होने से सोना, चाँदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, घी, तेल में पहले अच्छी तेजी बनकर बाद में मन्दी बन जाएगी। शेयर्ज तेज रहेंगे।

27 जून को गुरु रोहिणी नक्षत्र के द्वितीय चरण में आने से सभी प्रकार के अनाजों, चाँदी, घी में तेजी बनेगी। सुपारी, मिर्च, सरसों, राई, हींग, तेल, खजूर, छुहारा, हल्दी में कुछ मन्दी बने।

28 जून को शुक्र पुनर्वसु में बुध के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। सोना, चाँदी, रूई, कपास में मन्दी का योग होने पर भी बीच में तेजी का झटका लगेगा।

29 जून को बुध कर्क राशि में आएगा। कर्क राशि पर मंगल की विशेष नीच दृष्टि चल रही है। **ध्यान दें, इसीदिन शनि वक्री भी हो रहा है।** सोना, चाँदी, क्रूड-ऑयल, गुड़, दूध, सरसों, गुड़ में झटके की तेजी बनकर बाद में मन्दी की लाईन बन सकती है। **सावधानी से चलें। तुरन्त मुनाफा काटते जाएं।** क्योंकि सोना/चाँदी, कॉपर किसी धातु में तेजी बनकर अगर वापिस आने लगे तो समझ लेना 10-15 दिन मन्दी का या घटाबढ़ी के बाद भाव स्थिर रहें।

*विशेष—ता. 29 जून के बाद शेयर-बाज़ार में तेजी की लाईन चलेगी।*

**जुलाई**—ता. 1 को ही बुध पुष्य नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, रूई, मणि, मोती, क्रूड-ऑयल, मूँग में मन्दी का अन्देशा होने के बावजूद मामूली तेजी बन ही जाएगी।

5 जुला. को सूर्य पुनर्वसु नक्षत्र में आकर शुक्र के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रूई, सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारू, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्ज़ी, हरड़, सुपारी, नारियल, केसर, मजीठ, नील, गुग्गुल में सभी करियाना वस्तुओं में तेजी की लाईन शुरु हो जाएगी।

**7 जुला. को शुक्र कर्क राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा तथा इन पर मंगल की विशेष दृष्टि रहेगी।** अकेला शुक्र यद्यपि यहाँ मन्दीकारक होता है, परन्तु क्रूर ग्रह की दृष्टि होने से **यहाँ सभी व्यापारिक वस्तुओं व धातुओं में तेज़ी का ही ध्यान लग रहा है।** इसीदिन मंगल कृतिका नक्षत्र में आएगा तथा शुक्र पश्चिम में उदय हो जाएगा। बाज़ार तेजी प्रधान रहेगा। रूई, घी, दूध, अलसी, एरण्डी, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मसूर, तेल, सरसों, चाँदी में अच्छी ज़ोरदार तेजी बनेगी। सोना, ताँबा, चने में भी घटाबढ़ी के बाद कुछ तेजी बनेगी।

8 जुला. को राहु उ.भा. 4 केतु हस्त 2 में आने से चाँदी, रूई, दालों में घटाबढ़ी चलेगी।

9 जुला. को बुध आश्लेषा तथा शुक्र पुष्य नक्षत्र में आने से तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँगफली, सूत, रूई, सन, रेशम, ऊन व धान्य में तेजी और लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी बनेगी।

12 जुला. को मंगल वृष राशि में आकर गुरु के साथ एकराशि सम्बन्ध बना रहा है। शीघ्र ही लाल वस्त्र, लाल चन्दन, अन्य लाल रंग की वस्तुएँ तथा सर्वप्रकार के अनाज, रूई, कपास, सूत, कुसुंभ, चन्दन, कपूर, केसर, तेल, सोना, चाँदी, ताँबा, जिस्त आदि धातुओं व शेयरों में भी तेजी बनेगी।

13 जुला. को गुरु रोहिणी नक्षत्र के तृतीय चरण में आने से तिल, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, वस्त्र, गेहूँ, जौं, चना आदि में तेजी की लाईन बनेगी।

16 जुला. को सूर्य कर्क राशि में आकर बुध एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। रूई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चाँदी, सोना आदि में तेजी बनेगी। चना, चावल, मटर, अरहर, मूँग आदि दालों में कुछ मन्दी का वातावरण रहे।

19 जुला. को सूर्य पुष्य नक्षत्र में आएगा। **इसीदिन बुध मघा नक्षत्र तथा सिंह राशि में आकर मंगल एवं शनि की दृष्टि में आ जाएगा। बाज़ार में चल रही तेजी को और अधिक हवा (बल) मिलेगी।** तिल, तेल, सरसों, खाण्ड, चावल, गेहूँ, जौं, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सब्ज़ी, हरड़, सुपारी, नारियल, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गुल आदि सुगन्धित पदार्थ व अन्य करियाना वस्तुओं में तेजी बनेगी।

20 जुला. को शुक्र आश्लेषा में आने से चावल, रूई, शेयरों में कुछ मन्दी बनेगी।

26 जुला. को मंगल रोहिणी नक्षत्र में आएगा। गुरु पहिले से ही रोहिणी नक्षत्र में है। रूई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लाल-मिर्च, हींग में तथा शेयरों में तेजी बनेगी।

30 जुला. को गुरु रोहिणी नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आने से ज्वार, गेहूँ, जौं, चने, मसूर, सरसों, तिल, तैल, घी, गुड़, खाण्ड, नमक, शहद, सोंठ, मिर्च, रूई, सूत में मन्दी बनेगी।

31 जुला. को शुक्र सिंह राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। बुध-शुक्र का शनि के साथ समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध तथा इन पर मंगल की विशेष दृष्टि भी रहेगी। **यह योग वायदा एवं हाजिर करियाना बाज़ार तथा धातुओं में तूफानी तेजी ला सकता है।** सोना, ताँबा, जौं, चना, गेहूँ, लाल-चन्दन, मजीठ, लाल-मिर्च, लाल रंग की वस्तुएं, घी में ज़बरदस्त तेजी बन सकती है। रूई में पहिले कुछ मन्दी बनकर तेजी बने।

*विशेष—ता. 7 जुला. तथा 16 से 18 जुला., पुनः 21-22 जुला. के बाद शेयर बाज़ार में मन्दी के झटके भी लग सकते हैं।*

**अगस्त**—2 अग. को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, रूई, बिनौला, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ में तेजी बनेगी।

**5 अग. को सिंह राशिगत बुध वक्री होगा। बुध-शुक्र के साथ शनि का समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध तथा इन पर मंगल की दृष्टि भी है।** शीघ्र ही घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, जौं, चना आदि अनाजों, बैंकिंग शेयर्ज़ में ज़ोरदार तेजी बनेगी।

*6 अग., मंगलवार को सिंहराशिगत चन्द्रदर्शन होने से वायदा व्यापारिक वस्तुओं मे तेजी का रुख रहे। सोना, चाँदी, रूई, ताँबा, गुड़, सरसों में घटाबढ़ी के बाद तेजी होगी।*

---

11 अग. को शुक्र पू.फा. नक्षत्र में आने से गेहूं, जौं, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूँग, चना

दृष्टि सम्बन्ध होने से सोना, चाँदी, सूत, गुड़, मूँग, क्रूड-ऑयल में अच्छी तेजी का

11 अग. को शुक्र पू.फा. नक्षत्र में आने से गेहूं, जौं, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूंग, चना में कुछ मन्दी बने।

12 अग. को सिंहराशिगत वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से चाँदी, रूई, घी में झटके के साथ तेजी बनेगी। बैंकिंग शेयर्ज़, सोने, ताँबे, लोहे, स्टील में भी तेजी की लाईन चलेगी।

16 अग. को सूर्य सिंह राशि में आकर बुध-शुक्र के साथ मेल करेगा। **इस समय सूर्य-बुध-शुक्र का शनि के साथ समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध बनेगा तथा मंगल की इन पर विशेष दृष्टि भी रहेगी।** सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तैल, एरण्ड, सरसों आदि, लाल रंग की वस्तुएं, क्रूड-ऑयल में अच्छी तेजी बनेगी। शेयरों में भी कुछ तेजी बनकर बाद में मन्दी बन जाएगी।

18 अग. को वक्री शनि पू.भा. 1 में आने से चाँदी, चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, तेल तेज होंगे।

20 अग. को गुरु मृगशिर नक्षत्र में आने से रूई में तेजी, चावल, चाँदी, घी, तृणादि में मन्दी का रुख बनेगा।

22 अग. को वक्री बुध कर्क राशि में आएगा। इसीदिन शुक्र उ.फा. नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, रूई, गुड़, दूध, तेल, मूँगफली, सरसों, बैंकिंग शेयर्ज़ में पहले घटाबढ़ी के मध्य तेजी बनकर मन्दी की लाईन चल सकती है। सावधान रहे।

**24 अग. को शुक्र कन्या राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की विशेष शत्रु दृष्टि रहेगी। कुछ वस्तुओं में तेजी तथा कुछ में मन्दी की ज़बरदस्त लाईन चलेगी।** चाँदी, गेहूँ आदि सर्वप्रकार के अनाज, गुड़, खाण्ड व ऊनी-रेशमी वस्त्रों, चावलों में तेजी बनेगी। शेयर्ज़ मे भी घटाबढ़ी के मध्य मामूली तेजी बने।

26 अग. को मंगल मिथुन राशि में आएगा। इसीदिन वक्री बुध पूर्व में उदय भी होगा। रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, अफीम, ताँबा, कुसुंभ, मजीठ तथा अन्य लाल रंग की वस्तुओ में विशेष तेजी बनेगी। सोना-चाँदी में भी घटाबढ़ी बनकर तेजी होगी।

29 अग. को बुध मार्गी होने से बैंकिंग शेयर्ज़, चाँदी, रूई, घी में विशेष घटाबढ़ी बनकर तेजी होगी। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूँगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित वस्तुओं में मन्दी बनेगी।

30 अग. को सूर्य पू.फा. नक्षत्र में आएगा। सूर्य-शनि के मध्य पहले ही समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध है। जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूँ, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़े, रूई, सूत में अच्छी तेजी का झटका लगेगा।

***विशेष*—*ता. 16 से 20 अग. तक, पुनः 24 अग. से मासान्त तक शेयर-बाज़ार में अच्छी तेजी की लाईन चलेगी।***

**सितम्बर**-ता. 1 को शुक्र हस्त नक्षत्र में आएगा। शुक्र-केतु के साथ है तथा इन पर मंगल की दृष्टि चल रही है। सोना, चाँदी, खाण्ड, गुड़, रूई, चावल में मन्दी का योग होने पर भी तेजी का ही रुख रहेगा।

4 सितं. को बुध सिंह राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इनका शनि के साथ समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध रहेगा। अकेला बुध यद्यपि यहाँ मन्दी करता है, **परन्तु यहाँ क्रूर दृष्टि सम्बन्ध होने से सोना, चाँदी, सूत, गुड़, मूँग, क्रूड-ऑयल में अच्छी तेजी का झटका लगेगा।** बैंकिंग शेयर्ज़ में भी तेजी बनकर बाद में मन्दी बनेगी।

6 सितं. को मंगल आर्द्रा नक्षत्र में आने से रुई, सूत, कपास, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, नमक में तेजी, परन्तु चाँदी, घी में मन्दी बने।

8 सितं. को राहु उ.भा. 3, केतु हस्त 1 में आने से सोने, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं में अच्छी घटाबढ़ी रहेगी।

12 सितं. को शुक्र चित्रा नक्षत्र में आएगा। शुक्र मंगल द्वारा दृष्ट है। सोना, चाँदी आदि धातुओं तथा अनाजों के भावों में घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बनेगी।

13 सितं. को सूर्य उ.फा. नक्षत्र में आएगा। रूई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चाँदी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, नील में तेजी बनेगी।

14 सितं. को बुध पू.फा. नक्षत्र में आएगा। अकेला बुध यहाँ मन्दीकारक होता है, परन्तु शनि की दृष्टि होने से गुड़, खाण्ड, गेहूँ, अनाज, मूँग, बाजरा, शेयर्ज़ में मन्दी की जगह तेजी बनेगी।

15 सितं. को बुध पूर्व में अस्त होने से घी, अनाज, रूई, शेयर्ज़ में कुछ मन्दी, सोने में तेजी बने।

16 सितं. को सूर्य कन्या राशि में आकर शुक्र एवं केतु के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल एवं गुरु की विशेष दृष्टियां रहेंगी। रूई, चाँदी, सोना, शेयरों, तिल, तैल, लाल वस्तुओं में पहले तेजी बनकर शीघ्र ही मन्दी का रुख बन जाएगा।

18 सितं. को शुक्र तुला राशि में आकर रूई, सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, दूध, चावल में साधारण तेजी, परन्तु शेयर्ज़ में अच्छी तेजी चल सकती है।

21 सितं. को बुध उ.फा. नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र बनाएगा। उड़द, मूँग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेजी, रूई-चाँदी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बन सकती है।

22 सितं. को गुरु मृगशिर (2) में आने से सोना-चाँदी के भाव घटाबढ़ी के बाद तेज होंगे।

23 सितं. को बुध कन्या रशि में आकर सूर्य-केतु के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल एवं गुरु की दृष्टियां रहेंगी। गेहूँ, जौं, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी बनेगी। रूई-चाँदी में भी मन्दी की जगह तेजी बनेगी। इसीदिन स्वाती नक्षत्र में आकर शुक्र गुड़, खाण्ड, दूध, चावल में तेजी करेगा।

26 सितं. को सूर्य हस्त नक्षत्र में आएगा। **ध्यान रहे,** सूर्य-बुध-केतु पर मंगल-गुरु की दृष्टियां हैं। गेहूँ, जौं, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रूई, सूत, जूट, घास, लकड़ी, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी में अच्छी तेजी का रुख शुरु हो सकता है।

28 सितं. को बुध हस्त नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाने से अनाज, चावलों, चाँदी में मन्दी की जगह मामूली तेजी बनेगी।

29 सितं. को मंगल पुनर्वसु नक्षत्र में आने से रूई, चाँदी, कपास, सूत, नमक, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों में साधारण तेजी बनेगी।

***विशेष*—*ता. 4 से 12 तक घटाबढ़ी के मध्य शेयर बाज़ार मज़बूत ही रहेगा तथा बैंकिंग शेयर्ज़ में अच्छी तेजी बनेगी। ता. 18 से 22 तक भी निफ्टी मज़बूत रहेगी।***

**अक्तूबर**–3 अक्तू. से वक्री शनि शतभिषा नक्षत्र में आने से चावल, खाण्ड, घी, लौंग, क्रूड–ऑयल, काली मिर्च, लोहे में तेजी का रुख शुरु हो जाएगा।

4 अक्तू. शुक्रवार को तुलाराशिगत चन्द्रदर्शन तथा शुक्र विशाखा नक्षत्र में आने से, सोना, चाँदी, रूई, सूत में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो तथा सरसों, तिल, तेल, उड़द, चना में मामूली मन्दी बनकर तेजी होगी।

6 अक्तू. को बुध चित्रा नक्षत्र में आने से रुई, चाँदी, सोने, बाजरा में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

9 अक्तू. को वृषराशिगत गुरु वक्री होने से सोना, घी, तेल, कॉपर, हींग, हल्दी, सरसों, सोयाबीन में शीघ्र ही तेजी की लाईन चलेगी। यहाँ स्टॉक करने/माल खरीदने से भविष्य में अच्छा मुनाफा होगा।

10 अक्तू. सूर्य चित्रा नक्षत्र में आकर बुध के साथ एकनक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रूई, सूत, सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं, रत्नों, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूँ, चना, कपूर, लाल कपड़े में विशेष तेजी बनेगी।

**13 अक्तू. को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर गुरु एवं शनि की दृष्टि में आ जाएगा।** गेहूं, जौं, उड़द, मूँग, मोठ, बाजरा आदि अनाजों, अलसी, गुड़, शेयर्ज़, चाँदी, रूई में अच्छी घटाबढ़ी के बाद तेजी का प्रबल चाँस है।

14 अक्तू. को बुध स्वाती नक्षत्र में आकर चाँदी, रूई में मन्दी बन सकती है।

15 अक्तू. को शुक्र अनुराधा नक्षत्र में आने से गुड़, खाण्ड, चावल, नमक, चाँदी, कॉपर में मन्दी का चांस है परन्तु शुक्र पर शनि व गुरु की दृष्टि के कारण बाज़ार शीघ्र ही तेजी की तरफ ही रहेगा।

17 अक्तू. को सूर्य तुला राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सोना, ताँबा, लाल चन्दन, मजीठ, श्रीफल, सुपारी, चना, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी बनेगी। चाँदी, रूई, घी, में भी घटाबढ़ी के बाद मामूली तेजी बने।

**20 अक्तू. को मंगल कर्क राशि में आकर शनि के साथ षडाष्टक सम्बन्ध बनाएगा। रूई, चाँदी आदि कुछ वस्तुओं में मन्दी बनकर तेजी बनेगी। परन्तु सरसों सोयाबीन, क्रूड–ऑयल, जीरा, लौंग, अलसी, पैट्रोल, खाण्ड, कॉपर में तेजी बनेगी।**

21 अक्तू. को बुध पश्चिम में उदय होने से सोना, चाँदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, पारा, गुड़, खाण्ड, तेल के व्यापार में अच्छी तेजी बनकर बाद में मन्दी बन जाएगी।

22 अक्तू. को बुध विशाखा में आने से रूई, गेहूँ, चावल, चना आदि में कुछ मन्दी बनेगी।

23 अक्तू. को सूर्य स्वाती नक्षत्र में आने से रुई, सूत, सन्, रेशम, कपड़ा, सोना, चाँदी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गुल में तेजी बनेगी।

25 अक्तू. को वक्री गुरु मृगशिर (1) में आएगा। रूई में घटाबढ़ी, गुड़, खाण्ड, सोना, चाँदी में मन्दी बन सकती है। **क्योंकि गुरु–शुक्र मध्य समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध चल रहा है, अतः बाज़ार का रुख अचानक परिवर्तित हो सकता है, इसलिए बहुत ही सावधानीपूर्वक चलें।**

26 अक्तू. को ज्येष्ठा नक्षत्र का शुक्र भी यद्यपि मन्दीकारक होता है। सोना, चाँदी, चावल, सरसों, तिल, तेल, हींग में मन्दी का प्रभाव दिखेगा भी, परन्तु शीघ्र ही बाज़ार में उथल–पुथल मचेगी तथा तेजी की तरफ बढ़ेगा।

28 अक्तू. को मंगल पुष्य नक्षत्र में आएगा। मंगल शनि को देख रहा है। शीघ्र ही सोने, क्रूड ऑयल, चाँदी, गुड़, खाण्ड में तेजी का ज़बरदस्त झटका लगेगा।

29 अक्तू. को बुध वृश्चिक राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। इस समय बुध–शुक्र का गुरु के साथ समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध रहेगा तथा इन पर शनि की विशेष दृष्टि भी है। सोना,चाँदी, तेल, सरसों, घी, खाण्ड, क्रूड–ऑयल में अच्छी तेजी बनेगी।

***विशेष–ता. 20 के बाद ही शेयर-बाज़ार (निफ्टी) में तेजी का रुख रहेगा।***

**नवम्बर**–मासारम्भ ता. 1 दीपावली वाले दिन अनुराधा नक्षत्र का बुध यद्यपि मन्दीकारक होता है, परन्तु बुध का गुरु एवं शनि के साथ दृष्टिसम्बन्ध वायदा एवं हाजिर बाज़ार में विशेष उथल–पुथल करेगा। सोना, चाँदी, रूई, दालों, गुड़, खाण्ड में घटाबढ़ी के बाद साधारण तेजी बने।

3 नवं., रविवार को वृश्चिकराशिस्थ चन्द्रदर्शन होने से भी गुड़, तेल, सोना–चाँदी में तेजी, रुई में कुछ मन्दी बने।

6 नवं. को सूर्य विशाखा नक्षत्र में तथा शुक्र धनु राशि में आएगा। सोना, चाँदी, कॉपर, जौं, शेयर्ज़, चावल, गेहूँ, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अलसी में तेजी होगी।

11 नवं. को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आकर घी, गुड़, खाण्ड, चावल, चाँदी में तेजी करेगा।

**15 नवं. को शनि मार्गी होगा। शनि पर मंगल की विशेष दृष्टि चल रही है।** अतः रूई, तिल, तेल, सरसों, हींग, मिर्च, क्रूड–ऑयल में तेजी बनेगी।

**16 नवं. को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की विशेष दृष्टि रहेगी।** रूई, सोना, चाँदी, ताँबा, ऊनी वस्त्रों, गुड़, सोयाबीन, सरसों, गेहूँ आदि में तेजी बनेगी।

18 नवं. को शुक्र पू.षा. नक्षत्र में आएगा। मूँग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, नमक में कुछ मन्दी बने।

19 नवं. को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में आएगा। जौं, चना आदि धान्यों, ऊन, सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातुओं में तेजी बनेगी। कुछ वस्तुओं में मन्दी की लाईन भी चल सकती है, इसलिए सावधान रहें। घटाबढ़ी के मध्य साधारण तेजी की यह लाईन ता. 25 तक चलेगी।

**26 नवं. को वृश्चिक राशिगत एवं सूर्ययुक्त बुध वक्री होगा। इन पर शनि की दृष्टि है।** गुड़, शक्कर, सोना, चाँदी, बैंकिंग शेयर्ज़, बाज़ार में तेजी की लाईन शुरु होगी।

28 नवं. को वक्री गुरु रोहिणी नक्षत्र में आने से सरसों, गेहूँ, जौं, चने, घी, गुड़, खाण्ड, नमक, शहद, मिर्च, रूई में मन्दी बनेगी।

***29 नवं. को शुक्र उ.षा. नक्षत्र में आने से गुड़, खाण्ड, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्डी में कुछ मन्दी बनेगी।***

***30 नवं. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई, चाँदी, घी में झटके की***

**30 नवं. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई, चाँदी, घी में झटके की ज़बरदस्त तेजी बनेगी। सोना, कॉपर, शेयर्ज़, गर्म मसाले, जौं, चावल में भी तेजी बनेगी।**

***विशेष—ता. 16 से 20 ता. तक, पुनः 26 से मासान्त तक शेयर बाज़ार में तेजी का बोलबाला रहेगा।***

**दिसम्बर**–2 दिसं. को सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में तथा शुक्र मकर राशि में आकर मंगल एवं गुरु के साथ दृष्टि-सम्बन्ध बनाएगा। सोना, चाँदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, गुड़, खाण्ड में तेजी की लाईन बनेगी जोकि एक सप्ताह तक भी चल सकती है।

**7 दिसं. को कर्कराशिगत मंगल वक्री होगा। क्रूड-ऑयल, लौंग, पैट्रोल, खाण्ड, गुड़, दूध, सोना, चाँदी में अच्छी तेजी बनेगी।**

8 दिसं. को वक्री बुध अनुराधा नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, सूत, सन, रूई में मन्दी बनेगी।

11 दिसं. को वक्री बुध पूर्व में उदय होगा तथा शुक्र श्रवण नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूँग, मोठ, उड़द, अनाज पहले तेज होकर बाद में गिर जाएंगे।

15 दिसं. को सूर्य धनु राशि में आएगा। रूई, कपास, सूत, तिल, तैल, सोना, चाँदी, ऊनी वस्त्र तेज होंगे। सोना-चाँदी एवं धातुओं मे तेजी की यह लाईन ता. 21 तक रहेगी।

22 दिसं. को शुक्र धनिष्ठा नक्षत्र में आएगा। चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चाँदी, सोना, रुई, कपास में पुनः कुछ तेजी बनेगी एवं धातुओं में नए लेवल देखने को मिलेंगे।

23 दिसं. को वक्री गुरु रोहिणी नक्षत्र के तृतीय चरण में आने से तिल, तैल, घी, गुड़, खाण्ड, गर्म-वस्त्र, गेहूँ, जौं, चने में तेजी बने।

24 दिसं. को बुध ज्येष्ठा नक्षत्र में आकर घी, गुड़, खाण्ड, चावल, मूँग, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी बनेगी।

27 दिसं. को शनि पू.भा. (1) नक्षत्र में आने से गेहूँ आदि अनाज, अलसी, तिल, तेल, सरसों, मूँग, उड़द में तेजी बनेगी।

28 दिसं. को सूर्य पू.षा. नक्षत्र में तथा शुक्र कुम्भ राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। शुक्र-शनि पर मंगल की दृष्टि रहेगी। तिल, तैल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनी वस्त्र, सन्, चाँदी, क्रूड-ऑयल में तेजी बनेगी। **यद्यपि अकेला शुक्र कुम्भ राशि में मन्दी करता है, परन्तु यहाँ क्रूर ग्रहयोग से तेजी का ही रुख चलेगा।**

***विशेष—मासारम्भ ता. 1 से 11 दिसं. तक शेयर-बाज़ार तेजी की तरफ ही रहेगा।***

**नोट**—गोचर ग्रहस्थिति अनुसार ऊपर दिए गए व्यापारिक रुख, लाईन तथा चांसों के विपरीत बाज़ार का रुख चले या वायदा/हाजिर व्यापार की लाईन अनुकूल न चले, तो तुरन्त सौदा काटकर हानि से बचें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि होने पर हम जिम्मेवार न होंगे।

**—सम्पादक**

# आज का दिन कैसा गुजरेगा ?



जिस दिन को मालूम करना हो कि **आज का दिन आपका कैसा गुजरेगा ?** तो उस दिन आप पंचांग में देखें कि चन्द्रमा किस नक्षत्र पर है। आप उस नक्षत्र को नं. 1 पर से गिन कर ऊपर लिखे चक्र के क्रमानुसार 28 नक्षत्र लगा लें। फिर देखें कि आपके नाम का नक्षत्र किस स्थान पर आता है। वैसा फल जानें। यदि आपके नाम का नक्षत्र वृत्त (गोलाकार) के अन्दर पड़ेगा तो उस दिन शुभ समाचार, प्रिय बन्धु से मिलाप व धन लाभ होगा। यदि गोल वृत्त के बाहर पड़े तो दिन का आधा भाग खुशी में, आधा भाग फिकर और चिन्ता में व्यतीत होगा। यदि त्रिशूल के ऊपर पड़े तो पूरा दिन परेशानी, झगड़े, धन हानि व चिन्ता में व्यतीत होगा। **उदाहरणार्थ आज यदि मघा नक्षत्र हो तो, उसे नं. 1 लें।** इसी क्रम में पू.फा. आदि 28 नक्षत्र क्रम से लिख लें। नक्षत्रों की तालिका इसी पंचाँग के अन्तिम पृष्ठों में देखें।

# खोई हुई वस्तु मिलेगी या नहीं ?

**विनष्टार्थस्य लाभोऽन्धे शीघ्रं मन्दे प्रयत्नतः। स्यात् दूरेश्रवणं मध्ये श्रुत्याप्ती न सुलोचने॥**

**१. अन्धाक्ष नक्षत्रों** में गुम हुई अथवा चोरी हुई वस्तु पूर्व दिशा की ओर जाती है और उसकी पुनः प्राप्ति की शीघ्र सम्भावना रहती है।

**२. सुलोचन नक्षत्रों** में गुम हुई वस्तु उत्तर दिशा में जाती है परन्तु उसका न तो पता चलता है और न ही प्राप्त होती है।

**३. मध्याक्ष नक्षत्र** में खोई वस्तु पश्चिम दिशा की ओर अति दूर चली जाती है। पता चलने पर भी प्राप्त (हस्तंगत) नहीं होती।

**४. मन्दाक्ष नक्षत्र** में गुम अथवा चोरी हुई वस्तु दक्षिण की ओर चली जाती है तथा अत्यधिक प्रयत्न करने पर अन्ततोगत्वा वह प्राप्त हो जाती है। अन्धाक्षादि नक्षत्र निम्नलिखित हैं–

| **नक्षत्र संज्ञा** | **नाम नक्षत्र** | | | | | | | **मिलेगी या नहीं** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **(१) अन्धाक्ष** | रोहणी | पुष्य. | उ.फा. | विशा. | पू.षा. | धनि. | रेव. | शीघ्र मिलेगी। |
| **(२) सुलोचन** | कृतिका | पुन. | पू.फा. | स्वा. | मूल. | श्रव. | उभा. | नहीं मिलेगी। |
| **(३) मध्याक्ष** | भर. | आर्द्रा. | मघा. | चित्रा. | ज्येष्ठा | अभि. | पू.भा. | पता लगाने पर भी नहीं मिलेगी। |
| **(४) मन्दाक्ष** | अश्विनी | मृग. | आश्ले. | हस्त. | अनु. | उ.षा. | शत. | बहुत प्रयत्न करने पर मिलेगी। |

# चमत्कारिक मन्त्र-तन्त्र एवं यन्त्रों द्वारा अभीष्ट सिद्धि

संसार में निरन्तर बढ़ती दुःख शृंखलाओं से मुक्ति हेतु मन्त्र ही सर्वोत्तम सुलभ साधन है। अनेक दुःखों से परितप्त प्राणियों के कल्याण हेतु ही हमारे प्रातः स्मरणीय ऋषियों ने मन्त्र विद्या को अपने दिव्य ज्ञान द्वारा प्रकाशित किया है। लौकिक एवं पारलौकिक जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मन्त्र/उपासना, ध्यान आदि पद्धतियों द्वारा लोगों की जीवन-शैली को प्रभावित किया है। सूक्ष्म मनन चिन्तन के द्वारा विशेष सारगर्भित वर्णों के व्यष्टि रूप को मन्त्र की संज्ञा प्रदान की गई लगती है। पिंगला मतानुसार समस्त ब्रह्माण्ड के विज्ञान के मनन एवं मंथन और संसाररूपी बन्धनों से मुक्ति (त्राण)-इन दोनों प्रकार के कार्यों में उत्तम प्रकार से सिद्धि प्रदान कराने वाला वर्ण समुदाय मन्त्र कहलाता है।

**मननं विश्वविज्ञानं त्रणं संसार बन्धनात्। यतः करोति सं सिद्धिं मन्त्र इत्युच्यते ततः।।**

जो कार्य मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक उद्देश्य अन्य साधनों से सिद्ध नहीं हो सकते थे, हमारे मनीषि उन्हें मन्त्र जाप साधना से शीघ्र सिद्ध कर लेते थे। मन्त्र-सिद्धि के सम्बन्ध में यह आख्यान प्रसिद्ध ही है कि मन्त्र, तीर्थ, ब्राह्मण, देवता, दैवज्ञ (ज्योतिषी), वैद्य एवं गुरु के सम्बन्ध में व्यक्ति की जैसी भावना होगी, वैसे ही उसे फल की प्राप्ति होगी।

**मन्त्र तीर्थे द्विजे दैवज्ञे भैषजे गुरौ। यादृशी भावना यस्य सिद्धिर्भवति तादृशी।।**

मन्त्र-तन्त्र साधना में अभीष्ट सिद्धि एवं सफलता हेतु कुछ विशेष व्रत-नियमों आदि के पालन करने का निर्देश किया है। इनमें श्रद्धा, धैर्य, भक्ति, आसन, धन, शरीर एवं आचरण शुद्धि आदि के आवश्यक नियम बतलाए गए हैं।

मन्त्रों एवं यन्त्रों के अनुष्ठान के लिए सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, श्रीमहाशिवरात्रि काल, दीपावली, अक्षय-तृतीया, निरयण-सायन संक्रान्तिकाल, होलाष्टक, रविपुष्य, गुरुपुष्य, नवरात्रों में अमृत-सिद्ध, भौमवासरी अमावस, पूर्णिमा आदि में मन्त्र-यन्त्रों के अनुष्ठान का विशेष प्रभाव होता है। विविध मन्त्रों के अनुष्ठान एवं उनमें संसिद्धि सम्बन्धी विस्तृत व्याख्या हेतु आप हमारी पुस्तक 'शिव-मन्त्रावली' पढ़ें।

## मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

### (1) सायन संक्रान्ति प्रवेश एवं पुण्यकाल (सन् 2024-25 ई.)

भारतीय मुहूर्त्त शास्त्रों ने निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल की भान्ति सायन संक्रान्ति के पुण्यकाल को भी यन्त्र-मन्त्र साधना हेतु विशेष सिद्धिदायक बताया है।

| 2024-25 ई. | राशि | प्रवेशकाल | पुण्यकाल विवरण ( भा. स्टैं. टा. ) |
|---|---|---|---|
| 20 जनवरी | कुम्भ | 19:37 | दोपहर 13:13 से 26:01 तक |
| 19 फरवरी | मीन | 9:43 | 19 की प्रातः 03:19 से सायं 16:07 तक |
| 20 मार्च | मेष | 8:36 | 19 की रात्रि 26:12 से 20 की दोप. 15:00 तक |
| 19 अप्रैल | वृष | 19:30 | दोपहर 13:06 से 25:54 तक |
| 20 मई | मिथुन | 18:30 | दोपहर 12:06 से 24:54 तक |
| 20 जून | कर्क | 26:21 | रात्रि 19:57 से 21 ता. की प्रातः 8:45 तक |
| 22 जुलाई | सिंह | 13:14 | प्रातः 6-50 से रात्रि 19:38 तक |
| 22 अगस्त | कन्या | 20:25 | दोपहर 14:01 से रात्रि 26:49 तक |
| 22 सितम्बर | तुला | 18:14 | दोपहर 11:50 से रात्रि 24:38 तक |
| 22 अक्तूबर | वृश्चिक | 27:45 | 21 की रात्रि 21:21 से 22 की प्रातः 10:09 तक |
| 21 नवम्बर | धनु | 25:27 | 21 की रात्रि 19:03 से 22 ता. की प्रातः 7:51 तक |
| 21 दिसम्बर | मकर | 14:51 | प्रातः 8:27 से रात्रि 20:15 तक |
| 19जन.( 2025 ) | कुम्भ | 25:30 | रात्रि 19:06 से 20 ता. की प्रातः 7:54 तक |
| 18 फरवरी | मीन | 15:37 | प्रातः 9:13 से रात्रि 22:01 तक |
| 20 मार्च | मेष | 14:31 | प्रातः 8:07 से रात्रि 20:55 तक |

## क्रान्तिसाम्य काल (सन् 2024-25 ई.)

यहाँ सूर्य-चन्द्रमा का महापात-गणित द्वारा प्रणीत सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य-काल दिया जा रहा है। विवाहादि मुहूर्त्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य-काल को वर्जित किया जाता है। यह समयावधि शुभ मुहूर्त्तों के लिए अशुभ एवं त्याज्य है, परन्तु मन्त्र-यन्त्रादि तांत्रिक अनुष्ठान के लिए श्रेष्ठ व शुभ होती है।

| प्रारम्भ काल | | | समाप्ति काल | | |
|---|---|---|---|---|---|
| तारीख | घं. | मिं. | तारीख | घं. | मिं. |
| 19 अप्रैल | 10 | 32 | 19 अप्रैल | 14 | 58 |
| 2 मई | 19 | 28 | 2 मई | 23 | 32 |
| 15 मई | 03 | 51 | 15 मई | 9 | 08 |
| 28 मई | 19 | 54 | 28 मई | 25 | 15 |
| 10 जून | 10 | 28 | 10 जून | 17 | 06 |
| 2 जुला. | 13 | 09 | 2 जुला. | 19 | 09 |
| 16 जुला. | 11 | 06 | 16 जुला. | 16 | 53 |
| 28 जुला. | 20 | 14 | 29 जुला | 00 | 50 |
| 11 अग. | 10 | 12 | 11 अग. | 14 | 54 |
| 23 अग. | 19 | 14 | 23 अग. | 22 | 51 |
| 6 सितं. | 01 | 05 | 6 सितं. | 5 | 17 |
| 18 सितं. | 20 | 02 | 18 सितं. | 23 | 15 |
| 1 अक्तू | 13 | 32 | 1 अक्तू | 17 | 38 |
| 14 अक्तू | 21 | 26 | 14 अक्तू | 24 | 53 |
| 27 अक्तू | 02 | 11 | 27 अक्तू | 6 | 39 |
| 9 नवं. | 19 | 24 | 9 नवं. | 23 | 44 |
| 21 नवं. | 20 | 31 | 22 नवं. | 01 | 50 |
| 5 दिसं. | 20 | 07 | 6 दिसं. | 02 | 00 |
| 18 दिसं. | 9 | 05 | 18 दिसं. | 15 | 37 |
| 27 दिसं. | 14 | 38 | 27 दिसं. | 21 | 33 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | | | | |
| 9 जन. | 14 | 03 | 9 जन. | 19 | 24 |
| 22 जन. | 23 | 22 | 23 जन. | 04 | 47 |
| 4 फर. | 15 | 17 | 4 फर. | 19 | 23 |
| 17 फर. | 16 | 45 | 17 फर. | 21 | 11 |
| 2 मार्च | 12 | 50 | 2 मार्च | 16 | 13 |
| 15 मार्च | 6 | 11 | 15 मार्च | 10 | 12 |
| 28 मार्च | 13 | 12 | 28 मार्च | 16 | 29 |
| महावारुणी-योग ( 2024 ई. ) | | | | | |
| 6 अप्रै. | 10 | 20 | 6 अप्रै. | 15 | 40 |
| वारुणी पर्व ( 2025 ई. ) | | | | | |
| 27 मार्च | सू. | उ. | 27 मार्च | 23 | 04 |

## दीपावली पर्व

यन्त्र-मन्त्र साधना, अनुष्ठान के लिए 1 नवं., शुक्रवार, 2024 ई. को दीपावली पर्व में प्रदोष एवं महानिशीथकाल आदि विशेष सिद्धिदायक होंगे। (देखें पृष्ठ 30)

## (1) दरिद्रतानाशक एवं लक्ष्मीप्राप्ति हेतु मन्त्र

**'ॐ ऐं ह्रीं श्रीं श्रिये नमो भगवति मम समृद्धौ ज्वल ज्वल मां सर्वसम्पदं देहि देहि ममालक्ष्मीं नाशय नाशय हुँ फट् स्वाहा।।'**

इस मन्त्र का सूर्यग्रहण या चन्द्रग्रहण अथवा दीपावली की रात्रि को जो प्राणी एक हज़ार आठ बार जप कर दशांश हवन कर घृत से आहुति देता है, ऐसे प्राणी की दरिद्रता नष्ट हो जाती है और वह लक्ष्मी से युक्त हो जाता है।

## (2) सरकारी–क्षेत्र से काम निकलवाने का मन्त्र

यदि कोई कार्य सरकारी तन्त्र द्वारा किया जाना है परन्तु उसमें अनावश्यक विलम्ब हो रहा है, जिससे काफी क्षति हो रही है, उस दशा में निम्न मन्त्र को नहा–धोकर शुद्ध आसन पर बैठकर धूप दीप जलाकर 108 बार जाप करने से कार्य में सफलता मिलती है।

**''ॐ श्रीं श्रीं ॐ ॐ श्रीं हुं फट् स्वाहा।।''**

## (3) ऋण/शत्रु-भय से मुक्ति के लिए अमोघ
## ''ऋणमोचन भौम (मंगल)–स्तोत्र''

इस स्तोत्र का संकल्पपूर्वक प्रतिदिन पाठ करने से ऋण (कर्ज़े) आदि से अवश्य मुक्ति प्राप्त हो जाती है। शुक्ल पक्ष के मंगलवार से इस स्तोत्र का पाठ आरम्भ करना चाहिए। यदि स्वयं पाठ न कर सकें, तो संकल्पपूर्वक ब्राह्मण–देवता से करवाएँ। इसकी जपसंख्या दस हज़ार है। जप पूर्ण होने पर दशांश हवन भी करवाएं।

***ध्यान मन्त्र***–(भौम देवता का ध्यान करना चाहिए।)

**'ॐ रक्ताम्बरो रक्तवपुः किरीटी चतुर्मुखो मेषगमो गदाधृक्।**
**धरासुतः शक्तिधरश्च शूली सदा मम स्याद्वरदः प्रशान्तः।।**

(अर्थात् जिनका वस्त्र तथा शरीर लालवर्ण का है, जो मुकुट धारण किये हैं, जिनकी चार भुजाएँ हैं, जिनका वाहन मेष (भेड़ा) है, जो गदा, शक्ति तथा त्रिशूल धारण किए हुए हैं, ऐसे परम प्रशान्त, पृथ्वी के पुत्र श्रीमङ्गल देवता मुझे वर देने वाले हों।)

***विनियोग***–स्तोत्र पाठ आरम्भ करने से पहिले ऋषि आदि का स्मरण करें–

**''ॐ अस्य श्री भौमस्तोत्रस्य भार्गव ऋषिः। मंगलो देवता। त्रिष्टुप् छन्दः। ऋणापहरणे जपे विनियोगः।''**

**स्तोत्र–**

**''मंगलो भूमिपुत्रश्च ऋणहर्ता धनप्रदः।**
**स्थिरात्मजो महाकायः सर्वकामार्थसाधकः।। १।।**
**लोहितो लोहितांगश्च सामगानां कृपाकरः।**
**धरात्मजः कुजो भौमो भूतिदो भूमिनन्दनः।। २।।**
**अंगारको यमश्चैव सर्वरोगापहारकः।**
**वृष्टिकर्ताऽपहर्ता च सर्वकामफलप्रदः।। ३।।**
**एतानि कुजनामानि नित्यं यः श्रद्धया पठेत्।**
**ऋणं न जायते तस्य धनं शीघ्रमवाप्नुयात्।। ४।।**
**धरणीगर्भसम्भूतं विद्युत्कान्ति–समप्रभम्।**
**कुमारं शक्तिहस्तं च मङ्गलं प्रणमाम्यहम्।। ५।।**
**स्तोत्रमङ्गारकस्यैतत् पठनीयं सदा नृभिः।**
**न तेषां भौमजा पीडा स्वल्पाऽपि भवति क्वचित्।। ६।।**
**अङ्गारक ! महाभाग ! भगवन् ! भक्तवत्सल।**
**त्वां नमामि ममाशेषमृणमाशु विनाशय।। ७।।**
**ऋणरोगादि–दारिद्रयं ये चाऽन्ये ह्यपमृत्यवः।**
**भय–क्लेश–मनस्तापा नश्यन्तु मम सर्वदा।। ८।।**
**अतिवक्र ! दुराराध्य ! भोगमुक्तजितात्मनः।**
**तुष्टो ददासि साम्राज्यं रुष्टो हरसि तत्क्षणात्।। ९।।**
**विरिञ्चि–शक्र–विष्णूनां मनुष्याणां तु का कथा?।**
**तेन त्वं सर्वसत्त्वेन ग्रहराजो महाबलः।। १०।।**
**पुत्रान् देहि धनं देहि त्वामस्मि शरणं गताः।**
**ऋणदारिद्रयदुःखेन शत्रूणां च भयात्ततः।। ११।।**
**एभिर्द्वादशभिः श्लोकैर्यः स्तौति च धरासुतम्।**
**महतीं श्रियमाप्नोति ह्यपरो धनदो युवा।। १२।।**

*इति श्रीस्कन्दपुराणे भार्गवप्रोक्तम ऋणमोचनमङ्गलस्तोत्रम्।।*

१. मङ्गल, २. भूमिपुत्र, ३. ऋणहर्ता, ४. धनप्रद, ५. स्थिरासन, ६. महाकाय, ७. सर्वकर्माविरोधक, ।।१।। ८. लोहित, ९. लोहिताङ्ग, १०. सामगानां कृपाकर (सागग ब्राह्मणों के ऊपर कृपा करने, ११. धरात्मज, १२. कुज, १३. भौम, १४. भूतिद (ऐश्वर्य को देने वाले), १५ भूमिनन्दन (पृथ्वी को आनन्द देने वाले)।।२।। १६. अङ्गारक, १७. यम. १८. सर्वरोगापहारक अर्थात् सम्पूर्ण रोगों को दूर करने वाले, १९. वृष्टिकर्ता (वृष्टि करने वाले), २०. वृष्टिहर्ता (वृष्टि को न कर अकाल डालने वाले तथा २१. सर्वकामफलप्रद (सम्पूर्ण कामनाओं के फल को देने वाले)।।३।। मङ्गल के उपर्युक्त (अर्थात् इक्कीस) नाम को जो व्यक्ति श्रद्धा से पढ़ते हैं, उनको ऋण–कर्ज़ नहीं होता और वे लोग शीघ्र ही धन प्राप्त करते हैं।। ४।। धरणी (पृथ्वी) के गर्भ से उत्पन्न, बिजली के समान कान्ति से युक्त, शक्ति को धारण करने वाले, कुमार मङ्गल को मैं प्रणाम करता हूँ।। ५।। मनुष्यों को इस मङ्गल–स्तोत्र का पाठ हमेशा करना चाहिए। जो लोग इस मङ्गल–स्तोत्र का पाठ करते हैं, उन्हें मङ्गल के अरिष्ट की थोड़ी–सी भी पीड़ा नहीं होती।। ६।।

हे अङ्गारक, महाभाग, भगवान्, भक्तवत्सल भौम ! आपको हम प्रणाम करते हैं। हमारे सम्पूर्ण ऋण (कर्ज़) को आप दूर कीजिए।। ७।। ऋण, रोग, दरिद्रता तथा अन्य अपमृत्यु, भय, क्लेश तथा मनस्ताप मेरे सदैव दूर हो जायें।। ८।। अतिवक्र, दुराराध्य भगवान् मङ्गल, आप प्रसन्न होने पर साम्राज्य दे सकते हैं, पर नाराज़ होने पर तुरन्त ही साम्राज्य को नष्ट भी कर देते हैं।। ९।। हे महाराज ! आप नाराज़ होने पर ब्रह्मा, इन्द्र तथा विष्णु के भी साम्राज्य-सम्पत्ति को नष्ट कर सकते हैं फिर मनुष्य की तो बात ही क्या है ? इस प्रकार के पराक्रम से युक्त होने के कारण आप महाबलवान् ग्रहराज हैं।। १०।। हे भगवन् ! आप मुझे पुत्र दें, धन देवें, मैं आपकी शरण में हूँ। ऋण, दारिद्रय, दुःख तथा शत्रु के भय से मुझे मुक्त करें।। ११।। इन बारह श्लोकों वाले इस **'ऋणमोचन-मङ्गल-स्तोत्र'** से जो लोग मङ्गल की स्तुति करते हैं, उनको प्रचुर-भरपूर लक्ष्मी की प्राप्ति होती है, वह इस पृथ्वी तल में दूसरा कुबेर तथा सदा युवा बना रहता है।। १२।।

*इस प्रकार स्कन्दपुराण में वर्णित भार्गव-ऋषि द्वारा कहा गया ऋणमोचन-मङ्गल-स्तोत्र सम्पूर्ण।*

## (4) ऋण मुक्ति के लिए कुछ उपयोगी मन्त्र

(1) कुश की जड़, बिल्व का पञ्चाङ्ग (पत्र, फल, बीज, लकड़ी और जड़) तथा सिन्दूर-इन सबका चूर्ण बनाकर चन्दन की पीठिका पर नीचे लिखे मन्त्र को लिखे। तदनन्तर पञ्चोपचार से पूजन करके गोघृत से 44 दिनों तक प्रतिदिन सात बार संक्षिप्त हवन करें। मन्त्र की जप संख्या कम-से-कम 10 हज़ार है, जो 44 दिनों में पूरी होनी चाहिए। 43 दिनों तक प्रतिदिन 228 मन्त्रों का जाप हो और 44वें दिन 196 मन्त्रों का। तदनन्तर १०००० मन्त्र का जप, जप के बाद उसका दशांश १००० हवन या जपादि करना आवश्यक है। मन्त्र यह है-

**ॐ आं ह्रीं क्रौं श्रीं श्रियै नमः ममालक्ष्मीं नाशय नाशय मामृणोत्तीर्णं कुरु कुरु सम्पदं वर्धय वर्धय स्वाहा।।**

(2) निम्न मन्त्र का एक वर्ष तक निरन्तर 1100 जप करने से साधक (कर्त्ता) शीघ्र ही ऋणमुक्त हो जाता है। साथ ही ऋणहर्ता गणेश स्तोत्र का भी पाठ कर लेना चाहिए-

**मन्त्र-ॐ गणेश ऋणं छिन्धि वरेण्यं हुं नमः फट्।।**

(3) **ऋण-मुक्ति गणेश स्तोत्रम्-**

***विनियोगः*-अस्य श्रीऋणविमोचनमहागणपतिस्तोत्रमन्त्रस्य शुक्राचार्य ऋषिः, ऋणविमोचन महागणपतिर्देवता, अनुष्टुप् छन्दः, ऋणविमोचनमहागणपतिप्रीत्यर्थे जपे विनियोगः।**

**ॐस्मरामि देवदेवेशं वक्रतुण्डं महाबलम्। षडक्षरं कृपासिन्धुं नमामि ऋणमुक्तये।। १।।**
**महागणपतिं वन्दे महासेतुं महाबलम्। एकमेवाद्वितीयं तु नमामि ऋणमुक्तये।। २।।**
**एकाक्षरं त्वेकदन्तमेकं ब्रह्म सनातनम्। महाविघ्नहरं देवं नमामि ऋणमुक्तये।। ३।।**
**शुक्लाम्बरं शुक्लवर्णं शुक्लगन्धानुलेपनम्। सर्वशुक्लमयं देवं नमामि ऋणमुक्तये।। ४।।**
**रक्ताम्बरं रक्तवर्णं रक्तगन्धानुलेपनम्। रक्तपुष्पैः पूज्यमानं नमामि ऋणमुक्तये।। ५।।**
**कृष्णाम्बरं कृष्णवर्णं कृष्णगन्धानुलेपनम्। कृष्णयज्ञोपवीतं च नमामि ऋणमुक्तये।। ६।।**
**पीताम्बरं पीतवर्णं पीतगन्धानुलेपनम्। पीतपुष्पैः पूज्यमानं नमामि ऋणमुक्तये।। ७।।**
**सर्वात्मकं सर्ववर्णं सर्वगन्धानुलेपनम्। सर्वपुष्पैः पूज्यमानं नमामि ऋणमुक्तये।। ८।।**
**एतदृणहरं स्तोत्रं त्रिसन्ध्यं यः पठेन्नरः। षण्मासाभ्यन्तरे तस्य ऋणच्छेदो न संशयः।। ९।।**
**सहस्रदशकं कृत्वा ऋणमुक्तो धनी भवेत्।। १०।।**

## (5) सन्तान कामेश्वरी मन्त्र

**'शक्ति उपासना'** में सन्तान कामेश्वरी का बड़ा महत्त्व है। जिन महिलाओं को गर्भ निरोध हो जाता है अथवा किसी कारण से सन्तान प्राप्ति नहीं होती, उनके लिए यह मंत्र शीघ्र फलदायक है। अपने संकल्प के साथ भगवती का पूजन करके ध्यान करना चाहिए।

**ध्यान- भजे कामेश्वरीं देवीं शिवांके रूपसन्निभाम्।**
**व्रतानुष्ठान मात्रेण आशु सन्तान वर्धिनीम्॥**

**विनियोग**-अस्य श्रीसन्तानकामेश्वरी महामंत्रस्य मन्मथ ऋषिः त्रिष्टुप्छन्दः श्रीसन्तानकामेश्वरी देवता क्लीं बीजं श्रीं शक्तिः श्रीं कीलकं (अमुक्याः) मम सन्तान प्राप्तये वृद्धये जपे विनियोगः।

**-अथ जपनीय मन्त्र-**

**ॐ क्लीं ऐं ह्रीं श्रीं नमो भगवति सन्तानकामेश्वरि गर्भविरोधं।**
**निरासय निरासय सम्यक् शीघ्रं सन्तानमुत्पादयोत्पादय स्वाहा॥**
**श्रीकामेश्वरी यै अर्पणमस्तु**

सवा लाख जाप के पश्चात् दशांश हवन, तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण भोजन भी करवाएँ। कन्या पूजन करके आरम्भ करें। सन्तान अवश्य होती है।

## (6) सन्तान प्राप्ति के कुछ टोटके

(1) जो सन्तान पैदा करने में सक्षम हों और फिर भी उन्हें सन्तान न हुई हो तो वे अपने निवास के मुख्यद्वार पर बालक गणपति की मूर्त्ति या चित्र लगाएं तथा पति-पत्नी दोनों गणपति के 108 नामों का उच्चारण करें। नित्य प्रातः **'संतान गणपत्ये नमः गर्भदोषहरो नमः पुत्र पौत्राय नमः'** मंत्र का सवा लाख जप करें।

(2) संतान न होने के कारण सदा चिंतित रहने वाली महिला बागवानी करें तथा नित्य पौधे रोपकर उनकी देखभाल करें, उन्हें फलने-फूलने दें।

(3) पुत्र की अभिलाषा वाले पति-पत्नी एक मास तक भोजनोपरांत किसी पीली वस्तु का सेवन करें। दूसरे मास में पीला वस्त्र अवश्य पहनें। तीसरे मास में सामर्थ्यनुसार धन के साथ कोई पीली वस्तु दान करें। *विशेष जानकारी के लिए 'सुतभाव प्रकाश' (लेखक : पं. पन्ना लाल ज्यो.) पुस्तक पढ़ें।*

## (7) दाम्पत्य सुख एवं शत्रु विजय हेतु हनुमान प्रयोग

शुक्ल पक्ष के मंगलवार से प्रारम्भ कर यह प्रयोग लगातार ७ या ११ मंगलवार करें। यदि सम्भव हो तो प्रतिदिन करें। हनुमान जी की प्रतिमा लेकर चन्दन, पीला सिन्दूर और देसी घी से तिलक लगाएं। श्री हनुमान जी से इसी बात की प्रार्थना करनी है कि जिस प्रकार आपने सीता और श्रीराम का मिलन करवाया था, उसी प्रकार मुझे मेरे पति की प्राप्ति कराएं।

**''दारिद्रदु:खदहनं विजयं विवादे, कल्याण साधनममंगलवारणं च।**
**दाम्पत्यदीर्घसुखसर्वमनोरथाप्तिम, श्री मारुते: स्तवमहो नितरां तनोति॥''**

हर बार मन्त्र उच्चारण के पश्चात् ललाट से पूँछ तक तिलक लगाएं, तत्पश्चात् पूंछ से ललाट तक पुन: यही क्रिया सम्पन्न करें। प्रतिदिन कम-से-कम २१ बार अवश्य इस मन्त्र का जप करें। प्रति मंगलवार एक माला का पाठ करें। मन्त्र जप करते हुए मन ही मन हनुमान जी से यह प्रार्थना करनी चाहिए कि हे हनुमान ! जिस प्रकार आपने माता सीता को उनके अधीष्ठ राम से मिलवाया था, उसी प्रकार मेरे मार्ग की सभी बाधाओं तथा विपदाओं का शमन कर मुझे मेरे पति से मिलाने की कृपा करें।

## (8) अभीष्ट वर प्राप्ति के लिए विभिन्न मन्त्र

जिस कन्या के विवाह-कार्य में बार-बार विघ्न-बाधाएँ पड़ती हों। उसको गुरु-पुष्य, रवि पुष्य, अक्षया तीज, श्रावण मास में, दीपावली, बसन्त अथवा नवरात्रों में निम्नलिखित मन्त्र का आरम्भ करके यथेष्ठ संख्या में ५१ हज़ार अथवा सवा लाख की संख्या में नियमित रूप में, शिव-पार्वती अथवा माता के मन्दिर में धूप, दीप जलाकर पीले एवं लाल पुष्प चढ़ाकर सुनिश्चित समय में नियमित रूप से संकल्पपूर्वक एवं विधिवत् जप करना चाहिए। इससे देवी की कृपा से अवश्य कामना सिद्धि होती है-

**(१) ॐ ह्रीं गौर्ये नमः- हे गौरि शंकरार्धांगि यथा त्वं शंकर प्रिया।**
**तथा मां कुरु कल्याणि कान्तकान्तां सुदुर्लभाम्॥**

(हे गौरी, शङ्कर की अर्द्धाङ्गिनी ! जिस प्रकार तुम शङ्कर की प्रिया हो, उसी प्रकार हे कल्याणी ! मुझ कन्या को दुर्लभ वर प्रदान करो।)

**एक अन्य उपयोगी मन्त्र-**

**(२) ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिनी अधीश्वरी।**
**नन्दगोपसुते देवि ! पतिं मे कुरू ते नमः॥**

(हे कात्यायनि, महामाया, महायोगिनियों की अधीश्वरि ! मुझे भगवान् कृष्ण सदृश पति प्रदान करो ! तुम्हें नमस्कार है।)

**(३) ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रियभामिनी।**
**विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रं लाभं च देहि मे॥**

(ॐ देवेन्द्राणि ! देव इन्द्र की प्रिय पत्नी ! तुम्हें नमस्कार है। मुझे विवाह, भाग्य, आरोग्य और शीघ्र लाभ प्रदान करें।)

इस मन्त्र का भी प्रतिदिन कम से कम 108 बार लगातार अभीष्ट सिद्धि तक करते रहें। जप करने से पहले प्रतिष्ठित तुलसी-पादप की पूजा करके 12 परिक्रमाएँ करें, तदनन्तर दाएँ हाथ से दुग्ध और बाएँ हाथ से जल द्वारा श्रीसूर्यनारायण को 12 बार समन्त्र अर्घ्य दें। तदनन्तर जप करें। इस प्रकार प्रतिदिन अर्घ्यदान और जप करने से तथा प्रयास करते रहने से शीघ्र कार्य सिद्धि होगी।

**(४) मन्त्र- ''ॐ शं शङ्कराय सकल जन्मार्जित पापविध्वंसनाय।**
**पुरुषार्थचतुष्टयलाभाय च पतिं देहि कुरु कुरु स्वाहा॥''**

(हे समस्त जन्मों में अर्जित पापों के विध्वंसक भगवान शङ्कर ! पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति के लिए अनुकूल पति प्रदान करो। नमस्कार है, नमस्कार है।)

अशुभ ग्रहों के प्रभाव से निवारर्णाथ तथा आर्थिक समस्याओं से पीड़ित जातिका को शिव-पार्वती की सविधि पूजा करनी चाहिए। प्रतिदिन 3 माला कम से कम 40 दिन या अभीष्ट प्राप्ति तक करें। केले के पौधे पर अथवा उसका स्तम्भ (टाहनी) पर मौली की 11 आवृत्तियां लपेटकर इस मन्त्र का जप करें। जप समाप्ति पर पौधे की परिक्रमा करें। जो कन्या नित्यप्रति इस मन्त्र का जाप करती है, उसका शीघ्र विवाह होता है।

## (9) मनोवांछित पत्नी प्राप्ति के लिए

**(१) पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीम्।**
**तारिणीं दुर्गसंसार सागरस्य कुलोद्भवाम्॥ (दुर्गा. सप्त., २४)**

प्रात:काल शुद्ध होकर दुर्गाजी के चित्रपट या मूर्ति पर लाल पुष्प समर्पित करें। दीप प्रज्वलित करके षोडशोपचार पूजन करें, तथा उपर्युक्त मन्त्र की कम से कम 5 माला प्रतिदिन जप करें। किसी ब्राह्मण से जप कराना हो तो भी एक माला जप स्वयं विवाह सम्पन्न होने तक करना चाहिए। साथ ही दुर्गासप्तशती का इसी मन्त्र से सम्पुट करके 18 पाठ करना या कराना चाहिए। सम्पूर्ण जानकारी के लिए हमारी पुस्तक 'दुर्गा सप्तशती' (भाषा-टीका) पढ़ें।

**(२) 'ॐ क्लीं विश्वावसुर्नाम गन्धर्व: कन्यानामधिपतिं लभामि**
**देवदत्तां कन्यां सुरुपां सालंकारां तस्मै विश्वावसवे स्वाहा।'**

सवा लाख जप करने या कराने के बाद दशांश हवन, तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण भोजन अवश्य कराना चाहिए।

## (10) सर्वव्याधि नाश के लिए महामृत्युञ्जय मंत्र

**ॐ हौं जूँ स:, ॐ भूर्भुव: स्व:। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्व्वारुकमिव बन्धनात् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। स्व: भुव: भू: ॐ। स: जूँ हौं ॐ।**

**अर्थ**-हम परमपिता त्रयम्बक (भगवान् शिव) की आराधना करते हैं। वह परमसुखदायक एवं पुष्टिवर्धक हैं। जैसे तरबूज आदि फल (पक जाने पर स्वयं ही) बेल से छूट जाता है, वैसे ही (पूर्ण आयु भोगकर) मैं मृत्युमय जीवन से (बिना कष्ट भोगे) छूट जाऊँ, परन्तु अमृतमय जीवन से मत छुटूँ। पूजन विधि तथा महामृत्युञ्जय मन्त्र के विविध स्वरूप, यन्त्र आदि जानने के लिए हमारी प्रकाशित पुस्तक **'शिव मन्त्रावली'** का अध्ययन करें।

## (11) कालसर्प दोष निवारण रक्षक मन्त्र



कालसर्प यंत्र को शनि प्रदोष के दिन, शिवरात्रि, नागपंचमी या अनन्तचतुर्दशी के दिन ताम्र पत्र पर खुदवाकर या भोजपत्र पर अष्टगंध की स्याही तथा अनार की कलम से लिखकर निम्न मंत्र द्वारा 21 बार अभिमन्त्रित करके अपने सिर से तीन बार Anticlock घुमाकर चलते पानी में बहा देवें।

*मन्त्र–*

**ॐ नमोऽस्तु सर्पेभ्योये के च पृथिवीमनुः।**
**ये अन्तरिक्षे यो दिवितेभ्यः सर्पेभ्यो नमः।।**
**ॐ सर्पेभ्यो नमः।।**

## (12) शत्रुविजयी, महाकल्याणकारी श्रीबगुलामुखी महामन्त्र (उपासना)

श्रीबगला महाविद्या की उपासना गुरु के सान्निध्य में रहकर सतर्कता, इन्द्रियनिग्रहपूर्वक सफलता की प्राप्ति होने तक प्रयत्नपूर्वक करते रहना चाहिए।

आपका विरोधी अथवा शत्रु आपको अन्यायपूर्वक तंग कर रहा हो अथवा राजकीय रुकावटों के कारण उपयुक्त प्रमोशन न मिल पा रहा हो अथवा व्यवसाय में गुप्त शत्रु हानि पहुँचाने का यत्न करते हों अथवा आपको अनावश्यक रुपेण, झगड़े आदि में फंसाया जा रहा हो तो निम्न श्री बगुलामुखी मन्त्र विशेष सहायक सिद्ध होता है।

साधक को गुरु से बगला मन्त्र का उपदेश ग्रहण कर ब्रह्मचर्यपूर्वक देवीमन्दिर में, पर्वतशिखर पर, शिवालय में, गुरु के समीप या जैसी सुविधा हो पीताचार से बगलामहामन्त्र का पुरश्चरण करना चाहिए। महाविद्या बगुलामुखी का ३६ अक्षरों का मन्त्र इस प्रकार है–

**"ॐ ह्लीं बगलामुखि सर्वदुष्टानां वाचं मुखं पदम्।**
**स्तम्भय जिह्वां कीलय कीलय बुद्धिं नाशय ह्रीं ॐ स्वाहा॥"**

मन्त्र के जपादि के विषय में बगलापटल (सिद्धेश्वर तन्त्र) में विशेष विधान बताए हैं, जो इस प्रकार हैं–

**पीताम्बरधरो भूत्वा पूर्वाशाभिमुखः स्थितः। लक्षमेकं जपेन्मन्त्रं हरिद्राग्रन्थिमालया॥**
**ब्रह्मचर्यरतो नित्यं प्रयतो ध्यानतत्परः। प्रियङ्गुकुसुमेनापि पीतपुष्पैश्च होमयेत्॥**

बगला के जप में पीले रंग का विशेष महत्त्व है। जपकर्त्ता को पीला वस्त्र पहनकर हल्दी की गाँठ की माला से जप करना चाहिए। देवी की पूजा और होम में पीले पुष्पों, प्रियङ्गु, कनेर, गेंदा आदि के पुष्पों का प्रयोग करना चाहिए। शुचिर्भूत हो पीले कपड़े पहनकर साधक पूर्वाभिमुख बैठकर ही जप करें। इसे ब्रह्मचर्य का पालन अनिवार्यतः करना चाहिए। जप के पूर्व पूर्वाभिमुख आसन पर बैठकर आसनशुद्धि, भूशुद्धि, भूतशुद्धि, अङ्गन्यास, करन्यास आदि करना चाहिए। जप संख्या एक लाख बतलाई गई है। विशेष बात यह बताई है कि प्रतिदिन जप के अन्त में दशांश होम पीले पुष्पों से अवश्य करना चाहिए।

महाविद्या बगुलामुखी का ध्यान निम्नलिखित है, जो जप से पूर्व करणीय है–

**सौवर्णासनसंस्थितां त्रिनयनां पीतांशुकोल्लासिनीं,**
**हेमाभाङ्गरुचिं शशाङ्कमुकुटां सच्चम्पकस्रग्युताम्।**
**हस्तैर्मुद्गरपाशवज्ररसनाः सम्बिभ्रतीं भूषणैः,**
**व्याप्ताङ्गीं वगलामुखीं त्रिजगतां संस्तम्भिनीं चिन्तयेत्॥**

## (13) जड़ी–बूटियों से अनिष्ट ग्रहों की शान्ति

हमारे परम दयालु महार्षियों ने (जो लोग बहुमूल्य रत्नों को धारण करने में असमर्थ हैं– उनके) ग्रह दोषों की शान्ति के लिए जड़ी–बूटी को धारण करना भी बतलाया है। वह इस प्रकार समझें–

**सूर्य पीड़ाकारक** हो तो बेलपत्र की जड़ गुलाबी डोरे में रविवार को धारण करें। **चन्द्र पीड़ाकारक** हो तो क्षीरणी (खिरनी) की जड़ सफेद डोरे में सोमवार को, **मंगल पीड़कारक** हो तो अनन्तमूल की जड़ लाल डोरे में मंगलवार को, **बुध पीड़ाकारक** हो तो विधारा की जड़ हरे डोरे में बुधवार को। **गुरु पीड़ाकारक** हो तो नारंगी या **केले की जड़** पीले डोरे से गुरुवार को, **शुक्र पीड़ाकारक** हो तो सरपंखा या सरकंडे की जड़ सफेद डोरे में शुक्रवार को धारण करें। **शनि पीड़ाकारक** हो तो बिच्छू की जड़ काले डोरे में शनिवार को धारण करें। **राहु पीड़ाकारक** हो तो सफेद चन्दन नीले डोरे में बुधवार को धारण करें। **केतु पीड़ाकारक** हो तो असगन्ध की जड़ आसमानी डोरे में गुरुवार को धारण करें।

**नवग्रङ पीड़ा निवारक यन्त्र**

| | | |
|---|---|---|
| ८<br>ॐ ह्रीं राहवे नमः | १<br>ॐ ह्रीं सूर्याय नमः | ६<br>ॐ ह्रीं शुक्राय नमः |
| ३<br>ॐ ह्रीं भौमाय नमः | ५<br>ॐ ह्रीं गुरवे नमः | ७<br>ॐ ह्रीं शनये नमः |
| ४<br>ॐ ह्रीं बुधाय नमः | ९<br>ॐ ह्रीं केतवे नमः | २<br>ॐ सो सोमाय नमः |

उपर्युक्त यन्त्र को नवग्रह स्तोत्र के पाठ उपरान्त अष्टगन्ध से एवं भोजपत्र पर सप्त या अष्टधातु की प्लेट पर खुदवा कर शुभ मुहूर्त्त कालीन दानपूर्वक अपने पास रखने से नवग्रह जनित नेष्टफल दूर हो जाता है।

*चैत्र प्रतिपदा, अक्षय तृतीया, दशहरा, दीपावली की रात, अयनकाल, ग्रहणकाल, सायनसंक्रांतिकाल, पूर्णिमा, गुरुपुष्ययोग, त्रिपुष्कर आदि योग भी शुभ मुहूर्त्त काल माने जाते हैं।*

## (14) व्यापार में वृद्धिकारक लक्ष्मी–मन्त्र

## (14) व्यापार में वृद्धिकारक लक्ष्मी–मन्त्र

कठिन परिश्रम करने पर भी व्यापार में हानि हो, तो इस यंत्र का आश्रय लें। इसको भोजपत्र पर केसर की स्याही से अनार की कलम द्वारा अंकित करना चाहिए। दीपावली की रात्रि में यह साधना सर्वाधिक लाभकारी होती है। अत: उसी रात्रि यंत्र को लिखकर धूप-दीप से पूजा करके **'ॐ श्रीम् ह्रीं क्लीम् ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः'**–इस मंत्र की 11 माला का जप करें। जप के समय यन्त्र के सम्मुख घी का अखण्ड दीपक जलता रहे। बाद में इस यन्त्र को दुकान या प्रतिष्ठान में स्थापित कर दें और नित्य धूप-दीप द्वारा पूजा करते रहें। इस यंत्र को सोना, चाँदी अथवा ताँबे के लॉकेट अथवा प्लेट पर खुदवाकर, उस पर पूजा के पश्चात् शुभ मुहूर्त में धारण करने से व्यापार में सब प्रकार की बाधाएं दूर होंगी।

| | | | |
|---|---|---|---|
| १६ | ९ | ४ | ५ |
| ३ | ६ | १५ | १० |
| १३ | १२ | १ | ८ |
| २ | ७ | १४ | ११ |

## योगिनी दशाओं के अरिष्ट शमन हेतु मन्त्र

**मंगला–ॐ ह्रीं मङ्गले मङ्गलायै स्वाहा।।**
**पिंगला–ॐ ग्लौं पिङ्गले वैरिकारिणी प्रसीद फट् स्वाहा।**
**धान्या–ॐ श्रीं धनदे धान्यै स्वाहा।।**
**भ्रामरी–ॐ भ्रामरि जगतामधीश्वरी भ्रामरी क्लीं स्वाहा।।**
**भद्रिका–ॐ भद्रिके भद्रं देहि अभद्रं नाशय स्वाहा।।**
**उल्का–ॐ उल्के मम रोगं नाशय जृम्भय स्वाहा।।**
**सिद्धा–ॐ ह्रीं सिद्धे मे सर्वमानसं साधय स्वाहा।।**
**संकटा–ॐ ह्रीं सङ्कटे मम रोगं नाशय स्वाहा।।**

## अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय एवं टोटके

प्रस्तुत पुस्तक में व्रत-धारण, मंत्र-यन्त्र प्रयोग, दुर्लभ स्तोत्र, ग्रह राशि अनुसार उपयुक्त रत्न, जड़ी-बूटी धारण विधि, सूर्यादि ग्रह पूजन, ध्यानादि मंत्रानुष्ठान करने की सरल विधियां दी गई हैं। इसके अतिरिक्त ग्रहों, नक्षत्रों एवं राशियों से सम्बन्धी ज्योतिष की प्रारम्भिक जानकारी, ग्रहों की शुभाशुभ स्थिति का निर्णय, लड़के/लड़की के विवाह में विलम्ब के कारण व उपाय, **मंगलीक दोष, कालसर्प योग**, संतान में बाधाकारक योग, पितृदोष योग, विदेश यात्रा आदि योगों में विघ्न एवं उनके **शास्त्रसम्मत** उपाय व स्तोत्र, जैसे-मंगल चण्डिका, नीलकण्ठ, सर्प स्तोत्र, पुत्रदायक श्रीगणेश स्तोत्र, नवग्रह स्तोत्र एवं नवग्रह कवच इत्यादि आदि दुर्लभ स्तोत्रों का विवरण दिया गया है जोकि उपरोक्त दोषों के लिए विशिष्ट, शास्त्रसम्मत एवं अचूक उपाय माने जाते हैं। इस पुस्तक में ज्योतिष जगत में चर्चित 'लालकिताब' के अनुसार कुण्डली में प्रत्येक भावानुसार विशेष उपायों का भी समावेश किया गया है। ज्योतिष में रुचि रखने वाले, विद्यार्थियों, ज्योतिषियों एवं कर्मकाण्डी पण्डितों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी। **मूल्य–250/- रु.**

## ● सोमवती, भौमवासरी आदि अमावस्या का माहात्म्य ●

सोमवार से युक्त अमावस्या का शास्त्रों में विशेष माहात्म्य कहा गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार सोमवार और अमावस्या का योग कभी-कभी होता है। इस दिन भगवान शिव के दर्शन करके पूजन आदि करने का विशेष महत्त्व होता है। विशेषकर सोमेश्वर महादेव की पूजार्चना करने से कोटि (करोड़ों) यज्ञों का फल प्राप्त होता है–

**अमासोमेन संयुक्ता कदाचिद् यदि लभ्यते। तस्यां सोमेश्वरं दृष्ट्वा कोटियज्ञफलं लभेत्॥**

सोमवती अमावस्या को तीर्थ स्थान, जप, पाठ एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, दक्षिणादि सहित दान करना विशेष पुण्यप्रद माना गया है।

**पुरुषार्थ चिन्तामणि** के अनुसार, यदि अमावस्या सोमवार या मंगलवार अथवा गुरुवार को हो तो उस योग के पर्व को **पुष्कर योग** कहते हैं। इन योगों का फल सूर्यग्रहणों में किए हुए दान-पुण्य से सौ गुणा अधिक होता है–

**अमा सोमे तथा भौमे गुरुवारे यदा भवेत्। तत्पर्व पुष्करं नाम सूर्यपर्वशताधिकम्॥**

स्नानदान आदि पुण्य कर्मों में मंगलवारी अमावस्या भी सोमवती अमावस्या के समान मनानी चाहिए। यदि मंगलवारी अमावस्या हो तो गंगा के स्नानमात्र से सहस्त्र गौओं के दान का फल प्राप्त होता है–

**स्नानदानादौ भौमवती अपि सोमवती समा ज्ञेया। अमावस्या भवेद्वारे यदा भूमिसुतस्य वै।**
**जाह्नवी स्नान-मात्रेण गोसहस्त्रफलं लभेत्। –हेमाद्रौ शातातप**

सोमवार से युक्त अमावस्या हो तो वह अनन्त फल देने वाली और पितृगणों को दिया हुआ श्राद्ध अक्षय होता है–

**सोमवारेण संयुक्ता अमावस्या यदा भवेत्। तत्रानन्तफलं श्राद्धं पितृणां दत्तभक्षयम्॥**

सोमवती एवं मंगलवारी अमावस्या के विशिष्ट योग में पितृदोष शान्ति, सम्पदा सम्बन्धी परेशानियां, लड़के/लड़की के विवाह में विलम्ब, सन्तान एवं क्लिष्ट रोगों की शान्ति तथा आध्यात्मिक क्षेत्र में आत्म शुद्धि, स्नानदान, जप-पाठ आदि का विशेष माहात्म्य होता है। इसदिन व्रत धारण करके भगवान श्रीविष्णु एवं शिवपूजन, चन्द्रपूजन तथा पीपल वृक्ष की गंगाजल, तिल युक्त दुग्ध, पुष्पाक्षत एवं पुष्प-फल-मिष्ठान से धूप-दीप आदि से पूजन करके 108 प्रदक्षिणा के उपरान्त ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन, वस्त्र, फलों का दान करने का विशेष माहात्म्य होता है।

## वर्ष 2024–25 ई. में प्रमुख अमावस्याएँ

| | | | |
|---|---|---|---|
| चैत्र (सोमवती) | 8 अप्रै. सोम | पौष (सोमवती) | 30 दिसं. सोम |
| भाद्रपद (सोमवती) | 2 सितं., सोम | चैत्र (शनैश्चरी) | 29 मार्च, शनि |

# ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड सम्बन्धी 'समस्याएँ एवं समाधान (प्रश्नोत्तर)'

परिलेख : पं. विवेक शर्मा

**समस्या (1) : क्या आश्विन कृष्णपक्ष में किए जाने वाले मृत्युतिथि-अनुसार पार्वण श्राद्ध के इलावा एकोद्दिष्ट श्राद्ध भी करना आवश्यक है ?**

**समाधान**—शास्त्रानुसार सपिण्डीकरण के पश्चात् प्रतिवर्ष पुत्र माता-पिता का पृथक्-पृथक् एकोद्दिष्ट श्राद्ध करना चाहिए। माता-पिता की मृत्युतिथि के दिन एकोद्दिष्ट श्राद्ध करना चाहिए। जो व्यक्ति एकोद्दिष्ट श्राद्ध का त्यागकर केवल पार्वण-श्राद्ध करता है, वह न करने समान है और वह मनुष्य पितरों का घातक (हत्यारा) माना गया है। **'मातपित्रोः पृथक्-कार्यम्-एकोद्दिष्टं-मृतेहनि।।' व्यासः- 'एकोद्दिष्ट तु कर्त्तव्यं पित्रोश्चैव मृतेहनि। एकोद्दिष्टं परित्यज्य पार्वणं कुरुते नरः।। अकृतं तद्विजानीयाद्-भवेञ्च पितृघातकः।।'** (निर्णयसिन्धुः)

**समस्या (2) : (*i*) यदि कोई व्यक्ति अपने किसी आत्मीय का गत 8-10 मास से मासिक श्राद्ध कर रहा हो, तो क्या अधिक (मल) मास में मासिकश्राद्ध करना चाहिए ?**

**(*ii*) यदि वार्षिकी से पहले अधिक मास आ जाए, तो कौन-से मास वार्षिकी (द्वादशमासिक) करनी चाहिए ?**

**संयुक्त-समाधान**—अधिक मास में भी मासिक श्राद्ध करना चाहिए। क्योंकि यदि वार्षिकी (द्वादशमासिक) से पूर्व अधिक मास आ जाए तो मासिक श्राद्ध करके त्रयोदश (१३) मास में ही प्रथमाब्दिक को करे और जब वार्षिकी अधिक मास के मध्य में आ रही हो तब मासिक श्राद्ध की दो बार आवृत्ति करके चौदहवें शुद्ध मास में ही प्रथमाब्दिक (वार्षिकी) को करें।

**उदाहरण**—यदि किसी व्यक्ति की मृत्यु भाद्रपद शुक्ल तृतीया, वि संवत् २०७९ (सन् 2022 ई. में) हुई, तो उसके निमित्त वार्षिक श्राद्ध द्वितीय शुद्ध श्रावण शुक्ल तृतीया को होगा (क्योंकि वि संवत् २०८० में श्रावण अधिक मास था।) श्राद्धकर्त्ता को अधिक श्रावण में मासिक श्राद्ध ही करना चाहिए। धर्मसिन्धुकार का यह वाक्य देखिए-

**प्रथमाब्दिकं त्रयोदशे मलमासे कार्यमित्युक्तम्। तेन यत्र द्वादशमासिकं शुद्ध मास भवति तत्र त्रयोदशेधिक एव प्रथमाब्दिकं कार्यम्।। यदा त्वधिकमध्ये द्वादशमासिकं तदा द्वादशमासिकस्य द्विरावृत्तिं कृत्वा चतुर्दशे शुद्धे मासे प्रथमाब्दिकं।**

**समस्या (*iii*)-अधिक (मल) मास में किसी की मृत्यु हो जाए, तो उसकी शुद्धि/सांवत्सरिक श्राद्ध कब होगा ?**

**समाधान**—यदि किसी की मलमास में मृत्यु हो जाए, तो उसका सांवत्सरिक श्राद्ध चतुर्थ वर्ष मलमास में ही होगा, शुद्ध में नहीं।

**'मलमासमृतानां तु यदा स एव मलमासो भवति।। तदाधिक एव सांवत्सरिकं न शुद्धे।।'** (धर्मसिन्धु)

**समस्या (3) : क्या सगे भाइयों/बहनों का विवाह एक ही वर्ष में करना चाहिए?**

**समाधान**—वीरमित्रोदय-संस्कार प्रकाश में स्मृतिरत्नावली के वचन से बताया गया है कि एक ही माता से उत्पन्न होने वाले सन्तानों का एक ही संवत्सर (एक वर्ष) के भीतर विवाह नहीं करना चाहिए तथा विवाह के अनन्तर मुण्डन-(उपनयन) नहीं करना चाहिए। **एकोदरप्रसूतानामेकस्मिन्वत्सरे पुनः।**

**विवाहं नैव कुर्वीत मण्डनोपरि मुण्डनम्।।**

गर्ग के मतानुसार यदि माता भिन्न हो तो अर्थात् मातृभेद होने पर एक वर्ष के भीतर भी पुत्र अथवा पुत्री का विवाह किया जा सकता है-**'मातृभेदे विधीयते।।'**

पुनः व्यवस्था में कहा गया है कि यदि एक वर्ष परिहार करने में असमर्थता हो तो छः मास का परिहार अवश्य करना चाहिए अर्थात् एक माता से उत्पन्न (सहोदरों)-का छः महीने के भीतर विवाह नहीं करना चाहिए-**'वत्सरपरिहाराशक्तौ षष्मासं वा परिहरेत्।'** (संस्कारप्रकाश)

मदनरत्न में बताया गया है कि यदि छः महीने के मध्य में ही संवत्सर परिवर्तित हो रहा हो तो सहोदरों का भी विवाह हो सकता है-

**ऋतुत्रयस्य मध्ये चेदन्याब्दस्य प्रवेशनम्।**
**तदा ह्येकोदरस्यापि विवाहस्तु प्रशस्यते।।** (वीरमित्रोदय-संस्कार प्रकाश)

**समस्या (4) : क्या एक ही महीने के भीतर एक घर में दो शुभ कार्य (हवनादि) किए जा सकते हैं ?**

**समाधान**—एक ही घर में नौ दिन के भीतर दो शुभ कार्य नहीं करने चाहिए, किन्तु यदि अवश्य करणीयता हो तो द्वारभेद (कक्षभेद), गृहभेद अथवा आचार्य के भेद से किए जा सकते हैं तथा एक ही घर में सोदरों (एक ही माता) के तीन हवन-कर्म नहीं करने चाहिये, यदि भिन्नोदर (माता अलग-अलग) हों तो दोष नहीं होता-

**द्विशोभनं त्वेकगृहेऽपि नेष्टं शुभं तु पश्चान्नवभिर्दिनैस्तु।**
***आवश्यकं शोभनमुत्सुको वा द्वारेऽथवाऽऽचार्य विभेदतो वा।।***

शुद्धि/सांवत्सरिक श्राद्ध कब होगा ?

आवश्यकं शोभनमुत्सुको वा द्वारेऽथवाऽऽचार्य विभेदतो वा।।

**एकोदरप्रसूतानां नाग्निकार्यत्रयं भवेत्।**
**भिन्नोदर प्रसूतानां नेति शातातपोऽब्रवीत्।।** (वसिष्ठ)

**समस्या ( 5 ) : कृपया पुत्र और पुत्री के विवाह की व्यवस्था शास्त्रानुसार स्पष्ट करें ?**

**समाधान**—पुत्र के विवाह के अनन्तर छः मास से पहले कन्या का विवाह नहीं करना चाहिए। बिना कन्या को श्वशुर-गृह में पहुँचाये अपने घर में वधू का प्रवेश नहीं कराना चाहिए अर्थात् कन्या के विवाह के अनन्तर ही पुत्र का विवाह करना चाहिए–

**उर्ध्वं विवाहात्तनयस्य नैव कार्यो विवाहो दुहितुस्समार्द्धम्।**
**अप्राप्य कन्यां श्वशुरालयं तु वधूः प्रवेश्या स्वगृहं न चादौ।।**
(संस्कार प्रकाश संहिताप्रदीपानुसार)

मुहूर्त्तचिन्तामणि में उपर्युक्त बातों को इस प्रकार से बताया गया है–

पुत्र के विवाह से छः महीने पर्यन्त कन्या का विवाह न करना तथा विवाह (मण्डन)-से छः महीने तक मुण्डन-चौल, उपनयन और महानाम्नयादि व्रत नहीं करना चाहिए। यदि बीच में संवत्सर बदल जाए जैसे-फाल्गुन में पुत्र का विवाह हो तो वैशाख में मुण्डन अथवा कन्या का विवाह हो सकता है। यह नियम तीन पीढ़ी सापिण्डय के लिए है। मंगल (विवाह)-के बाद छः महीने तक पितृ-क्रिया-श्राद्धादि का, सहोदर भाईयों को सहोदर कन्या देने का तथा सहोदरों का विवाह छः महीने के भीतर करने का निषेध है। कन्या के विवाह के अनन्तर चार दिन बाद पुत्र का विवाह हो सकता है, परन्तु एकोदरप्रसूत कन्या-पुत्र अथवा पुत्र-पुत्र अथवा कन्या-कन्या का विवाह छः महीने पर्यन्त नहीं होता–

**सुतपरिणयात्षण्मासान्तः सुताकरपीडनं, न च निजकुले तद्वद्वा मण्डनादपि मुण्डनम्।**
**न च सहजयोर्देये भ्रात्रोः सहोदरकन्यके, न सहजसुतोद्वाहोऽब्दार्द्धे शुभे न पितृक्रिया।।**
(मु. चिंतमणि)

**समस्या ( 6 ) : क्या बड़े भाई/बहिन के अविवाहित रहते छोटे भाई/बहिन का विवाह किया जा सकता है ?**

**समाधान**—बड़े भाई के अविवाहित रहते जो छोटा भाई अपना विवाह कर लेता है तथा अग्निहोत्र ग्रहण कर लेता है, वह छोटा भाई 'परिवेत्ता' तथा बड़ा भाई 'परिवित्ति' कहलाता है। परिवेत्ता, परिवित्ति, जिस कन्या से विवाह होता है वह, कन्यादान करने वाला तथा याजक (उस विवाह में हवनादि करने वाला ब्राह्मण)-ये पाँचों नरक को जाते हैं, अतः बड़े भाई के अविवाहित रहते छोटे भाई का विवाह नहीं किया जाता–

**दाराग्निहोत्रसंयोगं कुरुते योऽग्रजे स्थिते। परिवेत्ता स विज्ञेयः परिवित्तिस्तु पूर्वजः।।**
**परिवित्ति परिवेत्ता यया च परिविद्यते। सर्वे ते नरकं यान्ति दातृयाजकपञ्चमाः।।**
(मनुस्मृति)

जिस प्रकार बड़े भाई के विवाह से पूर्व छोटे भाई का विवाह नहीं किया जाता, उसी प्रकार बड़ी बहन के विवाह से पूर्व छोटी बहिन का विवाह भी नहीं होता। यदि बड़ी बहिन के अविवाहित रहते ही छोटी बहिन का विवाह हो जाए तो बड़ी बहिन 'दिधिषू' तथा छोटी बहिन 'अग्रेदिधिषू' कहलाती है–

**ज्येष्ठायां यद्यनूढायां कन्यायामुह्यतेऽनुजा।**
**या साऽग्रेदिधिषूः प्रोक्ता पूर्वा तु दिधिषूः स्मृता।।** (संस्कारप्रकाश)

ऐसा होने पर दोष होता है। अतः प्रायश्चित करना चाहिए। उन कन्याओं को कृच्छ्रव्रत का प्रायश्चित करना चाहिए। पिता आदि दाता को अतिकृच्छ्र (निराहार एकादशी या संकष्ट चतुर्थी आदि) और याजक (विवाह में होम कराने वाले ब्राह्मण)-को चान्द्रायण व्रत करना चाहिए।

**अत्र प्रात्यश्चित्तम्। कन्यायाः कृच्छ्रं दातुरतिकृच्छ्रं याजकस्य चान्द्रायणम्।।**
(धर्मसिन्धु-तृतीय परिच्छेद)

यदि बहिनें सहोदर न हों तो ज्येष्ठ कन्या से पूर्व कनिष्ठा के विवाह में दोष नहीं होता–**'ज्येष्ठाया भिन्नमातृजत्वे कनिष्ठाया विवाहे दोषो ना।'**

**समस्या ( 7 ) : प्रतिपदा, पञ्चमी, अष्टमी, नवमी और दशमी तिथियों को क्रमशः मूल, भरणी, कृतिका, रोहिणी और आश्लेषा नक्षत्रों का योग होने पर 'ज्वालामुखी योग' माना जाता है। जोकि शुभकृत्यों हेतु वर्जित माना जाता है। परन्तु आपके वि. सं. 2080 के पँचांग में माघ शुक्ल नवमी को रोहिणी नक्षत्र में शुद्ध विवाह लगा रखा है–क्या आप इसे उपयुक्त मानते हैं ?**

**समाधान**—ज्वालामुखी आदि कई कुयोगों के कुफल के बारे में प्रचलित अतिशयोक्तिपूर्ण क्षेत्रीय उक्तियों का हमारे संहितादि मूलग्रन्थों में कोई निर्देश नहीं है।

**अपवाद**—तिथि-नक्षत्र, वार-नक्षत्र, वार-तिथि एवं वार-तिथि-नक्षत्रों के योग से उत्पन्न ज्वालामुखी, क्रकच, यमघण्टक आदि कुयोगों में विवाहादि शुभकृत्य करने में गर्गादि आचार्यों ने कोई दोष नहीं माना–

**'वारर्क्षतिथियोगेषु यात्रामेव विवर्जयेत्।**
**विवाहादीनि कुर्वीत गर्गादीनामिदं वचः।।** (लल्लः)-मु.चि.

अपि च, मुहूर्त्तकारों अनुसार दुष्टयोग के समय कोई शुभयोग भी हो तो दुष्ट योग का परिहार हो जाता है–

**'अयोगे सुयोगोऽपि चेत्स्यात्तदानीमयोगं निहत्यैष सिद्धिं तनोति।।**

कुछ आचार्यों के मत से केवल 'लग्न-शुद्धि' से कुयोगों का प्रभाव नष्ट हो जाता है-**'परे लग्नशुद्ध्या कुयोगादिनाशं दिनार्धोत्तरं विष्टिपूर्वं च शस्तम्।।** (मु.चिं.)

इसी बात की पुष्टि मुहूर्त्तकारों ने अन्यत्र भी कही है कि-इस प्रकार के दुष्टयोगों का कुफल तभी होता है, जब शुभकृत्य को शुद्ध लग्न में न किया जाए-

**'यत्र लग्नं विना कर्म क्रियते शुभसंज्ञकम्।**
**तत्र तेषामयोगानां प्रभावाज्जायते फलम्।।** (मु. दीपिका)

**समस्या (८) : क्या गुरु/शुक्रास्त काल में विवाह-आदि मङ्गल-कार्य सम्भव हैं ? ( आगामी वर्ष मई, 2024 ई. में नवर्निवाचित सरकार का शपथ ग्रहण गुरु-शुक्रास्त-काल में करना उचित रहेगा। ?)**

**समाधान**—गुरु/शुक्र के अस्तकाल तथा उनके बाल्य-वार्धक्यकाल में लगभग अधिकांश प्राचीन एवं अर्वाचीन ज्योतिषाचार्यों ने विवाह, शगुन, मुण्डन, गृहारम्भ, गृहप्रवेश, नया कुआं, तालाब आदि खोदना, देव प्रतिष्ठा, नवीन व्रतानुष्ठान, नैमित्तिक हवन, मन्त्रादि शान्ति-पाठ, (प्रथम) तीर्थस्नान, व्रतारम्भ आदि शुभ एवं मंगल कार्यों को करने का निषेध माना है।

इसकी पुष्टि वसिष्ट संहिता, ब्रह्मपुराण, ज्योतिर्निबन्ध, धर्म-सिन्धु, मुहूर्त्त-मार्तण्ड, मु. चिन्तामणि आदि सभी ग्रन्थों ने की है।

इतने बहुसंख्यक एवं पक्ष में प्रमाण होने पर भी आजकल आधुनिक युग में परिवर्तित पारिवारिक, सामाजिक एवं अन्तर्देशीय परिस्थितियों के कारण धर्म-परायण लोग भी परम्परागत शास्त्रीय वचनों की उपेक्षा करते हुए गुरु/शुक्रास्त काल में भी विवाह, मुण्डन, दीर्घ देशान्तर या प्रथम विदेश यात्रा, या नई सर्विस प्रवेश सम्बन्धी अनुबन्ध में तारा अस्त आदि का विचार नहीं करते हैं। वृहत्संहिता में आचार्य वराह ने ज्योतिषियों को इस सम्बन्ध मे स्पष्ट निर्देश दिया है कि देश-देश (प्रत्येक अलग-अलग) में जैसी-जैसी स्थिति हो, वैसा-वैसा ही वहाँ आचरण करना, क्योंकि लोकपरम्परा के विपरीत दैवज्ञ पण्डित भी उसका त्याग करके लोगमार्ग का ही अनुसरण करते हैं।

**देशाचारस्तावदादौ विचिन्त्यः देशे देशे या स्थितिः सैव कार्या।**
**लोकद्विष्टं पण्डिताः वर्जयन्ति, दैवज्ञऽतो लोकमार्गेण यायात्।।** (वृहत्संहिता)

आचार्य श्रीपति अनुसार भी अधिकांश लोग शास्त्रादेश की अपेक्षा शिष्टाचार को ही प्रमाण मानते हैं-

**शास्त्रस्वरूपं बहवोऽपि अबुध्वा वदन्ति यच्चानुमितं हितं नः।।**

→ज्योतिषाचार्य बृहस्पति के अनुसार अत्यन्त आवश्यक एवं अपरिहार्य परिस्थितियों में विवाह, मुण्डन, (शपथग्रहण आदि) आदि शुभ कार्य सम्पादित करने की विशेष (अत्यधिक) आवश्यकता उत्पन्न हो तो राजा व उसके लोगों को गुरु/शुक्र के अस्तकाल में विवाह आदि शुभ काम कर सकते हैं-

**आवश्यकेषु कार्येषु राज्ञां तत्कर्मकारिणाम्।**
**विवाहादीनि कुर्वीत मौढयेऽपि गुरुशुक्रयोः।।**

फिर भी मंगलकार्य सम्पादित करने से पूर्व गुरु एवं शुक्र दोनों की अथवा उनमें से जो भी अस्तगत हो, उसकी शान्ति करवाकर जप, हवन, ब्राह्मण भोजन एवं दानादि करके ही शुभ कार्य करने चाहिए-

**शान्तिं कृत्वा तपोस्तद्वत् शुक्र देवेन्द्रमन्त्रिणः।**
**होमैः दानैः जपेर्वापि तयोरुक्तैश्च मन्त्रकैः।।** (बृहस्पति)
**वैदिक मन्त्रैर्यथाविधि गुरुशुक्रयोः शान्तिं कृत्वा विवाहादि कुर्यात्।**

अतएव नवर्निवाचित सरकार का शपथ-ग्रहण गुरु-शुक्र के अस्त की कालावधि में वैदिक शान्ति/हवनादि के पश्चात् किया जा सकता है।

**निष्कर्ष**—गुरु-शुक्र अस्तकाल में विवाह/मुण्डनादि शुभ कार्य करने की शास्त्र-प्रतिकूल (विरुद्ध) क्रिया का हम अनुमोदन नहीं करते बल्कि आधुनिक हिन्दु समाज में व्याप्त हो रहे शास्त्र-विरुद्ध प्रवृत्ति का चित्रण किया है। कई बार लोगों को आधुनिक संघर्षपूर्ण परिस्थितियों अथवा देश-विदेश की आकस्मिक यात्रा के कारण पंचांग-शुद्धि द्वारा निर्धारित विवाहादि शुभ कार्य करना सम्भव नहीं होता, जिस कारण पाश्चात्य सभ्यता से प्रभावित अधिकांश लोग गुरु/शुक्रादि अस्त से रहित शुभ मुहूर्त्तों की उपेक्षा करके मनमाना आचरण करते हैं। फिर भी अति-आवश्यक स्थिति में विवाह, मुण्डनादि शुभ कार्य करने वाले महानुभावों से अनुरोध है कि वर-कन्या के कल्याण हेतु वे गुरु/शुक्रादि के अस्तकाल में भी भद्रा, वेध, क्रूरग्रह युति, क्रान्तिसाम्य आदि दोषों से रहित नक्षत्रकाल में (किसी सुयोग्य पण्डित जी से परामर्श करके) तथा अस्त ग्रह की पूर्वोक्त विधिना शान्ति करवाकर शुभ कार्य सम्पन्न करें।

**समस्या (९) : परिवार में शुभ कार्य के पश्चात् किसी आत्मीय की अचानक मृत्यु के बाद क्या करना चाहिए ? [ एक आवश्यक सन्देश ( परामर्श ) ]**

**समाधान**—परिवार में विवाह, मुण्डनादि किसी शुभ कर्म के उपरान्त किसी भी छोटी-बड़ी आयु के व्यक्ति का आकस्मिक (या असामयिक) निधन यदि डूब कर, जल कर, शस्त्राघात, विषपान, वाहन-दुर्घटना, पशु-पक्षी के आघात से, ऊँचाई से गिरकर, फाँसी लगाकर, यातना से, कैद में अचानक प्राणवायु रुक कर, किसी सदमे से, प्रेत व्याधि से या किसी म्लेच्छ व्याधि (या महामारी) से तड़प-तड़प कर मृत्यु हो जाए तो उसके क्रिया-कर्म एवं सद्गति हेतु शास्त्रोक्त उपायों (कर्म) को करने में अवहेलना नहीं करनी चाहिए, अन्यथा वे आत्माएं अपने ही परिवार में भटकती हैं, अपने पारिवारिक सदस्यों को शारीरिक, मन-मस्तिष्क, धन-सम्पत्ति, व्यापार-आदि सभी प्रकार से नुकसान (बरबाद) करती हुई अधोगति-अकालमृत्यु आदि के

अस्तकाल में विवाह आदि शुभ काम कर सकते हैं

आदि सभी प्रकार से नुकसान (बरबाद) करती हुई अधोगति–अकालमृत्यु आदि के

लिए बाध्य करती हैं। अपनी ही भटकती हुई आत्मा की तरह दूसरे सदस्यों को भी अपनी योनि में बुलाती हैं। विश्व के बहु–संख्यक परिवार इस प्रकार जाने–अनजाने परामनोवैज्ञानिक चक्रव्यूह में उलझे हुए हैं, जिनके निवारण हेतु सही उपाय तो किया नहीं जाता, उल्टे 'नीम हकीम खतरे जान' वाले साधु, संन्यासियों, तान्त्रिकों, मौलवियों, ओझों के चक्कर में पड़कर धन व समय नष्ट करते हुए दिवंगत आत्माओं की तकलीफें बढ़ाकर उनकी व्याधि की जड़ मज़बूत कर बैठते हैं जोकि बाद में असाध्य हो जाता है। एतदर्थ शास्त्रोक्त सर्वमान्य कुछ उपाय हैं, जिन्हें श्रद्धाभक्ति पूर्वक कर देने से निश्चय ही भटकती आत्माओं को सद्गति की प्राप्ति होती है। सामर्थ्यानुसार इन्हें अवश्य करें–

(1) त्रिपिण्डी श्राद्ध, (2) गया–श्राद्ध, (3) प्रतिवर्ष चण्डीपाठ के साथ रुद्र–पाठ, (4) अपने धन से किसी ब्राह्मणी कन्या का विवाह कराएं। (5) नागबलि और सुवर्ण निर्मित नाग–दम्पत्ति–प्रतिष्ठा, (6) नारायण–बलि। (7) सुवर्ण निमित्त पंचपात्र और सुवर्ण के 108 दाने की माला का दान, ऐसे सात्विक ब्राह्मण को दान दें जो अपने दैनिक सन्ध्या–गायत्री में उसका उपयोग कर सकें। (8) अपने धन से किसी विप्र–कुमार का सविधि यज्ञोपवीत (उपनयन) कराएं। (9) भूमि–दान, (10) विद्यालय, औषधालय का निर्माण, (11) चारों वेदों का पारायण, (12) किसी गरीब मृतक परिवार में आद्योपान्त श्राद्धादिक हेतु धन–द्रव्य–वस्त्र–अन्न का सहयोग। (13) प्रत्येक अमावस्या को, मल (अधिक) मास में द्वादश संक्रान्तियों के दिन और ग्रहणपर्व पर यथासंख्या दरिद्रनारायण का भोजन–(लंगर) समारोह। (14) प्रतिवर्ष पितृपक्ष (आश्विन कृष्णपक्ष) के 15 दिनों तक 15 ब्राह्मणों को काशी या गया तीर्थ में उनके रहने–खाने–पीने–पहनने और आने–जाने का पूरा व्यय–प्रबन्ध करके उन ब्राह्मणों द्वारा शिव–अभिषेक करवाएं। (15) एकादशी या पूर्णिमा का व्रत करते हुए उपवास के दिन अन्न व वस्त्र का दान, (16) किसी प्राण–प्रतिष्ठित और प्राचीन शिवलिङ्ग के बगल में एक नवीन शिवलिंग की स्थापना प्राण–प्रतिष्ठा विधान से कराएं। **विशेष**–उपरोक्त 16 उपायों में से कम–से–कम 3 उपाय अवश्य करने चाहिए। इन उपायों द्वारा सम्पूर्ण पापों का प्रायश्चित होता है, सौभाग्य और पुत्र की भी निश्चित प्राप्ति होती है।

**निवेदन**–पाठक कृपया अपने प्रश्न/जिज्ञासाएं पत्राचार द्वारा अथवा मेरे मोबाईल पर What's App के माध्यम से लिखकर (फोटो लेकर) भेजें। कृपया व्यर्थ में फोन न करें।

**पता**–पं. विवेक शर्मा, चौंक अड्डा होशियारपुर, जालन्धर–144008 (पंजाब)
मो.–94172-91325

## 'दीपावली पर्व'–निर्णय के विषय पर पाठकगण एवं विद्वतजन कृपया ध्यान दें !

**[भारत सरकार एवं वाराणसी से प्रकाशित कुछ पंचांगकारों द्वारा अशास्त्रीय चेष्ठा]**

पाठकगण कृपया ध्यान दें–पंचांगनिर्माण के दो पक्ष (Systems) भारत में प्रचलित हैं– (1) सौरपक्ष, (2) दृक्पक्ष।

सौरपक्ष से प्राप्त ग्रहभोगांश, तिथि, नक्षत्र, योग के समाप्तिकाल आदि इतने सूक्ष्म नहीं हैं, जितने कि दृक्पक्ष से प्राप्त गणित। सौरपक्षीय परिणाम दृक्पक्षीय गणित की अपेक्षा काफी स्थूल है। गत 50-60 वर्षों से भारत के लगभग 99 प्रतिशत से भी अधिक पंचांग **'दृक्पक्ष'** के आधार पर ही बनते हैं। **'पंचांगदिवाकर'** पंचांग भी दृक्पक्षीय गणना पर आधारित है। परन्तु इस आधुनिक युग में अब भी कुछ गिने–चुने परम्परावादी पंचांगकार ऐसे भी हैं, जो सौरपक्ष की स्थूल गणना को ही आधार मानकर पंचांग–निर्माण करते हैं। उनमें से दो मुख्य पंचांग हैं–**'हृषीकेश पंचांग'** तथा **'विश्वपंचांग'**। ये दोनों वाराणसी से प्रकाशित होते हैं। इन दो–तीन पंचांगों की गणित दृक्पक्षीय पंचांगों की गणित से कहीं भी मेल नहीं खाती। जिससे अनेकदा इन सौरपक्षीय पंचांगों द्वारा साधित व्रत-पर्व की तिथियों का दृक्पक्षीय तिथियों से समन्वय नहीं होता। यद्यपि दृक्पक्षीय तिथियों/गणित को ही भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है।

यहाँ एक आश्चर्यजनक एवं हास्यास्पद बात है कि ये सौरपक्षीय पंचांगकार आधुनिक दृक्पक्षीय पद्धति को अस्पृश्य समझते हैं, परन्तु सूर्य–चन्द्रमा ग्रहण के स्पर्श–मोक्षादि काल, जो सर्वसाधारण की दृष्टि में आते हैं, का निर्णय दृक्पक्षीय सूर्य–चन्द्र–राहु के भोगांशों के आधार पर ही करते हैं, क्योंकि सौरपक्ष से ग्रहणों के स्पर्श–मोक्षादि काल यथार्थ नहीं आते। **आगामी वर्ष दीपावली पर्व पर भी यही हो रहा है।** गणित भेद के कारण ही ये पंचांगकार 1 नवम्बर, 2024 ई. को अमावस्या तिथि सायं 18:17 की बजाए 17:14 पर ही समाप्त कर रहे हैं। **स्पष्ट है,** उनके द्वारा निर्णीत **'दीपावली'** निर्णय भी त्रुटिपूर्ण होगा। इस प्रकार व्रत–पर्वों की तिथियों से खिलवाड़ करने वाले इन पंचांगकारों तथा इनके द्वारा ही प्रभावित नॉटिकल आल्मानक विभाग (भारत सरकार), कोलकाता की सभी धार्मिक हिन्दु संस्थाओं द्वारा भर्त्सना की जानी चाहिए और शास्त्रीय मर्यादानुसार निश्चित करके एक ही दिन में मनाने के लिए भारत सरकार को बाध्य करना चाहिए। अन्यथा सनातन धर्म–परायण हिन्दुओं द्वारा मनाये जाने वाले पर्व–त्यौहारों की प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचने का भय रहेगा।

दो–दो पर्व–त्यौहारों की स्थिति में मन्दिरों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर धर्माचार्यों की स्थिति हास्यास्पद बन जाती है।

इस सम्बन्ध में सभी धार्मिक संस्थाओं को एकजुटता एवं संघठन का परिचय देना चाहिए और इस विषय पर विरोध प्रकट कर मांग करनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न हो। कृपया पृष्ठ 27 पर ध्यानपूर्वक **'दीपावली निर्णय'** पढ़ें।

# द्वादश राशियों का ग्रहगोचरानुसार वर्षफल एवं उपाय–2024 ई.

## ☆ वर्षफल–मेष राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षारम्भ से वर्षान्त तक इस राशि पर शनि की नीच दृष्टि रहने से मानसिक तनाव एवं गुप्त चिन्ताएं बनी रहेंगी। बनते हुए कार्यों में अड़चनें, स्वास्थ्य कष्ट तथा निकटस्थ सम्बन्धियों से मनमुटाव रहे। परन्तु वर्षारम्भ से ही 30 अप्रैल तक गुरु का संचार इस राशि पर होने से मान–सम्मान तथा सर्विस/कारोबार में तरक्की (प्रोमोशन) भी होगी।

5 फरवरी से 14 मार्च तक राशिस्वामी मंगल उच्चराशि (मकर) में आकर मेष राशि पर स्वगृही दृष्टि करेगा, जिससे बिगड़े कामों में सुधार, स्वास्थ्य में भी बेहतरी होगी। 23 अप्रैल से 31 मई तक मंगल द्वादशस्थ राहुयुक्त होने से सोचे हुए कार्यों में विघ्न–बाधाएं, विलम्ब हों, घरेलु कलह–क्लेश, गुप्त चिन्ताएँ, धन का खर्च अधिक तथा यात्राओं में परेशानियां रहें।

ता. 20 अक्तू. से वर्षान्त तक मंगल कर्क (नीच) राशिगत रहने से बनते कार्यों में उलझनें, धन–हानि व परेशानियों का सामना रहे। स्वास्थ्य भी खराब रहे।

**उपाय**–(1) प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को कच्ची लस्सी में शहद, तिल, चावल आदि डालकर श्रीहरिहर–अष्टोत्तर–शतनामस्तोत्र का पाठ करके पीपल पर चढ़ावें।

(2) फाल्गुन अथवा श्रावण मास में त्रयोदशी से लगातार 3 दिन प्रदोषकाल में रुद्राभिषेक करना शुभ एवं कल्याणकारी रहेगा।

## ☆वर्षफल–वृष राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षारम्भ में इस राशि पर बुध, शुक्र ग्रहों की दृष्टि पड़ रही है, जिससे अत्यन्त कठिनाईयों एवं संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। 18 जन. से 11 फर. तक राशिस्वामी शुक्र अष्टम भाव में होने से बनते कार्यों में विलम्ब एवं अड़चनें रहेंगी। 31 मार्च से 24 अप्रै. तक शुक्र उच्च राशिस्थ (मीन) में होने से धन लाभ व उन्नति के आसार बनेंगे।

ता. 1 मई से गुरु इस राशि पर संचार करने से देश–विदेश में जाने का मन बनेगा। उच्च–प्रतिष्ठित लोगों के साथ मेल होगा। 19 मई से शुक्र के इसी राशि में संचार करने से मान–सम्मान, धन लाभ एवं पदोन्नति होने के अवसर प्राप्त होंगे। 24 अग. से शुक्र के नीच राशि में केतुयुक्त संचार करने से मानसिक तनाव एवं विद्या के सम्बन्ध में विघ्न–बाधाओं का सामना रहे।

**उपाय**–(1) वर्षभर प्रत्येक शुक्रवार छोटी कन्याओं का पूजन करके उन्हें बर्फी, फलादि भेंट देकर स्वयं व्रत रखें। (2) अथवा शुक्रवार को लक्ष्मीनारायण मन्दिर में श्रीसूक्त का पाठ करके 5–7 कन्याओं को मीठा प्रशाद खिलाएं। ऐसा लगातार 21 शुक्रवार करें।

विशेष उपायों के लिए हमारी पुस्तक **'अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय व टोटके'** (लेखक : पं. पन्ना लाल ज्योतिषी) पढ़ें।

## ☆ वर्षफल–मिथुन राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षारम्भ ता. 1 जन. से 7 जन. तक बुध षष्ठस्थ होने से कुछ स्वास्थ्य कष्ट रहे। परन्तु ता. 7 जन. से 31 जन. तक मिथुन राशि पर बुध की स्वगृही दृष्टि रहने से कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु 10 फर. से 12 मार्च तक बुध अस्त होने से स्वास्थ्य में गड़बड़, आय कम तथा खर्च अधिक होंगे। ता. 7 मार्च से 25 मार्च तक, पुनः 9 अप्रै. से 9 मई के मध्य बुध नीच (मीन) राशिगत एवं राहुयुक्त होकर संचार करने से स्वास्थ्य हानि, अत्यधिक खर्च, तनाव एवं बनते कार्यों में अड़चनें पैदा होंगी। 31 मार्च से 14 जून के मध्य बुध 12वें होने से वृथा, दौड़धूप, धन–हानि होने के योग हैं।

ता. 23 सितं. से 9 अक्तू. राशिस्वामी बुध उच्चस्थ (कन्या) होने से अचानक धन प्राप्ति के योग हैं। ता. 29 अक्तू. से वर्षान्त तक बुध छठे में होने से स्वास्थ्य कष्ट, चोटादि का भय है।

**उपाय**–(1) लगातार 9 बुधवार को श्रीविष्णु–सहस्रनाम स्तोत्र का पाठ करके फलादि से कन्या–पूजन करना विशेष शुभ रहेगा।

(2) अगस्त, 2024 ई. को बाद प्रत्येक बुधवार गौओं को हरा चारा तथा चपातियाँ खिलावें।

## ☆ वर्षफल–कर्क राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



कर्क राशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव वर्षभर रहने से वृथा दौड़–धूप, अनावश्यक खर्च, गुप्त चिन्ताएं, रोग, शोक, कलह–क्लेश, धन–हानि, बन्धु–विरोध, कार्यों में विघ्न–बाधाओं एवं आर्थिक उलझनों का सामना रहेगा। वर्षारम्भ से 14 मार्च तक मंगल की नीच दृष्टि इस राशि पर रहने से मानसिक तनाव, क्रोध विशेष रूप से अधिक रहेगा। ता. 15 मार्च से 22 अप्रैल तक मंगल अष्टमस्थ रहने से बनते कार्यों में अड़चनें रहेंगी।

ता. 16 जुला. से 16 अग. के मध्य सूर्य इसी राशि में संचार करने से भी स्वास्थ्य कष्ट, स्वभाव में क्रोध व उत्तेजना बढ़ेगी। ता. 20 अक्तू. से मंगल इस राशि पर नीचावस्था में संचार करने से स्वास्थ्य विकार, मानसिक तनाव तथा चिड़चिड़ापन अधिक रहे।

**उपाय**–(1) संकल्पपूर्वक मंगलवार का व्रत रखकर कथा पढ़ना, गऊओं को गुड़, चारा तथा गरीब/आश्रितों को लाल वस्त्र/फल दान करना शुभ एवं कल्याणकारी रहेगा। **'भौम गायत्री मन्त्र'** का भी पाठ करें।

(2) शनि की ढैय्या के निवारण हेतु प्रत्येक शनिवार को शनि मन्दिर में तेल चढ़ाना तथा दशरथकृत शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

(लेखक : पं. पन्ना लाल ज्योतिषी) पढ़ें।

दशरथकृत शनि स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

(3) चाँदी का कड़ा सवा दो तोले का पूर्णमाशी की रात्रि को मन्त्रपूर्वक धारण करें। मन्त्र–'ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः।।'

## ☆ वर्षफल–सिंह राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षभर सिंह राशि पर शनि की शत्रु सप्तम दृष्टि रहने से मानसिक तनाव, भाई-बन्धुओं से मन-मुटाव या विरोध रहे। गुप्त चिन्ताएँ, घरेलू तथा व्यवसाय सम्बन्धी उलझनें व परेशानियां बढ़ेंगी। परन्तु वर्षारम्भ से 30 अप्रैल तक गुरु की दृष्टि रहने से भाग्यवश कुछ रुकावटों के बावजूद बिगड़े/रुके हुए कार्य बनते जाएंगे। ता. 5 फर. से 22 अप्रैल तक मंगल की भी अशुभ दृष्टि रहने से मानसिक तनाव, दौड़-धूप अधिक रहे, क्रोध व उत्तेजना से बचें।

14 अप्रैल से सूर्य भाग्यस्थान में उच्चस्थ होने से आय के स्रोतों में वृद्धि तथा धन लाभ के अवसर बनेंगे। परन्तु शनि की शत्रु दृष्टि के कारण तनाव बहुत रहे। आय कम व खर्च बढ़ेंगे।

**उपाय**–(1) वर्षभर शनि की अशुभ दृष्टि के निवारण हेतु हर शनिवार शनि मन्दिर में तेल, काले तिल चढ़ाना और दशरथकृत **'शनि स्तोत्रम्'** का पाठ करना शुभ रहेगा।

(2) रविवार का विधिपूर्वक व्रत रखें। ब्राह्मण को भोजन करवाकर लाल वस्त्र, लाल फल, गुड़, नारियल आदि धर्मग्रन्थ सहित दान करें।

(3) जन्मदिन पर जन्मदिन पूजन करवाकर अष्ट-दीर्घजीवी आचार्यों का पूजन करें। [देखें हमारी पुस्तक–**'जन्मदिन पूजा पद्धति**।]

## ☆ वर्षफल–कन्या राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षारम्भ से वर्षान्त तक इस राशि पर केतु का संचार रहने से वृथा मानसिक तनाव, परेशानियां तथा धन हानि होगी। जीवनसाथी के साथ भी मन-मुटाव रहे। 10 फर. से 12 मार्च तक राशिस्वामी बुध अस्त रहने से भी बनते कार्यों में अड़चने पड़ने की सम्भावनाएं होंगी। 9 अप्रैल से 9 मई तक बुध नीच राशि में तथा 2 अप्रै. से 24 अप्रै. के मध्य वक्री रहने से स्वास्थ्य भी ठीक न रहे तथा अपने नज़दीकी सम्बन्धी भी परायों जैसे व्यवहार करेंगे। 1 मई से गुरु की दृष्टि रहने से उलझनों के बावजूद काम होते रहेंगे। ता. 10 से 30 मई तक बुध अष्टमस्थ, फिर 29 जून से 18 जुला. तक कर्क राशिगत (पुनः 22 अग. से 3 सितं. तक) रहने से आर्थिक उलझनें, स्वास्थ्य कष्ट रहे। 23 सितं. से 9 अक्तू. तक बुध इसी राशि (कन्या) में रहने से मान-सम्मान में वृद्धि तथा धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**उपाय**–(1) सम्पूर्ण वर्ष **'श्रीगणेश चतुर्थी'** का संकल्पपूर्वक व्रत रखना तथा बालकों में बूंदी-लड्डुओं का प्रसाद बाँटना शुभ एवं कल्याणकारी रहेगा। (2) मई मास से हर (16) बृहस्पतिवार का व्रत रखकर धर्म स्थान पर हलुवा या पीले मीठे चावलों का लंगर करवाएं या केले बांटे। व्रतोद्यापन के बाद धर्मस्थान पर सुपात्र व्यक्ति को श्रीमद्भागवत् (सुखसागर) ग्रंथ का दान करें। (3) लगातार 6 बुधवार सवा किलो साबुत मूँगी दाल (सामर्थ्यानुसार) धर्मस्थान अथवा पिंगलवाड़ा में दान देना शुभ होगा।

## ☆ वर्षफल–तुला राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षारम्भ से 30 अप्रैल तक गुरु की इस राशि पर शत्रु दृष्टि रहने से सर्विस अथवा व्यवसाय में नित्य नई-नई परेशानियों का सामना रहे, शत्रु प्रबल रहेंगे। 18 जन. से 11 फर. तक राशिस्वामी शुक्र शत्रुराशिगत रहने से भी विपरीत परिस्थितियां एवं संघर्षशील समय रहेगा। परन्तु 31 मार्च से 24 अप्रैल तक शुक्र उच्च (मीन) राशिस्थ संचार करने से उच्चस्तरीय लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे परन्तु राहु युक्त होने के कारण लाभ व उन्नति के मार्ग में रुकावटें रहेंगी।

7 जुला. से 24 अग. के मध्य शुक्र क्रमशः कर्क व सिंह राशि में संचारित होने से मिश्रित फल प्राप्त होंगे। गुज़ारे योग्य आय होने पर भी खर्च बहुत अधिक बढ़ेंगे। ता. 25 अग. से 17 सितं. के मध्य शुक्र द्वादश भाव में नीच राशिस्थ संचारित होगा। यह अवधि तुला राशि वाले जातकों के लिए विशेष घटनाप्रद होगी। 18 सितं. से 12 अक्तू. तक शुक्र तुला राशि में ही संचार करने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे।

**उपाय**–(1) प्रत्येक शुक्रवार सन्तोषी माता का विधिवत व्रत रखना और कन्या पूजन करके कन्याओं में मीठा प्रसाद, फलादि दक्षिणा सहित भेंट करना शुभ रहेगा।

(2) 30 अप्रैल तक प्रत्येक बृहस्पतिवार 6 केले बालकों में बाँट दें।

(3) नवरात्रों में श्रीदुर्गा-सप्तशती का पाठ करना एवं गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, गुड़, मिश्रित पेड़ा डालना शुभ होगा।

## ☆ वर्षफल–वृश्चिक राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वृश्चिक राशि पर शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव वर्षभर रहेगा। वर्षारम्भ से 4 फर. तक राशिस्वामी मंगल धनु स्थान में रहेगा। ग्रहस्थिति अनुसार मानसिक तनाव, व्यर्थ की भागदौड़, खर्च अधिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियां भी रहेंगी। 5 फर. से 14 मार्च तक मंगल उच्च-राशिगत (मकर) संचार करने से मान-सम्मान में मामूली वृद्धि तथा निर्वाह योग्य धन लाभ के स्रोत बनेंगे।

ता. 1 मई से पंचमेश गुरु की शुभ सप्तम दृष्टि रहने से गत किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्ति के संकेत हैं। कार्य-व्यवसाय में कुछ परिवर्तन की योजना बनेगी। ता. 1 जून से 25 अग. तक मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से भी विघ्न-बाधाओं के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 20 अक्तू. से मंगल भाग्यस्थ नीच (कर्क) राशिगत संचार करने एवं 6 दिसं. से मंगल वक्री रहने से संघर्षपूर्ण एवं तनावपूर्ण परिस्थितियां रहेंगी।

**उपाय**–(1) वर्षभर प्रत्येक शनिवार काँसे की कटोरी में तेल का छायापात्र करना, शनि मन्दिर में काले तिल एवं तेल (शनि का बीज मन्त्र पढ़ते हुए) चढ़ाना शुभ रहेगा।

(2) जनवरी से वर्षान्त तक सात शनिवार काले मांश को पीसकर उसकी आटे की गोलियां बनाकर मछलियों को डालना शुभ रहेगा।

## ☆ वर्षफल–धनु राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षारम्भ से 30 अप्रैल तक इस राशि पर गुरु की स्वगृही दृष्टि रहने से विपरीत परिस्थितियों के बावजूद बिगड़े हुए काम बनेंगे। धर्म–कर्मादि शुभ कृत्यों की ओर प्रवृत्ति रहेगी। उच्चविद्या एवं कम्पीटीशन में सफलता प्राप्ति के योग बनेंगे। यद्यपि पंचम भाव पर शनि की नीच दृष्टि के कारण सन्तान सम्बन्धी गुप्त चिन्ता तनाव, अत्यधिक खर्च एवं घरेलु उलझनें भी रहेंगी।

1 मई से वर्षान्त तक राशिस्वामी गुरु छठे स्थान में शत्रुराशिगत संचार करेगा। ता. 14 जून से 19 अक्तू. तक धनु राशि पर क्रमशः सूर्य एवं मंगल की संयुक्त दृष्टियां रहेंगी। जिस कारण धनु राशि वाले जातक/जातिकाओं को अत्यधिक क्रोध एवं आवेश के कारण नज़दीकी लोगों के साथ कलह–क्लेश होने का भय होगा।

**उपाय**–(1) जन्मदिन को जन्मदिन पूजन करवाकर, भगवान सूर्य को अर्घ्य प्रदान करें तथा ब्राह्मण को भोजन करवाकर वस्त्र, फल, धर्मग्रन्थ सहित दान करें।

(2) मई मास से प्रत्येक बृहस्पतिवार का व्रत रखकर एक समय मिष्ठान्न के साथ भोजन करें।

(3) प्रत्येक गुरुवार को केसर का तिलक लगाएं तथा पीले मिश्रित रंग के कपड़े पहनें।

## ☆ वर्षफल–मकर राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



**'शनि–साढ़ेसाति'** का प्रभाव इस राशि पर वर्षभर रहेगा तथा 30 अप्रै. तक चतुर्थस्थ गुरु पर शनि की नीच दृष्टि भी रहेगी। फलतः अनेक घरेलु एवं व्यवसायिक उलझनें रहेंगी। निकटस्थ लोगों के साथ तनाव व झगड़े रहें, स्वास्थ्य सम्बन्धी नवीन परेशानियां उभरती रहेंगी। परन्तु 5 फर. से 14 मार्च तक मंगल इस राशि पर उच्चस्थ होकर संचार करने से मान–प्रतिष्ठा में वृद्धि तथा बिगड़े कार्यों में सुधार होगा।

ता. 1 मई से वर्षान्त तक गुरु की नीच दृष्टि इस राशि पर रहने से धन लाभ अल्प तथा सोची हुई योजनाओं के क्रियान्वयन में विघ्न–बाधाएं रहेंगी। ता. 26 अग. से 19 अक्तू. के मध्य मंगल की अष्टम दृष्टि रहने से क्रोध, उत्तेजना अधिक रहेगी। 20 अक्तू. से वर्षान्त तक मंगल की स्वोच्च दृष्टि रहेगी, जिससे अत्यधिक संघर्ष के बावजूद आय के साधन बनते रहेंगे।

**उपाय**–(1) जन्मदिन तथा लगातार 7 शनिवार गरीब अन्धचक्षु तथा कुष्ट रोगियों की दवाई, अनाज, वस्त्रों आदि से सेवा करना शुभ रहेगा।

(2) शनिवार को सरसों के तेल में अपना चेहरा (मुख) देखकर मन्त्र पढ़ते हुए सायंकाल के समय शनि मन्दिर में चढ़ाएं। **मन्त्र–'ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।'**

(3) कार्तिक मास में (17 अक्तू. से) प्रतिदिन सूर्य भगवान् को **'ॐ घृणिः सूर्याय नमः'** मन्त्र के साथ अर्घ्य दें तथा **कार्तिक–माहात्म्य** का (पं. देवीदयालु पब्लिकेशन्ज़ द्वारा प्रकाशित, इसमें पूरे अध्याय, तुलसी विवाह भी दिया है) पाठ करें। मूल्य–80 रु.

## ☆ वर्षफल–कुम्भ राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षभर राशिस्वामी शनि इसी राशि पर संचार करने से **'शनि–साढ़ेसाती'** का प्रभाव रहेगा। फलतः किसी नए कार्य की योजना बनेगी। गत किए गए कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। परन्तु साढ़ेसाती होने से मानसिक तनाव, घरेलु उलझनें एवं खर्च अधिक होंगे। पारिवारिक एवं निकटस्थ बन्धुओं के साथ मन–मुटाव भी रहेगा। 13 फर. से 13 मार्च तक कुम्भ राशि पर **'सूर्य–शनि'** योग होने से विघ्न/बाधाओं के बावजूद कुछ कार्य बनेंगे, आँखों में कष्ट, स्वास्थ्य की हानि तथा तनाव की स्थिति रहेगी।

ता. 15 मार्च से 22 अप्रै. तक **'मंगल–शनि'** योग इसी राशि पर होने से मानसिक एवं गुप्त चिन्ताएँ, किसी बन्धु से तकरार या झगड़ा तक हो सकता है। सावधानीपूर्वक व्यवहार करें।

16 अग. से 15 सितं. के मध्य इस राशि पर सूर्य–बुध की अलग–अलग दृष्टियां पड़ने से उपरोक्त अवधि में कार्य–व्यवसाय सम्बन्धी विशेष परेशानियां होंगी।

**उपाय**–(1) जन्मदिन तथा लगातार 7 शनिवार गरीब अन्धचक्षु तथा कुष्ट रोगियों की दवाई, अनाज, वस्त्रों आदि से सेवा करना शुभ रहेगा।

(2) शनिवार को सरसों के तेल में अपना चेहरा (मुख) देखकर मन्त्र पढ़ते हुए सायंकाल के समय शनि मन्दिर में चढ़ाएं। **मन्त्र–'ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः।'**

(3) कार्तिक मास में (17 अक्तू. से) प्रतिदिन सूर्य भगवान् को **'ॐ घृणिः सूर्याय नमः'** मन्त्र के साथ अर्घ्य दें तथा **कार्तिक–माहात्म्य** का (पं. देवीदयालु पब्लिकेशन्ज़ द्वारा प्रकाशित, इसमें पूरे अध्याय, तुलसी विवाह भी दिया है) पाठ करें। मूल्य–80 रु.

## ☆ वर्षफल–मीन राशि ☆

वर्षप्रवेश कुण्डली



वर्षभर इस राशि पर राहु का संचार तथा **शनि–साढ़ेसाती** का प्रभाव रहने से प्रत्येक बनते हुए एवं शुभ कार्य के आरम्भ में अड़चनों/रुकावटों का सामना करना पड़े, धन का अपव्यय तथा क्रोध की भावना अधिक रहेगी। ता. 14 मार्च से 12 अप्रै. के मध्य राहु के साथ सूर्य भी इस राशि पर संचार करने से स्वभाव में क्रोध व उत्तेजना बढ़ेगी, स्वास्थ्य में खराबी एवं वृथा खर्च भी बढ़ेंगे।

23 अप्रै. से 31 मई तक **'मंगल–राहु'** योग इस राशि पर रहने से पारिवारिक एवं व्यवसायिक जीवन में बड़ी उथल–पुथल वाली परिस्थितियां बनेंगी। ता. 1 मई से राशिस्वामी गुरु तृतीय भाव में वृष राशिस्थ रहेगा, जिससे कार्य–व्यवसाय में कुछ परिवर्तन के योग बनेंगे। शनि की कोष (द्वितीय) भाव पर नीच दृष्टि के कारण वर्षभर आर्थिक क्षेत्र में अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना होगा।

**उपाय**–(1) प्रत्येक गुरुवार को केले के पौधे का पूजन करना, भगवान् शंकर की पूजा करके शिवलिङ्ग पर हल्दी मिलाकर जल **'ॐ नमः शिवाय'** मन्त्र पढ़ते हुए बेलपत्र सहित चढ़ाना शुभ होगा। (2) प्रतिदिन गुरु गायत्री मन्त्र का 108 बार जाप करके भगवान् सूर्य को **'ॐ घृणि सूर्याय नमः'** मन्त्र पढ़कर अर्घ्य प्रदान करना। **गुरु गायत्री मन्त्र–'ॐ अंगिरो जाताय विद्महे वाचस्पतये धीमहि तन्नो गुरुः प्रचोदयात्।।'** (3) *वर्षभर प्रतिदिन पक्षियों को बाजरा डालना शुभ रहेगा। (हमारी प्रकाशित पुस्तक* ***'अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय व टोटके'*** *अवश्य मंगवाकर पढ़ें। मूल्य–250 रु.*

# बारह राशियों का ग्रहगोचर के अनुसार मासिक फलादेश-सन् 2024 ई.

आगे बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थित्यनुसार लिखा गया है। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक जानकारी एवं महत्त्वपूर्ण पक्ष जैसे–विद्या, व्यवसाय, नौकरी, विवाह, रोग, सन्तान, विदेश गमनादि प्रश्नों सम्बन्धी विशेष फलादेश तथा तत्सम्बन्धी समस्याओं के विशेष उपाय जानने के लिए शुद्ध एवं बड़ी जन्मपत्री का होना आवश्यक है। हमारे कार्यालय से शुद्ध एवं विस्तृत हस्तलिखित जन्मपत्री बनवाने के लिए जातक/जातिका का नाम, जन्म–समय, जन्म स्थान (Place & Time of Birth), माता–पिता का नाम एवं व्यवसाय आदि का विवरण तथा अग्रिम रूप में पूरी फीस भेजें। मध्यम विस्तृत जन्मपत्री हस्तलिखित फलादेश सहित की फीस 1800, अधिक वृहद् विस्तृत की 2800 रुपए। सामान्य मध्यम जन्मपत्री की 900 रु., वार्षिक वर्षफल, उपायों आदि सहित की फीस 900 रु.। विदेश में उत्पन्न जातक की फीस 51 पौंड अथवा 75 डालर होगी। डाक व्यय 50 रु. जोड़कर भेजें, फीस M.O. या ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम इस पते पर भेजें– **–पं. विवेक शर्मा सुपुत्र पं. पन्ना लाल शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर-8 ( पंजाब ), फोन–94172-91325**

## मेष राशि (Aries)—(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

**जनवरी**—गुरू का संचार इस राशि पर रहने से मान–सम्मान में वृद्धि, कारोबार में तरक्की होगी, परन्तु शनि की नीच दृष्टि रहने से गुप्त चिन्ताएं एवं मानसिक तनाव बना रहे। राशिस्वामी मंगल भाग्यस्थ होने से खर्च अधिक तथा पारिवारिक परेशानियां रहें।

**फरवरी**—ता. 5 से राशिस्वामी मंगल उच्चराशिगत होने से उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। मासान्त में आय कम तथा खर्च अधिक होंगे। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी।

**मार्च**—ता. 14 तक मंगल उच्चराशिगत रहने से कुछ बिगड़े काम बनेंगे। आय के साधनों में सुधार, व्यवसाय सम्बन्धी कोई नवीन योजना बनेगी। ता. 15 से कुम्भ राशि में **'मंगल-शनि'** योग रहने से स्वास्थ्य में विकार, शरीर कष्ट तथा आर्थिक परेशानियों का सामना रहेगा।

**अप्रैल**—**'मंगल-शनि'** योग एकादश भाव में होने से वृथा भाग–दौड़, मानसिक तनाव, निकट बन्धुओं से मतभेद एवं चोटादि का भय रहेगा। सोची योजनाओं में विघ्न–बाधाओं का सामना रहे। ता. 23 से द्वादश भाव में **'मंगल-राहु'** योग रहने से धनागमन के साधनों में विघ्न, मानसिक तनाव एवं क्रोध अधिक रहे।

**मई**—**'मंगल-राहु'** योग 12वें होने तथा गुरु का संचार हट जाने से धन का खर्च अधिक, दूरस्थ यात्राएँ, विदेशी सम्बन्धियों से लाभ परन्तु परिवार में विभिन्न परेशानियों का सामना रहे। व्यवसाय में कठिन हालात का सामना रहे।

**जून**—मंगल इस राशि पर स्वराशिगत है, फलत: धन लाभ व पदोन्नति के योग बनेंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी, परन्तु शनि की नीच शत्रु दृष्टि रहने से मानसिक तनाव एवं घरेलु झगड़े रहेंगे। व्यर्थ यात्रा तथा स्वास्थ्य कष्ट रहे।

**जुलाई**—ता. 11 तक मंगल स्वराशि में होने से अकस्मात् धन लाभ के अवसर मिलेंगे। पदोन्नति तथा गत रुके हुए कुछ कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। ता. 12 से मंगल द्वितीय भाव में गुरु युक्त होने से पुन: लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे, उच्च–प्रतिष्ठित लोगों के साथ मेल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

**अगस्त**—शनि की दृष्टि यथावत रहने से व्यवसायिक क्षेत्रों में हालात अस्थिर एवं अनिश्चित रहेंगे। स्वास्थ्य में खराबी, स्वभाव में उग्रता एवं निकट बन्धुओं से मतभेद उभरेंगे। खर्च अधिक एवं किसी व्यक्ति विशेष से धोखे की सम्भावना बनी रहेगी।

**सितम्बर**—मंगल तृतीयस्थ होने से पराक्रम व अपने उद्यम द्वारा आय के साधनों में वृद्धि होगी। उच्चप्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ सम्पर्क बनेंगे। सुख–साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु शनि के कारण मानसिक तनाव एवं अवांछित व्यक्तियों के कारण बनते कामों में परेशानी हो।

**अक्तूबर**—इस मास मिश्रित प्रभाव रहें। नवीन कार्य को करने की योजना बनेगी। व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहेगी। व्यस्तताएं बढ़ेंगी। ता. 20 से मंगल नीचराशिगत होने से वृथा भागदौड़, धन–लाभ में विघ्न, स्वास्थ्य में खराबी एवं परिवार सम्बन्धी चिन्ता बनी रहेगी। ***उपाय***–(1) **श्रीदुर्गा-सप्तशती** का पाठ करना शुभ होगा। (2) ता. 17 से पं. देवीदयालु (पं. पन्ना–लाल ज्यो. रचित) **'कार्तिक-माहात्म्य'** का पाठ करें।

**नवम्बर**—मंगल नीचराशिगत संचार करने से घरेलु सुखों में कमी होगी। संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूलखर्ची होगी। विलासादि कार्यों पर व्यय, कार्यों में बाधाएँ रहेंगी। उत्तरार्द्ध भाग में चोटादि का भय भी रहेगा।

**दिसम्बर**—ता. 6 से कर्कराशिगत मंगल वक्री होने से घरेलु सुखों में कमी व अशान्ति व्याप्त रहेगी। स्त्री/पति मध्य तनाव रहे, परन्तु दशमस्थ उच्च दृष्टि रहने से अचानक धन लाभ व प्रगति के अवसर भी प्राप्त होंगे।

## वृष राशि (Taurus)—(ई, उ, ए, ओ, वा, वि, वू, वे, वो)

**जनवरी**—मासारम्भ में इस राशि पर बुध–शुक्र की दृष्टियां रहने से कुछ सुखद घटनाएं घटित होंगी। उच्च–प्रतिष्ठित लोगों/स्त्री के सहयोग से लाभ की सम्भावनाएं बढ़ेंगी। खर्च भी बहुत बढ़ेंगे। ता. 18 से राशिस्वामी शुक्र अष्टम भाव में आने से धन हानि, स्वास्थ्य में कमी तथा खर्चों की अधिकता रहेगी।

**फरवरी**—ता. 11 तक शुक्र अष्टमस्थ रहने से व्यर्थ की भागदौड़ अधिक, विरोधी हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे। ता. 12 के पश्चात् धर्म–कर्म में रूचि होगी और अधिकतर समय शुभ कार्यों में ही व्यतीत होगा।

**मार्च**—ता. 7 से शुक्र शनि के साथ कुम्भ राशि में होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे, परन्तु खर्च भी बढ़–चढ़ कर रहेंगे। व्यस्तता अधिक रहे, क्रोध पर नियन्त्रण रखें।

**अप्रैल**—मासारम्भ से ही शुक्र मीन राशि (उच्च) में संचार करने से अकस्मात् धन लाभ के चाँस बनेंगे, परन्तु खर्च भी अधिक रहेंगे। वाहनादि सुख-सुविधाओं एवं मनोरंजन कार्यों पर खर्च अधिक होंगे। ता. 24 से शुक्र 12वें राहुयुक्त होने से खर्च और अधिक बढ़ जाएंगे।

**मई**—ता. 1 से ही गुरु इस राशि पर होने से आय के साधनों में वृद्धि, धर्म-कर्म में रुझान, परन्तु खर्च अधिक रहे। सन्तान सम्बन्धी चिन्ता, परन्तु परिवार में भाई-बन्धु का सहयोग प्राप्त होगा। किसी पर भी भरोसा करना हानिकारक होगा।

**जून**—ता. 11 तक गुरु-शुक्र योग रहने से आंशिक धन लाभ तथा कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। शुभ यात्रा एवं शुभ मंगल कार्यों पर धन खर्च होगा। ता. 12 से शुक्र मिथुन में रहने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन लाभ व कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

**जुलाई**—ता. 7 से शुक्र कर्क (शत्रु) राशि में रहने से पारिवारिक परेशानी, शरीर कष्ट, वृथा भागदौड़, मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। भलाई करने पर भी बुराई मिलेगी, आर्थिक परेशानियों के कारण चिन्ताएं होंगी।

**अगस्त**—मासारम्भ से शुक्र सिंह राशिगत संचार करने से स्वास्थ्य में खराबी, घरेलु उलझनें, वृथा वाद-विवाद में परेशानी रहेगी। समय अनुकूल नहीं है। सावधानीपूर्वक क्रय-विक्रय करें। मासान्त ता. 24 से शुक्र नीचराशिगत होने से सन्तान, पारिवारिक उलझनें एवं सेहत सम्बन्धी परेशानी बढ़ेगी।

**सितम्बर**—ता. 17 तक शुक्र नीचस्थ होने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियां रहेंगी। किसी दुष्ट व्यक्ति द्वारा हानि होने के संकेत मिलते हैं। स्वास्थ्य में विकार व चोटादि का भय है। आय कम, खर्च अधिक रहे। सन्तान एवं परिवार सम्बन्धी चिन्ता रहे। ता. 18 से शुक्र तुला राशिस्थ होने से अकस्मात् धन लाभ के चाँस बनेंगे।

**अक्तूबर**—पूर्वार्द्ध भाग में कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होगी। परन्तु खर्चों की अधिकता से मन परेशान रहेगा। शरीर कुछ अस्वस्थ रहे। उत्तरार्द्ध में स्थान परिवर्तन होने के योग हैं। सिर-दर्द एवं आँखों में कष्ट रहने के संकेत हैं।

**नवम्बर**—दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। धर्म-कर्म में विशेष रूचि होगी। ता. 9 से शुक्र धनु (अष्टमस्थ) राशिस्थ रहने से पारिवारिक एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। आय कम तथा आकस्मिक खर्च बढ़ेंगे। बनते कार्यों में अड़चनें रहें।

**दिसम्बर**—ता. 2 से ही राशिस्वामी शुक्र भाग्यस्थ रहने से विपरीत परिस्थितियों के बावजूद आय के साधन बनते रहेंगे। भाग्य से धन प्राप्ति और मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो, परन्तु गुरु की दृष्टि रहने से किसी निकटस्थ के साथ अचानक तनाव या झगड़ा भी होगा।

7 से 25 तक बुध नीच (मीन) राशि में आने से स्वास्थ्य-हानि, अत्यधिक खर्च, तनाव एवं बनते कार्यों में अड़चनें पैदा होंगी। आर्थिक व घरेलु उलझनें बढ़ेंगी।

**अप्रैल**—ता. 8 तक बुध लाभस्थान में होने से व्यापार में लाभ तथा उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क बनेंगे। ता. 9 से बुध नीचराशिगत होने के कारण मानसिक अस्थिरता एवं तनाव रहेगा। परिवार में घरेलु उलझनें उत्पन्न होंगी। परन्तु कार्य-व्यवसाय में गुज़ारे योग्य धन प्राप्त होता रहेगा।

**मई**—ता. 9 तक बुध नीचस्थ रहने से स्वास्थ्य हानि, मानसिक तनाव, बनते कामों में विघ्न तथा अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। ता. 10 से 31 तक बुध मेष राशिगत रहने से धन लाभ व अकस्मात् उन्नति के चाँस बढ़ेंगे।

**जून**—मासारम्भ से 13 तक बुध 12वें स्थान में गुरु युक्त होने से वृथा दौड़धूप, धन-हानि के योग हैं। ता. 14 से 28 तक बुध स्वराशिगत होने से बिगड़े कार्यों में कुछ सुधार होगा। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे।

**जुलाई**—उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधनों में बढ़ौत्तरी होगी। परन्तु व्यवसायिक व्यस्तताओं के कारण पर्याप्त लाभ नहीं होगा। यद्यपि पारिवारिक सहयोग मिलेगा। परन्तु स्वभाव में तेज़ी एवं मानसिक तनाव रहे।

**अगस्त**—इस मास मिश्रित फल होगा। मासारम्भ में धनागमन के साधनों में वृद्धि होगी। ता. 5 से बुध वक्री तथा 22 ता. से पुनः कर्क राशि में रहने से शरीर कष्ट, मानसिक तनाव व चमड़ी सम्बन्धी रोग होने की सम्भावना बनी रहेगी। ता. 24 से शुक्र कन्या राशि में संचार करने से विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

**सितम्बर**—मासारम्भ से ही मंगल इस राशि पर संचार करने से किसी नज़दीकी बन्धु से कलह, मानसिक तनाव, क्रोध अधिक आएगा। निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

**अक्तूबर**—ता. 19 तक मंगल का संचार रहेगा, परन्तु बुध की स्वगृही दृष्टि के कारण आर्थिक कार्यों में व्यवधान होने पर भी गुज़ारे योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मासान्त में सन्तान सम्बन्धी चिन्ता एवं व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**नवम्बर**—बुध अष्टमस्थ रहने से स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष ध्यान रखें। निकटस्थ भाई-बन्धुओं से मन-मुटाव, बनते कार्यों में विघ्न, आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी। व्यवसाय में तनाव व लेन-देन के मामलों में परेशानी हो सकती है।

**दिसम्बर**—ता. 14 तक बुध अष्टमस्थ वक्री रहने से व्यवसाय सम्बन्धी संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। अपने भी परायों जैसा व्यवहार करेंगे। घरेलु उलझनों से तनाव अधिक रहेगा। स्वास्थ्य सम्बन्धी कष्ट तथा खर्च बढ़चढ़ कर रहेंगे।

## मिथुन राशि (Gemini)—(क,की, कु, घ, ङ, छ, के, को, ह)

**जनवरी**—ता. 7 से 31 तक राशिस्वामी बुध की स्वगृही दृष्टि रहने से कठिन परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। क्रय-विक्रय से लाभ होगा। मंगल की भी दृष्टि रहने से पुरुषार्थ एवं उत्साह में वृद्धि से कार्य पूर्ण होंगे।

**फरवरी**—ता. 19 तक बुध अष्टमस्थ तथा ता. 10 से अस्त भी रहने से बनते कार्यों में रुकावटें पैदा होंगी। निकटस्थ भाई-बन्धुओं से मनमुटाव पैदा होंगे। आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी।

**मार्च**—बुध ता. 6 तक नवम स्थान में होने से लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। ता.

## कर्क राशि (Cancer)—(हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

**जनवरी**—शनि की ढैय्या का प्रभाव रहने से बनते कार्यों में विघ्न, मानसिक तनाव, गुप्त चिन्ता, दुर्घटना में चोटादि का भय और भूमि-जायदाद सम्बन्धी कार्यों में परेशानी होगी। पारिवारिक परेशानी तथा आय में कमी रहेगी।

**फरवरी**—मंगल की अशुभ दृष्टि रहने से भी मानसिक तनाव, क्रोध की अधिकता, दुर्घटना में चोटादि का भय रहे। किसी पर भी भरोसा करना हानिकारक होगा। व्यर्थ के तनाव से स्वास्थ्य में गड़बड़ एवं परेशानी होगी।

**मार्च**—बुध ता. 6 तक नवम स्थान में होने से लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। ता. | तनाव से स्वास्थ्य में गड़बड़ एवं परेशानी होगा।

**मार्च**—ता. 14 तक मंगल की दृष्टि रहने से क्रोध एवं उत्तेजना बढ़ेगी। वाहनादि सावधानी से चलाना चाहिए। आँखों में कष्ट एवं सिरदर्द से परेशानी हो। ता. 15 से मंगल अष्टमस्थ शनि युक्त रहने से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानियों का सामना रहे, गुप्त रोग का भय रहे।

**अप्रैल**—ता. 22 तक **'मंगल-शनि'** योग अष्टमस्थ, तदुपरान्त भाग्य स्थान में **'मंगल-राहु'** योग होने से निकट बन्धुओं से विरोध, रोग एवं शत्रुभय तथा आर्थिक उलझनों का सामना रहेगा। व्यर्थ यात्रा की परेशानी उठानी पड़ेगी।

**मई**—भाग्य स्थान में **'मंगल-राहु'** योग तथा शनि की ढैय्या के प्रभाव से पारिवारिक एवं व्यवसायिक क्षेत्र में कठिन व संघर्षमयी परिस्थितियों का सामना रहेगा। अपनी ही गलती से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। खर्च अधिक रहें।

**जून**—शनि-ढैय्या के कारण बनते कार्यों में विघ्न, वृथा-भागदौड़, मानसिक तनाव एवं व्यवसाय में भी संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा। उत्तरार्द्ध भाग में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। सुख-साधनों पर धन का खर्च अधिक एवं मनोरंजन आदि में रुझान बढ़ेगा।

**जुलाई**—शनि-ढैय्या के कारण शरीर कष्ट, मानसिक तनाव व स्वास्थ्य हानि के योग हैं। लाभ कम व खर्च अधिक होगा। विभिन्न उलझनों का सामना रहेगा। ता. 16 से सूर्य का संचार इसी राशि पर होने से निकट बन्धुओं से मन-मुटाव एवं विरोध बढ़ेंगे। भगवान् सूर्य का पूजन व अर्घ्य प्रदान करना शुभ होगा।

**अगस्त**—सूर्य-शुक्र का संचार इस राशि पर रहने से कार्यव्यवसाय में स्थिति कुछ अनुकूल होगी। भाई-बन्धुओं का सहयोग प्राप्त होगा। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध में अड़चनों के कारण परेशानियां बढ़ेंगी। ता. 22 से बुध भी इसी राशि में संचार करने से तनाव एवं घरेलु उलझनें बढ़ेंगी।

**सितम्बर**—परिश्रम एवं दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में कई तरह के उतार-चढ़ाव व अन्य परेशानियां रहेंगी। आकस्मिक खर्च होने के योग हैं। मासान्त में आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। किसी उच्चाधिकारी के साथ सम्पर्क रहेंगे।

**अक्तूबर**—कार्य व्यवसाय में उन्नति व प्रगति के कुछ मार्ग प्रशस्त होंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होगा। कुछ बिगड़े कार्यों में विशिष्ट व्यक्तियों से सम्पर्क करने से सुधार होगा। परिवार में भाई-बन्धु का सहयोग कम प्राप्त होगा। ता. 20 से मंगल इस राशि पर नीचावस्था में संचार करने से तनाव, घरेलु उलझनें तथा क्रोध बढ़ेगा।

**नवम्बर**—शनि की ढैय्या तथा भाग्यस्थ राहु के प्रभाव से परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में कई तरह के उतार-चढ़ाव व अन्य परेशानियां रहेंगी। आकस्मिक खर्च होंगे। मासान्त में आर्थिक क्षेत्र में लाभ के योग हैं।

**दिसम्बर**—मंगल इस राशि पर वक्री अवस्था में संचार करने से घरेलु एवं व्यवसाय सम्बन्धी परेशानियां, क्रोध, किसी से बेफजूल विवाद तथा स्वास्थ्य सम्बन्धी कष्ट रहे।

## सिंह राशि (Leo)—(म, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

**जनवरी**—इस राशि पर शनि की दृष्टि रहने से निकट बन्धुओं से तनाव एवं मतभेद रहेंगे। परन्तु गुरु की भी दृष्टि रहने से रुके हुए कार्य ठीक होते रहेंगे। शुभ/धार्मिक कार्यों पर खर्च भी होंगे। किसी का सहयोग प्राप्त होगा।

**फरवरी**—ता. 5 से मंगल की भी इस राशि पर दृष्टि रहने से यद्यपि उत्साह एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे। ता. 13 से सूर्य-शनि दोनों की संयुक्त दृष्टि रहने से पारिवारिक मतभेद उभरेंगे।

**मार्च**—सूर्य-शनि-मंगल-गुरु आदि ग्रहों की दृष्टियां रहने से व्यवसायिक एवं पारिवारिक उलझनें तथा व्यस्तताएं रहेंगी। वृथा भागदौड़, धन-लाभ, मान-सम्मान में वृद्धि होगी। किन्तु क्रोध एवं जल्दबाजी में किए गए कार्यों से नुक्सान हो सकता है। सावधानी बरतें।

**अप्रैल**—ता. 13 तक राशिस्वामी सूर्य अष्टमस्थ होने से स्वास्थ्य में खराबी एवं पिता से कुछ मतभेद रहेंगे। यद्यपि व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु घरेलु उलझनों के कारण मन परेशान रहे। ता. 14 से भाग्योन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

**मई**—भाग्यस्थ सूर्य पर शनि की नीच दृष्टि रहने से परिवार में व्यर्थ का तनाव व उलझनें रहेंगी। व्यापार अथवा नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु उन अवसरों का उचित लाभ नहीं उठा सकेंगे। धन लाभ के साथ-साथ खर्च भी बढ़-चढ़ कर होगा।

**जून**—भाग्यस्थ मंगल पर शनि की दृष्टि तथा अष्टमस्थ राहु के प्रभाव से स्वास्थ्य सम्बन्धी विभिन्न परेशानियां रहेंगी। नए-पुराने मित्रों से नए सम्बन्ध बनेंगे। घरेलु उलझनें एवं परिवार में विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा। खर्च अधिक एवं मानसिक तनाव रहेगा।

**जुलाई**—धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी। राजदरबार में जाने से मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय/नौकरी में उन्नति के साधन बनेंगे। घर की सुख-शान्ति में मित्रों द्वारा विघ्न पड़ेगा। थोड़ी-सी उत्तेजना से काम बिगड़ सकता है। मासान्त में किसी बिगड़े काम में प्रतिष्ठित व्यक्ति के सहयोग से सुधार होगा।

**अगस्त**—इस मास मिश्रित फल प्राप्त होगा। व्यवसाय में उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विलासादि पदार्थों पर धन का व्यय अधिक होंगे। ता. 16 से सूर्य का संचार इसी राशि पर होने से व्यवसाय में उन्नति एवं विघ्नों के बावजूद बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि परन्तु क्रोध से बचें।

**सितम्बर**—ता. 15 तक सूर्य का संचार होने के कारण मिश्रित प्रभाव रहेंगे। नौकरी व व्यापार में यद्यपि उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु पारिवारिक एवं निजी उलझनों के कारण लाभ में कमी रहेंगी। ता. 16 के बाद कुछ बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। वृथा मानसिक तनाव रहेगा।

**अक्तूबर**—मासारम्भ में उत्साह में वृद्धि परन्तु व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी। ता. 17 से राशिस्वामी सूर्य नीच राशि (तुला) में है। जिसके फलस्वरूप व्यवसाय में अत्यधिक संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। ता. 20 के बाद भूमि, मकान एवं वाहन सम्बन्धी परेशानियां पैदा हों। परिवार में व्यर्थ का तनाव और खर्च की अधिकता रहेगी।

**नवम्बर**—मासारम्भ में अत्यधिक संघर्ष के बावजूद धन लाभ कम ही रहे। अधिकांश समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। उदर-विकार एवं आँखों में कष्ट का भय है। उत्तरार्द्ध भाग में किसी नए मित्र के साथ सम्पर्क पैदा होंगे। विद्या अथवा पूर्व में किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी।

**दिसम्बर**—निर्वाह योग्य धन लाभ संघर्ष के पश्चात् ही प्राप्त होगा। मांगलिक कार्यों पर धन का व्यय अधिक होगा। मनोरंजन में वृद्धि होगी। कुछ बिगड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। मासान्त में मानसिक तनाव, क्रोध एवं परेशानियों का सामना रहेगा।

## कन्या राशि (Virgo)—(टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

**जनवरी**—इस राशि पर केतु का संचार तथा बुध ता. 7 से धनु राशिगत रहने से संघर्षमयी परिस्थितियां रहेंगी। बनते कामों में विघ्न, स्वास्थ्य ढीला, स्वभाव में तेजी एवं वृथा भागदौड़ अधिक होगी। धन का अपव्यय अधिक रहे। ता. 26 के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

**फरवरी**—इस मास बुध मकर व कुम्भराशिगत संचार करने से पारिवारिक उलझनें एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में अत्यधिक भागदौड़ के उपरान्त भी लाभ में कमी रहेगी। ता. 10 से बुध अस्त भी रहने से विपरीत परिस्थितियों के कारण अल्प लाभ होगा। स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं वृथा मानसिक तनाव रहे। खर्च अधिक रहे।

**मार्च**—आय के साधनों में मामूली वृद्धि होगी। स्त्री व सन्तान की ओर से शुभ समाचार मिलने के योग है। ता. 7 से बुध नीचराशिगत रहने से पारिवारिक एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा। स्वास्थ्य में खराबी तथा चोटादि का भय रहेगा।

**अप्रैल**—मासारम्भ में बुध अष्टमस्थ परन्तु ता. 9 से पुनः सप्तमस्थ राहुयुक्त होने से आय कम और खर्च अधिक होंगे। चिन्ता रहेगी। अत्यधिक कठिनाई से निर्वाह योग्य धन के साधन बनेंगे। परन्तु पुरुषार्थ द्वारा उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। संक्रान्ति से वैशाख माहात्म्य का पाठ तथा सूर्य उपासना व दानादि करना शुभ होगा।

**मई**—मासारम्भ में किन्हीं शुभ कार्यों पर धन का खर्च होगा। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। ता. 10 से बुध अष्टमस्थ रहने से स्वास्थ्य कुछ नर्म रहे, स्वभाव में तेजी तथा व्यर्थ की भागदौड़ अधिक होगी। विरोधी हानि पहुँचाने का प्रयास करेंगे।

**जून**—इस मास ता. 13 तक बुध-गुरु भाग्यस्थान में होने से बिगड़े कामों में सुधार एवं आय के साधनों में वृद्धि होगी। ता. 29 के पश्चात् व्यवसायिक क्षेत्रों में हालात कुछ अस्थिर रहेंगे।

**जुलाई**—केतु लग्नस्थ तथा बुध ता. 18 तक कर्क राशिगत रहने से बनते कार्यों में विघ्न, वृथा भागदौड़ एवं तनाव रहेगा। किन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 19 के बाद खर्च अधिक तथा किसी से अनावश्यक वाद-विवाद हो सकता है।

**अगस्त**—केतु की स्थिति तथा राशिस्वामी बुध 12वें होने से अत्यन्त संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा। व्यर्थ की भागदौड़ एवं मानसिक तनाव रहेगा। ता. 22 से वक्री बुध पुनः कर्क राशिशस्थ होने से स्वास्थ्य नर्म रहेगा।

**सितम्बर**—ता. 4 से बुध पुनः 12वें होने से व्यर्थ की भागदौड़ एवं यात्राएं होंगी। आशाओं के अनुरूप सफलता प्राप्त नहीं होंगी। मन उदासीन रहेगा। ता. 23 से बुध स्वराशिगत होने से दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा।

**अक्तूबर**—धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में वृद्धि होगी। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। परन्तु केतु के कारण तनाव व चिन्ता रहेगी। भलाई करने पर भी बुराई मिलेगी, आर्थिक परेशानियों के कारण चिन्ताएं होंगी।

**नवम्बर**—बुध वृश्चिक राशिगत रहने से व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अत्यधिक भागदौड़ करने पर भी आय से खर्च अधिक होगा। केतु के कारण मन अशान्त, असन्तुष्ट, स्वास्थ्य ढीला एवं कैरियर सम्बन्धी चिन्ता रहेगी।

**दिसम्बर**—मासारम्भ में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु बुध तृतीयस्थ व केतु के कारण परिस्थितियां संघर्षपूर्ण रहेंगी। आराम कम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। भूमि व वाहनादि पर खर्च होगा। वाहनादि चलाते समय सावधानी बरतें। चोटादि का भय है। स्वास्थ्य विकार, बनते कार्यों में विघ्न तथा खर्च अधिक रहेगा।

## तुला राशि (Libra)—रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते

**जनवरी**—गुरु की शत्रु दृष्टि तथा ता. 18 से तृतीयस्थ शुक्र पर गुरु की नवम दृष्टि रहने से निकटस्थ बन्धुओं के साथ मनमुटाव व तनाव रहे। पारिवारिक समस्याएं व उलझनें रहेंगी। किन्तु नए कार्य की योजनाएं भी बनेंगी।

**फरवरी**—शुक्र ता. 11 तक शत्रुराशिगत (धनु) रहने से सर्विस अथवा व्यवसाय में नित्य नई-नई परेशानियों का सामना रहे। शत्रु प्रबल रहेंगे। ता. 12 से शुक्र चतुर्थ भावस्थ होने से व्यवसाय में अनेक उतार-चढ़ाव एवं परिवर्तनों का सामना रहेगा। स्थान-परिवर्तन भी होने के योग हैं। विदेशी सम्बन्धों से लाभ के योग हैं।

**मार्च**—मासारम्भ में रुके हुए कार्यों में कुछ सफलता प्राप्त होगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। ता. से '**सूर्य-शुक्र-शनि**' योग पंचम भाव में होने से व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। घरेलु उलझनों से तनाव रहेगा।

**अप्रैल**—मासारम्भ से शुक्र उच्चराशिगत परन्तु राहुयुक्त होने से व्यवसाय में आंशिक लाभ एवं विलासादि कार्यों पर धन का व्यय होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। आर्थिक उलझनों के कारण मन में तनाव व चिन्ताएं रहेंगी। उत्तरार्द्ध भाग चुनौतीपूर्ण व खर्चीला होगा।

**मई**—मासारम्भ में शुक्र की स्वगृही दृष्टि होने पर भी व्यवसाय में आंशिक लाभ एवं विलासादि कार्यों पर धन का व्यय होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। आर्थिक उलझनों के कारण मन में तनाव व चिन्ताएं रहेंगी।

**जून**—परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव व अल्प परेशानियां रहेंगी। स्थान परिवर्तन भी होने के योग हैं। सिर-दर्द, आँखों में कष्ट व चर्म रोग होने का भय रहेगा। विशेष सावधानी बरतें।

**जुलाई**—ता. 7 से शुक्र दशमस्थ होने से अकारण क्रोध, उत्तेजना, व्यर्थ की भागदौड़ लगी रहेगी। शत्रु-भय, मानसिक तनाव, अवांछित स्थान परिवर्तन एवं गृह में कलह-क्लेश और तनाव रहेगा। भूमि व वाहनादि का सुख प्राप्त होगा। गृह में शुभ कार्य पर खर्च होगा। ता. 16 से '**श्रावण माहात्म्य**' का पाठ करें।

**अगस्त**—बनते कामों में विघ्न और विलम्ब होगा। नौकरी में किसी से धोखा मिल सकता है। सावधानी बरतें। ता. 24 से शुक्र नीच राशिगत रहने से खर्च की अधिकता से मन परेशान और अशान्त रहेगा। शरीर कष्ट और चोटादि का भय रहेगा। **आदित्यहृदय स्तोत्र** का पाठ करना शुभ होगा।

**सितम्बर**—व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूलखर्ची बढ़ेगी। धन-हानि एवं स्वास्थ्य नर्म रहेगा। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। *मन में अशांति व क्रोध की मात्रा अधिक होगी। अधिकांश समय मनोरंजन एवं वृथा कामों में व्यतीत होगा।*

***अक्तूबर**—ता. 12 तक राशिस्वामी स्वराशिगत रहने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार,*

परिवार में अकस्मात् खुशी एवं नए मित्रों से मेल-जोल बढ़ेगा। परन्तु ता. 13 से धन का खर्च अधिक, स्थान परिवर्तन, यात्रा में चोटादि का भय रहेगा। सावधानी बरतें।

**नवम्बर**—मंगल की दृष्टि तथा ता. 6 से शुक्र धनु राशिगत रहने से धन लाभ साधारण ही रहेगा। खर्चों की अधिकता से मानसिक तनाव व क्रोध की भावना अधिक रहेगी। भाई-बन्धु से मनमुटाव रहेगी। परन्तु धर्म-कर्म के कार्यों में रूचि बढ़ेगी। शुभ कार्यों पर खर्च होगा। ***उपाय***—ता. 16 तक पं. देवीदयालु कृत '**कार्तिक-माहात्म्य**' का पाठ करते रहें।

**दिसम्बर**—ता. 2 से शुक्र चतुर्थ भाव में होने से स्वास्थ्य परेशानी, वाहनादि भौतिक सुखों पर खर्च अधिक रहे। विरोधियों द्वारा बनते कामों में अड़चनें पैदा करने से धन हानि होगी। '**श्रीसूक्तम्**' का पाठ करना शुभ रहेगा।

## वृश्चिक राशि (Scorpio)-(तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)

**जनवरी**—मंगल धनुराशिगत संचार करने से आय के साधनों में वृद्धि एवं शुभ मंगल कार्यों पर धन का खर्च होगा। परन्तु शनि-ढैय्या के प्रभाव से पारिवारिक समस्याएं एवं आर्थिक उलझनें उभरती सिमटती रहेंगी। **उपाय**—'**श्रीविश्वनाथमङ्गल स्तोत्र**' का पाठ करें। (देखें पुस्तक—'**शिव मंत्रावली**') **लेखक : पं. पन्ना लाल ज्यो.**

**फरवरी**—ता. 5 से मंगल उच्चराशिगत संचार करने से विघ्न-बाधाओं के बावजूद व्यवसायिक कार्यों में सफलता मिलेगी। ज़मीन-जायदाद आदि का क्रय-विक्रय करने की योजना बनेगी। धन लाभ एवं पारिवारिक सुखों में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ मंगल कार्य भी सम्पन्न होंगे।

**मार्च**—किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी, मान-सम्मान में वृद्धि, पराक्रम एवं उत्साह में बढ़ौत्तरी, उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क लाभकारी रहेंगे, ता. 15 से '**मंगल-शनि**' योग चतुर्थस्थ रहने से अचानक खर्चों में वृद्धि एवं घरेलु परेशानियां का सामना होगा।

**अप्रैल**—धन लाभ कम तथा घरेलू उलझनों के कारण मानसिक तनाव रहेगा। परिवार में मतभेद, पिता को स्वास्थ्य परेशानी एवं कुछ निजी समस्याओं का सामना रहेगा। ता. 23 से पंचम भाव में '**मंगल-राहु**' योग रहने से सन्तान सम्बन्धी चिन्ता रहे।

**मई**—'**मंगल-राहु**' योग पंचमस्थ रहने से स्वास्थ्य सम्बन्धी कष्ट तथा खर्च अधिक रहेंगे। विशेष सावधानी बरतें। घर-परिवार सम्बन्धी उलझनें रहेंगी। दुर्घटना में चोटादि का भय रहेगा। व्यर्थ की यात्रा भी हो।

**जून**—ता. 13 तक सूर्य की मित्र तथा मासभर मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से व्यवसाय में संघर्ष के बाद आय के स्रोत बढ़ेंगे। स्वभाव में क्रोध एवं चिड़चिड़ापन रहेगा। संयमपूर्ण व्यवहार करें। यात्रा से बचें।

**जुलाई**—विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन-लाभ व कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन का विचार बने। यात्रा का प्रोग्राम बनेगा। प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। मासान्त में स्त्री सुख व शुभ समाचार मिले।

**अगस्त**—परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होंगी। पराक्रम और पुरुषार्थ से कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। गुरु की दृष्टि होने से धर्म-कर्म में अभिरुचि, सन्तान सम्बन्धी सुख तथा सोची योजनाओं में कामयाबी मिलेगी। शनि-ढैय्या के कारण विघ्न-बाधाएं रहेंगी।

**सितम्बर**—मंगल अष्टमस्थ रहने से घरेलु उलझनों के कारण मन परेशान रहे। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न हों। निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति हो, खर्च की अधिकता रहे। शनि ढैय्या रहने से परिवार में कुछ निजी समस्याओं का सामना रहेगा।

**अक्तूबर**—पारिवारिक एवं आर्थिक उलझनों के कारण मन परेशान रहे। सोची योजनाओं में विघ्न-बाधाएं, परिवार में मतभेद एवं कठिन परिस्थितियों के बावजूद आय के साधन बनते रहेंगे। ***उपाय***—प्रतिदिन दारिद्रयदहन श्रीशिवस्तोत्र का पाठ करें। [देखें हमारी पुस्तक '**शिव मन्त्रावली**']

**नवम्बर**—ता. 15 तक सूर्य नीचराशिगत तथा मंगल कर्कराशिगत होने से व्यवसाय में अत्यधिक परिश्रम एवं संघर्ष उपरान्त धन की प्राप्ति होगी। घरेलु समस्याएं, मानसिक तनाव, सिरदर्द व आँखों में कष्ट की सम्भावना बनी रहेगी।

**दिसम्बर**—ता. 6 से मंगल वक्री एवं शनि की ढैय्या के कारण व्यवसाय के सम्बन्ध में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहेगा। '**मंगल-शनि**' के मध्य षडाष्टक सम्बन्ध रहने से पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव एवं वैमनस्य की स्थिति रहेगी।

## धनु राशि (Sagittarius)-(ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे)

**जनवरी**—राशिस्वामी गुरु की शुभ दृष्टि होने से अचानक धन प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे। नौकरी एवं व्यवसाय में उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शुक्र द्वादशस्थ, ता. 18 से लग्नस्थ रहने से मनोरंजन एवं विलासादि वस्तुओं पर व्यय अधिक होगा। किसी प्रिय व्यक्ति से सम्बन्ध बढ़ेंगे।

**फरवरी**—मासारम्भ में कार्यक्षेत्र में विशेष उतार-चढ़ाव एवं संघर्ष का सामना रहेगा। कुछ सोची योजनाओं में विघ्न-बाधाएं उत्पन्न होंगी। मासान्त में शुभ कार्य पर धन का खर्च होगा। वाहनादि का क्रय-विक्रय भी होगा।

**मार्च**—गुरु की दृष्टि के प्रभावस्वरूप वृद्धजनों के सहयोग एवं परिश्रम के बाद धन लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। परन्तु परिवार में सन्तान सम्बन्धी चिन्ता, मन आशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। उत्तरार्द्ध भाग में हालात कुछ बदलेंगे। खर्च अधिक एवं मनोरंजन आदि कार्यों में ध्यान रहेगा।

**अप्रैल**—कुछ उत्साहवर्धक स्थितियां बनेंगी। अकस्मात् लाभ एवं सन्तान सुख में वृद्धि होगी। भूमि-सवारी आदि के क्रय-विक्रय की योजना भी बनेगी। धर्म-कर्म में भी रूचि रहेगी। '**वैशाख-माहात्म्य**' का ता. 13 से नित्य पाठ करें।

**मई**—पूर्वार्द्ध भाग में कुछ सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी। व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। परन्तु राशिस्वामी गुरु छटे होने से बनते कामों में विघ्न एवं स्वास्थ्य परेशानी रहे। उत्तरार्द्ध में अचानक यात्रा के संयोग बनेंगे। परन्तु शत्रु भय और खर्च अधिक रहेगा।

**जून**—गुरु छटे संचार करने से कुछ सोची योजनाओं को क्रियान्वित रूप देने में विलम्ब होगा। ता. 14 से व्यवसाय में आंशिक सफलता एवं विलासादि कार्यों पर धन खर्च होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं।

**जुलाई**—स्वास्थ्य कुछ ढीला, पेट-विकार एवं लीवर में खराबी के योग हैं। व्यवसाय में भी उतार-चढ़ाव एवं परिवर्तनों का सामना रहेगा। ता. 12 से मंगल की दृष्टि रहने से

उत्साह में वृद्धि परन्तु क्रोध अधिक, खर्च भी अधिक तथा वृथा भागदौड़ बनी रहेगी। चोटादि का भय रहे।

**अगस्त**—मंगल की दृष्टि रहने से निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। परन्तु मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे। सांसारिक कार्यों में प्रगति होगी। गृह में खुशी का वातावरण बनेगा। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे।

**सितम्बर**—मंगल की दृष्टि रहने से उत्साह में वृद्धि एवं भाग्यवश कोई बिगड़ा काम बनेगा। परन्तु ता. 15 तक सूर्य-शनि के मध्य दृष्टि सम्बन्ध रहने से क्रोध एवं खर्च अधिक रहेगा। स्वास्थ्य विकार एवं पारिवारिक सम्बन्ध तनावपूर्ण रहेंगे।

**अक्तूबर**—अपने साहस और परिश्रम से ही कार्यक्षेत्र की समस्याएं सुलझानी पड़ेंगी। ता. 9 से गुरु वक्री रहने से बौद्धिक कार्यों में रूचि कम होगी व विद्यार्थियों को विद्या में आशानुकूल सफलता नहीं प्राप्त हो सकेगी। ता. 17 से पं. देवीदयालु कृत '**कार्तिक-माहात्म्य**' का पाठ करें।

**नवम्बर**—मंगल अष्टमस्थ होने से स्वास्थ्य ढीला, घरेलु चिन्ता एवं सांझेदारी के कार्यों में हानि होगी। वाहनादि सावधानी से चलाना चाहिए। क्रोध अधिक, सन्तान सम्बन्धी गुप्त चिन्ता रहेगी।

**दिसम्बर**—संघर्ष के बावजूद धन लाभ के साधन बनते रहेंगे। भूमि, जायदाद एवं वाहनादि पर खर्च अधिक होगा। स्त्री-सुख एवं परिवार में खुशी का वातावरण बनेगा। मासान्त में बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। क्रोध अधिक व पारिवारिक परेशानी रहे।

## मकर राशि (Capricorn)—(भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी)

**जनवरी**—शनि स्वराशिगत द्वितीय भाव में होने से यद्यपि आय-वृद्धि के अनेक अवसर प्राप्त होंगे, परन्तु पारिवारिक उलझनें, स्वास्थ्य सम्बन्धी कष्ट तथा व्यापार में लाभ की कमी रहेगी। अचानक कुछ रुके हुए कार्यों में प्रगति होगी।

**फरवरी**—ता. 5 से मंगल इस राशि पर उच्चस्थ होकर संचार करने से विशेष परिश्रम एवं पुरुषार्थ करने से कार्यसिद्धि होगी, अकस्मात् लाभ तथा हानि के योग हैं। आर्थिक उलझनें तथा भाई-बन्धुओं से मनमुटाव रहेगा।

**मार्च**—उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क बढ़ेंगे, परन्तु अनावश्यक दौड़-धूप एवं आकस्मिक धन का अपव्यय अधिक होगा। ता. 15 से मंगल-शनि योग रहने से परिवार में मतभेद भी रहें, क्रोध अधिक, स्वभाव में तेजी एवं उत्तेजना, स्वास्थ्य परेशानी के योग हैं।

**अप्रैल**—वैवाहिक जीवन में मतभेद दूर होगा। धन लाभ एवं उन्नति के पर्याप्त अवसरों के बावजूद समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। परन्तु कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार एवं समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मई**—गुरु की नीच दृष्टि होने से व्यवसायिक क्षेत्रों में परिस्थितियां संघर्षपूर्ण रहेंगी। सांझेदारी के कार्यों में हानि एवं गुप्त चिन्ता रहेगी। ता. 14 के पश्चात् आय व सुख-साधनों में वृद्धि तथा विदेशी कार्यों में प्रगति होगी। धर्म-कर्म के कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा।

**जून**—मास के पूर्वार्द्ध भाग में धन एवं सुख की प्राप्ति होगी। वृथा खर्च भी बढ़ेंगे। आमोद-प्रमोद आदि साधनों में विस्तार एवं वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में भी रुझान रहेगा। उत्तरार्द्ध में पारिवारिक उलझनों के कारण मन संतप्त रहे। आकस्मिक खर्चों में वृद्धि के कारण तनाव रहे। **शनिवार** के 11 व्रत करने शुभ होंगे।

**जुलाई**—पूर्वार्द्ध भाग में धन एवं विद्या में उन्नति होगी। विलासादि कार्यों पर धन का व्यय होगा। स्त्री एवं सन्तान की ओर से प्रसन्नता प्राप्त हो। ता. 16 के पश्चात् व्यवसाय में बहुत कठिनाई से निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। वृथा यात्राएं एवं धन का खर्च अधिक होगा।

**अगस्त**—सूर्य की सप्तम दृष्टि ता. 15 तक रहने से मानसिक तनाव एवं घरेलु उलझनें बढ़ेंगी। अत्यधिक संघर्ष के बाद धन लाभ अल्प रहेगा। ता. 16 से रुके हुए कार्यों में सुधार, परन्तु आय कम खर्च अधिक होगा। ता. 26 से मंगल की भी दृष्टि रहने से क्रोध से बचें।

**सितम्बर**—मंगल की दृष्टि रहने से मान-प्रतिष्ठा एवं आय के साधनों में वृद्धि होगी। विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी। परन्तु ता. 16 से वृथा भागदौड़ एवं धन का खर्च अधिक होगा। भाग्यवश कुछ बनते कामों में विघ्नों का सामना रहेगा।

**अक्तूबर**—मासारम्भ में कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पदोन्नति व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मासान्त में दौड़-धूप तथा फिजूलखर्ची बढ़ेगी। मंगल-शनि के मध्य षडाष्टक योग होने से मानसिक तनाव एवं परिवार में विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा।

**नवम्बर**—ता. 14 तक राशिस्वामी शनि वक्री होने से शरीर कष्ट, मानसिक तनाव एवं स्वास्थ्य हानि के योग हैं। किसी नवीन योजना पर विचार-विमर्श होगा। धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति भी बनेगी। परन्तु परिवार में तनाव एवं वैचारिक मतभेद होंगे। चोटादि का भय रहे।

**दिसम्बर**—संघर्षपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद व्यवसाय में धन लाभ एवं पदोन्नति के योग हैं। धन लाभ एवं उन्नति के पर्याप्त अवसरों के बावजूद समुचित लाभ नहीं उठा पाएंगे। परन्तु कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार एवं समाज में मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

## कुम्भ राशि (Aquarius)—(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)

**जनवरी**—राशिस्वामी शनि लग्नस्थ स्वराशिगत होने से धन लाभ एवं पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे, परन्तु साढ़ेसाती के प्रभाव से पारिवारिक मतभेद, क्रोध की अधिकता तथा तनाव की स्थिति रहे।

**फरवरी**—पूर्वार्द्ध में व्यवसाय के क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने पर लाभ व उन्नति सम्भव होगी। घर-परिवार में सुखद माहौल होते हुए भी गुप्त चिन्ता बनी रहेगी। ता. 13 से '**सूर्य-शनि**' योग होने से क्रोध अधिक, पारिवारिक सदस्यों के साथ मतान्तर पैदा होने के संकेत हैं।

**मार्च**—यद्यपि कार्यक्षेत्र में स्थिति असन्तोषजनक रहेगी, परन्तु अत्यधिक परिश्रम के पश्चात् निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी रहे। मासान्त में कुछ बिगड़े कामों में सुधार एवं परिवारिक सहयोग से कुछ कार्य बनेंगे। ***उपाय***—शनिवार को पीपल प्रदक्षिणा करना तथा **दशरथकृत शनि स्तोत्र** का पाठ शुभ रहेगा।

**अप्रैल**—ता. 22 तक इस राशि पर '**मंगल-शनि**' योग रहने से क्रोध अधिक, मानसिक तनाव तथा निकटस्थ बन्धुओं के साथ मतान्तर पैदा होने के संकेत हैं। आय कम और खर्च अधिक रहेगा। उत्तरार्द्ध में विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी। ***उपाय***—'***श्रीनीलकण्ठ स्तोत्र***' का पाठ करना शुभ होगा। (देखें पुस्तक '***शिव-मन्त्रावली***')

आमोद-प्रमोद आदि साधनों में विस्तार एवं वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में भी रुझान रहेगा। स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा। (देखें पुस्तक 'शिव-मंत्रावली')

**मई**—चतुर्थ भाव में बृहस्पति आने तथा ता. 6 से अस्तगत रहने से मानसिक एवं घरेलु उलझनें बढ़ेंगी। स्वास्थ्य नर्म एवं अफसरों से तनाव की स्थिति रहे। संयमपूर्वक व्यवहार करना शुभ होगा। उत्तरार्द्ध में कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। कुछ सोची योजनाओं में कामयाबी, मान-सम्मान में वृद्धि एवं यात्रा/विलासादि पर खर्च होंगे।

**जून**—व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना रहे। उच्च-प्रतिष्ठित लोगों से मेल-जोल होगा। परन्तु सन्तान सम्बन्धी चिन्ता रहे। ता. 16 के बाद परिवार में शुभ एवं धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। परन्तु भूमि-जायदाद के मतभेद दूर होने में विलम्ब होगा।

**जुलाई**—व्यवसायिक क्षेत्रों में प्रतिकूल वातावरण का सामना रहेगा। परन्तु मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि एवं विदेशी कार्यों में प्रगति होगी। मित्रों की सहायता से किसी कठिन कार्य की सिद्धि होगी। ता. 16 के बाद स्वास्थ्य हानि तथा तनाव की स्थिति रहे।

**अगस्त**—मासारम्भ में उलझनों के बावजूद धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। ता. 16 से सूर्य की लग्नस्थ शनि पर दृष्टि रहने से क्रोध एवं उत्तेजना अधिक रहे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतान्तर पैदा होने के संकेत हैं।

**सितम्बर**—ता. 16 तक सूर्य की दृष्टि रहने से क्रोध अधिक, मानसिक तनाव तथा निकटस्थ बन्धुओं के साथ मतान्तर पैदा होने के संकेत हैं। शनि वक्री अवस्था में रहने से जल्दबाज़ी में लिए गए निर्णय हानिकारक हो सकते हैं। किसी विशेष व्यक्ति से धोखे की संभावना बनी रहेगी।

**अक्तूबर**—इस मास आर्थिक हालात पहले से बेहतर होंगे। कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। विदेश से सम्बन्धित कार्यों में कुछ सफलता प्राप्त होने की सम्भावनाएं हैं। मासान्त में शुभ समाचार और अप्रत्याशित लाभ भी होंगे।

**नवम्बर**—ता. 15 तक उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क, धर्म-कर्म में रुझान एवं धन का खर्च अधिक होगा। ता. 16 से सूर्य-शनि के मध्य दृष्टि-सम्बन्ध रहने से इस समयावधि में विशेष उथल-पुथल एवं उतार-चढ़ाव का सामना रहेगा।

**दिसम्बर**—व्यवसाय में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय से व्यय अधिक होगा। स्वास्थ्य में विकार उत्पन्न हो, मंगल-शनि के मध्य षडाष्टक सम्बन्ध होने से क्रोध अधिक, चोटादि का भय तथा घरेलु उलझनों के कारण तथा आर्थिक परेशानियों से मन चिन्तित रहेगा।

## मीन राशि (Pisces)—(दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि)

**जनवरी**—शनि-साढ़ेसाती तथा लग्नस्थ राहु के प्रभाव से बनते कार्यों में विघ्न-बाधाएँ, शरीर कष्ट, मानसिक तनाव रहेगा। गुरु द्वितीयस्थ शनि द्वारा दृष्ट होने से कार्यव्यवसाय में भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में कमी तथा आकस्मिक खर्च भी बढ़ेंगे।

**फरवरी**—व्यवसाय में परिश्रम एवं संघर्ष के बावजूद धन लाभ की स्थिति बनेगी। धर्म-कर्म में रूझान एवं शुभ कार्यों पर खर्च होगा। परन्तु वृथा-भागदौड़, मानसिक तनाव, गुप्त चिन्ता, किसी निकट भाई-बन्धु से वृथा तनाव एवं मतभेद भी रहेंगे।

**मार्च**—शनि-साढ़ेसाती होने से आय कम और व्यय अधिक होगा। व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूलखर्ची बढ़ेगी। धन-हानि एवं स्वास्थ्य नर्म होगा। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होते रहेंगे। ता. 14 से सूर्य-राहु का योग बन जाने से अकारण क्रोध, उत्तेजना, शत्रु-भय रहेगा, परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

**अप्रैल**—मासारम्भ में यद्यपि उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क एवं लाभ के अवसर मिलेंगे। ता. 13 से द्वितीयस्थ सूर्य पर शनि की तृतीयस्थ दृष्टि होने से पारिवारिक सदस्यों में मतभेद एवं तकरार के हालात बनेंगे। वृथा भागदौड़ एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी आशानुकूल लाभ में कमी रहेगी।

**मई**—मासारम्भ में परिवार में विभिन्न समस्याओं का सामना रहेगा। वृथा भागदौड़ एवं धन लाभ में कमी रहेगी। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार, परिवार में शुभ मंगल कार्य भी सम्पन्न होंगे। नए लोगों के साथ सम्पर्क और विदेश सम्बन्धी कार्यों के रुझान बढ़ेगा।

**जून**—मासारम्भ में धन का खर्च अधिक, उलझनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय एवं विदेशी कार्यों में कुछ प्रगति होगी। परन्तु शनि-साढ़ेसाती के कारण मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। ज़मीन-जायदाद सम्बन्धी कुछ समस्या उत्पन्न हो सकती है।

**जुलाई**—शनि-साढ़ेसाती होने से व्यवसाय में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय कम और व्यय अधिक रहेगी। परिश्रम करने पर भी धन प्राप्ति आशानुरूप नहीं होगी। परिवार में तनाव व वैचारिक मतभेद होंगे। उत्तरार्द्ध भाग में भूमि सम्बन्धी क्रय-विक्रय की योजना बनेगी। परन्तु इस कार्य में कुछ समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

**अगस्त**—राशिस्वामी गुरु तृतीय भावस्थ होने से शुभ कार्यों पर व्यय होगा। कुछ बिगड़े काम बनेंगे। नवीन मित्रों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। वाहनादि सुख-सुविधाओं पर खर्च अधिक होंगे। उत्तरार्द्ध भाग में मानसिक तनाव व गुप्त चिन्ता रहेगी। शिव चालीसा का पाठ करना शुभ होगा।

**सितम्बर**—शनि-साढ़ेसाती के प्रभाव से व्यवसाय में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय कम और व्यय अधिक होगा। उत्तरार्द्ध भाग में किसी निकट सम्बन्धी से तकरार होगी। परिवार में कुछ मनमुटाव, वैचारिक मतभेद और अपनी ही गलती से परेशानी उत्पन्न हो।

**अक्तूबर**—पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। मित्रों की सहायता से किसी कठिन कार्य में सिद्धि होगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। परन्तु मासान्त में परिवार में धर्म-कर्म के कार्यों पर खर्च अधिक होगा। खुशी के अवसर भी मिलेंगे।

**नवम्बर**—साढ़ेसाती के प्रभाव से बनते कार्यों में विघ्न, आशाओं के अनुरूप सफलता प्राप्त नहीं होगी। मन उदासीन रहेगा। उत्तरार्द्ध भाग में कुछ विवादास्पद मामले मानसिक तनाव का कारण बनेंगे। किसी निकट सम्बन्धी से तकरार होगा। धन का खर्च अधिक, **श्रीसूक्तम्** का पाठ करना शुभ होगा।

**दिसम्बर**—गुरु वक्री रहने से भी खर्च अधिक रहे। उलझनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय एवं विदेशी कार्यों में कुछ प्रगति होगी। परन्तु ता. 16 से परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार होगा। उत्साह से किए कार्यों में सफलता के आसार बढ़ेंगे।

"सम्पूर्ण वृहद् राशिफल"

**अपनी जन्म एवं नाम राशि के अनुसार वर्ष-2024 ई. के लिए अधिक सटीक, विस्तार तथा दैनिक राशिफल, ग्रहगोचर अनुसार वर्षफल एवं उपायों के लिए हमारा वृहद् पं. देवीदयालु 'राशिफल' अवश्य पढ़ें। ( लेखक : पं. विवेक शर्मा ) मूल्य-80 रु.**

# वि. संवत् २०८१ में संवत्सर एवं राजा-मन्त्री-आदि का फल

ॐ स्वस्ति नः श्रीगणेशाय नमः। अचिन्तयाव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः। आदौ गणपतिं नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम्-चन्द्रमिश्रं तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवीदयालु ज्यो. स्व वृद्धप्रपितामहम् स्मरन् भक्त्या लोकहितार्थाय सुखसम्पत्ति हेतवे सम्वत्तारम्भे **'कालयुक्त'** नामक विक्रमी सम्वत्सरे (ततो अग्रे-संवतान्तकाले **'सिद्धार्थी'** सम्वत्सरे) शुभे नव-चत्वारिंशत्योत्तर शतम् वर्षाणि (१४९) वर्षप्रवेशे **पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी** अहं प्रप्रपौत्र एवं अधिपतिः पं. देवी दयालु ज्योतिषी एण्ड सन्ज़, पुत्र दैवज्ञरत्न **पं. श्रीपन्ना लाल ज्योतिषी**, कनिष्ठ भ्रातृ **पं. पंकज शर्मा** सहितोऽहं कुर्वे **'पंचाँग दिवाकरम्'**।।

**सृष्टि सम्वत्** १,९५,५८,८५,१२५ के अन्तर्गत, **श्रीविक्रमी संवत् २०८१**, शक संवत् १९४६-४७, कलि (कल्कि) संवत् ५१२५, श्रीकृष्ण सम्वत् ५२६०, सप्तर्षि संवत् ५१००, श्रीबुद्ध संवत् २६४७-४८, श्रीमहावीर निर्वाण (जैन) संवत् २५४९-५०, हिजरी सन् १४४५-४६, इंग्लिश सन् २०२४-२५ ईस्वी, फसली सन् १४३१-३२, खालसा संवत् ३२५-२६, नानकशाही सम्वत् ५५५-५६, सृष्टि संवत् के अन्तर्गत सतयुग प्रमाण १७२८०००, त्रेतायुग १२९६०००, द्वापरयुग प्रमाण ८६४००० एवं कलियुग का प्रमाण ४३,२००० वर्षों का होता है।

## 'कालयुक्त' नामक नव-सम्वत्सर का फल-(वि. सं. २०८१)

नव विक्रमी संवत् २०८१ के आरम्भ (9 अप्रैल, 2024 ई.) में बार्हस्पत्यमान (गुरुमान) से शिव (रुद्र) विशति के अन्तर्गत **'एकादश युग'** का द्वितीय **'कालयुक्त'** नामक (सम्वत्सरों में 52वाँ) सम्वत्सर का प्रारम्भ हो चुका होगा। (कालयुक्त-संवत्सर का आरम्भ लगभग 19 मार्च, 2024 ई. से हो चुका होगा) [संवत् २०८१ मध्ये मेषऽर्के समय संवत्सर के भुक्त मासादि ०/२५/१७′/१८″, भोग्य मास, दिनादि ११/०४/४२/४२″ हैं।] अर्थात् कालयुक्त सम्वत्सर का काल लगभग 14 मार्च, 2025 ई. तक रहेगा।

**नववर्ष प्रवेश लग्न**



**ध्यान रहे,** नव विक्रमी संवत् का प्रवेश 8 अप्रैल, 2024 ई. सोमवार को रात्रि 11 बजकर 51 मिंट पर (23:51), रेवती नक्षत्र तथा वैधृति योग कालीन वृश्चिक लग्न में होगा। शास्त्र एवं प्रचलित परम्परानुसार नवसंवत् का प्रारम्भ तथा राजा का निर्णय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के वार-अनुसार ही किया जाता है। **'मंगलवार'** से नवसंवत् का प्रारम्भ होने के कारण आगामी वर्ष (संवत्) का राजा भी **'मंगल'** होगा। सम्वत्सर का निर्णय भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (संवत् के आरम्भ) में विद्यमान् सम्वत्सर को ही लिया जाता है। तद्नुसार **'कालयुक्त'** नामक नव वि. संवत् २०८१ तथा चैत्र (वासन्त) नवरात्रों का प्रारम्भ 9 अप्रैल, मंगलवार (२७ चैत्र प्रविष्टे), रेवती नक्षत्र कालीन होगा।

चैत्र (वासन्त) नवरात्र अर्थात् 9 अप्रैल, मंगलवार से जप, पाठ, पूजन, दान, व्रतानुष्ठान, यज्ञादि, धार्मिक अनुष्ठान कर्मों के आदि में, संकल्पादि प्रयोग कार्यों में **14 मार्च, 2025 ई.** तक **'कालयुक्त'** नामक नव सम्वत्सर का प्रयोग होगा। ता. 14 मार्च, 2025 ई. के बाद **सभी प्रकार के संकल्प कार्यों में संवतारम्भे 'कालयुक्त' परं वर्तमाने 'सिद्धार्थ' नाम सम्वत्सरे** का प्रयोग करना चाहिए।

**'कालयुक्त'** नामक सम्वत्सर का फल शास्त्रों में इस प्रकार वर्णित है-

**'रोगवृद्धिः प्रजायेत कालयुक्ते विशेषतः।**
**राजयुद्धं भवेद् घोरं वृष्टिर्घोरा वरानने।।'**

अर्थात् **'कालयुक्त'** नामक संवत्सर में विभिन्न प्रकार के पेचीदा रोगों में विशेष वृद्धि के कारण प्रजा में कष्ट तथा हाहाकार रहे। विभिन्न देशों के राजाओं (शासकों) में क्षुब्धता, टकराव तथा बिखराव के कारण युद्ध जैसी स्थिति निरन्तर बनी रहेगी। कुछ विशेष स्थानों पर भयंकर वर्षा होने से खड़ी फसलों को हानि तथा बाढ़ादि की स्थिति बने।

**'भविष्यफल भास्कर'** अनुसार भी **'कालयुक्त'** सम्वत्सर होने से वर्ष में प्रजा में रोग-शोक में वृद्धि होगी, परन्तु वर्षा पर्याप्त होने तथा धान्यादि के उत्पादन में वृद्धि होने से साधारण जनता सुखी एवं आनन्द से रहेगी। राजाओं में परस्पर युद्ध से प्रजा का विनाश भी होगा। कहीं धन-धान्य की वृद्धि तथा वृक्षों पर पुष्प-फल लगेंगे।

**'वत्सरे कालयुक्ताख्ये-सुखिनः सर्वजंतवः।**
**सन्त्पथापिच-सस्यानि-प्रचुराणित तथा गदाः।।'**

**नोट**-नवसंवत् (वर्ष कुण्डली) के ग्रहगोचर अनुसार राजनैतिक एवं सामाजिक प्रभाव हेतु **'ग्रहों की आकाशी कौंसल का प्रभाव'** वाले पृष्ठों का अवलोकन करें।

❖ ***रोहिणी का वास***-वि. संवत् २०८१ में मेष संक्रान्ति का प्रवेश **'मृगशिर'** नक्षत्रकालीन हुआ है। अतएव **'वर्षप्रबोध'** ग्रन्थानुसार रोहिणी का वास **'सन्धि'** पर होगा। यथा-

**संधिसंस्थ यदा ब्राह्म भंजायते। खण्डवृष्टिस्तदा सर्वधान्याप्तयः।।**

अर्थात् **'रोहिणी का वास' 'सन्धि'** पर होने से इस वर्ष देश में खण्ड वृष्टि अर्थात् असमान वर्षा होगी। कुछ क्षेत्रों/प्रदेशों में अत्यधिक वर्षा के कारण बाढ़ का प्रकोप हो। भूस्खलन, अग्निकाण्ड, विस्फोट आदि के कारण लोगों की क्षति हो, जन-धन-कृषि आदि की हानि तथा कुछ प्रदेशों में बहुत कम वर्षा होने के कारण कहीं सूखा, कहीं अनाज एवं कहीं पेयजल की कमी के कारण जन-धन की हानि, अनाज की कमी हो। सब्ज़ियों, दालों के मूल्यों में विशेष वृद्धि हो।

परन्तु **'मेघमहोदय'** नामक ग्रन्थानुसार **'मृगशिर'** नक्षत्रकालीन वैशाख संक्रान्ति प्रवेश होने से रोहिणी-वास **'तट'** पर होगा। **'तट'** पर रोहिणी का वास होने से वर्ष में उपयोगी एवं उत्तम (अच्छी) वर्षा होने के योग बनेंगे। फलस्वरूप धान्य, चावल, चने, गन्ने, वृक्ष, घास व अन्य जड़ी-बूटियों, पौधों की पैदावार भी अच्छी होगी। प्रजा में अन्न, धन एवं अन्य सुख-साधनों व प्रसाधनों की वृद्धि होगी। **'तटे वृष्टिः सुशोभना'** अनुसार भी सन्तोषजनक एवं पर्याप्त वर्षा होगी।

**ध्यान दें**–उपरोक्त दो विभिन्न मतों के अनुसार रोहिणी-वास का स्थान (समुद्र, तट आदि) बहुधा भिन्न-भिन्न प्राप्त होने से, वर्षा की वार्षिक भविष्यवाणी सामान्यतः परस्पर विरोधी होती है। रोहिणीवास का निर्णय किसी पंचांग में **'वर्षप्रबोध'** और किसी में **'मेघमहोदय'** के अनुसार किया जाता है। परिणामस्वरूप इन विभिन्न पंचांगों में रोहिणीवास के आधार पर की जाने वाली भविष्यवाणियों (अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि आदि) में प्रायः भारी मतभेद रहता है। पंचांगकारों के लिए यह गम्भीरता से विचारणीय विषय है। भविष्यवाणी में इस प्रकार का विरोधाभास ज्योतिष शास्त्र को उपहासपद बनाता है।

✤ **संवत् (समय) का वास**–रोहिणी का वास **'सन्धि'** पर होने की स्थिति में सम्वत्सर पर वास **'वैश्य'** के घर रहेगा, जिसके प्रभावस्वरूप धन का प्रसार अधिक रहे। सर्वत्र उपयोगी एवं अनुकूल वर्षा की कमी रहे अर्थात् खण्ड-वर्षा एवं विपरीत जलवायु रहने से सभी प्रकार के अनाजों, धान्यादि के मूल्यों में और अधिक तेजी होगी। राजनीतिक और व्यापारादि सभी क्षेत्रों में लोभ व स्वार्थपरता बढ़ेगी। खाद्यान्न व्यवसाय में संलग्न व्यापारी वर्ग विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। सामान्य लोगों में भी लोभ-लालच का प्रभाव रहेगा।

(ii) रोहिणी का वास **'तट'** पर होने की स्थिति में संवत् का वास **'धोबी'** (रजक) के घर रहेगा। फलस्वरूप वर्षा विपुल एवं उत्तम मात्रा में होगी–**रजके वृष्टिरूत्तमा'**।। धान्य, चावल, गेहूँ, चने, गन्ना, ईख, मक्की, हरी सब्ज़ियों, वृक्षों व फलों का उत्पादन अच्छा होगा। लोगों में सुख एवं ऐश्वर्य के साधन बढ़ेंगे। कुएँ, तालाब, नदी-नाले, बावड़ियां, दरिया आदि जलापूरित रहेंगे।

✤ **संवत् (समय) का वाहन**–वि. संवत् २०८१ का राजा **'मंगल'** (भौम) होने से सम्वत् का वाहन **'वृषभ' (बैल)** होगा। फलस्वरूप वर्षा पर्याप्त एवं अच्छी होगी, विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों में वर्षा की बहुलता रहेगी। नदियों में पानी का वेग (बहाव) अधिक होगा, कहीं बाढ़ादि के कारण क्षति हो। वृक्षों पर फल-फूल की पैदावार अच्छी हो तथा पशुओं का चारा-घास, तृणादि भी बहुलता में हो। राजनेताओं में परस्पर आरोप-प्रत्यारोप लगने से कुछ राज्यों में अस्थिरता का वातावरण बने।

मतान्तर से कुछ विद्वान (संहिताकार) राजा मंगल होने से संवत् का वाहन 'नाव' **(नौका)** को मानते हैं। संवत् का वाहन नौका होने से सर्वत्र सभी प्रकार की फसलों के उत्पादन में कमी तथा अकालजन्य परिस्थितियां बनें। लोगों का इधर-उधर अर्थात् एक राज्य से दूसरे राज्यों में पलायन, देश में आतंकी प्रयोजित साम्प्रदायिक घटनाओं का भय तथा सभी चौपायों को कष्ट हो।

## ● वि. संवत् २०८१ के दश-पदाधिकारियों का फल ●

### (1) वर्ष (वि. संवत् २०८१) के राजा 'मंगल' का फल–

**'अग्नि-तस्कर-रोगाढयो नृपविग्रहः दायकः।**
**गतसस्यो बहुव्यालो भौमाब्दो बालहा भृशम्।।**

अर्थात् संवत्सर का राजा **'मंगल'** होने से इस वर्ष वायु-वेग (आँधी-तूफान) तीव्र रहेगा, वायुयान दुर्घटनाएँ, अग्निकाण्ड, भूकम्प आदि प्राकृतिक उत्पातों में विशेष वृद्धि होगी। आतंकी-साम्प्रदायिक घटनाओं, तस्करी, ठगी, लूटपाट तथा विभिन्न पेचीदा रोगों में वृद्धि से साधारण जनता परेशान व पीड़ित रहेगी। तीव्र वायुवेग एवं बादल होने पर भी वर्षा की कमी अनुभव होगी तथा तूफान, चक्रवात, आँधी, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से कृषि-उत्पादन में कमी तथा पशुधन की भी हानि होगी। आरोप-प्रत्यारोप एवं सामाजिक वातावरण के कारण कुछ क्षेत्रों में शासकवर्ग की कर्त्तव्यपालन के प्रति उदासीनता रहे। प्रजा में पित्त, रक्त एवं विषाणु जनित रोगों की बहुलता रहेगी। बालक-बालिकाओं के प्रति क्रूरता तथा अपहरण सम्बन्धी घटनाएँ, अपमृत्यु तथा प्रियजन-विछोह से लोग दुःखी रहें। सर्पादि जीव खबरों में बने रहेंगे।

अन्य संहिताकार के मतानुसार–

**'भौमे नृपे वह्निभयं जनक्षयं चौराकुलं पार्थिव-विग्रहश्च।**
**दुःखं प्रजा-व्याधि-वियोगपीड़ा स्वल्पं पयो मुञ्चति वारिवाहः।।'**

अर्थात् वर्ष का राजा **'मंगल'** होने से देश में चोरी, ठगी, बेईमानी, भ्रष्टाचार, हिंसा-उपद्रव की घटनाएं तथा प्राकृतिक उत्पात-विशेष रूप से भूकम्प व अग्निकाण्ड/विस्फोट से विशेष जन-धन हानि की घटनाएं घटित होंगी। राजनेताओं में परस्पर विरोध एवं टकराव रहे। प्रजा अनेक विविध रोगों-व्याधियों, वायरल, अपहरण तथा प्रियजन-विछोह से दुःखी एवं पीड़ित रहें। देश में आगज़नी, साम्प्रदायिक हिंसा, उग्रवाद जन्य घटनाओं से जन-धन हानि होगी। कहीं अनावृष्टि या अतिवृष्टि से दुर्भिक्ष (सूखा) एवं कहीं बाढ़ की स्थिति बने। लोगों में धर्म-कर्म की ओर रूचि कम रहे।

### (2) सम्वत् के मन्त्री 'शनि' का फल–

**'रविसुते यदि मन्त्रिणि पार्थिवा विनय संरहिता बहुदुःखदाः।**
**न जलदा जलदा जनतापदा जनपदेषु सुखं न धनं क्वचित्।।'**

अर्थात् वर्ष का मन्त्री **'शनि'** होने से प्रशासक वर्ग एवं राजनेताओं का व्यवहार सामान्य लोगों (प्रजा) के प्रति अत्यन्त कठोर, नीति-विरुद्ध तथा निर्दयतापूर्ण रहेगा, जिससे लोगों को कष्ट व असन्तोष रहे। देश के कुछ भागों में वर्षा की कमी रहने से खाद्यान्नों में कमी एवं प्राकृतिक प्रकोप होने का भय व्याप्त रहे। सामान्य लोगों के पास धन-सम्पदा एवं पर्याप्त सुख-संसाधनों की कमी हो एवं उनमें गहन असन्तोष की भावनाएँ व्याप्त हों। लोहा, स्टील, ताँबा, जिस्त, सिक्का, तैल आदि खाद्यान्न पदार्थ, पैट्रोल, डीज़लादि तेज भाव होंगे।

**विशेष**—राजा एवं मन्त्री—दोनों मुख्य पदाधिकार—दो परस्पर विरोधी ग्रहों **'मंगल-शनि'** के पास होने से राजनीतिक एवं सामाजिक पटल पर परस्पर वैर-विरोध एवं विरोधाभासी घटनाएँ अधिक होंगी। जातीय एवं साम्प्रदायिक हिंसा की घटनाओं से वातावरण विषाक्त रहेगा। विश्व में भी अनेक देशों के मध्य युद्ध एवं जनहानि के समाचार मिलेंगे।

### *(3) सस्येश 'मंगल का फल—*

**'अथ च सस्यपतौ धरणीसुते गजतुरंगखरोष्ट्रगवामपि।**
**भवति रोगहतिश्च घना जलं ददति नैव तुषान्नविनाशनम्।।'**

सस्येश (चौमासा फसलों का स्वामी) **'मंगल'** होने से हाथी, घोड़े, गधे आदि चौपायों तथा गाय, बैल, भैंस, ऊँट आदि दुधारू पशुओं में भी विचित्र प्रकार के रोग फैलने की आशंका रहेगी। कहीं उपयुक्त वर्षा की कमी के कारण खड़ी फसलों (जैसे-धान्य, जौं, चना, सोयाबीन आदि), अनाज, सब्ज़ियों आदि की फसलों को हानि पहुंचेगी एवं च इनके भावों में विशेष तेजी बनेगी।

### *(4) धान्येश 'सूर्य' का फल—*

**'पश्चाद् धान्याधिपे सूर्ये पश्चाद धान्यं तदानहि।**
**विग्रहं भूभृतां धान्यं महर्घं ज्वरपीडनम्।।'**

धान्यपति **'सूर्य'** हो, तो पीछे वाले धान्य अर्थात् शीतकाल में पैदा होने वाली फसलों (जैसे-मूंग, मोठ, बाजरा, ईख, धान्य, तिलहन, दलहनादि) की पैदावार में कमी हो, अथवा प्राकृतिक प्रकोपों के कारण फसलों व कृषि-उत्पादन को हानि पहुँचे। फलतः दलहन, तिलहन व धान्यादि अनाजों के मूल्यों में वृद्धि होगी। प्रशासकों (राजनेताओं) में परस्पर वैर-विरोध, टकराव एवं विवाद उत्पन्न होंगे। देश में कटु राजनैतिक वातावरण एक युद्ध जैसा वातावरण बना देगा। सर्वप्रकार के अनाज तेज भाव हों, लोगों में विचित्र प्रकार के ज्वर एवं रोगों आदि के कारण कष्ट रहे।

### *(5) मेघेश 'शुक्र का फल—*

**'भृगुसुतो जलदस्यपतिः यदा जलमुचो जलदादि—विशोभजनाः।**
**धन—निधानयुता द्विजपालकाः नृपतयो जनता सुखदायकाः।।'**

अर्थात् मेघेश (वर्षा का स्वामी) **'शुक्र'** होने से आगामी वर्ष वर्षा बहुत अच्छी होगी। उच्चप्रतिष्ठित राजनेता एवं शासकवर्ग ब्राह्मणों एवं विद्वानों का हित व सम्मान करने में प्रयत्नशील रहेंगे। अधिकांश राजनेता एवं प्रशासक धन-धान्य से समृद्ध होंगे। कुछ विशिष्ट नेता व प्रशासक-वर्ग प्रजा की भलाई व कल्याण हेतु प्रयासरत रहेंगे तथा नई-नई कल्याणकारी नीतियों की घोषणा होंगी।

### *(6) रसेश 'गुरु' का फल—*

**'यदि गुरौ रसपे सुखिनो जनाः समधिकेन फलादियुता द्रुमाः।**
**जनपदा जननायक—सैनिका हव—हयायुध वाह—विगाहिताः।।'**

अर्थात् यदि गुरु रसाधिपति हो, तो उस वर्ष विशिष्ट साधन-सम्पन्न लोगों में भौतिक सुखों में विशेष वृद्धि होगी। घास, तृण, फल-फूलदार आदि वृक्षों की पैदावार अच्छी होगी। जनसाधारण विद्वान् पण्डितों-ब्राह्मणों की सेवा-सत्कार में तत्पर हों। परन्तु (साम्प्रदायिक दंगों के कारण) किसी जनपद अथवा सीमावर्ती प्रान्त में शासक-प्रशासक, पुलिस-सैन्याधिकारी अपने वाहनों एवं शस्त्रबलों की परेड व परीक्षण करें।

### *(7) नीरसेश (धातुओं का स्वामी) 'मंगल' का फल—*

**'नीरसेशो—यदा—भौमः प्रवाल—रक्त—वाससाम्।**
**रक्त—चन्दन—ताम्राणां—अर्घ—वृद्धिर्दिने—दिने।।'**

नीरसेश अर्थात् धातुओं का स्वामी मंगल होने से माणिक्य, मूँगा, पुखराज, हीरे आदि रत्न, लाल-वस्त्र, गर्म-वस्त्र, लाल-चन्दन, सोना, पीतल, ताँबा, लाख, खल-बिनौले आदि तथा अन्य लाल वर्ण के पदार्थ व धातुएँ दिन-प्रतिदिन महँगे होंगे।

### *(8) फलेश (फलों का स्वामी) 'शुक्र का फल—*

**'यदि फलस्यपतौ भृगुजे धरा—मृदुकुमार—मही—रुहराशयः।**
**बहुफला—नरनाथ—सुभोगदा—द्विजवराः श्रुतिपाठ—परायणाः।।'**

अर्थात् फलों का स्वामी **'शुक्र'** हो, तो उस साल वर्षा अच्छी होगी। पृथ्वी पर कोमल घास, तृण, फल-फूल एवं लघु पौधों के समूहों की पैदावार अधिक होगी अर्थात् इनका श्रेष्ठ प्ररोहण होगा। राजनेता एवं प्रशासक लोग विभिन्न प्रकार की धन-सम्पदा एवं ऐश्वर्यों से सम्पन्न होंगे। द्विजवर्ग अर्थात् कर्मकाण्डी पण्डित पाठ, यज्ञादि अनुष्ठान आदि कृत्य करते हुए लाभान्वित होंगे।

### *(9) धनेश (धन का स्वामी) 'चन्द्र' का फल—*

**'धनपतिः मृगलांछनको यदा रसचय—क्रय—विक्रयतो धनम्।**
**वसनशालि सुगन्धरसं बहु द्रविण—तैलयुतं नृपसौख्यदम्।।'**

जिस वर्ष धनपति (कोशपति) चन्द्रमा हो, तो उस वर्ष रसादि पदार्थों (दूध, घी, शर्बत, गुड़, जूस, तैल, सेब, मौसम्मी आदि रसकस) के क्रय-विक्रय (खरीद/बेच) द्वारा धन का लाभ अच्छा होगा। इसके अतिरिक्त वस्त्र, अनाज, तैल, सुगन्धित तैल, दूध, घी, गुड़,

चावल, इत्र, खुशबू, मिठाई आदि तथा करियाना वस्तुओं के व्यापार से भी अच्छे लाभ की सम्भावना बढ़ती है। अवसरवादी नेता विशेष प्रकार के सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे और प्रजा कानूनों का सहर्ष पालन करते हुए अपने योग्य करों/टैक्सों का उचित भुगतान करेंगे।

### *( 10 ) दुर्गेश ( सेना का स्वामी ) 'शुक्र' का फल–*

**'नगर–देश विशेष पतिर्यदा भृगुसुतो बहुसौख्यकरो मतः।**
**विनयवाणिज–गोहसमः सुखोनगवने निकटेऽपि च दूरतः।।'**

दुर्गेश अर्थात् सेनापति **'शुक्र'** हो, तो देश के विशिष्ट राजनेता तथा विशिष्ट वर्ग के लोग ही सुख-साधनों से सम्पन्न एवं समृद्ध होंगे। दृढ़ शासन तथा सर्वत्र शान्ति बनी रहेगी। विनय एवं वाणी के व्यवहार से गृह जैसा सुख एवं शान्ति प्राप्ति होगी। दूरस्थ जनों एवं पर्वतीय स्थलों पर भी सर्व प्रकार की सुख-सुविधाएँ उपलब्ध होंगी अर्थात् दूरस्थ पर्वतीय स्थलों में भी आवागमन के साधन सुलभ होंगे।

*नोट–वर्ष के उपरोक्त दशाधिकारियों का फल यद्यपि सर्वत्र होता है। परन्तु राजा का फल विशेष रूप से काश्मीर, बंगाल, चीन, तिब्बत एवं हिमाचल, उ.खण्ड के निकटवर्ती क्षेत्र, मन्त्री का फल आन्ध्र-प्रदेश, मालवा, उज्जैन आदि मध्य-प्रदेशों में विशेष रूप से होता है। वैसे सामान्यतः राजा एवं मन्त्री का फल देश के प्रायः सभी क्षेत्रों में होता है।*

**चतुर्मेघ फल विचार**–आवर्तकादि चतुर्मेघों में **'आवर्त'** नामक मेघ है।

**फल–'आवर्ते वृष्टिहानिः स्यात्'**–अर्थात् इस वर्ष देश के अनेक प्रान्तों में खण्ड एवं अनोपयोगी वर्षा होगी। कुछ क्षेत्रों में वर्षा की विशेष कमी रहे तथा कुछ में अकाल व दुर्भिक्ष की स्थिति रहे।

### नवमेघों में 'वरुण' नामक मेघ का फल–

**'अग्निहोत्रकरणादराद्विजाः स्युः सदाधिकमुदोखिलाः प्रजाः।**
**अर्णवेण–सहितं महीतलं वारुणे जलधरे भुवेदलम्।।'**

अर्थात् यदि **'वरुण'** नाम का मेघ हो, तो समाज में कर्मकाण्डी एवं अग्निहोत्रादि करने वाले ब्राह्मणों का आदर बढ़े। प्रजा में सुख-साधनों की वृद्धि होगी। अनाज, धान्यादि का उत्पादन अच्छा होगा। कहीं अनुकूल एवं अच्छी वर्षा हो, कहीं अधिक वर्षा से भयंकर बाढ़ की स्थिति बनेगी।

### द्वादश नागों में 'पृथुश्रव' नामक नाग का फल–

**'पृथुश्रवाभुजंगेन्द्रो जायते यत्रवत्सरे। तत्रकीलालमल्पं स्यात् सस्यहानिरसंशयम्।।'**

अर्थात् जिस वर्ष पृथुश्रव नामक नाग उदय हो, तो उस वर्ष उपयोगी वर्षा की कमी रहे। गेहूँ, चने, धान्य, ईख, चावल आदि की फसलों को क्षति (हानि) पहुँचेगी।

## सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेशफल–वि. संवत् २०८१
## (वर्षा, कृषि एवं वायुमण्डल विचार)

**सूर्य आर्द्रा प्रवेश कुंडली**
**21 जून, 2024 ई., $24^{\text{घं.}}$ $06^{\text{मिं.}}$**



वि. संवत् २०८१ में सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में ज्येष्ठ शुक्ल चतुर्दशी/पूर्णिमा को तद्नुसार 21 जून, 2024 ई., शुक्रवार की रात्रि 12 बजकर, 06 मिनट पर (24:06), मूल नक्षत्र, शुक्ल योग तथा धनु राशिस्थ चन्द्रमा कालीन कुम्भ लग्न में प्रवेश करेंगे। स्थिर राशि, परन्तु वायुतत्त्व कारक तथा पश्चिम दिशा की स्वामी **'कुम्भ'** लग्न (राशि) में सूर्य आर्द्रा प्रवेश हुआ है तथा लग्नेश शनि (स्थिर एवं वायुतत्त्वकारक) लग्न भाव में ही (कुम्भ) स्थित है। जलतत्त्वकारक तथा उत्तर-पश्चिम दिशा का स्वामी ग्रह चन्द्रमा अग्निकारक राशि धनु में स्थित है। फलस्वरूप ग्रहस्थिति अनुसार भारत के उत्तर एवं पश्चिमी राज्यों (जैसे-जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, हि.प्र. आदि) में वायु प्रकोप के साथ गर्म-हवाएँ तथा गर्मी बढ़ने के संकेत हैं। फलतः विपरीत जलवायु, विषम वर्षा तथा कुछ क्षेत्रों अत्यधिक वर्षा से बाढ़ जैसे हालात तथा कुछ क्षेत्रों में अल्प वर्षा से अकाल जैसी परिस्थितियां बनेगी। शनि लग्नस्थ होने से धीमे वायु-वेग के कारण उपयोगी वर्षा की कमी रहे। **सूर्य ( अग्निकारक ), बुध ( पृथ्वीतत्त्व ) तथा शुक्र ( जलकारक )**–तीन ग्रह वायुतत्त्व तथा पश्चिमी दिशा की स्वामी मिथुन राशि में हैं। उत्तर-पूर्व दिशा का स्वामी गुरु दक्षिण-दिशा की स्वामी-राशि **वृष** में है। फलतः उत्तर-पश्चिम भारत में खुश्क तथा गर्म व विपरीत जलवायु के बावजूद पूर्वी एवं दक्षिणी क्षेत्रों में व्यापक वर्षा होगी।

मेघेश **'शुक्र'** (जलकारक) की वायुतत्त्व राशि मिथुन में होने से कुछ स्थलों पर पर्याप्त वर्षा होने के बावजूद अनुकूल एवं उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। मेष राशिस्थ मंगल पर शनि की दृष्टि रहने से अग्निकाण्ड, भूस्खलन, तेज़ आँधियां (वायु-प्रकोप) अधिक रहे। परन्तु शनि एवं मंगल-दोनों स्वराशिगत होने से यद्यपि कृषि-उत्पादन में वृद्धि होगी। परन्तु गेहूँ, गन्ना, मक्की तथा भूमि के नीचे पैदा होने वाली फसलों की पर्याप्त आकांक्षित पैदावार नहीं हो सकेगी। फलस्वरूप मूल्यों में वृद्धि होगी।

परन्तु आर्द्रा प्रवेश तात्कालिक पूर्णिमा तिथि कालीन होने से प्रजा के सम्पूर्ण मनोरथ सिद्ध होंगे, भाव यह है कि अनुकूल सरकारी नीतियों से महँगाई पर नियन्त्रण रहेगा तथा सरकार प्रजा की माँगों के अनुसार कार्य व नीतियां बनाएगी।

**'पौर्णमास्यां–दिनेशश्चेद्–आर्द्रा–नक्षत्रगो–भवेत्।**
**प्रजानां–तर्हि–विविधाः सम्पूर्णाः स्युः–मनोरथाः।।'**

शुक्रवार वाले दिन आर्द्रा-प्रवेश होने से भी सरकारी नीतियों से लोग सन्तुष्ट रहें।

परन्तु **'मूल'** नक्षत्रकालीन आर्द्रा नक्षत्र प्रवेश होने से प्रजा में विशेषकर पुरुष-जाति में अनेक प्रकार के भय उत्पन्न हों, अर्थात् स्त्रियों के पक्ष में कई प्रकार के कानून बनेंगे तथा जनसाधारण में रोग वृद्धि भी हो।

**'चंद्राक्रांते–निर्ऋति–भेयदार्द्रा–रविसंयुता।**
**भयं–नानाविधं–पुसां–कुशत्वं–रोगवृद्धिदा।।'**

परन्तु **'शुक्ल'** नामक योग में सूर्य का आर्द्रा प्रवेश होने से अच्छी वर्षा होने से श्रेष्ठ कृषि उत्पादन होगा।

आर्द्रा प्रवेश मध्यरात्रि (आधी रात) में होने से लोगों की भोग-विलास आदि में प्रवृत्ति रहे तथा अधिकतर समय यात्राओं, पर्यटन आदि में व्यतीत होगा–**भोगप्रदत्तेखलुमध्यरात्रे:।**

## वि. संवत् २०८१ में शनि की दृष्टि का फल

वि. संवत् २०८१ में शनि देव **'कुम्भ'** राशि में संचरणशील रहेंगे। फलस्वरूप 9 अप्रैल, 2024 ई. से 29 मार्च, 2025 ई. तक शनि की दृष्टि उत्तर दिशा अर्थात् उत्तर-गोलार्द्ध की तरफ रहेगी। कुम्भ राशिस्थ संचारकालीन शनि की **मेष, सिंह** तथा **वृश्चिक** राशियों पर दृष्टि तथा **मकर, कुम्भ** व **मीन राशि वाले** राष्ट्रों पर शनि–साढ़ेसाती का प्रभाव रहेगा। फलतः भारत के उत्तरी–दिशा के राज्यों (जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, उत्तराखण्ड, उत्तरी उ.प्र.), विश्व के उत्तरी–गोलार्द्ध में उत्तरी–अमेरिका तथा उत्तर-यूरोपीय देशों (ब्रिटेन, आयरलैण्ड, फिनलैण्ड, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, बैल्ज़ियम, इटली, स्पेन आदि) तथा उत्तरी–अरब देशों (ईराक, तुर्की, ईरान, यमन) में राजनीतिक उथल–पुथल, राजनैतिक अस्थिरता, सत्ता-परिवर्तन, दुर्भिक्ष, राजनैतिक एवं सामाजिक आन्दोलन व साम्प्रदायिक घटनाओं के कारण भारी जन–धन हानि होगी। संवतान्त के अन्तिम 2–3 मासों में कुछ देशों के मध्य युद्ध के भी दृश्य उपस्थित होंगे। क्योंकि कुम्भ राशि पश्चिम दिशा की द्योतक है तथा मेष राशि पर शनि की नीच दृष्टि भी रहेगी ; इसलिए भारत के उत्तर-पश्चिमी राज्यों (गुजरात, महाराष्ट्र, जम्मू-काश्मीर, पंजाब), तथा पूर्वी राज्यों (मणिपुर, असम, प. बंगाल) एवं पश्चिमी देशों (यूरोप) में प्राकृतिक प्रकोप, भीषण वर्षा, बाढ़, समुद्री तूफान, चक्रवात तथा कहीं अकालजन्य परिस्थितियां बनें। इन उपरोक्त प्रभावित राशि वाले देशों/प्रान्तों/नगरों में साम्प्रदायिक झगड़े, हत्याकाण्ड, अकाल, भयंकार रोग से व्यापक जन–धन हानि के संकेत हैं। पैट्रोल, डीज़ल, सोना–चाँदी, धान्य व अनाजादि विशेष रूप से महँगे होंगे–

**'कुंभराशिगत: सौरिर्वर्षमात्रं तदर्धकम्।**
**कालिंद्याउपकंठे च तत्र धान्य महर्घता।।'**

## गुर्राफल विचार (सन् 2024-25 ई.)

इस्लामी नववर्ष कुण्डली (1)
हिजरी सन् 1445 (2023-24 ई.)



19 जुलाई, 2023 ई.
सूर्यास्त $19^{घं.}$–$28^{मिं.}$ (I.S.T.)

ईस्लामी मतानुसार एक (यकम्) मुहर्रम से ही नए हिजरी सन् की शुरुआत (आगाज़) होती है। गत वि. संवत् 2080 में 20 जुलाई, 2023 ई., गुरुवार को 1 मुहर्रम (यकम्) के दिन हिजरी सन् 1445 शुरु हो गया है। **'गुरुवार'** को हिजरी सन् का आगाज़ होने से मुस्लिम (ईस्लामी) वर्ष 1445 (सन् 2023–24 ई. में) का राजा (बादशाह) **'गुरु'** (बृहस्पति) ही होगा। अत: 20 जुलाई, 2023 ई. से 7 जुलाई, 2024 ई. तक मुस्लिम मतानुसार बादशाह **'गुरु'** होगा।

नववर्ष कुण्डली (हिजरी 1445–सन् 2023–24 ई.) में मकर लग्न उदित हुआ है तथा लग्नेश शनि द्वितीय भाव में (जोकि आर्थिक स्थिति, मुद्रास्फीति, महँगाई, व्यापार का भाव है) स्वराशिगत होकर अष्टम भाव (युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं का भाव) में स्थित मंगल–शुक्र के साथ समसप्तक योग बना रहा है। यह शत्रु दृष्टि सम्बन्ध ईस्लामी राष्ट्रों में भयंकर उथल–पुथल मचाएगा तथा मुस्लिम देशों को युद्धाग्नि की तरफ ले जाएगा। ईरान–अफगानिस्तान, ईरान–ईजरायल तथा अन्य परस्पर विरोधी मुस्लिम राष्ट्रों में ड्रोन तथा मिज़ाईल अटैक द्वारा युद्धमय वातावरण रहेगा। **चतुर्थ भाव** (जोकि कृषि, सर्वसाधारण की प्रसन्नता, कृषि–उत्पादन, भूकम्प आदि का भाव है) में **'गुरु–राहु'** अशुभ योग एवं शनि की इन पर क्रूर नीच दृष्टि रहने से मुस्लिम राष्ट्रों (पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, कतर, सूडान, टर्की) के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध विशेषकर अमेरिका तथा पश्चिमी देशों के साथ तनावपूर्ण रहेंगे। **अष्टम भाव** (युद्ध का भाव) में **'मंगल–शुक्र'** का **'शनि'** के साथ शत्रु दृष्टि सम्बन्ध होने से विरोधी मुस्लिम राष्ट्र किसी भी समय एक–दूसरे पर प्राणघातक हथियारों का प्रयोग करेंगे। अफगानिस्तान, पाक आदि मुस्लिम देशों में आतंकवादी घटनाओं के कारण बेकसूर आम (साधारण) लोगों को जान–माल का खतरा होगा। कहीं भूकम्पादि प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन–धन की क्षति होने के योग हैं।

ईस्लामी नववर्ष कुण्डली (2)
हिजरी सन् 1446 (2024-25 ई.)



7 जुलाई, 2024 ई.
सूर्यास्त $19^{घं.}$–$32^{मिं.}$ (I.S.T.)

ईस्लामी मतानुसार एक (यकम्) मुहर्रम से ही नए हिजरी सन् की शुरुआत (आगाज़) होती है। वि. संवत् 2081 में 8 जुलाई, 2024 ई., सोमवार को 1 मुहर्रम (यकम्) के दिन हिजरी सन् 1446 शुरु होगा। सोमवार को हिजरी सन् का आगाज़ होने से मुस्लिम (इस्लामी) वर्ष 1446 (सन् 2024–25 ई.) का राजा (बादशाह) **'चन्द्र'** होगा।

इस प्रकार 8 जुलाई, 2024 ई. से 26 जून, 2025 ई. तक मुस्लिम मतानुसार बादशाह साल **'चन्द्र'** होगा।

नववर्ष कुण्डली (हिजरी 1446-सन् 2024-25 ई.) में धनु लग्न उदित हुआ है तथा लग्नेश गुरु षष्ठ भाव (ऋण, शत्रु-सेना, प्रत्यक्ष एवं परोक्ष शत्रु, विदेशी सहायता का भाव) में शत्रु राशिस्थ है। पंचम भावस्थ (विकास योजनाओं का भाव) मंगल पर शनि की नीच शत्रु दृष्टि भी है। ग्रहस्थिति अनुसार पाकिस्तान, ईरान, ईराक, अफगानिस्तान, सीरिया आदि कट्टरपंथी देशों में अनेक स्थलों पर आतंकी एवं विस्फोटक घटनाओं को अंजाम दिया जाएगा। ये देश स्वयं आंतरिक विरोध, राजनीतिक हिंसा एवं शिया-सुन्नी विवाद की आग में झुलसने लगेंगे। इन देशों में हिंसक राजनीतिक विरोधी गतिविधियों में विशेष वृद्धि होगी। इन देशों में साम्प्रदायिक दंगे, जातीय-फिसाद एवं विस्फोटक घटनाएं अधिक बढ़ेंगी। **'मंगल-शनि'** के मध्य यह दृष्टि सम्बन्ध ईराक, सीरिया, टर्की, पाक, ईज़रायल-ईरान में भयानक युद्धभय वातावरण बनाएगा।

*[**गतवर्ष के 'पंचांगदिवाकर'** पृष्ठ 78 पर स्पष्ट पढ़ें-'पाकिस्तान में विरोधी पक्षों द्वारा ज़बरदस्त विस्फोटक घटनाओं को अंजाम दिया जाएगा, जिससे आम आदमी का जीवन संकटग्रस्त रहेगा'-जैसा कि 9 मई, 2023 ई. को पूरे पाकिस्तान में ईमरान खान की पार्टी द्वारा देशभर में उपद्रवी घटनाओं को अंजाम दिया गया, आदि (प्रभुकृपाक्षश यह भविष्यवाणी अक्षरशः सत्य प्रमाणित हुई)]*

## वर्षादि के विश्वामान-सं. २०८१ वि.

वर्षादि विश्वा का कुल मान 20 विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा 1 से 20 अंकों के मध्य जितने अधिक (20 अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होगी। **जैसे**-आगे वि. संवत् 2081 में धान्य के विश्वा 11 लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगामी वर्ष धान्य का उत्पादन औसत रुप अर्थात् मध्यम रूप से सामान्य रहेगा।

वर्षा 5, धान्य 11, तृण 5, शीत 13, तेज 17, वायु 13, वृद्धि 15, क्षय 15, विग्रह 11, क्षुधा 3, तृषा 9, निद्रा 15, आलस्य 15, उद्यम 13, शान्ति 15, क्रोध 13, दम्भ 5, लोभ 3, मैथुन 15, रस 9, फल 13, फलनिष्पत्ति 11, उत्साह 3, उग्रता 15, पाप 17, पुण्य 7, व्याधि 7, व्याधिनाश 5, आचार 5, अनाचार 11, मृत्यु 9, जन्म 1, देशोपद्रव 7, देशस्वास्थ्य 13, चौरभय 3, चोरनाश 13, अग्नि 11, अग्निशान्त 15, उद्भिज 3, जरायुज 3, अंडज 3, स्वेदज 3, टिड्डी 13, तोता 17, मूषक 15, सोना 19, ताम्र 7, स्वचक्र 9, परचक्र 15, वृष्टि 3, वृष्टिनाश 11 तथा संवत् विश्वा 8 हैं।

## जल आदि चार स्तम्भ-वि. संवत् २०८१

**(1) जल स्तम्भ**-चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का सम्पर्क 35.43% है। जोकि मध्यम स्तर से भी कम है। फलस्वरूप आगामी वर्ष खण्ड वर्षा के योग हैं अर्थात् कहीं अधिक एवं कहीं उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। कुछ क्षेत्रों में पेयजल की समस्याएं उत्पन्न होंगी, भूमिगत जलस्तर में गिरावट, ग्रीष्म ऋतु में नदियों के जलस्तर में भी गिरावट बनेगी। कुछ सीमित क्षेत्र में अत्यधिक वर्षा से कृषि को हानि होगी। कहीं बाढ़ एवं कहीं सूखे, दुर्भिक्ष की परिस्थितियां बनेंगी।

**(2) तृण स्तम्भ**-वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का सम्पर्क 21.86% है। फलस्वरूप तिनके, बाँस, घास, पुष्पों, भूसे से निकलने वाले मुख्य अनाज, वनस्पतियों, जड़ी-बूटियों तथा अन्य वन-औषधियों के उत्पादन व उपलब्धता में विचारणीय कमी रहेगी। पशुचारे का भी अभाव रहे। मानसून के विलम्ब या अनियमित होने से गर्मी की अधिकता, खड़ी फसलों का सूखना, सब्ज़ियों आदि की कम पैदावार तथा कहीं अत्यधिक गर्मी, उष्णता व कहीं प्रतिकूल वर्षा के कारण लोगों व पशु-पक्षियों को कष्ट रहे। आयुर्वेदिक औषधियां तथा दूध, डायरी उत्पाद महँगे होंगे।

**(3) वायु स्तम्भ**-ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का सम्पर्क 90.50 प्रतिशत है। वायुस्तम्भ सबल होने से कुछ प्रदेशों में अनुकूल वायु-वेग एवं अनुकूल मेघ संचार से वर्षा का क्रम अच्छा रहेगा। ग्रीष्म ऋतु (वैशाख-ज्येष्ठ मासों) में स्वाभाविक रूप से चलने वाली लू और तेज़ हवाएँ चलेंगी। अर्थात् ऋतु-अनुसार वायु-वेग रहेगा। परन्तु वायु स्तम्भ की दृढ़ता से दक्षिणी-पूर्वी तटीय प्रदेशों में विशेष रूप से तथा उत्तरी-भारत में भी भीषण वायु-वेग, चक्रावात एवं तेज़ आँधियों से खड़ी फसलों, धनादि सम्पदा को हानि पहुँचेगी।

**(4) अन्न स्तम्भ**-आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का सम्पर्क शत-प्रतिशत (100%) रहना अत्यन्त शुभ संकेत दे रहा है। जल एवं तृणस्तम्भ निर्बल एवं अनियमित मानसून रहने के बावजूद खाद्यान्न का उत्पादन व उपलब्धता समुचित रहेगी। कुछ प्रदेशों में गेहूँ, चने, चावल, मक्की, ईख व अन्य धान्यादि का उत्पादन यथेष्ठ रहेगा। यद्यपि शासन-तन्त्र को अन्न-भण्डारण, अनाज की गुणवत्ता व अनाज-वितरण सम्बन्धी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस सम्बन्ध में विशेष नीति-योजना निर्धारण एवं निर्णय लिए जाएंगे।

ऊपर वर्णित चारों स्तम्भ वर्ष (संवत्) में किसी भी देश की आर्थिक सम्पन्नता को समझने एवं जानने (आकलन) के लिए विशेष महत्त्व रखते हैं, क्योंकि देश की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से वर्षा, मानसून तथा अन्न-उत्पादन पर ही निर्भर करती हैं। आगामी वि. संवत् २०८१ में जल तथा तृण स्तम्भ कुछ निर्बल परन्तु वायु तथा अन्नस्तम्भ सुदृढ़ होने से भारत की अर्थव्यवस्था प्रगति-पथ पर रहेगी तथा भारत विकसित राष्ट्र बनने के संकल्प की तरफ अग्रसर रहेगा।

## आर्षमान द्वारा रक्षा फल-विचार (वि. सं. २०८१)

निम्नलिखित ये चार आर्षमान वर्षभर जनता व देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, सामाजिक सौहार्द एवं शान्ति, नैतिक मूल्यों, समृद्धि एवं सौभाग्य का निर्धारण करते हैं। आर्षमान भी उपरोक्त स्तम्भों की भान्ति विशेष तिथियों एवं नक्षत्रों के संयोग से निर्धारित किए जाते हैं। इनकी निर्बलता देश में उपद्रव, दुर्घटनाओं, आपदाओं, विस्फोट, अशान्ति व लोगों के चारित्रिक पतन को निमन्त्रित करती हैं। '**आर्ष**' शब्द का अर्थ है-ऋषियों से सम्बन्धित, ऋषियों का। आर्षमान का मूलतः अर्थ हुआ-नापतोल का ऋषि प्रोक्त पैमाना। तिथि व नक्षत्र का संयोग जितना अधिक होगा, आर्षमान उतना ही अधिक बलवान समझा जाएगा।

(1) **प्रथम आर्ष**-गतवर्ष की पौष-अमावस्या को मूल नक्षत्र के सम्पर्क से माना जाता है। मूल नक्षत्र का अभाव है।

(2) **द्वितीय आर्ष**-वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र का सम्पर्क 28.75% है।

(3) **तृतीय आर्ष**-श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का सम्पर्क 24.38% है।

(4) **चतुर्थ आर्ष**-कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का सम्पर्क 24.53% है।

**निष्कर्ष**-इस वर्ष प्रथम दुर्ग का अभाव तथा शेष तीनों दुर्ग अत्यल्प-बली हैं। चारों दुर्गों का विचार चिन्ताजनक परिस्थितियों की ओर संकेत कर रहा है। सीमावर्त्ती क्षेत्रों विशेषकर उत्तर-पूर्वी सीमा पर चीनी घुसपैठ, पाकिस्तान की ओर से आतंकवादियों का घुसपैठ तथा असम आदि सीमाओं पर बांग्लादेशी घुसपैठ से देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा को गम्भीर संकट उत्पन्न होने का भय है। सीमाप्रान्तों में ड्रोन-घुसपैठ द्वारा हथियारों की सप्लाई, आन्दोलनों के कारण आन्तरिक सुरक्षा को खतरा रहेगा। देश की सुरक्षा एजेन्सीयों को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता रहेगी। इस सम्बन्ध में भड्डुरी की कहावत भी लोक में प्रचलित है-

**अखै तीज रोहिणी न होई। पौष अमावस मूल न जोई।।**
**राखी श्रवणो हीन विचारो। कातिक पूनो कृतिका टारो।।**
**महि माहीं खल बलहिं प्रकासै। कहत भड्डुरी सालि विनासै।।**

अर्थात् वैशाख की अक्षय तृतीया को यदि रोहिणी न हो, पौष की अमावस्या को मूल न हो, रक्षाबन्धन के दिन श्रवण और कार्तिक की पूर्णिमा को कृतिका न हो, तो पृथ्वी पर दुष्टों का बल बढ़ेगा और उस वर्ष धन की उपज न होगी।

## वृष राशि में गुरु संचार-फल

### (1 मई, 2024 ई. से संवतान्त 29 मार्च, 2025 ई. तक)

**वृषराशौ-यदा-जीवो-वैशाख-संवत्सरः तदा। नंदशालाः भवेद् मेघः-सर्वधान्य-समर्घता।।**

अर्थात् गुरु जब वृष राशि में आए तो '**वैशाख**' संवत्सर होता है और उसमें '**नंदशाल**' नामक मेघ वर्षा करते हैं। सभी प्रकार की रसदार वस्तुएं, गन्ना, अन्य रसदार फल सस्ते हो जाएंगे। वैशाख और आश्विन महीनों में स्त्रियों तथा हाथियों को पीड़ा हो अर्थात् उन पर अत्याचार बढ़ेंगे। नेताओं में परस्पर वैर-विरोध रहे। गेहूँ, चावल, चने, मूँग, उड़द, तिल आदि श्रावण तथा ज्येष्ठ मास में विशेष महँगे होंगे। वर्षा कम ही होगी। विश्व में किसी देश की सीमाओं में बदलाव हो अर्थात् देशभंग हो। चौपायों में रोग फैले तथा उनकी मृत्यु हो, आषाढ़-श्रावण में वर्षा होगी, परन्तु भाद्रपद में अभाव रहेगा।

## श्री दुर्गा सप्तशती (हिन्दी भाषा में)

कलियुग में समस्त दुःखों एवं कष्टों के निवारण का एकमात्र उपाय भगवती देवी दुर्गा की उपासना ही शास्त्रों में बतलाया गया है। श्री दुर्गासप्तशती में वर्णित श्री नवदुर्गा जी के चरितों का विधिपूर्वक पाठ करने से मनुष्यों के पाप नष्ट होकर उन्हें धन-धान्य एवं सौभाग्यादि की प्राप्ति होती है। शुभ कार्यों में बार-बार पड़ने वाले विघ्नों की शान्ति होती है। विधिपूर्वक पाठ करने से जीवन के चारों क्षेत्रों-धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष में मनोवाँछित फल प्रदान कराने वाली **मन्दाकिनी** है।

जो व्यक्ति चैत्र, आश्विनादि नवरात्रों में दीपावली, दशहरा, अष्टमी आदि पर्वों पर अथवा कोई आकस्मिक संकट उपस्थित हो जाने पर श्रद्धा भक्ति के साथ श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ करता है। माँ दुर्गा की कृपा शक्ति से समस्त विघ्न दूर होकर मनोवांछित फलों की प्राप्ति हो जाती है। पाठोपरान्त पाठ की दशांश संख्या में श्री दुर्गा हवन करने से शीघ्र ही कामना सिद्धि होती है।

**श्री दुर्गासप्तशती** मात्र धर्मग्रंथ नहीं बल्कि सिद्ध ग्रंथ है, इसमें नवदुर्गा महिमा, देवी कवच, अर्गलास्तोत्र, तीनों रहस्य, देवी सूक्त, श्रीदुर्गा पाठ पूरे १३ अध्याय पाठ की संकल्प विधि, देवी सूक्त, रात्रि सूक्त, अष्टाशत (108) स्तोत्र, नवार्ण मन्त्र, सिद्ध कुंजिका स्तोत्र, श्रीदुर्गा एवं चिंतपूर्णी चालीसा, कामनापूर्ण सिद्ध मन्त्रों पाठोपयोगी स्तोत्रों एवं विविध आरतियों सहित, सरल बोधगम्य हिन्दी भाषा में भी अब छपकर तैयार है। **ध्यान रहे**, बिना संकल्प विधि के किया जप-पाठ एवं कोई भी अनुष्ठान पूर्ण फल नहीं देता। मार्किट में बिकने वाली अधिकांश हिन्दी भाषी सप्तशतियों में संकल्पविधि, पूजन विधि आदि आवश्यक विषयों का अभाव मिलता है। श्रद्धापूर्वक सही विधि द्वारा किया गया पाठ ही मनोवांछित फल प्रदान करता है। **मूल्य 125/- रूपये।**

संक्षिप्त हवन विधि संहित (संस्कृत हिन्दी टीका) की **प्राचीन श्रीदुर्गा सप्तशती** भी उपलब्ध होगी।

**भेंट-120 रु., डाक व्यय अलग॥**

**पं. देवीदयालु संस्थान का कर्मकाण्ड सम्बन्धी नवीन प्रकाशन**

**'वार्षिक (एकोद्दिष्ट) एवं चातुर्वाषिक श्राद्ध पद्धति'**

**मूल्य : 80 रु.**

[ देवर्षि-पितृ-तर्पण, शय्या दान, गोदान, बलिवैश्वदेव विधि, पितृस्तोत्र, पितृसूक्त आदि सहित ] [ लेखक/सम्पादक :-पं. विवेक शर्मा (पंचांगकर्त्ता)]

आज ही स्थानीय पुस्तक विक्रेता से मांग करें अथवा मंगवाएं-जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर ( पं. ) पिन-144008, मो. 94172-91325

# वि. संवत् २०८१ में ग्रहों की आकाशी कौंसिल व मुख्य भविष्यवाणियाँ

- नया 'कालयुक्त' नाम संवत्सर होने से आगामी वर्ष विभिन्न प्रकार के पेचीदा रोगों में विशेष वृद्धि होने से प्रजा में कष्ट तथा हाहाकार रहे। विश्व के विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों में परस्पर क्षुब्धता, टकराव तथा बिखराव के कारण निरन्तर युद्ध जैसी स्थिति बनी रहेगी।
- राजा मंगल तथा मन्त्री शनि अर्थात् आकाशी कौंसिल के दो प्रमुख पद दो विपरीत एवं परस्पर शत्रु ग्रहों के पास होने से विश्व के अनेक विकसित देशों के मध्य परस्पर विरोध एवं युद्ध उत्प्रेरित माहौल रहेगा। विभिन्न देशों में प्रभुसत्ता, टकराव, वर्चस्व, प्रतिद्वन्दता एवं होड़ की प्रवृत्ति से तनाव बढ़ेगा। समाज एवं देश में भ्रष्टाचार, चोरी, ठगी, लूटमार, हिंसक एवं अग्निकाण्ड की घटनाएं अधिक होंगी।
- देश में राजनैतिक उग्रता, साम्प्रदायिक उपद्रव व तोड़-फोड़ की वारदातें अधिक होंगी। भारत के राजनैतिक पटल पर विशेष उतार-चढ़ाव होंगे। विभिन्न राजनेताओं और राजनीतिक पार्टियों में परस्पर टकराव, विरोध तथा कहीं नए गठबन्धन बनेंगे।
- जगत् लग्न कुण्डली में ग्रहस्थिति अनुसार मुस्लिम बाहुल्य पश्चिमी एशिया के एवं यहूदी देश धार्मिक विध्वंसता की आग में सुलगने लगेंगे। रूस, यूक्रेन के साथ-साथ यूरोप, ईरान आदि देश भी इस आग से त्रस्त हो जाएंगे। युद्धमय वातावरण के मध्य बड़े पैमाने पर साधारण जनता एक-दूसरे देशों में पलायन ( विस्थापन ) करेगी।
- ***खप्पर योग***—माघ, फाल्गुन, चैत्र ( 26 जन. से 23 अप्रैल, 2024 ई. तक ) मासों में *खप्पर योग* किसी राज्य में छत्रभंग ( सत्ता-परिवर्तन ) या किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ या मृत्यु के योग हैं। प्रतिकूल जलवायु एवं खण्ड वर्षा से अकालजन्य हालात रहेंगे। पैट्रोल, डीज़ल के मूल्यों में आशातीत वृद्धि होती रहेगी।
- वैशाख एवं ज्येष्ठ ( अप्रैल से जून तक ) मास में गुरु-शुक्र आदि ग्रहों का अस्त रहने से भारत के राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में अस्थिरता, अनिश्चितता एवं उथल-पुथल होने के संकेत हैं। विशिष्ट नेता के आकस्मिक निधन के संकेत हैं।
- आषाढ़ मास ( 15 जून से 15 जुला. के मध्य ) में हि.प्र., उ.खण्ड, काश्मीर आदि क्षेत्रों में भूस्खलन, अतिवृष्टि तथा दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक तेज़ी के कारण सामान्य लोगों में गहन असन्तोष एवं आक्रोश की भावना रहे।
- भारत में इसी वर्ष ( नवं.-दिसं., 2023 ई. ) कुछ राज्यों ( राजस्थान, म.प्र., छत्तीसगढ़, मिज़ोरम, तेलंगाना ) में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा कुछ राज्यों में स्पष्ट रूप से गठबन्धन करके विजयी होगी। तेलंगाना में भी वोट-प्रतिशत में बढ़ौत्तरी होगी। छत्तीसगढ़, राजस्थान में सत्ता विरोधी लहर के बावजूद कांग्रेस मज़बूत पार्टी रहेगी। म.प्र. में काँटे की लड़ाई रहेगी।
- आगामी लोकसभा चुनावों में कुछ नेताओं के विभाजनकारी एवं राष्ट्र विरोधी बयानों से राजनैतिक एवं सामाजिक वातावरण पूरी तरह विषाक्त हो जाएगा। ग्रहस्थिति अनुसार भाजपा पार्टी अपनी अन्य सहयोगी पार्टियों के साथ चुनावों में स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफल होगी तथा पुनः केन्द्रीय सत्ता प्राप्त करने में कामयाब होगी।

सनातन वैदिक परम्परा के ऋषियों ने जिन चतुर्दश विद्याओं का निर्देश किया है, वे हैं–चार वेद, छः वेदांग, धर्मशास्त्र, पुराण, मीमांसा एवं न्याय। वेद के छः अंगों (शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छन्द तथा ज्योतिष) में ज्योतिष को वेद का नेत्र माना गया है– **'ज्योतिषामयनं चक्षुः।'** जिस प्रकार मनुष्य को नेत्र के अभाव में लोक का कोई भी दृश्य दिखाई नहीं देता, उसी प्रकार ज्योतिष ज्ञान के अभाव में यज्ञादि काल-निर्धारण, बहुविध संस्कार, विद्यामुहूर्त्त, व्रत-त्यौहार, वास्तु, मूर्ति प्रतिष्ठा, विवाह आदि किसी भी प्रकार के कार्य और उसके मुहूर्त्त का सम्यक् रुपेण परिज्ञान नहीं हो पाता।

**ज्योतिष** वह शास्त्र है, जिसके आधार पर मनुष्य को उसके जन्म-जन्मान्तरीय कर्मों के सुपरिणाम और दुष्परिणाम का ज्ञान होता है तथा दुष्परिणामों से बचाव हेतु उपायों का निर्देश किया जाता है। विद्वानों ने इसे प्रत्यक्ष शास्त्र के रूप में स्वीकार किया है–

**अप्रत्याक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तेषु केवलम्।**
**प्रत्यक्षं ज्योतिषं शास्त्रं चन्द्रर्कौ यत्र साक्षिणौ।।**

वस्तुतः भूत, वर्तमान और भविष्यत्–तीनों कालों के प्रत्यक्षीकरण में यह विद्या चक्षुरूपात्मिका है। एतावता इसका प्राधान्य स्वयंसिद्ध है तथा होरा, संहिता और सिद्धान्तादि स्कन्ध–त्रयात्मकत्वात् इसकी व्यापकता विद्वज्जन समुदाय में सर्वविदित है। अतः स्पष्ट है कि संसार में घटने वाली समस्त घटनाओं का ज्ञान ज्योतिषशास्त्र के द्वारा ही होता है।

प्राणियों के जन्म से मरणपर्यन्त समस्त सुख–दुःख ग्रहों के अधीन होते हैं। आकाश में व्यक्त और अव्यक्त अनेक ग्रह हैं, उनमें सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र और शनि–ये सात ग्रह प्रत्यक्ष फल देने वाले हैं। इनमें भी सूर्य प्रधान है ; क्योंकि परब्रह्म परमात्मा अपनी शक्ति (प्रकृति)–के द्वारा चराचर विश्व की रचना करने के समय में सर्वप्रथम आकाश की, तदनन्तर सूर्य की सृष्टि करते हैं। इन्द्रगुरु (बृहस्पति) ने लिखा है–

**ग्रहाधीनं जगत्सर्वं ग्रहाधीना नरावराः।**
**कालज्ञानं ग्रहाधीनं ग्रहाः कर्मफलप्रदाः।**
**सृष्टिरक्षणसंहाराः सर्वे चापि ग्रहानुगाः।।**

'यह समस्त संसार ग्रहों के अधीन है और मानव एवं पशु–पक्षी आदि जीव भी ग्रहों के ही अधीन हैं। काल का भी ज्ञान ग्रहों के अधीन है और कर्म का फल ग्रहों के द्वारा ही मिलता है। संसार की उत्पत्ति, स्थिति और प्रलय–ये सभी ग्रहों के ही अधीन है।'

इसी प्रकार समस्त पुराणों में ऋषियों ने सूर्यादि ग्रहों को ही जन्म, पालन और मरण का कारण बतलाया है। **वस्तुतः जन्मकाल** से ही ज्योतिषशास्त्र की उपयोगिता आरम्भ हो जाती है, क्योंकि आजन्म मृत्युपर्यन्त षोडश संस्कार एवं श्रौत–स्मार्त कर्मों हेतु शुभकाल का निर्देश ज्योतिषशास्त्र के बिना सम्भव नहीं है। इस ज्योतिषशास्त्र ज्ञान पर आधारित बनी एक जन्मपत्री अपने गर्भ में अनेक रहस्य संजोए रहती है। मनुष्य अपने जीवन सम्बन्धी अज्ञात रहस्यों को जानकर निश्चय ही भौतिक एवं आध्यात्मिक उन्नति को प्राप्त कर सकता है। जातक की जन्मकुण्डली मनुष्यों के पूर्वजन्मों के संचित एवं प्रारब्ध कर्मों की प्रतिमूर्त्ति होती है। अनेक जन्मों के पाप–पुण्य, शुभाशुभ कर्मों का फल कब प्रकट होगा? और भविष्य में जातक को कैसी परिस्थितियों की सम्भावना है? ऐसे महत्त्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर ज्योतिष–शास्त्र अन्धेरे में दीप की भान्ति देता है। अतः यह शास्त्र प्रारब्धफल–कर्मप्रकाशक है–

**यदुपचितमन्यजन्मनि शुभाशुभं तस्य कर्मणः पक्तिम्।**
**व्यञ्जयति शास्त्रमेतत् तमसि द्रव्याणि दीप इव।।**

अतएव यह शास्त्र अध्यात्ममूलक है, इसके प्रत्येक विचार रहस्यात्मक, व्यंग्यार्थ प्रतिपादक है। दार्शनिक दृष्टि से भी ज्योतिष एवं समन्वयात्मक विशेष दर्शन सिद्ध होता है। अतः इसकी प्रत्यक्षता निर्विवाद सिद्ध है।

*परमपिता श्री परमात्मा की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **'पंचांगदिवाकर'**, **'मुफीद आलम जन्त्री'** (उर्दू–हिन्दी–पंजाबी) एवं तिथ–पत्रिका (पंजाबी–भाषा) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०८१ (2024–25 ई.) में गौरवशाली 149 वर्ष हो जाएंगे। इस पंचांग–समूह के प्रवर्त्तक एवं संस्थापक हमारे परम–पूज्य वृद्ध प्रपितामह (पितृ–पुरुष) विश्वविख्यात मशहूर आलम पण्डित देवी दयालु जी (लाहौर वाले) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हो चुकी है, वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी हुई नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों प्रयन्त ज्योतिष जगत् के क्षेत्र में हमारी पंचांग, जन्त्री एवं अन्य ज्योतिष, कर्मकाण्ड, धार्मिक प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। सुविज्ञ पाठकों से अनुरोध है कि वह असली व प्रामाणिक **'पंचांगदिवाकर'**, **'मुफीद आलम जन्त्री'** तथा अन्य प्रकाशनों पर हमारे पूज्य पिता स्वर्गीय पं. पन्ना लाल जी का नाम व फोटो, गणितकर्त्ता पं. विवेक शर्मा, सहसम्पादक पं. पंकज शर्मा तथा एकमात्र वितरक **'जनरल बुक डिपो'** जालन्धर का नाम अवश्य पढ़ लिया करें, जिससे कि आप असली, शुद्ध एवं प्रामाणिक जन्त्री/पंचांग ही प्राप्त कर सकें।*

## गतवर्षीय दिवाकर पंचांगों की भविष्यवाणियाँ जो अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं

आगे हम संक्षिप्त रूप से हमारे पूर्वजों पं. देवीदयालु जी, पं. मोहन लाल जी, पं. चून्नी लाल जी, पिता जी पं. पन्ना लाल जी तथा वर्तमान गणितकर्त्ता पं. विवेक शर्मा की उन भविष्यवाणियों का उल्लेख कर रहे हैं, जो ईश्वर कृपावश अक्षरशः सत्य सिद्ध हुईं। इन सटीक एवं सफल भविष्यवाणियों के कारण ही **'पंचांगदिवाकर'** को विद्वत समाज में अग्रणी एवं शीर्षस्थ स्थान प्राप्त है।

*[भारत–पाक का ब्रिटिश शासन से स्वतन्त्र होना सं. २००४ (1947–48 ई.), भारत–चीन युद्ध (सं. २०१९), भारत–पाक युद्ध (सं. २०२२), बांग्लादेश का उदय होना–सं. २०२७, कांग्रेस (ई.) की पराजय (संवत् २०३३) तथा पुनः सत्ता में आना–सं. २०३६, ईरान–ईराक युद्ध–वि. सं. २०३९, पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गाँधी की आकस्मिक मृत्यु–सं. २०४१, पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गाँधी की आकस्मिक मृत्यु (संवत् २०४७), मोर्चा सरकार का पतन तथा भाजपा का सशक्त पार्टी के रूप में सत्तारूढ़ होना–वि. सं. २०५५, भाजपा सरकार का आकस्मिक गिरना तथा कारगिल में युद्ध की स्पष्ट भविष्यवाणी–वि. संवत् २०५६, सं. २०५७ के पंचांग में एवं च, भाजपा का केन्द्र में गिरकर पुनः सत्ता ग्रहण की भविष्यवाणी स्पष्टतः की गई थी।]*

*पुनः वि. संवत् २०५८ के पंचांग में अमरीका 9/11 सम्बन्धित त्रासदी के बारे में, वि. संवत् २०५९ में पंजाब में कांग्रेस पार्टी की विजय सम्बन्धी भविष्यवाणी, वि. सं. २०६० में 'अमरीका–ईराक' युद्ध तथा ईराक में सत्ता–परिवर्तन, वि. सं. २०६१ में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की विजय तथा भाजपा (वाजपेयी) सरकार का पतन, वि. संवत् २०६३ में पंजाब, बिहार में नेतृत्व–परिवर्तन के योग (बादल तथा नितीश कुमार का सत्तासीन होना) वि. संवत् २०६४ (2007–08 ई.) में उ.प्र., उत्तराखण्ड में नेतृत्व परिवर्तन के योग, वि. संवत् २०६५ में गुजरात में भाजपा एवं मोदी सरकार के विजयी सम्बन्धी भविष्यवाणी, वि. संवत् २०६६ में अमरीकी राष्ट्रपति बराक*

*ओबामा को सफलता प्राप्ति वि. संवत् २०६७ में कांग्रेस का पुनः जीत प्राप्त करना, वि. संवत् २०६८ में विश्व में आर्थिक मन्दी, वि. संवत् २०६९ में पंजाब में अकाली–भाजपा गठबन्धन का पुनर्विजयी होना,* ***वि. संवत् २०७० ( 2013–14 ई. ) में ही 'श्रीनरेन्द्र मोदी' के प्रधानमन्त्री बनने सम्बन्धी भविष्यवाणी तथा विधानसभा चुनावों में भाजपा की सफलता प्राप्ति की भविष्यवाणी एवं उत्तराखण्ड में महावृष्टि सम्बन्धी हानि की भविष्यवाणी,*** *वि. संवत् २०७१ (2014–15 ई.) तथा वि. संवत् २०७२ (2015–16 ई.) में अप्रैल, 2015 ई. में* ***नेपाल में भूकम्प आएगी' भविष्यवाणी,*** *सं. २०७३ (2016–17 ई.) में 'एक सक्षम और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत का उदय होगा', आदि अनेक भविष्यवाणियों का उल्लेख हम गतवर्षीय पंचांगों में कर आएं हैं। परन्तु* ***सन् 2016–17 ई. की सबसे बड़ी भविष्यवाणी थी 'नोटबन्दी'।*** *वि. संवत् २०७४ (2017–18 ई.) में पृष्ठ 91, कॉलम–I में पढ़ें–'……व्यापारी सरकार के कठोर व पेचीदा नियमों से परेशान व पीड़ित रहेंगे।' जैसा कि लोग/व्यापारी जी.एस.टी. व नोटबन्दी के दौरान परेशान रहे। वि. संवत् २०७५ में पूर्व–प्रधानमन्त्री श्री अटल–बिहारी वाजपेयी जी के निधन सम्बन्धी भविष्यवाणियां अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई हैं।*

**कोरोना महामारी सम्बन्धी स्पष्ट संकेत**—*वि. संवत् २०७६ में पृष्ठ 74 पर कोरोना महामारी सम्बन्धी स्पष्ट संकेत दिए गए थे। लोगों के पलायन सम्बन्धी भविष्यवाणी भी स्पष्टतः दी गई थी। (देखें पृष्ठ 74)। वि. संवत् २०७७ में पृष्ठ 85 पर कोरोना महामारी के कारण सरकार द्वारा कठोर एवं अप्रिय निर्णय लिए जाने सम्बन्धी भविष्यवाणी (सरकार द्वारा क्रियान्वित लॉकडाऊन नियमों से साधारण प्रजा में काफी भय, दुविधा का माहौल रहा।) इसी वर्ष पृष्ठ 92 पर म.प्र. सरकार परिवर्तन सम्बन्धी भविष्यवाणी। वि. संवत् २०७८ (2021–22 ई.) में पृष्ठ 92 पर अमेरिका में ट्रम्प सरकार के गिरने सम्बन्धी भविष्यवाणी, पृष्ठ 87 पर कोरोना महामारी की दूसरी लहर में (अप्रैल–मई 2021 ई.) ऑक्सीजन सम्बन्धी फैली अव्यवस्था सम्बन्धी संकेत, इसीलिए ज्योतिषशास्त्र को संकेतशास्त्र भी कहा जाता है।*

वि. संवत् २०७९ (2022–23 ई.)में पृष्ठ 89 पर–**'उ.प्र., उत्तराखण्ड, गोवा तथा मणिपुर में होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा के पुनः विजयी प्राप्ति की भविष्यवाणी**, पृष्ठ 96 पर **'देश में साम्प्रदायिक उपद्रव तथा सामाजिक असंतुलन का नया विद्रूप दृष्टिगोचर होने सम्बन्धी भविष्यवाणी'**–जैसा कि जून, 2022 ई. में नुपुर शर्मा के वक्तव्य के बाद देश में सामाजिक विद्वेश फैला। आदि

## गतवर्ष वि. संवत् २०८० पंचांग की भविष्यवाणियां जो सत्य सिद्ध हुईं

गतवर्ष वि. सम्वत् २०८० के पंचांगदिवाकर में अभी तक (23 जुलाई, 2023 ई. तक) अनेक भविष्यवाणियां ईश्वर कृपावश सत्य सिद्ध हुई हैं। यथा–

*(1) पृष्ठ 83–मुख्य कॉलम की प्रथम पंक्ति में ही पढ़ें–''****समाज तथा राजनीतिज्ञों में परस्पर टकराव, वैर–विरोध एवं प्रतिद्वन्द्वता की भावना अधिक रहेगी। आरोप–प्रत्यारोप भरा वातावरण रहेगा। मूल्य–वृद्धि से साधारण लोग त्रस्त रहेंगे।''*** अप्रैल मास से कांग्रेस पार्टी द्वारा विदेश में जाकर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार की निन्दा करना तथा भाजपा द्वारा प्रत्यारोप लगाना, N.D.A. गठबन्धन के विरुद्ध विरोधी पार्टियों द्वारा I.N.D.I.A. नामक गठबन्धन कर लेना–ये सब आरोप–प्रायारोप भरा वातावरण संवत् पर्यन्त रहेगा। पुनः, जून–जुलाई में सब्ज़ियों आदि के मूल्यों में अत्यधिक वृद्धि से लोग परेशान हो रहे हैं।

*(2) पृष्ठ 83 पर मुख्य कॉलम में पढ़ें–'****ऐसे अनेक राजनीतिक समीकरण देखने को मिलेंगे, जिसमें षड्यन्त्र, दोगलापन, पीठ पर छुरा घोंपना आदि के उदाहरण मिलेंगे।'***–जुलाई 2023 ई. को प्रारम्भ में ही महाराष्ट्र में N.C.P. पार्टी में अजीत पवार गुट द्वारा जिस प्रकार पार्टी को दोफाड़ किया गया. वह 'पीठ पर छुरा घोंपना' शब्दों का सटीक उदाहरण है।

*(3) पृष्ठ 83 एवं 90 पर स्पष्टतः पढ़ें–****भारत आयातित महँगाई का शिकार होता रहेगा। मोदी सरकार का विकास के प्रति प्रतिबद्धता का भाव बढ़ती महँगाई, मुद्रा अवमूल्यन……तथा धार्मिक कट्टरता की धुंध में विलुप्त होता जाएगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों में रह–रह कर उठ रही साम्प्रदायिक टकराव की चिंगारी विचलित करती रहेगी।'***–मिज़ोरम, मणिपुर, राजस्थान, बंगाल आदि राज्यों में मैतिती–कुकी समुदायों के मध्य विषैला तनाव तथा महिलाओं पर अत्याचार से फैला साम्प्रदायिक तनाव–इन वाक्यों की सत्यता प्रमाणित कर रहा है।

*(4) पृष्ठ 83 पर ही स्पष्ट पढ़ें–'****गुजरात के होने वाले चुनावों में भाजपा कुछ मुश्किलों के बाद पुनः विजयी होगी।'***–नतीजे पाठकों के सामने हैं।

*(5) पृष्ठ 88 पर कॉलम–I में स्पष्ट पढ़ें–'****रूस–यूक्रेन युद्ध के सम्बन्ध में लिखा था–कि युद्ध अथवा युद्ध–भय एवं धमकियों भरा यह खेल ज़रा लम्बा चलेगा।***

*(6) पृष्ठ 89 पर अमरीका शीर्षक के अन्तर्गत पढ़ें–'****रूस के साथ प्रत्यक्ष टकराव से बचता रहेगा। यूक्रेन आदि दक्षिणी यूरोप के अन्य देशों को अपने उद्देश्यों की पूर्त्ति के लिए घातक हथियारों की आपूर्त्ति करता रहेगा।'***–अभी तक विश्व परिदृश्य यही स्पष्ट संकेत दे रहा है।

*(7) पृष्ठ 91, कॉलम–II में पढ़ें–'****भारत की बढ़ती वैश्विक स्वीकार्यता और लगातार बढ़ रहे कद के कारण 'रुपये' को अन्तर्राष्ट्रीय करेंसी के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।'***–जुलाई, 2023 ई. तक लगभग 52 देशों ने रुपये तथा U.P.I. पेमेन्ट को स्वीकार्य कर दिया है।

*(8) पृष्ठ 91, कॉलम–I में पढ़ें–'****रामायण–सर्किट, बुद्ध सर्किट जैसी योजना भारत की आस्था के लिए सुखद अनुबूति होंगी।'***

*(9) पृष्ठ 92, कॉलम–I एवं II में वैशाख, ज्येष्ठ तथा आषाढ़ मास के अन्तर्गत लिखी गई भविष्यवाणियां हू–ब–हू सत्य सिद्ध हुई कि* ***'देश में कहीं उपद्रव, फिसाद एवं आन्दोलन के संकेत हैं। जातीय उत्पात और साम्प्रदायिक दंगे–फसाद बढ़ेंगे।' आदि।***–मणिपुर, महाराष्ट्र, हरियाणा आदि राज्यों में इस अवधि में घटी घटनाएं इस भविष्यवाणी की सत्यता प्रमाणित कर रही है।–इत्यादि और भी अनेक भविष्यवाणियां ईश्वर कृपावश

अक्षरशः सत्य सिद्ध हो रही हैं। इसी कारण परम ज्ञान-विज्ञान विशारद भारतीय ऋषियों-मुनियों का यह मानना था आकाशीय पिण्डों का प्रभाव सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पर पड़ता है अर्थात् अन्तरिक्ष से आने वाले अन्तर्ग्रहीय दुष्प्रभाव हमारे जीवन को प्रभावित करते हैं।

*उपरोक्त ये सभी घटनाएं '**पंचांगदिवाकर**' में दी गई भविष्यवाणियों की सार्थकता एवं सत्यता प्रामाणित कर रही है। वस्तुतः यदि पाठक गतवर्ष (वि. संवत् २०८०) में की गई भविष्यवाणियों एवं संकेतों का ध्यानपूर्वक अवलोकन करेंगे तो उनमें आश्चर्यपूर्वक रूप से एक-एक पंक्ति में सांकेतिक भविष्यवाणियां परिलक्षित होंगी।*

## वि. संवत् 2081 में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल

वि. संवत् 2081 में ग्रहों की आकाशी कौंसिल (ग्रह-परिषद्) के दस पदाधिकारों में से पाँच मुख्य अधिकार उग्र (क्रूर) ग्रहों को तथा पांच अधिकार सौम्य (शुभ) ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। **राजा** का मुख्य अधिकार क्रूर, युद्धप्रिय, हिंसक एवं अग्नितत्त्वकारक ग्रह '**मंगल**' को प्राप्त हुआ है तथा **मन्त्री** का महत्त्वपूर्ण अधिकार क्रूर ग्रह **शनि** को प्राप्त हुआ है। **राजा एवं मन्त्री**-दोनों प्रमुख पद दो परस्पर विरोधी ग्रहों को प्राप्त होने से विश्व के अनेक राष्ट्रों के मध्य टकराव, प्रतिद्वन्दिता, होड़ एवं युद्ध की प्रवृत्तियां बढ़ेंगी। विश्व के अनेक पड़ोसी देशों तथा परस्पर विरोधी देशों (इज़रायल-ईरान, अमरीका-ईरान, अमरीका-रूस, यूक्रेन-रूस आदि) के मध्य विरोध एवं वैमनस्य बढ़ेगा। इसी प्रकार चीन-ताईवान, भारत-पाक आदि अन्य एशियाई देशों में भी विरोध एवं वैमनस्य बढ़ेगा। युद्ध-जन्य परिस्थितियां बनेंगी। विश्व में वायुयान दुर्घटनाएं तथा आतंकी खून-खराबे में वृद्धि होगी। विश्व में रक्तपात, युद्ध सम्बन्धी दुर्घटनाएं, पित्त-गर्मी सम्बन्धी रोगों की बहुलता तथा बालक-बालिकाओं के प्रति क्रूर घटनाएं बढ़ेंगी। मन्त्री शनि के कारण लोहा, स्टील, जिस्त, चाँदी, लकड़ी, ताँबा, गेहूँ, दालें, घी, तैल, पैट्रोलियम आदि बिल्डिंग मैट्रीरियल, चमड़ा, कलपुर्जों आदि पदार्थों से सम्बन्धित व्यापारी लोग विशेषतया लाभान्वित होंगे। राजनेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों का व्यवहार सामान्य लोगों के प्रति कठोर एवं निर्दयतापूर्ण होगा। देश के कुछ भागों में वर्षा एवं खाद्यान्नों की कमी रहेगी। लौह, स्टील, ताँबा, वनस्पति तेल, खाद्यान्न, दालें, पैट्रोल, डीज़ल, बिजली, पेयजलादि उपभोग्य वस्तुएँ और अधिक तेज़ भाव होंगी। सामान्य लोगों में गहन असन्तोष क्रोध एवं विक्षोभ व्याप्त होगा।

'**कालयुक्त**' नामक संवत्सर का फल भी शुभ नहीं कहा जा सकता। विभिन्न प्रकार के पेचीदा रोगों में विशेष वृद्धि के कारण प्रजा में कष्ट तथा हाहाकार रहे। विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में परस्पर विरोध एवं टकराव के कारण सामाजिक/राजनीतिक वातावरण विषाक्त बन जाएगा। देश में कहीं उपद्रव, हिंसा एवं अग्निकाण्ड की घटनाएं बढ़ेंगी। साम्प्रदायिक झगड़े-फिसाद अधिक होंगे।

सस्येश (कृषि)-नीरसेश (धातुओं) तथा धान्येश के अधिकार क्रमशः मंगल व सूर्य के पास होने से श्रावण में उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। ग्रीष्मऋतु की कृषि जैसे-गेहूँ, जौं, मक्की, चरी, दालें, चना, सब्ज़ियों की फसलों को हानि पहुँचे किंवा उनके भावों मे तेज़ी हो। राजनेताओं में परस्पर टकराव, विग्रह एवं विरोध रहे। लोगों में क्लिष्ट प्रकार के ज्वर एवं रोग व्याप्ति हो। सोना, ताँबा, पीतल, लाख, खल-बिनौले, पुखराज आदि रत्न दिन-प्रतिदिन महँगे होंगे। वर्षा (मेघ), फलों एवं सेना-ये तीनों अधिकार सौम्य ग्रह शुक्र को प्राप्त होने से अधिकांश राजनेता एवं प्रशासक अपना स्वार्थ ही सिद्ध करने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। वे बहु धन-सम्पदा एवं संसाधनों से सम्पन्न होंगे। विभिन्न प्रकार के वृक्ष, फल, फूल, तृण, घास आदि एवं फलदार पौधे अधिक होंगे। उच्च स्तरीय विशेष वर्ग के लोग ही सुख-साधनों से और सम्पन्न होंगे। धन (कोश) का अधिकार चन्द्रमा के पास होने से धन-दौलत का विस्तार अधिक होगा। सुगन्धित तैल, दूध, घी, वस्त्रों, सौन्दर्य प्रसाधनों का व्यापार करने वाले अच्छा लाभ कमा सकेंगे। अवसरवादी (दल-बदलू) नेता अनेक प्रकार के सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे।

## नववर्ष-प्रवेश एवं जगत्-लग्न कुण्डली अनुसार भविष्यफल

नववर्ष प्रवेश कुण्डली (1)
8-04-2024 ई. 23$^{\text{घं.}}$ 51$^{\text{मिं.}}$
(राज.,पश्चि.पंजाब,जम्मू आदिराज्यों के लिए)



नववर्ष प्रवेश कुण्डली (2)
8-04-2024 ई. 23$^{\text{घं.}}$ 51$^{\text{मिं.}}$
(दिल्ली,हि.प्र.,हरियाणा आदि तथा शेष भारत के लिए)



जगत् लग्न कुण्डली,
13 अप्रैल, सन् 2024 ई.
21$^{\text{घं.}}$04$^{\text{मिं.}}$P:M (भा.स्टैं.टा.)



'**कालयुक्त**' नामक नव वि. संवत् 2081 का प्रवेश चैत्र-अमावस्या की समाप्ति 8 अप्रैल, 2024 ई. की रात्रि 11 बजकर 51 मिनट (23:51) पर, रेवती नक्षत्र, वैधृति योग, मीनस्थ चन्द्रमा कालीन धनु (द्विस्वभाव) लग्न में हुआ है। **कृपया ध्यान दें**, भारत के पश्चिमी राज्यों [जम्मू-का., पश्चिमी पंजाब (लुधियाना से पश्चिम में), पश्चिम राजस्थान में] में नववर्ष प्रवेश वृश्चिक लग्न में होगा। नववर्ष प्रवेश कुण्डली (1) में वर्ष लग्नपति मंगल चतुर्थ भाव (कृषि, सर्वसाधारण की प्रसन्नता, फसलों का उत्पादन, भूकम्प आदि के भाव) में शत्रु राशिगत होकर शत्रु ग्रह शनि के साथ स्थित है तथा इसकी षष्ठ भाव पर गुप्त मित्र दृष्टि है। *अतः भारत के पश्चिमी राज्यों में भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदा, खण्ड एवं बेमौसमी वर्षा से व्यापक जन-धन हानि का योग है।*

**नववर्ष प्रवेश कुण्डली (2) में भी (जिसका प्रभाव भारत के अधिकतर क्षेत्र पर रहेगा)** वर्ष लग्नपति गुरु पंचम भाव (विकास योजनाओं, प्रशासनिक बुद्धि, खेलकूद का भाव) में शुभ राशिस्थ है परन्तु शत्रु ग्रह बुध के साथ है। पंचमेश एवं व्ययेश मंगल शत्रुराशिगत तथा शत्रुग्रह शनि के साथ तृतीय-भाव (पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्ध, दूरसंचार-रेल आदि का भाव) में होने से भारत के सम्बन्ध अपने पड़ोसी देशों के साथ वैमनस्यपूर्ण ही रहेंगे। वर्ष के पूर्वार्द्ध में, विशेषकर प्रथम तीन मास देश का सामाजिक, राजनीतकि एवं आर्थिक वातावरण अनिश्चित एवं अशान्त रहेगा। भारत में भावी लोकसभा चुनावों में एन.डी.ए. तथा I.N.D.I.A. नामक विपक्षी गठबन्धन के मध्य आरोप-प्रत्यारोप तथा विषैले भाषणों से भी सामाजिक वातावरण बड़ा उग्र तथा नफरत भरा हो जाएगा। ग्रहस्थिति अनुसार आगामी वर्ष विश्व की राजनीति का मंच विशेष घटनाप्रद होगा। विश्व के अनेक विकसित एवं विकासशील देश अपनी सामरिक शक्ति बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक हथियार बनाने में प्रयत्नशील रहेंगे। चतुर्थ भाव (फसलों का भाव) में **'चतुर्ग्रही योग'** आगामी वर्ष में फसलों के लिए भयावह साबित हो सकता है, जिससे महँगाई बढ़ेगी। शास्त्रों में धनु लग्न में वर्षप्रवेश का फल इस प्रकार से कहा गया है–

**धनुर्लग्ने तु उत्तरस्यां पूर्वस्यां च सुखं नृणाम्। दुर्भिक्षं प्रबला वृष्टिः मध्यदेशे सरोगता।।**

अर्थात् धनु लग्न का वर्षलग्न होने से उत्तर-पूर्व के प्रदेशों में सुख के साधनों में वृद्धि होगी। मध्यगत प्रदेशों में प्रबल वर्षा से फसलों की हानि, दुर्भिक्ष, लोगों में क्लिष्ट रोगों की उत्पत्ति और चौपायों में विशेष रोग होने से चौपाय व दुग्धादि वस्तुओं में तेज़ी होगी।

## जगत् लग्न एवं विश्व घटनाक्रम

**जगत् लग्न कुण्डली** में वृश्चिक (स्थिर) लग्न उदित हुआ है। लग्नेश मंगल (जोकि युद्धप्रिय ग्रह माना जाता है तथा चीन, माओवादी संगठनों, अग्निकाण्ड, विस्फोट का प्रतीकात्मक एवं प्रतिनिधित्व भी करता है) चतुर्थ भाव (भूकम्प, कृषि-उद्योग का भाव) में शत्रुराशिगत होकर शत्रुग्रह शनि के साथ स्थित है। लग्न भाव पर शनि की गुप्त शत्रु दृष्टि भी पड़ रही है। फलस्वरूप विश्व के अनेक विकसित एवं विकासशील देशों के मध्य नए राजनैतिक गठजोड़ एवं समीकरण बनेंगे। नाटो एवं रूस के मध्य आर-पार की लड़ाई शुरु हो जाएगी। अप्रत्यक्ष रूप से रूस-यूक्रेन युद्ध में शामिल नाटो के कई देश (पोलैण्ड आदि) इस युद्ध के लपेटे में आ जाएंगे। चीन, पाकिस्तान आदि कुछ कट्टर एवं विस्तारवादी देशों का रवैय्या भारत, ताईवान आदि एशिया के अन्य विकासशील देशों के प्रति भेदभाव, घृणा एवं पक्षपातपूर्ण रहेगा। कई युद्धोन्मुखी घटनाएं होंगी। विश्व के अनेक राष्ट्राध्यक्षों के लिए सन् 2024 ई. का वर्ष अत्यन्त चुनौतिपूर्ण, विषम परिस्थितियों से युक्त तथा निर्णायक होगा। अमेरिका, इज़रायल गठजोड़ का कुछ मुस्लिम बाहुल्य देशों के साथ टकराव एवं लघु युद्ध की प्रबल सम्भावनाएं हैं। एशियाई देशों में भूकम्प आदि किसी प्राकृतिक आपदा के कारण व्यापक जन-धन हानि के भी प्रबल योग हैं। पंचम भाव में (विकास योजनाओं, प्रशासनिक बुद्धि) मीन राशि पर अमरीका के राशिस्वामी बुध की नीचस्थ स्थिति तथा सूर्य-शुक्र-राहु के साथ होने से विश्व राजनीति में अमरीका द्वारा निर्देशित शीत-युद्ध जन्य परिस्थितियां रहेंगी। अमरीकी कूटनीतिक एवं भेदभावपूर्ण नीतियों के विरुद्ध पश्चिमी एशियाई देश प्रखर रूप में विरोध एवं प्रत्याकार करेंगे। जगत् लग्न कुं. में प्रवेश के आसपास (अप्रैल, 2024 ई. में) भारत में राजनीतिक उथल-पुथल एवं परिवर्तन सम्पूर्ण विश्व के लिए एक आश्चर्यजनक परिदृश्य उपस्थित होगा।

## विश्व राजनीतिक मंच

वर्षारम्भ 2024 ई. में यूरोपीय देशों की कुण्डली में अष्टम भाव (युद्ध, मृत्युदर, प्राकृतिक आपदाओं, ऋण का भाव) में गुरु की स्थिति तथा शनि की तृतीय नीच दृष्टि यूरोपीय देशों के लिए संकटपूर्ण परिस्थितियों की ओर संकेत कर रही है। लग्न-भाव (केन्द्रीय-नेतृत्व देश की साधारण दशा, जनता की प्रवृत्ति) में केतु की स्थिति तथा सप्तम (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों, विदेशी व्यापार का भाव) भाव में राहु की स्थिति तथा इन पर मंगल की गुप्त शत्रु दृष्टि यूरोपीय देशों–फ्रांस, स्पेन, इटली, जर्मनी, इंग्लैण्ड में विषम आर्थिक तथा राजनैतिक उलझनों से भरा वर्ष लेकर आएगी। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण लगभग पूरा यूरोप गम्भीर आर्थिक, राजनीतिक तथा सामाजिक रूप से बेहद संकट की स्थिति में आ जाएगा।

**यूरोपीय देशों की कुण्डली**
**1 जन., 2024 ई.**
**मध्यरात्रि $00^{\text{घं.}}$ $00^{\text{मिं.}}$**



गेहूँ आदि सहित खाद्य वस्तुओं में अत्यधिक मूल्य वृद्धि से पूरे यूरोप में महँगाई अपने चरम पर आ जाएगी। ब्रिटेन, फ्रांस आदि यूरोपीय देशों में मुद्रा अवमूल्यन भी करना पड़ेगा, जिससे आर्थिक मन्दी का वातावरण बन जाएगा। विश्व राजनीतिक पटल पर दो गुट देखने को मिल सकते हैं–

(1) अमरीका-ऑस्ट्रेलिया-ताईवान-नाटो (यूरोपीय देश) तथा इज़रायल।

(2) रूस-चीन-उत्तरी-कोरिया-ईरान। इन दो गुटों के देशों के मध्य युद्ध अथवा युद्ध-भय एवं धमकियों भरा यह खेल जरा लम्बा चलेगा।

हिजरी सन् 1445 का बादशाह **'गुरु'** (बृहस्पति) है। मुस्लिम देशों की नववर्ष प्रवेश कुण्डली में मकर लग्न उदित है। लग्नेश शनि धन भाव (आर्थिक स्थिति, मुद्रास्फीति का भाव) में स्थित **'मंगल-शुक्र'** के साथ समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध बना रहा है तथा इसकी

चतुर्थ भाव में स्थित बादशाह गुरु एवं राहु पर शत्रु दृष्टि है। मुस्लिम एशायाई देश (ईरान) अमरीका के समक्ष उग्र रूप से व्यवहार करेगा तथा किसी भी समय युद्धाग्नि में जाकर वैश्विक वातावरण में हाहाकार मचा देगा। इसी प्रकार फिलीस्तीन-इज़रायल मध्य युद्धाग्नि कभी भी भड़क सकती है। विश्व की इन उग्र परिस्थितियां में अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय भारत को उग्र शान्तिदूत की भूमिका में देखेगा।

मुस्लिम देशों की कुण्डली
(19 जुला., 2023 ई. से
6 जुला., 2024 ई. तक)



## सन् 2024 ई. में ग्रहगोचर स्थिति और विश्व के हालात

वर्षप्रवेश एवं जगत्-लग्न कुण्डली में ग्रहस्थिति अनुसार आगामी वर्ष सम्पूर्ण विश्व विशेषतया यूरोपीय देशों के लिए उलझनपूर्ण परिस्थितियां लेकर आएगा। वर्षभर लग्न पर केतु की स्थिति तथा सप्तम भाव (व्यापार, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध) में राहु की स्थिति शोचनीय अर्थव्यवस्था की ओर संकेत कर रही है। लग्न भाव पर मंगल की गुप्त शत्रु दृष्टि के कारण ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन से ठण्डे यूरोपीय देश भी नहीं बच पाएंगे। फलतः यूरोपीय तथा पश्चिमी एशियाई देशों में भी ऊर्जा की माँग व्यापक रूप से बढ़ जाएगी। परन्तु रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण यूरोपीय देशों की ऊर्जा की निरन्तर कमी शिरोवेदना ही बढ़ाएगी। गतवर्ष भी लिखा गया था कि रूस-चीन की विस्तारीकरण नीतियों के विरुद्ध अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, नाटो तथा ताईवान के साथ गुट बनाएगा तथा विश्व लगभग दो गुटों में बंट जाएगा। विश्व-युद्ध समतुल्य शीत-युद्ध शुरु होगा, जिसकी अवधि लगभग 2-3 वर्ष रहेगी।

**पौष मास** (27 दिसं. 2023 से 25 जन. 2024 ई. तक) में पाँच बृहस्पतिवार होने से पश्चिमी व मुस्लिम देशों जैसे-ईराक, सूडान, इज़रायल-फिलीस्तीन, यूक्रेन आदि देशों में राजनीतिक व आतंकवादी टकराव तथा युद्धजन्य हालात बनेंगे। मेषस्थ गुरु पर शनि की नीच दृष्टि, मीनस्थ राहु पर मंगल की शत्रु दृष्टि के प्रभावस्वरूप व्यापार जगत् में विशेष उथल-पुथल होगी। राजनीतिक वातावरण भी अशान्त तथा पेचीदा बन जाएगा।

**माघ मास** (26 जन. से 24 फर. तक) में पांच शुक्र तथा पाँच शनिवार होने से विश्व में कहीं युद्धभय, कहीं छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन) हो। गुरु-शुक्र के मध्य दृष्टि सम्बन्ध (5-9) तथा गुरु पर शनि की नीच दृष्टि के प्रभाव से विश्व में युद्ध तथा भयंकर प्राकृतिक प्रकोपों तथा आर्थिक उथल-पुथल से व्यापक जन-धन हानि का भय रहे। विश्व राजनीति में भारत का प्रभुत्व बढ़ेगा।

**फाल्गुन मास** (25 फर. से 25 मार्च तक) में पाँच रविवार तथा पाँच सोमवार होने से मुस्लिम एवं विरोधी देशों (इज़रायल-फिलीस्तीन) के मध्य युद्धमय वातावरण, तनाव, उपद्रव, विद्रोह आदि घटनाएं घटित होंगी। कहीं शासन परिवर्तन, किसी वरिष्ठ व्यक्ति की हत्या या निधन की भी सम्भावना है।

**चैत्र मास** (26 मार्च से 23 अप्रैल मध्य) में पाँच मंगलवार रहेंगे।

**खप्पर योग**—चान्द्र माघ मास से चैत्र मास (26 जन. से 23 अप्रैल, 2024 ई. के मध्य) के मध्यान्तर में क्रमशः **5 शनिवार, 5 रविवार** तथा **5 मंगलवार** पड़ने से अनिष्टकारी '**खप्पर योग**' बन रहा है, जिसका फल शास्त्रों में अशुभ कहा है-

**शनि भानु कुजे वारे बहवः संक्रमा-मासा यदाः।**
**तदामहर्घं अनिलं कुर्वते रोग-विग्रहम्॥**

अर्थात् चान्द्र मासों या संक्रान्तियों में क्रमशः शनि, रवि एवं मंगलवारों का आगमन हो, तो इसके प्रभावस्वरूप पाक, चीन आदि शत्रु देश भारत, ताईवान आदि देशों के प्रति कुटिल चालों का प्रयोग करते रहेंगे, विश्व के अधिकांश देशों में उपभोग्य वस्तुओं जैसे-खाद्यान्न, पैट्रोल, सोना, चाँदी आदि धातुओं में ज़बरदस्त तेजी होगी। किन्हीं मुस्लिम देशों में हिंसक, आतंकी एवं महाशक्तियों के हवाई हमलों से भी विनाशकारी घटनाएँ घटित होंगी।

**वैशाख मास** (24 अप्रैल से 23 मई तक) में पाँच बुधवार तथा पाँच गुरुवार होने, मेषस्थ सूर्य-शुक्र पर शनि की नीच दृष्टि, '**मंगल-राहु**' योग रहने से पश्चिमी एशियाई देशों में युद्ध के बादल मंडराएंगे। टर्की, अफगानिस्तान, ईरान, सीरिया, यमन, पौलैण्ड में अमरीका, रूस आदि देश अलग-अलग आधिपत्य स्थापित करने के लिए इन देशों को भीषण संघर्ष की अग्नि में झोंक देंगे।

**ज्येष्ठ मास** (24 मई से 22 जून तक) में पांच शुक्रवार तथा पाँच शनिवार होने, 31 मई से 12 जून वृष राशि में '**चतुर्ग्रही योग**' होने से, विश्व में कहीं छत्रभंग, उपद्रव व हिंसक घटनाओं का भय रहे। सर्वप्रकार के अनाज महँगे होंगे। राजनीतिक दृष्टि से एवं प्राकृतिक प्रकोपों के कारण विषम परिस्थितियां उत्पन्न होंगी।

**आषाढ़ मास** (23 जून से 21 जुला. मध्य) में **पाँच रविवार** आने, त्रयोदश दिनात्मक पक्ष होने से अचानक किसी यूरोपीय देश में सत्ता-परिवर्तन होने के भी योग हैं। विश्व में किन्हीं देशों के मध्य युद्धजन्य परिस्थितियां बनेंगी। रूस-यूक्रेन युद्ध के इलावा किसी देश द्वारा आकस्मिक लघु फौजी कार्यवाही करने से विश्व भयानक युद्ध के मुहाने पर खड़ा होगा।

**श्रावण मास** (22 जुला. से 19 अग. तक) में पांच सोमवार बुध-शुक्र का वक्री शनि के साथ समसप्तक योग (19 जुला. से 21 अग.) रहने से कुछ देशों से युद्ध के समाचार मिलें। युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं से पृथ्वी रक्त-रंजित रहे।

**भाद्रपद मास** (20 अग. से 18 सितं.) में **पाँच मंगलवार**, 10 अग. से 15 सितं. तक सूर्य-शनि के मध्य समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध रहने से अमेरिका, ब्रिटेन, यूक्रेन आदि देशों के प्रधाननेता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**आश्विन मास** (19 सितं. से 17 अक्तू.) में पांच बृहस्पतिवार आने, सूर्य-बुध-केतु पर मंगल की विशेष दृष्टि रहने से विश्व में अमरीका, जापान, इण्डोनेशिया जैसे देशों में तूफ़ान, आँधियां, सुनामी, भूकम्प आदि प्रकोप अधिक होंगे।

**कार्तिक मास** (18 अक्तू. से 15 नवं.) में पांच शुक्रवार, ता. 20 अक्तू. से '**मंगल-शनि** के मध्य षडाष्टक योग सम्बन्ध रहने से विश्व के कुछ प्रमुख देशों में टकराव, युद्ध-

भय, दंगे-फिसाद एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। यूरोपीय एवं मुस्लिम देशों में अमरीका द्वारा युद्ध का वातावरण बना दिया जाएगा।

**मार्गशीर्ष मास** (16 नवं. से 15 दिसं. तक) में पाँच शनि तथा पाँच रविवार, सूर्य-शनि के मध्य (4-10) दृष्टि सम्बन्ध रहने से पृथ्वी (विश्व) पर राजाओं के मध्य टकराव, युद्ध तथा लोगों में भी परस्पर विग्रह एवं विरोध रहे। प्रजा में क्लिष्ट रोगों का प्रसार तथा निरीह लोगों की अकालमृत्यु के भी योग है।

**पौष मास** (16 दिसं., 24 से 13 जन., 2025 ई. तक) में पाँच सोमवार, पौष रविवारी संक्रान्ति भी विश्वभर में राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियां पेचीदापूर्ण एवं उलझनपूर्ण रहेंगी। यूरोपीय देशों में आयधिक महँगाई, सूखे एवं दुर्भिक्ष का भय रहे। विश्व के प्रमुख नेता के लिए अशुभ एवं अनिष्टकर समय होगा।

## विश्व के कुछ प्रसिद्ध देश

**अमेरिका (America)**–इसकी प्रभावराशि **मिथुन** की जगत् लग्न कुण्डली में अष्टम भाव (प्राकृतिक आपदाओं, युद्ध आदि का भाव) में स्थिति है। जगत् कुं. में राशिस्वामी बुध नीचराशिगत है तथा राहु आदि ग्रहों से युक्त है। ग्रहस्थिति आगामी वर्ष 2024 ई. में अमरीका के लिए उलझन एवं पेचीदा परिस्थितियां उत्पन्न करेगा। अमरीका को अपने विरोधी देशों रूस, ईरान, उ.कोरिया आदि के साथ किसी भी समय प्रत्यक्ष लघु युद्ध में जाना पड़ सकता है। इसके विपरीत अमेरिका के लिए भारत की महत्ता धीरे-धीरे बढ़ती जाएगी। भारत-अमरीका के सम्बन्ध अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक एवं नई विश्व-व्यवस्था की दृष्टि से नए दौर की शुरुआत होगी, नए अध्याय का निर्माण होगा। धरती पर ही नहीं, अंतरिक्ष में भी भारत-अमरीका की सांझेदारी देखने को मिलेगी। आने वाले वर्ष में अमेरिका से भारत में होने वाले प्रत्यक्ष विदेशी निवेश यानि एफ.डी.आई. में भारी बढ़ौत्तरी देखने को मिलेगी। भारत-अमरीका के मध्य आर्थिक सांझेदारी नए क्षितिज तक पहुँच जाएगी। अमेरिका में आगामी वर्ष नवम्बर, 2024 ई. में होने वाले राष्ट्रपति चुनावों में **'जोए-बाईडन'** की डेमोक्रेटिक सरकार का अग्निपरीक्षा का समय होगा, इसकी लोकप्रियता में कमी आएगी तथा यथेष्ठ (पुर्न) सफलता संदिग्ध ही रहेगी।

**पाकिस्तान (Pakistan)**–जगत् लग्न कुण्डली में इस देश की **प्रभावराशि** एकादश भाव (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध, चुनाव सम्बन्धी भाव) में केतु द्वारा आक्रान्त है। केतु पर मंगल, सूर्यादि ग्रहों की अशुभ दृष्टि भी रहेगी। फलस्वरूप ग्रहस्थिति पाकिस्तान जैसे नाकाम देश के लिए और गम्भीर संकेत कर रही है। फरवरी, 2024 ई. में होने वाले सम्भावित चुनावों से पूर्व ही गठबन्धन वाली शरीफ सरकार को आंतरिक विरोध एवं आलोचनाओं के कारण अपने पद से इस्तीफा भी देना पड़ सकता है। राष्ट्रीय चुनावों में गठबन्धन पार्टी तथा इमरान खान की P.T.I. के मध्य ज़बरदस्त चुनावी हिंसा तथा कांटे की टक्कर के बाद यद्यपि गठबन्धन सरकार (पाक मुस्लिम लीग-एन) को बढ़त मिलेगी। परन्तु चुनाव पश्चात् पाकिस्तान में अफरा-तफरी भरा माहौल रहेगा। गठबन्धन सरकार में से भी एक नया चेहरा उभरकर सामने आएगा जो पाकिस्तान की कमान सम्भालेगा। यद्यपि नवाज़-शरीफ की लोकप्रियता में भी वृद्धि होगी। कुछ भी अप्रत्याशित हो सकता है। चाहे पिछले दरवाज़े से उसकी सेना ही संचालित करेगी। कर्ज के कुचक्र मे फंस कर धरातल की तरफ जाता दिखाई देगा। पाकिस्तान के भीतर सामाजिक ताना-बाना तथा राजनीतिक माहौल छिन्न-भिन्न हो जाएगा। भारत के विरुद्ध चीन के समर्थन से आतंकी संगठनों का पोषण एवं संवर्धन करता रहेगा।

# वि. सम्वत् 2081 में गोचर ग्रहस्थिति और भारत का भविष्यफल

जन्मकुंडली स्वतंत्र भारत
14/15 अगस्त, 1947 ई.
($23^{\text{घं.}}$–$59^{\text{मिं.}}$) भा. स्टैं. टा.



कुंडली गणतंत्र दिवस
26 जनवरी, 1950 ई.
$10^{\text{घं.}}$–$19^{\text{मिं.}}$ (भा. स्टैं. टा.)



कुं. स्वतंत्र भारत (77वाँ वर्ष)
15 अगस्त, 2023 ई., मंगलवार
11:35 A.M. (I.S.T.), (दिल्ली)



लग्न स्पष्ट-6-12°-26′-15″

कुं. स्वतंत्र भारत, 78वाँ वर्ष
14 अगस्त, 2024 ई.,
17:45 P.M. (I.S.T.), (दिल्ली)



लग्न स्प.-9-06°-22′-27″

कुं. गणतन्त्र दिवस, 75वाँ वर्ष
27 जनवरी, 2024 ई., शनिवार
9:37 A.M. (I.S.T.), (दिल्ली)



लग्न स्प.-10-28°-35′-05″

# स्वतन्त्र भारत का 77वाँ वर्ष

## (15 अगस्त, सन् 2023 ई. से 14 अगस्त, 2024 ई. तक)

स्वतन्त्र भारत के 77वें वर्ष की कुण्डली (15 अगस्त, 2023 ई.) में तुला लग्न उदित हुआ है। वर्ष-लग्नेश शुक्र दशम भाव में शत्रुराशिगत सूर्य एवं चंद्रमा युक्त होकर अस्तगत स्थिति में है। लग्न-भाव (केन्द्रीय नेतृत्व, मन्त्रीमण्डल, जनता की प्रवृत्ति का भाव) में केतु की स्थिति तथा उस गुरु की शत्रु सप्तम दृष्टि पड़ रही है। ग्रहस्थिति अनुसार प्रधानमन्त्री एवं केन्द्रीय सरकार के समक्ष सन् 2024 ई. में सत्ता का रास्ता बहुत कंटकाकीर्ण रहेगा। 'आई.एन.डी.आइ.ए.' (I.N.D.I.A.) नामक विपक्षी संगठन के बनने से भाजपा और एन.डी.ए. संगठन के सामने बहुत बड़ी चुनौती खड़ी हो जाएगी, **जिससे 2024 का चुनाव बहुत रोचक हो जाएगा**। चुनावों से पूर्व आगामी वर्ष का समय केन्द्रीय सरकार के लिए असमंजसपूर्ण एवं विवशतापूर्ण परिस्थितियों वाला होगा। मुंथा भी व्यय भाव (गुप्त-शत्रु, षड्यन्त्र, युद्ध सम्बन्धी कार्यों का भाव) में होने से चुनाव पूर्व सरकार द्वारा बजट आदि सत्रों में जनकल्याण एवं विकास हेतु अनेक योजनाएं राष्ट्र को समर्पित की जाएंगी अर्थात् उनका शुभारम्भ किया जाएगा। भारत नई लाजिस्टिक नीति, गतिशक्ति योजना के कारगर कार्यान्वयन, नीतिगत सुधारों, कारोबार आरम्भ करने के लिए सिंगल विंडो मंजूरी, इन्फ्रास्ट्रक्चर श्रमिकों को नए दौर के अनुरूप प्रशिक्षण देने के साथ-साथ विभिन्न आर्थिक और वित्तीय सुधारों से अगले वर्ष दुनिया के शीर्ष पसंदीदा एफ.डी.आई. वाले देशों की सूची में दिखाई देगा। विश्व का हर बड़ा देश और उनका खेमा भारत को अपने साथ देखना चाहेगा। विकसित राष्ट्र की संकल्पना के साथ अमृतकाल में भारत के कदम तेज़ी से सिरमौर राष्ट्र के रूप में स्थापित होने की दिशा में बढ़ेंगे।

परन्तु लग्नस्थ केतु पर गुरु की शत्रु दृष्टि एवं च, सप्तमस्थ **'गुरु-राहु'** पर शनि की विशेष नीच दृष्टि के कारण सत्तारूढ़-विपक्ष के मध्य आरोप-प्रत्यारोपों के कारण भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की गरिमा को गहरा आघात लगेगा। विपक्ष तथा सरकार के मध्य जनकल्याण न होकर मुफ्तखोरी की राजनीति का बोलबाला रहेगा। चुनाव जीतने के लिए वित्तीय स्थिति की अनदेखी कर लोकलुभावन वादे करके अर्थव्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ करेंगे।

आगे 16 नवं. से 15 दिसं. तक सूर्य-शनि मध्ये (4-10) दृष्टि सम्बन्ध, 29 नवं. से 24 दिसं. 2023 ई. तक गुरु-शुक्र के मध्य समसप्तक योग, मंगल-शनि के मध्य भी (4-10) दृष्टि सम्बन्ध रहने से राजनीतिक वातावरण बड़ा असमंजसपूर्ण तथा आरोप-प्रत्यारोप भरा रहेगा। यह समयावधि सत्तारूढ़ केन्द्रीय भाजपा सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण एवं कठिन समय होगा। कुछ राज्यों में आशा के विपरीत जनमत मिलने से भाजपा पार्टी में नैराश्य की भावना का विस्तार होगा। अन्तर्कलह एवं उत्साह में कमी के कारण आगामी विधानसभा (राजस्थान, म.प्र., छत्तीसगढ़ आदि) चुनावों में भाजपा अपेक्षित सीटें प्राप्त करने में असफल रहेगी।

**विपक्षी** (I.N.D.I.A. आदि) **गठबन्धन सरकार** के खिलाफ शिरोवेदना वाले कई ज्वलन्त मुद्दे उठाकर सरकार को असमंजस की स्थिति में ला देगी।

# भारतीय गणतन्त्र का 75वाँ वर्ष

75वें गणतन्त्र दिवस की (27 जनवरी, 2024 ई.) कुण्डली में कुम्भ लग्न उदित हुआ है। वर्ष-लग्नेश शनि लग्न भाव (केन्द्रीय नेतृत्व का भाव) में स्वराशिगत होकर तृतीय भावस्थ (पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्ध, संचार साधनों का भाव) गुरु पर शत्रु दृष्टि रख रहा है। गुरु की विशेष नवम शुभ दृष्टि एकादश भाव (राष्ट्रीय आय, चुनाव, वाणिज्य से सम्बन्धित भाव) पर है। फलस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक मन्दी, रूस-यूक्रेन युद्ध, खाड़ी देशों का तनाव, रूस पर विश्व के बड़े देशों के आर्थिक प्रतिबंध, घरेलू एवं विदेशी मैदान पर भारत के खिलाफ दुष्प्रचार, तथाकथित असहिष्णुता, अल्पसंख्यकों-दलितों के साथ भेदभाव का नकली हौव्वा, लोकतांत्रिक-संवैधानिक संस्थाओं पर संकट के साजिशी दुष्प्रचार को धूल-धूसरित करते हुए भारत न केवल घरेलू मोर्चे पर सफलता के कीर्तिमान स्थापित करेगा, बल्कि वैश्विक मोर्चे पर मज़बूत ताकत और अर्थव्यवस्था बनकर भी उभरेगा। संसद् के शीतसत्र अथवा बजट-सत्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार द्वारा सामाजिक न्याय से जुड़े व जनोपयोगी विधेयकों के लाने से विपक्ष के पास समर्थन के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं रहेगा।

13 फरवरी से 14 मार्च, 2024 ई. के मध्य कुम्भ राशि में **सूर्य-शनि**, फिर 15 मार्च से **'मंगल-शनि'** योग रहने से चुनावों की घोषणा होते ही पक्ष-विपक्ष के नेताओं के बीच पारस्परिक सम्मान और भाषाई शालीनता की अनुपस्थिति जनता को झकझोर देगी। विभिन्न पार्टियों द्वारा विभाजनकारी राजनीति का परिदृश्य उपस्थित किया जाएगा। भ्रष्टाचार, बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान व वापिस भेजने, भ्रष्टाचार, अपूरित विकास योजनाओं की बात पृष्ठभूमि में रहेंगी, जबकि वोट-बैंक प्रथम वरीयता में रहेगा।

15 मार्च से 23 अप्रैल, 2024 ई. तक **'मंगल-शनि'** योग रहेगा। लगभग इसी समय देश में लोकसभा के चुनाव हो रहे होंगे। वैचारिक दिवालियेपन से जूझ रहे विपक्षी कुनबे (I.N.D.I.A.) में चौतरफा विरोधाभास, मतभेद, निहित स्वार्थ स्पष्ट दिखाई देने शुरु हो जाएंगे। क्षेत्रियों दलों के सामने गठबन्धन से ज़्यादा अपना गढ़ बचाना प्राथमिकता होगी। इधर चुनावों से पूर्व केन्द्रीय सरकार द्वारा विकासोन्मुखी नीतिगत निर्णयों के क्रियान्वयन में तीव्रता लाई जाएगी। सदियों पहले विदेशी हमलावरों द्वारा किए गए सांस्कृतिक हमलों से छुटकारा पाने के लिए नई कार्य योजना बनाई जाएगी। भारत में नवनिर्माण की क्रान्ति चल पड़ेगी। 'भारत-मंडपम' (I.E.C.), नई संसद् आदि को विश्व-हेरीटेज़ में शामिल होते ही भारत की प्रतिष्ठा नई ऊँचाइयां छू लेगी। मार्च-अप्रैल में विपरीत ग्रह-योग के कारण देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था दल-बदली के रोग से पतन में जाती दिखेगी तथा अप्रैल-मई में गुरु-शुक्र ग्रहों के अस्त रहने तथा विपरीत गोचर ग्रहस्थिति के कारण केन्द्र व राज्य

सरकारों की दोषपूर्ण आर्थिक नीतियों के कारण कुछ राज्यों में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, साम्प्रदायिक तनाव, बेरोज़गारी पक्ष-विपक्ष की **अमर्यादित ब्यानबाजी, उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में अतिशय वृद्धि इत्यादि ज्वलन्त समस्याओं के कारण जनता में असन्तोष तथा वोट डालते समय असमंजस की स्थिति रहे।**

## स्वतन्त्र भारत का 78वाँ वर्ष

### ( 14 अगस्त, 2024 ई. से संवतान्त तक )

**स्वतन्त्र भारत** के 78वें वर्ष की कुण्डली में (14 अगस्त, 2024 ई.) मकर लग्न उदित हुआ है, जोकि भारत की प्रभावराशि भी है। वर्ष लग्नेश शनि द्वितीय भाव (राष्ट्र की आर्थिक स्थिति, व्यापार, शेयरों, मुद्रास्फीति का भाव) में स्वराशिगत शुभ है। **फलस्वरूप मज़बूत प्रधानमन्त्री के असाधारण नेतृत्व में भारत एक महाशक्ति के रूप में उभरने के साथ ही कठिन वैश्विक परिस्थितियों में दुनिया को भी सही राह दिखाएगा।** देश में सेमीकंडक्टर के निर्माण से अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल जाएगी। सेमीकंडक्टर के निर्माण से ऑटोमोबाइल, इलैक्ट्रानिक्स एवं रक्षा-सेक्टर को काफी लाभ मिलेगा। पर्यावरण, टूरिज्म, ऊर्जा दक्षता और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता से भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में स्थापित होगा। परन्तु सत्तापक्ष एवं विपक्ष की विचारधाराओं में ज़बरदस्त मतभेद देखने को मिलेगा। वस्तुतः स्वतन्त्र भारत की **78वें वर्ष की कुण्डली में एक सक्षक्त केन्द्रीय सरकार के ही संकेत हैं जिससे देश में गुणात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा।** कुं. में एकादश भाव पर गुरु की शुभ परन्तु लग्न पर नीच दृष्टि रहने से राजनीति में नेताओं के परस्पर विरोधी एवं राष्ट्र-विरोधी बयानों से वाद-विवाद बढ़ेंगे। वास्तव में भारतीय राजनीति में राष्ट्रहित को प्राथमिकता देने के लिए अभी साहस, समर्पण और सद्बुद्धि की कमी रहेगी तथा संकल्पशक्ति का अभाव रहेगा। परन्तु भारत में एक सशक्त, मज़बूत, स्थायी, उत्तरदायी तथा सुधार-उन्मुखी सरकार के कारण सम्पूर्ण विश्व का भारत पर भरोसा रहेगा।

## सन् 2024 ई. में ग्रहगोचर और भारतवर्ष

वर्षारम्भ से ही **पौष मास** (27 दिसं., 2023 ई. से 25 जन., 2024 ई. के मध्य) में पांच बुधवार तथा पाँच बृहस्पतिवार आने, मेषस्थ गुरु पर शनि की नीच दृष्टि, मीनस्थ राहु पर मंगल की अशुभ दृष्टि रहने से देश में राजनीतिक वातावरण अशान्त तथा पेचीदा बन जाएगा। अयोध्या से राम-मन्दिर के भव्य उद्घाटन के बाद यद्यपि एक पक्ष का वातावरण बनता दिखेगा, परन्तु शीघ्र ही चुनावों की घोषणा होते ही विभिन्न पार्टियों द्वारा विभाजनकारी राजनीति का परिदृश्य उपस्थित किया जाएगा।

**माघ मास** (26 जन. से 24 फर. तक) में पांच शुक्र एवं पांच शनिवार आने, गुरु-शुक्र के मध्य दृष्टि सम्बन्ध (5-9) तथा मेषस्थ गुरु पर शनि की दृष्टि के प्रभाव से देश में आशातीत महँगाई, कहीं सत्ता-परिवर्तन हो। ता. 13 से 'सूर्य-शनि' योग के प्रभावस्वरूप से किसी राज्य के प्रधाननेता की पदच्युति या आकस्मिक निधन होगा। बेमौसमी वर्षा, बर्फबारी, तेज आँधी या तूफान से खड़ी फसलों को हानि होगी।

**फाल्गुन मास** (25 फर. से 25 मार्च) में पाँच रविवार आने ता. 29 फर. को सूर्य-शनि मध्य अंशात्मक युति, 15 मार्च से 'मंगल-शनि' योग होने से केन्द्रीय नेतृत्व को किसी कठिन चुनौती का सामना होगा। राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विशेष राजनीतिक घटनाक्रम एवं उपद्रवी व विस्फोटक हालात बनेंगे। देश के कुछ भागों में आन्तरिक कलह, उपद्रव, अशान्ति एवं पार्टियों के मध्य वैचारिक युद्ध का वातावरण बने।

**चैत्र मास** (26 मार्च से 23 अप्रैल) में **पाँच मंगलवार** रहने, 23 अप्रैल तक 'मंगल-शनि' योग, मेष राशि में 'बुध-गुरु' योग तथा मीन राशि में 'सूर्य-शुक्र-राहु' योग होने से राजनीतिक पटल पर विशेष उथल-पुथल, कहीं भूकम्प, विस्फोट, यानादि दुर्घटना से भारी जन-धन हानि हो।

**भौम सौरीश्चेकराशौद्वयो स्थिते यदे। दुर्भिक्षं राज्यभंगं च मेदिन्यामग्नितोभयम्।।**

***खप्पर योग***—**माघ, फाल्गुन, चैत्र** (26 जन. से 23 अप्रैल तक) तीन महीनों में क्रमशः पाँच शनिवार, पाँच रविवार और पाँच मंगलवार होने से **खप्पर योग** बन रहा है। इसके अनिष्ट प्रभावस्वरूप देश में कहीं राज्यभंग एवं हिंसक घटनाएं घटित हों, कहीं अग्निकाण्ड या प्राकृतिक प्रकोप से जन, धनादि की क्षति हो। सामान्य लोगों में महँगाई के कारण गहन असन्तोष एवं आक्रोश रहे।

**लोके खर्पर योगोऽयं जीव धान्यादि नाशकः।।**

**वैशाख मास** (24 अप्रैल से 23 मई) में पांच बुधवार तथा पांच बृहस्पतिवार, गुरु-शुक्र अस्त रहने, मेषस्थ सूर्य-शुक्र पर शनि की नीच दृष्टि, 'मंगल-राहु' योग होने से देश के पश्चिमी राज्यों (पंजाब, कश्मीर, राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र आदि) में कहीं साम्प्रदायिक एवं हिंसक घटनाएं घटित होने के योग हैं। आगामी तीन मास तक ज़बरदस्त महँगाई से हो जाएगी। **राजनैतिक पार्टियों में परस्पर टकराव, विरोध तथा प्रतिष्ठा व साख का युद्ध होगा। केन्द्रीय मन्त्रीमण्डल के लिए अनिष्टकर समय होगा अर्थात् केन्द्रीय मन्त्रीमण्डल का नया सुरूप देखने को मिलेगा।**

**राहुरंगारकश्च राशि ऋक्षगतौ तदा। भयाभयं सस्यानां न च वृष्टि प्रजायते।।**

**ज्येष्ठ मास** (24 मई से 22 जून) में पाँच शुक्रवार तथा पाँच शनिवार आने, 31 मई से वृष राशि में चतुर्ग्रही योग, 1 जून से मेषस्थ मंगल पर शनि की दृष्टि रहने से देश में आशातीत महँगाई, कहीं दुर्भिक्ष, अग्निकाण्ड, कहीं छत्रभंग (शासन-परिवर्तन) हो। नई केन्द्रीय सरकार द्वारा युग बदलने वाले परिवर्तन किए जाएंगे।

**आषाढ़ मास** (23 जून से 21 जुला.) में पांच रविवार आने, मंगल-शनि के मध्य दृष्टि सम्बन्ध रहने से कहीं वर्षा की कमी तथा कहीं अत्यधिक वर्षा से बाढ़ की स्थिति बने।

**त्रयोदश दिनात्मक पक्ष**—23 जून से 5 जुला., 2024 ई. के मध्य आषाढ़ कृष्ण

पक्ष तेरह दिन का होने से कुछ राज्यों जैसे–पं.बंगाल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय आदि में हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। सीमाप्रान्तों में शत्रुकृत गतिविधियों से शान्तिभंग हो सकती है। राजनैतिक पार्टियों के प्रमुख नेताओं में किसी राजनैतिक विषय को लेकर विवाद तूल पकड़ेंगे। भारत अथवा विश्व में कहीं रेल या हवाई दुर्घटना, बाढ़, भूकम्पादि प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन हानि हो। राजनैतिक व सामाजिक वातावरण भी अशान्त व उद्वेलित रहे–

**अनेक युग साहस्रयां देव योगात्प्रजायते। त्रयोदश–दिने पक्ष: तदा संहरते जगत्।**

आगे **श्रावण मास** (22 जुला. से 19 अग.) में कुम्भराशिगत शनि वक्री रहने, बुध-शुक्र के साथ समसप्तक योग रहने से कुछ राज्यों में प्राकृतिक आपदा, अनावृष्टि से भारी जन-धनादि की हानि हो। प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त प्रजा के प्रति सरकारी उदासीनता रहे। **'मंग.-गुरु'** के कारण देश के कुछ क्षेत्रों में वर्षा की कमी रहे।

**भाद्रपद मास** (20 अगस्त से 18 सितंबर) में पांच मंगलवार घटित होने, 16 अग. से सूर्य-शनि के मध्य समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध रहने से किसी प्रधाननेता के अपदस्थ या आकस्मिक मृत्यु के संकेत हैं। देश के किसी क्षेत्र विशेष में छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन), अग्निकाण्ड, उपद्रव, साम्प्रदायिक दंगे, तनाव एवं हिंसक घटनाएं घटित होने के योग हैं। सरकार कोई अप्रत्याशित निर्णय भी ले सकती है।

**आश्विन मास** (19 सितं. से 17 अक्तू.) में पांच बृहस्पतिवार होने तथा बृहस्पतिवार की ही संक्रान्ति, 12 अक्तू. से गुरु-शुक्र मध्य समसप्तक दृष्टि सम्बन्ध होने से देश के पश्चिमी भागों (जैसे–कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरातादि प्रदेशों में कहीं उपद्रव एवं हिंसक घटनाएं घटित होने के संकेत हैं। राजनैतिक वातावरण अशान्त तथा असमंजसपूर्ण रहेगा। सरकार-विपक्ष के मध्य टकराव, वैचारिक युद्ध की स्थिति रहे।

**कार्तिक मास** (18 अक्तू. से 15 नवं.) में पांच शुक्रवार आने, **'मंगल-शनि'** के मध्य षडाष्टक योग सम्बन्ध होने से क्लिष्ट रोग भय, कहीं दुर्भिक्ष, छत्रभंग (सत्ता-परिवर्तन) हो। सरकार एवं विपक्षी पार्टियों के मध्य वाद-विवाद एवं आरोप-प्रत्यारोप एक नए शिखर तक पहुँच जाएंगे।

**मार्गशीर्ष मास** (16 नवं. से 15 दिसं.) में शनिवारी संक्रान्ति (16 नवं.), पाँच शनि तथा पांच रविवार होने, मंगल-शनि के मध्य षडाष्टक योग सम्बन्ध होने से कहीं छत्रभंग, राजनैतिक अस्थिरता एवं राजनैतिक गतिरोध पैदा होने का भय है। पैट्रोल आदि कुछ वस्तुओं में भयंकर तेजी, राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अति स्वार्थपरता के कारण साम्प्रदायिकता, कट्टरवाद का फैलाव तथा चारित्रिक मूल्यों का ह्रास होगा।

**पौष मास** (16 दिसं., 24 ई. से 13 जन., 2025 ई.) में बुध-गुरु के मध्य समसप्तक, **'मंगल-शनि'** के मध्य षडाष्टक, **'गुरु-शुक्र'** के मध्य नवपंचम दृष्टि सम्बन्ध रहने से विपरीत जलवायु एवं प्राकृतिक प्रकोपों से खड़ी फसलों को हानि पहुँचे। पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्ध तनावपूर्ण रहेगा। छद्म एवं वैचारिक (मनोवैज्ञानिक) युद्ध खेलने का प्रयास किया जाएगा।

# केन्द्र में भाजपा गठबन्धन सरकार के योग

**जन्मकुण्डली श्री नरेन्द्र मोदी**
**17 सितम्बर, 1950 ई., रविवार**
**$11^{\text{घं.}}$-$00^{\text{मिं.}}$ A.M, महेसाना (गुज.)**



**स्थापना कुण्डली**
**भाजपा पार्टी**
**6-04-1980, 11:40 A.M**



[प्रधानमन्त्री एवं लौहपुरुष श्रीनरेन्द्र मोदी जी की जन्म कुण्डली का विस्तृत विश्लेषण एवं विवेचना हम गतवर्षीय पंचांगों (वि. संवत् 2071, 2072, 2073) में विस्तारपूर्वक एवं विशेष रूप से कर चुके हैं, वहाँ अवश्य पढ़ना चाहिए।] इस वर्ष हम ग्रहगोचर अनुसार ही प्रधानमन्त्री जी की जन्म कुं. पर कुछ प्रकाश डालेंगे।

वर्तमान में तथा आगामी सम्पूर्ण वर्ष (2024 ई. में) भी पराक्रमेश एवं सुखेश शनि चतुर्थ भाव (सर्वसाधारण की प्रसन्नता का भाव) में स्वराशिगत होकर लग्न भाव (केन्द्रीय नेतृत्व, मन्त्रीमण्डल के हालात का भाव) को शत्रु दृष्टि से देखेगा। आगामी वर्ष भी मोदी जी की जन्मराशि व जन्मलग्न पर शनि की ढैय्या का अशुभ प्रभाव भी रहेगा। फलत: आगामी वर्ष मोदी जी के लिए राजनीतिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्तर पर परीक्षाप्रद समय रहने वाला है। मोदी जी की जन्मकुण्डली में चन्द्रमा नीचस्थ परन्तु केन्द्रस्थ होकर योगकारक है। मंगल लग्नेश होकर लग्न भाव में ही स्वराशिगत हो एवं भाग्येश चन्द्रमा के साथ होकर लग्न भावस्थ होने से महापुरुष योगों में से **रुचक नामक शुभ योग** बनता है। वृश्चिक लग्न में लग्नेश मंगल की महादशा/अर्न्तदशा विशेष रूप से शुभ, भाग्योदयकारक होती है। मंगल-गुरु-शुक्र-शनि ग्रह केन्द्र भावस्थ है।

जातक-पारिजात ग्रन्थानुसार यदि नवमेश, लाभेश, धनेश में से एक भी चन्द्रमा से केन्द्र में हो तो जातक को अखण्ड राज्य का पति बचावे–

**धर्मेशलाभेश धनेश्वराणामेकोऽपि शीतद्युति केन्द्रवर्ती।**
**अखण्ड साम्राज्य–पति त्वमेति।।**

एक ऐसे दौर में जब भारत तेज आर्थिक वृद्धि के पथ पर अग्रसर है, तब प्रधानमन्त्री का नेतृत्व और रणनीतिक अंतर्राष्ट्रीय सक्रियता वैश्विक स्तर पर भारत के कद को बढ़ाएगी। परन्तु 15 मार्च से 23 अप्रैल, 2024 ई. तक **मंगल-शनि** योग, तदुपरान्त 23 अप्रैल से 1 जून तक **'मंगल-राहु'** योग रहने से उक्त समयावधि में विपक्ष के आधारहीन आरोपों एवं निन्दा के कारण परेशानियों एवं उलझनों वाला रहेगा। परन्तु ता. 1 मई 2024 ई. से गुरु की दृष्टि लग्नभाव पर रहने से मोदी जी अपने कुशल नेतृत्व एवं राजनीतिक सूझ-बूझ से चुनावों का मूल विमर्श ही बदल देंगे। जनता के प्रतिबिंब के रूप में सभी पर एकछत्र नियन्त्रण रखते

हुए विपक्ष की आलोचनाओं का विकासोन्मुखी नीतियां बनाकर प्रत्युत्तर देंगे।

वर्तमान में श्रीमोदी पर 21 मई, 2023 ई. से 27 अप्रैल, 2024 ई. तक मंगल मध्ये गुरु की अन्तर्दशा शुभफली ही रहेगी। इस दशा में प्रधानमन्त्री मोदी की विदेश यात्राओं से ऐसी नई विश्व-व्यवस्था की नींव पड़ेगी जिसमें **भारत अपनी क्षमता, विचारधारा** और **नेतृत्व की बदौलत निर्णायक भूमिका में दिखाई देगा।** उद्योग-कारोबार से सम्बन्धित ऐसा महत्त्वपूर्ण परिदृश्य उभरकर सामने आएगा, जिसमें भारत दुनिया का नया मैन्यूफैक्चरिंग हब बनते हुए दिखाई देगा। सामान-नागरिक संहिता का मसौदा देश की जनता के विचारार्थ रख दिया जाएगा। इससे समान नागरिक संहिता को लेकर दुष्प्रचार करने वालों पर लगाम लगेगी। विपक्षी दलों के पास वैकल्पिक विमर्श तथा वैकल्पिक नेतृत्व का अभाव रहेगा। परन्तु 16 नवंबर, 2023 ई. से वृश्चिकस्थ मंगल पर शनि की शत्रु दृष्टि रहने से प्रधानमंत्री मोदी के लिए कुछ विपरीत परिस्थितियां बन सकती हैं। अतः **संघर्ष, परेशानियों** तथा **उलझनों के पश्चात् विधानसभा ( राजस्थान, म.प्र., ३६गढ़ ) चुनावों में किंचित सफलता ही मिल पाएगी।**

**भारतीय जनता पार्टी**—स्वतन्त्र भारत की 77वें वर्ष की कुण्डली में भाजपा की जन्मराशि वृश्चिक पर मंगल की स्वगृही दृष्टि तथा शनि की विशेष शत्रु दशम दृष्टि भी रहेगी। फलस्वरूप अनेक उथल-पुथल एवं कुछ संघर्ष के बावजूद सन् 2023-24 ई. में होने वाले कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों तथा **लोकसभा चुनावों में येन-केन प्रकारेण सफलता प्राप्त कर ही लेगी।** भाजपा सरकार द्वारा पिछले नौ वर्षों में तमाम उपलब्धियां किए जाने के बाद भी कुछ क्षेत्रों में उसे सत्ता विरोधी रुझान से दो-चार होना पड़ेगा। परन्तु भाजपा पार्टी तीसरी बार सत्ता का जनादेश लेने के लिए अपने सभी परंपरागत वायदों को पूरा करने के रिपोर्ट कार्ड के साथ जाएगी। अर्थात् भाजपा चुनावों से पूर्व दूसरे कार्यकाल के अंतिम चरण में एक और परंपरागत चुनावी वायदा पूरा करने का प्रयास करेगी। **फलतः लोकसभा चुनावों में तो भाजपा का परचम पूरे देश में लहराएगा। 'इंडिया'** नामक संगठन भाजपा को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश करेगा। क्षेत्रीय दल केवल मोदी हटाओ एजेंडे के तहत एकजुट होने की कोशिश करेंगे। परन्तु एकजुट होकर चुनाव लड़ने की रूपरेखा इस बात का निर्धारण करेगी कि विपक्षी एकता का गुब्बारा हवा का दबाव सहेगा या फट जाएगा। वैचारिक एकजुटता और अन्य निष्ठाओं पर अक्सर व्यक्तिगत महत्त्वाकांक्षाएं हावी होती प्रतीत होंगी, जिसका सीधा लाभ भाजपा को होगा।

## लोकसभा चुनाव—सन् 2024 ई.—संभावित दृश्य

आगामी नवम्बर-दिसम्बर में चार राज्यों के विधानसभा एवं सन् 2024 ई. में लोकसभा चुनावों के परिणाम आश्चर्यजनक एवं अप्रत्याशित होंगे। कुछ क्षेत्रों (राज्यों) से भारी उल्ट-फेर भरे परिणाम सामने आएंगे। संसदीय चुनाव की आहट के साथ ही भाजपा को भी सहयोगियों की आवश्यकता महसूस होने लगेगी। भाजपा या अन्य किसी पार्टी को स्वतन्त्र रूप से बहुमत या अधिक सीटें प्राप्त करना संदिग्ध रहेगा। कुछ क्षेत्रों (बिहार, बंगाल, महाराष्ट्र आदि) में भाजपा गठबन्धन (N.D.A.) तथा तथाकथित 'इण्डिया' की पार्टियों में कांटे की टक्कर होगी। परन्तु **भाजपा गठबन्धन को अपेक्षाकृत अधिक सीटों पर विजयी प्राप्ति होगी।**

विभीत्स धर्मांधता कुछ क्षेत्रों में अपना वर्चस्व कर लेगी। स्वयं अपनी कुछ दोषपूर्ण निर्णयों एवं अन्तर्कलह के कारण भाजपा सरकार को अनेक प्रान्तों में आशा के विपरीत नतीजे देखने पड़ेंगे। परन्तु फिर भी तेलंगाना, आंध्राप्रदेश, ३६गढ़, कर्नाटक आदि राज्यों में भाजपा का वोट-प्रतिशत बढ़ेगा तथा केन्द्र में एक बार पुनः भाजपा गठबन्धन (N.D.A.) सरकार के ही आने के योग हैं।

**स्वतन्त्र भारत कुं., गणतन्त्र दिवस कुण्डली तथा स्वयं मोदी जी की कुण्डली की ग्रहविवेचना के अनुसार भी श्रीनरेन्द्र मोदी जी के ही पुनः प्रधानमन्त्री बनने के प्रबल योग बन रहे हैं।** परन्तु तृतीय भाजपा गठबन्धन सरकार (N.D.A.) का रूप, रंग गत भाजपा प्रणीत सरकारों से भिन्न ही होगा।

## कांग्रेस पार्टी तथा 'इंडिया' नामक महागठबन्धन—एक विवेचना

कांग्रेस पार्टी की स्थापना कुण्डली में धनु लग्न उदित है। लग्नेश गुरु वर्षारम्भ (सन् 2024 ई.) से 30 अप्रैल, 2024 ई. तक पंचम भाव (योजना, प्रशासनिक बुद्धि का भाव) में मित्र राशिगत होकर लग्न भाव को स्वगृही दृष्टि से देखेगा। शनि की भी वर्षभर व्यय भाव पर शत्रु दृष्टि रहेगी। अतः ग्रहगोचर अनुसार तो अप्रैल, 2024 ई. तक चुनावों में शुभ सफलता प्राप्ति के ही योग हैं। अर्थात् कांग्रेस पार्टी को आगामी लोकसभा चुनावों से पहिले तक बेहतर परिणाम मिलने की सम्भावना है।

**राजस्थान, ३६गढ़ में सत्ता के खिलाफ जनाक्रोश के बावजूद कांग्रेस पार्टी के वोट-प्रतिशत में विशेष कमी नहीं आएगी।** परन्तु पुनः सत्तारूढ़ होना भी संदिग्ध लग रहा है। कांग्रेस को पुराने दिन वापिस लाने के लिए कांग्रेस कार्यकाल में हुए जन-हितकारी कार्यों को आम जन तक पहुँचाना बहुत ज़रूरी होगा। पुनः कांग्रेस को सहयोगी विपक्षी दलों के वजूद को भी महत्त्व देना होगा। लोकसभा चुनावों की घोषणा होने पर क्षेत्रीय दलों को कांग्रेस के लिए जगह खाली करने के लिए कहा जाएगा, परन्तु कोई जगह देने की बात पर स्वीकार्य नहीं होगा। क्षेत्रीय दल कांग्रेस को जनाधार वापिस पाते नहीं देखना चाहेंगे, क्योंकि उनका भविष्य उसकी कमज़ोरी पर टिका है। **'इंडिया' नामक महागठबन्धन का हिस्सा बनकर कांग्रेस नए राजनीतिक दुष्चक्र में जानबूझ कर फंसती दिखेगी। तात्कालिक आंशिक लाभ हेतु भविष्य को अंधकारमय कर लेगी।**

**कुण्डली कांग्रेस पार्टी**
**26-11-1969**
**9:57 A:M, बैंगलूरू**



प्रत्येक पार्टी द्वारा अलग-अलग बयान तथा स्वर बदलने से महागठबन्धन की परिकल्पना एवं यथार्थ कुछ राज्यों तक ही सीमित होगा। यद्यपि नवम्बर-दिसम्बर, 2023 ई. में ३६गढ़, राजस्थान, म.प्र., मिज़ोरम में कांग्रेस की चुनावी उपलब्धियों को देखते हुए कुछ सहयोगी एवं नए राजनीतिक दल कांग्रेस के साथ आने के लिए तत्पर दिखेंगे।

**कुण्डली श्रीराहुल गाँधी**
**19-06-1970 ई., 5:05 A.M.**



**श्री राहुल गाँधी जी की जन्म कुण्डली** में वृष लग्न उदित है। तथा जन्मराशि पर शनि की ढैय्या का प्रभाव वर्षभर (2024 ई.) रहेगा। 18-09-2022 से 18-11-2023 तक मंगल मध्ये शुक्र की अर्न्तदशा विशेष शुभ फलदायी नहीं रहेगी क्योंकि राहुल जी की जन्मकुण्डली में शुक्र शत्रु राशिगत है। शनि की ढैय्या का प्रभाव भी अशुभ रहेगा क्योंकि जन्म कुं. में शनि नीचराशिगत तथा नवांश कुं. में शत्रु (वृश्चिकस्थ) राशिगत है। फलतः ज्योतिष की दृष्टि से अभी इनका उच्च पद पर प्रतिष्ठित होना संदिग्ध ही है। ता. 1 मई, 2024 ई. से गुरु इनके लग्न में आकर (शत्रुराशिगत) संचार करेगा, जिससे इनकी पार्टी के कई वरिष्ठ सदस्य पार्टी छोड़कर इनसे शत्रुवत् व्यवहार करना प्रारम्भ कर देंगे। वस्तुतः देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस राजनीति और रणनीति के इस संक्रमणकाल में सबसे ज़्यादा संक्रमित होगी। यद्यपि कांग्रेस अपनी संयम-सकारात्मकता की राजनीतिक पूंजी के बल पर कुछ राज्यों में सत्ता प्राप्त करने में अवश्य सफल होगी, परन्तु लोकसभा के चुनावी-युद्ध में न केवल राहुल गाँधी के चातुर्य की बल्कि कांग्रेस की संगठनात्मक शक्ति की भी ज़रूरत होगी।

ग्रहयोगानुसार महागठबन्धन में निजी आकांक्षाएं प्रबल एवं भिन्न-भिन्न स्वर होने से यह रणनीतिक गठजोड़ अधिक देर तक सफल नहीं हो पाएगा तथा क्षेत्रीय दलों का यह गठजोड़ अपने सीमित क्षेत्र में ही कामयाब दिखेगा। जिससे सत्तारूढ़ भाजपा गठबन्धन अन्य दलों का समर्थन येन-केन प्रकारेण प्राप्त कर लेगा।

## भारत के कुछ मुख्य प्रान्त

**(1) हिमाचल प्रदेश**–इसकी **प्रभावराशि मीन** तथा **नामराशि कर्क** है। 77वें स्वतन्त्र भारत की कुण्डली में नामराशि दशम भाव में सूर्य-चंद्र-शुक्र ग्रहों द्वारा अधीष्ठित है। इसकी प्रभावराशि पर शनि-साढ़ेसाती तथा नामराशि कर्क पर शनि की ढैय्या का प्रभाव रहेगा। जबकि गणतन्त्र दिवस कुं. इसकी प्रभावराशि राहु ग्रह द्वारा आक्रान्त है। अतएव आगामी वर्ष प्रदेश को प्राकृतिक आपदाओं जैसे-अतिवृष्टि, भूस्खलन, बाढ़ आदि प्रकोपों के कारण कृषि, जन-धनादि की भारी क्षति होने के संकेत हैं। विपक्ष (भाजपा) राज्य में बेरोज़गार युवाओं को रोज़गार दे पाने में विफलता, कानून व्यवस्था की चरमराई व्यवस्था, शासनतंत्र के हर स्तर पर स्थानांतरणों का सिलसिला न थमना, नशीले पदार्थों का प्रचलन, अवैध खनन का धंधा, बदहाल हुई सड़कों, किसानों-बागवानों को हुए नुक्सान की भरपाई, केन्द्र सरकार से तथा साथ लगते राज्यों से प्रदेश के हक हासिल कर पाने में श्री सुखविन्दर सिंह की विफलता जैसे अनेक मुद्दे उठाए जाएंगे। फिर भी हिमाचल आपदा के अन्धेरे से गुज़र देश को रोशन करता रहेगा। **आगामी वर्ष लोकसभा चुनावों में दोनों मुख्य पार्टियों में कांटे की टक्कर के बाद भाजपा को अल्पान्तर से ही सफलता प्राप्ति के योग हैं।**

**(2) पंजाब**–इसकी प्रभावराशि मीन तथा नामराशि कन्या है। 77वें स्वतन्त्र दिवस कुण्डली में मीन राशि षष्ठस्थ भाव में है तथा **नाम राशि कन्या** द्वादश भाव में मुंथा युक्त है। गणतन्त्र दिवस कुं. में प्रभावराशि एवं नाम राशि पर क्रमशः राहु-केतु अधीष्ठित हैं। गोचर-ग्रहस्थिति अनुसार वर्तमान '**आप**' सरकार को विशेष आर्थिक समस्याओं व चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। लोकसभा चुनावों से पूर्व यद्यपि 'भगवन्त मान' सरकार (आप) कई नए प्रोजैक्टों तथा लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा करेगी। परन्तु बैमौसमी वर्षा तथा प्रतिकूल जलवायु-वातावरण के कारण खड़ी फसलों को हानि होगी। जिस कारण पंजाब की खेती बदलाव की राह पर होगी। आर्थिक संकट के कारण जनता तथा औद्योगिक क्षेत्र से विरोध का सामना करना पड़ेगा। राज्य के मंत्रीमण्डल में अन्तर्विरोध, टैक्सों, बिजली (ऊर्जा) समस्या, ड्रग्ज़, कृषि-ऋण के कारण किसानों द्वारा आत्महत्याएँ, लूट आदि समस्याओं के कारण प्रजा में गहन असन्तोष रहे। आगामी लोकसभा चुनावों से पूर्व भाजपा-अकाली-दल के गठबन्धन की प्रबल सम्भावनाएं हैं। परन्तु दोनों पार्टियों को विशेष लाभ नहीं होगा।

**(3) जम्मू-कश्मीर–प्रभावराशि तुला** तथा **नामराशि मकर** है। 77वें स्वतन्त्रता दिवस कुं. में तुला राशि लग्न ही उदित हुआ है। ता. 30 अप्रैल, 2024 ई. तक लग्नस्थ केतु पर गुरु की अशुभ दृष्टि, तदुपरान्त 1 मई, 2024 ई. से गुरु की नीच दृष्टि नामराशि मकर पर रहेगी। जिस कारण इस वर्ष एवं आगामी वर्ष भी पेचीदा परिस्थितियों के मध्य जम्मू-कश्मीर का राजनीतिक एवं सामाजिक वातावरण विक्षुब्ध एवं अशान्त रहेगा। पाक समर्थित आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ एवं हिंसक घटनाओं में वृद्धि होना तथा नवम्बर, 2023 ई. के बाद आने वाली पाकिस्तान की नवीन सरकार द्वारा कश्मीर समस्या को पुनः बार-बार अन्तर्राष्ट्रीय मंचों पर उठाने का प्रयास तथा आतंकियों द्वारा हिन्दु समाज की लक्षित हत्याएं आदि विकट समस्याएं केन्द्रीय सत्तारूढ़ सरकार के लिए चुनौतीपूर्ण रहेंगी। लोकसभा चुनावों में श्रीफारुख अब्दुल्ला के नैशनल फ्रंट गठबन्धन को अपेक्षाकृत यथेष्ठ सफलता प्राप्त होगी। जम्मू क्षेत्र में भाजपा तथा गुलाम नबी आज़ाद की पार्टी को सफलता प्राप्त हो। पी.डी.पी. का प्रभाव कमज़ोर होगा।

**(4) हरियाणा**–इस प्रान्त की **नामराशि मिथुन** तथा **प्रभावराशि मीन** है। 77वें स्वतन्त्रता दिवस कुण्डली में नामराशि भाग्यस्थान में तथा प्रभावराशि षष्ठस्थ है। गणतन्त्र दिवस कुं. में मीन राशि पर राहु अधीष्ठित है। सत्तारुढ़ भाजपा गठबन्धन सरकार द्वारा लोकसभा चुनावों से पूर्व जनता को आकर्षित करने हेतु अनेक विकासोन्मुखी योजनाओं की घोषणाएं की जाएंगी। प्रभावराशि मीन पर शनि-साढ़ेसाती का प्रभाव रहने से कुछ क्षेत्रों में साम्प्रदायिक तनाव व झड़पों के बाद विभीत्स धर्मांधता वर्चस्व कर लेगी। कुछ क्षेत्रों में कांग्रेस का प्रभाव बढ़ेगा। सत्तारूढ़ भाजपा गठबन्धन में सामूहिक कार्यशैली का अभाव रहेगा। *आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा तथा इनैलो को मध्यम रुपेण सफलता प्राप्त हो जाएगी।*

**(5) उत्तर-प्रदेश**–राज्य की **प्रभावराशि धनु** तथा **नामराशि वृष** है। 75वें गणतन्त्र दिवस कुण्डली (27-01-2024 ई.) में नामराशि वृष पर मुंथा की स्थिति तथा मुंथेश शुक्र एकादश भाव में शत्रुराशिस्थ व प्रभावराशि धनु में स्थित है। धनु राशि मंगल-बुध-शुक्र द्वारा अधीष्ठित है। फलस्वरूप मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ वोटों को आकर्षित करने वाले एक करिश्माई नेता बने रहेंगे। ग्रहस्थिति अनुसार आगामी वर्ष लोकसभा चुनावों से पूर्व प्रदेश में विभिन्न दलों के मध्य चुनावी गठजोड़ होंगे। सपा-कांग्रेस तथा अन्य दलों के मध्य बने महागठबन्धन के कारण लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार को कुछ क्षेत्रों में हानि होगी, परन्तु कुछ क्षेत्रों में हानि की बजाए लाभ होगा तथा **चुनावों के रण में प्रचण्ड विजय प्राप्त कर 2014 के रिकार्ड को तोड़कर भी अधिक सांसद संसद् में भेजेगी।** अनेक अवरोधों के बावजूद नई क्रान्तिकारी एवं प्रगतिपद योजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा, परन्तु श्रीराम का भव्य मन्दिर के उद्घाटन के बाद भाजपा की लोकप्रियता में विशेष वृद्धि होगी।

**(6) दिल्ली**–इसकी **नामराशि मीन** 75वें गणतन्त्र दिवस कुं. (21-01-2024 ई.) में द्वितीय भाव में राहु द्वारा तथा **प्रभावराशि मकर** द्वादश (व्यय) भाव में सूर्य द्वारा अधीष्ठित है। दिल्ली राज्य एवं शहर आरोप-प्रत्यारोप की दूषित एवं विषैली राजनीति का केन्द्र बन जाएगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार में टकराव की राजनीति उपहास का कारण बन जाएगी। **'आप'** सरकार के लोकलुभावन नारों और नीतियों की कीमत अंततः जनता को चुकानी पड़ेगी। लोकसभा चुनावों में गठबन्धन के कारण भाजपा को 1-2 सीटों का मामूली नुकसान होगा।

**(7) राजस्थान**–प्रभाव राशि **कर्क** तथा नाम राशि **तुला** है। 77वें स्वतन्त्र भारत की कुण्डली (15-08-2023 ई.) में तुला राशि केन्द्र में केतु द्वारा अधीष्ठित है। तुला राशि पर केतु की स्थिति 30 अक्तू., 2023 ई. तक रहेगी। परन्तु प्रभावराशि कर्क पर शनि की ढैय्या का प्रभाव इस वर्ष के साथ-साथ अगले वर्षान्त तक रहेगा। फलतः सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार को कठिन एवं विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। गतवर्ष के पंचांग में भी लिखा जा चुका है कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की स्थिति सुदृढ़ होगी। यद्यपि भाजपा-कांग्रेस में कांटे की टक्कर दृष्टिगोचर होगी। अन्तर्कलह के कारण भाजपा अपेक्षित सीटें प्राप्त नहीं कर पाएगी। यद्यपि लोकसभा चुनावों में भाजपा की स्थिति इस प्रदेश में सुदृढ़ रहेगी।

उपरोक्त भविष्यवाणियां देश, राज्य, स्थानादि की जन्म कुण्डलियों में ग्रहस्थिति, दशा एवं गोचर ग्रहों के प्रभाव व संकेतों को आधार मानकर अपनी अल्प बुद्धि के अनुसार लिपिबद्ध की गई हैं। वास्तव में सर्वश्रेष्ठ भविष्यवेत्ता एवं सर्वज्ञ तो स्वयं ईश्वर ही है–

**"फलानि ग्रह संचारेण सूचयन्ति मनीषिणः। को वक्तः तारतम्यस्य वेधसं विना।"**

**लेख लिपिबद्धम्–**

**अधि. श्रावण पूर्णिमा,**
**1 अगस्त, सन् 2023 ई., मंगलवार**

**शुभ चिन्तकः**
**पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी**
**सुपुत्र श्रद्धेय स्व. पं. पन्ना लाल ज्यो.,**
**अड्डा होशियारपुर, जालन्धर (पंजाब)**
**फोन–94172-91325**

## वि. संवत् २०८१ में त्रयोदश (13) दिनात्मक पक्ष का फल

## ('विश्वघस्र पक्ष' का फल)

विक्रमी संवत् २०८१ में तिथियों की प्रत्यक्ष सूक्ष्म गणना के कारण आषाढ़ कृष्ण पक्ष (23 जून से 5 जुलाई, 2024 ई.) में तेरह दिन का पक्ष घटित हो रहा है। इसका फल शास्त्रों में अशुभ एवं अनिष्टकारी बताया गया है।

सामान्यतः सूर्य-चन्द्रमा की स्पष्ट गणित प्रक्रिया के बाद प्रत्येक भारतीय पंचांग में कृष्ण अथवा शुक्ल पक्ष के अन्तर्गत प्रतिवर्ष पक्ष के दिन 14, 15 अथवा 16 दिन घटित हो जाते हैं अर्थात् पक्ष में कोई तिथि क्षय हो जाने की स्थिति में 14, तिथि की वृद्धि अर्थात् 24 घण्टे से अधिक व्याप्ति-एक वार से दूसरे वार के आरम्भ से आगे तक चले गए, तो दो दिन व्याप्ति होने से कारण पक्ष में 16 दिन बन जाते हैं तथा यदि किसी तिथि का क्षय या वृद्धि न हुई हो तो पक्ष में 15 दिन ही होते हैं। कई बार सूर्य-चन्द्र की स्पष्ट गणितप्रक्रिया के कारण किसी पक्ष में दो बार तिथि का क्षय हो जाने से 13 दिन का पक्ष भी आ जाता है। इसे **'विश्वघस्र पक्ष'** भी कहते हैं। महाभारत में भी तेरह दिन के पक्ष के अशुभत्व के सम्बन्ध में वर्णन मिलता है। अन्य शास्त्रकारों ने भी त्रयोदश दिनात्मक पक्ष के अशुभत्व के विषय में अनेकत्र प्रमाण मिलते हैं। यथा–

**'अनेकयुग साहस्त्रयाद् दैवयोगात् प्रजायते। त्रयोदशदिने पक्षः तदा संहरते जगत्॥'** (मेघ महोदय)

अर्थात् कई एक युगों में प्रजा का नाश करने के निमित्त तेरह दिन का पक्ष आता है अर्थात् जिस पक्ष में तेरह दिन हों, वह पक्ष लोगों में क्लिष्ट रोग उत्पादक, महँगाई, विग्रह, उपद्रव एवं हिंसा आदि अशुभ फलकारक होता है। विश्व में किसी देश का विघटन अर्थात् भूगोल में परिवर्तन होता है। समाज में सर्वत्र अशान्ति का वातावरण फैलता है। अन्यत्र भी इस सम्बन्ध में अशुभ फल कहे गए हैं–

**'यदा च जायते पक्षस्त्रयोदश दिनात्मकः। भवेल्लोक क्षयो–घोरो रुण्डमुण्डमालायुता मही॥'**
**'त्रयोदशदिनः पक्षो भवेद् वर्षाष्टकान्तरे। तदा नगरभंगः स्यात् छत्रभंगो महर्घता॥'**

इस त्रयोदश दिनात्मक पक्ष के प्रभावस्वरूप विश्व एवं भारत में राजनैतिक, आर्थिक एवं सामाजिक परिस्थितियां अस्थिर एवं अशान्तिपूर्ण होंगी। राजनैतिक पार्टियों के मध्य विग्रह, टकराव एवं बिखराव पैदा होंगे। कहीं तोड़-फोड़, हिंसा, विस्फोटक घटनाएँ एवं छत्रभंग की आशंका होगी। कहीं भयंकर युद्ध का वातावरण बनने से अशान्ति बने तथा कहीं भूकम्प, दुर्भिक्ष, भूस्खलन आदि प्राकृतिक प्रकोपों से भारी जन-धन हानि के योग बनते हैं।

तेरह-दिन के पक्ष में शास्त्रों में विवाह, मुण्डन, गृह-प्रवेश, उपनयन आदि शुभ कार्यों का निषेध माना गया है। ज्योतिर्निबन्धानुसार–

**'उपनयनं परिणयनं वेश्मारम्भादि कर्माणि। यात्रां द्विक्षयपक्षे कुर्यात् न जिजीविषु पुरुषः॥'**

उपरोक्त शास्त्र-वाक्य को आधार मानकर परम्परावश कुछ विद्वान इस **'विश्वघस्त्र-पक्ष'** में शुभ कार्यों का निषेध मानते आ रहे हैं, परन्तु मुहूर्त्त चिन्तामणि में कश्यप मुनि के मतानुसार केन्द्र/त्रिकोण में शुभ ग्रहस्थिति होने पर इस विश्वघस्त्र पक्ष का दोष समाप्त हो जाता है–

**'अब्दायनर्तुमासोत्थाः पक्षतिथ्यृक्ष–सम्भवाः। ते सर्वे नाशमायान्ति केन्द्रसंस्थे शुभग्रहे॥'**

परन्तु इस वर्ष त्रयोदश दिनात्मक पक्ष (आषाढ़ कृष्ण पक्ष) के समय शुक्र अस्त है। अतएव इस पक्ष में कोई नवीन शुभ मुहूर्त्त नहीं होगा।

# सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एवं उदयास्त (घं. मिं.) (सन् 2024-25 ई.)

## सूर्य राशि प्रवेश

| ता. मास | राशि | घं. मिं. | ता. मास | राशि | घं. मिं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 14 जन. | मकर | 26:43 | 16 सितं. | कन्या | 19:43 |
| 13 फर. | कुम्भ | 15:43 | 17 अक्तू. | तुला | 7:42 |
| 14 मार्च | मीन | 12:36 | 16 नवं. | वृश्चिक | 7:32 |
| 13 अप्रै. | मेष | 21:04 | 15 दिसं. | धनु | 22:10 |
| 14 मई | वृष | 17:54 | 14 जन.(25) | मकर | 8:55 |
| 14 जून | मिथुन | 24:27 | 12 फर. | कुम्भ | 21:56 |
| 16 जुला. | कर्क | 11:19 | 14 मार्च | मीन | 18:50 |
| 16 अग. | सिंह | 19:44 | | | |

## मंगल राशि प्रवेश (संवतारम्भ में कुम्भ में)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 23 अप्रै. | मीन | 8:38 | 20 अक्तू. | कर्क | 14:22 |
| 1 जून | मेष | 15:37 | 6 दिसं | वक्री | 29:01 |
| 12 जुला. | वृष | 18:58 | 21 जन.(25) | व. मिथुन | 10:05 |
| 26 अग. | मिथुन | 15:25 | 24 फर. | मार्गी | 7:32 |

## बुध राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मेष में वक्री)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 9 अप्रै. | व. मीन | 21:30 | 4 सितं. | सिंह | 11:22 |
| 25 अप्रै. | मार्गी | 18:24 | 23 सितं. | कन्या | 10:10 |
| 10 मई | मेष | 18:43 | 10 अक्तू | तुला | 11:19 |
| 31 मई | वृष | 12:12 | 29 अक्तू | वृश्चिक | 22:39 |
| 14 जून | मिथुन | 23:05 | 26 नवं. | वक्री | 8:12 |
| 29 जून | कर्क | 12:26 | 15 दिसं. | मार्गी | 26:26 |
| 19 जुला | सिंह | 20:46 | 4 जन.(25) | धनु | 12:02 |
| 5 अग. | वक्री | 10:26 | 24 जन. | मकर | 17:38 |
| 22 अग. | व. कर्क | 6:38 | 11 फर. | कुम्भ | 12:53 |
| 28 अग. | मार्गी | 26:42 | 27 फर. | मीन | 23:45 |
| | | | 15 मार्च | वक्री | 12:16 |

## गुरु राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मेष में)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मई | वृष | 12:57 | 4 फर.(25) | मार्गी | 15:10 |
| 9 अक्तू. | वक्री | 12:30 | ----- | --- | ---- |

## शुक्र राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 24 अप्रै. | मेष | 23:58 | 31 जुला | सिंह | 14:33 |
| 19 मई | वृष | 8:42 | 24 अग. | कन्या | 25:16 |
| 12 जून | मिथुन | 18:29 | 18 सितं. | तुला | 13:56 |
| 6 जुला | कर्क | 28:31 | 13 अक्तू | वृश्चिक | 6:00 |

## —शुक्र राशि प्रवेश—

| | | |
|---|---|---|
| 6 नवं. | धनु | 27:31 |
| 2 दिसं. | मकर | 11:57 |
| 28 दिसं. | कुम्भ | 23:39 |
| 28 जन.(25) | मीन | 7:02 |
| 2 मार्च | वक्री | 6:06 |

## —शनि राशि प्रवेश—

(संवतारम्भ में कुम्भ में)

सारा संवत् कुम्भ राशि में ही रहेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 29 जून | वक्री | 24:29 |
| 15 नवं. | मार्गी | 19:53 |

संवतान्त में 29 मार्च, 2025 ई. को मीन राशि में प्रवेश करेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 29मार्च(25) | मीन | 21:44 |

## मध्यम राहु राशि प्रवेश

(संवतारम्भ में मीन में)

पूरा संवत् मीन राशि में ही संचार करेगा।

## मध्यम केतु राशि प्रवेश

(संवतारम्भ में तुला में)

सारा संवत् तुला राशि में ही संचार करेगा।

## यूरेनस

| | | |
|---|---|---|
| 1 जून | वृष | 15:46 |
| 1 सितं. | वक्री | 20:50 |
| 13 दिसं. | व. मेष | 11:10 |
| 30जन.(25) | मार्गी | 21:51 |
| 19 मार्च | वृष | 5:39 |

## नैपच्यून

सारा संवत् मीन राशि में संचार करेगा।

## प्लूटो

सारा संवत् मकर राशि में रहेगा।

## ग्रहों का वक्री-मार्गी

### मंगल

| | | |
|---|---|---|
| 6 दिसं. | वक्री | 29:01 |
| 24 फर.(25) | मार्गी | 7:32 |

### बुध

| | | |
|---|---|---|
| 2 अप्रै. | वक्री | 3:45 |
| 25 अप्रै. | मार्गी | 18:24 |
| 5 अग. | वक्री | 10:26 |
| 28 अग. | मार्गी | 26:42 |
| 26 नवं. | वक्री | 8:12 |
| 15 दिसं. | मार्गी | 26:26 |
| 15 मार्च(25) | वक्री | 12:16 |
| 7 अप्रै. | मार्गी | 16:38 |

### गुरु

| | | |
|---|---|---|
| 9 अक्तू. | वक्री | 12:30 |
| 4 फर.(25) | मार्गी | 15:10 |

### शुक्र

| | | |
|---|---|---|
| 2 मार्च(25) | वक्री | 6:06 |

### शनि

| | | |
|---|---|---|
| 29 जून | वक्री | 24:29 |
| 15 नवं. | मार्गी | 19:53 |

### यूरेनस

| | | |
|---|---|---|
| 1 सितं. | वक्री | 20:50 |
| 30 जन.(25) | मार्गी | 21:51 |

### नैपच्यून

| | | |
|---|---|---|
| 2 जुला. | वक्री | 16:10 |
| 8 दिसं. | मार्गी | 5:17 |

### प्लूटो

| | | |
|---|---|---|
| 2 मई | वक्री | 23:05 |
| 12 अक्तू. | मार्गी | 5:57 |

## ग्रहों का उदय-अस्त (वि. संवत् २०८१)

### मंगल

सारा संवत् उदित रहेगा।

### बुध

(संवतारम्भ में व. पश्चिम में अस्त)

| | | |
|---|---|---|
| 19 अप्रै. | व. पूर्वोदय | 19:02 |
| 3 जून | पूर्व में अस्त | 9:02 |
| 25 जून | पश्चिम में उदय | 29:05 |
| 12 अग. | व. पश्चिम में अस्त | 6:12 |
| 26 अग. | व. पूर्व में उदय | 18:58 |
| 15 सितं. | पूर्व में अस्त | 18:39 |
| 20 अक्तू | पश्चिम में उदय | 28:12 |
| 30 नवं. | व. पश्चिम में अस्त | 17:39 |
| 11 दिसं. | व. पूर्व में उदय | 23:11 |
| 20जन.(25) | पूर्व में अस्त | 5:59 |
| 25 फर. | पश्चिम में उदय | 18:15 |
| 17 मार्च | व. पश्चिम में अस्त | 18:30 |
| 31 मार्च | व. पूर्व में उदय | 20:48 |

### गुरु

| | | |
|---|---|---|
| 6 मई | पश्चिम में अस्त | 19:06 |
| 2 जून | पूर्व में उदय | 24:40 |

### शुक्र

| | | |
|---|---|---|
| 24 अप्रै. | पूर्व में अस्त | 5:56 |
| 7 जुला | पश्चिम में उदय | 7:02 |
| 19मार्च(25) | व.पश्चि. में अस्त | 17:51 |
| 25मार्च(25) | व.पूर्वमें उदय | 18:42 |

### शनि

| | | |
|---|---|---|
| 23 फर.(25) | पश्चिम में अस्त | 18:18 |
| 29 मार्च (25) | पूर्व में उदय | 22:37 |

ता. 2 से 30 मई, 2024 ई. के मध्य गुरु वृष राशि में अतिचारी गति से संचार करेगा।

## ग्रहों की मध्यम, शीघ्र, अतिचारी गति

| ग्रह | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|
| मध्यम | 31′-26″ | 59′-08″ | 5′-00″ | 59′-08″ | 2′-00″ |
| शीघ्र | 39′-01″ | 104′-46″ | 12′-22″ | 73′-43″ | 5′-27″ |
| परमशीघ्र | 46′-11″ | 113′-32″ | 14′-04″ | 75′-42″ | 7′-45″ |

**ध्यान दें !**—मध्यम गति से कम गति हो तो मन्द गति, शीघ्र गति से कम हो तो मध्यम गति, परमशीघ्र गति से कम हो तो शीघ्र गति एवं परमशीघ्र गति से अधिक गति हो तो ग्रह '**अतिचारी**' कहलाता है। यहाँ '**गति**' से अभिप्राय ग्रह की दैनिक गति से है। 24 घण्टे में ग्रह जितना आगे या पीछे चलता है, उसे ग्रह की '***दैनिक गति***' कहते हैं।

# ▲▼▲ ग्रहों का नक्षत्र–चरण प्रवेश—संवत् २०८१ वि. (सन् 2024–25 ई.) ▲▼▲

## सूर्य नक्षत्र प्रवेश (संवतारम्भ में रेवती (3) में)

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 10 अप्रै. | रेव.(4) | 11:31 |
| 13 अप्रै. | अश्वि.1 मेष | 21:04 |
| 17 अप्रै. | अश्वि.(2) | 6:47 |
| 20 अप्रै. | अश्वि.(3) | 16:41 |
| 23 अप्रै. | अश्वि.(4) | 26:44 |
| 27 अप्रै. | भर.(1) | 12:56 |
| 30 अप्रै. | भर.(2) | 23:17 |
| 4 मई | भर.(3) | 9:45 |
| 7 मई | भर.(4) | 20:19 |
| 11 मई | कृति.(1) | 7:02 |
| 14 मई | कृति.2 वृष | 17:54 |
| 18 मई | कृति.(3) | 4:53 |
| 21 मई | कृति.(4) | 16:05 |
| 24 मई | रोहि.(1) | 27:16 |
| 28 मई | रोहि.(2) | 14:38 |
| 31 मई | रोहि.(3) | 26:02 |
| 4 जून | रोहि.(4) | 13:32 |
| 7 जून | मृग.(1) | 25:05 |
| 11 जून | मृग.(2) | 12:44 |
| 14 जून | मृग.3 मिथुन | 24:27 |
| 18 जून | मृग.(4) | 12:15 |
| 21 जून | आर्द्रा(1) | 24:06 |
| 25 जून | आर्द्रा(2) | 11:59 |
| 28 जून | आर्द्रा(3) | 23:53 |
| 2 जुला | आर्द्रा(4) | 11:47 |
| 5 जुला | पुन.(1) | 23:40 |
| 9 जुला | पुन.(2) | 11:33 |
| 12 जुला | पुन.(3) | 23:25 |
| 16 जुला | पुन.4कर्क | 11:19 |
| 19 जुला | पुष्य(1) | 23:10 |
| 23 जुला | पुष्य(2) | 11:01 |
| 26 जुला | पुष्य(3) | 22:48 |
| 30 जुला | पुष्य(4) | 10:30 |
| 2 अग. | आश्ले.(1) | 22:06 |
| 6 अग. | आश्ले.(2) | 9:37 |
| 9 अग. | आश्ले.(3) | 21:04 |
| 13 अग. | आश्ले.(4) | 8:26 |
| 16 अग. | मघा 1 सिंह | 19:44 |
| 20 अग. | मघा(2) | 6:55 |
| 23 अग. | मघा(3) | 18:01 |
| 27 अग. | मघा(4) | 4:59 |
| 30 अग. | पू.फा.(1) | 15:46 |
| 2 सितं. | पू.फा.(2) | 26:25 |
| 6 सितं. | पू.फा.(3) | 12:55 |
| 9 सितं. | पू.फा.(4) | 23:19 |
| 13 सितं. | उ.फा.(1) | 9:35 |
| 16 सितं. | उ.फा.2कन्या | 19:43 |
| 20 सितं. | उ.फा.(3) | 5:42 |
| 23 सितं. | उ.फा.(4) | 15:31 |
| 26 सितं. | हस्त(1) | 25:10 |
| 30 सितं. | हस्त(2) | 10:38 |
| 3 अक्तू | हस्त(3) | 19:56 |
| 7 अक्तू | हस्त(4) | 5:05 |
| 10 अक्तू | चित्रा(1) | 14:06 |
| 13 अक्तू | चित्रा(2) | 22:58 |
| 17 अक्तू | चित्रा(3) तुला | 7:42 |
| 20 अक्तू | चित्रा(4) | 16:16 |
| 23 अक्तू | स्वा.(1) | 24:42 |
| 27 अक्तू | स्वा.(2) | 9:09 |
| 30 अक्तू | स्वा.(3) | 17:02 |
| 2 नवं. | स्वा.(4) | 24:58 |
| 6 नवं. | विशा.(1) | 8:46 |
| 9 नवं. | विशा.(2) | 16:27 |
| 12 नवं. | विशा.(3) | 24:03 |
| 16 नवं. | विशा.4 वृश्चि. | 7:32 |
| 19 नवं. | अनु.(1) | 14:53 |
| 22 नवं. | अनु.(2) | 22:07 |
| 26 नवं. | अनु.(3) | 5:14 |
| 29 नवं. | अनु.(4) | 12:14 |
| 2 दिसं. | ज्ये.(1) | 19:08 |
| 5 दिसं. | ज्ये.(2) | 25:59 |
| 9 दिसं. | ज्ये.(3) | 8:45 |
| 12 दिसं. | ज्ये.(4) | 15:29 |
| 15 दिसं. | मूल 1 धनु | 22:10 |
| 19 दिसं. | मूल (2) | 4:49 |
| 22 दिसं. | मूल (3) | 11:24 |
| 25 दिसं. | मूल (4) | 17:55 |
| 28 दिसं. | पू.षा.(1) | 24:25 |
| (सन् 2025 ई.) | | |
| 1 जन. | पू.षा.(2) | 6:53 |
| 4 जन. | पू.षा.(3) | 13:21 |
| 7 जन. | पू.षा.(4) | 19:51 |
| 10 जन. | उ.षा.(1) | 26:21 |
| 14 जन. | उ.षा.2 मकर | 8:55 |
| 17 जन. | उ.षा.(3) | 15:30 |
| 20 जन. | उ.षा.(4) | 22:06 |
| 24 जन. | श्रव.(1) | 4:44 |
| 27 जन. | श्रव.(2) | 11:25 |
| 30 जन. | श्रव.(3) | 18:08 |
| 2 फर. | श्रव.(4) | 24:56 |
| 6 फर. | धनि.(1) | 7:49 |
| 9 फर. | धनि.(2) | 14:49 |
| 12 फर. | धनि.3 कुम्भ | 21:56 |
| 16 फर. | धनि.(4) | 5:08 |
| 19 फर. | शत.(1) | 12:26 |
| 22 फर. | शत.(2) | 19:48 |
| 25 फर. | शत.(3) | 27:19 |
| 1 मार्च | शत.(4) | 10:56 |
| 4 मार्च | पू.भा.(1) | 18:40 |
| 7 मार्च | पू.भा.(2) | 26:34 |
| 11 मार्च | पू.भा.(3) | 10:37 |
| 14 मार्च | पू.भा.4मीन | 18:50 |
| 17 मार्च | उ.भा.(1) | 27:11 |
| 21 मार्च | उ.भा.(2) | 11:41 |
| 24 मार्च | उ.भा.(3) | 20:18 |
| 28 मार्च | उ.भा.(4) | 5:04 |
| 31 मार्च | रेव.(1) | 13:59 |

## मंगल नक्षत्र प्रवेश

[संवतारम्भ में शत. 4 में]

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं.मिं. |
|---|---|---|
| 10 अप्रै. | पू.भा.(1) | 11:08 |
| 14 अप्रै. | पू.भा.(2) | 18:08 |
| 18 अप्रै. | पू.भा.(3) | 25:18 |
| 23 अप्रै. | पू.भा.4 मीन | 8:38 |
| 27 अप्रै. | उ.भा.(1) | 16:10 |
| 1 मई | उ.भा.(2) | 23:54 |
| 6 मई | उ.भा.(3) | 7:53 |
| 10 मई | उ.भा.(4) | 16:10 |
| 14 मई | रेव.(1) | 24:50 |
| 19 मई | रेव.(2) | 9:52 |
| 23 मई | रेव.(3) | 19:21 |
| 28 मई | रेव.(4) | 5:15 |
| 1 जून | अश्वि.1 मेष | 15:37 |
| 5 जून | अश्वि.(2) | 26:30 |
| 10 जून | अश्वि.(3) | 14:00 |
| 14 जून | अश्वि.(4) | 26:09 |
| 19 जून | भर.(1) | 14:58 |
| 23 जून | भर.(2) | 28:31 |
| 28 जून | भर.(3) | 18:49 |
| 3 जुला | भर.(4) | 9:57 |
| 7 जुला | कृति.(1) | 25:57 |
| 12 जुला. | कृति.2 वृष | 18:58 |
| 17 जुला. | कृति.(3) | 13:04 |
| 22 जुला | कृति.(4) | 8:20 |
| 26 जुला | रोहि.(1) | 28:38 |
| 31 जुला | रोहि.(2) | 26:18 |
| 5 अग. | रोहि.(3) | 25:24 |
| 10 अग. | रोहि.(4) | 26:07 |
| 16 अग. | मृग.(1) | 4:35 |
| 21 अग. | मृग.(2) | 8:59 |
| 26 अग. | मृग.3 मिथुन | 15:25 |
| 31 अग. | मृग.(4) | 24:14 |
| 6 सितं. | आर्द्रा(1) | 11:49 |
| 11 सितं. | आर्द्रा(2) | 26:36 |
| 17 सितं. | आर्द्रा(3) | 21:06 |
| 23 सितं. | आर्द्रा(4) | 19:52 |
| 29 सितं. | पुन.(1) | 23:59 |
| 6 अक्तू | पुन.(2) | 10:52 |
| 13 अक्तू. | पुन.(3) | 6:37 |
| 20 अक्तू. | पुन.4 कर्क | 14:22 |
| 28 अक्तू. | पुष्य(1) | 15:57 |
| 6 नवं. | पुष्य(2) | 24:40 |
| 19 नवं. | पुष्य(3) | 10:39 |
| 7 दिसं. | वक्री | 5:01 |
| 23 दिसं. | व. पुष्य(2) | 26:59 |
| (सन् 2025 ई.) | | |
| 4 जन. | व. पुष्य(1) | 6:43 |
| 12 जन. | व. पुन.(4) | 24:17 |
| 21 जन. | व.पुन.3 मिथुन | 10:05 |
| 30 जन. | व. पुन.(2) | 21:00 |
| 15 फर. | व.पुन.(1) | 5:30 |
| 24 फर. | मार्गी | 7:32 |
| 5 मार्च | पुन.(2) | 16:49 |
| 22 मार्च | पुन.(3) | 25:14 |

## बुध नक्षत्र प्रवेश

[संवतारम्भ में मेष में वक्री]

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 9 अप्रै. | व. रेव.4मीन | 21:30 |
| 14 अप्रै. | व.रेव.(3) | 10:06 |
| 19 अप्रै. | व.रेव.(2) | 15:36 |
| 25 अप्रै. | मार्गी | 18:24 |
| 1 मई | रेव.(3) | 23:35 |
| 6 मई | रेव.(4) | 26:41 |
| 10 मई | अश्वि.1 मेष | 18:43 |
| 13 मई | अश्वि.(2) | 20:55 |
| 16 मई | अश्वि.(3) | 14:58 |
| 18 मई | अश्वि.(4) | 27:28 |
| 21 मई | भर.(1) | 11:41 |
| 23 मई | भर.(2) | 16:35 |
| 25 मई | भर.(3) | 18:44 |
| 27 मई | भर.(4) | 18:30 |
| 29 मई | कृति.(1) | 16:14 |
| 31 मई | कृति.2 वृष | 12:12 |
| 2 जून | कृति.(3) | 6:36 |
| 3 जून | कृति.(4) | 23:34 |
| 5 जून | रोहि.(1) | 15:21 |
| 7 जून | रोहि.(2) | 6:10 |
| 8 जून | रोहि.(3) | 20:05 |
| 10 जून | रोहि.(4) | 9:24 |
| 11 जून | मृग.(1) | 22:12 |
| 13 जून | मृग.(2) | 10:42 |
| 14 जून | मृग. 3 मिथुन | 23:05 |
| 16 जून | मृग.(4) | 11:31 |
| 17 जून | आर्द्रा(1) | 24:08 |
| 19 जून | आर्द्रा(2) | 13:12 |
| 20 जून | आर्द्रा(3) | 26:46 |
| 22 जून | आर्द्रा(4) | 16:05 |
| 24 जून | पुन.(1) | 8:12 |
| 25 जून | पुन.(2) | 24:25 |
| 27 जून | पुन.(3) | 17:46 |
| 29 जून | पुन. 4 कर्क | 12:26 |
| 1 जुला | पुष्य(1) | 8:35 |
| 3 जुला | पुष्य(2) | 6:24 |
| 5 जुला | पुष्य(3) | 6:08 |
| 7 जुला | पुष्य(4) | 8:02 |
| 9 जुला | आश्ले.(1) | 12:26 |
| 11 जुला | आश्ले.(2) | 19:48 |
| 14 जुला | आश्ले.(3) | 6:44 |
| 16 जुला | आश्ले.(4) | 22:31 |
| 19 जुला | मघा 1 सिंह | 20:46 |
| 23 जुला | मघा(2) | 5:04 |
| 27 जुला | मघा(3) | 9:30 |
| 5 अग. | वक्री | 10:26 |
| 13 अग. | व.मघा(2) | 25:45 |
| 18 अग. | व. मघा (1) | 5:07 |
| 22 अग. | व.आश्ले.4कर्क | 6:38 |
| 28 अग. | मार्गी | 26:42 |
| 4 सितं. | मघा 1 सिंह | 11:22 |
| 7 सितं. | मघा(2) | 15:19 |
| 9 सितं. | मघा(3) | 26:47 |
| 12 सितं. | मघा(4) | 6:47 |
| 14 सितं. | पू.फा.(1) | 6–44 |
| 15 सितं. | पू.फा.(2) | 28:20 |
| 17 सितं. | पू.फा.(3) | 24:32 |
| 19 सितं. | पू.फा.(4) | 19:59 |

## बुध नक्षत्र प्रवेश

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 21 सितं. | उ.फा.(1) | 15:06 |
| 23 सितं. | उ.फा.2 कन्या | 10:10 |
| 25 सितं. | उ.फा.(3) | 5:26 |
| 26 सितं. | उ.फा.(4) | 25:03 |
| 28 सितं. | हस्त(1) | 21:09 |
| 30 सितं. | हस्त(2) | 17:48 |
| 2 अक्तू. | हस्त(3) | 15:06 |
| 4 अक्तू. | हस्त(4) | 13:04 |
| 6 अक्तू. | चित्रा(1) | 11:45 |
| 8 अक्तू. | चित्रा(2) | 11:10 |
| 10 अक्तू. | चित्रा 3 तुला | 11:19 |
| 12 अक्तू. | चित्रा(4) | 12:14 |
| 14 अक्तू. | स्वा.(1) | 13:54 |
| 16 अक्तू. | स्वा.(2) | 16:20 |
| 18 अक्तू. | स्वा.(3) | 19:29 |
| 20 अक्तू. | स्वा.(4) | 23:23 |
| 22 अक्तू. | विशा.(1) | 28:00 |
| 25 अक्तू. | विशा.(2) | 9:24 |
| 27 अक्तू. | विशा.(3) | 15:36 |
| 29 अक्तू. | विशा.4 वृश्चि. | 22:39 |
| 1 नवं. | अनु.(1) | 6:40 |
| 3 नवं. | अनु.(2) | 15:52 |
| 5 नवं. | अनु.(3) | 26:28 |
| 8 नवं. | अनु.(4) | 15:04 |
| 11 नवं. | ज्ये.(1) | 6:22 |
| 13 नवं. | ज्ये.(2) | 26:09 |
| 17 नवं. | ज्ये.(3) | 5:56 |
| 21 नवं. | ज्ये.(4) | 6:49 |
| 26 नवं. | वक्री | 8:12 |
| 30 नवं. | व. ज्ये.(3) | 20:27 |
| 3 दिसं. | व.ज्ये.(2) | 24:32 |
| 6 दिसं. | व.ज्ये.(1) | 12:04 |
| 8 दिसं. | व.अनु.(4) | 24:42 |
| 12 दिसं. | व.अनु.(3) | 13:16 |
| 15 दिसं. | मार्गी | 26:26 |
| 19 दिसं. | अनु.(4) | 23:33 |
| 24 दिसं. | ज्ये.(1) | 8:26 |

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 27 दिसं. | ज्ये.(2) | 13:20 |
| 30 दिसं. | ज्ये.(3) | 9:05 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 1 जन. | ज्ये.(4) | 24:02 |
| 4 जन. | मूल(1)धनु | 12:02 |
| 6 जन. | मूल(2) | 22:05 |
| 9 जन. | मूल(3) | 6:41 |
| 11 जन. | मूल(4) | 14:06 |
| 13 जन. | पू.षा.(1) | 20:35 |
| 15 जन. | पू.षा.(2) | 26:15 |
| 18 जन. | पू.षा.(3) | 7:09 |
| 20 जन. | पू.षा.(4) | 11:20 |
| 22 जन. | उ.षा.(1) | 14:49 |
| 24 जन. | उ.षा.2 मकर | 17:38 |
| 26 जन. | उ.षा.(3) | 19:48 |
| 28 जन. | उ.षा.(4) | 21:16 |
| 30 जन. | श्रव.(1) | 22:04 |
| 1 फर. | श्रव.(2) | 22:11 |
| 3 फर. | श्रव.(3) | 21:37 |
| 5 फर. | श्रव.(4) | 20:24 |
| 7 फर. | धनि.(1) | 18:31 |
| 9 फर. | धनि.(2) | 16:00 |
| 11 फर. | धनि.3 कुम्भ | 12:53 |
| 13 फर. | धनि.(4) | 9:13 |
| 15 फर. | शत.(1) | 5:04 |
| 16 फर. | शत.(2) | 24:31 |
| 18 फर. | शत.(3) | 19:39 |
| 20 फर. | शत.(4) | 14:41 |
| 22 फर. | पू.भा.(1) | 9:49 |
| 24 फर. | पू.भा.(2) | 5:23 |
| 25 फर. | पू.भा.(3) | 25:48 |
| 27 फर. | पू.भा.4 मीन | 23:45 |
| 1 मार्च | उ.भा.(1) | 24:14 |
| 4 मार्च | उ.भा.(2) | 5:02 |
| 6 मार्च | उ.भा.(3) | 18:28 |
| 10 मार्च | उ.भा.(4) | 4:14 |
| 15 मार्च | वक्री | 12:16 |
| 20 मार्च | व.उ.भा.(3) | 27:18 |
| 25 मार्च | व.उ.भा.(2) | 6:55 |
| 28 मार्च | व.उ.भा.(1) | 28:13 |

## गुरु नक्षत्र प्रवेश

( संवतारम्भ में भर. 4 में )

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 16 अप्रै. | कृति.(1) | 26:03 |
| 1 मई | कृति.2 वृष | 12:57 |
| 15 मई | कृति.(3) | 16:12 |
| 29 मई | कृति.(4) | 20:53 |
| 13 जून | रोहि.(1) | 5:37 |
| 27 जून | रोहि.(2) | 26:01 |
| 13 जुला. | रोहि.(3) | 19:23 |
| 30 जुला. | रोहि.(4) | 26:36 |
| 20 अग. | मृग.(1) | 16:10 |
| 22 सितं. | मृग.(2) | 15:58 |
| 9 अक्तू. | वक्री | 12:30 |
| 26 अक्तू. | व.मृग.(1) | 6:36 |
| 28 नवं. | व.रोहि.(4) | 14:25 |
| 23 दिसं. | व.रोहि.(3) | 15:38 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 4 फर. | मार्गी | 15:10 |
| 19 मार्च | रोहि.(4) | 18:06 |

## शुक्र नक्षत्र प्रवेश

( संवतारम्भ में उ.भा. 3 में )

| | | |
|---|---|---|
| 11 अप्रै. | उ.भा.(4) | 11:45 |
| 13 अप्रै. | रेव.(1) | 28:32 |
| 16 अप्रै. | रेव.(2) | 21:22 |
| 19 अप्रै. | रेव.(3) | 14:13 |
| 22 अप्रै. | रेव.(4) | 7:05 |
| 24 अप्रै. | अश्वि.1 मेष | 23:58 |
| 27 अप्रै. | अश्वि.(2) | 16:52 |
| 30 अप्रै. | अश्वि.(3) | 16:18 |
| 2 मई | अश्वि.(4) | 26:45 |
| 5 मई | भर.(1) | 19:41 |
| 8 मई | भर.(2) | 12:39 |
| 11 मई | भर.(3) | 5:38 |
| 13 मई | भर.(4) | 22:38 |
| 16 मई | कृति.(1) | 15:40 |
| 19 मई | कृति.2 वृष | 8:42 |

## शुक्र नक्षत्र प्रवेश

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 21 मई | कृति.(3) | 25:46 |
| 24 मई | कृति.(4) | 18:51 |
| 27 मई | रोहि.(1) | 11:56 |
| 30 मई | रोहि.(2) | 5:01 |
| 1 जून | रोहि.(3) | 22:06 |
| 4 जून | रोहि.(4) | 15:12 |
| 7 जून | मृग.(1) | 8:17 |
| 9 जून | मृग.(2) | 25:23 |
| 12 जून | मृग.(3)मिथुन | 18:29 |
| 15 जून | मृग.(4) | 11:36 |
| 17 जून | आर्द्रा(1) | 28:43 |
| 20 जून | आर्द्रा(2) | 21:50 |
| 23 जून | आर्द्रा(3) | 14:58 |
| 26 जून | आर्द्रा(4) | 8:05 |
| 28 जून | पुन.(1) | 25:12 |
| 1 जुला | पुन.(2) | 18:19 |
| 4 जुला | पुन.(3) | 11:25 |
| 6 जुला | पुन.4कर्क | 28:31 |
| 9 जुला | पुष्य(1) | 21:37 |
| 12 जुला | पुष्य(2) | 14:43 |
| 15 जुला | पुष्य(3) | 7:49 |
| 17 जुला | पुष्य(4) | 24:56 |
| 20 जुला | आश्ले.(1) | 18:03 |
| 23 जुला | आश्ले.(2) | 11:11 |
| 25 जुला | आश्ले.(3) | 28:18 |
| 28 जुला | आश्ले.(4) | 21:25 |
| 31 जुला. | मघा 1 सिंह | 14:33 |
| 3 अग. | मघा(2) | 7:41 |
| 5 अग. | मघा(3) | 24:49 |
| 8 अग. | मघा(4) | 17:57 |
| 11 अग. | पू.फा.(1) | 11:07 |
| 13 अग. | पू.फा.(2) | 28:18 |
| 16 अग. | पू.फा.(3) | 21:31 |
| 19 अग. | पू.फा.(4) | 14:45 |
| 22 अग. | उ.फा.(1) | 7:59 |
| 24 अग. | उ.फा.2 कन्या | 25:16 |

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 27 अग. | उ.फा.(3) | 18:34 |
| 30 अग. | उ.फा.(4) | 11:53 |
| 2 सितं. | हस्त(1) | 5:12 |
| 4 सितं. | हस्त(2) | 22:35 |
| 7 सितं. | हस्त(3) | 15:59 |
| 10 सितं. | हस्त(4) | 9:24 |
| 12 सितं. | चित्रा(1) | 26:52 |
| 15 सितं. | चित्रा(2) | 20:23 |
| 18 सितं. | चित्रा 3 तुला | 13:56 |
| 21 सितं. | चित्रा(4) | 7:33 |
| 23 सितं. | स्वा.(1) | 25:12 |
| 26 सितं. | स्वा.(2) | 18:53 |
| 29 सितं. | स्वा.(3) | 12:38 |
| 2 अक्तू | स्वा.(4) | 6:23 |
| 4 अक्तू | विशा.(1) | 24:12 |
| 7 अक्तू | विशा.(2) | 18:04 |
| 10 अक्तू | विशा.(3) | 12:00 |
| 13 अक्तू | विशा.4 वृश्चि. | 6:00 |
| 15 अक्तू | अनु.(1) | 24:04 |
| 18 अक्तू | अनु.(2) | 21:25 |
| 21 अक्तू | अनु.(3) | 12:26 |
| 24 अक्तू | अनु.(4) | 6:45 |
| 26 अक्तू | ज्ये.(1) | 25:07 |
| 29 अक्तू | ज्ये.(2) | 19:34 |
| 1 नवं. | ज्ये.(3) | 14:07 |
| 4 नवं. | ज्ये.(4) | 9:06 |
| 6 नवं. | मूल 1 धनु | 27:31 |
| 9 नवं. | मूल(2) | 22:24 |
| 12 नवं. | मूल(3) | 17:27 |
| 15 नवं. | मूल(4) | 12:38 |
| 18 नवं. | पू.षा.(1) | 8:00 |
| 20 नवं. | पू.षा.(2) | 27:33 |
| 23 नवं. | पू.षा.(3) | 23:17 |
| 26 नवं. | पू.षा.(4) | 19:17 |
| 29 नवं. | उ.षा.(1) | 15:29 |
| 2 दिसं. | उ.षा.2 मकर | 11:57 |

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 5 दिसं. | उ.षा.(3) | 8:43 |
| 8 दिसं. | उ.षा.(4) | 5:49 |
| 10 दिसं. | श्रव.(1) | 27:19 |
| 13 दिसं. | श्रव.(2) | 25:16 |
| 16 दिसं. | श्रव.(3) | 23:43 |
| 19 दिसं. | श्रव.(4) | 22:42 |
| 22 दिसं. | धनि.(1) | 22:18 |
| 25 दिसं. | धनि.(2) | 22:36 |
| 28 दिसं. | धनि.3 कुम्भ | 23:39 |
| 31 दिसं. | धनि.(4) | 25:21 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 3 जन. | शत.(1) | 28:39 |
| 7 जन. | शत.(2) | 8:54 |
| 10 जन. | शत.(3) | 14:39 |
| 13 जन. | शत.(4) | 22:07 |
| 17 जन. | पू.भा.(1) | 7:42 |
| 20 जन. | पू.भा.(2) | 19:56 |
| 24 जन. | पू.भा.(3) | 11:37 |
| 28 जन. | पू.भा.4 मीन | 7:02 |
| 1 फर. | उ.भा.(1) | 8:27 |
| 5 फर. | उ.भा.(2) | 18:19 |
| 10 फर. | उ.भा.(3) | 17:53 |
| 16 फर. | उ.भा.(4) | 21:17 |
| 2 मार्च | वक्री | 6:06 |
| 14 मार्च | व.उ.भा.(3) | 22:18 |
| 20 मार्च | व.उ.भा.(2) | 18:55 |
| 25 मार्च | व.उ.भा.(1) | 27:05 |
| 31 मार्च | व.पू.भा.(4) | 28:47 |

## शनि नक्षत्र प्रवेश

[ संवतारम्भ में पू.भा. ( 1 ) में ]

| | | |
|---|---|---|
| 12 मई | पू.भा.(2) | 5:26 |
| 29 जून | वक्री | 24:35 |
| 18 अग. | व.पू.भा.(1) | 24:29 |
| 3 अक्तू | व.शत.(4) | 14:58 |
| 15 नवं. | मार्गी | 19:53 |

## शनि नक्षत्र प्रवेश

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 27 दिसं. | पू.भा.(1) | 20:16 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 2 फर. | पू.भा.(2) | 7:24 |
| 2 मार्च | पू.भा.(3) | 18:04 |
| 29 मार्च | पू.भा.4 मीन | 21:44 |

## राहु नक्षत्र प्रवेश

( संवतारम्भ में रेव. 2 में )

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 6 मई | रेव.(1) | 10:14 |
| 8 जुला | उ.भा.(4) | 7:36 |
| 8 सितं. | उ.भा.(3) | 29:06 |
| 10 नवं. | उ.भा.(2) | 26:58 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 12 जन. | उ.भा.(1) | 24:12 |
| 16 मार्च | पू.भा.(4) | 21:47 |

## केतु नक्षत्र प्रवेश

[ संवतारम्भ में हस्त 4 में ]

| | | |
|---|---|---|
| 6 मई | हस्त(3) | 10:14 |
| 8 जुला | हस्त(2) | 7:36 |
| 8 सितं | हस्त(1) | 29:06 |
| 10 नवं. | उ.फा.(4) | 26:58 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 12 जन. | उ.फा.(3) | 24:12 |
| 16 मार्च | उ.फा.(2) | 21:47 |

## यूरेनस नक्षत्र प्रवेश

[ संवतारम्भ में कृति. 1 में ]

| | | |
|---|---|---|
| 1 जून | कृति.2 वृष | 15:46 |
| 1 सितं. | वक्री | 20:50 |
| 13 दिसं. | व. कृति.1 मेष | 11:10 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 30 जन. | मार्गी | 21:51 |
| 19 मार्च | कृति.2 वृष | 5:39 |

## नैपच्यून नक्षत्र प्रवेश

[ संवतारम्भ में उ.भा. ( 1 ) में ]

| 2024 ई. | नक्षत्र चरण | घं. मिं. |
|---|---|---|
| 2 जुला | वक्री | 16:10 |
| 30 अक्तू | व.पू.भा.4 | 10:40 |
| 8 दिसं. | मार्गी | 5:17 |
| ( सन् 2025 ई. ) | | |
| 14 जन. | उ.भा.(1) | 25:48 |

## प्लूटो नक्षत्र प्रवेश

[ संवतारम्भ में उ.षा. 4 में ]

| | | |
|---|---|---|
| 2 मई | वक्री | 23:05 |
| 23 जुला. | व.उ.षा.(3) | 12:24 |
| 12 अक्तू | मार्गी | 5:57 |
| 25 दिसं. | उ.षा.(4) | 22:10 |

## शास्त्र-वाक्य

➤**आसन**—बिना आसन पर बैठ कर किए गए जप, तप, पाठ एवं मन्त्र आदि अनुष्ठान पूर्ण फल प्रदायक नहीं होते। कुश, कम्बल, मृगचर्म एवं रेशम का आसान जपादि के लिए श्रेष्ठ कहे गए हैं। संतानवान गृहस्थी तो मृगचर्म पर भी न बैठे।

पं. देवीदयालु संस्थान का कर्मकाण्ड सम्बन्धी नवीन प्रकाशन
'वार्षिक (एकोद्दिष्ट) एवं चातुर्वाषिक श्राद्ध पद्धति'
[ देवर्षि-पितृ-तर्पण, शय्या दान, गोदान, बलिवैश्वदेव विधि, पितृस्तोत्र, पितृसूक्त आदि सहित ]
लेखक/ सम्पादक :-पं. विवेक शर्मा ( पंचांगकर्त्ता )

## ग्रहों की अंशात्मक युतियां

( सन् 2024-25 ई. )

10 अप्रै. ➤ मंग.-शनि (कुम्भ)
12 अप्रै. ➤ सूर्य-बुध (मीन)
19 अप्रै. ➤ बुध-शुक्र (मीन)
18 मई ➤ सूर्य-गुरु (वृष)
18 मई ➤ मंग.-राहु (मीन)
23 मई ➤ गुरु-शुक्र (वृष)
4 जून ➤ सूर्य-शुक्र (वृष)
4 जून ➤ बुध-गुरु (वृष)
15 जून ➤ सूर्य-बुध (मिथुन)
17 जून ➤ बुध-शुक्र (मिथुन)
8 अग. ➤ बुध-शुक्र (सिंह)
14 अग. ➤ मंग.-गुरु (वृष)
19 अग. ➤ सूर्य-बुध (सिंह)
1 अक्तू ➤ सूर्य-बुध (सिंह)
6 दिसं. ➤ सूर्य-बुध (वृश्चिक)

( सन 2025 ई. )

19 जन. ➤ शुक्र-शनि (कुम्भ)
4 फर. ➤ शुक्र-राहु (मीन)
9 फर. ➤ सूर्य-बुध (मकर)
25 फर. ➤ बुध-शनि (कुम्भ)
2 मार्च ➤ बुध-राहु (मीन)
12 मार्च ➤ सूर्य-शनि (कुम्भ)
12 मार्च ➤ बुध-शुक्र (मीन)
17 मार्च ➤ सूर्य-राहु (मीन)
23 मार्च ➤ सूर्य-शुक्र (मीन)

## द्विग्रही-योग—वि. संवत् २०८१ (सन् 2024-25 ई.)

मंग.-शनि ➤ 9 अप्रै. से 23 अप्रै. (कुम्भ)
बुध-शुक्र ➤ 9 अप्रै. से 24 अप्रै. (मीन)
शुक्र-राहु ➤ 9 अप्रै. से 24 अप्रै. (मीन)
बुध-राहु ➤ 9 अप्रै. से 10 मई (मीन)
सूर्य-गुरु ➤ 13 अप्रै. से 1 मई (मेष)
मंग.-राहु ➤ 23 अप्रै. से 1 जून (मीन)
मंग.-बुध ➤ 23 अप्रै. से 10 मई (मीन)
सूर्य-शुक्र ➤ 24 अप्रै. से 14 मई (मेष)
बुध-शुक्र ➤ 10 मई से 19 मई (मेष)
सूर्य-गुरु ➤ 14 मई से 14 जून (वृष)
बुध-गुरु ➤ 31 मई से 14 जून (वृष)
सूर्य-बुध ➤ 14 जून से 29 जून (मिथुन)
सूर्य-शुक्र ➤ 14 जून से 7 जुला. (मिथुन)
बुध-शुक्र ➤ 14 जून से 29 जून (मिथुन)
बुध-शुक्र ➤ 7 जुला. से 19 जुला. (कर्क)
मंग.-गुरु ➤ 12 जुला. से 26 अग. (वृष)
सूर्य-शुक्र ➤ 16 जुला. से 31 जुला. (कर्क)
बुध-शुक्र ➤ 31 जुला. से 22 अग. (सिंह)
शुक्र-केतु ➤ 24 अग. से 18 सितं. (कन्या)
सूर्य-बुध ➤ 4 सितं. से 16 सितं. (सिंह)
सूर्य-केतु ➤ 16 सितं. से 16 अक्तू. (कन्या)
बुध-शुक्र ➤ 10 अक्तू. से 13 अक्तू. (तुला)
सूर्य-बुध ➤ 17 अक्तू. से 29 अक्तू. (तुला)
बुध-शुक्र ➤ 29 अक्तू. से 7 नवं. (वृश्चिक)
सूर्य-बुध ➤ 16 नवं. से 15 दिसं. (वृश्चिक)
शुक्र-शनि ➤ 28 दिसं. से 28 जन. (कुम्भ)

( सन 2025 ई. )

सूर्य-बुध ➤ 4 जन. से 14 जन. (धनु)
सूर्य-बुध ➤ 24 जन. से 11 फर. (मकर)
शुक्र-राहु ➤ 28 जन. से 31 मार्च (मीन)
बुध-शनि ➤ 11 फर. से 27 फर. (कुम्भ)
सूर्य-शनि ➤ 12 फर. से 14 मार्च (कुम्भ)
बुध-राहु ➤ 27 फर. से 31 मार्च (मीन)
बुध-शुक्र ➤ 27 फर. से 31 मार्च (मीन)
सूर्य-बुध ➤ 14 मार्च से 31 मार्च (मीन)
सूर्य-राहु ➤ 14 मार्च से 31 मार्च (मीन)
सूर्य-शुक्र ➤ 14 मार्च से 31 मार्च (मीन)
सूर्य-शनि ➤ 29 मार्च से (मीन)

## तीनग्रही-योग—(संवत् २०८१)

मं.+बु.+रा. ➤ 23 अप्रै. से 10 मई (मीन)
सू.+गु.+शु. ➤ 24 अप्रै. से 1 मई (मेष)
सू.+गु.+शु. ➤ 19 मई से 12 जून (वृष)
सू.+बु.+गु. ➤ 31 मई से 14 जून (वृष)
सू.+बु.+शु. ➤ 14 जून से 29 जून (मिथुन)
सू.+बु.+शु. ➤ 16 अग. से 22 अग. (सिंह)
सू.+शु.+के. ➤ 16 सितं. से 18 सितं. (कन्या)
सू.+बु.+के. ➤ 23 सितं. से 10 अक्तू. (कन्या)

( सन 2025 ई. )

सू.+बु.+श. ➤ 12 फर. से 27 फर. (कुम्भ)

## (चतुर्ग्रही योग-सं. २०८१)

सू.+बु.+शु.+रा. ➤ 10 अप्रै. से 13 अप्रै. (मीन)
सू.+बु.+गु.+शु. ➤ 31 मई से 12 जून (वृष)

( सन 2025 ई. )

सू.+बु.+शु.+रा. ➤ 14 मार्च से 31 मार्च

## (समसप्तक योग)-संवत् २०८१

बुध-शनि ➤ 19 जुला. से 21 अग. (सिंह-कुंभ)
शुक्र-शनि ➤ 31 जुला. से 24 अग. (सिंह-कुंभ)
सूर्य-शनि ➤ 16 अग. से 15 सितं. (सिंह-कुंभ)
बुध-शनि ➤ 4 सितं. से 23 सितं. (सिंह-कुंभ)
गुरु-शुक्र ➤ 12 अक्तू. से 6 नवं. (वृष-वृश्चिक)
बुध-गुरु ➤ 29 अक्तू. से 4 जन. (वृष-वृश्चिक)
सूर्य-गुरु ➤ 16 नवं. से 15 दिसं. (वृष-वृश्चिक)
मंग.-शुक्र ➤ 2 दिसं. से 28 दिसं. (कर्क-मकर)

( सन 2025 ई. )

सूर्य-मंग ➤ 14 जन. से 20 जन. (कर्क-मकर)
मंग.-बुध ➤ 21 जन. से 24 जन. (मिथुन-धनु)

## षडाष्टक योग

मंग.+शनि ➤20 अक्तू से 20 जन. (25) तक (कर्क-कुम्भ)

# चान्द्र परम्परा अनुसार प्रत्येक मास के मुख्य व्रत–त्यौहार

## (प्रत्येक मास के व्रत-पर्वों के तिथि-निर्णय एवं संक्षिप्त विधि-विधान सहित)

**[ इस लेख श्रृंखला के अन्तर्गत भारतीय सनातन वैदिक संस्कृति के अनुसार 'पंचांगदिवाकर' में प्रत्येक कृष्ण/शुक्ल पक्ष में दिए जाने वाले मुख्य पर्व/व्रत/त्यौहारों के संक्षिप्त विवरण (शास्त्रोक्त तिथि निर्णय एवं करणीय कर्म) क्रमानुसार दिया जा रहा है। आशा है धर्मपरायण पाठकों के लिए अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। [ सुझाव आमंत्रित हैं। ] गत आठ वर्षों (वि. संवत् 2073 से सं. 2080 तक) में हमने 'चैत्र से आश्विन कृष्णपक्ष' मास तक के मुख्य व्रत/पर्वों का विवरण लिख चुके हैं। इस वर्ष हम 'आश्विन शुक्ल पक्ष' के मुख्य व्रत, पर्वों सम्बन्धी विधि–विधान का विवरण लिख रहे हैं। —पं. विवेक शर्मा सुपुत्र स्व. पं. पन्ना लाल शर्मा, जालन्धर (पं.)**

## 'आश्विन शुक्ल पक्ष'

आश्विन शुक्ल पक्ष का आध्यात्मिक दृष्टि से बहुत महत्त्व है। इसमें नौ दिनों तक आद्याशक्ति भगवती का व्रत और श्रीदुर्गा-सप्तशती का पाठ करने से आध्यात्मिक, आधिभौतिक दोषों पर विजय प्राप्त करने में बड़ी सहायता मिलती है। तदुपरान्त विजयादशमी एवं शरद् पूर्णिमा पर्व परस्पर सूत्र में आबद्ध हैं। अतएव **'आश्विन शुक्ल प्रतिपदा'** से **पूर्णिमा** तक को शास्त्रों में **देवी-पक्ष** कहा गया है।

आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से अमावस्या तक को **'पितृपक्ष'** कहा गया है। इसलिए पहले पितरों के श्राद्ध-तर्पण के उपरान्त **'देवी-पक्ष'** प्रारम्भ होता है। माता-पिता के प्रसन्न होने से सभी देवता प्रसन्न होते हैं। आश्विन अमावस्या **'महालया-अमावस्या'** शब्द से विख्यात है। इसी तिथि को पहले **'पितृकर्म'** सम्पन्न होते हैं तथा इसके बाद **'देवी-पक्ष'** का प्रारम्भ होता है।

### (1) मातामह/मातामही का महालय श्राद्ध

मातामह, मातामही (नाना, नानी) का महालय श्राद्ध पार्वण-श्राद्ध पद्धति अनुसार आश्विन शुक्ल प्रतिपदा के दिन अपराह्ण-काल में ही किया जाता है।

### (2) शारदीय–नवरात्र–प्रारम्भ

### (आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तक)

**तिथि-निर्णय**–सामान्य स्थिति में आश्विन शुक्ल प्रतिपदा जिस दिन सूर्योदय बाद त्रिमुहूर्त्त-व्यापिनी हो, उस दिन शरद् नवरात्र-प्रारम्भ, घटस्थापन किया जाता है। शास्त्रानुसार यदि प्रतिपदा त्रिमुहूर्त्त-व्यापिनी न हो, तो दो या एक मुहूर्त्तव्यापिनी प्रतिपदा में नवरात्र-प्रारम्भ (घटस्थापन) कर लेना चाहिए। परन्तु गणनानुसार यदि प्रतिपदा एक मुहूर्त्त (लगभग २ घड़ी) से भी कम हो अथवा प्रतिपदा तिथि का क्षय हो जाए (अर्थात् सूर्योदय से पहिले ही समाप्त हो जाए) तो उस स्थिति में शास्त्र अमावस की समाप्ति वाले दिन ही नवरात्रारम्भ करने की आज्ञा देते हैं–

**'( प्रतिपदा ) मुहूर्त्तन्यून व्याप्तौ सूर्योदयऽस्पर्शे वा दर्शयुतापि ग्राह्या।।'** (धर्मसिन्धु)

यदि प्रतिपदा तिथि की वृद्धि हो तो षष्ठिघट्यात्मक (६० घड़ी) (पूर्णा) प्रतिपदा के दिन ही नवरात्र-प्रारम्भ किया जाएगा।

**ध्यान दें**–शास्त्रानुसार सूर्योदय बाद 10 घड़ी तक अथवा मध्याह्नकाल में अभिजित् मुहूर्त्त (दिन के अष्टम मुहूर्त्त) के समय नवरात्रारम्भ व कलशस्थापन किया जाता है। प्रतिपदा की पूर्ववर्त्ती (पहिली) 16 घड़ियां तथा चित्रा नक्षत्र एवं वैधृति योग का पूर्वार्द्ध भाग नवरात्रारम्भ के लिए निषिद्ध है। यदि नवरात्रारम्भ हेतु यह ग्राह्य-काल अर्थात् सूर्योदय बाद की 10 घड़ियां तथा अभिजित् मुहूर्त्त–प्रतिपदा की प्रथम 16 घड़ियों अथवा चित्रा–वैधृति के पूर्वार्द्ध भाग से पूरी तरह दूषित हो, तो इसकी परवाह न करते हुए इस दिन दूषितकाल में नवरात्रारम्भ, कलश–स्थापन कर लेना चाहिए क्योंकि शास्त्रानुसार जहाँ तक सम्भव हो, इन दोषों से बचना चाहिए। यदि इसका त्याग करना सम्भव न हो, तो इसके दूषितकाल में ही निर्द्धारित–काल (अर्थात् प्रथम 10 घटियों (4 घण्टे) या अभिजित मुहूर्त्त) में घटस्थापन पूजादि कार्य कर लेना चाहिए–

**'एवं च प्रतिपद्-आद्यषोडशनाड़ीनिषेधः, चित्रा-वैधृतियोग निषेधश्च-उक्तकालानुरोधेन सति सम्भवे पालनीयो न तु निषेधानुरोधेन पूर्वाह्णः प्रारम्भकालः प्रतिपत्तिथिर्वातिक्रमणीयः।।'**

## शारदीय नवरात्र की महिमा तथा संक्षिप्त पूजा-विधान

आश्विन शुक्ल प्रतिपदा से नवमी पर्यन्त (नौ दिन) नवरात्रे कहलाते हैं। इन नौं दिनों में आद्याशक्ति भगवती दुर्गा की विशेष आराधना की जाती है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्रों के नौ दिनों में क्रमशः अलग–अलग पूजा की जाती है। जिससे माँ प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती है। **नवानां रात्रीणां समाहारः नवरात्रम्** अर्थात् नौ रात्रियों के सम्मिश्रण का नाम नवरात्र है। श्रीदेवीभागवत् पुराणानुसार संवत् (वर्ष) में चार नवरात्र होते हैं–

***( 1 ) चैत्र ( वासन्त ) नवरात्र, ( 2 ) आषाढ़ ( गुप्त ) नवरात्रे, ( 3 ) आश्विन ( शारदीय ) नवरात्र, ( 4 ) माघ ( गुप्त ) नवरात्र।***

शयनाख्य चैत्रमासीय नवरात्र से बोधनाख्य शारदीय नवरात्र अधिक प्रशस्त-व्यापक हैं। यथा-बृहत्सारसिद्धान्त में कहा गया है-

**आश्विनस्य सितेपक्षे नानाविधमहोत्सवैः। प्रसादयेयुः श्रीदुर्गां चतुर्वर्गफलार्थिनः।।**

अर्थात् आश्विन शुक्लपक्ष में विशेष महोत्सवों से श्रीदुर्गा जी की पूजा, धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष-ये चारों फल देने वाली हैं।

श्रीदुर्गा-सप्तशती (श्रीमार्कण्डयोक्त) में भी आद्या शक्ति द्वारा स्वयं के कथनानुसार भी नवरात्रों की प्रतिष्ठा एवं महिमा प्रकट होती है-

**शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी। तस्यां ममैतन्माहात्म्यं श्रुत्वा भक्ति समन्वितः।।**
**सर्वाबाधा विनिर्मुक्तो धन धान्य सुतान्वितः। मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति न संशयः।।**

अर्थात् शरद् ऋतु में जो वार्षिक महापूजा अर्थात् नवरात्र पूजन होता है, उसमें श्रद्धा-भक्ति के साथ मेरे इस देवी-माहात्म्य (सप्तशती) का पाठ या श्रवण करना चाहिए। ऐसा करने पर निःसंदेह मेरे कृपा प्रसाद से मनुष्य सभी प्रकार की बाधाओं से मुक्त होकर धन-धान्य, भूमि-पुत्रादि सम्पत्तियों से सम्पन्न हो जाता है।......(श्रीदुर्गा-सप्तशती)

**पूजा विधान**—सर्वप्रथम प्रातःकाल स्वयं स्नानादि से पवित्र हो पूजा-स्थल को पवित्र कर लेना चाहिए। तत्पश्चात् वैदिक, पौराणिक एवं तांत्रिक मन्त्रोच्चारण के बाद नवरात्र दुर्गापूजा निमित्त यथाविधि कलशस्थापन (घट-स्थापन) किया जाता है। विधिपूर्वक स्थापित घट-कलश में प्रदत्त द्रव्यों, पदार्थों को देखने से स्पष्ट होगा कि नौ दिनों तक कलश में दिए गए उन पदार्थों से कलश-जल अमृतमय हो जाता है और उस अमृतरूप जल से महामन्त्रों द्वारा अभिषेक किया जाता है। वह सर्वपाप-रोगविनाशक है। यह नवरात्र व्रत स्त्री-पुरुष या ब्राह्मण को प्रतिनिधि बनाकर व्रत पूर्ण कराया जा सकता है। इन नवरात्रों में श्रद्धानुसार अथवा सामर्थ्यानुसार कुछ लोग उपवास, अयाचित (बिना माँगे प्राप्त भोजन), नक्त (रात में भोजन करना) या एकभुक्त (एक बार भोजन करना) करते हैं।

[यदि नवरात्रों में घटस्थापन के बाद सूतक (अशौच) हो जाए तो कोई दोष नहीं लगता, परन्तु पहले हो जाए तो पूजनादि स्वयं न करें।]

प्रातः नित्यकर्म के पश्चात् कलश के साथ ही दीवार या चौकी पर देवी की मूर्त्ति भी स्थापित करके उसके सामने बैठकर '**ॐ विष्णुः विष्णुः विष्णुः**......**मम महामायाभगवती (वा मायाधिपति भगवत) प्रीतये (आयुर्बलवित्तारोग्य समादरादिप्राप्तये वा) नवरात्रव्रतमहं करिष्ये।**' यह संकल्प करके षोडशोपचारपूर्वक पूजन स्वयं करें या ब्राह्मण द्वारा करवाएँ। घटस्थापन के साथ ही एक मिट्टी या धातु के खुले मुख वाले पात्र में जौं और गेहूँ बोये। साथ ही '**भो दीप ब्रह्मरूपस्त्वं कर्मसाक्षी हि विघ्नकृत, यावत् पूजा कर्मसमाप्ति स्यात् तावत् त्वं सुस्थिरो भव।।**' आदि मन्त्रों से घी का दीपक भी जलाना चाहिए।

**पाठ-विधि**—तदनन्तर '**श्रीदुर्गा-सप्तशती**' का सम्पुट या साधारण पाठ प्रतिदिन विधि एवं क्रमानुसार करना चाहिए। '**श्रीदुर्गा-सप्तशती**' पुस्तक का-

**नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततं नमः।**
**नमः प्रकृत्यै भद्रायै नियताः प्रणताः स्म ताम्।।**

-इस मन्त्र से पञ्चोपचार पूजन कर यथाविधि पाठ करें। पाठ की पूर्णाहुति के दिन दशांश हवन अथवा पाठ एवं कन्या-पूजन करना चाहिए।

**कुमारी पूजन**—कुमारी पूजा नवरात्र का अनिवार्य अङ्ग है। कुमारिकाएँ जगज्जनी जगदम्बा का प्रत्यक्ष विग्रह हैं। सामर्थ्य हो तो नौ दिन तक एक-एक को, अन्यथा नौवें दिन नौ, सात, पाँच, तीन या एक ही कन्या को देवी मानकर पूजा करके भोजन कराना चाहिए। इसमें ब्राह्मण-कन्या को प्रशस्त माना गया है। कुमारियों को एक पंक्ति में बिठाकर पहले '**ॐ गं गणपतये नमः**' से गणेश जी का पञ्चोपचार पूजन करे, फिर '**ॐ वं वटुकाय नमः**' से वटुक का तथा '**ॐ कुमार्यै नमः**' से कुमारियों का पञ्चोपचार पूजन करें। इसके बाद पुष्पों से निम्न मन्त्र द्वारा कुमारियों की स्तुति करें-

**'मन्त्राक्षरमयीं लक्ष्मीं मातृणां रूपधारिणीम्। नवदुर्गात्मिकां साक्षात् कन्यामावाहयाम्यहम् जगत्पूज्ये जगद्वन्द्ये सर्वशक्तिस्वरूपिणी। पूजां गृहाण कौमारि जगन्मातर्नमोऽस्तु ते।।'**

कुछ क्षेत्रों में अष्टमी या नवमी के दिन कड़ाही पूजा की परम्परा है। कड़ाही में हलवा बनाकर उसे देवी की प्रतिमा के सम्मुख रखकर चमचे और कड़ाही में मौली बाँधकर '**ॐ अन्नपूर्णायै नमः**' इस नाम मन्त्र से कड़ाही का पञ्चोपचार पूजन कर, माँ को नैवेद्य लगाकर कुमारी बालिकाओं को भोजन कराकर उन्हें यथाशक्ति वस्त्राभूषण, दक्षिणादि देने का विधान है।

नवरात्रे व्यतीत होने के बाद दसवें दिन विसर्जन (पारणा) करना चाहिए। विसर्जन से पूर्व भगवती दुर्गा का गन्ध, अक्षत, पुष्प आदि से पूजन कर निम्न प्रार्थना करें-

**रूपं देहि यशो देहि भाग्यं भगवति देहि मे।**
**पुत्रान् देहि धनं देहि सर्वान् कामांश्च देहि मे।।**
**महिषघ्नि महामाये चामुण्डे मुण्डमालिनी।**
**आयुरारोग्यमैश्वर्यं देहि देवि नमोऽस्तु ते।।**

इस प्रकार प्रार्थना करने के बाद हाथ में अक्षत एवं पुष्प लेकर भगवती का निम्न मन्त्र से विसर्जन करना चाहिए-

**गच्छ गच्छ सुरश्रेष्ठे स्वस्थानं परमेश्वरि।**
**पूजाराधनकाले च पुनरागमनाय च।।**

यहाँ पाठ-विधि अति संक्षेप से लिखी गई है। अधिक विस्तार से विधि जानने के लिए हमारे कार्यालय से छपी '**श्रीदुर्गा-सप्तशती**' (**संस्कृत-हिन्दी**) अथवा केवल

हिन्दी भाषा वाली मँगवाकर पढ़ें।

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा है, जो विविध रूपों में विभिन्न लीलाएं करती हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा विश्व की उत्पत्ति करते हैं। इन्हीं की शक्ति से श्री विष्णु सृष्टि का पालन करते हैं। अर्थात् यही सृजन, पालन और संहार करने वाली आद्या पराशक्ति है। सभी देवताओं की कारणभूता सनातनी होने के कारण वह सर्वदेवमयी है। वह विश्वरूपिणी है। वह दुखदारिद्र्या का शमन करने वाली, भवभीति से युक्त व्यक्ति का उद्धार करने वाली, सर्व मन्त्रों की मातृका, सर्व शब्दों की ज्ञानरूपिणी, चिन्मयी, परमानन्द स्वरूपा और समस्त दुराचारों की विध्वंसिका उस शक्ति को पदे-पदे नमस्कार करना चाहिए-

**"तां दुर्गां दुर्गमां देवी दुराचारविघातिनीम्। नमामि भवभीतोऽहं संसारार्णवतारिणीम्।।"**

## (3) श्रीउपाङ्ग–ललिता व्रत

**तिथि-निर्णय**—यह व्रत अपराह्ण-व्यापिनी आश्विन शुक्ल पंचमी के दिन किया जाता है, क्योंकि यह इस व्रत की पूजा का मुख्य काल है।

**'अत्र (आश्विन शुक्लपंचमी) अपराह्णव्यापिनी ग्राह्या। अपराह्णस्यैव तत्पूजाकालत्वोपपत्तेः।। दिनद्वये कात्स्न्र्येनापराह्ण-व्याप्तौ साम्येन वैषम्येण वापराह्णैक-देशव्याप्तौ च पूर्वैव युग्मवाक्यात्।। परत्रैवापराह्ण-व्याप्तौ परैव।।**

यदि पंचमी तिथि दोनों दिन पूर्णतः अपराह्णकाल को व्याप्त करे अथवा समान या असमान (विषम) रूप से उसके (पंचमी) एकभाग को व्याप्त करे (अर्थात् एक दिन कम-एक दिन अधिक) तो युग्मवाक्य अनुसार यह व्रत पहिले दिन होगा। यदि दोनों दिन अपराह्ण-काल को व्याप्त न करे, तो यह व्रत दूसरे दिन होता है।

**माहात्म्य**—व्रती को चाहिए कि इस दिन अपामार्ग (ऊँगा) के 21 दातुन लेकर **'आयुर्बलमिदम्०'** से एक-एक दातुन करके स्नान करे और सफेद वस्त्र पहनकर सुवर्णमयी उपाङ्गललिता का यथाप्राप्त उपचारों से पूजन करे। रात्रि में चन्द्रोदय होने पर उन्हें अर्घ्य दे करके नक्तव्रत कर दूसरे दिन देवी का विसर्जन करे। इस व्रत की महाराष्ट्र प्रदेश में विशेष प्रसिद्धि है।

## (4) पुस्तकों में सरस्वती आवाहन–पूजन–बलिदान–विसर्जन

आश्विन शुक्ल पक्ष में मूल नक्षत्र से श्रवण पर्यन्त सरस्वती का शयन-व्रत किया जाता है।

**तिथि-निर्णय**—पुस्तकों में सरस्वती देवी का आवाहन, पूजन, बलिदान और विसर्जन आश्विन शुक्लपक्ष में ही क्रम रूप से मूल, पू.षा., उ.षा. और श्रवण नक्षत्रों के प्रथम पाद (चरण) में किया जाता है। यहाँ पूजनादि में आवाहन, पूजन व बलिदान दिन के समय में ही किए जाने चाहिएं, रात्रि में पूजनादि नहीं करने चाहिए। यदि मूल, पू.षा. और उ.षा. नक्षत्र सूर्यास्त से पूर्व तीन मुहूर्त्त व्यापिनी हो, तो इनके प्रथम पाद (चरण) में ही आवाहन, पूजनादि कार्य करें। यदि ये नक्षत्र सूर्यास्त से पूर्व तीन मुहूर्त्त से कम हों और रात्रि (सूर्यास्त के बाद) में प्रथम-वाद विद्यमान् हो, तो दूसरे दिन इन मूलादि नक्षत्रों के द्वितीय आदि किसी भी पाद (चरण) में दिन के समय ही पूजादि करने चाहिए-

**'तत्र मूलस्य प्रथमे पादे सूर्यास्तात् प्राक् त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी सरस्वतिः आवाहनम्।। त्रिमुहूर्त्तन्यूनत्वे रात्रौ वा प्रथमपादसत्त्वे तस्य विशेषवचनं विना ग्राह्यत्वाभावाद् द्वितीयादिपादे परदिने एवावाहनम्। एवं पूर्वाषाढ़ादिनक्षत्रं पूजादौ दिनव्याप्येव ग्राह्यम्।।** (धर्मसिन्धुः)

यहां एक बात और ध्यान देने योग्य है कि सरस्वती विसर्जन श्रवण नक्षत्र के प्रथम पाद (चरण) में ही करना चाहिए, द्वितीयादि चरण में नहीं। चाहे श्रवण का प्रथम पाद रात्रिभाग (सूर्यास्त बाद) में भी चला जाए। इसलिए सरस्वती विसर्जन रात्रि के प्रथम प्रहर पर्यन्त जिसमें श्रवण का प्रथम पाद (चरण) हो, उसमें करना चाहिए-**'विसर्जनं तु श्रवणप्रथमपादे रात्रिभागगतेऽपिकार्यम्, विशेष-वचनात्। तच्च रात्रैः प्रथमप्रहर-पर्यन्तमेव इति भाति।।'** (धर्मसिन्धु)

**करणीय कृत्य**—सप्तमी को पुस्तकादि का पूजन करके सरस्वती का शयन कराये, व्रत में रहे और पठन-पाठन एवं लिखना-लिखाना बंद रखे और सप्तमी (के मूल) से दशमी (के श्रवण) पर्यन्त पुस्तकादि का पूजन करते रहें। पूजन में सरस्वती की स्वर्णमयी, शिलामयी या चित्रमयी जैसी भी मूर्त्ति हो वह चार भुजावाली, सर्वाभरणविभूषित, दो दायें हाथों में पुस्तक और रुद्राक्ष और दो बायें हाथों में वीणा और कमण्डलु धारण किए हुए समान रूप में विराजी हुई हो-इस प्रकार का ध्यान करें।

## (5) महाष्टमी (दुर्गाष्टमी)

आश्विन शुक्ल अष्टमी को देवी की उपासना के अनेक अनुष्ठान होते हैं, इस कारण यह महाष्टमी अथवा दुर्गाष्टमी मानी जाती है।

**तिथि-निर्णय**—यह महाष्टमी सूर्योदय बाद एक घड़ी भी हो, तो इसे नवमी से युक्त ही ग्रहण करना चाहिए-**'अथ महाष्टमी घटिकामात्र-प्यौदयिकी नवमीयुता ग्राह्या।। सप्तमी स्वल्पयुता सर्वथा त्याज्या।।'** सप्तमीयुता अष्टमी का सर्वथा त्याग देनी चाहिए। यदि पहले दिन सप्तमीयुता अष्टमी दूसरे दिन एक घड़ी से कम हो, तभी यह महाष्टमी सप्तमीयुता भी ग्राह्य है। मंगलवार की अष्टमी श्रेष्ठ मानी गई है। यदि पहले दिन अष्टमी षष्टिघटिकात्मिका (६० घड़ी) हो तब दूसरे दिन नवमीयुता को भी छोड़कर पहिले ही दिन इसे ग्रहण करना चाहिए। इसी प्रकार यदि नवमी का क्षय हो, तब भी नवमीयुता को छोड़कर पहिले ही दिन सप्तमीयुता अष्टमी में महाष्टमी मनानी

चाहिए। उत्तरी-भारत में इस '**महाष्टमी**' को '**दुर्गाष्टमी**' कहा जाता है।

महाष्टमी में पुत्रवान् गृहस्थी को उपवास नहीं करना चाहिए-'**उपवासं महाष्टम्यां पुत्रवान्न समाचरेत्**।'-(कालिकापुराण)

कुलाचार से यदि व्रत किया जा रहा हो तो किसी भक्ष्यपदार्थ को छोड़कर किया जा सकता है।

## (6) महानवमी (पूजा, उपवास एवं बलिदान हेतु)

आश्विन शुक्ल नवमी के दिन महानवमी होती है। यह दो प्रकार की है-(1) पूजा एवं उपवास के लिए तथा (2) बलिदान के लिए।

पूजा-उपवास के लिए अष्टमी के दिन (विद्धा) पूर्ण सायंव्यापिनी नवमी 'महानवमी' मानी जाती है। बलिदान के लिए दशमीविद्धा नवमी ली जाती है। परन्तु यदि नवमी अष्टमी वाले दिन सायंकाल के समय सूर्यास्त से पहिले तीन मुहूर्त्त से कम हो तो अगले दिन ही पूजा और उपवास करें।

**'महानवमी तु बलिदान-व्यतिरिक्तविषये पूजोपोषणादौ अष्टमीविद्धा ग्राह्या।। सा च यदि अष्टमी दिने सायं त्रिमुहूर्त्ता स्यात्तदैव ग्राह्या।। त्रिमुहूर्त्त न्यूनत्वे परैव ग्राह्या।। नवमी प्रयुक्त महाबलिदाने तु दशमीविद्धा।।'**

यदि नवमी की वृद्धि हो और दूसरे दिन कुछ मुहूर्त्त हो, तो पहिले दिन पूर्णा नवमी में ही बलिदान होगा।

## (7) नवरात्र-समाप्ति (पारणा)

नवरात्र व्रत की पारणा नवमी एवं दशमी तिथि में करने के परस्पर विरोध वाक्य शास्त्रों से मिलते हैं। परन्तु देवीभागवत् आदि पुराणों में दशमी में ही पारणा का समर्थन किया प्रतीत होता है-'**अथ नवरात्रपारणा-सा च दशम्यां कार्या**।।' क्योंकि नवमी तक नवरात्र व्रत, पूजा करने के दृढ़ शास्त्र प्रमाण मिलते हैं। यथा-

**'तस्मादियं महापुण्या नवमी पापनाशिनी।**
**उपोष्या सुप्रयत्नेन सततं पार्थिवैरिति।।** (भविष्य)

यदि नवमी तिथि की वृद्धि हो तो पहिले नवमी व्रत, पूजा और दूसरी नवमी के दिन नवमी में होम-आदि तथा दशमी तिथि में नवरात्र-पारणा करनी चाहिए।

**कृत्य-कर्म**-आश्विन शुक्ल दशमी के प्रातःकाल में भगवती का यथाविधि पूजन करके नीराजन करें। '**यज्ञेन यज्ञमयजन्त देवाः**' से पुष्पाञ्जलि अर्पण करें। '**मन्त्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं यदर्चितम्। पूर्णं भवतु तत् सर्वं त्वत्प्रसादान्महेश्वरि।।**' से क्षमा-प्रार्थना करके '**ॐ दुर्गायै नमः**' कहकर एक पुष्प ईशान (उत्तर-पूर्व) में छोड़ दें और '**गच्छ गच्छ परं स्थानं स्वस्थानं देवि चण्डिके। व्रत-स्त्रोतोजलं वृद्ध्यैतिष्ठ गेहे च भूतये।।**' से कलशस्थ देवमूर्त्ति आदि को उठाकर यथास्थान स्थापित करें। यदि मूर्त्ति मृतिका आदि की हो तो उनको गायन-वादन के साथ समीप के जलाशय पर ले जाकर '**दुर्गे देवि जगन्मातः स्वस्थानं गच्छ पूजिते। षण्मासेषु व्यतीतेषु पुनरागमनाय वै। इमां पूजां मया देवि यथाशक्त्योपपादिताम्। रक्षार्थं त्वं समादाय व्रज स्वस्थानमुत्तमम्।।**' इन मन्त्रों से मूर्त्ति का विसर्जन करके जल में प्रवेश कराये और सामग्री आदि जल में डाल दे। नवरात्रादि के अवसर में स्थापित देवता के जो कुछ फल-पुष्प-नैवेद्य अथवा उपहारादि अर्पण किया हो वह ब्राह्मण को देना चाहिए, अन्यथा विफल होता है।

## (८) विजयादशमी (दशहरा)

**तिथि-निर्णय**-अपराह्न-व्यापिनी आश्विन शुक्ल दशमी के दिन विजयादशमी (अपराजिता-पूजन) होती है। अतएव दशमी तिथि की अपराह्ण-काल व्याप्ति ही विजयादशमी का मुख्य निर्णायक तत्त्व है। 'ज्योतिर्निबन्ध' का यह वाक्य देखिए-

**'आश्विनस्य सिते पक्षे दशम्यां तारकोदये।**
**स कालो विजयो ज्ञेयः सनकार्याथसिद्धये।।'**

अर्थात् आश्विन शुक्ल दशमी के सायंकाल में तारा उदय होने के समय '**विजयकाल**' रहता है। वह सब कार्यों को सिद्ध करता है।

दशमी तिथि एवं श्रवण नक्षत्र का योग (संयोग) विजयादशमी की तिथि के निर्णय में विशेष निर्णायक तत्त्व हो जाता है। दशमी तिथि व श्रवण नक्षत्र की भिन्न-भिन्न स्थितियों के अनुसार इस पर्व की तिथि (दिन) का निर्णय धर्मसिन्धुकार अनुसार इस प्रकार से है-

(1) यदि दशमी केवल दूसरे दिन ही अपराह्ण-व्यापिनी हो, तो विजयादशी दूसरे दिन ही ग्रहण करें।

(2) यदि दशमी तिथि दोनों दिन अपराह्नव्यापिनी हो और दोनों दिन श्रवणनक्षत्र का अपराह्न-काल में योग हो अथवा न हो, तो विजयादशमी पहिले दिन ग्रहण की जाएगी।

(3) यदि दशमी तिथि दोनों दिन अपराह्न-व्यापिनी न हो अर्थात् अपराह्ण-काल में अविद्यमान हो और दोनों दिन अपराह्ण में श्रवण का योग हो या न हो तो भी विजयादशमी पहिले दिन मनाई जाएगी।

(4) यदि दशमी तिथि दोनों दिन अपराह्नव्यापिनी हो अथवा न हो, तो जिस दिन श्रवण नक्षत्र का योग (विद्यमानता) अपराह्ण-काल में हो, तो विजयादशमी उसी दिन ग्रहण करें, जिस दिन श्रवण नक्षत्र अपराह्न को स्पर्श कर रहा हो।

**(5)** इसी प्रकार यदि दशमी तिथि दोनों दिन अपराह्ण-व्यापिनी हो अथवा दोनों दिन न हो, और श्रवण नक्षत्र दूसरे ही दिन अपराह्ण में विद्यमान हो, तो विजयादशमी दूसरे दिन ग्रहण करें।

**(6)** यदि दशमी केवल पहले दिन ही अपराह्ण-काल को व्याप्त हो और श्रवण नक्षत्र केवल दूसरे दिन ही अपराह्ण-काल में हो, तो विजयादशमी पहले दिन ग्रहण करें।

**(7)** यदि दशमी केवल पहिले दिन ही अपराह्ण-व्यापिनी हो तथा दूसरे दिन त्रिमुहूर्त्त-व्यापिनी हो अर्थात् अपराह्ण से पहले ही समाप्त हो गई हो और केवल दूसरे दिन ही श्रवण-नक्षत्र अपराह्ण-व्यापिनी हो तो विजयादशमी दूसरे दिन ग्रहण करें।

**(8)** यदि दशमी पहले दिन अपराह्णव्यापिनी होकर दूसरे दिन सूर्योदय बाद तीन मुहूर्त्त से कम समय के लिए व्याप्त हो तथा श्रवण नक्षत्र दूसरे दिन ही हो, तब श्रवण नक्षत्र को महत्त्व न देते हुए विजयादशमी पहले दिन ग्रहण करें।

इसके अतिरिक्त 'नारद', स्कन्दपुराण, भविष्यपुराण, तिथि-तत्त्व, व्रत-परिचय, ज्योतिर्निबन्ध के मतानुसार अपराह्ण-व्यापिनी दशमी एवं श्रवणयुक्त तिथि में ही विजयादशमी को मान्यता दी है। विजयादशमी को ही **'दशहरा'** कहा जाता है।

इसीदिन सायंकाल रावण-दहन से पूर्व सीमोल्लंघन तथा अपराजिता-पूजन भी किया जाता है। सीमोल्लंघन के बारे में भी महर्षि कश्यप का मत है कि श्रवणयुक्त दशमी में ही सीमोल्लंघन करना चाहिए, क्योंकि श्रीराम ने श्रवण नक्षत्रयुक्त दशमी में ही लंका पर विजय के लिए अभियान किया था-

**श्रवणर्क्षे तु पूर्णायां काकुत्स्थः प्रस्थितो यतः।**
**उल्लंघयेयुः सीमानं तद्दिनर्क्षे ततो नराः।।** (कश्यप)

भविष्यपुराणानुसार श्रवण नक्षत्रयुक्त दशमी में ही अपराजिता पूजन करना चाहिए। श्रवण के अभाव में मात्र अपराह्ण-व्यापिनी दशमी को ग्रहण करना चाहिए-

**श्रवण सम्भवो तु श्रवण युक्तामेव दशम्यां प्रस्थानंऽपराजिता पूजनं च।।**

कुछ शास्त्रकारों ने नवमीयुक्त दशमी में अपराजिता-पूजन करने का परामर्श दिया है। यथा-**नवमी, शेषसंयुक्तां दशम्यां अपराजिता। ददाति विजयं देवी पूजिता-जयवर्धिनी।।**

अन्येतु- **आश्विन शुक्लपक्षे तु दशम्यां पूज्येत् शिवाम्।**
**एकादश्यां न कुर्वीत पूजनं चापराजितम्।।**-शिव रहस्य

## (9) आश्विन शुक्ल एकादशी व्रत

पापपरायण पुरुषों के पापों को वशवर्त्ती बनाने में आश्विन शुक्ल एकादशी अंकुश के समान है। इसी कारण इसका नाम **'पापांकुशा'** है।

[सङ्कल्प मन्त्र पूर्व एकादशियों की भान्ति रहेगा तथा कथा सार के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित **'एकादशी-माहात्म्य'** देखें।]

**संक्षिप्त माहात्म्य**-यह स्वर्ग और मोक्ष को देने वाली, शरीर को नीरोग रखने वाली, सुन्दरी, सुशीला, स्त्री, सदाचारी पुत्र और सुस्थिर धन देने वाली है। इसदिन में भगवान् का पूजन और रात्रि में उनके सम्मुख जागरण करके दूसरे दिन पूर्वाह्ण में पारण करके व्रत को समाप्त करें।

## (9) कोजागर व्रत

**तिथि-निर्णय**-यह व्रत आश्विन पूर्णिमा में किया जाता है। यह प्रदोष और निशीथ (अर्द्धरात्रि)-उभयव्यापिनी (दोनों में व्याप्त) पूर्णिमा के दिन किया जाता है। यदि पूर्णिमा केवल पहले दिन निशीथव्यापिनी हो और दूसरे दिन प्रदोषव्यापिनी न हो तो पहले दिन ही व्रत करना चाहिए। यदि पूर्णिमा पहले दिन केवल निशीथव्यापिनी और दूसरे दिन केवल प्रदोषव्यापिनी ही हो तो दूसरे दिन ही 'कोजागर व्रत' होगा।

**-सा पूर्वत्रैव निशीथव्याप्तौ पूर्वा।।**

**माहात्म्य**-आश्विन पूर्णिमा को भगवती महालक्ष्मी रात्रि में यह देखने के लिए घूमती है कि कौन जाग रहा है। जो जाग रहा है उसे धन देती है। लक्ष्मी जी के **'को जागर्ति'** कहने से इस व्रत का नाम **'कोजागर'** पड़ा है-

**निशीथे वरदा लक्ष्मी को जागर्तीति भाषिणी।**
**जगति भ्रमते तस्यां लोकचेष्टावलोकिनी।।**
**तस्मै वित्तं प्रयच्छामि यो जागर्ति महीतले।।**

इस व्रत में निशीथव्यापिनी पूर्णिमा ग्रहण करनी चाहिए तथा इन्द्र और महालक्ष्मी का पूजन करके व्रत करना चाहिए। रात्रि के समय घृतपूरित और गन्ध-पुष्पादि से पूजित एक सौ या यथाशक्ति अधिक दीपकों को प्रज्वलित कर देव-मन्दिरों, बाग-बगीचों, तुलसी, अश्वत्थ वृक्षों के नीचे तथा भवनों में रखना चाहिए।

प्रातः होने पर स्नानादि करके इन्द्र का पूजन कर ब्राह्मण को घी-शक्कर मिश्रित खीर का भोजन कराकर वस्त्रादि की दक्षिणा देने से अनन्त फल प्राप्त होता है। इसदिन श्रीसूक्त, लक्ष्मीस्तोत्र का पाठ ब्राह्मण द्वारा कराकर कमलगट्टा, बेल या पञ्चमेवा अथवा खीर द्वारा दशांश हवन कराना चाहिए।

**गोधूलि काल**–जब सूर्यास्त न हुआ हो (अर्थात् सूर्यास्त होने वाला हो) और गाय आदि चौपाय अपने–अपने गृहों को लौटते हुए अपने खुरों से पथ की धूलि को आकाश में उड़ाकर जाने लगें, तो उस काल को मुहूर्त्तकारों ने **गोधूलि काल** का नाम प्रदान करते हुए, इसे विवाहादि सब मांगलिक कार्यों में प्रशस्त कहा है। यह लग्न, मुहूर्त्त, पात, अष्टम भाव, जामित्रादि दोषों को नष्ट प्राय कर देता है।

**नो वा योगो न मृतिभवनं नैव जामित्र दोषो, गोधूलिः सा मुनिभिरुदिता सर्वकार्येषु शस्ता॥** –मुहूर्त्त चिन्तामणि

जब कोई अन्य शुभ लग्न न बनता हो, और कन्या विवाह योग्य हो गई हो तो गोधूलि में विवाह शुभ होता है। **ज्योतिनिर्बन्धानुसार–**

**लग्न शुद्धिर्यदा न स्याद् यौवने समुपास्थिते, तदा वै सर्ववर्णानां लग्नं गोधूलिकं शुभम्॥**

**गोधूलि लग्न काल** के सम्बन्ध में विद्वानों ने मतान्तर पाए जाते हैं–

**(i) पीयूषधारा** के मतानुसार सूर्य के अर्ध–अस्त होने के अनन्तर **२ घड़ी (४८ मिनट) का समय गोधूलि काल है।**

**(ii) मुहूर्त्त गणपति** के अनुसार सूर्यार्ध बिम्ब के अस्त हो जाने के पूर्व एवं पश्चात् १५–१५ पल अर्थात् १२ मिनट का मध्यान्तर गोधूलि संज्ञक है।

**(iii)** आचार्य नारदानुसार सूर्योदय से सप्तम लग्न गोधूलि लग्न काल होता है।

**(iv)** कुछ विद्वानों के अनुसार लग्न, सप्तम तथा अष्टम भाव में मंगल को भी वर्ज्य माना गया है। शेष भावों में अन्य किसी ग्रह का विचार गोधूलि लग्न में नहीं किया जाता।

**(v)** गुरुवार को सूर्यास्त के बाद तथा शनिवार को सूर्यास्त होने से पूर्व (पहले) की ही आधी घड़ी (12 मिनट) को गोधूलिकाल माना गया है, अन्यथा नहीं. (मुहूर्त्त चिन्तामणि)

## चतुर्कोणों दिशाशूल विचार

**आग्नेय** (पूर्व-दक्षिण) में सोम व गुरुवार, **नैऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में रविवार व शुक्रवार, **वायव्य** (उत्तर-पश्चिम) में मंगलवार तथा **ईशान** (पूर्व-उत्तर) में बुध एवं शनिवार के दिन **दिशाशूल** होता है (मुहूर्त्त गणपति)

**दिशापति** के वार अनुसार उसी दिशा की यात्रा शुभदायिनी तथा उससे पीछे (सामनेवाली) दिशा की यात्रा अनिष्टप्रदा होती है- दिगीशाहे शुभा यात्रा पृष्ठा हे मरणं ध्रुवम् (ज्योतिस्तत्व)

परन्तु बधवार उत्तर दिशा का स्वामी होते हुए, बुध की उत्तर में निषिद्ध माना गया है (गर्ग)

**विशेष**–यदि एक जगह से रवाना होकर, उसी दिन गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाना निश्चित हो, तो ऐसी यात्रा में तिथि-वार-नक्षत्र, दिशा-शूल, प्रतिशुक, योगिनी आदि जनित दोषों का विचार नहीं करना चाहिए।

# यात्रादि मुहूर्त्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३–इन तिथियों में, अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.–इन नक्षत्रों में तथा चौर, बाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

## दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अत: उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को दलिया एवं घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को जौं खाकर दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

## चन्द्रवास ज्ञान चक्र

| पूर्व | दक्षिण | पश्चिम | उत्तर |
|---|---|---|---|
| मेष | वृष | मिथुन | कर्क |
| सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक |
| धनु | मकर | कुम्भ | मीन |

## चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

## सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

## 'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताज़ा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना-बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष–ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'–यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'–यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

# विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

## विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार–

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। **"आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः॥ मु. चिंतामणि॥"**

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

**जन्ममासे च पुत्राढया धनाढया च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥**

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

**जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि। उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः**
**जन्ममासेऽथ पुत्राढ्या धनादया जन्मभोदये। जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)**

# ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है–

**द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः।**
**ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम्** —वाराहमिहिर॥

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। मुनि भारद्वाज के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

**( ३ ) सगे भाई-बहन** के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं ( मु. मार्तण्ड )। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। ( नारद ), परन्तु कन्या-विवाह के पश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें अथवा एक वर के साथ दो सगी बहनों का विवाह न करें ( **वसिष्ठ** ) तथा जिस वर को अपनी कन्या देवें, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे ( नारदः )।

**दो सगे भाईयों** या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है ( वृन्द्धमनुः )। दो सहोदर ( भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे ( शार्गंधर ) जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मङ्गल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करे। वाग्दान अर्थात् विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद वर-कन्या के कुल में माता-पिता, भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णयसिंधु) परन्तु अपवाद स्वरूप संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे।

## जन्म नक्षत्र विचार

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है–

**बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिण्यम्।**
**शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥** —वसिष्ठ

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही जन्म-नक्षत्र का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है–

**जन्म नक्षत्रगश्चन्द्रः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।**
**क्षौर भैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)**

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

**जन्म मास** अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है–

**न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥** —नारद

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह जन्म मास में ग्रहणीय माना गया है–

**विवुधैः प्रशस्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः** —मुहूर्त्त चिंतामणि

# विवाह में सम–विषम वर्षों का विचार

सम वर्षों (१८, २०, २२, २४ आदि) में कन्या का विवाह और **विषम वर्षों** (१९, २१, २३, २५ आदि) में लड़के (पुत्र) का विवाह शुभ माना गया है। –अर्थात् इन वर्षों में कन्या या पुत्र का विवाह करना, उनके वैवाहिक जीवन में सुख, सौहार्द आदि की दृष्टि से कल्याणकारी होता है। इसके विपरीत वर्षों (अर्थात् कन्या का विषम वर्षों में तथा लड़के का सम वर्षों) में करना दुःख, रोग एवं कष्टप्रद होता है– **(ज्योतिष तत्त्व प्रकाश)**

# मुकद्दमा दायर करने का मुहूर्त्त

***ग्राह्य तिथि***–३, ५, ८, १०, १३ (शुक्लपक्ष) तथा पूर्णिमा ***ग्राह्य वार***–रवि, मंगल, बुध एवं गुरुवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***–भरणी, आर्द्रा, आश्ले., मघा, पूर्वा-तीनों, ज्येष्ठा तथा मूल। ***ग्राह्य लग्न***–३, ६, ७, ८, ११ राशि लग्न। जब शुभ ग्रह लग्न में हो, पापग्रह ३, ६, ११वें हों तथा अष्टम भाव शुद्ध हो। **विशेष**–गोचरानुसार याचिकाकर्त्ता का चंद्रमा एवं मंगल भी बलान्वित होने चाहिएं।

# चुनाव में खड़े होने का मुहूर्त्त

***शुभ तिथियाँ***–(१ कृ.), २, ३, ५, ९, १०, १२ एवं १५ शुक्ल। ***शुभ वार***–सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार। ***शुभ नक्षत्र***–अश्वि., रोहि., पुर्न, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, अनु., श्रव., धनि., रेवती। ***शुभ लग्न***–१, ४, ७, १०। **विशेष**–केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११वें पाप ग्रह हो। लग्न एवं लग्नेश पर शुभ ग्रह की दृष्टि हो। बुध, शुक्र, गुरु उदित हों। चन्द्र बली हो तथा प्रत्याशी की राशि मुहूर्त्त वाले दिन-छटे, आठवें एवं १२वें न हो। ***संसद् में शपथ ग्रहण के समय स्थिर लग्न प्रशस्त होता है।***

# आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

| नाम वार | रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | वीरवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| यात्रा में शुभ ग्राह्य-दिशाएँ | पूर्व, उत्तर<br>आग्नेय (दक्षिण पूर्व) | पश्चिम, दक्षिण<br>वायव्य (उत्तर-पश्चिम) | दक्षिण-पूर्व<br>आग्नेय (दक्षिण-पूर्व) | दक्षिण, पूर्व<br>नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम) | पूर्व, उत्तर<br>ईशान (पूर्व-उत्तर) | पूर्व, उत्तर<br>ईशान (उत्तर-पूर्व) | पश्चिम, दक्षिण<br>नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम) |
| यात्रा में त्याज्य (दिशाशूले) | पश्चिम, नैऋत्य<br>(दक्षि.-पश्चि. कोण) | पूर्व, उत्तर<br>आग्नेय (दक्षि.-पूर्व) | उत्तर, पश्चिम<br>वायव्य (उत्तर पश्चि.) | उत्तर, पश्चिम<br>ईशान (पूर्व-उत्तर) | दक्षिण, पूर्व<br>नैऋत्य (दक्षि. पश्चि.) | पश्चिम, दक्षिण<br>नैऋत्य कोण (द. पश्चि.) | पूर्व, उत्तर<br>ईशान (पूर्व-उत्तर) |
| **विद्या एवं शिक्षा सम्बन्धी** | विज्ञान, इंजीनियरिंग, सेना, उद्योग, बिजली, मैडिकल, एवं प्रशासनिक शिक्षा सम्बन्धी। | लेखनादि कार्य, मैडीकल शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन, औषधि निर्माण व योजना सम्बन्धी। | बिजली (इलैक्ट्रानिक), सर्जरी की शिक्षा, शस्त्र विद्या सीखना, अग्नि, स्पोर्टस, भूगर्भ विज्ञान, दंत चिकित्सा आदि। | गणित, लेखनादि, बौद्धिक कार्य, बैंक वकालत, तकनीकि हुनर, ज्योतिष, विज्ञान, वाहनादि चलाना सीखना। | दर्शन-शास्त्र, धर्म मंत्र ज्योतिष, वकालत, उच्च पद प्रशासनिक शिक्षा वैद्यक आदि। | नृत्य, वाद्य, गायन, कला, संगीत, ऐक्टिंग, गीत-काव्य, रचना, स्त्रियों एवं सौंदर्य सम्बन्धी शिक्षा। | तकनीकी शिल्प, कला, मशीनरी सम्बन्धी ज्ञान (Engineering) अंग्रेज़ी, उर्दू, फारसी का ज्ञान शुरु करना। |
| **व्यापार सम्बन्धी कार्य** | राज्य प्रशासनिक कार्य सेनाधिकारी, ज्यूलर्ज़, औषधि, शस्त्र, अग्नि, अनाज, सोना, तांबा, चाँदी, गाय, बैलादि का क्रय-विक्रय, मैडीकल, इलैक्ट्रीकल, मंत्रानुष्ठान यज्ञादि। | कृषि, गाय, भैंस, दूध, घी डेयरी, फार्म, औषधि, सोडादि तरल पदार्थ, शंख, मोती, स्त्री, धन सम्पदा, सौंदर्य प्रसाधन, सुगन्धि (Perfumes) सम्बन्धी वस्तुओं का क्रय-विक्रय, विदेशी पत्राचार आदि। | शक्ति, अग्नि एवं बिजली से सम्बिन्धत कार्य, बेकरी electronics, स्पोटर्स Goods, सोना, तांबा, मूंगा, पीतलादि का क्रय भूमि, सर्जरी एवं रक्षा सामग्री, सन्धि विच्छेद आदि कार्य। | कृषि एवं व्यापारिक वस्तुओं का क्रय-विक्रय, शेयरों का क्रय, पुस्तक, लेखन प्रशासन, लेखाकार्य (Accounts) शिक्षण, वकालत, शिल्प, एवं सम्पादन कार्य, वाहन क्रय-विक्रय। | धार्मिक अनुष्ठान, उच्च प्रशासनिक कार्य, उच्च शिक्षा के कार्य, आभूषण, औषधि, लकड़ी, भूमि, वाहनादि का लेन-देन, विदेश गमनादि कार्य। | संगीत, सिनेमा, विदेश बारे, टैलीविजन, स्त्रियों, एवं श्रृंगारिक वस्तुओं से संबन्धित कार्य, रूई, कपड़ा बैंकिंग, चाँदी, जवाहरात, रसायन, शराब, सोडा, सुगन्धित द्रव्य, वाहनादि क्रय-विक्रय, खुशबूदार वस्तु। | मशीनरी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, सीमेंट, तेल, पैट्रोल, पत्थर, भूमि, ठेकेदारी, शस्त्रों का क्रय-विक्रय, अन्वेषण एवं आप्रेशण कार्य, अधीनस्थ कर्मचारी, वाहनादि प्रयोग विदेश-यात्रादि कार्य। |

| नाम वार | रवि | चन्द्र | मंगल | बुध | वृह | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नवीन वस्त्र धारण करना | शुभ है | मध्यम | अशुभ | शुभ | शुभ | अति शुभ | अशुभ |
| नवीन आभूषण धारण | शुभ | शुभ | मध्यम | शुभ | शुभ | शुभ | अशुभ |
| तेल लगाना | अशुभ | शुभ | अशुभ | विशेष शुभ | अशुभ | शुभ | विशेष शुभ |
| हजामत करना | मध्यम | शुभ | अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | मध्यम |
| नया जूता पहनना | अशुभ | शुभ | अशुभ | शुभ | मध्यम | शुभ | मध्यम |
| मुकद्दमा करना | अशुभ | अशुभ | शुभ | शुभ | अशुभ | मध्यम | शुभ |

## अभिजित मुहूर्त्त

**पुराणानुसार अभिजित मुहूर्त्त** काल में क्रियमाण सभी कर्म प्रायः सफल होते हैं। भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भान्ति अभिजित् मुहूर्त्त सब दोषों को नाश कर देता है-**दिनमध्यगते सूर्ये मुहूर्त्ते हि अभिजित् प्रभुः। चक्रमादाय गोविन्दः सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥**

दिनमान के अर्ध भाग में स्थानीय सूर्योदय जमा कर देने से अभिजित् मुहूर्त्त का मध्य भाग निकल आता है। **'नारद पुराण'** के अनुसार **अभिजित्** के मध्याह्न काल से 1 घटी अर्थात् 24 मिनट पूर्व और मध्याह्न से 24 मिनट पश्चात् तक के समय को **अभिजित् काल** कहा जाता है।

**उदाहरण**-मान लो, आपने 28 नवम्बर को अभिजित मुहूर्त्त का समय जानना है, तो उस दिन के दिनमान (25/30 घटी पल) का अर्धभाग 12 घड़ी, 45 पल होंगे। इस अर्ध भाग के 5 घंटे, 6 मिनट बनते हैं। इनके उस दिन में जालन्धर के सूर्योदय 7/10 घं. मिं. में जमा कर देने से दुपै. 12 बजकर 16 मिनट पर अभिजित मुहूर्त्त का मध्यकाल होगा। इससे 24 मिनट पूर्व अर्थात् 11/52 घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (12:16 + 00:24 मिनट = 12 घं. 40 मिनट पर अभिजित का समाप्ति काल (घंटा मिंट) होगा।

# आवश्यक मुहूर्त्त निर्णय

आगे हम भारतीय संस्कृति एवं शास्त्रानुसार मुख्य मुहूर्त्तों का निर्णय प्रकार दे रहे हैं, जिसमें विभिन्न मुहूर्त्तों में ग्राह्य मास, तिथि, वार, नक्षत्र आदि का विवरण दे रहे हैं। **ध्यान रहे,** सभी मुहूर्त्तों में वर्ज्य तत्त्वों जैसे–अधिक मास, क्षय मास, पितृ पक्ष, रिक्ता-तिथि (४, ९, १४), वैधृति-व्यतीपात आदि दुष्ट योग, भद्रा (भूलोके) एवं गुरु-शुक्रास्तादि का भी विचार कर लेना उचित होगा। ज्ञातव्य रहे, पंचांगदिवाकर में षोडश संस्कार अन्तर्गत गर्भाधान से अन्नप्राशन तक के मुहूर्त्त स्थायी स्तम्भ '**भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्व**' में दिए रहते हैं। हम इसके आगे के मुख्य मुहूर्त्तों का ग्राह्य-अग्राह्य तत्त्वों का निर्णय प्रकार लिख रहे हैं–

## (1) मुण्डन (चौल, चूड़ाकरण) मुहूर्त्त

जन्म या गर्भाधान से ३, ५, ७ आदि विषम वर्षों में मुण्डन संस्कार किया जाता है। कुलाचार अनुसार इसे प्रथम वर्ष भी सम्पन्न कर लेते हैं अथवा यज्ञोपवीत संस्कार के साथ करते हैं। कन्या का चौल (मुण्डन) संस्कार सम वर्षों में होता है।

***ग्राह्य मास***–उत्तरायण मासों में (14 जन. से 15 जुला.-आषाढ़ तक)-यथा-वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, माघ व फाल्गुन मास।

***ग्राह्य तिथि***–२, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२ (कृ. व शु. पक्ष), १३ (शुक्लपक्ष) एवं पूर्णिमा।

***ग्राह्य वार***–सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार सभी वर्णों के लिए शुभ हैं। (परन्तु ब्राह्मणों को रविवार, क्षत्रियों को मंगलवार तथा वैश्यों को शनिवार मुण्डनादि कार्यों के लिए विशेष शुभ माने गए हैं।) शुक्ल पक्ष का सोमवार विशेष शुभ होता है, जबकि कृष्ण पक्ष का सोमवार अशुभ (साधारण) होता है।

***ग्राह्य नक्षत्र***–लघु संज्ञक नक्षत्र (अश्वि., पुष्य, हस्त, अभि.), अनुराधा नक्षत्र को त्यागकर मृदुसंज्ञक (मृग., चित्रा, रेवती) तथा चरसंज्ञक (पुन, स्वा., श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा) तथा ज्येष्ठा नक्षत्रों में मुण्डन कार्य शुभ रहते हैं।

कुछ विद्वान जन्म-मास व जन्म-नक्षत्र, विरुद्ध व विपरीत चन्द्र (४, ८, १२ व शत्रुगत) में वर्ज्य मानते हैं–

**न जन्ममासे न च जन्मभे तथा विधौ विरुद्धेऽशुभतारकासु।**
**युग्माब्दमासे न च कृष्ण पक्षे चूडा न कार्या खलु चैत्रमासे॥**

परन्तु कुछ विद्वान जन्म नक्षत्र या जन्म राशि को शुभ मानते हैं।

**नोट**–ज्येष्ठा नक्षत्र में ज्येष्ठ (बड़े) लड़के का मुण्डन न करें।

***शुभ लग्न***–२, ३, ४, ६, ७, ९ या १२ राशियों के लग्न अथवा इनके नवांश में मुण्डन शुभ होते हैं। ग्राह्य लग्न राशि जन्म-लग्न या जन्म-राशि से अष्टमस्थ न हो। अष्टम भाव (शुक्र के अतिरिक्त) शुद्ध होना चाहिए। सामान्य लग्न शुद्धि तो आवश्यक ही है।

***तारा-शुद्धि***–मुहूर्त्त ग्रन्थों में चूड़ाकरण (मुण्डन) में तारा का प्रबल होना चन्द्रमा से भी अधिक आवश्यक माना गया है। (ज्योतिर्निबन्ध)

परन्तु तारा-विचार कृष्ण-पक्ष में ही विचारणीय है, शुक्ल पक्ष में नहीं। शुक्ल पक्ष में चन्द्र-बल ही विचारणीय है।–'**कृष्णे बलवती तारा शुक्लपक्षे बली शशी।**' (नारद), अपि च, कृष्ण पक्ष में भी अशुभ तारा होने पर भी यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, मित्रवर्ग या किसी शुभ ग्रह के साथ हो, तो मुण्डन कार्य किया जा सकता है। ('तारा-चक्र' वि. संवत् २०७४ के पंचांगदिवाकर में देखें।)

**विशेष ध्यातव्य**–यदि बालक की माता रजस्वला या गर्भवती हो, और गर्भ पाँच मास से अधिक का हो, तो मुण्डन कार्य न करावें। इस संस्कार से गर्भ नष्ट हो सकता है, परन्तु यदि संस्कार्य बालक 5 वर्ष से अधिक हो, तो माता के गर्भ के दोषापत्ति नहीं रहती।

## (2) नूतन अक्षर–लेखनारम्भ मुहूर्त्त

बालक की पाँच वर्ष की अवस्था में सम्प्राप्त हो जाने पर आगे वर्णित विशुद्ध दिन को श्रीगणेश, सरस्वती, लक्ष्मीनारायण, गुरु एवं कुलदेवता की पूजा के साथ उसे लिखने-पढ़ने के उद्देश्य से नूतन अक्षराम्भ संस्कार करवाना चाहिए। उपर्युक्त देवताओं के नाम से घी का हवन करे तथा ब्राह्मणों को दक्षिणादि से सन्तुष्ट करना चाहिए। तदनन्तर पूर्वाभिमुख गुरु के सम्मुख पश्चिमाभिमुख बालक को अक्षरारम्भ करवाना चाहिए। संस्कार्य बालक का चन्द्र-बुध बल अपेक्षित है।

***ग्राह्य मास***–कुम्भस्थ सूर्य को छोड़कर उत्तरायण मासों में (14 जन. से 15 जुला. तक), कुछ विद्वान कुम्भस्थ सूर्य की अवधि को भी ग्राह्य मानते हैं।

***ग्राह्य तिथि***–२, ३, ५, ७, १०, ११, १२।

***ग्राह्य वार***–सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार।

***ग्राह्य नक्षत्र***–अश्वि., आर्द्रा, पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., ज्ये., अभि., श्रव. और रेवती नक्षत्र।

***शुभ लग्न***–२, ३, ६, ९, १२ लग्नराशि। अष्टम भाव ग्रहरहित होना चाहिए।

**नोट**–यज्ञोपवीत (उपनयन) संस्कार से पहिले अक्षराम्भ और व्रतबन्ध के पश्चात् वेदारम्भ शुभ होता है।

## (3) विद्यारम्भ–मुहूर्त्त

वर्णमाला-गणितादि में बालक परिपक्व हो जाने पर भविष्यत् आजीविका-प्रदात्री कोई विशेष या सर्वसामान्य विद्या का शुभारम्भ करना चाहिए।

***ग्राह्य मास***—फाल्गुन मास को छोड़कर उत्तरायण के मास।

***ग्राह्य तिथि***—२, ३, ५, ६, १०, ११, १२

***ग्राह्य वार***—रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार।

***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग. आर्द्रा, पुन, पुष्य, आश्ले, पू.फा., उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, पू.षा. उ.षा., श्रव., धनि., शत., पू.भा., उ.भा. और रेवती।

***शुभ लग्न***—२, ५, ८ राशि लग्न। तथा केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह तथा ३, ६, ११वें क्रूर ग्रह हों।

## ( 4 ) उपनयन (यज्ञोपवीत) मुहूर्त्त

यह नवम संस्कार यज्ञोपवीत, व्रतबन्ध, उपनयन, मौञ्जिबन्धन और जनेऊ आदि नामों से प्रचलित है। ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य का प्रथम जन्म माता के गर्भ से और द्वितीय जन्म व्रतबन्ध से संस्कृत होने पर माना गया है। अत: वे **'द्विज'** वा **'द्विजन्मा'** कहलाने के अधिकारी हैं। अत: ऐसे महत्त्वपूर्ण संस्कार को शास्त्र-सम्मत् काल में विधिवत् सम्पादित करना चाहिए।

**उपनयन ( यज्ञोपवीत ) संस्कार कब करना चाहिए ?** इस संस्कार में काम्य, नित्य और गौण काल के भेद से तीन प्रकार के काल कहे गए हैं। ब्राह्मण बालक के गर्भधारण या जन्मदिन से पंचम वर्ष में काम्यकाल या अष्टम वर्ष में नित्यकाल ; क्षत्रिय का षष्ठ या 11वें वर्ष में क्रमश: काम्य व नित्यकाल एवं 8वें या 12वें वर्ष में वैश्य का काम्य व नित्यकाल में उपनयन संस्कार हो जाना चाहिए।

यदि उपरोक्त वर्षों तक उपनयन संस्कार न हो सके, तो उपरोक्त वर्षों को द्विगुणित कर देने से मध्यमान्तर काल **'गौण-काल'** माना गया है। अर्थात् 8 से 16वें वर्ष तक ब्राह्मण का, 11 से 22 वर्ष तक क्षत्रिय का तथा 12 से 24 वर्ष तक वैश्य का यज्ञोपवीत संस्कार मध्यम फलप्रदी होने से अत्यावश्यकता में करणीय हैं।

***शुभ ग्राह्य मास***—चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (देवशयनी एकादशी से पूर्वकाल तक), माघ व फाल्गुन मास।

***ज्ञातव्य बिन्दु***—(*i*) ज्येष्ठ पुत्र के लिए ज्येष्ठ मास त्याज्य रखना चाहिए। मीनस्थ सूर्य यज्ञोपवीत में शुभ कहा गया है। (निर्णय सिन्धु)

(*ii*) यज्ञोपवीत संस्कार के लिए वसन्त ऋतु तथा अष्टम वर्ष की उत्कृष्टता इतनी है कि दोनों के संयोग में जन्ममास-तिथि-नक्षत्र भी दूषित नहीं होते।

(*iii*) यद्यपि जन्ममास यज्ञोपवीत में त्याज्य है, तथापि आवश्यक होने पर जन्मदिन से दस दिन छोड़कर अन्य दिनों में संस्कार दोषपूर्ण नहीं होता। (राजमार्तण्ड)

(*iv*) अन्य मतानुसार जन्मकालिक पक्ष को छोड़कर दूसरे पक्ष में शुभ कार्य करने पर जन्म मास का दोष नहीं रहता। (निर्णय सिन्धुः)

***ग्राह्य तिथि***—शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, १०, ११, १२ एवं कृष्ण पक्ष की–१, २, ३, ५ तिथियां शुभ हैं।

***ज्ञातव्य बिन्दु***—(*i*) चैत्र-वैशाख शुक्ल तृतीया, माघ शुक्ल सप्तमी तथा फाल्गुन शुक्ल तृतीया उपनयन में विशेष रूप से ग्राह्य हैं। (पुरुषार्थ-चिन्तामणि)

(*ii*) **मन्वादि-युगादि**-*सोपपद तिथियां, चतुर्दशी, अमावस्या, प्रतिपदा, अष्टमी तथा निरयण सूर्य संक्रान्ति दिन उपनयन संस्कार के लिए त्याज्य हैं। इसी प्रकार पौष, माघ और फाल्गुन की तीनों कृष्णाष्टमी तथा ७, ८, ९ तिथियां **'अष्टका'** संज्ञक त्याज्य हैं।

***ग्राह्य वार***—रवि, सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार।

***वर्णेश, शाखेश बल***—विशेष रूप से **ब्राह्मणों** को गुरु व शुक्रवार में, **क्षत्रियों** का रवि, मंगलवार में तथा **वैश्यों** का सोम और बुधवार में उपनयन शुभ हैं, क्योंकि ये ही इनके वर्णेश हैं। (पुरुषार्थ-चिन्तामणि)

(*ii*) बुध यदि अस्त हो या पापाक्रान्त हो, तो बुधवार त्यागें।

(*iii*) मुहूर्त्त के दिन बालक का चन्द्र ४, ८, या १२वें नहीं होना चाहिए।

***शुभ समय***—**पूर्वाह्न उत्तम,** मध्याह्न मध्यम और अपराह्न वर्जित कहा गया है।

***शुभ नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., आर्द्रा, पुन., पुष्य, आश्ले., पू.फा., उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, पू.षा., उ.षा., अभि., श्रव., धनि., शत., पू.भा., उ.भा. और रेवती नक्षत्र।

***ब्राह्मणों के लिए पुनर्वसु नक्षत्र त्याज्य है।***

***शुभ लग्न***—विशेषतया २, ३, ५, ६, ९ राशि लग्न उत्कृष्ट कहे गए हैं, तथापि कोई भी राशि लग्न ग्राह्य हैं, जब ८, १२वां भाव शुद्ध ; ३, ६, ११वें पापग्रह, अन्यत्र (लग्न बिना) सौम्य ग्रह तथा वृष या कर्कस्थ पूर्णचन्द्र लग्न में हो। पुन: गुरु, शुक्र और स्वशाखा, स्ववर्ण का अधिपति ग्रह उच्चस्थ, स्वक्षेत्री, वर्गोत्तम, मूलत्रिकोण या केन्द्र-त्रिकोणस्थ हो, तो वह काल उपनयन में शुभ जानना चाहिए।

**सूर्य-चन्द्र व गुरु बल ( त्रिबल )**—उपनयन मुहूर्त्त के प्रवरण हेतु संस्कार्य बालक की जन्मराशि से सूर्य, गुरु और चन्द्र बल का विचार अवश्य करना चाहिए।

### रवि-चन्द्र-गुरु शुद्धि चक्र

| ग्रह बल | सूर्य बल | चन्द्र बल | गुरु बल |
|---|---|---|---|
| शुभ स्थान | ३,६,१०,११ | १,२,३,५,६,७,९,१०,११ | २,५,७,९,११ |
| पूज्य स्थान | १,२,५,७,९ | १२ | १,३,६,१० |
| अनिष्ट स्थान | ४,८,१२ | ४,८ | ४,८,१२ |

उच्चस्थ, स्वनवांश, मित्रराशि या वर्गोत्तम या स्वराशि में गुरु हो, तो अनिष्ट गुरु भी ग्राह्य होता है।

***रोग–बाण***—उपनयन मुहूर्त्त में रोगबाण का भी विचार किया जाता है। (रोगबाण प्रत्येक

---

*सोपपद तिथियाँ–ज्ये. शुक्ल २, आषाढ़ शुक्ल १०, पौष शुक्ल ११, माघ शुक्ल १२

राशि के 9, 18, और 27वें अंश में स्थित सूर्य का संचारकाल होता है) परन्तु ध्यान रहे, रोगबाण और चौरबाण का विचार रात्रि में किया जाता है। तथा उपनयन का समय तो पूर्वार्द्ध या मध्याह्न तक ही होता है। अपि च, लग्न बल की उपलब्धि में बाण विचार निरर्थक है–

**लग्ने पूर्णबलोयेते न दोषः पंचकस्य च।।** –मुहूर्त गणपति

**नोट**–यदि संस्कार्य बालक की माता रजस्वला हो जाए तो उसकी शुद्धि के बाद ही यज्ञोपवीत संस्कार करना चाहिए।

## (5) केशान्त कर्म मुहूर्त्त

ब्राह्मण को 16वें, क्षत्रियों को 22वें तथा वैश्य को 24वें वर्ष में केशान्त संस्कार करना चाहिए। इस संस्कार के लिए काल-शुद्धि, ग्राह्य-वर्ज्य दोष चूड़ाकर्म (मुण्डन) संस्कार के सदृश ही जानने चाहिएं।

## (6) समावर्तन मुहूर्त्त

यह संस्कार आचार्य-गृह (गुरुकुल) में विद्या समाप्त कर गृहस्थाश्रम में प्रवेश के समय एक विशेष अनुष्ठान के रूप में किया जाता है। केशान्त तथा विवाह संस्कार के मध्यवर्त्ती काल में, जब बालक गुरु से अध्ययन करके स्वगृह लौटता है, तब उपाकर्म की तरह ही समावर्तन करना चाहिए। इसे कुछ विद्वान लोग **'मौंजी-मोक्षण'** संस्कार भी कहते हैं। इस संस्कार में वर्ज्य-ग्राह्य एवं काल-शुद्धि आदि उपनयन संस्कार की भान्ति रहेगी। समावर्तन संस्कार के उपरान्त ही ब्रह्मचारी विद्याव्रत स्नातक कहलाता है।

# विवाह संस्कार

विवाह गृहस्थाश्रम का सर्वप्रमुख संस्कार है। इस संस्कार के प्रमुख तीन उद्देश्य होते हैं–(1) अनर्गल प्रवृत्ति का निरोध, (2) पुत्रोत्पादन द्वारा वंश की रक्षा एवं (3) भगवत्प्रेम का अभ्यास। ऋषि-ऋण, देव-ऋण और पितृ-ऋण–इन तीन ऋणों का शोधन कर अपना चित्त मोक्ष में लगाना चाहिए। तीन ऋणों से बिना छुटकारा पाये मुक्ति मार्ग का आश्रय लेने से मानव का पतन हो जाता है। अतएव स्वाध्याय द्वारा ऋषि-ऋण, यज्ञ-साधन द्वारा देव-ऋण और पुत्रोत्पत्ति द्वारा पितृ-ऋण से सद्गृहस्थ मुक्त होते हैं। नैष्ठिक ब्रह्मचारी के समस्त ऋण ज्ञानयज्ञ में लय हो जाते हैं।

गृहस्थ बनने के लिए मन के अनुरुपा, भिन्नगोत्रीया, अपने से अल्पवयस्का एवं अनन्यपूर्विका (पहिले किसी के साथ अविवाहिता) कन्या का पाणिग्रहण करें।

## (7) वर–वरण (सगाई) मुहूर्त्त

वर–कन्या की जन्मपत्रियों में परस्पर सम्यक् मिलान हो जाने के पश्चात् दोनों के माता–पिता विवाह के संकल्प (वाग्दान) को सम्पुष्ट करने के लिए वर–कन्या का वरण (सगाई) करते हैं। इसके निम्नलिखित शुभ मुहूर्त्त में कन्या का भाई कुल पुरोहित (ब्राह्मण) एवं परिवार के सन्निकट सगे–सम्बन्धियों के साथ यज्ञोपवीत, नारियल, साबुत सुपारी, हल्दी, अक्षत, छुहारे, गुड़, वस्त्र, अँगूठी, मिष्ठान्न, फल, फूलादि अर्पण करके वर का शास्त्र प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें। (पूर्ण विधि जानने के लिए हमारी नवीन प्रकाशित **'विवाह-पद्धति'** का अवलोकन करें।)

***ग्राह्य मास***–पौष एवं चैत्र मास (धनु एवं मीनस्थ सूर्यकालीन) को छोड़कर शेष मास।

***शुभ–ग्राह्य तिथि***–१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (दोनों पक्षों की), १३ (शुक्ल) एवं पूर्णिमा तिथि।

***ग्राह्य वार***–रवि, चन्द्र, बुध, गुरु तथा शुक्रवार।

***ग्राह्य नक्षत्र***–कृति., रोहि., मृग, तीनों पूर्वा, हस्त, श्रवण, चित्रा।

***शुभ लग्न***–सभी राशि लग्न, परन्तु केन्द्र/त्रिकोण में शुभ ग्रह तथा 3, 6, 11वें भावों में क्रूर ग्रह हों।

## (8) कन्या–वरण मुहूर्त्त

वर-वरण की भान्ति ही वर के माता–पिता अथवा रक्त–सम्बन्धी कन्या के वरण के लिए कन्या के घर में जाकर शास्त्र–प्रशस्त मांगलिक मन्त्रों के साथ वरण करें।

***शुभ मास***–धनुस्थ एवं मीनस्थ (पौष एवं चैत्र मास) सूर्य को छोड़कर शेष मास।

***ग्राह्य तिथि***–१ (कृष्ण पक्ष की), २ ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (दोनों पक्षों की), १३ (शुक्ल) एवं पूर्णिमा।

***ग्राह्य नक्षत्र***–मघा, तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा तथा विवाह–मुहूर्त्त वाले सभी नक्षत्र।

***शुभ लग्न***–सभी राशि लग्न, तथा केन्द्र/त्रिकोण में शुभ ग्रह (बुध, गुरु, शुक्र) हों।

## (9) विवाहांग कृत्यारम्भ मुहूर्त्त

विवाह से पूर्व महत्त्वपूर्ण कृत्य जैसे–दलन, कण्डन, अनाज–शोधन, पिष्टीकरण, घर को लीपना (पेंट), सजाना, चित्रकारी करना, स्तम्भारोपण, अंकुरार्पण, गणेशादि पूजन, वस्त्रालंकार संग्रह, भूषण–कंकणादि धारण, कलश–स्थापन, मंगल–स्नान तथा नान्दीश्राद्धादि विवाहांग कृत्यों को विवाह दिन से पूववर्ती ३, ६, ९वें दिनों को छोड़कर करना चाहिए। इन्हें विवाह–मुहूर्त्तोक्त नक्षत्रों तथा सामान्य पंचांग शुद्धि में २, ४, ५, ७, ८, १०, ११, १२ दिन पूर्व करें।

## वेदिका निर्माण और स्तम्भारोपण

विवाह में वेदी–रचना (मण्डप) भी अपना महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। ब्राह्मणों के लिए विवाह के लिए (कन्या) के 4 हाथ परिमित लम्बी–चौड़ी, एक हाथ ऊँची और पूर्व की ओर क्रमशः ढालु होती हुई वेदी बनानी चाहिए। समस्त वर्णों के लिए कन्या–घर के बायीं ओर वेदी का निर्माण करना चाहिए। अर्थात् घर के बाहर घर की ओर मुँह करके खड़े व्यक्ति के दायीं ओर बनाई जाए। इस मण्डपवेदी को चारों ओर चार मण्डप–स्तम्भों से आवृत्त किया जाता है। मण्डप निर्माणान्तर्गत प्रथण स्तम्भ के आरोपणार्थ दिशा ज्ञान के हेतु सूर्य राशि संचार के अनुसार निम्न चक्र द्रष्टव्य है–

| **दिशा** | ईशान | आग्नेय | नैर्ऋत्य | वायव्य |
|---|---|---|---|---|
| **सूर्य राशि** | ५,६,७ | २,३,४ | ११,१२,१ | ८,९,१० |

*अर्थात् सूर्य के सिंह, कन्या, तुला राशि संचार कालीन ( भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक मास)* स्तम्भ ईशान कोण में सर्वप्रथम गाड़ा जाना चाहिए।

**विशेष**–मण्डप निर्माणारम्भ में '**विवाहांग कृत्यारम्भ**' में कहे हुए तत्त्वों का विचार तथा मंगलवार व पंचक-नक्षत्रों का परित्याग करना चाहिए।

विवाह कार्य पूर्ण हो जाने के अनन्तर पूर्वनिर्मित मण्डपादि तथा पूर्वामन्त्रित गणेशषोडश-मातृकादि का विसर्जन २, ४, ५, ७वें दिन करना शुभावह माना गया है।

**ध्यान रहे**–नान्दीमुख श्राद्ध से मण्डपोद्वासन पर्यन्त पिता, भाई तथा सभी सगोत्र/सपिण्ड बान्धवों को दर्श श्राद्ध, क्षयश्राद्ध, ठण्डे पानी से स्नान, अपसव्य, स्वधाकार, नित्यश्राद्ध, ब्रह्मयज्ञ, अध्ययन, नदी व सीमा का लांघना, उपवास, व्रत और श्राद्ध में भोजन नहीं करना चाहिए।

## ( 10 ) तैलादि–लापन (चढ़ाने) का मुहूर्त्त

वर-कन्या जिसको विवाह से पूर्व तैल चढ़ाना (उबटन) हो, उसका चन्द्र-बल देख लेना चाहिए। तैलादि मंगल कार्य हेतु मेषादि राशि वालों के लिए चक्र में निर्दिष्ट संख्या दिन के पूर्व (पहिले) करना चाहिए। **उदाहरणार्थ**–मिथुन राशि वाले वर-कन्या को विवाह से 5 दिन पूर्व तैलाभ्यंग करना चाहिए। इसमें विवाह का दिन गिनती में न करें।

| राशि | मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तैलसंख्या | 7 | 10 | 5 | 10 | 5 | 7 | 7 | 5 | 5 | 5 | 5 | 7 |

## (11) विवाह–मुहूर्त्त

विवाह-मुहूर्त्त निर्णय में सामान्य वर्ज्य दोषों के अतिरिक्त लतादि दस दोषों का विवरण तथा लग्न शुद्धि एवं अन्य घटक तत्त्व इसी पंचांग में वार्षिक विवाह-मुहूर्त्तों के अनन्तर पृष्ठों पर प्रतिवर्ष दिया रहता है। मुख्य ग्राह्य मासादि का विवरण पुनः लिख रहे हैं–

***ग्राह्य मास***–विवाह संस्कार में पूर्वाचार्यों ने यद्यपि वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, मार्गशीर्ष, माघ व फाल्गुन मास ग्रहण किए हैं। परन्तु अनेक विद्वानों एवं मुहूर्त्त चिन्तामणि पीयूषधारा अनुसार लोकाचार से श्रावण, भाद्रपद, आश्विन मास भी ग्रहणीय हैं। इसीदिन (भद्रदेश) पंजाब (हि.प्र., हरियाणा, जम्मू सहित) में अति प्राचीन काल से श्रा., भाद्र., आश्वि महीनों में विवाह करने की प्रथा चली आ रही है। पर्वतीयों प्रदेशों (हि.प्र., उत्तराखण्ड आदि) में कार्तिक मास में भी विवाह होते हैं।

***ग्राह्य तिथि***–कृष्णपक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तक की तिथियों को छोड़कर शेष तिथियों में।

***ग्राह्य वार***–सभी वार ग्रहणीय है। परन्तु रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र विशेष शुभ तथा मंगल-शनिवार मध्यम कहे गए हैं।

***ग्राह्य नक्षत्र***–अश्वि., रोहि., मृग., मघा, उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, उ.षा., श्रव., धनि., उ.भा. और रेवती नक्षत्र।

**अश्वि., चित्रा, श्रव. व धनिष्ठा**–ये चार विवाह नक्षत्र कात्यायन गृहसूत्रोक्त त्रिषुत्रिषूत्तरादिषु प्रमाणानुसार ग्रहण किए गए हैं। गृहसूत्र के अतिरिक्त 'धर्मसिन्धु', 'ज्योतिर्विदाभरणम्' तथा 'सत्यकृत्य मुक्तावली' ग्रन्थ में भी ये चारों नक्षत्र विवाह हेतु ग्राह्य माने गए हैं।

**विवाह में लग्न शुद्धि एवं विशेष विषयों पर विचार**–विवाह में त्रिविक्रमसंहिता अनुसार शुद्ध काल, लग्न-शुद्धि, लग्न-बल, वर-कन्या के सम-विषम वर्षों का विचार, भद्रादि दोष, गोधूली लग्न सम्बन्धी सभी विषयों का निर्णयप्रकार सप्रपञ्च इसी पंचांग में वार्षिक विवाह-मुहूर्त्त वाले पृष्ठों के बाद स्थायी स्तम्भों में देखें।

## ( 12 ) नववधू प्रवेश–(वध्वागमन) मुहूर्त्त

विवाह दिन से 16 दिनों के मध्यान्तर में सम दिनों में एवं 5, 7, 9वें विषम दिनों एवं स्थिर लग्न में वधू प्रवेश शुभ है। उपरोक्त दिनों में तिथि और नक्षत्रादियों का नियम नहीं होता। यदि ऊपर कहे हुए दिनों में वधू प्रवेश न हो सके तो विषम दिनों (तिथियों) में, विषम मासों में और विषम वर्षों में होना चाहिए। परन्तु यदि किसी कारण अथवा दैवगत व्यवधान के कारण पाँच वर्ष तक भी नववधू प्रवेश न हो सके तो फिर किसी भी अन्य शुभ मुहूर्त्त में प्रवेश करना चाहिए। 16 दिन के पश्चात् ही निम्न तिथ्यादि तत्त्व विचारणीय होंगे–

***ग्राह्य तिथि***–कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी से शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथियाँ तथा ४, ९, १४ तिथियाँ त्यागकर सभी तिथियां।

***ग्राह्य वार***–सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।

***ग्राह्य नक्षत्र***–अश्वि., रोहि., मृग, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, उत्तरा-तीनों, श्रव., धनि. तथा रेवती।

***शुभ लग्न***–५, ८, ११ लग्न विशेष शुभ हैं। परन्तु अन्य लग्नों में भी (४, ८ भाव शुद्ध होने पर) वधू प्रवेश रात्रि के समय किया जा सकता है।

नववधू प्रवेश के समय भद्रा, व्यतिपातादि अशुभ दोषों का विचार तो करना ही चाहिए।

## विवाह के बाद प्रथम वर्ष में कन्या वास-चिन्तन

विवाह के पश्चात् नव-परिणीता स्त्री प्रथम ज्येष्ठ मास में पति के घर निवास करे, तो पति के ज्येष्ठ (जेठ) को, प्रथम अधिक मास में पति को, क्षय मास में स्वयं का, प्रथम आषाढ़ (मासान्तर श्रावण) में सास को एवं पौष में श्वसुर को अशुभ फल प्राप्त होता है। इसी प्रकार प्रथम चैत्र मास में मायके (पितृ-गृह) में रहने से पिता को अशुभ फल प्राप्त होता है।

## ( 13 ) द्विरागमन (मुकलावा) मुहूर्त्त

नवविवाहिता वधू का वधू-प्रवेश के अनन्तर पिता के गृह में लौटकर पुनः भर्तृगृह गमन (ससुराल) '**द्विरागमन**' कहलाता है। अतः इसे '**पुनर्वधूप्रवेश**' भी कहा जा सकता है।

***द्विरागमन काल***–यदि द्विरागमन विवाह दिन से 16 दिन के मध्यान्तर में किया जाए तो विषम या सम दिनों में सूर्य-चन्द्र बल, गुरु-शुक्रास्त, गुरु-शुक्र बाल्य-वृद्धत्व, एकराशिगत सूर्य-

चन्द्र, सम्मुख एवं दक्षिणस्थ शुक्र, भद्रा का विचार नहीं किया जाता। परन्तु यदि 16 दिनों के बाद हो, तो द्विरागमन में ये घटक त्याज्य रहेंगे। विवाह के बाद प्रथम, तृतीय या पंचम-सप्तमादि विषम वर्षों में वर (पुरुष) के सूर्य एवं गुरु तथा दोनों (वर-वधू) के चन्द्रमा बलवान् होने पर पत्नी का द्विरागमन शुभ होता है।

***ग्राह्य मास***—मेष, वृश्चिक तथा कुम्भस्थ कालीन सूर्य अर्थात् वैशाख, मार्गशीर्ष तथा फाल्गुन सौर मासों में।

***ग्राह्य शुभ तिथि***—शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ एवं पूर्णिमा।

***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., पुन., पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत. तथा रेवती नक्षत्र।

***शुभ लग्न***—२, ३, ६, ७, १२ लग्न विशेष शुभ हैं तथा इन पर शुभ ग्रहों की दृष्टियां हों। लग्न से ३, ६, १०, ११वें गुरु तथा केन्द्र भावों में शुक्र विशेष शुभप्रद होगा।

***शुक्र-विचार***—शुक्र की शुद्धि द्विरागमन में अत्यावश्यक है। शुक्र जिस दिशा में उदित हुआ हो, उसी दिशा से शुक्रवास का विचार करना चाहिए। **उदाहरणार्थ**—जैसे यदि शुक्र पूर्व दिशा से उदय हुआ हो [जब शुक्र, सूर्य से पीछे (कम) रहता है, तो प्रातःकाल पूर्व में उदित रहता है।]—उस समय पूर्व-उत्तर (आग्नेय-ईशान) की यात्रा में शुक्र सम्मुख-दक्षिण होने से अशुभ होगा। परन्तु पश्चिम-दक्षिण (नैर्ऋत्य-वायव्य) की यात्रा में शुक्र पृष्ठ-वाम (बाएं) होने से शुभ है। इसी प्रकार शुक्र जब सूर्य से आगे (अधिक) रहता है, तो सन्ध्या में पश्चिम में उदित रहता है, उस समय पश्चिम (वायव्य) की यात्रा में शुक्र सम्मुख (सामने) तथा दक्षिण की यात्रा में दक्षिण (दाहिना) होता है। अतः पूर्व (आग्नेय) तथा उत्तर (ईशान) की यात्रा में पृष्ठ एवं वाम (बाएं) शुक्र होते हैं। **सम्मुख** एवं **दक्षिण** शुक्र में बालक, गर्भिणी तथा नवोढ़ा के लिए यात्रा अशुभ कही गई है।

यह शुक्र का विचार तृतीयादि विषम वर्ष के द्विरागमन, नवविवाहिता तथा गर्भिणी की यात्रा में करना आवश्यक है।

**सम्मुख-शुक्र का परिहार**—एक ही नगर/ग्राम में, किसी विषय (बिमारी या उत्पात) आदि के उपद्रव में, विवाह सम्बन्धी यात्रा में, देव-तीर्थ यात्रादि में, राज-पीड़ित होकर और विवाह के बाद एक वर्ष के भीतर स्त्री पिता के घर से पतिगृह की यात्रा करें तो सम्मुख-दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होगा। अपि च, जब चन्द्रमा रेवती से मृगशिर तक हो, तो भी सम्मुख-दक्षिण शुक्र का दोष नहीं होता। क्योंकि इस अवधि में शुक्र अन्धा हो जाता है। इसीप्रकार पति द्वारा पत्नी के ले जाने पर (अर्थात् यदि पति साथ हो) तो तथा भृगु, अंगिरा, वत्स, वशिष्ठ, कश्यप, अत्रि और भारद्वाज-इन 7 मुनियों के वंश (गोत्र) में भी सम्मुख शुक्र का दोष नहीं लगता है।

## (14) प्रथम स्त्री-समागम मुहूर्त्त

रजोदर्शन उपरान्त 16 रात्रि पर्यन्त, प्रथम चार रात्रियों को छोड़कर शेष 12 रात्रियों में स्त्री संगम (समागम) करें। पुरुष अपने चन्द्र बल में प्रसन्नचित्त होकर नवांगना से प्रथम-समागम करे। विषम रात्रि में संभोग से गर्भ होने पर कन्या, समरात्रियों में पुत्र का जन्म होता है।

***ग्राह्य तिथि***—१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १२ तथा शुक्ल पक्ष की १३

***ग्राह्य वार***—सोम, बुध, गुरु एवं शुक्रवार

***ग्राह्य नक्षत्र***—रोहि., मृग., उत्तरा-तीनों, हस्त, स्वाती, अनु., श्रव., धनि और शतभिषा

***शुभ लग्न***—१, ३, ५, ७, ९, ११ राशि लग्न

## (15) नववधू द्वारा प्रथम पाककर्म मुहूर्त्त

नवविवाहिता वधू को ससुराल में सर्वप्रथम रसोई बनवाना शुरु करने हेतु विचारणीय शुभ काल-

***ग्राह्य तिथि***—१ (कृ.), २, ३, ५, ६, ७, १० तथा शुक्ल पक्ष की १३ व पूर्णिमा

***ग्राह्य वार***—सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार

***ग्राह्य नक्षत्र***—कृति., रोहि., मृग, पुन., उत्तरा-तीनों, विशा., ज्ये., श्रव., धनि., शत. एवं रेवती।

***शुभ लग्न***—२, ५, ८, ११ राशि लग्न। जब चतुर्थ स्थान में शुभ ग्रह या ग्रहाभाव, सप्तम में बलयुत सौम्य ग्रह तथा अष्टम भाव भी शुद्ध हो।

## (16) वास्तु भूमि का शुभाशुभ विचार

(क) गृहादि निर्माण हेतु जिस भूमि की शुभाशुभ परीक्षा करनी हो, तो शाम के समय वहाँ पर भूमि पूजन करवाने के पश्चात् वहाँ अपने एक हाथ लम्बा, एक हाथ चौड़ा और डेढ़ हाथ गहरा गड्ढा खोद कर उसे जल से भर दें। प्रातःकाल आकर उसे देखने पर, यदि वह गड्ढा पानी से भरा हुआ दिखे तो, भूमि शुभ जानें। यदि पानी न हो, तो मध्यम जानें, और यदि गड्ढा में पानी न हो और उसके आस-पास की मिट्टी फटी हुई हो, तो भूमि को अशुभ समझें।

(ख) वास्तुभूमि में परीक्षा के लिए भूमि में लगभग डेढ़ फुट गहरा उतना ही चौड़ा गड्ढा खोदें। खुदाई के समय यदि पत्थर, ईंट, ताम्बा, पात्र, धनादि द्रव्य मिलें, तो यह परिवार की आयु, धन, संतति आदि में वृद्धि होने के संकेत हैं। इसे शुभ शकुन मानना चाहिए। यदि भूमि खोदने पर कपाल, हड्डी, कोयला, केश, राख, गुठली, रुई, सीप खोपड़ी, लोहादि मिलें तो इसे अशुभ शकुन समझना चाहिए।

(ग) विश्वकर्मा के अनुसार एक अन्य परीक्षा भूमि में उत्तर दिशा की ओर एक लगभग डेढ़ फुट गहरा और डेढ़ फुट चौड़ा गड्ढा खोदें। गड्ढे में से सारी मिट्टी निकाल लें। तथा निकाली हुई मिट्टी को दुबारा उसी गड्ढे में भर देवें। यदि गड्ढा भर देने के बाद भी मिट्टी शेष बच जाती है, तो समझ लें कि भूमि उत्तम है। यदि फिर भरने के बाद मिट्टी शेष नहीं बचती और गड्ढा पूरा भर जाता है, तो इससे यह समझना चाहिए कि भूमि मध्यम स्तरीय होगी। यदि निकाली गई सारी मिट्टी गड्ढे में भरने पर भी, गड्ढा पूरी तरह नहीं भरता है, तो समझें कि ज़मीन निकृष्ट प्रकार की है।

(घ) फटी हुई, शूल (कांटों), दीमक आदि से युक्त ऊँची-नीची भूमि अशुभ होती है।

(ङ) शुभ-भूमि-चिकनी, गीली, उपजाऊ मिट्टी अथवा घास, पुष्प, लताओं, फूलों आदि से सुगन्धित एवं समतल भूमि गृह स्वामी एवं उसके परिवार के लिए सुख-सम्पत्ति में वृद्धिकारक होती है।

*(च) मकान की नींव को गहरा खोदते समय यदि काली ईंटें देखने को मिलें, तो भूमि शुभ*

जानें। हड्डी, केश, (बाल), कोयला राखादि निकलें तो वहाँ मकान बनवाने वाले को रोगादि से कष्ट रहे॥

## ( 17 ) गृहारम्भ (नींव) मुहूर्त्त

विभिन्न सूर्य संक्रान्तियों में राहु-मुख से पृष्ठवर्तिनी दिशा में घर की नींव खोदना शुभता का द्योतक होता है। भूखण्ड में सूर्य की राशि के अनुसार सर्पाकार राहु का मुख, उदर एवं पुच्छ परिवर्तित होती रहती है। इसीलिए उस दिशा में खुदाई प्रारम्भ करनी चाहिए। जहाँ राहु का कोई अंश (अवयव) न हो–

(1) सूर्य, वृष, मिथुन या कर्क (ज्येष्ठ, आषाढ़ या श्रावण) में हो, तो नींव की खुदाई का प्रारम्भ **नैऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) कोण से करें।

(2) सूर्य सिंह, कन्या या तुला (भाद्र., आश्वि. या कार्तिक) में हो, तो नींव की खुदाई का प्रारम्भ **आग्नेय कोण** (पूर्व-दक्षिण) में करें।

(3) सूर्य वृश्चिक, धनु या मकर (मार्ग., पौष या माघ) में हो, तो नींव की खुदाई का प्रारम्भ **ईशान कोण** (उत्तर-पूर्व) में करें।

(4) सूर्य मेष, कुम्भ या मीन (वैशाख, फाल्गुन या चैत्र) में हो, तो नींव की खुदाई का आरम्भ **वायव्य कोण** (उत्तर-पश्चिम) से करें।

ध्यान दें, नींव की खुदाई में सुप्त-भूमि (भू-शयन) का विचार करना भी आवश्यक है।

***सुप्तभूमि (भू-शयन)***—*(i)* **प्रत्येक सूर्य संक्रान्ति से ५, ७, ९, १५, २१ एवं २४वें प्रविष्टे को पृथ्वी सोई रहती है,** अतएव सुप्त भूमि के दिवसों में यथासम्भव कृषि, गृह-निर्माण, वापी, कुआं, तालाब के लिए भूमि का खनन न करें।

***(ii)*** एक अन्य मतानुसार, सूर्य नक्षत्र से ५, ७, ९, १२, १९ तथा २६वें चन्द्र नक्षत्रों में भी भूमि का शयन होता है। (**पंचांगदिवाकर में दिए गए गृहारम्भ मुहूर्त्तों में इन दोनों मतों का अनुसरण होता है।**) (**भू-रजस्वला**–सूर्य-संक्रान्ति के दिन से १, ५, १०, ११, १६, १८, १९वें दिन भूमि रजस्वला रहती है। अतः इन दिनों भी यज्ञ, हवन, कृषि, तालाब, गृह निर्माणारम्भ आदि कार्यों का आरम्भ न करें–परन्तु अधिकतर पंचांगकार एवं विद्वान इस मत को मान्यता नहीं देते।)

***ग्राह्य मास***—वैशाख, ज्येष्ठ, श्रावण, मार्ग., माघ तथा फाल्गुन श्रेष्ठ कहे हैं। भाद्रपद और कार्तिक मास मध्यम हैं।

**द्वार-मुख के अनुसार मास ग्रहण**–जब सूर्य मेष-वृष-वृश्चिक-तुला राशि में हो, तो दक्षिण या उत्तर मुख का और जब सूर्य कर्क-सिंह-मकर-कुम्भ राशि में हो, तो पूर्व या पश्चिम मुख का गृह बनाना चाहिए।

| पूर्व-पश्चिमाभिमुख गृह | उत्तरदक्षिणाभिमुख गृह |
|---|---|
| सौर श्रावण, भाद्रपद, माघ तथा फाल्गुन मास | सौर वैशाख, ज्येष्ठ, कार्तिक और मार्गशीर्ष मास |

***ग्राह्य तिथि***—१ (कृ.), २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२, १३ (शु.), १५

***ग्राह्य वार***—सोम, बुध, गुरु, शुक्र और शनिवार

***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्विनी, रोहि., मृग., पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., उत्तरा-तीनों, अनु., श्रव., धनि., शत. और रेवती।

***शुभ लग्न***—स्थिर या द्विस्वभाव लग्न शुभ होंगे (२, ३, ५, ६, ८, ९, ११, १२)। लग्न पर शुभ ग्रहों की दृष्टि, पापग्रह ३, ६, ११ में हों तथा शुभ ग्रह ८, १२वें भाव के अतिरिक्त अन्य भावों में हों, दशम भाव में सबल सौम्य ग्रह तथा चन्द्रमा १, ६, ८, १२वें न हों।

***अग्निबाण***—'गृहगोपेऽग्निपंचकम्' अनुसार गृहारम्भ के समय अग्निबाण वर्जित है। परन्तु अधिकतर विद्वानों के अनुसार लकड़ी आदि की छत डालते समय, इलैक्ट्रिक वायरिंग प्रारम्भ करते हुए तथा स्तम्भ आरोहणादि काल में ही अग्निबाण का विचार करना चाहिए। अपि च, लग्न बल की उपलब्धि में बाण विचार निरर्थक है।

## वृषवास्तु चक्र

| बैल के अंग | शिर | अगले पाद (पांव) | पृष्ठपाद (पिछले पांव) | पृष्ठ (पीठ) | दक्ष कुक्षि (दाईं कोख) | पुच्छ (पूँछ) | वाम कुक्षि (बाईं कोख) | मुख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नक्षत्र | ३ | ४ | ४ | ३ | ४ | ३ | ४ | ३ |
| फल | अग्नि-भय | शून्य (०) | स्थिरता शान्तिप्रद | श्रीलक्ष्मी प्राप्ति | लाभ-प्रद | स्वामी कष्टकारी | दारिद्रय | सदा पीड़ा व कष्ट |

गृहारम्भ के मुहूर्त्तों में से मास शुद्धि, ग्रह-बलादि देखने के बाद, कल्पित वृष (बैल) के अंगों पर अभिजित् सहित अट्ठाईस नक्षत्रों को प्रत्यारोप (स्थापित) करें। सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से मुहूर्त्त के दिन तक गणना करने पर मुहूर्त्त वाला दिन दोषपूर्ण आता हो, तो उस स्थिति में मुहूर्त्त का दिन बदल लेना चाहिए।

**उदाहरण**–जैसे सूर्य के नक्षत्र से लेकर प्रथम तीन नक्षत्रों तक गिनने पर **मुहूर्त्त दिन** पड़ता हो, तो गृह में **अग्निदाह** का भय रहेगा। आगे 4, 5, 6 एवं 7वें नक्षत्र पर मु. नक्षत्र आवे तो शून्य यानि-कुछ भी शुभाशुभ फल न हो। अर्थात् अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिले। आगामी चार (8, 9, 10, 11)वें नक्षत्रों के मध्यपात हो तो भाग्य में स्थिरता एवं शान्ति रहेगी। चतुर्थ भाग उससे आगे के तीन नक्षत्रों के मध्य मुहूर्त्त आ जावे तो लक्ष्मी प्राप्ति अर्थात् धन प्राप्ति के योग होंगे। इसी क्रमानुसार फल जानें।

**निष्कर्षतः**–गृह निर्माण का आरम्भ करने के लिए सूर्य के नक्षत्र से प्रथम सात नक्षत्र अशुभ। आठवें नक्षत्र से अठारहवें तक शुभ तथा शेष अंतिम दश नक्षत्र पुनः अशुभ होंगे।

**ध्यान रहे,** भूखनन के बाद भूमि-पूजन एवं वास्तु-पूजा करनी आवश्यक है।

***शिलान्यास मुहूर्त्त***—गृहारम्भ की शुभ बेला में खनित नींव को गृहारम्भ के लिए निर्दिष्ट

समय-शुद्धि का विचार करके विधिवत् पत्थरों, शिलाओं, ईंटों से पूरित कर देना चाहिए। वृहत्संहिता अनुसार पहिले से खोदी हुई नींव में पूर्व व दक्षिण दिशा के मध्य में अर्थात् अग्निकोण में पूजा करके प्रथम शिला स्थापित करके प्रदक्षिणा के क्रम से अर्थात् अग्नि के बाद दक्षिण-पश्चिम (नैऋत्य) तथा वायव्यादि( उत्तर) दिशाओं में स्थापित करना चाहिए एवं खम्भ को भी इसी रीति से बनवाना चाहिए।

## ■■■■■नींव में रखने योग्य सामग्री■■■■■

**शिलान्यास हेतु आवश्यक सामग्री–**

- तांबे की गड़वी में चावल भरकर तथा सरसों, हल्दी भरें तथा गड़वी को मौली तथा आम्र पत्तों से बांध लें। ➧ ५ नई ईंटे
- ५ पंचरत्नी तथा गीता आदि धार्मिक ग्रन्थ
- १ जोड़ी सर्प, सर्वोषधि, श्रीफल एक, लाल वस्त्र, जनेऊ-जोड़ा
- **(विशेष)** –भाद्रपद, आश्विनी और कार्तिक मास में भवन निर्माण हो तो सर्प का मुख पूर्व में होना चाहिए।
- फाल्गुन, चैत्र, वैशाख मासों में निर्माण हो तो सर्प का मुख पश्चिम दिशा की ओर हो।
- ज्येष्ठ, आषाढ़ श्रावण मासों में सर्प का मुख उत्तर दिशा की ओर हो।
- मार्गशीर्ष, पौष, माघ मासों में सर्प का मुख दक्षिण दिशा में होना चाहिए।
- ५ कौड़ीयां, सिंधूर, ५ सुपारी साबुत, 1 नारियल।
- दरिया या तालाब के किनारे की घास तथा १ पाव कच्चा दूध। (यदि सम्भव हो तो गंगाजल एवं गंगादि तीर्थ से लाई हुई रेत या मिट्टी भी रख दी जाए तो अधिक अच्छा है।

## (18) द्वार–शाखा स्थापन मुहूर्त्त

उचित दिशा में प्रमुख द्वार का निर्माण व उसमें चौखट लगवाने में उपयुक्त काल शुद्धि–

***तिथि***–५, ७, ८, ९ [पंचमी धनदा चैव, मुनिनन्दवसौ शुभम्।।–ज्येतिर्निबन्ध]

***ग्राह्य वार***–सोम, बुध, गुरु, शुक्र

***ग्राह्य नक्षत्र***–अश्वि., रोहि., मृग., पुष्य, उत्तरा–तीनों, हस्त, स्वा., श्रव. और रेवती।

### सूर्यभात् द्वार–देहली चक्र

| सूर्यभात् नक्षत्र | ४ | ८ | ८ | ३ | ४ |
|---|---|---|---|---|---|
| फल | लक्ष्मी प्राप्ति | उद्वेग | देहसौख्य | मृत्युतुल्य कष्ट | सौख्य |
| वास | शिर | चतुष्कोण | चतुः शाखा | देहली | मध्य |

## (19) जलाशय (कुआँ), देवालय खनन मुहूर्त्त

सामान्य रूप से कुआँ, तालाब, बावड़ी आदि समस्त जलस्थानों का शुभारम्भ अग्रलिखित तिथि/वार आदि में शास्त्र-सम्मत होगा–

***ग्राह्य मास***–वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (मिथुनार्क), माघ तथा फाल्गुन।

***ग्राह्य तिथि***–शुक्ल पक्ष की २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३

***ग्राह्य वार***–सोम, बुध, गुरु, शुक्र।

***ग्राह्य नक्षत्र***–अश्वि., रोहि., मृग., पुन, पुष्य, उत्तरा–तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत., रेवती।

***लग्न–शुद्धि***–२, ४, ७, ९, १०, ११, १२ आदि राशि लग्न तथा शुभ ग्रहों के नवांश। तथा केन्द्र में शुभ ग्रह हों।

**विशेष**–गुरु-शुक्रास्त, गुर्वादित्य, दक्षिणायन, भद्रा, कुयोगादि त्याज्य।

## (20) राहु मुख ज्ञान चक्रम्

सूर्य के भिन्न-भिन्न राशियों में संचार-कालीन देवालय-प्रारम्भ, गृहारम्भ तथा जलाशय (कुआँ, नल, तालाबादि) के लिए भू-खननोपयोगी दिशा ज्ञान चक्र है। तीन-तीन राशि की स्थिति में ऊपर के क्रम से राहु के मुख की दिशा लिखी है, उसकी विपरीत (पृष्ठ) दिशा में खात करना शुभ होगा।

### सूर्यराशिवशात् खात चक्रम

| राहुमुखम् | ईशान्ये | वायव्ये | नैऋत्ये | आग्नये |
|---|---|---|---|---|
| देवालयारम्भे सूर्य | मीन, मेष, वृष | मिथुन, कर्क, सिंह | कन्या, तुला, वृश्चिक | धनु, मकर, कुम्भ |
| गृहारम्भे सूर्य | सिंह, कन्या, तुला, | वृश्चि., धनु, मकर | कुम्भ, मीन, मेष | वृष, मिथुन कर्क |
| जलाशयारम्भे सूर्य | मकर, कुम्भ, मीन | मेष, वृष, मिथुन | कर्क, सिंह, कन्या | तुला, वृश्चि., धनु |
| खातदिशा (खुदाई) \| शुभ→ | आग्नेये (पूर्व-दक्षिण) | ईशाने (उत्तर-पूर्व) | वायव्ये (उत्तर-पश्चिम) | नैऋत्ये (दक्षिण-पश्चिम) |

### सूर्यभात् कूप–नल ( जल चक्र )

| नक्षत्र | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ | ३ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दिशा | मध्य | पूर्व | आग्नेय | दक्षिण | नैऋत्य | पश्चिम | वायव्य | उत्तर | ईशान |
| प्राप्यजल | स्वादु | खण्डित | स्वादु | अभाव | स्वादु | क्षार | मिश्रित | मधुर | क्षार |

## (21) अथ चुल्लिचक्र–विचार

सूर्य के नक्षत्र से 6 नक्षत्र पीठ के सुखप्रद। आगामी 4 नक्षत्र मस्तक के मृत्युप्रद। आगामी 8 नक्षत्र बाहु के सुन्दर-सुख एवं भोगदायक। 5 गर्भ के नाशक। 2 भुज के भोगदायक तथा अन्तिम 2 नक्षत्र चरण के नाशक माने गए हैं। यह चुल्लिचक्र गर्गाचार्य द्वारा लिखा गया है। उपरोक्त शुभ नक्षत्रों में ही चुल्हा बनावे तथा इन्हीं शुभ नक्षत्रों में प्रथम अग्नि जलावें।

## ( 22 ) नूतन गृह प्रवेश मुहूर्त

***ग्राह्य मास***—निरयण उत्तरायणकाल अर्थात् वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (लगभग 15 जुलाई तक की कालावधि), माघ तथा फाल्गुन मास। कार्तिक एवं मार्गशीर्ष मास मध्यम माने गए हैं।

***ग्राह्य वार***—चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।

***ग्राह्य शुभ तिथियां***—रिक्ता तिथियां (४, ९, १४) तथा अमावस को छोड़कर शेष प्रायः सभी तिथियां।

प्रकारन्तरेण, दिग्द्वार के अनुसार अनुरूप गृह–प्रवेशोपयोगी तिथियां–

| **द्वार दिशा** | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
|---|---|---|---|---|
| **शुभ तिथियां** | ५,१०,१५ | २,७,१२ | ३,८,१३ | १,६,११ |

***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., उ.फा., उ.षा., उ.भा., श्रव., धनि., शत., रेवती।

## 'गृह प्रवेश में कलश वास्तु चक्र'

*नवगृह प्रवेश सम्बन्धी मुहूर्तों में और अधिक सूक्ष्मता प्राप्ति के लिए कलश–वास्तु चक्र का प्रयोग किया जाता है। किसी काल्पनिक कलश को आठ विभागों में बाँट लें। मुहूर्त्त काल में सूर्याधीष्ठित नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र (मुहूर्त्त वाला नक्षत्र) तक यथाक्रम नक्षत्र रखें। घट चित्र रेखांकित है। सूर्य नक्षत्र से चंद्र नक्षत्र 1 (समान) होने पर मुख पर स्थापित करें। सूर्य के नक्षत्र से आगे गिनने पर दो से पाँच अर्थात् आगे के चार नक्षत्र पूर्व दिशा में रखें, इसी प्रकार 6 से 9 तक चार नक्षत्र कलश के दक्षिण में रखें, फिर दस से तेरह तक चार नक्षत्र पश्चिम में रखें, फिर 14 से 17 तक चार नक्षत्र उत्तर में रखें तथा 18 से 21 तक चार नक्षत्र कलश के उदर में रखें, फिर 22 से 24 तक तीन नक्षत्र कलश के तल में रखें तथा शेष 25 से 27 तीन नक्षत्र कलश के कण्ठ में रखें। इसके बाद गृह प्रवेश का फल इस प्रकार जानें–*



| गृह–प्रवेश में नक्षत्र फल | फल |
|---|---|
| *1. यदि मुख का नक्षत्र ही प्रवेशनक्षत्र* | *अग्नि से भय होता है।* |
| *2. पूर्व के चार नक्षत्रों में भवन* | *उजाड़ होने का भय होता है।* |
| *3. दक्षिण के चार नक्षत्रों में* | *धन लाभ होता है।* |
| *4. पश्चिम के चार नक्षत्रों में* | *धन–वैभव प्राप्त होता है।* |
| *5. उत्तर के चार नक्षत्रों में* | *कलह–क्लेश रहता है।* |
| *6. उदर के चार नक्षत्रों में* | *विनाश का भय रहता है।* |
| *7. तल के तीन नक्षत्रों में* | *स्थिरता (स्थायी वास)।* |
| *8. कण्ठ के तीन नक्षत्रों में* | *गृहस्वामी की चिरायु हो।* |

*शुभ लग्न—विशेष रूप से गृहस्वामी के जन्म–लग्न या जन्मराशि से अष्टम लग्न न हो, जन्मराशि/जन्मलग्न से उपचय 3, 6, 10 या 11वें तथा स्थिर लग्न में गृह–प्रवेश करना चाहिए। ग्राह्य लग्न में लग्न से 1, 2, 5, 7, 9, 10 भावों में शुभ ग्रह और 3, 6, 11वें भावों में पाप–ग्रह हों तथा चतुर्थ व अष्टम भाव शुद्ध होने पर गृह–प्रवेश करना शुभ होता है।*

***वामस्थ रवि विचार***—गृह प्रवेश के समय ग्राह्य लग्न में वामस्थ सूर्य शुभ माना गया है। गृह प्रवेश के लग्न से 8वें स्थान में जो राशि हो, तो उससे 5 स्थान आगे–8, 9, 10, 11, 12वें भाव में यदि सूर्य हो, तो पूर्वदिशा की ओर गृहप्रवेश में रवि वाम होता है और दक्षिणाभिमुखः वाले द्वारगृह में प्रवेश लग्न के समय यदि सूर्य 5, 6, 7, 8, 9वें भाव में सूर्य हो, तो दक्षिण दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा। इसी प्रकार गृह प्रवेश लग्न से दूसरे स्थान से आगे 5 स्थान 2, 3, 4, 5, 6वें भाव में सूर्य होने से पश्चिम दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होगा तथा प्रवेश लग्न से 11वें स्थान से आगे 5 स्थानों 11, 12, 1, 2, 3 भाव में सूर्य हो, तो उत्तर दिशा वाले घर में प्रवेश के लिए सूर्य वाम होता है।

### वामस्थ रवि ज्ञानार्थ चक्र

| द्वार दिशा | गृह–प्रवेश लग्न से | आगे 5 स्थान तक वामस्थ सूर्य |
|---|---|---|
| पूर्वाभिमुख गृह | अष्टम स्थान से | सूर्य 8, 9, 10, 11, 12वें भाव |
| दक्षिणाभिमुख गृह | पंचम स्थान से | सूर्य 5, 6, 7, 8, 9वें भाव |
| पश्चिमाभिमुख गृह | दूसरे स्थान (भाव) से | सूर्य 2, 3, 4, 5, 6ठे भाव |
| उत्तराभिमुख गृह | 11वें स्थान (भाव) से | सूर्य 11, 12, 1, 2, 3 रे भाव |

***स्पष्टीकरण***—जैसे आपके नवीन गृह का द्वार मुख पूर्व की ओर है तथा गृह–प्रवेश ग्राह्य लग्न सिंह है, तो सूर्य की मीन, मेष, वृष, मिथुन व कर्क राशि संचारकालीन (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ तथा श्रावण) सूर्य वामस्थ होगा। अतः चैत्र, श्रावण को छोड़कर वै., ज्ये., आषा. में गृहप्रवेश करेंगे, तो अधिक शुभकारक होगा। इसी प्रकार अन्य निर्धारित मुहूर्त–लग्नों एवं द्वारमुख की दिशा के अनुसार वामस्थ रवि का विचार करें।

## ( 23 ) पुरातन (पुराने) गृह–प्रवेश मुहूर्त्त

अस्थायी रूप से किराये (ट्रांस्फर आदि के कारण) आदि के मकान में प्रवेश अथवा पुराने गृह में प्रवेश के मुहूर्त्त के लिए ऊपर दिए गए शुभ मासों के अतिरिक्त **श्रावण मास** भी ग्राह्य होगा। पुरातन गृह प्रवेश मुहूर्त्तों में **रिक्ता तिथि, गुरु–शुक्रास्त काल, अधिक–क्षय मास भी ग्राह्य होते हैं।** परन्तु मासान्त, भद्रा, व्यतीपात, वैधृति, त्रयोदश–दिनात्मक पक्ष, तिथि–क्षय, निर्बल चन्द्र, युति, वेधादि का विचार अवश्य करना चाहिए। यद्यपि नवग्रह शान्ति, स्वास्तीवाचन, कलश–पूजनादि आपेक्षित हैं, परन्तु वास्तु–शान्ति, कलशचक्र शुद्धि, स्थापनादि आवश्यक नहीं। ग्राह्य वार, तिथि, नक्षत्र नूतन गृह प्रवेश की भान्ति ही रहेंगे।

## ( 24 ) विपणि मुहूर्त्त

### ( अर्थात् दुकान, व्यवसाय, फैक्टरी शुरु करने के मुहूर्त्त )

***शुभ एवं ग्राह्य मास***—वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ व फाल्गुन। ***ग्राह्य तिथियाँ***—रिक्ता तिथियाँ (४, ९, १४), कृष्ण १३ तथा अमावस तिथियाँ छोड़कर शेष तिथियाँ। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., पुन, मूल, पुष्य, उत्तरा–तीनों, हस्त, चित्रा, अनु., श्रव., अभिजित् और रेवती। ***शुभ वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***शुभ लग्न***—कुम्भ लग्न त्याज्य है। शेष राशि लग्नों में भी चन्द्र,

बुध-शुक्र केन्द्र स्थानों में, अष्टम तथा द्वादश भाव शुद्ध हों तथा 2, 10, 11वें भावों में शुभ ग्रह हों। **नोट**—क्रूर ग्रह की युति, वेध, गुरु-शुक्रस्तादि का विचार तो करना ही चाहिए।

## ( 25 ) बीज बोने (हल चलाने) का मुहूर्त्त

***ग्राह्य तिथियाँ***—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल) तथा पूर्णिमा। ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., पुन, पुष्य, मघा, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., विशा., अनु., मूल, धनि. तथा रेवती।

## ( 26 ) अनाज संग्रह (भरने) का मुहूर्त्त

***ग्राह्य तिथियाँ***—२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३ (शुक्ल), १५। ***ग्राह्य वार***—चन्द्र, बुध, गुरु व शुक्रवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग, पुन., पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., मूल, श्रव., धनि., शत. तथा रेवती।

## ( 27 ) औषधि निर्माण एवं सेवन मुहूर्त्त

***ग्राह्य तिथि***—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शु.)। ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र। ***ग्राह्य नक्षत्र***—यहाँ जन्म नक्षत्र त्याज्य रहेगा। लघु संज्ञक (अश्वि., पुष्य, हस्त, अभि.), मृदुसंज्ञक (मृग., चित्रा, रेवती), चरसंज्ञक (पुन., स्वा., श्रव., धनि., शत.) तथा मूल नक्षत्र (ज्येष्ठा, मूल) ***लग्न शुद्धि***—द्विस्वभाव राशिलग्न (३, ६, ९, १२) तथा लग्न, सप्तम, अष्टम तथा द्वादश भाव शुद्ध हों अर्थात् इन भावों पर क्रूर की स्थिति व दृष्टि वर्ज्य है।

## ( 28 ) सर्ववस्तु क्रय-विक्रय मुहूर्त्त

खरीदने के नक्षत्र में बेचना शुभ नहीं है। विक्रय (बेचने) के नक्षत्र में खरीदना अच्छा नहीं होता। ***वस्तु खरीदने के नक्षत्र***—रेव., शत., अश्वि, स्वा., श्रव. और चित्रा नक्षत्रों में शुभ है। ***वस्तु बेचने के नक्षत्र***—तीनों पूर्वा, विशाखा, कृतिका, आश्लेषा और भरणी नक्षत्र। लग्न शुद्धि, तिथ्यादि के लिए विपणि मुहूर्त्त देखें।

## ( 29 ) आप्रेशन कराने का मूहूर्त्त

***ग्राह्य तिथि***—२, ३, ५, ६, ७, १०, १२ (१३-शुक्ल पक्ष की)।
***ग्राह्य वार***—रवि, मंगल, गुरु और शनिवार।
***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग., हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., अभि., श्रव.।

## ( 30 ) मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त

***ग्राह्य तिथि***—२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) तथा १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु एवं शुक्रवार ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., मृग., उ.फा., हस्त, श्रव. तथा विशाखा। इसके अतिरिक्त रविपुष्य योगों, निरयण एवं सायन संक्रान्ति संक्रमण-काल, दीपावली आदि योगों में मन्त्र सिद्धि सम्बन्धी कार्य किए जाते हैं।

## ( 31 ) भूमि-खरीदने का मुहूर्त्त

***ग्राह्य मास***—वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ (मिथुनार्क तक-15 जुला.), मार्गशीर्ष, माघ और फाल्गुन मास भूमि क्रय के लिए उत्तम कहे गए हैं। ***ग्राह्य तिथियाँ***—१ (कृष्ण पक्षे), कृष्ण तथा शुक्लपक्ष की २,५,६,१०,११ एवं पूर्णिमा।। ***ग्राह्य नक्षत्र***—मृग., पुन., आश्ले., मघा, विशा, अनु., तीनों पूर्वा, मूल, स्वा., शत और रेवती।। ***शुभ वार***—मंगल, गुरु एवं शुक्रवार।

## ( 32 ) पशु खरीदने का मुहूर्त्त

***ग्राह्य तिथि***—१ (कृष्णपक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण व शुक्ल पक्ष की), १३ (शुक्ल पक्ष की), १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, बुध, गुरु एवं शनिवार।

***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., पुन, पुष्य, हस्त, विशा., ज्ये., धनि., शत और रेवती।

## ( 33 ) ऋण-दान (कर्ज़ देने) का मुहूर्त्त

ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से धन का उधार देना निम्न मुहूर्त्त में हितकर है-

***ग्राह्य तिथि***—१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण एवं शुक्ल पक्ष की), १३ (शुक्ल) तथा १५ ***ग्राह्य वार***—रवि, चन्द्र, मंग., गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., मृग., पुन, पुष्य, चित्रा, स्वा., विशा, श्रव., धनि., शत और रेवती। ***लग्न शुद्धि***—१, ४, ७, १० राशि लग्न।। पंचम-नवम भाव में शुभग्रह तथा अष्टम भाव शुद्ध होना चाहिए। **विशेष**—बुधवार को अपना धन किसी को नहीं देना चाहिए। अर्थात् बुधवार को दिया हुआ धन वापिस नहीं मिलता। भद्रा, व्यतीपात, महापात तथा अमावस में दिया गया धन वापिस प्राप्त नहीं होता।

## ( 34 ) ऋण-ग्रहण (कर्ज़ लेने) मुहूर्त्त

***ग्राह्य तिथि***—१ (कृष्ण पक्ष की), २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२ (कृष्ण व शुक्लपक्ष की), १३ (शुक्ल), १५ ***ग्राह्य वार***—सोम, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार। ***ग्राह्य नक्षत्र***—अश्वि., रोहि., मृग. पुन, पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, अनु., श्रव., धनि, शत तथा रेवती।। तथापि मृग., चित्रा, अनु. तथा रेवती विशेष रूप से शुभ हैं। ***शुभ लग्न***—१, ४, ७, १० राशि लग्न श्रेष्ठ है। शुभ ग्रह त्रिकोण (5, 9वें) तथा अष्टम भाव शुद्ध हो। **विशेष**—मंगलवार को कर्ज़ के रूप में किसी से धन नहीं लेना चाहिए। संक्रान्ति वाले दिन, वृद्धि योग, हस्त नक्षत्र और रविवार में ऋण (कर्ज़) नहीं लेना चाहिए।

अपि च, "**ऋणच्च्छेदं कुजे कुर्यात् संचयं सोमनन्दे**"-मंगलवार को ऋणों को चुका देना तथा बुधवार को धन संचय करना चाहिए।

## ( 35 ) क्षौरकर्म (हजामत) के लिए शुभाशुभ दिन

गर्गादि आचार्यों के अनुसार रविवार, मंगलवार एवं शनिवार को क्षौर (हजामत) कर्म करवाने से आयु का क्षय होता है। **सोमवार, बुधवार, गुरुवार और शुक्रवार** को क्षौर कर्म (हजामत) करवाना शुभ होता है। मतान्तर से एक पुत्र सन्तान वाले गृहस्थी को सोमवार के दिन, तथा विद्या एवं धनाकांक्षी गृहस्थी को गुरुवार के दिन क्षौर नहीं करवाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त पर्व वाले दिन, जन्मदिन, चतुर्थी, नवमी, चतुर्दशी (१४) आदि रिक्ता तिथियों में, व्रत के दिन, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रान्ति, श्राद्ध के दिन, भद्रा और व्यातिपात योग में तथा भोजन करने के बाद, देश-प्रदेश जाने के समय में शुभाकांक्षी क्षौर कर्म न करावें।

## ( 36 ) तैलाभ्यंग-अर्थात् तैल मालिश करना

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। **निर्णय सिन्धु** के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन-हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दुःख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता हैं। प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता-( ***-अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥*** )

# विवाह-मुहूर्त्त में लत्तादि दस दोष विचार

विवाह मुहूर्तों के साधन में लत्ता, पात, युति, वेध, जामित्र, पंचबाण, एकार्गल, उपग्रह, क्रान्तिसाम्य और दग्धातिथि–इन दश दोषों का विचार करके निर्णय लेना आवश्यक है। पंचांगदिवाकर या किसी अन्य पंचांग में भी इन दस दोषों का विचार करके ही विवाह मुहूर्त दिए जाते हैं। इन दस महादोषों में से वेध, मृत्युबाण तथा क्रान्तिसाम्य–ये तीन महादोष अपरिहार्य होने से विवाह में सर्वत्र सर्वथा वर्जित हैं–शेष सात दोषों में से चार से अल्प दोष रहने पर वे विवाह-मुहूर्त्त की लग्न-शुद्धि से नष्ट हो जाते हैं। विवाह मुहूर्त्त में उपरोक्त दस दोषों में से क्रमशः जो दोष वर्तमान रहता है, उसे वक्ररेखा (ऽ) से तथा जो दोष नहीं रहता, उसे खड़ी रेखा (।) से सूचित किया जाता है। जैसा कि पंचांगदिवाकर के विवाह मुहूर्त्तों में दस महादोषान्तर्गत शुद्धि-रेखा के स्तम्भ में आपको मिलेगा। ये रेखायें इस पंचांग या अन्य किसी भी पंचांग में यथाक्रम शुद्धतापूर्वक लगायी गयी हैं या नहीं, इसकी जाँच आप चाहें तो सरलता से कर सके तथा स्वयं विवाह-मुहूर्त्त शोधन में सुयोग्य बन जाएं। इसलिए प्रत्येक महादोष का विचार व चक्र दिया जा रहा है–

### ( 1 ) लत्तादोष-चक्र

| विवाह नक्षत्र → ग्रह | अश्वि. | रोहि | मृग. | मघा | उ.फा | हस्त | चित्रा | स्वाती | अनु | मूल | उ.षा. | श्रवण | धनि. | उ.भा. | रेव. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य | अनु | पू.षा. | उ.षा. | उ.भा. | अश्वि. | भर. | कृति. | रोहि | आर्द्रा | पुष्य | मघा | पू.फा. | उ.फा. | स्वा. | विशा. |
| मंग. | उ.भा. | भरणी | कृति. | पुष्य | मघा | पू.फा. | उ.फा. | हस्त | स्वाती | अनु. | मूला | पू.षा. | उ.षा. | शत. | पू.भा. |
| बुध | पुर्न | मघा | पू.फा. | विशा. | ज्ये. | मूल | पू.षा. | उ.षा. | धनि. | पू.भा. | रेवती | अश्वि. | भर. | मृग. | आर्द्रा |
| गुरू | धनि. | उ.भा. | रेवती | मृग. | पुर्न. | पुष्य | आश्ले | मघा | उ.फा. | चित्रा | विशा. | अनु. | ज्ये. | उ.षा. | श्रव. |
| शुक्र | मृग. | पुष्य | अश्ले | चित्रा | विशा. | अनु. | ज्ये. | मूल | उ.षा. | धनि. | पू.भा. | उ.भा. | रेव. | कृति. | रोहि. |
| शनि | उ.षा. | शत | पू.भा. | कृति. | मृग. | आर्द्रा | पुर्न. | पुष्य | मघा | उ.फा. | चित्रा | स्वा. | विशा. | मूल | पू.षा. |
| राहु | पू.षा. | धनि. | शत. | भर. | रोह. | मृग. | आर्द्रा | पुर्न | अश्ले. | पू.फा. | हस्त | चित्रा | स्वा. | ज्ये. | मूल |

***(i)* लत्तादोष**–ऊपर की प्रथम पंक्ति में लिखे गए विवाह-नक्षत्रों के नीचे जिस ग्रह का नक्षत्र आ जाए, तो उस ग्रह से सम्बन्धित लत्तादोष होगा। मान लीजिए आपने रोहिणी नक्षत्र के विवाह हेतु लत्तादोष देखना हो तो साथ दिए गए चक्र (तालिका) में सूर्य यदि पू.षा. में हो अथवा गुरु उ.भा. नक्षत्र में हो या राहु (या केतु) धनिष्ठा नक्षत्र में हों, तो उन्हीं ग्रहों का लत्तादोष माना जाएगा।

### ( 2 ) पातदोष चक्र

| विवाह नक्षत्र | अश्वि. | रोह. | मृग. | मघा | उ.फा. | हस्त | चित्रा | स्वा. | अनु. | मूल | उ.षा. | श्रव. | धनि. | उ.भा. | रेव. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| –सूर्य नक्षत्र– | रेव. | आर्द्रा | मृग | अश्वि | कृति | भर. | रोहि | कृति. | अश्वि | रोह. | भर. | अश्वि | रेव. | भर. | अश्वि. |
| | श्ले. | पुर्न | आर्द्रा | मृग | आर्द्रा | मृग. | श्ले. | पुष्य | आर्द्रा | श्ले. | पुर्न. | आर्द्रा | मृग | पू.फा. | मघा |
| | मघा | पू.फा. | मघा | पुष्य | पू.फा. | मघा | चित्रा | हस्त | पू.फा. | ज्ये. | विशा. | स्वा. | चित्र | उ.फा. | पू.फा. |
| | चित्रा | चित्रा | हस्त | हस्त | विशा | स्वा. | धनि | श्रव. | पू.षा. | मूल | अनु. | विशा. | स्वा. | विशा. | स्वा. |
| | अनु. | मूल | ज्ये. | ज्ये. | पू.भा. | शत. | शत. | धनि. | उ.षा. | धनि | उ.षा. | पू.षा. | मूल | मूल | ज्ये. |
| | श्रव. | शत. | धनि. | रेव. | उ.भा. | पू.भा. | अश्वि. | रेव | पू.भा. | उ.भा. | शत. | धनि. | श्रव. | शत. | धनि. |

***(ii)* पातदोष**–विवाह नक्षत्रों के नीचे विवाह-काल में सूर्य निम्न नक्षत्रों पर हो, तो पातदोष होता है। **उदाहरण**–विवाह-नक्षत्र यदि श्रवण हो, तो सूर्य-अश्वि, आर्द्रा, स्वा., विशाखा, पू.षा. एवं धनि. आदि नक्षत्र में हो, तो पातदोष होगा। **विशेष**–हर्षण, वैधृति, साध्य, व्यतीपात, गण्ड और शूल योगों का अन्त जिस विवाह नक्षत्र में हो, वह भी पात-दूषित हो जाता है। विवाह नक्षत्र में शूल योग हो या उसका अन्त हो, तो **'भुजंग'** नामक पातदोष होता है, जोकि सर्वत्र त्याज्य माना जाता है। **नोट**–वैधृति-व्यतिपात की सम्पूर्ण घड़ियां, शूल-योग की प्रथम 5 घड़ियां, गण्ड की प्रथम 6 घड़ियां विशेषतः त्याज्य हैं। हर्षण, साध्य को पूज्य माना गया है।

**( 3 ) युति दोष**–जिस नक्षत्र का विवाह निकाल रहे हों, यदि उसी नक्षत्र में कोई ग्रह हो तो उस ग्रह की युति का दोष माना जाता है। 'श्रीपति' अनुसार पापग्रहों की युति विशेषतया त्याज्य मानी जाती है। जबकि शुभ ग्रह की युति शुभ मानी जाती है। परन्तु चन्द्रमा यदि अपनी (स्व) राशि, उच्च या मित्रग्रह की राशि में हों, तो युति दोष नही होता, अपितु वर-वधू का कल्याण करने वाला होता है। यथा–चन्द्रमा वृष, मिथुन, सिंह, कन्या राशि में हो, तो क्रूर ग्रह की युति का परिहार माना जाता है।

**( 4 ) वेध दोष**–पंचशलाका चक्र अनुसार विवाह नक्षत्र यदि किसी अन्य क्रूर आदि ग्रह से विद्ध हो जाएं, तो उस नक्षत्र का विवाह सर्वथा त्याज्य माना जाता है। वेध नक्षत्र ज्ञान के लिए पंचशलाका एवं सप्त-शलाका चक्रों का आश्रय लिया जाता है। वधू-प्रवेश, दान, वर-कन्या का वरण एवं

### ( 4 ) वेध दोष चक्र–पञ्चशलाका वेध

| वेधक नक्षत्र | अश्वि | रोहि. | मृग. | मघा | उ.फा. | हस्त | चित्रा | स्वा. | अनु. | मूल | उ.षा. | श्रव. | धनि. | उ.भा. | रेव. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वेध्य नक्षत्र | पू.फा. | अभि. | उ.षा. | श्रव. | रेव. | उ.भा. | पू.भा. | शत. | भर. | पुर्न | मृग. | मघा | आश्ले | हस्त | उ.फा. |

विवाहादि शुभ कार्यों में 'पंचशलाका' चक्र का तथा अन्य मंगल कार्यों में सप्तशलाका चक्र के द्वारा विचार करना चाहिए। विवाह पटल अनुसार सूर्यवेध से वैधव्य, भौमवेध से पुत्रशोक बुधवेध से वन्ध्या योग, गुरुवेध से प्रव्रज्या, शुक्रवेध से केवल कन्या सन्तति तथा शनि, राहु-केतु वेध से दारिद्रय योग होता है।

ज्योतिर्निबन्धानुसार सौम्य ग्रह से विद्ध नक्षत्र का चरण ही त्याज्य होता है, परन्तु क्रूर ग्रह से कोई भी चरण विद्ध होने पर पूर्ण नक्षत्र त्याज्य माना जाता है। यथा-बुध, गुरु, शुक्रादि शुभ ग्रह का केवल चरण वेध (प्रथम-चतुर्थ, द्वितीय-तृतीय) का विचार करें। जबकि सूर्य, मंगल, शनि, राहु आदि क्रूर ग्रहों के सभी चरण त्याज्य होंगे। अर्थात् वेधदोष होगा।

## (5) यामित्रदोष–

विवाह नक्षत्र के नीचे वाले नक्षत्रों पर स्थित कोई भी ग्रह उस नक्षत्र में होने पर यामित्रदोष होता है। चक्र में ऊपर प्रत्येक विवाह नक्षत्र और नीचे के कोष्ठक में उससे 14वाँ नक्षत्र है, जिस पर कोई भी ग्रह होने पर वह ऊपरी खाने के विवाह-नक्षत्र को यामित्र--दोष से दूषित करेगा। पापी या क्रूर ग्रह का यामित्र दोष पूज्य होता है। **नोट**–(*i*) यामित्रदोष वाले ग्रह को शुभ ग्रह देखते हों, तो यह दोष नहीं रहता। (*ii*) सप्तम भाव में चंद्र-गुरु स्वगृही, उच्चस्थ या मित्रक्षेत्री हो तो यामित्रदोष नहीं रहता।

### (5) यामित्र दोष चक्र

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्वि | रोहि. | मृग. | मघा | उ.फा. | हस्त | चित्रा | स्वा. | अनु. | मूल | उ.षा. | श्रव. | धनि. | उ.भा. | रेव. |
| चित्रा | अनु. | ज्ये. | धनि. | पू.भा. | उ.भा. | रेव. | अश्वि | कृति. | मृग. | पुन. | पुष्य | अश्ले | उ.फा. | हस्त |

## (6) बाणदोष–

रोगादि पाँच बाणों का सम्बन्ध सूर्य के विशेष अंशों से है, चाहे वह किसी राशि का हो। प्रत्येक राशि के जिन अंशों का सम्बन्ध जिस बाण से है, उससे पहले के अंश (गतांश) उस बाण के सामने चक्र में दिए गए हैं, क्योंकि पंचांग में दैनिक सूर्यस्पष्ट के गत राश्यंश के साथ अग्रिमांश की भुक्त कला-विकला दी जाती है। अतः आप सरलतापूर्वक दैनिक सूर्य-गति निकालकर सूर्यस्पष्ट के समय में (1° अंश की) जमा-घटा देने से बाणारम्भ-काल तथा समाप्तिकाल जान सकते हैं। यों तो पाँच-बाणों के विशेष समय व वारानुसार त्याज्य माने गए हैं। परन्तु मुहूर्त्त-शोधन में इन सभी बाणों को प्रत्येक वार में सभी कालों में वर्ज्य करने की परम्परा है। अपि च, प्रचलित परम्परानुसार पंचांगदिवाकर में केवल 1° से 1°-30′ अर्थात् 30′ कला तक ही अशुभ प्रभाव को समाप्तिकाल मानकर मुहूर्त्त-लग्न लगाए जाते हैं।

### (6) बाणदोष चक्र

| नाम बाण | सूर्य के गतांश | वर्ज्य कर्म | वर्ज्य वार | वर्ज्य काल |
|---|---|---|---|---|
| रोग | 8°-17°-26° | उपनयन | रविवार | रात्रि |
| अग्नि | 2°-11°-20°-29° | गृहारम्भ | मंगलवार | सदैव |
| नृप | 4°-13°-22° | राजसेवा | शनिवार | दिवाकाल |
| चोर | 6°-15°-24° | यात्रा | मंगलवार | रात्रि |
| मृत्यु | 1°-10°-19°-28° | विवाह | बुधवार | संध्या |

**(7) एकार्गल दोष**–विवाह नक्षत्र के समय यदि सूर्य अधिष्ठित नक्षत्र साभिजित गिनने पर विषम हो, तो एकार्गल दोष होता है, परन्तु उस समय व्याघात, गण्ड, व्यतीपात, विष्कम्भ, शूल, वैधृति, वज्र, परिघ, अतिगण्ड–इन अशुभ योगों की विद्यमानता अनिवार्य है। अतः चक्र में प्रत्येक वैवाहिक नक्षत्र से विषम संख्यक नक्षत्रों को उस नक्षत्र के नीचे वाले कोष्ठकों में दिया गया है। जिनमें से किसी नक्षत्र पर सूर्य के होने से उस कोष्ठक का विवाह-नक्षत्र एकार्गल दोष से दूषित होता है। यह कश्मीर में विशेषतः वर्जित है। **परिहार**–ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त-गणपति अनुसार अशुभ योगों में कुछ विशेष घड़ियां ही विशेष रूप से त्याज्य मानी गई हैं–विष्कम्भ की प्रथम 3 घड़ियां, व्याघात और वज्र की प्रथम 9 घड़ियां, परिघ योग का पूर्वार्द्ध (7½ घटि) भाग, शूल योग की प्रथम 5 घड़ियां, गण्ड और अतिगण्ड की प्रथम 6 घड़ियां, वैधृति-व्यतीपात योग सम्पूर्णतया त्याज्य होंगे।

| विवाह नक्षत्र→ | अश्वि. | रोह. | मृग. | मघा | उ.फा. | हस्त | चित्रा | स्वा. | अनु. | मूल | उ.षा. | श्रव. | धनि. | उ.भा. | रेव. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| —सूर्य अधिष्ठित नक्षत्र— | अश्वि | पू.भा. | शत | पू.षा. | ज्ये. | अनु | विशा | स्वा | हस्त | पू.फा. | अश्ले | मृग. | धनि. | कृति | भर. |
| | कृति | रेव | उ.भा. | अभि | पू.षा. | मूल | ज्ये. | अनु | स्वा | हस्त | पू.फा. | पुर्न | पू.भा. | मृग | रोहि |
| | मृग | भर | अश्वि | धनि. | अभि | उ.षा. | पू.षा. | मूल | अनु | स्वा. | हस्त | श्ले. | रेव | पुर्न | आर्द्रा |
| | पुर्न | रोह. | कृति | पू.भा. | धनि | श्रवण | अभि. | उ.षा. | मूल | अनु | स्वा | पू.फा. | भर | अश्ले | पुष्य |
| | अश्ले | आर्द्रा | मृग. | रेव. | पू.भा. | शत. | धनि | श्रव | उ.षा. | मूल | अनु | हस्त | रोहि | पू.फा. | मघा |
| | पू.फा. | पुष्य | पुर्न | भर. | रेव | उ.भा. | पू.भा. | शत. | श्रव | उ.षा. | मूल | स्वा | आर्द्रा | हस्त | उ.फा. |
| | हस्त | मघा | अश्ले | रोहि. | भर. | अश्वि | रेव | उ.भा. | शत | श्रव. | उ.षा. | अनु. | पुष्य | स्वा. | चित्रा |
| | स्वा. | उ.फा. | पू.फा. | आर्द्रा | रोहि. | कृति | भर. | अश्वि | उ.भा. | शत | श्रव. | मूल | मघा | अनु. | विशा. |
| | अनु. | चित्रा | हस्त | पुष्य | आर्द्रा | मृग. | रोहि. | कृति. | अश्वि | उ.भा. | शत | उ.षा. | उ.फा. | मूल | ज्ये. |
| | मूल | विशा | स्वा. | मघा | पुष्य | पुर्न | आर्द्रा | मृग. | कृति | अश्वि | उ.भा. | श्रव | चित्रा | उ.षा. | पू.षा. |
| | उ.षा. | ज्ये. | अनु. | उ.फा. | मघा | अश्ले | पुष्य | पुर्न | मृग. | कृति | अश्वि | शत | विशा | श्रव | अभि. |
| | श्रव. | पू.षा. | मूला | चित्रा | उ.फा. | पू.फा. | मघा | अश्ले | पुर्न | मृग | कृति | उ.भा. | ज्ये. | शत. | धनि |
| | शत | अभि. | उ.षा. | विशा. | चित्रा | हस्त | उ.फा. | पू.फा. | अश्ले | पुर्न | मृग | अश्वि | पू.षा. | उ.भा. | पू.भा. |
| | उ.भा. | धनि. | श्रव. | ज्ये. | विशा. | स्वा. | चित्रा | हस्त | पू.फा. | अश्ले | पुर्न | कृति | अभि | अश्वि | रेव. |

**(8) उपग्रह दोष**–विवाह-नक्षत्र के समय सूर्य जिस नक्षत्र में हो, तो उसे 5वें, 7वें, 8वें, 10वें, 14वें, 15वें, 18वें, 19वें, 21वें, 22वें, 23वें, 24वें, 25वें नक्षत्र पर यदि वहीं विवाह-नक्षत्र हो, तो उपग्रह दोष होता है। **उदाहरणार्थ**–यदि अश्विनी नक्षत्र हो, तो सूर्य यदि शत., श्रव., उ.षा. आदि नक्षत्रों में होगा तो उपग्रह दोष होगा। यह दोष कुरु देश (दिल्ली के समीप) और वाहि्लक (कश्मीर के पश्चिम) क्षेत्रों में विशेषतः अशुभ होता है। अन्यत्र नहीं।

| विवाह नक्षत्र | अश्वि. | रोह. | मृग. | मघा | उ.फा. | हस्त | चित्रा | स्वा. | अनु. | मूल | उ.षा. | श्रव. | धनि. | उ.भा. | रेव. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| —सूर्य नक्षत्र— | शत. | रेव. | अश्वि | आर्द्रा | पुष्य | आश्ले | मघा | पू.फा. | हस्त | स्वा. | अनु. | ज्ये. | मूल | श्रव. | धनि. |
| | श्रव. | पू.भा. | उ.भा. | रोहि | आर्द्रा | पुन. | पुष्य | आश्ले | पू.फा. | हस्त | स्वा. | विशा. | अनु. | पू.षा. | उ.षा. |
| | उ.षा. | शत. | पू.भा. | कृति | मृग | आर्द्रा | पुन. | पुष्य | मघा | उ.फा. | चित्रा | स्वा. | विशा. | मूल | पू.षा. |
| | मूल | श्रव. | धनि. | अश्वि. | कृति | रोहि. | मृग | आर्द्रा | पुष्य | मघा | उ.फा. | हस्त | चित्रा | अनु. | ज्ये. |
| | स्वा. | ज्ये. | मूल | शत. | उ.भा. | रेव. | अश्वि. | भर. | रोहि. | आर्द्रा | पुष्य | आश्ले | मघा | हस्त | चित्रा |
| | चित्रा | अनु. | ज्ये. | धनि. | पू.भा. | उ.भा. | रेव | अश्वि. | कृति. | मृग. | पुन. | पुष्य | आश्ले. | उ.फा. | हस्त |
| | पू.फा. | चित्रा | स्वा. | पू.षा. | श्रव. | धनि. | शत. | पू.भा. | रेव. | भर. | रोहि. | मृग. | आर्द्रा | आश्ले | मघा |
| | मघा | हस्त | चित्रा | मूल | उ.षा. | श्रव. | धनि. | शत. | उ.भा. | अश्वि. | कृति | रोहि. | मृग. | पुष्य | आश्ले |
| | पुष्य | पू.फा. | उ.फा. | अनु. | मूल | पू.षा. | उ.षा. | श्रव. | शत. | उ.भा. | अश्वि | भर. | कृति | आर्द्रा | पुन. |
| | पुन. | मघा | पू.फा. | विशा. | ज्ये. | मूल | पू.षा. | उ.षा. | धनि. | पूभा. | रेव | अश्वि. | भर. | मृग. | आर्द्रा |
| | आर्द्रा | आश्ले | मघा | स्वा. | अनु. | ज्ये. | मूल | पू.षा. | श्रव. | शत. | उ.भा. | रेव. | अश्वि. | रोहि. | मृग. |
| | मृग. | पुष्य | आश्ले | चित्रा | विशा. | अनु. | ज्ये. | मूल | उ.षा. | धनि. | पूभा | उ.भा. | रेव. | कृति | रोहि. |
| | रोहि. | पुन. | पुष्य | हस्त | स्वा. | विशा | अनु. | ज्ये. | पू.षा. | श्रव. | शत. | पू.भा. | उ.भा. | भर. | कृति. |

## ( 9 ) स्थूल क्रान्तिसाम्य दोषः–

| सूर्य | मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चि. | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चन्द्र | सिंह | मकर | धनु | वृश्चि. | मेष | मीन | कुम्भ | कर्क | मिथुन | वृष | तुला | कन्या |

चक्र के ऊपरी बॉक्स में क्रमशः द्वादश राशियां सूर्य की दी गई हैं। उनमें से जिस राशि पर सूर्य हो उस बॉक्स की नीचे वाली राशि पर चन्द्रमा के होने से क्रान्तिसाम्य दोष होता है। क्रान्तिसाम्य सर्वत्र त्याज्य है। परन्तु उपर्युक्त प्रकार का क्रान्तिसाम्य नितान्त स्थूल होता है। महापात गणित द्वारा प्रणीत क्रान्तिसाम्य दोष ही विवाह-मुहूर्त्त शोधन में वर्जित होता है।

## ( 10 ) दग्धातिथि दोष चक्र–

| सूर्य राशि | मेष (वेशा.) | वृष (ज्ये.) | मिथुन (आषा.) | कर्क (श्राव.) | सिंह (भाद्र.) | कन्या (आश्वि.) | तुला (कार्ति.) | वृश्चि. (मार्ग.) | धनु (पौष) | मकर (माघ) | कुम्भ (फाल्गु.) | मीन चैत्र) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दग्धा तिथि | ६ | ४ | ८ | ६ | १० | ८ | १२ | १० | २ | १२ | ४ | २ |

जब सूर्य मेष (वैशाख), वृष (ज्येष्ठ), मिथुन (आषाढ़) आदि में हो तब क्रमशः ६, ४, ८ आदि तिथियां दग्धा तिथियां कहलाती हैं। **अपवाद**–मास में दग्धा तिथियां केवल मध्य देश में ही वर्जित होती हैं। सर्वत्र नहीं।

## १२ राशियों का घाती चक्र

द्वादश राशि के प्रत्येक मनुष्य को घाती चक्र में दिए अनुसार प्रत्येक तिथि, वार नक्षत्र, लग्न, चंद्रमास घातक होते हैं। अतः मनुष्य को चाहिये कि वे अपना कोई भी इष्ट और शुभ कार्य घातक समय वा मुहूर्त्त पर आरम्भ न करें। नीचे दिया हुआ घात चक्र युद्ध, विवाद (शास्त्रार्थ) राज सेवा, वाहन, यात्रा, रोगादि कार्यों में देखना चाहिए। अर्थात् इन राशि वालों के लिए इन कार्यों में घात चन्द्र, वारादि शुभ नहीं और तीर्थ यात्रा, विवाहादि में घात चन्द्रादि का विचार न करें। विशेष फलादेश जानने के लिये पत्र व्यवहार करें।

| राशयः | मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चिक | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घातमास | कार्तिक | मार्ग | आषाढ़ | पौष | ज्येष्ठ | भाद्रपद | माघ | आश्विन | श्रावण | वैशाख | चैत्र | फाल्गुन |
| घात तिथि | १-६-११ | ५-१०-१५ | २-७-१२ | २-७-१२ | ३-८-१३ | ५-१०-१५ | ४-९-१४ | १-६-११ | ३-८-१३ | ४-९-१४ | ३-८-१३ | ५-१०-१५ |
| घात वार | रवि | शनि | चन्द्र | बुध | शनि | शनि | गुरु | शुक्र | शुक्र | मंगल | गुरु | शुक्र |
| घात नक्षत्र | मघा | हस्त | स्वाति | अनुराधा | मूल | श्रवण | शत. | रेवती | भरणी | रोहिणी | आर्द्रा | आश्लेषा |
| घात योग | विष्कुम्भ | सुकर्मा | परिघ | धृति | प्रीति | सुकर्मा | अतिगंड | ब्रह्म | वैधृति | गंड | व्याघात | वज्र |
| घात करण | बव | शकुनि | कौलव | नाग | बालव | कौलव | तैतिल | गर | तैतिल | शकुनि | किंस्तुभ | चतुष्पाद |
| घात लग्न | १ | २ | ४ | ७ | १० | १२ | ६ | ८ | ९ | ११ | ३ | ५ |
| घात प्रहर | प्रथम | चतुर्थ | तृतीय | प्रथम | प्रथम | प्रथम | चतुर्थ | प्रथम | प्रथम | चतुर्थ | तृतीय | चतुर्थ |
| पु. घा. चंद्र | मेष | कन्या | कुम्भ | सिंह | मकर | मिथुन | धनु | वृष | मीन | सिंह | धनु | कुम्भ |
| स्त्री घा. चंद्र | मेष | धनु | धनु | मिथुन | वृश्चिक | वृश्चिक | मीन | धनु | कन्या | वृश्चिक | मिथुन | मेष |

## ग्रहों का नैसर्गिक मैत्री चक्र

| ग्रह | सूर्य | चंद्र | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि | राहु | केतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मित्र | चंद्र<br>मंगल<br>गुरु | सूर्य<br>बुध | सूर्य<br>चंद्र<br>गुरु | सूर्य<br>शुक्र | सूर्य<br>चंद्र<br>मंगल | बुध<br>शनि | बुध<br>शुक्र | शुक्र<br>बुध<br>शनि | बुध<br>गुरु |
| सम | बुध | मंगल<br>गुरु<br>शुक्र<br>शनि | शुक्र<br>शनि | मंगल<br>गुरु<br>शनि | शनि | मंगल<br>गुरु | गुरु | गुरु<br>केतु | मंग.<br>राहु<br>शुक्र |
| शत्रु | शुक्र<br>शनि | ००<br>०० | बुध<br>राहु | चंद्र | बुध<br>शुक्र | सूर्य<br>चंद्र | सूर्य<br>मंगल<br>चंद्र | सूर्य<br>चंद्र<br>मंगल | सूर्य<br>चंद्र<br>शनि |
| उच्चांश | मेष १० | वृषे ३ | म. २८ | कं. १५ | कर्क ५ | मी. २७ | तु. २० | वृ. १५° | |
| नीचांश | तु. १० | वृश्चि ३ | क. २८ | मी १५ | म. ५ | कं. २७ | मे.२०° | वृ. १५° | |

## नक्षत्र, राशि, वर्ण, योनि आदि ज्ञान चक्र

| नक्षत्र | चरणाक्षर | राशि | वश्य | योनि | महावैर योनि | राशि स्वामी | गण | नाड़ी | मुख | तत्त्व हंसका | नाम (संज्ञा) | नक्षत्र देवता | तारे | पंचशला का वेध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्विनी | चू. चे. चो. ला. | मेष | चतुष्पद | अश्व | महिष | मंगल | देव | आदि | तिर्य | अग्नि | क्षिप्र | अश्वि कु. | ३ | पू. फा. |
| भरणी | ली. लू. ले. लो. | मेष | चतुष्पद | गज | सिंह | मंगल | मनुष्य | मध्य | अधो | अग्नि | उग्र | यम | ३ | अनु |
| कृत्तिका | अ. इ. उ. ए. | मे.१ वृष ३ | चतुष्पद | मेढ़ा | वानर | मं.१ शु.३ | राक्षस | अन्त्य | अधो | अ.१ पृ.३ | मिश्र | अग्नि | ६ | विशा |
| रोहिणी | ओ. वा. वी. वू. | वृष | चतुष्पद | सर्प | न्योला | शुक्र | मनुष्य | अन्त्य | ऊर्ध्व | पृथ्वी | ध्रुव | ब्रह्मा | ५ | अभि |
| मृगशिर | वे. वो. का. की. | वृ.२ मि.२ | च.२ नर२ | सर्प | न्योला | शु.२ बु.२ | देव | मध्य | तिर्य | पृ.२ वा.२ | मृदु | चन्द्रमा | ५ | उ.षा. |
| आर्द्रा | कु. घ. ङ. छ. | मिथुन | नर (मनुष्य) | श्वान | मृग | बुध | मनुष्य | आदि | ऊर्ध्व | वायु | तीक्ष्ण | शिव | १ | पू.षा. |
| पुनर्वसु | के. को. हा. ही. | मि.३ क.१ | न.३ ज.१ | मार्जार | मूषक | बु.३ चं.१ | देव | आदि | तीर्य | वा.३ ज.१ | चर | अदिति | ४ | मूल |
| पुष्य | हू. हे. हो. डा. | कर्क | जलचर | मेढ़ा | वानर | चंद्र | देव | मध्य | ऊर्ध्व | जल | क्षिप्र | गुरु | ३ | ज्ये. |
| आश्लेषा | डी. डू. डे. डो. | कर्क | जलचर | मार्जा. | मूषक | चंद्र | राक्षस | अन्त्य | अधो | जल | तीक्ष्ण | सर्प | ५ | धनि |
| मघा | मा. मी. मू. मे. | सिंह | वनचर | मूषक | बिडाल | सूर्य | राक्षस | अन्त्य | अधो | अग्नि | उग्र | पितर | ५ | श्रव |
| पू.फा. | मो. टा.टी. टू. | सिंह | वनचर | मूषक | बिडाल | सूर्य | मनुष्य | मध्य | अधो | अग्नि | उग्र | भग, सूर्य | २ | अश्वि |
| उ.फा. | टे. टो. पा. पी. | सिं.१ कं.३ | व.१ न.३ | गौ | व्याघ्र | सू.१ बु.३ | मनुष्य | आदि | ऊर्ध्व | अ.१ पृ.३ | ध्रुव | अर्यमा | २ | रेव |
| हस्त | पू. ष. ण. ठ. | कन्या | नर | महिष | अश्व | बुध | देव | आदि | तिर्य | पृथ्वी | क्षिप्र | सूर्य | ५ | उ.भा. |
| चित्रा | पे. पो. रा. री. | के.२ तु.२ | नर | व्याघ्र | गौ | बु.२ शु.२ | राक्षस | मध्य | तिर्य | पृ.२ वा.२ | मृदु | विश्वकर्मा | १ | पू.भा. |
| स्वाती | रू. रे. रो. ता. | तुला | नर | महिष | अश्व | शुक्र | देव | अन्त्य | तिर्य | वायु | चर | वायु | १ | शत |
| विशाखा | ती. तू. ते. तो. | तु.३ वृ.१ | न.३ की.१ | व्याघ्र | गौ | शु.३ मं.१ | राक्षस | अन्त्य | अधो | वा.३ ज.१ | मिश्र | इंद्राग्नि | ४ | कृति |
| अनुराधा | ना. नी. नू. ने. | वृश्चिक | कीट | मृग | श्वान | मंगल | देव | मध्य | तिर्य | जल | मृदु | मित्र | ४ | भर |
| ज्येष्ठा | नो. या. यी. यू. | वृश्चिक | कीट | मृग | श्वान | मंगल | राक्षस | आदि | तिर्य | जल | तीक्ष्ण | इन्द्र | ३ | पुष्य |
| मूल | ये. यो. भा. भी. | धनु | नर | श्वान | मृग | गुरु | राक्षस | आदि | अधो | अग्नि | तीक्ष्ण | राक्षस | ११ | पुन |
| पूर्वाषाढ़ा | भू. ध. फ. ढ. | धनु | न ॥ चतु ३ | वानर | मेंढ़ा | गुरु | मनुष्य | मध्य | अधो | अग्नि | उग्र | जल | २ | आर्द्रा |
| उत्तराषाढ़ा | भे. भो. जा. जी. | ध.१ मं.३ | चतुष्पद | नकुल | सर्प | गु.१ श.३ | मनुष्य | अन्त्य | ऊर्ध्व | अ.१ पृ.३ | ध्रुव | विश्वेदेव | २ | मृग |
| अभिजित | जु. जे. जो. ख. | मकर | — | नकुल | सर्प | शनि | — | — | ०० | पृथ्वी | क्षिप्र | ब्रह्मा | ३ | रोह |
| श्रवण | खी. खू. खे. खो. | मकर | चतु.१ ॥ज२ | वानर | मेढ़ा | शनि | देव | अन्त्य | ऊर्ध्व | पृथ्वी | चर | विष्णु | ३ | कृति |
| धनिष्ठा | गा. गी. गू. गे. | म.२ कुं.२ | ज.२ न.२ | सिंह | गज | शनि | राक्षस | मध्य | ऊर्ध्व | पृ.२ वा.२ | चर | वसु | ४ | विशा |
| शतभिषा | गो. सा. सी. सू. | कुम्भ | नर | अश्व | महिष | शनि | राक्षस | आदि | ऊर्ध्व | वायु | चर | वरुण | १०० | स्वा |
| पूर्वाभाद्रपद | से. सो. दा. दी. | कुं.३ मी.१ | न.३ ज.१ | सिंह | गज | श.३ गु.१ | मनुष्य | आदि | अधो | वा.३ ज.१ | उग्र | अजैकपाद | २ | चित्रा |
| उ. भाद्रपद | दू. थ. झ. ञ. | मीन | जलचर | गौ | व्याघ्र | गुरु | मनुष्य | मध्य | ऊर्ध्व | जल | ध्रुव | अहिर्बुध्न्य | २ | हस्त |
| रेवती | दे. दो. चा. ची. | मीन | जलचर | गज | सिंह | गुरु | देव | अन्त्य | तिर्य | जल | मृदु | पूषा | ३२ | उ.फा. |

### नामाक्षरों से वर्ग देखने का चक्र ( अपने से चतुर्थ वर्ग को मित्र क्षेत्री समझना चाहिए )

| अ ई उ ए | क ख ग घ ङ | च छ ज झ ञ | ट ठ ड ढ ण | त थ द ध न | प फ ब भ म | य र ल व | श ष स ह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गरुड़ | बिडाल | सिंह | श्वान | सर्प | मूषक | हरिण | मेढ़ा |

### वर्ण ज्ञान चक्र

| वर्ण | ब्राह्मण | क्षत्रिय | वैश्य | शूद्र |
|---|---|---|---|---|
| राशि | १२/४/८ | १/५/९ | २/६/१० | ३/७/११ |

### ग्रह मैत्री चक्र

| ग्रहाः | सूर्य | चंद्र | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मित्राणि | चं मं गु | सू बु | सू चं गुरु | सू शु | सू चं मं. | बु श | शु बु |
| समाः | बुधः | मं गु शु श | शु श | मं गु श | श | मं गु | गु. |
| शत्रव | शु श | ० ० | बुध | चं | बु शु | सू चं | सू चं मं |
| उच्चांश | मे १० | वृष ३ | म २८ | क १५ | कर्क ५ | मी २७ | तु २० |
| नीचांश | तु १० | वृ ३ | क २८ | मी १५ | म ५ | क २७ | मे २० |

| मित्र नवपंचम चक्र | | | | | | | | शत्रु नवपंचम चक्र | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ५ | ७ | ८ | ९ | १० | १२ | ११ | ६ | ४ |
| ५ | ६ | ७ | ९ | ११ | १२ | १ | २ | ४ | ३ | १० | ८ |

| मित्रषडाष्टक चक्र | | | | | | शत्रुषडाष्टक चक्र | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | १ | ३ | ५ | ७ | ९ | ११ |
| ८ | ७ | १० | ९ | १२ | ११ | ६ | ८ | १० | १२ | २ | ४ |

| मित्रद्विर्द्वादश चक्र | | | | | | शत्रुद्विर्द्वादश चक्र | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १२ | २ | ४ | ६ | ८ | १० | १ | ३ | ५ | ७ | ९ | ११ |
| १ | ३ | ५ | ७ | ९ | ११ | २ | ४ | ६ | ८ | १० | १२ |

**नवपंचम दोष**—कन्या से वर अथवा वर से कन्या की राशि पांचवीं, नौवीं हो, तो दम्पत्ति को संतान हानि की संभावना होती है। परन्तु मीन-कर्क, कर्क-वृश्चिक, कुम्भ-मिथुन, कन्या-मकर विशेषतः त्याज्य माने जाते हैं। राशि मैत्री होने की स्थिति में नव-पंचम दोष अचिन्तनीय है।

**षडाष्टक दोष**—लड़के और लड़की की राशियां परस्पर छठे-आठवें हों तो षडाष्टक यथा-सम्भव त्याज्य है। शत्रु षडाष्टक दोष विशेषतः त्याज्य माना जाता है।

*विस्तृत विवेचन के लिए देखें आगामी पृष्ठ 215*

# वर-कन्या मिलान में वर्णादि अष्टकूटों का महत्त्व

विवाह गृहस्थाश्रम की आधारशिला है और उसी के माध्यम से मनुष्य, देव, ऋषि एवं पितृ आदि ऋण त्रय से उद्धृण होकर परम कल्याण को प्राप्त कर सकता है। तद् हेतु उत्तम लक्षणों जैसे–सुन्दर, सुशीला, मधुरभाषिणी एवं पतिव्रता कन्या तथा कर्त्तव्यनिष्ठ, स्वस्थ, शिक्षित, सदाचारी एवं सुसंस्कृत लड़के के साथ विवाह सम्बन्ध शुभ होता है। विवाह सम्बन्ध करने से पूर्व लड़के-लड़की का कुल–गोत्र, सनाथता, विद्या, धन, स्वास्थ्य (शरीर) और आयु–इन सात गुणों की परीक्षा करने के पश्चात् ही कुण्डलियों में परस्पर **मंगलीक आदि अरिष्ट** योगों तथा वर्ग, **स्त्रीदूर, कर्तरि एवं वर्णादि अष्टकूटों** का विचार करना चाहिए।

मेलापक प्रक्रिया में **मंगलीक और अष्टकूट** तत्त्वों का विशेष महत्त्व है, क्योंकि वर-कन्या के दाम्पत्य जीवन को अधिकाधिक सुखी एवं मंगलमय बनाने के लिए उनके जन्म नक्षत्रों एवं जन्म कुण्डलियों के अनुसार मिलान करना अत्यन्त आवश्यक है। उपयुक्त मिलान न होने की स्थिति में पति–पत्नी के वैवाहिक जीवन में–विचार वैमनस्य, सन्तान कष्ट, वैधव्य, वैधुर्यादि दोष अथवा पारिवारिक कष्ट होने की सम्भावनाएं हो जाती है। **मंगलीक दोष** का विशेष विवरण इसी पंचाँग के गत पृष्ठ पर दिया गया है। यहाँ पर नक्षत्र मिलान के मुख्य तत्त्व अष्टकूट का विवेचन किया जा रहा है। ध्यान रहे, अष्ट (आठ) कुंटों का निर्णय वर-कन्या के जन्म नक्षत्रों से ही किया जाता है। अष्टकूटों के आठ कूट (अंग) निम्नलिखित हैं :–

**(१) वर्ण (२) वश्य (३) तारा (४) योनि (५) ग्रहमैत्री (६) गणमैत्री (७) भकूट तथा (८) नाड़ी** –ये आठ कूट हैं।

प्रत्येक कूट की क्रम संख्या अपने श्रेष्ठ गुणों की सूचक है। वर्णादि अष्टकूटों में **गुणों का योग ३६** होता है। इसमें क्रमानुसार वर्ण का १ गुण, वश्य के २, तारा के ३, योनि के ४, ग्रहमैत्री के ५, गण-मैत्री के ६, भकूट के ७ एवं नाड़ी के ८ (आठ) गुण जानने चाहिएं।

वर्णादि कुल ३६ गुणों के योग में से १ से १७ तक गुण मिलान तुच्छ एवं निन्दनीय (त्याज्य) माने जाते हैं, १८ से २१ तक मध्यम एवं ग्राह्य और २२ से २८ तक उत्तम तथा २९ से ३६ तक गुण सर्वोत्कृष्ट मिलान माना जाता है।

**एकैकवृद्धितो ज्ञेया वर्णादीनां गुणाः क्रमात्।**
**विवाहः शुभदस्तेषां गुणे त्वष्टादशाधिके॥** —मु० गणपति

## वर्णादि अष्टकूट

**(1) वर्णकूट विचार**–समाज में प्रचलित वर्णों की भान्ति राशियों में भी ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चार वर्ण होते हैं। ४, ८, १२ राशियों का ब्राह्मण ; १, ५, ९ का क्षत्रिय ; २, ६, १० वैश्य तथा ३, ७, ११ राशियों का शूद्रवर्ण होता है। वर का वर्ष कन्या के वर्ण से उच्चस्तरीय अथवा समान होने पर एक गुण प्राप्त होता है, अन्यथा शून्य प्राप्त होता है।

**परिहार**–(*i*) राशीश मैत्री–यदि वर की राशि का वर्ण कन्या के राशि-वर्ण से हीन हो, परन्तु राशिपति उत्तम वर्ण हो, तो वर्ण मिलान शुभ हो जाता है। अथवा वर-कन्या के राशिस्वामी परस्पर मित्र-मित्र या मित्र-सम हो।

सूर्य-मंगल का वर्ण क्षत्रिय, चन्द्रमा का वैश्य, बुध-शनि का शूद्र तथा गुरु-शुक्र का ब्राह्मण है।

**वर्ण गुण चक्र**

| वर→ कन्या↓ | ब्राह्मण | क्षत्रिय | वैश्य | शूद्र |
|---|---|---|---|---|
| ब्राह्मण | 1 | 0 | 0 | 0 |
| क्षत्रिय | 1 | 1 | 0 | 0 |
| वैश्य | 1 | 1 | 1 | 0 |
| शूद्र | 1 | 1 | 1 | 1 |

(*ii*) **राशीश एकता**–वर-कन्या का एक ही राशीश।

(*iii*) **नवमांशेश मैत्री**–वर-कन्या के नवमांशेश परस्पर मित्र-मित्र अथवा मित्र-सम हों।

(*iv*) **नवमांशेश एकता**–वर-कन्या का एक ही नवमांशेश हो।

**(2) वश्यकूट विचार**–'वैश्य' का अर्थ है–वश में करने योग्य। सिंह राशि के अतिरिक्त सभी राशियाँ पुरुष (नर) राशियों के वश में हैं। जल राशियाँ (४, १० उ./१२)–नर राशियों (३, ६, ७, ९ पूर्वार्ध, ११) का भक्ष्य है। वृश्चिक राशि को छोड़कर शेष राशियाँ सिंह राशि के वश्य हैं। चतुष्पद, मानव, जलचर, वनचर तथा कीट आदि वश्य-पंचक–राशियों के अनुसार निम्न चक्र से ज्ञातव्य हैं–

| वश्य | वर–कन्या राशि |
|---|---|
| चतुष्पद | मेष, वृष, धनु का उत्तरार्द्ध, मकर–पूर्वार्ध |
| मानव | मिथुन, कन्या, तुला, धनु का पूर्वार्ध, कुम्भ |
| जलचर | कर्क, मकर–उत्तरार्ध, मीन |
| वनचर | सिंह |
| कीट | वृश्चिक |

**गुण-विभाग**–वश्य-विचार के अन्तर्गत वश्यों के परस्पर मैत्री, वैर, भक्ष्य और वश्य आदि 4 मूल तत्त्व हैं। एक समान वश्य अथवा मैत्री होने पर 2 गुण ; एक वश्य और दूसरा शत्रु होने पर एक गुण ; एक वश्य और एक भक्ष्य होने पर आधा गुण तथा एक शत्रु और एक भक्ष्य होने पर शून्य अर्थात् गुणाभाव होगा–जैसा–द्विपद (मानव) राशियों का जलचर राशियों से वश्य-भक्ष्य, सिंह (वन) से वैर-भक्ष्य, चतुष्पदों से वश्य-शत्रु सम्बन्ध है।

**वश्य गुण चक्र**

| वर→ कन्या↓ | चतुष्पद | मानव | जल | वन | कीट |
|---|---|---|---|---|---|
| चतुष्पद | 2 | 1 | 1 | 0 | 1 |
| मानव | 1 | 2 | 1/2 | 0 | 1 |
| जल | 1 | 1/2 | 2 | 1 | 1 |
| वन | 0 | 0 | 1 | 2 | 0 |
| कीट | 1 | 0 | 1 | 0 | 2 |

## वश्यकूट परिहार

(*i*) **राशीश मैत्री**–वर-कन्या के राशिस्वामी परस्पर मित्र-मित्र अथवा मित्र-सम हों।

(*ii*) **राशीश एकता**–दोनों का एक ही राशीश हो।

(*iii*) **नवामांशेश-मैत्री**–दोनों (वर-कन्या) के नवमांशेश परस्पर मित्र-मित्र या मित्र-सम।

(*iv*) **नवमांशेश-एकता**–दोनों का ही नवमांशेश हो।

(*v*) **योनि-मैत्री**–वर-कन्या में परस्पर योनि-मैत्री होने पर भी वश्य दोष का परिहार हो जाता है।

### तारा गुण चक्र

| शेषांक | | वर | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ० |
| कन्या | १ | 3 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 3 |
| | २ | 3 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 3 |
| | ३ | 1.5 | 1.5 | 0 | 1.5 | 0 | 1.5 | 0 | 1.5 | 1.5 |
| | ४ | 3 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 3 |
| | ५ | 1.5 | 1.5 | 0 | 1.5 | 0 | 1.5 | 0 | 1.5 | 1.5 |
| | ६ | 3 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 3 |
| | ७ | 1.5 | 1.5 | 0 | 1.5 | 0 | 1.5 | 0 | 1.5 | 1.5 |
| | ८ | 3 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 3 |
| | ० | 3 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 1.5 | 3 | 3 |

**( 3 ) ताराकूट विचार**–ताराकूट का सम्बन्ध नक्षत्रों से है। जन्मनक्षत्र से गिरने पर तारा का ज्ञान होता है। जन्म, सम्पद्, विपद्, क्षेम, प्रत्यरि, साधक, वध, मैत्र, अतिमैत्र–ये नक्षत्र ही ताराएं होती है। ये शुभ और अशुभ दोनों प्रकार के हैं। कन्या के जन्म नक्षत्र से वर के जन्म नक्षत्र तक तथा वर के जन्म नक्षत्र से कन्या के जन्म नक्षत्र तक गिनकर दोनों तारा संख्याओं को अलग-अलग 9 द्वारा भाग देने पर यदि शेष 3, 5, 7 बचे तों '**अशुभ-तारा**' होती है, अन्यथा '**शुभतारा**' होगी।

यदि दोनों प्रकार से (वर-कन्या) शुभ तारा प्राप्त हो, तो समझना चाहिए कि ताराकूट दोष का अभाव है अर्थात् 3 गुण होंगे। यदि एक प्रकार से शुभतारा और दूसरे प्रकार से अशुभतारा मिले तो डेढ़ (1.5') गुण होंगे। यदि दोनों ताराओं में अशुभ तारा हो तो शून्य गुण होगा। **ध्यान रहे,** दोनों प्रकार से अशुभतारा कभी भी प्राप्त नहीं होती। **जैसे**–वर के नक्षत्र अश्विनी से कन्या के नक्षत्र मृगशिर तक गिनने पर 5वीं तारा (प्रत्यरि) होती है तथा कन्या के नक्षत्र मृगशिर से वर के नक्षत्र अश्विनी तक की नक्षत्र संख्या 24 हुई।

**तारादोष परिहार**–(*i*) **राशीश मैत्री**–दोनों (वर-कन्या) के राशिस्वामी परस्पर मित्र-मित्र या मित्र-सम हों।

(*ii*) **राशीश एकता**–दोनों (वर-कन्या) का राशीस्वामी एक हो।

(*iii*) **नवमांशेश मैत्री**–दोनों के नवमांशेश मित्र-मित्र या मित्र-सम हों।

(*iv*) **नवमांशेश एकता**–दोनों के नवमांशेश एक हों।

**( 4 ) योनिकूट विचार**–अश्विनी आदि नक्षत्रों के अनुसार जातक की योनि ज्ञात की जाती है। वर और कन्या की योनियों का आपसी वैर त्याज्य है। जैसे–गौ और व्याघ्र में, सिंह और गज, न्यौला और सर्प में, अश्व और महिष में, श्वान और हरिण में, वानर और मेष में, मूषक और मार्जार में, परस्पर महावैर (शत्रुता) है।

इसी प्रकार वर-वधू की योनियों में शत्रु-मित्रादि के सम्बन्धों के आधार पर गुणों की व्यवस्था की गई है।

### योनि–बोधक चक्र

| योनि | अश्व | गज | मेष | सर्प | श्वान | मार्जार | मूषक | गौ | महिष | व्याघ्र | मृग | वानर | नकुल | सिंह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नक्षत्र | अश्वि,<br>शत | भर,<br>रेव. | कृति,<br>पुष्य | रोहि,<br>मृग | आर्द्रा<br>मूल | पुन,<br>आश्ले. | मघा,<br>पू.फा. | उ.फा.,<br>उ.भा. | हस्त<br>स्वाती | चित्रा,<br>विशा. | अनु<br>ज्ये. | पू.षा.,<br>श्रव. | उ.षा.<br>अभि. | धनि.,<br>पू.भा. |

**गुणविभाग** –वर-कन्या की एक ही योनि होना शुभ है। योनियों में परस्पर अतिमित्रता हो तो ४ गुण, मित्र हो तो ३, सहज प्रकृति (उदासीनता) समान हो तो २, सामान्य वैर हो तो १ गुण तथा योनियों में अतिशत्रुता (महावैर) हो तो शून्य-अर्थात् गुणाभाव होगा।

### योनि-गुण चक्र

| योनि | अश्व | गज | मेष | सर्प | श्वान | मार्जार | मूषक | गौ | महिष | व्याघ्र | मृग | वानर | नकुल | सिंह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अश्व | 4 | 2 | 3 | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 0 | 1 | 3 | 2 | 2 | 1 |
| गज | 2 | 4 | 3 | 2 | 2 | 3 | 3 | 3 | 3 | 1 | 2 | 2 | 2 | 0 |
| मेष | 3 | 3 | 4 | 2 | 2 | 3 | 2 | 3 | 3 | 1 | 3 | 0 | 3 | 1 |
| सर्प | 2 | 2 | 2 | 4 | 2 | 2 | 1 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 0 | 2 |
| श्वान | 2 | 2 | 2 | 2 | 4 | 1 | 1 | 2 | 2 | 1 | 0 | 2 | 2 | 1 |
| मार्जार | 3 | 3 | 3 | 1 | 1 | 4 | 0 | 3 | 3 | 2 | 3 | 2 | 2 | 1 |
| मूषक | 3 | 3 | 2 | 1 | 2 | 0 | 4 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 |
| गौ | 3 | 2 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 4 | 3 | 0 | 3 | 2 | 3 | 1 |
| महिष | 0 | 3 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 3 | 4 | 1 | 2 | 2 | 2 | 1 |
| व्याघ्र | 1 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 0 | 1 | 4 | 2 | 1 | 2 | 2 |
| मृग | 3 | 3 | 3 | 2 | 0 | 2 | 2 | 3 | 2 | 1 | 4 | 2 | 2 | 1 |
| वानर | 2 | 2 | 0 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 1 | 2 | 4 | 2 | 1 |
| नकुल | 2 | 2 | 2 | 0 | 2 | 2 | 1 | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 4 | 2 |
| सिंह | 1 | 0 | 1 | 2 | 1 | 2 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 1 | 2 | 4 |

| ग्रह | मित्र | सम | शत्रु |
|---|---|---|---|
| मित्र | अति मित्रता | सामान्य मित्रता | सामान्य समता |
| सम | सामान्य मित्रता | समता | सामान्य शत्रुता |
| शत्रु | सामान्य समता | सामान्य शत्रुता | अतिशत्रुता |

**( 5 ) ग्रह मैत्री**–ग्रह मैत्री कूट के सन्दर्भ में वर-कन्या के राशि स्वामियों का एक्य अथवा मैत्री भावादि अभिप्रेत्य है। (राशि स्वामी तथा नैसर्गिक '**मैत्री-चक्र**' का

विवरण गत पृष्ठों में नक्षत्र, राशि, वर्णादि

*विवरण गत पृष्ठों में नक्षत्र, राशि, वर्णादि तालिका चक्र में दिया गया है।*

ग्रह-सम्बन्धों से अन्ततः 5 प्रकार बन जाते हैं। यथा-दोनों मित्र हो तो 'अधिमित्र', दोनों शत्रु हों तो 'अधिशत्रु' और दोनों में समभाव हो तो 'सम' कहलाते हैं। स्पष्टता चक्र से प्राप्य है-

**गुण विभाजन**-वर-कन्या की राशियों में परस्पर अधि-मित्रता या राश्यैक होने पर 5 गुण, एक सम और दूसरा मित्र हो, तो 4 गुण, एक-दूसरे के सम हो, तो 3 गुण, एक मित्र दूसरा शत्रु हो, तो 1 गुण, एक सम दूसरा शत्रु हो, तो आधा गुण, दोनों की राशियां परस्पर शत्रु हों, तो शून्य अर्थात् गुणाभाव होता है।

**ग्रह मैत्री गुण बोधक चक्र**

| कन्या \ वर | सूर्य | चंद्र | मंगल | बुध | गुरु | शुक्र | शनि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य | 5 | 5 | 5 | 4 | 5 | 0 | 0 |
| चन्द्र | 5 | 5 | 4 | 1 | 4 | ½ | ½ |
| मंगल | 5 | 4 | 5 | ½ | 5 | 3 | ½ |
| बुध | 4 | 1 | ½ | 5 | ½ | 5 | 4 |
| गुरु | 5 | 4 | 5 | ½ | 5 | ½ | 3 |
| शुक्र | 0 | ½ | 3 | 5 | ½ | 5 | 5 |
| शनि | 0 | ½ | ½ | 4 | 3 | 5 | 5 |

**अष्टकूटों में राशि स्वामी की मैत्री** को विशेष महत्त्व दिया गया है। मिलान में वर्ण, योनि, गण और षडाष्टक दोष होने पर भी यदि परस्पर राशि मैत्री पाई जाती हो तो अन्य किंचिद् दोषों का निवारण हो जाता है। यथा-

**गणदोषो योनि दोषो वर्णदोषः षडाष्टकम्।**
**चत्वारि नैव दुष्यन्ति राशिमैत्री यदा भवेत्॥**

**-बृहज्जयोतिः सार**

**अपवाद**-वर-कन्या के राशिपतियों में परस्पर वैर होने पर भी राशि नवांशपति परस्पर मित्र हो, तो विवाह शुभ माना जाता है। यथा-

**राशिनाथे विरूद्धेऽपि सबल नवांशकाधिपौ।**
**तन्मैत्रेऽपि च कर्त्तव्य, दम्पज्योः शुभमिच्छता॥**

**(6) गण विचार**-अश्वि., मृग., पुन., पुष्य, हस्त, स्वा., अनु., श्रव., रेवती नक्षत्रों का **देवता गण,** तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रोहिणी, भर० और आर्द्रा इन नक्षत्रों का **मनुष्यगण,** कृति., अश्ले, मघा, चित्रा, विशा., ज्ये., मूल, धनि. और शत. का **राक्षसगण।**

वर-कन्या का **एक ही गण** होने पर विवाह **उत्तम,** देव-मनुष्य हो तो शुभ, किसी एक का राक्षसगण और दूसरा मनुष्यगण हो अथवा किसी एक का देवगण और दूसरा राक्षस गण हो तो अशुभ एवं त्याज्य होता है।

**गुण विभाजन**-वर-कन्या का एक ही गण हो, तो ६ गुण, वर का देवगण एवं कन्या का मनुष्यगण हो तो भी ६ गुण, पर कन्या देवगण एवं वर का मनुष्यगण हो तो ५ गुण, एक का देवगण तथा दूसरा राक्षसगण अथवा एक का मनुष्यगण दूसरे का राक्षसगण हो, तो शून्य गुण होता है इत्यादि।

**मनुष्यादि गणों का गुण बोधक चक्र**

| | वर | | | |
|---|---|---|---|---|
| | गुण | देव | मनुष्य | राक्षस |
| कन्या | देव | 6 | 5 | 1 |
| | मनुष्य | 6 | 6 | 0 |
| | राक्षस | 0 | 0 | 6 |

**गण दोष परिहार**-

(क) राशिपतियों में परस्पर मित्रता या राशिनवांशपति में मित्रता हो, तो गणदोष नहीं रहता।

**ग्रहमैत्री च राशिश्च विद्यते नियतं यदि। न गणभाव जनितं दूषणंस्याद विरोधदम्॥**

**गर्ग-मु. चिन्तामणि च**

(ख) ग्रहमैत्री तथा वर-कन्या के नक्षत्रों की नाड़ियों में भिन्नता हो, तो गणदोष होने पर भी दोष नहीं होता।

**-पीयूषधारा**

(ग) इसी भान्ति तारा, वश्य, योनि ग्रहमैत्री तथा भकूट की शुद्धि होने पर कोई दोषपत्ति नहीं होती।

**-मुहूर्त्त मार्त्तण्ड**

**(7) भकूट विचार**-इसे 'राशिकूट' भी कहते हैं। भकूट का तात्पर्य वर एवं कन्या की राशियों के परस्पर अन्तर से है। यह छह प्रकार का होता है-प्रथम-सप्तक (समसप्तक), तृतीय एकादश, द्वितीय-द्वादश, चतुर्थ-दशम, पंचम-नवम (नवपंचम) तथा षडाष्टक (6-8).

इनमें द्विर्द्वादश, नवपंचम तथा षडाष्टक अशुभ भकूट हैं। तथा शेष (1-7), (3-11) तथा (4-10) शुभ भकूट होते हैं। भकूट को जानने की सरल विधि यह है कि वर की राशि से कन्या की राशि तक तथा कन्या की राशि से वर की राशि तक गणना करनी चाहिए। यदि दोनों की राशि आपस में दूसरी-बारहवीं हो तो द्विर्द्वादश भकूट होता है। तदनुसार गुण-विभाजन किया जाता है। स्पष्टता के लिए आगामी पृष्ठ पर चक्र देखें-

वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर छठे एवं आठवें हो, तो **षडाष्टक दोष** होता है। यदि वर-कन्या की जन्म राशि परस्पर पांचवीं-नौवीं हो, तो **नव पंचम दोष,** यदि दोनों की राशियाँ परस्पर दूसरी और बारहवीं हो, तो **द्विद्वादश दोष** कहलाता है। **षडाष्टक दोष** (विशेषकर शत्रु-षडाष्टक) होने की स्थिति में वर-कन्या, इनके माता-पिता अथवा उनके किसी निकटस्थ बन्धु को मृत्यु-तुल्य कष्ट होने की सम्भावना होती है। **नवपंचम दोष** की स्थिति में विवाहित दम्पत्ति को संतान सम्बन्धी दुःख होने का भय होता है तथा **द्विद्वादश दोष** (शत्रुकूट) होने पर वर कन्या को धन हानि एवं आर्थिक परेशानियों का सामना रहता है।

**षडाष्टक परिहार**-(i) मेष-वृश्चिक, वृष-तुला, मिथुन-मकर, कर्क-धनु, सिंह- मीन तथा कन्या-कुम्भ आदि मित्र राशियों का षडाष्टक शुभ होता है, जबकि वैर-षडाष्टक ही विशेषतया त्याज्य होता है। यथा-१-६, २-९, ३-८, ४-११, ५-१०, ७-१२ राशियों का शत्रुगत षडाष्टक होने से त्याज्य माना जाता है।

## भकूट गुण चक्र

| | वर→ | मेष | वृष | मिथुन | कर्क | सिंह | कन्या | तुला | वृश्चि. | धनु | मकर | कुम्भ | मीन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कन्या की राशि | मेष | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 |
| | वृष | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 |
| | मिथुन | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 |
| | कर्क | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 |
| | सिंह | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 |
| | कन्या | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 |
| | तुला | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 |
| | वृश्चि. | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 | 0 |
| | धनु | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 | 7 |
| | मकर. | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 | 7 |
| | कुम्भ | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 | 0 |
| | मीन | 0 | 7 | 7 | 0 | 0 | 7 | 0 | 0 | 7 | 7 | 0 | 7 |

(ii) परन्तु परिहारस्वरूप **तारा-शुद्धि, राशीश-मैत्री, राशिवश्यैक्य,** अथवा **राशि स्वामी ग्रह समान** होने पर षडाष्टक दोष भी ग्राह्य होता है। यथा–

**न वर्गवर्णौ न गणो: न योनिर्द्विद्वादशे चैव षडाष्टके वा।**
**तारा विरुद्धे नव पंचमे वा मैत्री यदा स्यात्शुभदो विवाह:॥** –बृ. ज्योतिस्सार

### नव पंचम परिहार–

(i) वर की राशि से कन्या की राशि पांचवीं हो और कन्या की राशि से वर की राशि ९वीं हो, तो यह नव-पंचम शुभ होता है–

**वरस्य पंचमे कन्या, कन्यायां नवमेवर:। एतत् त्रिकोणकं ग्राह्यां पुत्रपौत्र सुखावहम्॥**
–बृहज्योतिष: सार:

(ii) **मीन-कर्क, वृश्चिक-कर्क, मिथुन-कुम्भ और कन्या-मकर**–ये चार नवपंचम विशेषतया त्याज्य माने जाते हैं।

**मीनालिम्यां युते कीटे कुम्भे मिथुन संगते। मकरे कन्यकायुक्ते न कुर्यान्नवजचमे॥**–शार्गंधर

(iii) वर-कन्या दोनों के चन्द्र राशि अधिपति अथवा राशि नवांशपति परस्पर मित्रक्षेत्री हों, तो नवपंचम अविचारणीय है।

### द्वि-द्वादश दोष का परिहार–

(i) लड़के की राशि से कन्या की राशि दूसरी हो तो कन्या धन हानिकारक और १२वीं हो तो वह धनवती और पतिप्रिया होती है।

(ii) १-२, ३-४, ५-६, ७-८, ९-१० एवं ११-१२ राशियों का द्वि-द्वादश शत्रु-द्विद्वादश एवं च अनिष्टकर मानते हैं।

(iii) मतान्तर में **सिंह और कन्या** द्वि-द्वादश ग्राह्य है। **–मुहूर्त्तमार्त्तण्ड**

इसके अतिरिक्त कुछ परिस्थितियों में वर-कन्या की परस्पर राशि-स्थिति विशेष शुभकारी होती है। जैसे-वर-कन्या, दोनों की एक ही राशि १०वें का होना, दोनों की राशियों का परस्पर ३-११वें (त्रिरेकादश) होना, दोनों की राशियों का आपस में ४-१०वें होना एवं च दोनों की राशियों का परस्पर सप्तम ( **समसप्तक** ) होना वर-कन्या के वैवाहिक जीवन के लिए शुभफल प्रद होता है। परन्तु **अपवाद** रूप में, कर्क-मकर का तथा सिंह-कुम्भ राशियों का समसप्तक योग वर-कन्या के विवाह में शुभ नहीं माना गया–

**मकरे कर्कटे चैव कुम्भे सिंहे तथैव च।**
**परस्परं सप्तमे च वैधव्यं तु विनिर्दिशेत्॥** –ज्योतिनिबन्ध

**(८) नाड़ी दोष विचार**–अष्टकूट निर्धारक तत्त्वों में नाड़ी का विशेष महत्त्व है। वर-कन्या की एक ही नाड़ी होना विवाह में अशुभ माना गया है। 36 गुणों में से इसके 8 गुण होते हैं। भिन्न नाड़ी के आठ गुण तथा नाड़ी समान होने पर गुणाभाव अर्थात् शून्य गुण होता है।

अश्वन्यादि २७ जन्म नक्षत्रों को तीन नाड़ियों (पंक्तियों) में विभाजित किया गया है–आदि, मध्य और अन्त्य। इनका विवरण निम्न चक्र में दिया गया है।

### नाड़ी चक्र

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **आदि नाड़ी** | अश्वि | आर्द्रा | पुन | उ.फा. | हस्त | ज्ये. | मूल | शत | पू.भा. |
| **मध्य नाड़ी** | भर | मृग | पुष्य | पू.फा. | चित्रा | अनु. | पूषा | धनि | उ.भा. |
| **अन्त्य नाड़ी** | कृति | रोह | श्ले. | मघा | स्वा | विशा | उ.षा. | श्रव | रेव |

वर-कन्या का जन्म नक्षत्र एक ही नाड़ी में पड़ना विवाह में अशुभ माना जाता है। दोनों की **आदि ( प्रथम )** नाड़ी हो, तो विवाह के पश्चात् उनका परस्पर वियोग आदि, **मध्य नाड़ी** हो, तो दोनों की हानि तथा **अन्त्य** नाड़ी हो तो वैधव्य या अतिशय दु:ख होता है।**–बृहज्योतिषसार**

वर-कन्या के नक्षत्र एक ही नाड़ी वाले हों, तो नाड़ी दोष माना जाता है। एक समान नाड़ी वाले वर-कन्या को ज्योतिषाचार्यों ने बहुत अशुभ माना है।

विवाह में नाड़ी दोष का आचार्यों द्वारा विशेष महत्त्व दिया गया है। नारद ऋषि अनुसार–

**एक नाडी विवाहश्च गुणै: सर्वे समन्वित:।**
**वर्जनीय: प्रयत्नेन दम्पत्यो: निधनं यत:॥** (नारद)

अर्थात् विवाह मिलान में चाहे सब गुण मिल रहे हों, परन्तु वर-कन्या की एक ही नाड़ी का प्रयत्नपूर्वक त्याग करना चाहिए। यह दोष दम्पति के लिए अनिष्टकर/घातक माना जाता है।

प्रयत्नपूर्वक त्याग करना चाहिए। यह दोष दम्पत्ति के लिए अनिष्टकर/घातक माना जाता है। नाड़ी दोष में एक ही नक्षत्र और समान नक्षत्र चरण होने पर भी सभी आचार्यों ने एकमत से अनिष्टकारी कहा है।

## नाड़ी दोषापवाद एवं परिहार–

(i) वर-कन्या की एक ही राशि हो, परन्तु नक्षत्र अलग-अलग हों।

(ii) वर-कन्या दोनों का जन्म नक्षत्र एक हो, परन्तु राशियाँ भिन्न-भिन्न हों, तो नाड़ी दोष अविचारणीय है। (विवाह वृन्दावन)

(iii) वर-कन्या, दोनों का नक्षत्र एक हो, परन्तु चरण भिन्न-भिन्न हों।

(iv) नाड़ी दोष ब्राह्मणों के लिए, वर्णदोष क्षत्रियों के लिए, गण दोष वैश्यों के लिए तथा योनि दोष शूद्रों के लिए विशेष रूप से विचारणीय होता है–

**नाड़ी दोषस्तु विप्राणां वर्णदोषश्च क्षत्रिये। गणदोषश्च वैश्येषु योनि दोषस्तु पाद्जान्॥**

**ध्यान रहे,** ब्राह्मणेतर वर्ण जातियों के लिए नाड़ी दोष नित्तान्तः उपेक्षनीय नहीं होता॥

हमारे मतानुसार नाड़ी दोष का विचार सभी जाति के वर-कन्याओं के मिलान के सम्बन्ध में समान रूप से करना चाहिए। विशेष रूप से कर्क, वृश्चिक तथा मीन (४, ८, १२) राशियों के सन्दर्भ में।

(v) यदि वर-कन्या दोनों की एक राशि हो, परन्तु नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों अथवा यदि दोनों का नक्षत्र एक हो और राशि अलग-अलग हो, एवं च नक्षत्र चरण भिन्न (पाद भेद) हो, तो ऐसी स्थिति में नाड़ी एवं गण दोष नहीं होता–अर्थात् शुभ होता है।

**राश्यैक्ये चेद् भिन्नमृक्षं द्वयोः स्यान्नक्षत्रैक्ये राशियुग्मं तथैव।**
**नाड़ी दोषों नो गणानां च दोषो नक्षत्रैक्ये पादभेदे शुभंस्यात्॥–मुहूर्त्त संग्रह दर्पण**

यद्यपि वर-कन्या का एक ही नक्षत्र अथवा एक ही राशि का होने से नाड़ी दोष का परिहार माना गया है, परन्तु यदि दोनों के नक्षत्र चरणों में समानता हो अथवा नक्षत्रों में पाद वेध* हो, तो विवाह सर्वदा त्याज्य एवं वर्जित होगा। यथा–

**एक नक्षत्र जातानां नाड़ी दोषो न विद्यते। अन्यर्क्षनाड़ीवेधेषु विवाहो वर्जितः सदा॥**
**–ज्योतिष तत्त्व प्रकाश**

अन्यत्र भी कहा गया है– **दम्पत्योरेक नक्षत्र भिन्नपादे शुभावहम्।**
**दम्पत्योरेकपादे तु वर्षान्ते मरणं ध्रुवम्॥** (का. नि.)

पराशरानुसार भी यही अभिमत है–

**पराशरः प्राह नवांशभेदाद एकनक्षत्र राशचोरपि सौमनस्यम्॥**

*नोट–ध्यान रहे, किसी नक्षत्र के प्रथम पाद और चतुर्थ पाद तथा दूसरे एवं तीसरे पाद में परस्पर वेध होना भी पाद-वेध कहलाता है।

(vi) 'नरपतिजचर्या' अनुसार वर कन्या के नक्षत्र चरणों के I & IV, II & III तथा IV & I, III & II चरणों के मध्य ही पादवेध चरणों का विचार करना अनिवार्य होता है। इसके अतिरिक्त अन्य नक्षत्र चरणों के वेध जैसे I & III, II & IV नक्षत्र चरणों में वेधाभाव होने के कारण स्वल्पदोष रह जाता है। (मुहूर्त्त-चिन्तामणि)-पीयूषधारा–

**आद्यांशेन चतुर्थांशं चतुर्थांशेन चादिमम्। द्वितीयेन तृतीयं तु तृतीयेन द्वितीयकम्॥**
**ययो भांशव्यधश्चैवं जायते वर कन्ययोः। तयो मृत्युर्न सन्देहः शेषांशाः स्वल्पदोषदाः॥**

**(vii) 'ज्योतिष चिन्तामणि'** अनुसार रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा, ज्येष्ठा, कृतिका, पुष्य, श्रवण, रेवती एवं उत्तराभाद्रपद–इन नक्षत्रों में उत्पन्न वर-कन्या को नाड़ी दोष नहीं लगता।

**रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नी पुष्यश्रवणपौष्णभम्।**
**अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते॥ –ज्यो० चिन्तामणि**

नाड़ी आदि दोषों का परिहार होने की स्थिति में उनसे सम्बन्धित आधे गुणों को जोड़ (जमा कर) देने का भी विधान है।

## उपयुक्त उपायों से परिहार–

हमारे मतानुसार गण, योनि, षडाष्टक, द्विद्वादश, नाड़ी आदि अष्टकूटों में परिहार वाक्य उपलब्ध हो जाने पर भी अपनी शक्ति एवं सामर्थ्यानुसार यथोचित संख्या में जप, पाठ, दानादि करवा लेना चाहिए।

**'बृहस्पति संहिता'** के अनुसार नाड़ी दोष की शान्ति के लिए **श्रीमृत्युञ्जय मन्त्र** का जाप (यथोचित संख्या में) करके ब्राह्मणों को गौ, वस्त्र, अनाज, घृतादि सहित भोजन एवं सुवर्ण, चांदी, रत्नों की दक्षिण आदि से सन्तुष्ट करने से नाड़ी दोष का परिहार हो जाता है–

अन्यत्र भी लिखा है–श्री महामृत्युञ्जय के जप-पाठ के उपरान्त–

**षडाष्टके गोमिथुनं प्रदेयं, कास्यं सरूप्यं नवपंचमेच।**
**नाड्यां सुवर्णान्नमथो सुधेनुं द्विद्वादशे ब्राह्मणतपर्णं च॥**

अर्थात् शत्रु षडाष्टक दोष होने पर गोमिथुन (एक गाय, एक बैल), नवपंचम में चांदी-कांसे का बर्तन, **नाड़ी दोष** में गाय, अन्न, सुवर्ण-वस्त्र का दान तथा **द्विद्वादश** में ब्राह्मणों एवं सुपात्र जनों को यथाशक्ति भोजन, दान-दक्षिणादि द्वारा सन्तुष्ट करने से मिलान सम्बन्धी **अष्टकूट दोषों** की शान्ति हो जाती है।

वर-कन्या की कुण्डली में नाड़ी-दोष हो, परन्तु अत्यन्त आवश्यक परिस्थितिवश विवाह करना आवश्यक हो, तो उस स्थिति में वर/कन्या का अर्क/कुम्भ विवाह, महामृत्युजंय जप, सुवर्ण, रत्न, चांदी, अनाजादि के दान, ब्राह्मण भोजन आदि के पश्चात् ही विवाह कार्य करना प्रशस्त होगा– **हेमाज्यरत्नगोदानं मृत्युञ्जयजपस्तथा।**
**कुर्यादवश्यमुद्वाहे नाडीदोषाऽपनुत्तये॥** (मुहूर्त्त गणपति)

# शुद्ध वर-कन्या मेलापक सारिणी (भाग-१)

| वर/नक्षत्र → | | मेष | | | वृष | | | मिथुन | | | कर्क | | | सिंह | | | कन्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कन्या | नक्षत्र ↓ | अश्वि<br>1 से 4 | भर.<br>1 से 4 | कृति<br>1 | कृति<br>2,3,4 | रोह<br>1 से 4 | मृग<br>1,2 | मृग<br>3,4 | आर्द्रा<br>1 से 4 | पुर्न<br>1,2,3 | पुर्न<br>4 | पुष्य<br>1 से 4 | श्ले<br>1 से 4 | मघा<br>1 से 4 | पू.फा.<br>1 से 4 | उ.फा.<br>1 | उ.फा.<br>2,3,4 | हस्त<br>1 से 4 | चित्रा<br>1,2 |
| मेष | अश्वि<br>1 से 4 | २८<br>8 | ३३<br>4 | २८<br>3,6 | १८ ॥<br>1236 | २१ ॥<br>1,2,3 | २२ ॥<br>1,2,3 | २६<br>1,3,5 | १७<br>1,5,8 | १९<br>1358 | २३ ॥<br>3,8 | ३१ ॥<br>3 | २८<br>6 | २१<br>6,9,व | २५<br>9,व | १५<br>389व | ११<br>3578 | ९<br>14578 | १३ ॥<br>14567 |
| | भर<br>1 से 4 | ३४<br>4 | २८<br>8 | २९<br>6 | १९<br>1,2,6 | २३<br>1,2,3 | १४ ॥<br>1238 | १८<br>1358 | २६ ॥<br>1,3,5 | २७<br>1,3,5 | ३१ ॥<br>3 | २३ ॥<br>3,8 | २५<br>3,6 | २०<br>6,9,व | १८ ॥<br>8,9व | २६<br>9,व | २१ ॥<br>1,5,7 | २०<br>1357 | ५<br>13578 |
| | कृति<br>1 चरण | २७ ॥<br>3,6 | २९<br>6 | २८<br>8 | १८<br>1,2,8 | १०<br>1268 | १६ ॥<br>1236 | २०<br>1356 | २० ॥<br>1356 | २१<br>1356 | २५ ॥<br>3,6 | २६ ॥<br>3,6 | २३ ॥<br>3,8 | १७<br>389व | २०<br>6,9व | २०<br>6,9व | १५ ॥<br>1567 | १६<br>1567 | १८<br>1357 |
| वृष | कृति<br>2,3,4 | १९<br>2,3,6 | २०<br>2,6 | १९<br>2,8 | २८<br>8 | २०<br>6,8 | २६ ॥<br>3,6 | १७ ॥<br>2,3,6 | १७ ॥<br>2,3,6 | १८ ॥<br>2,3,6 | २२<br>3,5,6 | २३<br>3,5,6 | २०<br>3,5,8 | १९<br>358व | २२<br>5,6व | २२<br>5,6व | २१<br>6,9 | २१<br>6,9 | २३ ॥<br>3,9 |
| | रोह<br>1 से 4 | २४<br>2,3 | २३ ॥<br>2,3 | ११<br>2,6,8 | २०<br>6,8 | २८<br>8 | ३६ | २७<br>1,2 | २४<br>1,2,3 | २३<br>1234 | २६<br>3,4,5 | २७<br>3,5 | १२ ॥<br>3468 | १० ॥<br>3568 | २४ ॥<br>3,5व | २७<br>5,व | २६<br>4,9 | २६<br>4,9 | २०<br>4,6,9 |
| | मृग<br>1-2 | २३ ॥<br>2,3 | १५<br>2,3,8 | १९<br>2,3,6 | २७ ॥<br>3,6 | ३५<br>- | २८<br>8 | १९ ॥<br>1,2,8 | २४ ॥<br>1,2,4 | २३<br>1234 | २६<br>3,4,5 | १९<br>3,5,8 | २१<br>3,5,6 | १९ ॥<br>456व | १५<br>3458 | २४ ॥<br>3,5व | २४<br>3,9 | २६<br>4,9 | १३<br>6,8,9 |
| मिथुन | मृग<br>3-4 | २७<br>3,5 | १८<br>3,5,8 | २२<br>3,5,6 | २०<br>2,3,6 | २७ ॥<br>2,व | २०<br>2,8,व | २८<br>8 | ३३<br>4 | ३१ ॥<br>3,4 | १९ ॥<br>2,4,5 | १२<br>2358 | १४ ॥<br>2356 | २४<br>3,4,6 | २०<br>348व | २८ ॥<br>3,व | ३१ ॥<br>3 | ३४<br>4 | २१<br>4,6,8 |
| | आर्द्रा<br>1 से 4 | १९ ॥<br>3,5,8 | २७ ॥<br>3,5 | २१ ॥<br>3,5,6 | १९<br>2,3,6 | २५<br>2,3,4 | २६<br>2,4 | ३४<br>- | २८<br>8 | २५<br>4,8 | १३<br>24568 | २० ॥<br>235व | १३<br>2356 | २४<br>3,6,व | २९ ॥<br>3,4व | २१ ॥<br>3,4,8 | २४ ॥<br>3,4,8 | २५<br>3,4,8 | २७ ॥<br>4,6 |
| | पुन.<br>1,2,3 | २०<br>3,5,8 | २७<br>3,5 | २३ ॥<br>3,5,6 | २० ॥<br>2,3,6 | २३<br>2,3,4 | २४<br>2,3,4 | ३१ ॥<br>3,4 | २४<br>4,8 | २८<br>8 | १६<br>258व | २३<br>2,5,व | १७<br>235व | २३<br>346व | २७<br>3,4व | २२<br>3,8व | २५<br>3,8 | २६<br>3,8 | २७ ॥<br>3,6 |
| कर्क | पुन.<br>4 | २३<br>1,3,8 | २९ ॥<br>1,3 | २५ ॥<br>1,3,6 | २२<br>1356 | २४<br>1345 | २५<br>1345 | १८<br>1245 | १०<br>12568 | १५<br>1258 | २८<br>8 | ३५<br>- | २९ ॥<br>3,6 | १६ ॥<br>1246 | २० ॥<br>1234 | १५ ॥<br>1238 | १८<br>1358 | १९ ॥<br>1358 | २१<br>1356 |
| | पुष्य<br>1 से 4 | ३० ॥<br>1,3 | २१ ॥<br>1,3,8 | २७<br>1,3,6 | २३<br>1356 | २५<br>1,3,5 | १८<br>1358 | ११ ॥<br>12358 | १८ ॥<br>1235 | २२<br>125व | ३५<br>- | २८<br>8 | ३०<br>6 | २०<br>1236 | १५ ॥<br>1238 | २३ ॥<br>1,2,3 | २६<br>1,3,5 | २७<br>1,3,5 | १२ ॥<br>14568 |
| | श्ले.<br>1 से 4 | २६<br>1,6 | २५<br>1,3,6 | २३<br>1,3,8 | १९<br>1358 | ११ ॥<br>14568 | १९<br>1456 | १३<br>12456 | १२<br>12456 | १५ ॥<br>12356व | २८<br>3,6 | २९<br>6 | २८<br>8 | १५<br>1248 | १५ ॥<br>1246 | १८ ॥<br>1236 | २१ ॥<br>1356 | २१<br>1356 | २६<br>1,3,5 |
| सिंह | मघा<br>1 से 4 | २०<br>6,9,व | २०<br>6,9,व | १६ ॥<br>8,9,व | १७ ॥<br>158व | ९ ॥<br>1568व | १७ ॥<br>156व | २१ ॥<br>146व | २२ ॥<br>136व | २१<br>1346व | १६ ॥<br>2,4,6 | २०<br>2,3,6 | १६ ॥<br>2,4,8 | २८<br>8 | ३०<br>6 | २७<br>3,6 | १६<br>1236 | १६ ॥<br>1236 | २१ ॥<br>123व |
| | पू.फा.<br>1 से 4 | २६<br>9,व | १८ ॥<br>8,9,व | २०<br>6,9,व | २१<br>156व | २३ ॥<br>145व | १५ ॥<br>1458 | २०<br>148व | २८ ॥<br>1,3,व | २६<br>1,4,व | २२ ॥<br>2,3,4 | १७ ॥<br>2,3,8 | १६ ॥<br>2346 | ३०<br>6 | २८<br>8 | ३५ | २४<br>1,2व | २३<br>123व | ७ ॥<br>1268 |
| | उ.फा.<br>1 | १७<br>8,9,व | २६<br>9,व | २१<br>6,9,व | २१<br>156व | २६<br>1,5,व | २५<br>135व | २८ ॥<br>1,3व | २१<br>1,3,8 | २१ ॥<br>1,3,8 | १७ ॥<br>2,3,8 | २५ ॥<br>2,3 | २०<br>2,3,6 | २७ ॥<br>3,6 | ३५<br>- | २८<br>8 | १७<br>128व | १६ ॥<br>128व | १३ ॥<br>1236 |
| कन्या | उ.फा.<br>2,3,4 | १३<br>3578 | २२ ॥<br>5,7 | १६<br>5,6,7 | २१<br>6,9 | २६<br>4,9 | २४ ॥<br>3,9 | ३१ ॥<br>1,3 | २३ ॥<br>1,3,8 | २४ ॥<br>1,3,8 | २०<br>3,5,8 | २८<br>3,5 | २२ ॥<br>3,5,6 | १८<br>2,6,व | २५<br>2,व | १८<br>2,8व | २८<br>8 | २७ ॥<br>8 | २५<br>3,4,6 |
| | हस्त<br>1 से 4 | १०<br>34578 | २०<br>3,5,7 | १७ ॥<br>5,6,7 | २२<br>6,9 | २५<br>9 | २६<br>9 | ३३<br>1,4 | २२ ॥<br>1,3,8 | २४<br>1,3,8 | २०<br>358व | २८<br>3,5व | २३<br>3,5,6 | १८ ॥<br>236व | २२ ॥<br>2,3व | १६<br>2,8व | २६<br>8 | २८<br>8 | २८<br>4,6 |
| | चित्रा<br>1,2 | १३<br>3567 | ४ ॥<br>45678 | १९<br>3,5,7 | २४<br>3,4,9 | २०<br>6,9 | १२ ॥<br>6,8,9 | १९<br>1,6,8 | २६<br>1,4,6 | २५ ॥<br>1,3,6 | २१ ॥<br>356व | १२ ॥<br>3568व | २७<br>35,व | २२ ॥<br>2,3,व | ८ ॥<br>2368व | १४ ॥<br>2346व | २४ ॥<br>3,4,6 | २७ ॥<br>4,6 | २८<br>8 |

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1 ,2 ,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

# वर-कन्या मेलापक सारिणी – (भाग-२)

| वर/नक्षत्र → | | मेष | | | वृष | | | मिथुन | | | कर्क | | | सिंह | | | कन्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कन्या | नक्षत्र ↓ | अश्वि 1 से 4 | भर. 1 से 4 | कृति 1 | कृति 2,3,4 | रोह 1 से 4 | मृग 1,2 | मृग 3,4 | आर्द्रा 1 से 4 | पुर्न 1,2,3 | पुर्न 4 | पुष्य 1 से 4 | श्ले 1 से 4 | मघा 1 से 4 | पू.फा. 1 से 4 | उ.फा. 1 | उ.फा. 2,3,4 | हस्त 1 से 4 | चित्रा 1,2 |
| तुला | चित्रा 3,4 | २२ ॥<br>3,4,6 | १४<br>3468 | २८ ॥<br>3,4 | २४<br>3,7 | २० ॥<br>4,6,7 | १२<br>6,7,8 | १३<br>6,8,9 | २१<br>4,6,9 | १९ ॥<br>3,6,9 | २० ॥<br>3,5,6 | ११<br>3568 | २६ ॥<br>3,5,व | २५ ॥<br>3,5,व | ११ ॥<br>3568 | १७ ॥<br>456व | १७ ॥<br>2346 | २०<br>2,4,6 | २१<br>2,8 |
| | स्वा. 1 से 4 | २७ ॥<br>3,4 | २९ ॥<br>3 | १७ ॥<br>3,6,8 | १३<br>3678 | १५ ॥<br>3,7,8 | २६<br>4,7 | २७<br>9 | २६ ॥<br>4,9 | २८<br>9 | २९<br>5,व | २७<br>3,5 | १४<br>व3568 | १३<br>3568 | २५ ॥<br>3,5व | २५ ॥<br>3,5व | २६<br>2,3 | २७ ॥<br>2,3 | २१<br>2,4,6 |
| | विशा 1,2,3 | २२ ॥<br>3,4,6 | २३<br>3,4,6 | २० ॥<br>3,4,8 | १५ ॥<br>3478 | १० ॥<br>3678 | १८ ॥<br>3,6,7 | २०<br>3,6,9 | २०<br>4,6,9 | २१<br>4,6,9 | २२<br>56,व | २१ ॥<br>4,5,6 | १८ ॥<br>3,5,8 | १७ ॥<br>358,व | १९ ॥<br>356व | १७ ॥<br>व3456 | १७ ॥<br>2346 | १९<br>2346 | २७ ॥<br>2,3 |
| वृश्चिक | विशा 4 | १७<br>1467 | १७<br>1467 | १४ ॥<br>1478 | १९ ॥<br>1,4,8 | १४ ॥<br>1368 | २२ ॥<br>1,3,6 | १२ ॥<br>1567 | १३<br>1567 | १३ ॥<br>1567 | १९ ॥<br>4,6,9 | १८ ॥<br>4,6,9 | १५ ॥<br>3,8,9 | २२<br>1,3,8 | २३ ॥<br>136व | २१ ॥<br>146व | १७ ॥<br>1456 | १८<br>1456 | २७<br>135व |
| | अनु. 1 से 4 | २५<br>1,3,7 | १५ ॥<br>1378 | २०<br>1367 | २४ ॥<br>1,3,6 | २७ ॥<br>1,3,4 | २० ॥<br>1,3,8 | १०<br>13578 | १५<br>13457 | २० ॥<br>1,5,7 | २६ ॥<br>9 | १८ ॥<br>8,9 | २१<br>6,9 | २५<br>1,3,6 | २१<br>138व | २१ ॥<br>1,3व | २५<br>135व | २६<br>135व | ११ ॥<br>1358 |
| | ज्ये. 1 से 4 | १२<br>1678 | १८ ॥<br>1367 | २५<br>1,3,7 | २१ ॥<br>1,3 | २२ ॥<br>1,3,6 | २२ ॥<br>1,3,6 | १३<br>13567 | ३<br>134578 | ५ ॥<br>135678 | १० ॥<br>3689 | २०<br>6,9 | २६<br>9 | ३१<br>1 व | २४<br>136व | १७<br>1368 | १३<br>13568 | १३<br>1568व | २४ ॥<br>1व345 |
| धनु | मूल 1 से 4 | १२<br>4689 | २१<br>6,9 | २५<br>3,9 | १९ ॥<br>1,5,7 | १३<br>1567 | १३ ॥<br>1567 | २१<br>1356 | १५<br>1568 | १२<br>14568 | ७ ॥<br>4678 | १७ ॥<br>3,6,7 | २४<br>4,7 | २५<br>9,व | २०<br>6,9व | ९ ॥<br>689व | १३<br>1568 | १३<br>1568 | २६<br>1,4,5 |
| | पू.षा. 1 से 4 | २६<br>9 | १८ ॥<br>8,9 | १८ ॥<br>4,6,9 | १२ ॥<br>14567 | १८ ॥<br>1457 | ११<br>14578 | १८ ॥<br>1458 | २७<br>1,3,5 | २७<br>1,3,5 | २३ ॥<br>37,व | १३<br>3478 | १७ ॥<br>3,6,7 | १९<br>6,9,व | १७ ॥<br>8,9व | २५<br>9,व | २८ ॥<br>1,5 | २७<br>1,3,5 | १३ ॥<br>13568 |
| | उ.षा. 1 | २५<br>3,9 | २६<br>4,9 | १२<br>4689 | ६<br>15678 | १०<br>14578 | १७<br>1457 | २५<br>1,4,5 | २७<br>1,3,5 | २७ ॥<br>1,3,5 | २३ ॥<br>37,व | २३ ॥<br>3,7,व | ८ ॥<br>678व | ८ ॥<br>4689 | २४<br>4,9व | २५<br>9,व | २८ ॥<br>1,5 | २८ ॥<br>1,5 | २१<br>1,5,6 |
| मकर | उ.षा. 2,3,4 | २७<br>3,5 | २८ ॥<br>4,5 | १४ ॥<br>4568 | १२<br>4689 | १६<br>4,8,9 | २३<br>3,4,9 | २१<br>1347 | २२<br>1,3,7 | २२ ॥<br>1,3,7 | २८<br>3,5 | २८<br>3,5 | १४<br>3568 | ४ ॥<br>45678 | २०<br>4,5,7 | २१<br>4,5,7 | २४ ॥<br>9,व | २५<br>9,व | १७ ॥<br>4,6,9 |
| | श्रव 1234 | २७<br>3,5 | २६ ॥<br>3,4,5 | १४<br>4568 | १२<br>4689 | १६<br>4,8,9 | २६<br>4,9 | २३<br>147व | २१<br>1,3,7 | २२<br>1,4,7 | २८<br>4,5 | २६<br>4,5 | १५<br>4568 | ६ ॥<br>5678 | १८ ॥<br>4,5,7 | २०<br>4,57 | २४<br>4,9व | २४ ॥<br>4,9व | १९ ॥<br>4,6,9 |
| | धनि 1,2 | २०<br>3456 | ११ ॥<br>34568 | २६<br>3,4,5 | २४<br>3,4,9 | २० ॥<br>4,6,9 | १२<br>4689 | ९<br>1678 | १६<br>1467 | १६<br>1467 | २२<br>4,5,6 | १३<br>4568 | २८<br>4,5 | १९ ॥<br>4,5,7 | ५ ॥<br>5678 | १२ ॥<br>4567 | १६<br>469व | १८<br>469व | १५<br>489व |
| कुंभ | धनि 3,4 | २०<br>4,5,6 | १० ॥<br>4568 | २६<br>3,4,5 | ३० ॥<br>3,4 | २७<br>4,6 | १९ ॥<br>4,6,8 | १२<br>4,8,9 | १९<br>4,6,9 | १८ ॥<br>3469 | १३<br>4567 | ४ ॥<br>45678 | १९ ॥<br>357व | २५ ॥<br>3,5,व | ११<br>568व | १८ ॥<br>456व | १८<br>4,6,7 | १९<br>4,6,7 | १७<br>4,7,8 |
| | शत 1 से 4 | १५<br>3568 | २१<br>3,5,6 | २८<br>3,5 | ३२ ॥<br>3 | २५ ॥<br>3,4,6 | २७<br>4,6 | २०<br>4,6,9 | १२<br>4698 | १३<br>6,9,8 | ८<br>5678व | १४<br>567व | २१<br>5,7,व | २६ ॥<br>3,5,व | २० ॥<br>356व | १२ ॥<br>568व | ११ ॥<br>3678 | ९<br>4678 | २५<br>4,7 |
| | पू.भा. 1,2,3 | १८<br>4,5,8 | २५<br>3,4,5 | २०<br>4,5,6 | २५<br>3,4,6 | ३१ ॥<br>3,4 | ३१ ॥<br>3 | २५<br>3,4,9 | १७ ॥<br>4,8,9 | १८ ॥<br>4,8,9 | १३ ॥<br>4578व | २०<br>457व | १३<br>3567व | १९ ॥<br>5,6,व | २५ ॥<br>4,5व | १६ ॥<br>458व | १५ ॥<br>4,7,8 | १५ ॥<br>3478 | १७ ॥<br>3467 |
| मीन | पू.भा. 4 | १४ ॥<br>1248 | २२<br>1234 | १६ ॥<br>1246 | १९<br>1456 | २६<br>1345 | २६<br>1345 | २६<br>145व | १८ ॥<br>1व458 | १९<br>1458 | १८<br>4,8,9 | २५<br>4,9 | १९<br>4,6,9 | १८<br>1467 | २३ ॥<br>1347 | १४ ॥<br>1478 | १६<br>1458व | १७<br>1458 | १८ ॥<br>1456 |
| | उ.भा. 1 से 4 | २५<br>1,2,3 | १७<br>1238 | १९<br>1236 | २१<br>1356 | २६<br>135 | १८<br>1358 | १७ ॥<br>1358 | २५<br>135व | २८<br>1,5,व | २७ ॥<br>9 | १९ ॥<br>8,9 | २१ ॥<br>6,9 | १९<br>1367 | १७<br>1378 | २६<br>1,3,7 | २७ ॥<br>135व | २७<br>135व | १०<br>14568 |
| | रेव 1 से 4 | २५<br>1,2,4 | २४ ॥<br>1,2,3 | ११<br>1268 | १४<br>1568 | १७ ॥<br>1358 | २६<br>1,3,5 | २५<br>135व | २४ ॥<br>135व | २६<br>1,3,5 | २६<br>3,9 | २७ ॥<br>9 | १४<br>6,8,9 | १३<br>1687 | २३ ॥<br>1,3,7 | २४<br>1,3,7 | २६<br>135व | २७<br>135व | १९ ॥<br>1456 |

नोट–गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1, 2, 3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

# वर-कन्या मैलापक सारिणी –(भाग-३)

| वर/नक्षत्र → | | तुला | | | बृश्चिक | | | धनु | | | मकर | | | कुम्भ | | | मीन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कन्या | नक्षत्र ↓ | चित्रा 3,4 | स्वा. 1 से 4 | विशा 1,2,3 | विशा 4 | अनु 1 से 4 | ज्ये 1 से 4 | मूल 1 से 4 | पू.षा. 1 से 4 | उ.षा. 1 चरण | उ.षा. 2,3,4 | श्रव 1 से 4 | धनि 1,2 | धनि 3,4 | शत 1 से 4 | पू.भा. 1,2,3 | पू.भा. 4 | उ.भा. 1 से 4 | रेव 1 से 4 |
| मेष | अश्वि 1 से 4 | २२ ॥<br>1346 | २६ ॥<br>1,3,4 | २२ ॥<br>1346 | १८ ॥<br>3467 | २५ ॥<br>3,7 | १४ ॥<br>6,7,8 | १३<br>6,8,9 | २५<br>4,9 | २३ ॥<br>1,3,9 | २५<br>1,3,5 | २६<br>1,3,5 | २०<br>1456 | २० ॥<br>1456 | १५<br>1358 | १६<br>1358 | १५<br>2348 | २५<br>2,3 | २६<br>2,4 |
| | भर 1 से 4 | १३ ॥<br>1368 | २९<br>1,3 | २१ ॥<br>1,3,6 | १७ ॥<br>3467 | १७ ॥<br>378 | २०<br>3,6,7 | २०<br>6,9 | १८ ॥<br>8,9 | २६<br>9 | २७ ॥<br>1,5 | २६<br>1,3,5 | १०<br>14568 | ९ ॥<br>14568 | २०<br>1356 | २४<br>1345 | २३<br>2,3,4 | १७ ॥<br>2,3,8 | २७<br>2,3 |
| | कृति 1 चरण | २७ ॥<br>1,3,4 | १५<br>1368 | १९ ॥<br>1348 | १५ ॥<br>3478 | १९ ॥<br>3,6,7 | २५ ॥<br>3,7 | २५<br>3,9 | १८ ॥<br>4,6,9 | १२ ॥<br>6,8,9 | १३ ॥<br>1568 | १२<br>14568 | २५<br>1,3,5 | २५ ॥<br>1,3,5 | २७<br>1,3,5 | १९ ॥<br>1356 | १७ ॥<br>2346 | १९ ॥<br>2,3,6 | १२<br>2368 |
| वृष | कृति 2,3,4 | २३<br>1347 | ११<br>13678 | १४ ॥<br>1378 | २० ॥<br>3,4,8 | २४ ॥<br>3,6 | ३० ॥<br>3 | २०<br>3,5,7 | १४<br>4567 | ७<br>5678 | १२<br>6,9,8 | १० ॥<br>4689 | २४<br>3,4,9 | २९ ॥<br>1,3,4 | ३१ ॥<br>1,3 | २३ ॥<br>1346 | २०<br>3456 | २२<br>3,5,6 | १४<br>3568 |
| | रोह 1 से 4 | १९ ॥<br>1,6,7 | १५ ॥<br>1378 | ९ ॥<br>1678 | १५<br>1368 | २९ ॥<br>3,4 | २४<br>3,6 | १४ ॥<br>3567 | १९ ॥<br>3,5,7 | ११ ॥<br>4578 | १६<br>4,8,9 | १७ ॥<br>4,8,9 | २० ॥<br>4,6,9 | २६<br>1,4,6 | २५<br>1,3,6 | ३१<br>1,3 | २७<br>3,4,5 | २७<br>3,4,5 | ११<br>3,5,8 |
| | मृग 1-2 | १२<br>1678 | २५ ॥<br>1,7 | १९<br>1367 | २५<br>3,6 | २१ ॥<br>3,5,8 | २४ ॥<br>3,6 | १५<br>3567 | १० ॥<br>3578 | १७ ॥<br>3457 | २२<br>3,4,9 | २५ ॥<br>4,9 | १३<br>4689 | १९ ॥<br>1468 | २७<br>1,4,6 | २९ ॥<br>1,3,4 | २६<br>3,5 | १८<br>3,5,8 | २७<br>3,5 |
| मिथुन | मृग 3-4 | १४<br>6,8,9 | २७<br>4,9 | २१<br>3,6,9 | १४<br>3567 | ११<br>3578 | १४<br>3567 | २३<br>3,5,6 | १८ ॥<br>3458 | २५<br>3,4,5 | २० ॥<br>347व | २४<br>4,7,व | ११<br>678व | १३<br>6,8,9 | २१ ॥<br>6,9 | २४<br>3,9 | २५ ॥<br>3,5,व | १७ ॥<br>3,5,8 | २६ ॥<br>3,5,व |
| | आर्द्रा 1 से 4 | २१<br>4,6,9 | २७<br>9 | २० ॥<br>4,6,9 | १३<br>4567 | १७ ॥<br>व3457 | ३<br>345678 | १६<br>3568 | २८<br>3,5 | २८<br>3,5 | २३ ॥<br>3,7व | २३ ॥<br>3,7,व | १८<br>467व | १९ ॥<br>4,6,9 | १२ ॥<br>689 | १७ ॥<br>4,8,9 | १९<br>5,8,व | २६ ॥<br>3,5व | २७<br>3,5,व |
| | पुन. 1,2,3 | २१<br>3,6,9 | २८<br>9 | २२<br>6,9 | १५<br>5,7व | २२<br>5,7व | ७<br>35678 | १४<br>34568 | २७<br>3,5 | २७<br>3,5 | २२ ॥<br>3,7व | २३ ॥<br>3,7,व | १७ ॥<br>3467 | १९<br>3469 | १४<br>6,8,9 | १६<br>4,8,9 | १८ ॥<br>4,8,9 | २८<br>5,व | २७ ॥<br>3,5,व |
| कर्क | पुन. 4 | २१<br>1356 | २८<br>1,5व | २२<br>156व | २०<br>6,9 | २६<br>9 | १२<br>3689 | ८ ॥<br>14678 | २१<br>147व | २१ ॥<br>147व | २६<br>1,3,5 | २७<br>1,3,5 | २१<br>1456 | १२<br>14567 | ८ ॥<br>1567 | १० ॥<br>14578 | १६ ॥<br>4,8,9 | २६ ॥<br>9 | २६<br>3,9 |
| | पुष्य 1 से 4 | ११<br>14568 | २६ ॥<br>1व35 | २१ ॥<br>1456 | १९ ॥<br>4,6,9 | १८ ॥<br>8,9 | २१<br>6,9 | १७ ॥<br>1367 | ११ ॥<br>1478 | २१ ॥<br>1347 | २६<br>1,3,5 | २५<br>1345 | १३<br>13568 | ४ ॥<br>145678 | १४<br>13567 | १८ ॥<br>1457 | २४<br>4,9 | १८ ॥<br>8,9 | २७<br>9 |
| | श्ले. 1 से 4 | २५ ॥<br>1,3,5 | १२<br>1568 | १७ ॥<br>1,5,8 | १५<br>3,8,9 | २० ॥<br>6,9 | २६<br>9 | २३<br>व<br>1,4,7 | १६<br>1367 | ७ ॥<br>3678 | १३<br>4568 | १३<br>13568 | २६<br>1,4,5 | १७ ॥<br>1457 | २०<br>1357 | ११<br>14567 | १८<br>4,6,9 | २१<br>6,9 | १३<br>6,8,9 |
| सिंह | मघा 1 से 4 | २४ ॥<br>1,3,5 | ११ ॥<br>13568 | १६ ॥<br>1358व | २२ ॥<br>3,8व | २६<br>3,6व | ३३<br>व | २५<br>9,व | १९ ॥<br>6,9व | ८ ॥<br>689व | ३ ॥<br>15678 | ४ ॥<br>15678 | १८ ॥<br>1,5,7 | २४ ॥<br>1,5,व | २५ ॥<br>135 व | १८ ॥<br>156व | १९<br>3,6,7 | २०<br>3,6,7 | १३ ॥<br>6,7,8 |
| | पू.फा. 1 से 4 | १० ॥<br>1568 | २५ ॥<br>135व | १८ ॥<br>156व | २४<br>3,6व | २३ ॥<br>3,8व | २५ ॥<br>3,6व | २०<br>6,9व | १७ ॥<br>8,9,व | २४<br>4,9व | १९<br>1,5,7 | १८ ॥<br>1,5,7 | ४ ॥<br>15678 | ११<br>1568 | १९ ॥<br>1356व | २४ ॥<br>135व | २५<br>3,7 | १७ ॥<br>3,7,8 | २६<br>3,7 |
| | उ.फा. 1 | १७<br>13456 | २५ ॥<br>1,3,5 | १६ ॥<br>13456 | २२ ॥<br>3,4,6 | ३१ ॥<br>3,व | १७ ॥<br>3,6,8 | ९ ॥<br>3689 | २५<br>9,व | २५ ॥<br>9,व | २०<br>1,5,7 | २०<br>1,5,7 | ११ ॥<br>1567 | १७ ॥<br>1356 | ११<br>3568 | १५ ॥<br>358व | १६<br>3478 | २६ ॥<br>3,7 | २६<br>3,7 |
| कन्या | उ.फा. 2,3,4 | १६ ॥<br>1246 | २५ ॥<br>1,2,3 | १७<br>1246 | १८<br>456व | २७ ॥<br>3,5व | १३ ॥<br>568व | १४<br>3568 | २९ ॥<br>5 | २९ ॥<br>5 | २४ ॥<br>9,व | २५<br>9,व | १७<br>3,6,9 | १६ ॥<br>1367 | १० ॥<br>3678 | १४ ॥<br>1378 | १७ ॥<br>3,5,8 | २८<br>3,5व | २७ ॥<br>3,5,व |
| | हस्त 1 से 4 | २०<br>1246 | २६ ॥<br>1,2,3 | १८ ॥<br>1236 | २०<br>3456 | २६<br>3,5व | १३ ॥<br>3568व | १५<br>3568 | २७<br>3,5 | २८ ॥<br>5 | २४<br>9,व | २४<br>9,व | १९<br>4,6,9 | १९<br>1467 | ८ ॥<br>34678 | १३ ॥<br>1378 | १६ ॥<br>3458 | २६ ॥<br>3,5व | २७ ॥<br>3,5,व |
| | चित्रा 1,2 | २०<br>1,2,8 | १९<br>1246 | २६ ॥<br>1,2,3 | २८ ॥<br>3,5व | ११<br>3568 | २५<br>345व | २७<br>3,4,5 | १४<br>3568 | २२<br>3,5,6 | १७ ॥<br>3,6,9 | १९<br>6,9,व | १५ ॥<br>4,8,9 | १६<br>1478 | २४<br>1,4,7 | १६ ॥<br>1467 | १९ ॥<br>3456 | १०<br>34568 | १९ ॥<br>3456 |

नोट–गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1 ,2 ,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

# वर-कन्या मेलापक सारिणी – ( भाग-४ )

| वर/नक्षत्र → | | तुला | | | बृश्चिक | | | धनु | | | मकर | | | कुम्भ | | | मीन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कन्या | नक्षत्र ↓ | चित्रा<br>3,4 | स्वा.<br>1 से 4 | विशा<br>1,2,3 | विशा<br>4 | अनु<br>1 से 4 | ज्ये<br>1 से 4 | मूल<br>1 से 4 | पू.षा.<br>1 से 4 | उ.षा.<br>1 चरण | उ.षा.<br>2,3,4 | श्रव<br>1 से 4 | धनि<br>1,2 | धनि<br>3,4 | शत<br>1 से 4 | पू.भा.<br>1,2,3 | पू.भा.<br>4 | उ.भा.<br>1 से 4 | रेव<br>1 से 4 |
| तुला | चित्रा<br>3,4 | २८<br>8 | २७<br>4,6 | ३४<br>3 | २३ ॥<br>2,3व | ६<br>2348व | २१<br>234व | २७ ॥<br>3,4,5 | १४<br>3568 | २२<br>3,5,6 | २५<br>3,6,व | २७<br>6,व | २३ ॥<br>4,8,व | १८ ॥<br>4,8,9 | २६<br>4,9 | १९<br>3469 | १२<br>4567 | ३<br>345678 | १२<br>व34578 |
| | स्वा.<br>1 से 4 | २८<br>4,6 | २८<br>8 | २०<br>4,6,8 | १०<br>248व | २१ ॥<br>2,3व | १६ ॥<br>236व | २३<br>3,5,6 | २७<br>3,5 | १९<br>3,5,8 | २२<br>3,8,व | २३<br>3,8,व | २७<br>4,6 | २१<br>4,6,9 | २०<br>4,6,9 | २५<br>4,9 | १९<br>457,व | १९ ॥<br>357,व | १२<br>3578 |
| | विशा<br>1,2,3 | ३४ ॥<br>3 | १९<br>4,6,8 | २८<br>8 | १७ ॥<br>2,8व | १६<br>246व | २१ ॥<br>234व | २७ ॥<br>3,4,5 | २२<br>3,5,6 | १४<br>3568 | १७<br>368व | १७ ॥<br>368व | ३० ॥<br>3,4,व | २५<br>3,4,9 | २६<br>4,9 | २०<br>4,6,9 | १४<br>4567 | १३ ॥<br>4567 | ४<br>45678 |
| बृश्चिक | विशा<br>4 | २३<br>123व | ७<br>12468व | १६ ॥<br>128व | २८<br>8 | २७ ॥<br>4,6 | ३१ ॥<br>3,4 | २२<br>1234 | १७ ॥<br>1362व | ९<br>12368 | १२ ॥<br>13568 | १२ ॥<br>13568 | २५<br>1345 | २४<br>1345 | २६<br>145,व | २०<br>1456 | १९ ॥<br>4,6,9 | १८ ॥<br>4,6,9 | ९ ॥<br>4689 |
| | अनु.<br>1 से 4 | ६ ॥<br>12व68 | २२<br>123व | १६<br>1246 | २८<br>4,6 | २८<br>8 | ३१<br>6 | १५<br>12346 | १३ ॥<br>1238व | २२<br>123व | २५<br>1,3,5 | २६<br>1,3,5 | १२<br>13568 | ११<br>1358 | २१<br>1356 | २४ ॥<br>145व | २४<br>4,9 | १८ ॥<br>8,9 | २७ ॥<br>9 |
| | ज्ये.<br>1 से 4 | १९ ॥<br>1234 | १५<br>126व | १९ ॥<br>1234 | ३१ ॥<br>3,4 | ३०<br>6 | २८<br>8 | १४ ॥<br>1248 | १७ ॥<br>1236 | १७ ॥<br>1व236 | २०<br>1356 | २०<br>1356 | २५<br>1,3,5 | २४<br>1345व | १८<br>1व358 | १०<br>13568 | ९ ॥<br>3689 | २१ ॥<br>6,9 | २१<br>6,9 |
| धनु | मूल<br>1 से 4 | २६<br>1,4,5 | २१<br>1356 | २६<br>1,4,5 | २३<br>1234 | १५ ॥<br>व2346 | १५<br>व248 | २८<br>8 | २८<br>4,6 | २६ ॥<br>3,6 | १५ ॥<br>1236 | १५ ॥<br>1236 | २० ॥<br>1234 | २८ ॥<br>1,3,4 | २१ ॥<br>1,3,8 | १४ ॥<br>1468 | १६ ॥<br>3468 | २५<br>6,व | २७<br>6,व |
| | पू.षा.<br>1 से 4 | १३<br>1568 | २७<br>1,3,5 | २१<br>1356 | १८<br>246व | १५ ॥<br>238व | १८<br>246व | २८<br>4,6 | २८<br>8 | ३४<br>- | २३<br>124व | २३ ॥<br>1,2,व | ५ ॥<br>1268 | १४ ॥<br>1468 | २३ ॥<br>1,4,6 | २८ ॥<br>1,4 | ३० ॥<br>4,व | २३ ॥<br>8,व | ३१<br>3,व |
| | उ.षा.<br>1 | २१<br>1,5,6 | १९<br>1,5,8 | १३<br>1568 | ९ ॥<br>268व | २४<br>2,3व | १८ ॥<br>2,3,6 | २६ ॥<br>3,4,6 | ३४<br>- | २८<br>8 | १६ ॥<br>128व | १५<br>1248व | १५ ॥<br>1236व | २३ ॥<br>1,3,6 | २३ ॥<br>1,3,6 | २९ ॥<br>1,3,4 | ३१<br>3,व | ३१<br>3,व | २३<br>3,8,व |
| मकर | उ.षा.<br>2,3,4 | २४<br>1,3,6 | २२ ॥<br>1,3,8 | १५ ॥<br>1368 | १३<br>4568 | २७<br>4,5 | २१<br>4,5,6 | १६<br>246व | २४<br>2,4व | १७ ॥<br>2,8व | २८<br>8 | २६<br>4,8 | २६ ॥<br>4,6 | १७ ॥<br>126व | १७ ॥<br>1236व | २३ ॥<br>1234 | ३० ॥<br>3 | ३१<br>3 | २२ ॥<br>3, 8 |
| | श्रव<br>1234 | २७<br>146व | २२ ॥<br>148व | १७ ॥<br>1468 | १४<br>3568 | २७<br>3,4,5 | २२<br>3456 | १७ ॥<br>246व | २३ ॥<br>2,3व | १५<br>248व | २५<br>4,8 | २८<br>8 | २८<br>4,6 | १९<br>1246 | १८<br>1व236 | २१ ॥<br>124व | २८ ॥<br>3,4 | २९ ॥<br>3 | २२ ॥<br>3,8 |
| | धनि<br>1,2 | २३<br>148व | २४ ॥<br>146व | २९<br>1,4व | २६<br>3,4,5 | १२<br>4568 | २६<br>3,4,5 | २१<br>234व | ७ ॥<br>2468व | १६<br>2346 | २७<br>3,4,6 | २७ ॥<br>4,6 | २८<br>8 | १८ ॥<br>128व | २४<br>124व | २०<br>126व | २६ ॥<br>3,6 | १५ ॥<br>4,6,8 | २२ ॥<br>3,4,6 |
| कुम्भ | धनि<br>3,4 | १८ ॥<br>4,8,9 | २०<br>4,6,9 | २५<br>3,4,9 | २५<br>4,5व | ११<br>4568 | २५<br>4,5व | २९ ॥<br>3,4 | १५ ॥<br>3468 | २४ ॥<br>3,6 | १८<br>236व | १९<br>246व | २०<br>2,8,व | २८<br>8 | ३३<br>4 | २८ ॥<br>3,6 | १८<br>236व | ७<br>2468व | १४ ॥<br>246व |
| | शत<br>1 से 4 | २६<br>4,9 | १९ ॥<br>4,6,9 | २६<br>4,9 | २६ ॥<br>4,5व | २१<br>356व | १९<br>358व | २२ ॥<br>3,4,8 | २४ ॥<br>3,4,6 | २४ ॥<br>3,4,6 | १८ ॥<br>236व | १८ ॥<br>236व | २५<br>2,4,व | ३३<br>4 | २८<br>8 | १९ ॥<br>4,6,8 | ८ ॥<br>2468व | १७ ॥<br>236व | १६<br>236व |
| | पू.भा.<br>1,2,3 | १९<br>3469 | २६<br>4,9 | २०<br>4,6,9 | २० ॥<br>456व | २६ ॥<br>4,5व | ११<br>4568व | १५<br>3468 | २९ ॥<br>3,4 | ३० ॥<br>3,4 | २४ ॥<br>234व | २३ ॥<br>234व | २० ॥<br>236व | २८ ॥<br>3,6 | १९<br>4,6,8 | २८<br>8 | १७ ॥<br>2,8,व | २२ ॥<br>2,4,व | २० ॥<br>234व |
| मीन | पू.भा.<br>4 | १२<br>14567 | १९ ॥<br>1457 | १३ ॥<br>14567 | १९ ॥<br>4,6,9 | २५<br>4,9 | ९<br>4689 | १५ ॥<br>1468 | २९<br>134व | ३०<br>1,3व | २९ ॥<br>1,3,4 | २८ ॥<br>1,3,4 | २५ ॥<br>1,3,6 | १७<br>1236व | ८<br>12468 | १७<br>128व | २८<br>8 | ३३<br>4 | ३० ॥<br>3,4 |
| | उ.भा.<br>1 से 4 | ३<br>145678 | १९ ॥<br>1357 | १२ ॥<br>14567 | १८ ॥<br>4,6,9 | १९ ॥<br>8,9 | २१ ॥<br>6,9 | २४ ॥<br>136व | २२ ॥<br>1,8व | ३०<br>134व | २९ ॥<br>1,3,4 | २९ ॥<br>1,3 | १४ ॥<br>1468 | ५ ॥<br>12468 | १६ ॥<br>1236व | २२<br>124व | ३३<br>4 | २८<br>8 | ३५<br>- |
| | रेव<br>1 से 4 | १३<br>14567 | ११<br>1578व | ४ ॥<br>145678 | १० ॥<br>4689 | २७ ॥<br>9 | २२ ॥<br>6,9 | २७<br>146व | २९ ॥<br>1,3व | २१ ॥<br>138व | २१<br>1348 | २१ ॥<br>1348 | २३<br>1346 | १४ ॥<br>1246व | १६ ॥<br>1236व | १८ ॥<br>124व | ३०<br>3,4 | ३४<br>- | २८<br>8 |

नोट—गुणों वाली संख्या (२, ३, ५) के नीचे उसी कोष्टक में दोष (1,2,3) की Figures में लिखे गए हैं। वर्ण दोष की जगह 1, द्विद्वादश दोष की जगह (2), तारादोष की जगह 3, योनिवैर की जगह 4, राशि मैत्री दोष की जगह 5, गणदोष की जगह 6, षडाष्टक की जगह 7, नाड़ी दोष की जगह 8, नवपंचम की जगह 9 और वश्य दोष को 'व' से अंकित किया गया है।

# मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

विवाह योग्य लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली में वर्ण, वश्य, तारा, ग्रहमैत्री, नाड़ी आदि अष्टकूट सम्बन्धी गुण मिलान के पश्चात् कुण्डली में मंगल एवं मंगलीक दोष पर विशेष रूप से विचार किया जाता है। मंगलीक दोष का आधार सामान्यतः निम्न श्लोक माना जाता है।

**लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तृविनाशाय भर्त्ता कन्या विनाशदः।**

**–मु. संग्रहदर्पण**

अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें स्थान में मंगल हो, तो वह कन्या वर (पति) के लिए हानिकारक तथा इसी भान्ति जिस लड़के की कुण्डली में इन्हीं स्थानों में मंगल हो वह कन्या को हानिकारक होता है। इसी भांति लग्न, चन्द्र और कभी-कभी शुक्र की राशि से भी मंगल की उपर्युक्त स्थितियों का विचार किया जाता है।

**अपवाद–(1) मंगल दोष** वाली कन्या का विवाह मंगलीक दोष वाले वर के साथ करने से मंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है–

**कुज दोष वती देया कुजदोषवते किल। नास्ति दोषो न चानिष्टं दम्पत्योः सुखवर्धनम्॥**

**मंगलीक सम्बन्धी** उपरोक्त श्लोक के परिहारस्वरूप मुहूर्त्त ग्रन्थों में अनेकत्र परिहार वाक्य मिलते हैं। यथा–

(2) यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित (मंगलीक कारक) हो, और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि, मंगल, सूर्य, राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हों, तो भौमदोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौमदोष नहीं रहता–

**शनिः भौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।**
**तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोष विनाश कृत्॥–फलित संग्रह** **अन्येऽपि–**

**भौमेन सदृशो भौमः पापो व तादृशो भवेत्। विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥**

अर्थात् एक की कुण्डली में मंगल दोष हो, तो दूसरे की कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में शनि आदि पाप ग्रह होने से मंगलीक दोष का प्रभाव क्षीण होकर विवाह में शुभ होता है।

**यामित्रे च यदा सौरि लग्ने वा हिबुके तथा। अष्टमे द्वादशे चैव भौमदोषो न विद्यते॥**

यह श्लोक भी लगभग इसी आशय का है।

**(3) मेष राशि का मंगल लग्न में, वृश्चिक राशि का चौथे भाव में, मकर का सातवें, कर्क राशि का आठवें, एवं धनु राशिस्थ मंगल १२वें हो, तो मंगल दोष क्षीण हो जाता है। यथोक्तम्–**

**अजे लग्ने व्यये चापे पाताले वृश्चिके कुजे।**
**द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमदोषो न विद्यते॥** **–मुहूर्त्त पारिजात**

**प्रकारान्तर से**, मीन का मंगल ७वें भाव तथा कुम्भ राशि का मंगल अष्टम में हो, तो भौम दोष नहीं होता। **"द्यूने मीने घटे चाष्टौ भौम दोषो न विद्यते"** **–मुहूर्त्त चिंतामणि**

(4) यदि द्वितीय भाव में चन्द्र-शुक्र का योग हो, या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो, केन्द्र भावस्थ राहु हो, अथवा केन्द्र में राहु-मंगल का योग हो, तो मंगल दोष क्षीण हो जाता है–

**न मंगली चन्द्र भृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।**
**न मंगली केन्द्रगते च राहुः, न मंगली मंगल-राहु योगे॥** **–मुहूर्त्त दीपक**

(5) बलान्वित गुरु वा शुक्र लग्न में हो, तो वक्री, नीचस्थ, अस्तंगत अथवा शत्रुक्षेत्री मंगल उपरोक्त दुष्ट स्थानों में होने पर भी भौम दोष नहीं होता–

**सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽथवाभौमे।**
**वक्रे नीचारि गृहस्थे वाऽस्तेऽपि न कुजदोषः॥** **–मुहूर्त्त दीपक**

(6) इसी भांति केन्द्र व त्रिकोण में यदि शुभ ग्रह हों, तथा ३, ६, ११वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा सप्तमेश ग्रह सप्तम में ही हो, तो मंगल दोषकारक एवं अनिष्टकारक नहीं होता–

**"केन्द्र कोणे शुभादये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।**
**तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥"** **–मुहूर्त्त चिंतामणि**

(7) यद्यपि १, २, ४, ७, ८, ११ और १२वें भावों में स्थित मंगल वर-वधू के वैवाहिक जीवन में विघटन उत्पन्न करता है, परन्तु यदि मंगल अपने घर (१, ८) का हो, **उच्चस्थ** (मकर) का **किंवा मित्र क्षेत्री** मंगल दोष कारक नहीं होता–

**तनु धन सुख मदनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।**
**विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥** **–मु. चिंतामणि**

(8) यदि वर-कन्या की कुण्डलियों में परस्पर राशिमैत्री हो, गणैक्य हो, 27 गुण या अधिक मिलान होता हो, तो भी भौम दोष अविचारणीय है। **'मुहूर्त्त दीपक'** नामक ग्रन्थानुसार–

**राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥**

**विवेचन**–उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मुहूर्त्त संग्रह दर्पण में दिए गए मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक ("लग्ने व्यये पाताले–") के परिहारस्वरूप कुछ अर्वाचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनमें परस्पर विरोध वाक्यता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन सैद्धान्तिक एवं प्रतिष्ठित मुहूर्त्त ग्रंथों जैसे–विवाह वृन्दावन, मुहूर्त्त मार्तण्ड, सारावली, मु. चिन्तामणि (प्राचीन संस्करण), ज्योतिर्निबन्ध आदि) में मंगलीक सम्बन्धी उपर्युक्त श्लोक एवं तत्सम्बन्ध विभिन्न परिहार वाक्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

वर-कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष एवं उसके परिहार का निर्णय अत्यन्त सावधानीपूर्वक करना चाहिए। **केवल** १, ४, ७, ८ आदि भावों में मंगल को देखकर दाम्पत्य जीवन के सुख-दुःख का निर्णय कर देना उपयुक्त नहीं। मंगलीक वाले स्थानों (भावों) में मंगल के अतिरिक्त कोई अन्य क्रूर ग्रह भी १, २, ७ एवं १२वें स्थानों में हो, तो वह भी परिवारिक एवं वैवाहिक जीवन के लिए अनिष्टकारी होता है। **यथा–**

**लग्ने क्रूरा व्यये क्रूरा धने क्रूराः कुजस्तथा।**
**सप्तमे भवने क्रूराः परिवार क्षयंकराः॥**

**–मु. संग्रह दर्पण**

**मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के पश्चात् ही करना चाहिए।** मिलान करते समय केवल मंगल या मंगलीक पर ही अत्यधिक बल न देते हुए मेलापक सम्बन्धी अन्य तत्त्वों का भी सर्वाङ्ग रूप से विवेचन करना चाहिए। **जैसे**–चलित भाव कुण्डली, सप्तमेश की उच्च-नीच स्थिति, सप्तम भाव पर गुरु, शुक्र की दृष्टि आदि तत्त्वों का सम्यक विचार किसी विद्वान ज्योतिषी जी से करवाना चाहिए।

# ★★★तिथि, नक्षत्रादि गण्डान्त नक्षत्रों का विचार★★★

**(1) अश्विनी नक्षत्र**—मेष राशि एवं केतु के इस नक्षत्र में उत्पन्न हुए बच्चे का जीवन प्राय: संघर्षशील होता है। इस नक्षत्र में **प्रथम चरण** में जन्म होने से पिता के लिए कष्टकारी, **दूसरे चरण** में फिजूलखर्ची, **तीसरे चरण** में भ्रमणशील तथा **चतुर्थ नक्षत्र** में कृश शरीर (अपने शरीर के लिए) कष्ट रहता है।

**(2) आश्लेषा नक्षत्र**—कर्क राशि एवं बुध के नक्षत्र के जातक प्राय: चंचल एवं चतुर बुद्धि वाले तथा परिवर्तनशील प्रकृति के होते हैं। **प्रथम चरण** में जन्म हो तो विशेष दोष नहीं, **दूसरे चरण** में पैतृक धन की हानि, **तीसरे चरण** में माता-पिता के लिए गण्डान्त शूल तथा **चतुर्थ चरण** में पिता के लिए अनिष्टकारी है–

**आश्लेषाद्ये न गण्डं स्यातंधनगण्डं द्वितीयके। तृतीये मातृगण्डं तु पितृगण्डं चतुर्थके॥**

**(3) मघा नक्षत्र**—सूर्य राशि और केतु के नक्षत्र में उत्पन्न जातक स्पष्टवादी, शीघ्र क्रुद्ध होने वाले, उद्यमी और धनवान होते हैं। **प्रथम चरण** में उत्पन्न हो तो माता-पिता को कष्ट या मातृ पक्ष की हानि, **दूसरे चरण** में पिता को परेशानी, **तीसरे चरण** में जन्म हो तो शुभ फलदायक, **चतुर्थ चरण** में जन्म हो तो विद्या, धनादि के लिए शुभ होता है।

**(4) ज्येष्ठा नक्षत्र**—मंगल की राशि (वृश्चिक) एवं बुध के नक्षत्र में उत्पन्न जातक सरल हृदय, तीक्ष्ण बुद्धि, धर्म परायण तथा उन्नति के कार्यों में अनेक बाधाओं से युक्त होते हैं। ज्येष्ठा नक्षत्र के **प्रथम पाद** (चरण) में उत्पन्न बच्चा ज्येष्ठ (बड़े) को अरिष्टकर, **दूसरे चरण** में पैदा हो तो छोटे भाई को नेष्ट, **तीसरे चरण** में पिता के लिए अरिष्टकर तथा यदि **चतुर्थ चरण** में उत्पन्न हो जातक स्वयं अपने एवं पिता के लिए अनिष्टकारी होता है।

**ज्येष्ठाद्यपादेऽग्रजमाशुं हन्याद् द्वितीयपादे यदि तत्कनिष्ठम्।**
**तृतीयपादे पितरं निहन्ति स्वयं चतुर्थे मृतिमेति जातः॥** (जातक-पारिजात)

ज्येष्ठा नक्षत्र और मंगलवार के योग में उत्पन्न कन्या बड़े भाई के लिए अरिष्टकारक होती है।

**(5) अभुक्त मूल नक्षत्र**—ज्येष्ठा नक्षत्र की अन्तिम २ घटियाँ तथा मूल नक्षत्र के आरम्भ की २ घटियाँ–कुल चार घड़ियाँ **अभुक्त मूल** गण्ड नक्षत्र कहलाते हैं। इनमें उत्पन्न कन्या, पुत्र, पशु और नौकर कुल के लिए अनिष्टकारी होते हैं। इनमें उत्पन्न बच्चे को बिना शान्ति कराये न देखें।

**अभुक्त मूलं गठिका चतुष्टयं ज्येष्ठान्त्यमूलादि भवं हि नारदः।**
**जातं शिशुं तत्र परित्यजेत् वा मुखं पिताऽस्याष्ट समा न पश्येत्॥**

**अभुक्त मूल**—नक्षत्रों की आद्यान्त घटियों के बारे में विद्वानाचार्यों में मतान्तर पाया जाता है। यथा–नारद के अनुसार ज्येष्ठा, मूल नक्षत्र की चार घटियाँ, वशिष्ठ के अनुसार २ घड़ियाँ तथा बृहस्पति के मतानुसार केवल १-१ अभुक्त-मूल संज्ञक है। अभुक्तमूलोत्पन्न बालक यदि जीवित रहे, तो अपने वंश की वृद्धि करने वाला, धनवान् एवं सम्पत्तिवान होता है।

**मूल नक्षत्र**—केतु के नक्षत्र और गुरु की राशि (धनु) में उत्पन्न जातक धार्मिक रुचि वाला, उदार हृदय, मिलनसार, परोपकारी, धन-वाहनादि सुखों से युक्त होता है। चरण भेदानुसार मूल के **प्रथम चरण** में उत्पन्न जातक पिता की हानि करता है। **दूसरे चरण** में माता की हानि, **तीसरे चरण** में धन का नाश तथा **चौथा चरण** शुभ होता है। नक्षत्र की विधिपूर्वक शान्ति करवा लेने से अनिष्ट का भय नहीं रहता।

**मूलाद्यपादे पितरं निहन्याद् द्वितीयके मातरमांशु हन्ति।**
**तृतीयजो वित्तविनाशकः स्यात् चतुर्थपादे समुपैति सौख्यम्॥** (जातक-पारिजात)

मूल नक्षत्र और रविवार दोनों के योग में उत्पन्न कन्या श्वसुर के लिए अनिष्टकारी होती है–

**भौमवासरे योगेन ज्येष्ठाजा ज्येष्ठ सोदरम्॥ भानुवासरयोगेन मूलजा श्वसुरं हरेत्॥**

## मूल नक्षत्र फल का अन्य प्रकार

मूल नक्षत्र की सम्पूर्ण घटियों को 15 द्वारा भाग देकर 15 खण्ड बना लें। प्रत्येक खण्ड का फल इस प्रकार से होगा। **प्रथम भाग** हो तो पिता के लिए अनिष्टकर, **दूसरे में** चाचा की हानि, **तीसरे में** बहनोई की हानि, **चौथे में** पितामह (दादा) की हानि, **आठवें में** चाची के लिए अनिष्टकर, **नवमे में** सबके लिए अनिष्टकर, **दसवें अंश में** पशु का नाश, **ग्यारहवें में** नौकर का नाश होता है। **बारहवें अंश में** स्वयं जातक का नाश होता है। **तेरहवें अंश में** हो तो उसके ज्येष्ठ भाई का नाश, **चौदहवें अंश में** जातक की बहिन का अनिष्ट होता है। अगर **पन्द्रहवें में** हो तो नाना को कष्ट (अनिष्ट) होता है।

**उदाहरणार्थ** यदि मूल का सर्वर्क्ष योग ६४ घड़ी १८ पल है, तो इसमें १५ द्वारा भाग देने से लब्ध प्रथम भाग में ४ घड़ी, १७ पल हुए। मान लो कि जन्मकालीन भयात् २८ ।४५ है। ४ ।१७ घट्यादि को ९ से गुणा करने पर पता चला कि ३८ ।३३ पर नौवां खण्ड (भाग) समाप्त होकर ३८ ।४५ पर दसवां भाग पड़ता है। तदनुसार फल चौपाय आदि पशु के लिए अनिष्ट रहेगा।

**(6) रेवती नक्षत्र**—बुध के नक्षत्र और गुरु की राशि (मीन) में उत्पन्न जातक सर्वप्रिय, विद्यावान, सुन्दर आकृति, तर्कशील एवं धनवान् होता है। रेवती के **प्रथम चरण** में जन्म हो तो राजा के समान वैभवशाली, **दूसरे में** मन्त्री के समान सुख साधनों से युक्त, **तीसरे में** जन्म होने से धनवान तथा **चतुर्थ में** जन्म होने से माता-पिता के लिए अरिष्टकारी होता है।

**दिवाजातस्तु पितरं रात्रौ तु जननीं तथा। आत्मानं संध्ययोर्हन्ति ततो गण्डं विवर्जयेत्॥**

गण्डमूल नक्षत्र शान्ति के लिए हमारे कार्यालय से प्रकाशित **'सम्पूर्ण गण्डमूल नक्षत्र-शान्ति प्रयोग'** पुस्तक मंगवा लेवें। मूल्य-100 रुपए।

# भारतीय संस्कृति में संस्कारों का महत्त्व

## (मुख्य-मुख्य मुहूर्त्तों का निर्णय स्वयं करें)

भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति में संस्कारों का विशेष महत्त्व है। प्राचीन ऋषियों ने गर्भाधान से लेकर अन्त्येष्टि कर्म तक **षोडश-संस्कारों** के महत्त्व को एकमत से स्वीकार किया है। मनुष्य जन्म से अबोध होता है, परन्तु संस्कारों से मनुष्य के आन्तरिक एवं बाह्य व्यक्तित्व का निखार व परिष्कार होता है। जैसे, शास्त्र में कहा गया है–

**जन्मना जायते शूद्रः संस्काराद् द्विज उच्यते।**
**वेद पाठात् भवेद् विप्रः, ब्रह्म जानाति ब्राह्मणः॥**

अतएव सुख, समृद्धि एवं कल्याण चाहने वाले प्रत्येक वर्ण के गृहस्थी मनुष्य को भारतीय परम्परा एवं संस्कृति का अनुगमन करते हुए गर्भाधान, पुंसवन, नामकरणादि संस्कारों को धारण करना चाहिए। शास्त्र विधि अनुसार बच्चे के संस्कार करने से बालक/कन्या मेधावी, धनी, यशस्वी एवं दीर्घायु होता है॥

**षोडश संस्कार इस प्रकार से हैं–**

**(१) गर्भाधान (२) पुंसवन (३) सीमन्तोन्नयन (४) जातकर्म (५) नामकरण (६) निष्क्रमण (७) अन्न प्राशन (८) चूडाकरण (मुण्डन), (९) यज्ञोपवीत (१०) से (१३) तक चतुर्वेदीय व्रत, (१४) समानवर्त्तन (१५) विवाह (१६) अन्त्येष्टि।**

☞ **(१) गर्भाधान संस्कार**–यह प्रथम संस्कार है, जो स्त्री के ऋतु (रजस्वला) स्नान के पश्चात् किया जाता है। भार्या के स्त्री धर्म (रजोदर्शन) में होने के १६ दिन तक वह गर्भ-धारण के योग्य रहती है। **रजोदर्शन** के दिन ६, ८, १०, १२, १४, १६वें दिनों में क्रियमाण गर्भाधान पुत्रदायक तथा विषम दिनों (५, ७, ९, ११, १३, १५) में कन्या-प्रद होता है। उपरोक्त दिनों में भी शुद्ध मुहूर्त्त दिनों का विचार किया जाता है।

### (१) गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

**शुभतिथियां**–१ (कृष्ण) २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ (शुक्ल)

**शुभ वार**–सोम, बुध गुरु एवं शुक्रवार

**शुभ नक्षत्र**–रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, पुन, पुष्य, स्वा, अनु, श्रव, धनिष्ठा व शतभिषा।

**शुभ लग्न**–लग्न, केन्द्र-त्रिकोण में शुभ ग्रह हों एवं लग्न को सूर्य, मंगल, और गुरु देखते हों, तो गर्भाधान से पुत्रोत्पत्ति की संभावना होती है। इसके अतिरिक्त **पुत्रार्थी** विषम लग्न राशि एवं विषम नवांशगत लग्न में तथा कन्याकांक्षी सम लग्न राशि में स्त्री संग करें।

**गर्भ-धारण** के दिन स्त्री-पुरुष दोनों का चन्द्र-बल प्राप्त होना शुभ होता है।

**गर्भाधान के लिए त्याज्य काल**–रजोदर्शन से प्रथम चार रात्रि को छोड़कर, रिक्ता तिथि, जन्म नक्षत्र, मघा-अश्ले आदि तीनों गण्डांत, मूला, भरणी, अश्विनी, रेवती नक्षत्र, ग्रहण का दिन, माता-पिता के श्राद्ध का दिन, वैधृति, परिघ का पूर्वार्ध, संक्रान्ति, व्यतीपात, ग्रहण, सन्ध्या, दिन का समय, जन्म राशि से अष्टम लग्न, दीवाली, दशहरा, नवरात्र आदि पर्व दिनों को स्त्री संसर्ग में त्याग करना चाहिए।

**गर्भ मासों के अधिपति**

गर्भाधान से लेकर नव एवं दस मास तक भिन्न-भिन्न ग्रह अधिपति होते हैं। अरिष्टभय की स्थिति में उसी मास से सम्बन्धित ग्रह की पूजा-दानादि करना चाहिए।

| **मास** | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **स्वामी** | शुक्र | मंगल | गुरु | सूर्य | चंद्र | शनि | बुध | आधानकालिक लग्नेश | चंद्र | सूर्य |

☞ **(२) पुंसवन संस्कार मुहूर्त्त**–यह संस्कार गर्भधारण से तीसरे मास में किया जाता है। इस मास का स्वामी गुरु है। इस दिन श्री विष्णु पूजा करना शुभ होता है। इस संस्कार के शुभ मुहूर्त्त इस प्रकार से हैं।

**शुभवार**–रवि, चंद्र, मंग, बुध, गुरु व शुक्र। **मंगल व बुध वारों में** मं. बु. उदित होने चाहिएं।

**शुभ तिथियां**–१ (कृ) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शुक्ल)।

**शुभ नक्षत्र**–रोहणी, मृग, पुन. पुष्य, हस्त, तीनों उत्तरा, श्रवण, अनु एवं रेवती नक्षत्र। विद्ध नक्षत्र त्याज्य हैं।

☞ **(३) सीमन्त संस्कार**–यह तृतीय संस्कार है, जो गर्भ धारण से ६, ८ वें मास, जब मास-स्वामी बली हो। **शुभवार**–रवि, मंगल, एवं गुरु।

**शुभ तिथियां**–२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ला)।

**नक्षत्र**–मृग, पुन, पुष्य, हस्त, मूल, श्रवण:

**लग्न**–१, ३, ५, ७, ९ आदि विषम लग्न, केन्द्र त्रिकोण में शुभग्रह हों॥

**(३) (क) श्री विष्णु पूजा मुहूर्त्त**–यह पूजा गर्भाधान से आठवें मास गर्भरक्षा के उद्देश्य से की जाती है। इसमें शंख चक्र-गदा-पद्मधारी भगवान विष्णु की यथाशक्ति, सुवर्णमयी प्रतिमा बनवाकर षोडशोपचार से पूजा करके परिधान सहित, प्रतिमा को ब्राह्मण को दान करें।

**शुभ तिथियां**–२, ७, १२

**शुभ वार**–चंद्र, बुध, गुरू, शुक्र।

**शुभ नक्षत्र**–रोहिणी, पुष्य और श्रवण।

☞ **(४) जातकर्म संस्कार**–कुछ शास्त्रकार प्रसव के समय नालछेदन के पूर्व ही इस संस्कार को कार्यान्वित करने की आज्ञा दी है। परन्तु आजकल नरघटी अथवा १६ घटी तक कर लेना चाहिए।

कुछ लोग परम्परानुसार ११वें अथवा १२वें दिन कर लेते हैं।

**शुभ तिथियां**–१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, १२, १३ (शु.)
शुभ वार = चं., बु,, गु., शु.

**नक्षत्र**–अश्वि. रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा-तीनों, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु., श्रव., धनि, शत, रेव।

☞ **मेघा-जनन संस्कार**–जात कर्म के साथ ही इस कृत्य का निष्पादन करना चाहिए। बालक/बालिका मेधावी, कीर्तिमान एवं सौभाग्यशाली हो, इसके लिए दाएं हाथ की अनामिका अंगुली से शहद एवं गोधृत चार बार बच्चे को चटाएँ। चारों बार क्रमशः **"ॐ भूस्त्वपि धथामि।" ॐ भुस्त्वपि दधामि।" तथा ॐ भूर्भुवस्वः सर्वत्वपि दधामि। मंत्रों का उच्चारण करें।** इसके साथ ही कुछ घृत-मिश्रित गुड़ भी बालक के तालु में लगा देना शुभ होता है। जिससे बच्चे को स्तनपान के पूर्व ही कुछ चूसने की आदत हो जाए। (अंगुली के अतिरिक्त सुवर्ण या चांदी के चम्मच का भी प्रयोग कर सकते हैं।

☞ **(५) स्तनपान का मुहूर्त्त**–जन्मान्तर ५वें या ७वें किसी दिन नीचे लिखे भद्रा, व्यति, वैधृति, व्याघात आदि योगों को छोड़कर निम्न शुभ मुहूर्त्त माता संतान को प्रथम बार स्तनपान कराए।

**शुभ तिथि**–१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.), १५,

**शुभ नक्षत्र**–रोह., मृग. ,पुन, पुष्य, उत्तरा ३ हस्त, चित्रा, अनु, श्रव. धनि, व रेवती॥

**शुभ वार**–चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र।

**शुभ लग्न**–२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ राशि लग्न।

**सूतिका पथ्य** में भी उपरोक्त मुहूर्त्त ग्राह्य है।

☞ **(६) षष्ठी पूजन**–*जन्म से पांचवें दिन, जीवन्ती देवी का पूजन करना चाहिए। इसी प्रकार छेठे दिन रात्रि में षष्ठी*

**पूजन, कात्यायनी देवी'** का आनन्द मंगल व गीत वाद्य के साथ पूजन करना चाहिए। जीवन्ती एवं षष्ठी पूजा में सूतक की दोष आपत्ति नहीं होती। देशाचारानुसार कोई २१वें या ३१वें दिन की षष्ठी पूजन करते हैं।

☞ **( ७ ) प्रसूता स्नान मुहूर्त्त**—सूतिका स्नान बच्चे के जन्मदिन से एक सप्ताह के बाद करना चाहिए।

**शुभ तिथियां**—१ (कृ.) २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५।

**शुभ वार**—रवि, मंगल, गुरू, शुभ हैं। सोम एवं शुक्रवार मध्यम हैं।

**शुभ नक्षत्र**—अश्वि., रोह, मृग, तीनों उत्तरा, हस्त, स्वा., अनु., रेव.।

**शुभ लग्न**—२, ३, ४, ६, ७, ९, १२ सौम्य ग्रह से युत या दृष्ट।

☞ **( ८ ) नामकरण संस्कार**—यद्यपि प्रत्येक मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व पर उसके परिवेश एवं परिस्थितियों का विशेष प्रभाव होता है। परन्तु ज्योतिष आचार्यों के अनुसार मनुष्य के व्यक्तित्व के विकास में उसके प्रसिद्ध नाम का भी विशेष महत्त्व होता है–

**"नामाखिलस्य व्यवहार हेतुः, शुभावहं कर्मसु भाग्य हेतुः।**
**नाम्नैव कीर्तिं लभते मनुष्यस्ततः प्रशस्तं खलु नाम कर्म॥"**

**गृहारम्भ**—प्रवेश, युद्ध व्यापार, व्यावहारिक कार्य, दान, मन्त्र-सिद्धि, भाग्य, पुनर्विवाह, रोगोत्पत्ति तथा स्वामी–सेवक के पारस्परिक कृत्यों में नाम राशि वांछनीय है।

☞ **नामकरण**—सूतक-समाप्ति पर देशानुसार १०, ११, १२, १३, १६, १९, २२वें दिन संस्कार करना चाहिए। एक अन्य मतानुसार ब्राह्मण को १० या १२वें दिन, क्षत्रिय को ११ या १२ वें दिन वैश्य को १६ या २०वें दिन नामकरण संस्कार करना चाहिए। नामकरण पिता–पितामह या कुल के वृद्ध व्यक्ति के द्वारा स्वास्ती वाचन मन्त्रों सहित (विद्वान ज्योतिषी से कुण्डली परामर्श के बाद) उच्चारित करवाना चाहिए।

**शुभ तिथियाँ**—१ (कृष्ण), २,३,७,१०,११,१२,१३ (शुक्ल)।

**शुभ वार**—चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र।

**शुभ नक्षत्र**—अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत, रेवती।

**शुभ लग्न**—१,४,६,७,९,१२ लग्न शुभ ग्रह युत या दृष्ट हों। भद्रा, ग्रहण, श्राद्ध दिन, दुष्ट योग, संक्रान्ति आदि रहित काल में, सुयोग्य ज्योतिषी से प्रथम नामाक्षर पूछ कर कानों को मधुर लगने वाले अक्षर, महापुरुषों के नाम सदृश अथवा शुभ सार्थक शब्दों वाला नाम रखना कल्याणकारी रहता है।

## बालक के दाँत निकलने का फल

यदि पहले मास में बालक के दाँत निकल आएं तो स्वयं अपनी आयु के लिए अरिष्टकारक, दूसरे मास में भाई को, तीसरे मास में बहिन को, चौथे मास में माता को, पाँचवें मास में बड़े भाई के लिए विशेष कष्टकारी होता है, **छटे मास में दाँत निकलें** तो अत्यन्त सुख, सातवें मास में पिता से सुख, आठवें मास में देह की पुष्टता, नवें मास में लक्ष्मी की प्राप्ति, दसवें मास में सौख्य प्राप्ति, ११वें निकलें तो **अति सौख्य**, १२वें मांस में निकलें तो विपुल धन–प्राप्ति होती है। यदि गर्भ से ही दाँतों सहित उत्पन्न हुआ हो वह माता–पिता के सुख से विहीन अथवा ऊपर की पंक्ति के दाँत पहलें निकले तो भी माता–पिता तथा नानके पक्ष के लिए हानिकारक माना जाता है। यदि उपरोक्त अशुभ मासों में बालक को दन्तोत्पत्ति की संभावना हो तो मृत्युज्जय का जाप, ग्रह शान्ति एवं उचित दान आदि करने से अशुभत्व का निवारण तथा अरिष्ट की शान्ति हो जाती है।

| मास | १ | २ | ३ | ४ | ५ | ६ | ७ | ८ | ९ | १० | ११ | १२ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फल | स्वयं को अरिष्ट | भ्रातृ कष्ट | बहिन को कष्ट | मातृ कष्ट | ज्येष्ठ भ्रातृ कष्ट | सुख | पिता से सुख | देह सुख | धन प्राप्ति | सौख्य प्राप्ति | अति सौख्य | विपुल धन |

☞ **( ९ ) झूला आरोहन मुहूर्त्त**—बालक के जन्मदिन से १०, १२, १६, २२ एवं ३२वें दिन बालक को आराम देह झूले में सुलाना चाहिए। झूले में डालने से पूर्व शुभ तिथि, वार, नक्षत्र, योगादि का विचार कर लेना चाहिए। झूले में माता या दादा, दादी के द्वारा, भगवान् विष्णु का ध्यान करते हुए बच्चे का सिर पूर्व की ओर रखकर शिशु को सुलाना चाहिए।

**शुभ तिथियां**—१ (कृ), २,३,५,७,१०,११,१३ (शुक्ल) व पूर्णिमा।

**शुभ वार**—सोम, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार।

**ग्राह्य नक्षत्र**—अश्वि, रोहिणी, मृग, पुनर्वसु, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा तथा अनुराधा।

☞ **( १० ) निष्क्रमण मुहूर्त्त**—जन्म से ३,४ मासों में निम्नलिखित शुभ योगों में बालक को प्रथम बार घर से बाहर निकालना हितकर होता है। शीघ्रता में आवश्यक हो तो जन्म से १२वें दिन भी निष्क्रमण लिखा गया है।

**शुभ तिथियां**—१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१२ (शु.) एवं १५।

**शुभ वार**—सोम, बुध, गुरु तथा शुक्र।

**शुभ नक्षत्र**—अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, अनु, श्रव, धनि।

**शुभ लग्न**—२,३,४,५,६,७,९,१०,११ राशि लग्न।

माता, दादी आदि आत्मीयजन बालक को स्नानादि करवा कर वस्त्रादि से अलंकृत करें तथा पुण्याहवाचन, शंख और मंगल मंत्रों एवं गीत–वाद्य सहित ध्वनि के साथ उसे प्रथम देवालय (मन्दिर) में ले जावें। वहाँ देव पूजा व अर्चना करके आत्मीयजन शुभाशीष दें तथा मन्दिर की परिक्रमा करके स्वगृह लौट कर बच्चे को ननिहाल या मौसी के घर ले जावे। पुनः गृहागमन के समय दीर्घायु संज्ञक आशीर्वचनों से बालक का अभिनन्दन करें। पुनश्च, निष्क्रमण तृतीय मास में हो, तो बालक को सूर्य–दर्शन तथा चतुर्थ मास में हो तो चन्द्र–दर्शन करवाना चाहिए।

☞ **( ११ ) भुम्युपवेशन-मुहूर्त्त**—जन्म से पंचम मास में मंगल के बलान्वित होने पर बालक को प्रथम बार भूमि पर विराजमान (बिठाने) के लिए विचारणीय मुहूर्त्त–

**शुभ तिथियां**—१ (कृ) २,३,४,७,१०,११,१३ (शु.) तथा पूर्णिमा।

**शुभ वार**—चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्रवार।

**शुभ नक्षत्र**—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उतरा, हस्त, अनु, ज्ये, अभिजित।

**शुभ लग्न**—२,५,८,११ राशि लग्न।

☞ **( १२ ) जीविका परीक्षा**—'भूम्युपवशन' के अवसर पर बालक के सामने हानि रहित अस्त्र–शस्त्र, पुस्तकें, लेखनी (Pen-Pencil), वस्त्र, सोना, चाँदी, ताँबा, लोहादि धातुएँ, मशीनें मोटर, पंखा–रेडियों, टी. वी. आदि खिलौने, विज्ञान, हिन्दी, अंग्रेज़ी, संस्कृतादि साहित्य आदि वस्तुएँ रखें। इन वस्तुओं में से जिस वस्तु को बालक सहज रूप में सर्वप्रथम स्पर्श करें, वही उसकी भावी आजीविका होगी। ऐसा अनुमान लगाना चाहिए। कुल परम्परा अनुसार, कहीं–कहीं यह क्रिया अन्नप्राशन के साथ भी कर लेते हैं।

☞ **( १३ )अन्न–प्राशन का मुहूर्त्त**—जन्म से सौर मास ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र को तथा ५,७,९ या ११वें मास पुत्री को उसकी पाचन शक्ति उपयुक्त होने पर प्रथम बार बच्चे को अन्न प्राशन कराना **अन्न प्राशन** में शुक्ल पक्ष विशेष प्रशस्त माना गया है। यद्यपि कृष्ण पक्ष की १,३,५,७,१० तिथियाँ भी ग्राह्य हैं। सोमवार, बुध, गुरु, एवं शुक्रवार शुभ हैं।

**नक्षत्र**—अश्वि, रोह, मृग, पुन, तीनों उत्तरा, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभिजित श्रव, धनि, रेवती तथा जन्म–नक्षत्र 'सप्तश्लाका चक्र' द्वारा क्रूर ग्रह विद्ध नक्षत्र त्याज्य होगा। जन्म राशि से ६, ८वें लग्न को छोड़कर २,३,४,५,६,७,९,१०,११ की राशि का लग्न जबकि लग्न से १,४,७वें शुभ ग्रह हों तथा लग्न शुभ ग्रहों द्वार दृष्ट हो।

**विशेष**—अन्न प्राशन दिन के पूर्वार्द्ध भाग में बालक की राशि का चन्द्रबल देखकर भद्रा रहित काल एवं उपरोक्त शुभ दिन को

सूर्य, ब्रह्म, विष्णु, महेश तथा दिक्पतियों की पूजा करके माता स्वलंकृत बालक को अपनी गोद में बिठाकर ईश्वर-स्मरण करते हुए उसे मधु, घृत, दही, खीर का भोजन सर्व प्रथम कराएँ।

☞ **( १४ )कर्ण वेध का मुहूर्त्त**—बालक के जन्म से १२, १६वें दिन, या ६,७,८वें मास में अथवा ३,५वें वर्ष बालक का कर्ण छेदन प्रशस्त माना जाता है।

**ग्राह्य मास**—चैत्र, (का. शु. ११ के बाद), पौष तथा फाल्गुन।

**तिथियां**—४,९,१४ (रिक्ता तिथियां) छोड़कर सभी तिथियां।

**वार**—चं, बु., गु., शु, वारों में अश्वि, मृग, आ. पुन, पुष्य हस्त, चित्रा, अनु, अभि, श्रव, धनि, रेव। विद्ध तथा जन्म नक्षत्र भी त्याज्य।

**शुभ लग्न**—२,३,४,६,७,९,१२।

**विशेष**—बोलक को पूर्वाभिमुख बिठाकर हाथ में कुछ मिष्ठान्न दें तथा पुत्र के बाएं कान को तथा पुत्री के दाएं कान को सुवर्ण या चाँदी की श्लाका से सौभाग्यवती स्त्री या कुशल स्वर्णकार से कर्ण विधवाना चाहिए।

☞ **कन्या की नासिका छेदन**—हेतु उपरोक्त कर्ण वेध मुहूर्त्त के मासों में ही कन्या का नामक विंधवाया जाता है। शुक्ल पक्ष की तिथियाँ शुभ होती हैं-२, ३ ५, ७, १०, ११, १२, १३, १५।

# जन्म दिन कृत्य

सामान्यत: लोग अंग्रेज़ी तारीख अनुसार ही जन्मदिन कृत्य कर लेते हैं। परन्तु इसमें कई बार भूल होने की सम्भावना रहती है। सिद्धान्त: एक सौर वर्ष उपरान्त जिस दिन जन्मेष्ट एवं जन्मदिन के समान ही स्पष्ट सूर्य के राशि, अंश, कलादि की जब पुनरावृत्ति आ जाए, उसी दिन को जन्मदिन का नववर्ष प्रवेश माना जाएगा। यदि इतनी सूक्ष्मता का पता न चल पाए तो देशी प्रविष्टों के अनुसार जन्म दिन के वर्ष का निर्धारण किया जाए तो शुद्धता के अधिक पास रहेंगे। यदि किसी सुयोग्य ज्योतिषी द्वारा वार्षिक जन्मदिन का निर्णय (गणितानुसार) करवा लें तो और अधिक उचित होगा।

जन्मदिन के अवसर पर प्रात: उठकर गंगाजल सहित शुद्ध पवित्र जल से बालकको स्नानादि के पश्चात् सुन्दर वस्त्र धारण करवाकर पूर्वाभिमुख होकर माता पिता उसे गोदी में बिठाकर किसी सुयोग्य पण्डित जी द्वारा पंचदेव पूजन, नवग्रह पूजन एवं संकल्पपूर्वक छाया दान सहित जन्मदिन पूजन करवाना चाहिए। पूजनोपरांत भगवान् सूर्यदेव को अर्घ्य, ब्राह्मण भोजन एवं यथाशक्ति दानादि करें।

विशेषकर वर्षफल में स्थित अशुभ ग्रहों के दान, जपादि करवाने से बच्चों को आरोग्यता एवं माता-पिता को सुख-शान्ति बनी रहती है। जन्मदिन पर तिल स्नान, तिलों चावल, दूध, चीनी आदि से बनी क्षीर तथा वस्त्र अनाजादि का दान एवं स्वयं भी क्षीर सेवन शुभ होता है।

# *अथ अशौच व्यवस्था*

**अशौच दो प्रकार का होता है–( १ ) जनना शौच जिसे सूतक और ( २ ) मरणाशौच जिसे पातक कहते हैं।**

### गर्भास्त्रावादि अशौच-व्यवस्था

चार मास तक गर्भ के गिरने को 'गर्भस्त्राव' कहते हैं। पांचवें, छटे मास में 'गर्भपात' और इसके उपरान्त 'प्रसव' कहलाता है। तीन मास के भीतर, किसी भी मास में गर्भ के गिराने से गर्भिणी को तीन दिन का और चौथे महीने में चार दिन का अशौच रहता है, पिता आदि सपिण्ड केवल स्नानमात्र से शुद्ध हो जाते हैं। पितादि सपिण्डों को ३ दिन का 'सूतक' होता है।

### जननाशौच व्यवस्था

| 8 | २६ | ६ २८ | ८ ०१ | ९ ५५ | १२ ०९ | १४ ३१ | १६ ५२ | १९ १० | २१ ३२ | २३ ५२ | १ ५६ | ३ ३७ | ५ ०१ |
| 9 | २७ | ६ २४ | ७ ५७ | ९ ५१ | १२ ०५ | १४ २७ | १६ ४८ | १९ ०६ | २१ २८ | २३ ४८ | १ ५२ | ३ ३३ | ४ ५८ |
| 10 | २८ | ६ २० | ७ ५३ | ९ ४७ | १२ ०१ | १४ २४ | १६ ४४ | १९ ०२ | २१ २४ | २३ ४४ | १ ४८ | ३ २९ | ४ ५४ |
| 11 | २९ | ६ १६ | ७ ४९ | ९ ४३ | ११ ५७ | १४ २० | १६ ४० | १८ ५८ | २१ २० | २३ ४० | १ ४४ | ३ २५ | ४ ५० |
| 12 | ३० | ६ १२ | ७ ४५ | ९ ३९ | ११ ५३ | १४ १६ | १६ ३६ | १८ ५४ | २१ १६ | २३ ३६ | १ ४१ | ३ २१ | ४ ४६ |
| 13 | वै. | ६ ०८ | — — | — — | — — | — — | — — | — — | — — | — — | — — | — — | — — |

# भारत के प्रमुख नगरों में लग्नों का प्रारम्भ एवं समाप्तिकाल जानना

इस पंचांग के गत पृष्ठों में जो दैनिक लग्नसारणी दी गई है, वह जालन्धर के अक्षांश 31°–19′ पर आधारित है। भारत के किसी अन्य नगर में लग्नारम्भ अथवा समाप्तिकाल जानने के लिए नीचे दी गई तालिका में मेष, वृषादि राशियों के नीचे लिखे संस्कार अनुसार जालन्धर सारणी में जमा (+) करने अथवा (–) देने से आपको अभीष्ट तारीख एवं नगर में लग्नों का समाप्तिकाल भा. स्टै. टाईम में ज्ञात हो जाएगा। **उदाहरणस्वरूप**–मान लो आपने 16 जुलाई, 2024 ई. को दिल्ली में कन्या लग्न का समाप्तिकाल जानना है, तो सर्व प्रथम जालन्धर की दैनिक लग्न सारणी में देखने पर हमें 16 जुलाई को कन्या लग्न १२।४१ पर समाप्ति काल लिखा मिला है। तदनन्तर आगे सारणी में **हिसार** के आगे कन्या लग्न के नीचे देखने पर हमें –२ मिनट मिले। इन्हें जालन्धर में कन्या ल. समा., १२।४१ (घं. मिं.) में से और घटाने पर हमें **१२।३९ (घं. मिं.)** पर **कन्या लग्न** समाप्ति काल प्राप्त हुआ। **कन्या लग्न** का समाप्ति काल ही तुला लग्न का **प्रारम्भकाल** होगा। **नोट**–नीचे **लग्न संस्कार तालिका** में यदि किसी अभीष्ट नगर का नाम न मिले, तो आप अपने निकटस्थ नगर का संस्कार ग्रहण कर सकते हैं। पं. विवेक शर्मा.

| नाम शहर | मेष मिन्ट | वृष मिन्ट | मिथु. मिन्ट | कर्क मिन्ट | सिंह मिन्ट | कन्या मिन्ट | तुला मिन्ट | वृश्चि. मिन्ट | धनु मिन्ट | मकर मिन्ट | कुम्भ मिन्ट | मीन मिन्ट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अमृतसर | +२ | +२ | +२ | +२ | +३ | +२ | +३ | +३ | +३ | +३ | +२ | +२ |
| अम्बाला | –५ | –५ | –५ | –३ | –३ | –६ | –५ | –५ | –४ | –५ | –५ | –५ |
| अजमेर | +१२ | +१२ | +१३ | +१० | +६ | +४ | –१ | –३ | –४ | –१ | +६ | +१० |
| अबोहर | +५ | +५ | +५ | +६ | +५ | +५ | +६ | +६ | +६ | +६ | +५ | +५ |
| अहमदाबाद | +२६ | +३० | +३० | +२५ | +१७ | +७ | –१ | –५ | –४ | +२ | +११ | +१८ |
| अलाहाबाद | –१५ | –१२ | –१३ | –१५ | –२१ | –२९ | –३४ | –३७ | –३६ | –३२ | –२६ | –२० |
| अलीगढ़ | –४ | –३ | –४ | –६ | –१० | –१४ | –१७ | –१८ | –१८ | –१५ | –१२ | –७ |
| अयोध्या | –१८ | –१८ | –१५ | –१९ | –२१ | –२५ | –२८ | –३० | –२८ | –२७ | –२४ | –१६ |
| अलवर | +२ | +३ | +३ | +० | +१ | –४ | –६ | –७ | –७ | –४ | +१ | +४ |
| अल्मोड़ा (उ.खण्ड) | –१५ | –१५ | –१५ | –१६ | –१७ | –१७ | –१९ | –१९ | –१९ | –१८ | –१८ | –१६ |
| आगरा | –४ | –२ | –३ | –६ | –१० | –१४ | –१७ | –१९ | –१९ | –१५ | –१२ | –७ |
| अगरतला | –५० | –४७ | –४६ | –५३ | –६० | –६७ | –७५ | –७८ | –७६ | –७३ | –६४ | –५३ |
| अल्मोड़ा | –१५ | –१५ | –१५ | –१६ | –१७ | –१७ | –१९ | –१९ | –१९ | –१८ | –१८ | –१६ |
| इन्दौर | +१३ | +१७ | +१५ | +१० | –१ | –९ | –१६ | –२१ | –१९ | –१२ | –३ | +५ |
| ऊना (हि. प्र.) | –३ | –३ | –३ | –३ | –२ | –२ | –२ | –२ | –२ | –२ | –२ | –३ |
| उधमपुर | –२ | –२ | –२ | +११ | +३ | +४ | +७ | +७ | +७ | +६ | +५ | +२ |
| उज्जैन | +७ | +१६ | +१४ | +८ | +० | –७ | –१४ | –१९ | –१७ | –१० | –२ | +६ |
| उदयपुर | +१९ | +२१ | +२० | +१५ | +७ | +२ | –४ | –८ | –६ | –१ | +६ | +१३ |
| उत्तरकाशी | –११ | –११ | –११ | –११ | –१२ | –१२ | –१२ | –१२ | –१२ | –१२ | –१२ | –११ |
| करनाल | –५ | –५ | –५ | –५ | –५ | –६ | –६ | –७ | –७ | –५ | –४ | –३ |
| कालका | –५ | –५ | –५ | –४ | –४ | –५ | –६ | –६ | –७ | –७ | –४ | –३ |
| कुरुक्षेत्र | –४ | –३ | –३ | –४ | –५ | –६ | –६ | –७ | –७ | –५ | –३ | –३ |
| करतारपुर | +१ | +१ | +० | +० | –१ | –१ | +१ | –० | –० | –० | –० | –१ |
| कोटखाई | –७ | –७ | –७ | –७ | –७ | –८ | –७ | –७ | –७ | –६ | –६ | –७ |
| कोटा (राज.) | +९ | +११ | +१० | +५ | –१ | –६ | –११ | –१४ | –१३ | –८ | –२ | +४ |
| कपूरथला | +१ | +१ | +० | –० | –० | –१ | +० | –० | –० | –० | –० | –१ |
| काठमण्डू | –३२ | –३१ | –३१ | –३० | –३३ | –३८ | –४० | –४२ | –४२ | –४० | –३६ | –३३ |
| कोलकत्ता | –३७ | –३२ | –३५ | –४० | –४९ | –५८ | –६४ | –६९ | –६८ | –६१ | –५३ | –४४ |
| कानपुर | –११ | –१० | –१० | –१४ | –१८ | –२२ | –२८ | –३० | –२९ | –२५ | –२१ | –१६ |
| कांगड़ा | –५ | –५ | –५ | –५ | –५ | –५ | –५ | –५ | –४ | –४ | –४ | –४ |

| नाम शहर | मेष मिन्ट | वृष मिन्ट | मिथु. मिन्ट | कर्क मिन्ट | सिंह मिन्ट | कन्या मिन्ट | तुला मिन्ट | वृश्चि. मिन्ट | धनु मिन्ट | मकर मिन्ट | कुम्भ मिन्ट | मीन मिन्ट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कुल्लू | –७ | –७ | –७ | –६ | –६ | –६ | –५ | –४ | –४ | –४ | –५ | –५ |
| कठुआ | –२ | –२ | –२ | –१ | –० | +१ | +२ | +२ | +२ | +२ | +२ | +१ |
| कटड़ा | +३ | +३ | +२ | +४ | +६ | +७ | +७ | +७ | +७ | +६ | +६ | +३ |
| किश्तवाड़ | –१ | –१ | –१ | –० | +१ | +१ | +१ | +२ | +२ | +२ | +१ | +१ |
| खन्ना (पंजा.) | –२ | –३ | –३ | –२ | –२ | –३ | –३ | –३ | –३ | –२ | –२ | –३ |
| ग्वालियर | –२ | +१ | –१ | –५ | –१० | –१५ | –१९ | –२२ | –२१ | –१७ | –१२ | –७ |
| गुरदासपुर | –१ | –१ | –१ | +० | +१ | +० | +१ | +१ | +१ | +१ | +१ | +० |
| गोरखपुर | –२३ | –२१ | –२२ | –२४ | –२७ | –३२ | –३५ | –३७ | –३६ | –३२ | –२७ | –२४ |
| गुड़गांव | –१ | –१ | –१ | –३ | –३ | –७ | –१० | –११ | –११ | –९ | –६ | –४ |
| गुवाहाटी | –५५ | –४८ | –५३ | –५५ | –६१ | –६८ | –७२ | –७५ | –७३ | –६९ | –६४ | –६० |
| गाज़ियाबाद | –२ | –२ | –३ | –५ | –८ | –१० | –१२ | –१३ | –१३ | –११ | –०९ | –६ |
| गंगानगर | +६ | +६ | +६ | +७ | +७ | +६ | +६ | +६ | +६ | +७ | +७ | +६ |
| गया (बिहार) | –२६ | –१८ | –२३ | –२७ | –३३ | –४२ | –४७ | –५१ | –४१ | –४४ | –३७ | –३२ |
| चण्डीगढ़ | –५ | –५ | –५ | –५ | –६ | –६ | –६ | –६ | –६ | –६ | –६ | –५ |
| चिन्तपूर्णी | –२ | –१ | –२ | –२ | –३ | –३ | –३ | –२ | –२ | –२ | –२ | –१ |
| चम्बा | –६ | –६ | –६ | –५ | –४ | –२ | +१ | +२ | +१ | +० | +३ | –४ |
| जयपुर | +७ | +८ | +७ | +३ | +२ | –३ | –७ | –९ | –९ | –७ | –२ | +३ |
| ज्वालामुखी | –५ | –५ | –६ | –५ | –५ | –५ | –५ | –५ | –४ | –४ | –४ | –४ |
| जम्मू | –१ | –२ | –१ | –१ | +१ | +४ | +६ | +७ | +६ | +५ | +२ | +१ |
| जोधपुर | +१९ | +२१ | +२० | +१५ | +१० | +५ | +१ | –२ | –१ | +४ | +९ | +१३ |
| जीन्द | +० | +२ | +१ | –१ | –३ | –५ | –६ | –७ | –७ | –५ | –४ | –१ |
| जैसलमेर | +२६ | +२८ | +२७ | +२३ | +१८ | +१४ | +१० | +९ | +१० | +१३ | +१७ | +२२ |
| झाँसी | –२ | +१ | +० | –६ | –११ | –१७ | –२२ | –२५ | –२३ | –१८ | –१३ | –७ |
| जगन्नाथपुरी | –२२ | –१६ | –१३ | –२६ | –३७ | –४९ | –५९ | –६४ | –६३ | –५५ | –४४ | –३२ |
| दिल्ली | –२ | –१ | –१ | –४ | –४ | –८ | –११ | –१२ | –१२ | –१० | –७ | –५ |
| दुर्ग (छ्त्तीसगढ़) | –६ | –० | –२ | –१० | –१९ | –२७ | –३७ | –४२ | –४२ | –३१ | –२१ | –१४ |
| देहरादून | –१० | –१० | –९ | –१० | –११ | –११ | –१२ | –१२ | –१२ | –११ | –११ | –१० |
| धर्मशाला | –५ | –५ | –६ | –५ | –५ | –५ | –५ | –५ | –४ | –४ | –४ | –४ |

| नाम शहर | मेष मिन्ट | वृष मिन्ट | मिथु. मिन्ट | कर्क मिन्ट | सिंह मिन्ट | कन्या मिन्ट | तुला मिन्ट | वृश्चि. मिन्ट | धनु मिन्ट | मकर मिन्ट | कुम्भ मिन्ट | मीन मिन्ट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| नाहन(हि.प्र.) | -६ | -६ | -६ | -५ | -५ | -६ | -६ | -७ | -७ | -५ | -५ | -६ |
| नंगल (पंजा.) | -३ | -३ | -३ | -४ | -४ | -४ | -४ | -४ | -३ | -३ | -३ | -३ |
| नैनीताल | -१३ | -१२ | -१३ | -१४ | -१६ | -१७ | -१८ | -२० | -१९ | -१७ | -१७ | -१४ |
| नवलगढ़ | +७ | +९ | +९ | +८ | +६ | +३ | +१ | +२ | -२ | -१ | +४ | +४ |
| नवांशहर | -२ | -२ | -२ | -२ | -३ | -३ | -२ | -२ | -३ | -३ | -२ | -२ |
| नागपुर | +३ | +७ | +५ | +४ | -१४ | -२३ | -३२ | -३५ | -३३ | -२७ | -७ | -६ |
| नदौन(हि.प्र.) | -३ | -३ | -३ | -४ | -४ | -४ | -४ | -३ | -३ | -३ | -३ | -३ |
| नाभा (पंजा.) | -२ | -२ | -२ | -२ | -२ | -२ | -३ | -३ | -२ | -२ | -२ | -२ |
| पटियाला | -३ | -३ | -३ | -४ | -३ | -३ | -५ | -५ | -४ | -३ | -३ | -३ |
| पानीपत | -६ | -६ | -६ | -६ | -६ | -७ | -७ | -७ | -६ | -६ | -६ | -५ |
| पठानकोट | -४ | -३ | -३ | -२ | -२ | -२ | -२ | -२ | -१ | -१ | -१ | -१ |
| पुंछ | -१ | -२ | -१ | +१ | +४ | +८ | +१२ | +१४ | +१२ | +९ | +६ | +३ |
| प्रयाग | -१६ | -१४ | -१५ | -२० | -२४ | -३० | -३५ | -३७ | -३७ | -३१ | -२७ | -२१ |
| पूना (महा.) | +२८ | +३५ | +३७ | +२४ | +११ | -२ | -१३ | -१९ | -१७ | -९ | +३ | +१७ |
| पंचकूला | -५ | -५ | -५ | -४ | -४ | -६ | -६ | -६ | -५ | -५ | -५ | -५ |
| पटना | -२९ | -२६ | -२३ | -३० | -३५ | -४२ | -४७ | -४९ | -४९ | -४६ | -४० | -३३ |
| पालमपुर | -६ | -६ | -६ | -५ | -५ | -५ | -६ | -६ | -५ | -५ | -५ | -५ |
| फरीदकोट | +३ | +४ | +४ | +३ | +३ | +२ | +४ | +३ | +३ | +३ | +२ | +२ |
| फगवाड़ा | -१ | -१ | -१ | -१ | -२ | -२ | -२ | -१ | -१ | -१ | -१ | -१ |
| फाजिल्का | +५ | +५ | +६ | +६ | +५ | +५ | +६ | +६ | +६ | +६ | +५ | +५ |
| फिरोज़पुर | +४ | +४ | +५ | +४ | +३ | +३ | +४ | +४ | +४ | +४ | +३ | +३ |
| फरीदाबाद | -३ | -३ | -२ | -५ | -८ | -९ | -१२ | -१३ | -१३ | -११ | -१० | -६ |
| बटाला | +१ | +१ | +१ | +२ | +१ | +१ | +२ | +२ | +२ | +२ | +१ | +१ |
| वाराणसी | -२० | -१८ | -१९ | -२३ | -३० | -३४ | -३९ | -४२ | -४१ | -३७ | -३१ | -२५ |
| बिलासपुर | -५ | -५ | -५ | -४ | -४ | -५ | -४ | -४ | -४ | -३ | -३ | -४ |
| बंगलौर | +२१ | +२९ | +२७ | +१३ | -१ | -२१ | -३६ | -४४ | -४१ | -२८ | -११ | +६ |
| बरेली | -११ | -११ | -११ | -१३ | -१६ | -१८ | -२० | -२१ | -२१ | -१९ | -१८ | -१४ |
| बीकानेर | +१३ | +१५ | +१५ | +१४ | +१३ | +९ | +८ | +६ | +६ | +८ | +११ | +१४ |
| बड़ौदा | +२६ | +३० | +२९ | +२३ | +१६ | +७ | +२ | -५ | -५ | +१ | +११ | +११ |
| बुलन्दशहर | -५ | -५ | -५ | -७ | -९ | -१२ | -१४ | -१५ | -१५ | -१३ | -१२ | -८ |
| बरनाला | -१ | -१ | -२ | -१ | -१ | -१ | -१ | -१ | -० | -० | -० | -० |
| विशाखापटनम | -९ | -१ | +१ | -१३ | -२६ | -४० | -५२ | -५८ | -५६ | -४७ | -३४ | -२० |
| भटिण्डा | +३ | +३ | +३ | +३ | +३ | +२ | +४ | +३ | +३ | +३ | +२ | +२ |
| भुवनेश्वर | -२३ | -१८ | -२० | -२८ | -३६ | -४९ | -५८ | -६३ | -६२ | -५४ | -४३ | -३२ |
| भरतपुर | -२ | +० | +० | -५ | -८ | -१२ | -१५ | -१७ | -१७ | -१२ | -१० | -५ |
| भोपाल | +६ | +१० | +७ | +१ | -६ | -१३ | -२० | -२६ | -२४ | -१७ | -९ | -१ |
| मेरठ(उ.प्र.) | -६ | -५ | -६ | -७ | -९ | -११ | -१२ | -१२ | -१२ | -१० | -९ | -७ |

| नाम शहर | मेष मिन्ट | वृष मिन्ट | मिथु. मिन्ट | कर्क मिन्ट | सिंह मिन्ट | कन्या मिन्ट | तुला मिन्ट | वृश्चि. मिन्ट | धनु मिन्ट | मकर मिन्ट | कुम्भ मिन्ट | मीन मिन्ट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुज़फ्फरनगर | -६ | -५ | -६ | -७ | -९ | -११ | -१२ | -१३ | -१३ | -११ | -१० | -७ |
| मुरादाबाद | -१० | -९ | -१० | -११ | -१४ | -१५ | -१६ | -१८ | -१८ | -१६ | -१३ | -१२ |
| मण्डी(हि.प्र.) | -७ | -७ | -७ | -७ | -७ | -६ | -४ | -४ | -४ | -६ | -६ | -६ |
| मोगा | +१ | +१ | +१ | +२ | +१ | +१ | +२ | +२ | +२ | +२ | +१ | +१ |
| मथुरा | -२ | -१ | -२ | -४ | -८ | -१२ | -१५ | -१६ | -१६ | -१३ | -१० | -५ |
| मद्रास | +१० | +१८ | +१६ | +१ | -१३ | -३१ | -४६ | -५५ | -५२ | -४० | -२३ | -०५ |
| मैसूर | +२६ | +३६ | +३७ | +१९ | +२ | -१७ | -३३ | -४१ | -३९ | -२६ | -९ | +१० |
| मुक्तसर | +४ | +४ | +३ | +४ | +४ | +३ | +५ | +४ | +४ | +४ | +३ | +३ |
| मलेरकोटला | -१ | -१ | -१ | -१ | -१ | -२ | +० | -१ | -१ | -१ | -२ | -२ |
| मुम्बई | +३१ | +३७ | +३५ | +२५ | +१७ | +३ | -८ | -१४ | -१२ | -३ | +९ | +२१ |
| रोपड़ | -४ | -३ | -३ | -४ | -३ | -४ | -४ | -४ | -४ | -४ | -४ | -३ |
| राँची | -२५ | -२१ | -२३ | -२८ | -३६ | -४५ | -५१ | -५७ | -५५ | -४८ | -३९ | -३१ |
| रायपुर (छत्ती.) | -८ | -२ | -४ | -१२ | -२१ | -२९ | -३९ | -४४ | -४४ | -३४ | -२३ | -१६ |
| रोहतक | -१ | +१ | +१ | -२ | -२ | -६ | -९ | -१० | -१० | -८ | -५ | -३ |
| रूड़की | -७ | -७ | -७ | -८ | -९ | -१० | -११ | -११ | -११ | -१० | -१० | -८ |
| लुधियाना | -२ | -२ | -१ | -२ | -१ | -२ | -२ | -२ | -२ | -१ | -१ | -२ |
| लखनऊ | -१४ | -१२ | -१४ | -१६ | -२१ | -२४ | -२९ | -३० | -३० | -२६ | -२३ | -१८ |
| शिलांग | -५५ | -४९ | -५२ | -५५ | -६१ | -६९ | -७४ | -७६ | -७५ | -७१ | -६५ | -६१ |
| श्रीनगर | -३ | -३ | -३ | -१ | +२ | +८ | +११ | +१२ | +११ | +७ | +४ | +१ |
| शिमला | -६ | -६ | -६ | -६ | -७ | -७ | -७ | -७ | -७ | -७ | -७ | -६ |
| सोलन | -६ | -५ | -६ | -६ | -६ | -६ | -५ | -५ | -६ | -६ | -६ | -६ |
| सोनीपत | -२ | -२ | -२ | -२ | -३ | -७ | -१० | -११ | -११ | -९ | -७ | -५ |
| सहारनपुर | -६ | -६ | -५ | -७ | -८ | -९ | -१० | -१० | -१० | -९ | -९ | -७ |
| सागर(म.प्र.) | -१ | -२ | +० | -५ | -१३ | -१८ | -२५ | -२९ | -२८ | -२२ | -१५ | -७ |
| सुन्दरनगर | -६ | -६ | -६ | -५ | -४ | -४ | -४ | -४ | -४ | -४ | -४ | -५ |
| सूरत | +२८ | +३३ | +३१ | +२४ | +१५ | +४ | -४ | -९ | -८ | +१ | +१२ | +२१ |
| शहडोल(म.प्र.) | -१० | -७ | -९ | -१५ | -२३ | -३० | -३७ | -४२ | -४० | -३२ | -२५ | -१६ |
| शाहपुर | -४ | -४ | -५ | -५ | -४ | -४ | -४ | -४ | -३ | -३ | -३ | -३ |
| हरिद्वार | -८ | -८ | -८ | -९ | -९ | -१२ | -१३ | -१३ | -१३ | -१२ | -१२ | -१० |
| हैदराबाद | +११ | +१८ | +१५ | +४ | -७ | -२१ | -३३ | -३९ | -३७ | -२८ | -१५ | -१ |
| होशियारपुर | -३ | -४ | -३ | -३ | -२ | -२ | -१ | -१ | -१ | -१ | -२ | -३ |
| हमीरपुर(हि.प्र.) | -५ | -५ | -४ | -४ | -३ | -३ | -२ | -२ | -२ | -२ | -२ | -४ |
| हाँसी | +२ | +२ | +३ | +२ | +० | -४ | -५ | -७ | -५ | -४ | -१ | +२ |
| हिसार | +२ | +३ | +२ | +१ | +० | -२ | -३ | -४ | -४ | -२ | -२ | +१ |

# श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली

श्री भैरव भविष्यज्ञान प्रश्नावली को **सिद्ध यन्त्र 32 ( बत्तीसा )** के आधार पर तैयार किया गया है। निम्नांकित किसी भी इच्छित प्रश्न का उत्तर प्राप्त करने के लिए इसे प्रयोग में लाया जा सकता है। इस प्रश्नावली में मुख्य-मुख्य बत्तीस प्रश्न दिये गये हैं। कोई भी पाठक साधारण (धन अथवा ऋण) गणित द्वारा अपने प्रश्न का उत्तर पा सकता है। व्यर्थ में किंवा सत्यता की परख करने से प्रश्नावली का उत्तर सही नहीं आयेगा। तीन प्रश्न (एक बार में) से अधिक प्रश्नों के उत्तर भी संदेहपूर्ण होंगे, अत: उपर्युक्त बातों का ध्यान रखना आवश्यक ही नहीं परमावश्यक है।

प्रश्नावली से उत्तर जानने की विधि यह है कि दिये **बत्तीसा यन्त्र** के किसी भी कोष्ठक में प्रच्छक (प्रश्न पूछने वाला) अपने दाहिने (दक्षिण) हाथ की **मध्यमा अंगुली** रखने से पूर्व **"ॐ नमो भैरवाय"** मन्त्र को तीन बार जप ले। आगे प्रश्न संख्या दोनों का योग कर ले तथा इस योग में से 1 घटा दें, शेष जो संख्या बचे उसे संख्या वाले प्रश्न के सामने देवता का नाम देख लें। जिस देवता का नाम लिखा है, उसके नीचे यन्त्र कोष्ठक संख्या के आगे उत्तर देख लें–

मान लो कोई प्रश्न पूछना चाहता है कि मेरा विवाह होगा या नहीं तो यह प्रश्न संख्या हुई 12 (बारह) यन्त्र के कोष्ठक की संख्या है 15 (पन्द्रह) दोनों का योग आया 27 (सत्ताईस)। इस में से 1 (एक) घटाया तो शेष रहे 26 (छब्बीस) 26वीं संख्या का देवता है केतु। अत: केतु के नीचे 15वीं संख्या का उत्तर आया अर्थात् विवाह उपाय से होगा।

जब प्रश्न संख्या और यंत्र कोष्ठक संख्या का योग एक घटाने से भी 32 से अधिक आये तो इसमें से 32 घटा कर तब उपर्युक्त से विधि उत्तर देखना चाहिये जैसे प्रच्छक का प्रश्न है मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी। प्रश्न संख्या है 29, यन्त्र के कोष्ठक (जिसमें अंगुली रखी है) की संख्या है 15–इन का योग किया तो आया 44. इसमें 1 ऋण किया शेष रहा 43, वह बत्तीस की संख्या से अधिक है। अत: इसमें से 32 की संख्या घटाई शेष रहे 11. अब पूर्व विधि से 11 की संख्या का देवता देखा तो ज्ञात हुआ "इन्द्र" और देवता इन्द्र की 11वीं संख्या का उत्तर मिला **"पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी"** इसी प्रकार सभी प्रश्नों के उत्तर ज्ञात कर लें।

## 32 बत्तीसा यन्त्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | 15 | 2 | 7 |
| 6 | 3 | 12 | 11 |
| 14 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 5 | 10 | 13 |

| प्रश्न सं० | प्रश्न | अधिपति देवता |
|---|---|---|
| 1. | मुझे सन्तान सुख मिलेगा या नहीं ? | श्री भैरव |
| 2. | मेरी मुकद्दमे में हार होगी अथवा विजय ? | शिव |
| 3. | मेरा भाग्योदय कब होगा ? | कृष्ण |
| 4. | मुझे नौकरी मिलेगी या नहीं ? | राम |
| 5. | मुझे उन्नति के अवसर मिलेंगे या नहीं ? | सीता |
| 6. | खेती से मुझे लाभ मिलेगा या हानि ? | राधा |
| 7. | मैं अपना मकान बना सकूंगा या नहीं ? | लक्ष्मी |
| 8. | क्या मुझे परीक्षा में सफलता मिलेगी ? | विष्णु |
| 9. | मेरे लिए विद्या प्राप्ति के योग हैं अथवा नहीं ? | नारायण |
| 10. | मैं इस जीवन में सफलता पा सकूंगा या नहीं ? | दामोदर |
| 11. | क्या मुझे भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव है ? | इन्द्र |
| 12. | मेरा विवाह होगा अथवा नहीं ? | गणेश |
| 13. | अमुक रोगी रोग मुक्त होगा या नहीं ? | अग्नि |
| 14. | मेरे स्वप्न का फल कैसा है ? | वायु |
| 15. | क्या मेरा स्थानान्तरण हो जायेगा ? | वरुण |
| 16. | मुझे व्यापार में लाभ मिलेगा अथवा हानि ? | यम |
| 17. | क्या मेरी चिन्ता दूर हो जायेगी ? | कुबेर |
| 18. | मित्र के साथ मित्रता कैसी रहेगी ? | सूर्य |
| 19. | मुझे कर्ज मिलेगा या नहीं ? | चन्द्र |
| 20. | मेरी खोई हुई वस्तु मिलेगी अथवा नहीं ? | मंगल |
| 21. | प्रवासी (परदेश गया हुआ) कब लौटेगा ? | बुध |
| 22. | क्या मुझे यात्रा में लाभ मिलेगा ? | बृहस्पति |
| 23. | मेरी भाईयों से कैसी निभेगी ? | शुक्र |
| 24. | क्या मैं कुआं बनवा सकूंगा या नहीं ? | शनि |
| 25. | मेरे लिए यह वर्ष कैसा है ? | राहु |
| 26. | मेरा आज का दिन कैसा बीतेगा ? | केतु |
| 27. | अमुक स्त्री को पुत्रोत्पन्न होगा या पुत्री ? | मित्र |
| 28. | क्या मेरी इच्छा पूर्ण होगी ? | पृथ्वी |
| 29. | मुझे पत्नी कैसे स्वभाव की मिलेगी ? | काल |
| 30. | क्या मेरा सम्बन्धी धोखा देगा ? | शेष |
| 31. | प्रेमिका/प्रेमी का प्रेम शुद्ध है या नहीं ? | यक्ष |
| 32. | मैं विदेश यात्रा करूंगा अथवा नहीं ? | तक्षक |

### ( 1 ) श्री भैरव

1. सन्तान सुख मिलेगा।
2. विदेश यात्रा में विघ्न पड़ेगा तथा लाभदायक नहीं रहेगी।
3. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम पवित्र है।
4. सम्बन्धी धोखा दे सकता है सावधान रहे।
5. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
6. इच्छा पूरी होने में अभी समय है।
7. पुत्रोत्तपत्ति का हर्ष होगा।
8. यह दिन शुभ नहीं है।
9. वर्तमान वर्ष मध्यम रहेगा।
10. कुआं अभी बनवाना सम्भव नहीं है।
11. भाईयों से प्रेम बना रहेगा।
12. यात्रा में हानि होने की आशंका अधिक है।
13. प्रवासी शीघ्र लौटेगा।
14. खोई वस्तु शीघ्र मिल जायेगी।
15. कर्ज मिलने में कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

### ( 2 ) शिव

1. मुकद्दमे में विजय होगी।
2. सन्तान सुख गृह देवता की पूजा से मिलेगा।
3. विदेश यात्रा की इच्छा पूर्ण हो जायेगी।
4. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम नहीं करता/करती।

5. सम्बन्धी धोखा देगा, सावधान !
6. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
7. अभी इच्छा पूरी नहीं होगी।
8. कन्या सन्तान उत्पन्न होगी।
9. आज का दिन शुभ रहेगा।
10. यह वर्ष उत्तम नहीं है।
11. कुआं बनवाने की इच्छा पूर्ण होगी।
12. भाईयों से तनाव एवं अनबन रहेगी।
13. यात्रा लाभकारी रहेगी।
14. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का इच्छुक नहीं है।
15. नष्ट वस्तु (खोई) नहीं मिलेगी।

### (3) कृष्ण

1. आप का भाग्योदय शीघ्र होगा।
2. मुकद्दमा जीतने में संदेह है।
3. सन्तान सुख मिलेगा किन्तु उपाय से।
4. विदेश यात्रा की इच्छा पूरी नहीं होगी।
5. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
6. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
7. पत्नी उत्तम स्वभाव की मिलेगी।
8. निकट भविष्य में इच्छा पूर्ण नहीं होगी।
9. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
10. आज का दिन मानसिक परेशानी वाला रहेगा।
11. यह वर्ष अत्यधिक लाभप्रद रहेगा।
12. कुआं नहीं बनवा सकोगे।
13. भाईयों से तकरार होने का भय है।
14. यात्रा में लाभ मिलना कठिन है।
15. चिन्ता न करें, प्रवासी कुछ दिनों में लौट आयेगा।

### (4) राम

1. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
2. भाग्योदय होने में अभी देर है।
3. यह मुकद्दमा आप हार जायेंगे अथवा हानि अधिक होगी।
4. सन्तान प्राप्ति की इच्छा पूरी हो जायेगी।
5. विदेश यात्रा होने में संदेह है। कोई धोखा दे सकता है।
6. प्रेमी/प्रेमिका प्रेम करता/करती है।
7. सम्बन्धी धोखा दे सकता है सावधान रहें।
8. पत्नी के स्वभाव से मेल खा जायेगा।
9. इच्छा अवश्य पूरी होगी।
10. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
11. यह दिन शुभ ही बीतेगा।
12. यह वर्ष कष्टमय बीतेगा।
13. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी हो जायेगी।
14. भाईयों से अनबन रहेगी।
15. यात्रा करना लाभप्रद रहेगा।

### (5) सीता

1. उन्नति (प्रमोशन) मिलने का समय आ गया है।
2. नौकरी मिल जायेगी किन्तु अत्याधिक प्रयत्न से।
3. भाग्योदय होने में अभी देरी है।
4. चिन्ता न करें, मुकद्दमा जीत जाओगे।
5. सन्तान सुख के लिये पुत्रेष्टि यज्ञ करायें।
6. विदेश यात्रा पर अवश्य जाओगे।
7. प्रेमी/प्रेमिका का दिखावटी प्रेम है।
8. सम्बन्धी गुप्त चाल चलेगा सावधानी से रहें।
9. पत्नी उत्तम स्वभाव वाली मिलेगी।
10. इच्छा पूरी हो इसमें संदेह है।
11. कन्या सन्तान जन्म लेगी।
12. आज का दिन विशेष शुभ नहीं है।
13. यह वर्ष आपके लिए चुनौतियों से भरा होगा।
14. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी होने में देरी है।
15. भाईयों से मेल मिलाप रहेगा।

### (6) राधा

1. खेती से लाभ मिलेगा।
2. उन्नति (प्रमोशन) में अभी देरी है, धैर्य रखें।
3. नौकरी मिलने में अत्याधिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा।
4. भाग्योदय शीघ्र होगा।
5. मुकद्दमे में जीत हो, ऐसी सम्भावना कम ही है।
6. सन्तान सुख अभी देर से मिलेगा।
7. विदेश यात्रा पर जाना सम्भव नहीं हो सकेगा।
8. प्रेमी/प्रेमिका मात्र प्रेम का दिखावा करता/करती है।
9. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
10. पत्नी का स्वभाव अच्छा नहीं होगा।
11. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
12. पुत्र सन्तान जन्म लेगी।
13. यह दिन उत्तम प्रकार से व्यतीत होगा।
14. यह वर्ष श्रेष्ठतम रहेगा।
15. कुआं बन जायेगा।

### (7) लक्ष्मी

1. स्वयं के मकान की इच्छा पूरी हो जायेगी।
2. खेती से लाभ कम मिलेगा।
3. प्रमोशन हो जाये ऐसा सम्भव नहीं दिखता।
4. नौकरी अथक प्रयत्न करने पर मिलेगी।
5. निकट भविष्य में ही भाग्योदय होने वाला है।
6. मुकद्दमे में जीतना कठिन है।
7. सन्तान सुख मिल जायेगा।
8. विदेश यात्रा पर जाने में विघ्न-बाधाओं का सामना करना पड़ेगा।
9. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
10. सम्बन्धी धोखा देने से नहीं चूकेगा।
11. इच्छा पूरी हो जायेगी।
12. पत्नी चिड़चिड़े स्वभाव की मिलेगी।
13. कन्या रत्न उत्पन्न होने की सम्भावना प्रबल है।
14. आज का दिन अच्छा नहीं है।
15. यह वर्ष मध्यम फलप्रद रहेगा।

### (8) विष्णु

1. परीक्षा में सफलता मिलेगी।
2. मकान निकट भविष्य में नहीं बना पाओगे।
3. खेती मत करो, लाभ की आशा कम है।
4. प्रमोशन शीघ्र ही मिलने वाला है।
5. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
6. भाग्योदय होगा किन्तु थोड़ा समय धैर्य रखें।
7. मुकद्दमे में जीत जाओगे।
8. सन्तान सुख के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
9. विदेश यात्रा सकुशल तथा लाभप्रद होगी।
10. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम छल है।
11. सम्बन्धी धोखा दे, ऐसा नहीं दिख रहा।
12. पत्नी का स्वभाव अच्छा होगा।
13. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
14. पुत्र सन्तान जन्म ले ऐसे योग हैं।
15. यह दिन शुभ रहेगा।

### (9) नारायण

1. विद्या प्राप्त कर लोगे, विश्वास करो।
2. परीक्षा में पास होने में सन्देह है। रुकावट उत्पन्न होगी।
3. मकान नहीं बन सकेगा।
4. खेती करने से लाभ मिलेगा।
5. प्रमोशन अभी मिलना सम्भव नहीं है।
6. नौकरी शीघ्र मिल जाएगी।
7. भाग्योदय शीघ्र ही होने वाला है।
8. मुकद्दमा जीतने में संदेह है।
9. सन्तान सुख अभी देरी से मिलेगा, धैर्य रखें।
10. विदेश यात्रा करने का अवसर नहीं मिलेगा।
11. प्रेम का चक्कर हानिकर है, सावधान रहें।
12. सम्बन्धी धोखा अवश्य देगा सावधान।
13. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं मिलेगी।
14. इच्छा पूरी होने में संदेह है।
15. कन्या का जन्म होगा।

### (10) दामोदर

1. जीवन सुख पूर्वक व्यतीत होगा।
2. अल्प विद्या प्राप्ति के योग हैं।
3. परीक्षा में असफलता हाथ लगेगी।
4. मकान बनाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
5. खेती से अल्प लाभ की आशा रखें।
6. प्रमोशन के योग बन रहे हैं।
7. नौकरी मिलने में अभी देरी है।
8. भाग्योदय निकट भविष्य में हो जायेगा।
9. मुकद्दमे में जीत निश्चित है।
10. सन्तान सुख थोड़ा देरी से मिलेगा।
11. विदेश यात्रा जाने की इच्छा पूरी नहीं होगी।
12. प्रेमी/प्रेमिका मन से प्रेम करता/करती है।
13. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
14. पत्नी मधुर स्वभाव की मिलेगी।
15. इच्छा पूर्ण हो जायेगी।

### (11) इन्द्र

1. भूमिगत धन की प्राप्ति हो जायेगी।
2. जीवन में सफलता प्राप्त होगी, ऐसे योग हैं।
3. परीक्षा में आशानुकूल सफलता प्राप्त हो।
4. परीक्षा उत्तीर्ण कर लोगे।
5. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
6. खेती से लाभ नहीं होगा।
7. प्रमोशन हो, इसमें संदेह है।
8. नौकरी अभी नहीं मिलेगी।
9. भाग्योदय शीघ्र हो जायेगा।
10. मुकद्दमे में जीत जाने के अवसर क्षीण हैं।
11. सन्तान सुख मिलेगा लेकिन उपाय से।
12. विदेश यात्रा में विघ्नों के बाद सफलता होगी।
13. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम झूठा है, बच कर रहें।
14. सम्बन्धी धोखा देने की योजना बना रहा है।
15. पत्नी अति नम्र और स्नेहशील होगी।

### (12) गणेश

1. विवाह हो जायेगा, चिन्ता न करें।
2. भूमिगत धन की प्राप्ति सम्भव नहीं है।
3. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
4. विद्या में सफलता प्राप्त कर लोगे।
5. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के चांस नहीं है।
6. मकान अभी देर से बनेगा।
7. खेती से लाभ मिलेगा।
8. उन्नति (प्रमोशन) अभी नहीं होगी। देर है।
9. नौकरी मिल जायेगी।
10. भाग्य का सितारा चमकने वाला है।
11. ऐसे आसार है कि मुकद्दमा हार जाओगे।
12. सन्तान सुख मिल जायेगा।

13. विदेश यात्रा को नहीं जा सकोगे।
14. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम नहीं है।
15. सम्बन्धी गुप्त रूप से सहायता करेगा।

## ( 13 ) अग्नि

1. बीमार अच्छा हो जायेगा।
2. विवाह में अनेक प्रकार की बाधाएँ आएंगी। मंगला गौरी का व्रत रखें।
3. गढ़ा धन मिलेगा, गृह देवता की पूजा करें।
4. जीवन में सफलता मिलेगी।
5. विद्या प्राप्त कर लोगे।
6. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
7. मकान शीघ्र ही बन जायेगा।
8. खेती से लाभ मिलेगा।
9. फिलहाल तरक्की मिलना कठिन है।
10. नौकरी मिलने के आसार नहीं है।
11. भाग्योदय शीघ्र होगा।
12. मुकद्दमा जीतना कठिन है।
13. सन्तान सुख मिल जायेगा।
14. विदेश यात्रा करने की इच्छा पूर्ण होगी।
15. प्रेमी/प्रेमिका का शुद्ध प्रेम है।

## ( 14 ) वायु

1. स्वप्न का फल उत्तम फलप्रद है।
2. रोगी के रोगमुक्त होने में अभी देरी है।
3. विवाह सम्बन्ध के लिए उपाय करना।
4. भूमिगत धन मिलने की सम्भावना है।
5. जीवन में सफलता मिलने में संदेह है।
6. विद्या प्राप्त हो जायेगी शिवार्चन करें।
7. परीक्षा में उत्तीर्ण होना कठिन है।
8. मकान बनाने में कठिनाइयां आयेंगी।
9. खेती में लाभ होने की आशा है।
10. प्रमोशन होने में अभी समय लगेगा।
11. नौकरी निकट भविष्य में नहीं मिलेगी।
12. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
13. मुकद्दमे में जीत निश्चित मिलेगी।
14. सन्तान सुख पाने के लिए सन्तान गोपाल का अनुष्ठान करें।
15. विदेश यात्रा नहीं हो सकेगी। रुकावटें उत्पन्न होंगी।

## ( 15 ) वरुण

1. स्थानांतरण शीघ्र ही हो जायेगा।
2. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
3. बीमार के ठीक होने के आसार नहीं हैं।
4. विवाह हो जायेगा चिन्ता न करें।
5. गढ़ा धन मिल जायेगा, लेकिन उपाय से।
6. जीवन में अधिक सफलता की आशा कम है।
7. विद्या प्राप्ति में विघ्नों का सामना करना पड़ेगा।
8. परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए गायत्री जाप करें।
9. मकान बन जायेगा।
10. खेती से लाभ की आशा रखना निर्मूल है।
11. उन्नति शीघ्र मिल जायेगी।
12. नौकरी निकट भविष्य में मिल जायेगी।
13. भाग्योदय अभी नहीं हो रहा देरी लगेगी।
14. मुकद्दमा जीतना कठिन होगा।
15. सन्तान सुख भाग्य में नहीं है।

## ( 16 ) यम

1. व्यापार में लाभ मिलेगा परन्तु सावधानी आवश्यक है।
2. तबादले के योग बन रहे हैं।
3. स्वप्न का फल अच्छा है।
4. बीमार अच्छा हो जायेगा।
5. विवाह के लिए 'मंगला गौरी' का पाठ करें।
6. गढ़ा धन मिल जायेगा।
7. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
8. उच्चशिक्षा प्राप्ति के लिए गायत्री मन्त्र जपें।
9. परीक्षा में पास हो जाओगे।
10. मकान बनाने में देर लगेगी।
11. खेती से लाभ हो इसमें संदेह है।
12. प्रमोशन कठिनाई से मिलेगी।
13. नौकरी मिलने में संदेह है।
14. भाग्योदय शीघ्र होने वाला है।
15. मुकद्दमे में जीत निश्चित है परन्तु बगुलामुखी मन्त्र का पाठ अवश्य करें।

## ( 17 ) कुबेर

1. चिन्ता अभी देर से दूर होगी।
2. व्यापार में लाभ मिलेगा।
3. स्थानातरण अभी नहीं होगा।
4. स्वप्न शुभ फलप्रद है।
5. बीमार के अच्छा होने की सम्भावना कम है।
6. विवाह होने की सम्भावना नहीं है।
7. गड़े धन प्राप्ति के लिए तांत्रिक सिद्धि करें।
8. जीवन में सफलता मिल जायेगी।
9. विद्या प्राप्त कर लोगे।
10. उत्तीर्ण होने के लिए सरस्वती उपासना करें।
11. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
12. खेती से लाभ नहीं मिलेगा।
13. तरक्की मिल जाये ऐसे योग नहीं हैं।
14. नौकरी शीघ्र मिल जायेगी।
15. भाग्योदय होने के लिए स्वर्णाकर्षण भैरव मन्त्र का जप करें।

## ( 18 ) सूर्य

1. मित्र धोखा दे सकता है सावधान रहें।
2. चिन्ता शीघ्र मिट जायेगी।
3. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
4. तबादला हो जायेगा।
5. स्वप्न का फल उत्तम नहीं है।
6. रोगी रोग मुक्त हो जायेगा।
7. विवाह शीघ्र ही हो जाये।
8. गड़ा धन भाग्य में नहीं है।
9. विशेष प्रयास करने पर ही सफलता प्राप्त होगी।
10. विद्या प्राप्ति नहीं हो सकेगी।
11. परीक्षा में पास होने में संदेह है, मन लगा कर पढ़ो।
12. मकान शीघ्र बन जायेगा।
13. खेती से लाभ मिलेगा।
14. प्रमोशन के योग प्रयत्न साध्य हैं।
15. नौकरी देर से मिलेगी।

## ( 19 ) चन्द्र

1. कर्जा मिलने में विघ्न-बाधायें आयेंगी।
2. मित्र कपट करेगा सावधानी बरतें।
3. चिन्ता मिट जायेगी ईश्वर की अराधना करें।
4. व्यापार से लाभ रहेगा।
5. तबादला होकर रुक जायेगा।
6. स्वप्न का फल विशेष अच्छा नहीं है।
7. रोगी स्वास्थ्य लाभ कर लेगा।
8. विवाह हेतु विस्वासुमन्त्र का अनुष्ठान करें।
9. गढ़ा धन पितृ पूजन करने से मिलेगा।
10. जीवन में सफलता नहीं मिलेगी।
11. विद्या प्राप्ति हेतु कठिन परिश्रम करना पड़ेगा।
12. परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाओगे।
13. मकान बन जायें इसमें संदेह है।
14. खेती से अधिक लाभ नहीं मिलेगा।
15. उन्नति होने के योग क्षीण हैं।

## ( 20 ) मंगल

1. खोई वस्तु मिल जायेगी प्रयत्न करें।
2. कर्जा मिल जायेगा।
3. मित्र के साथ निभ जाये ऐसा नहीं लगता।
4. चिन्ता शीघ्र दूर हो जायेगी।
5. व्यापार में हानि होने के योग हैं।
6. ट्रांसफर नहीं हो सकेगा।
7. स्वप्न का फल उत्तम है।
8. बीमार के अच्छे होने की सम्भावना नहीं है।
9. विवाह अभी देर से होगा।
10. गड़ा धन मिलने में संदेह है।
11. जीवन में सफलता कष्ट से मिलेगी।
12. विद्या प्राप्त कर लोगे।
13. पास होना कठिन है।
14. मकान अभी नहीं बन सकेगा।
15. खेती से लाभ रहेगा।

## ( 21 ) बुध

1. प्रवासी लौट कर आ रहा है।
2. खोई वस्तु मिल जायेगी।
3. कर्जा इस समय नहीं मिलेगा।
4. मित्र के साथ मित्रता बनी रहेगी।
5. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
6. व्यापार से लाभ रहेगा।
7. तबादला हो जायेगा।
8. स्वप्न का फल मध्यम है।
9. बीमार अच्छा हो जायेगा।
10. विवाह हो जायेगा।
11. गढ़ा धन मिल जायेगा।
12. जीवन में सफलता प्राप्त करना असम्भव है।
13. विद्या प्राप्ति के योग नहीं हैं।
14. उत्तीर्ण होने के लिए परिश्रम एवं हनुमन्त्र जपें।
15. मकान रुकावटों-विघ्नों के पश्चात् बनेगा।

## ( 22 ) बृहस्पति

1. यात्रा लाभदायक रहेगी।
2. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
3. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
4. कर्ज़ा विलम्ब से मिलेगा।
5. मित्र के साथ नहीं निभ सकेगी।
6. चिन्ता दूर हो जायेगी।
7. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
8. तबादला हो जायेगा आश्वस्त रहें।
9. स्वप्न का फल अशुभ है।
10. बीमार अच्छा नहीं होगा।
11. गढ़ा धन मिलना सम्भव नहीं है।

12. जीवन में श्रेष्ठ सफलता प्राप्त कर लोगे।
13. विद्या प्राप्ति के योग हैं।
14. परीक्षा में पास हो जाओगे चिन्ता न करो।

### ( 23 ) शुभ

1. भाईयों से अनबन रहेगी।
2. यात्रा से लाभ कम मिलेगा।
3. परदेसी शीघ्र लौट आयेगा।
4. खोई वस्तु बहुत जल्दी मिल जायेगी।
5. कर्जा नहीं मिलेगा।
6. मित्र के साथ अच्छा मेल-मिलाप रहेगा।
7. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
8. व्यापार से लाभ मिलेगा।
9. तबादले के योग बन रहे हैं।
10. स्वप्न का फल शुभ है।
11. रोगी रोग मुक्त हो जाएगा।
12. विवाह के लिए उपाय करें।
13. भूमिगत धन शीघ्र मिलेगा।
14. जीवन में सफलता पाना कठिन है।
15. विद्या प्राप्ति के लिए गायत्री उपासना करें।

### ( 24 ) शनि

1. कुआं बनवाने की इच्छा पूरी होगी।
2. भाईयों से बन जाएगी।
3. यात्रा लाभकारी रहेगी।
4. प्रवासी निकट भविष्य में लौटने का विचार नहीं कर रहा।
5. खोई वस्तु प्रयत्न करने पर मिल सकती है।
6. कर्ज़ मिल जाएगा।
7. मित्र से अनबन होने की सम्भावना है।
8. चिन्ता मिट जाएगी श्री बटुक भैरवार्चन करें।
9. व्यापार में लाभ मिलने की आशा क्षीण है।
10. तबादला प्रयत्न करने पर हो सकता है।
11. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।
12. बीमार का स्वास्थ्य लाभ लेना असम्भव है।
13. विवाह हो जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
14. गढ़ा धन नहीं मिलेगा।
15. जीवन में अच्छी सफलता मिलेगी।

### ( 25 ) राहु

1. यह वर्ष मध्यम रहेगा।
2. कुआं बन जाएगा आश्वस्त रहें।
3. भाईयों से नहीं बनेगी।
4. यात्रा से लाभ मिलेगा।
5. परदेसी शीघ्र ही लौट आएगा।
6. नष्ट वस्तु मिल जाएगी।
7. कर्ज़ मिल जाएगा।
8. मित्र धोखा देगा सावधान !
9. चिन्ता मिट जाएगी।
10. व्यापार में लाभ रहेगा।
11. तबादला हो जाएगा।
12. स्वप्न का फल शुभ है।
13. बीमार के अच्छा होने में संदेह है।
14. विवाह हो जाएगा लेकिन उपाय से।
15. गढ़ा धन इष्ट देव के पूजन से मिलेगा।

### ( 26 ) केतु

1. यह दिन शुभ नहीं है।
2. यह वर्ष अच्छा रहेगा।
3. कुआं नहीं बन सकेगा।
4. भाईयों के साथ प्रेम रहेगा।
5. यात्रा से कोई लाभ नहीं मिलेगा।
6. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा बीमार है।
7. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
8. कर्ज़ देरी से मिलेगा।
9. मित्र कपटी है अतः उसका त्याग करें।
10. चिन्ता अभी नहीं मिटेगी।
11. व्यापार में लाभ की सम्भावना नहीं है।
12. तबादला नहीं होगा।
13. स्वप्न का फल शुभ नहीं है।
14. रोगी रोग मुक्त हो जाएगा।
15. विवाह उपाय से होना सम्भव है।

### ( 27 ) मित्र

1. पुत्र सन्तान का जन्म होगा।
2. यह दिन शुभ है।
3. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
4. कुआं बन जाएगा व्यर्थ चिन्ता न करें।
5. भाईयों से अनबन व तकरार रहेगा।
6. यात्रा से लाभ मध्यम रहेगा।
7. प्रवासी आने के लिए चल चुका है।
8. खोई वस्तु नहीं मिलेगी।
9. कर्ज़ कठिनाई से मिलेगा।
10. मित्र के साथ अच्छी पट जाएगी।
11. चिन्ता शीघ्र ही कम हो जाएगी।
12. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
13. तबादला हो जाएगा।
14. स्वप्न का फल उत्तम है।
15. रोगी के स्वस्थ्य होने में संदेह है।

### ( 28 ) पृथ्वी

1. इच्छा पूरी होने में देरी है।
2. कन्या सन्तति की प्राप्ति होगी।
3. यह दिन मध्यम रहेगा।
4. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
5. कुआं बनने में बाधाएं हैं।
6. भाईयों से मिलाप रहेगा।
7. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा है।
8. खोई वस्तु मिलने में संदेह है।
9. कर्ज़ नहीं मिलेगा।
10. मित्र के साथ बनने की संभावना नहीं है।
11. चिन्ता बढ़ सकती है।
12. व्यापार में लाभ मिलना कठिन है।
13. तबादले की सम्भावना क्षीण है।
14. स्वप्न का फल अच्छा नहीं है।

### ( 29 ) काल

1. पत्नी सरल स्वभाव की मिलेगी।
2. इच्छा पूरी होगी।
3. पुत्रोत्पत्ति का हर्ष होगा।
4. यह दिन शुभ है।
5. यह वर्ष मध्यम रहेगा।
6. कुआं बन जाएगा।
7. भाईयों से अनबन रहेगी।
8. यात्रा में लाभ प्राप्त करना असम्भव है।
9. परदेसी निकट भविष्य में नहीं लौटे रहा है।
10. खोई वस्तु शीघ्र नहीं मिलेगी।
11. कर्ज़ देर से मिलेगा।
12. मित्र के साथ नहीं बनेगी।
13. चिन्ता शीघ्र दूर होगी।
14. व्यापार से लाभ नहीं मिलेगा।
15. तबादला हो जाएगा।

### ( 30 ) शेष

1. सम्बन्धी धोखा नहीं देगा।
2. पत्नी उग्र स्वभाव की मिलेगी।
3. इच्छा पूरी होने में देरी है।
4. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
5. यह दिन मध्यम रहेगा।
6. यह वर्ष उत्तम रहेगा।
7. कुआं बनने में आकस्मिक बाधा आएगी।
8. भाईयों से बनना मुश्किल है।
9. यात्रा से लाभ नहीं मिलेगा।
10. परदेसी शीघ्र लौट कर आने वाला है।
11. खोई वस्तु मिलना कठिन है।
12. कर्ज़ अभी नहीं मिलेगा।
13. मित्र के साथ मेल-जोल रहेगा।
14. चिन्ता अभी दूर नहीं होगी।
15. व्यापार से लाभ मिलेगा।

### ( 31 ) यक्ष

1. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम गुप्त है।
2. सम्बन्धी से धोखे की आशा नहीं है।
3. पत्नी का स्वभाव सरल होगा।
4. इच्छा देरी से पूरी होगी।
5. पुत्रोत्पत्ति होगी।
6. दिन शुभ रहेगा।
7. यह वर्ष मध्यम शुभ प्रद है।
8. गृह-निर्माण की इच्छा पूरी होगी।
9. भाईयों से साधारण मेल रहेगा।
10. यात्रा से लाभ मिलेगा।
11. प्रवासी अभी नहीं लौट रहा।
12. खोई वस्तु मिल जाएगी।
13. कर्ज़ मिल जाएगा।
14. मित्र के साथ नहीं निभेगी।
15. चिन्ता शीघ्र मिट जाएगी।

### ( 32 ) तक्षक

1. विदेश यात्रा अभी नहीं हो सकेगी।
2. प्रेमी/प्रेमिका का प्रेम शुद्ध है।
3. सम्बन्धी धोखा दे सकता है।
4. पत्नी अच्छे स्वभाव की नहीं होगी।
5. इच्छा पूरी होने में देरी है।
6. कन्या सन्तान का जन्म होगा।
7. दिन शुभ रहेगा।
8. यह वर्ष अरिष्टप्रद होगा।
9. कुआं देर से बनेगा।
10. भाईयों से मेल कम रहेगा।
11. यात्रा से लाभ नहीं होगा।
12. प्रवासी नहीं लौटेगा।
13. खोई वस्तु मिलना सम्भव नहीं है।
14. कर्ज़ मिलने में सन्देह है।
15. मित्र का साथ बना रहेगा।

# अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के लिए उपयोगी रत्न (नग) एवं उपरत्न

**लेखक–पं. विवेक शर्मा ज्योतिषी (M.A., LLB.)**

शुभ ग्रहों के प्रभाव में वृद्धि और अनिष्ट ग्रहों के कुप्रभाव के निवारण हेतु उपयुक्त ग्रह रत्न (नग) धारण करना अत्यन्त लाभदायक सिद्ध होते हैं। अपनी जन्म कुण्डली में स्थित ग्रहों की स्थिति एवं अपनी राशि के अनुसार ही उपयुक्त रत्न (नग) का चयन करना चाहिए, **अन्यथा कई बार लाभ की अपेक्षा गलत नग धारण करने से हानि की सम्भावना हो जाती है।** उनका परिचय से पूर्व यदि सुयोग्य ज्योतिषी से परामर्श कर लिया जावे तो लाभप्रद होगा। धारण करने की विधि, उपयोगादि का संक्षिप्त विवरण लिख रहे हैं–

## सूर्य रत्न माणक (RUBY)

**संस्कृत** में इसे माणिक्य, पद्यमराग, हिन्दी में माणक, **मानिक, अंग्रेज़ी** में रूबी कहते हैं। सूर्य रत्न होने से इस ग्रह रत्न का अधिष्ठाता सूर्यदेव है।

**पहचान विधि**–(1) असली माणिक्य लाल सुर्ख वर्ण का पारदर्शी, स्निग्ध-कान्तियुक्त और कुछ भारीपन वज़न लिए होते हैं। अर्थात् हथेली में रखने से हल्की ऊष्णता एवं सामान्य से कुछ अधिक वज़न का अनुभव होता है। (2) **कांच के पात्र** में रखने से इसकी हल्की लाल किरणें चारों ओर से निकलती दिखाई देंगी। (3) **गाय के दूध** में असली माणिक्य रखा जाये तो दूध का रंग गुलाबी दिखलाई देगा।

**धारण विधि**–माणिक्य रत्न रविवार को सूर्य की होरा में, कृतिका, उत्तराफाल्गुनी, उत्तराषाढ़ा नक्षत्रों, **रविपुष्य योग में सोने अथवा ताँबे की अंगूठी में जड़वा कर तथा सूर्य के बीजमन्त्रों द्वारा अंगूठी अभिमन्त्रित करके अनामिका अंगुली में धारण करना चाहिए। इसका वजन ३, ५ ७ अथवा ९ रत्ति के क्रम से होना चाहिए।**

**सूर्य बीज मन्त्र–ॐ ह्रां, ह्रीं, ह्रौं सः सूर्याय नमः**

धारण करने के पश्चात् गायत्री मन्त्र की ३ माला का पाठ, हवन एवं **सूर्य भगवान को** विधिपूर्वक अर्घ्य प्रदान करना तथा ताम्र बर्तन, कनक, नारियल, मानक, गुड़, लाल वस्त्रादि सूर्य से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करना चाहिए।

**विधिपूर्वक माणिक्य धारण करने से राजकीय क्षेत्रों में प्रतिष्ठा, भाग्योन्नति, पुत्र संतान लाभ, तेजबल में वृद्धिकारक तथा हृदय रोग, चक्षुरोग, रक्त विकार, शरीर दौर्बल्यादि में लाभकारी होता है।**

**मेष, कर्क, सिंह तुला, वृश्चिक** एवं धनु राशि अथवा इसी लग्न वालों को मानक धारण करना शुभ लाभप्रद रहता है अथवा जिनकी चन्द्र कुण्डली में सूर्य योगकारक होता हुआ भी प्रभावी न हो रहा हो, उन्हें भी माणिक्य धारण शुभ रहता है।

## चन्द्र-रत्न मोती (PEARL)

**चन्द्र-रत्न मोती को संस्कृत** में मौक्तिक, चन्द्रमणि इत्यादि, **हिन्दी-पंजाबी** में मोती एवं **अंग्रेज़ी में पर्ल (Pearl) कहा जाता है। मोती या मुक्ता रत्न का स्वामी चन्द्रमा है।**

**पहचान**–शुद्ध एवं श्रेष्ठ मोती गोल, श्वेत, उज्ज्वल, चिकना,चन्द्रमा के समान कान्तियुक्त, निर्मल एवं हल्कापन लिए होता है।

**परीक्षा**–(1) गोमूत्र को किसी मिट्टी के बर्तन में डालकर उसमें मोती रात भर रखें, यदि वह अखण्डित रहे तो मोती को शुद्ध (सुच्चा) समझें। (2) पानी से भरे शीशे के गिलास में मोती डाल दें यदि पानी से किरणें सी निकलती दिखलाई पड़ें, तो मोती असली जानें। सुच्चा मोती के अभाव में **चन्द्रकान्त मणि** अथवा **सफेद पुखराज** धारण किया जा सकता है।

असली शुद्ध मोती धारण करने से **मानसिक शक्ति का विकास, शारीरिक सौन्दर्य की वृद्धि, स्त्री एवं धनादि सुखों की प्राप्ति होती है। इसका प्रयोग स्मरण शक्ति में भी वृद्धिकारक होता है।**

**रोग शान्ति**–चिकित्सा शास्त्र में भी मोती या मुक्ता भस्म का उपयोग मानसिक रोगों, मूर्छा-मिरगी, उन्माद, रक्तचाप, उदर-विकार, पत्थरी, दन्तरोगादि में।

**धारण विधि**–मोती चाँदी की अंगूठी में शुक्ल पक्ष के सोमवार को पूर्णिमा के दिन, चन्द्रमा की होरा में गंगा जल, कच्चा दूध व पाण्डुलादि में डूबोते हुए **'ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः'** के बीजमन्त्र का पाठ ११००० की संख्या में करने के पश्चात् धारण करना चाहिए। तदुपरान्त चावल, चीनी, क्षीर, श्वेत फल एवं वस्त्रादि का दान करना शुभ होगा।

मोती २, ४, ६ अथवा ११ रत्ति का कनिष्ठका अंगुली में **हस्त, रोहिणी अथवा श्रवण** नक्षत्र में सुयोग्य ज्योतिषी द्वारा बताए गए मुहूर्त्त में धारण करना चाहिए। **मेष, वृष, मिथुन, कर्क, कन्या, तुला, वृश्चिक, मीन राशि/लग्न वालों को मोती शुभ रहता है।**

**चन्द्रमा का उपरत्न–चन्द्रकान्त मणि** (Moon Light Stone)–यह उपरत्न चाँदनी जैसे चमक लिए हुए चन्द्रमा का 'उपरत्न' (मोती का पूरक) माना जाता है। इसको हिलाने से, इस पर एक दुधिया जैसी प्रकाश रेखा चमकती है। यह रत्न भी मानसिक शान्ति, प्रेरणा, स्मरण शक्ति में वृद्धि तथा प्रेम में सफलता प्रदान करता है। लाभ की दृष्टि से चन्द्रकान्त मणि मलाई के रंग का (सफेद और पीले के बीच का) उत्तम माना जाता है। **इसे चाँदी में ही धारण करना चाहिए।**

## मंगल-रत्न मूंगा (CORAL)

इसे **संस्कृत** में अंगारकमणि तथा **अंग्रेज़ी में कोरल** (Coral) कहते हैं।

गोल, चिकना, चमकदार एवं औसत से अधिक वज़नी, सिन्धूरी से मिलते-जुलते रंग का मूंगा श्रेष्ठ माना जाता है। इसका **स्वामी ग्रह मंगल** है।

**परीक्षा**–(१) **असली मूंगे को** खून में डाल दिया जाये तो उसके चारों ओर गाढ़ा रक्त जमा होने लगता है। (२) **असली मूंगा** यदि गौ के दूध में डाल दिया जाए तो उसमें लाल रंग की झाई सी दीखने लगती है।

श्रेष्ठ जाति का मूंगा धारण करने से **भूमि, पुत्र एवं भ्रातृ सुख, नीरोगता** आदि की प्राप्ति होती है। इसके **अतिरिक्त रक्त-विकार, भूत-प्रेत बाधा, दुर्बलता, मन्दाग्नि, हृदय-रोग, वायु-कफादि विकार, पेट विकारादि में मूंगे की भस्म अथवा मिट्टी** का प्रयोग किया जाता है। **मेष, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, मकर, कुम्भ व मीन राशि एवं लग्न वालों** को सुयोग्य ज्योतिषी के परामर्शानुसार धारण करना लाभप्रद होगा।

**धारण विधि**–शुक्ल पक्ष के मंगलवार को प्रातः मंगल की होरा में मृगशिर, चित्रा या धनिष्ठा

नक्षत्र में सोने या तांबे के अंगूठी में जड़वा कर, बीज मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित करके अनामिका अंगुली में ६, ८, १० या १२ रत्ति के वज़न में धारण करना कल्याणकर होता है। धारणोपरान्त मंगल स्तोत्र एवं मंगल ग्रह का दान करना शुभ होता है।

**भौम बीज मन्त्र–ॐ क्रां, क्रीं, क्रौं सः भौमाय नमः**

शारीरिक स्वास्थ्य एवं कुं. में मंगल नीच राशिस्थ हो तो सफेद मूँगा भी धारण किया जाता है।

## बुध रत्न पन्ना (EMERALD)

"पन्ना" बुध ग्रह का मुख्य रत्न है। **संस्कृत** में मरकतमणि, फारसी में जमरूद व अंग्रेज़ी में इमराल्ड (Emerald)। पन्ना रत्न हरे रंग, स्वच्छ, पारदर्शी कोमल, चिकना व चमकदार होता है।

**परीक्षा**–(1) शीशे के गिलास में साफ पानी और पन्ना डाल दिया जाए तो हरी किरणें निकलती दिखाई देंगी। (2) शुद्ध पन्ने को हाथ में लेने पर वह हल्का, कोमल व आँखों को शीतलता प्रदान करता है।

**गुण**–'पन्ना' धारण करने से **बुद्धि तीव्र एवं स्मरण शक्ति बढ़ती है**। विद्या, बुद्धि, धन एवं व्यापार में वृद्धि के लिए लाभप्रद माना जाता है। पन्ना सुख एवं **आरोग्यकारक** भी है। यह रत्न **जादू-टोने, रक्त विकार, पथरी, बहुमूत्र, नेत्र रोग, दमा, गुर्दे के विकार, पाण्डु, मानसिक विकलतादि रोगों में लाभकारी माना जाता है।**

**धारण विधि**–यह नग शुक्ल पक्ष के बुधवार को अश्लेषा, ज्येष्ठा, रेवती, पू.फा. अथवा पुष्य नक्षत्रों में अथवा बुध की होरा में सोने की अंगूठी में दाएं हाथ की कनिष्ठिका (छोटी) अंगुली में बुधग्रह के बीजमन्त्र से अभिमंत्रित करते हुए धारण करना चाहिए। इसका वज़न ३, ६, ७ रत्ति होना चाहिए।

**बुध बीज मन्त्र–ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः**

वृष, मिथुन, सिंह, कन्या, मकर व मीन राशि वालों को विशेष लाभप्रद रहता है।

## गुरु–रत्न पुखराज (TOPAZ)

**पुखराज** गुरु (बृहस्पति) ग्रह का मुख्य रत्न है। **संस्कृत में** इसे पुष्प राजा, **हिन्दी में पुखराज**, व अंग्रेज़ी में टोपाज (Topaz) कहते हैं।

**पहचान विधि**–जो **पुखराज** स्पर्श में **चिकना, हाथ में लेने पर कुछ भारी लगे, पारदर्शी, प्राकृतिक चमक से युक्त** हो वह **उत्तम कोटि का** माना जाता है।

**परीक्षा**–(i) जहां किसी विषैले कीड़े ने काटा हो, वहां पर असली पुखराज घिस कर लगाने से विष उतर जाता है। (ii) चौबीस घण्टे कच्चे दूध में रखने के बाद यदि चमक में अन्तर न पड़े तो पुखराज असली होगा। इत्यादि।

**गुण**–पुखराज धारण करने से **बल, बुद्धि, स्वास्थ्य एवं आयु** की वृद्धि होती है। **वैवाहिक सुख, पुत्र सन्तान कारक एवं धर्म-कर्म** में प्रेरक होता है। प्रेत-बाधा का निवारण एवं स्त्री के **विवाहसुख की बाधा को दूर करने में** सहायक होता है।

**औषधी प्रयोग**–इसको वैद्य के परामर्शानुसार केवड़ा एवं शहदादि के साथ देने से **पीलिया, तिल्ली, पाण्डु रोग, खांसी, दन्त रोग, मुख की दुर्गन्ध, बवासीर, मन्दाग्नि, पित्त-ज्वरादि** में लाभदायक होता है।

**धारण विधि**–पुखराज रत्न ३, ५, ७, ९ या १२ रत्ति के वजन का सोने की अंगूठी में जड़वा कर तर्जनी अंगुली में धारण करें, सुवर्ण या ताम्र बर्तन में कच्चा दूध, गंगाजल, पीले पुष्पों से एवं "**ॐ ऐं क्लीं बृहस्पतये नमः**" के बीज मन्त्र द्वारा अभिमन्त्रित करके धारण करना चाहिए। मन्त्र संख्या १९ हजार।

यह नग शुक्ल पक्ष के गुरुवार की होरा में, अथवा गुरुपुष्य योग में या पुनर्वसु, विशाखा, पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र में धारण करना चाहिए।

**पुखराज** धनु, मीन राशि के अतिरिक्त मेष, कर्क, वृश्चिक राशि वालों को लाभप्रद रहता है। धारण करने के पश्चात् गुरू से सम्बन्धित वस्तुओं का दान करना शुभ होता है।

**गुरु का उपरत्न–सुनैला**–इसे पुखराज का उपरत्न माना जाता है। पुखराज मूल्यवान होने के कारण सुनैला को उसके पूरक के रूप में धारण किया जा सकता है। श्रेष्ठ सुनैला हल्के पीले रंग (सरसों के जैसा पीलापन) का होता है। कई बार पुखराज से अधिक पीलापन लिए होता है तथा आंशिक मात्रा में पुखराज के समान ही उपयोगी होता है। धारण विधि पुखराज के समान ही होगी।

## शुक्र–रत्न 'हीरा' (DIAMOND)

शुक्र ग्रह का मुख्य प्रतिनिधित्व **'हीरा'** है।

**संस्कृत** में इसे वज्रमणि, हिन्दी में हीरा तथा अंग्रेज़ी में डायमण्ड (Diamond) कहते हैं।

हीरा अत्यन्त चमकदार प्रायः श्वेत वर्ण का होता है।

**पहचान**–अत्यन्त चमकदार, चिकना, कठोर, पारदर्शी एवं किरणों से युक्त हीरा असली होता है।

**परीक्षा**–(i) धूप में यदि हीरा रख दिया जाये तो उसमें से इन्द्रधनुष जैसी किरणें दिखाई देती हैं। (ii) तोतले बच्चे के मुंह में रखने से बच्चा ठीक से बोलने लगता है। (iii) अन्धेरे में जुगनू की भान्ति चमकता है।

**गुण**–हीरे में **वशीकरण करने की विशेष शक्ति होती है**। इसके पहनने से **वंश-वृद्धि, धन-लक्ष्मी व सम्पत्ति की वृद्धि, स्त्री एवं सन्तान सुख की प्राप्ति व स्वास्थ्य** में लाभ होता है। **वैवाहिक** सुख में भी वृद्धिकारक माना जाता है।

**औषधीय गुण**–हीरे की भस्म शहद-मलाई आदि के साथ ग्रहण करने से अनेक रोगों में लाभ होता है जैसे–दौर्बल्यता, नपुंसकता, वायु प्रकोप, मन्दाग्नि, वीर्य विकार, प्रमेह दोष, हृदय रोग, श्वेत प्रदर, विषैला व्रण, बच्चों में सूखा रोग, मानसिक कमज़ोरी इत्यादि।

**धारण विधि**–शुक्ल पक्ष के शुक्रवार वाले दिन, शुक्र की होरा में, **भरणी, पुष्य, पूर्वाफाल्गुनी, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र**, एक रत्ति या इससे अधिक वज़न का हीरा सोने की अंगूठी में जड़वा कर शुक्र के बीज मन्त्र (**ॐ द्रां, द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः**) का 16 हज़ार की संख्या में जाप करके शुभ मुहूर्त्त में धारण करना चाहिए। हीरा मध्यमा अंगुली में धारण करना चाहिए। धारण करने के दिन शुक्र ग्रह से सम्बन्धित वस्तुएं जैसे दूध, चाँदी, दही, मिश्री, चावल, श्वेत वस्त्र, चन्दनादि का दान यथाशक्ति करना चाहिए।

हीरा (धारण करने की तिथि से) सात वर्ष पर्यन्त प्रभावकारी बना रहता है। **हीरा वृष, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ राशि वालों को लाभदायक रहता है।**

**शुक्र के उपरत्न–(i) फिरोज़ा**–नीले आकाशीय रंग जैसा यह नग शुक्र का उपरत्न माना गया है। यह रत्न भूत, प्रेत, दैवी आपदा तथा आने वाले कष्टों से धारक की रक्षा करता है। यदि इस रत्न को कोई भेंटस्वरूप प्राप्त करके पहनेगा तो अधिक प्रभावशाली रहेगा। हल्के-प्रखर चमकदार रंग वाला रत्न उत्तम होता है। कोई भी कष्ट या रोग आने से पहले यह रत्न अपना रंग बदल लेता है। नेत्र रोग, सौन्दर्य, सिर दर्द, विषादि रोगों में विशेष लाभकारी रहता है।

**(ii) ओपल (Opel)**–यह भी शुक्र का अन्य उपरत्न है, इसको धारण करने से

**(ii) ओपल (Opel)**–यह भी शुक्र का अन्य उपरत्न है, इसको धारण करने से सदाचार, सदचिन्तन तथा धार्मिक कार्यों की ओर रुचि रहती है। अधिक लोकप्रिय नहीं है। इसके अतिरिक्त शुक्र के अन्य भी बहुत से उपरत्न प्रचलित हैं।

## शनि रत्न नीलम (SAPHIRE)

**नीलम** शनिग्रह का मुख्य रत्न है। हिन्दी में नीलम तथा अंग्रेज़ी में सैफायर (Saphire) कहते हैं।

**पहचान**–असली नीलम चमकीला, चिकना, मोरपंख के समान वर्ण जैसा, नीली किरणों से युक्त एवं पारदर्शी होगा।

**परीक्षा**–(i) **असली नीलम को गाय के दूध में डाल दिया जाए तो** दूध का रंग नीला लगता है। (ii) पानी से भरे कांच के गिलास में डाला जाए नीली किरणें दिखाई देंगी। (iii) सूर्य की धूप में रखने **से नीले रंग की किरणें दिखाई देंगी।**

**गुण**–नीलम धारण करने से **धन–धान्य, यश–कीर्ति, बुद्धि चातुर्य, सर्विस एवं व्यवसाय तथा वंश में वृद्धि होती है। स्वास्थ्य सुख का लाभ होता है।**

**ध्यान रहे**, बहुधा नीलम चौबीस घण्टे के भीतर ही प्रभाव करना शुरू कर देता है। यदि नीलम अनुकूलन न बैठे तो भारी नुक्सान की आशंका हो जाती है। अतएव परीक्षा के तौर पर कम से कम ३ दिन तक पास रखने पर यदि बुरे स्वप्न आएं, रोग–उत्पन्न हो या चेहरे की बनावट में अन्तर आ जाए तो नीलम मत पहनें।

**रोग शान्ति**–नीलम धारण करने या औषधि रूप में ग्रहण करने से दमा, क्षय, कुष्ट रोग, हृदय रोग, अजीर्ण, मूत्राशय सम्बन्धी रोगों में लाभकारी है।

